8. The Sikh Gurdwaras (Fourth Amendment) Bill, 1954.

9. The Punjab Municipal (Second Amendment) Bill, 1954.

10. The Sikh Gurdwaras Committees Election (Validation) Bill, 1954.

11. The East Punjab Holdings (Consolidation and Prevention of Fragmentation) (Third Amendment) Bill, 1954.

Chief Minister (Shri Bhim Sen Sachar): Sir, I beg to lay on the Table of the House the Punjab Entertainment Tax (Cinematograph Shows) Rules, 1954, made under the Punjab Entertainment Tax (Cinematograph Shows) Act, 1954, as required by section 19(3) of the said Act.

Minister for Education (Shri Jagat Narain): Sir, I beg to lay on the Table of the House the Rules made under the Motor Vehicles Act, 1939, as required by section 133(3) of the said Act.

PRESENTATION OF SUPPLEMENTARY ESTIMATES (SECOND INSTALMENT) 1954-55

Chief Minister (Shri Bhim Sen Sachar): Sir, I present the Supplementary Estimates (Second Instalment) 1954-55.

PRESENTATION OF REPORT OF THE COMMITTEE ON ESTIMATES ON THE SUPPLEMENTARY ESTIMATES (SECOND INSTALMENT) 1954-55

Sardar Hari Singh: Sir, I present the Report of the Committee on Estimates on the Supplementary Estimates (Second Instalment) 1954-55.

DISCUSSION ON GOVERNOR'S ADDRESS

Shrimati Sita Devi (Jullundur City, South-East): Sir, I beg to move—

> That the members of this House assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the address he has been pleased to deliver to both the Houses assembled together.

स्पीकर साहिब, कल हमारे गवर्नर साहिब ने जो भाषण दिया है मैं उस के लिये उन्हें धन्यवाद देने के लिये खड़ी हुई हूं। उस भाषण को शुरु से आखीर तक पढ़ने से मालूम होता है कि पंजाब की चौमुखी उन्नति हो रही है। कोई भी दिशा ऐसी नहीं जिस की तरफ पंजाब सरकार ने अग्रसर होने का यत्न न किया हो। अवाडी में जो कांग्रेस सैशन हुआ है उस में Socialistic Pattern of Society की स्थापना की जो announcement

[श्रीमती सीता देवी]

की गई है इस ऐड्रेस (Address) को पढ़ने से पता लगता है कि सरकार उसी दिशा की ओर चलने का प्रयत्न कर रही है। इस में Law and Order के मुतअल्लिक जो हमें बताया गया है उस के सम्बन्ध में figures देखने से पता चलता है कि जिस दिन से इस गवर्नमेण्ट ने हकूमत की बाग डोर अपने हाथ में संभाली है उस दिन के मुकाबले में आज Law and Order की position में ज़मीन और आसमान का फर्क है (*Interruptions*), मैं मैम्बर साहिबान से अपील करती हूं कि वह मुझे interrupt न करें। 1947 में border के ऊपर 294 incidents हुए और उस के मुकाबले में 1953 में 12 जिन में 9 बिल्कुल मामूली यानी पशुओं के झगड़ों पर और 3 ऐसे थे जो ज़मीन के झगड़े की वजह से हुए। इस प्रकार 1954 में भी 12 incidents हुए जिन में से 7 पशुओं के झगड़े पर--इस में केवल एक serious nature का था और 5 ज़मीन सम्बन्धी झगड़े के कारण हुए। इन आंकड़ों से पता चलता है कि सीमा की रक्षा हमारी Provincial Armed Police निहायत अच्छी तरह से कर रही है और वह इस के लिये हमारी मुबारकबाद की मुस्तहिक है। इसी तरह इस एड्रेस में हमें बताया गया है कि पंजाब में 2,695 अपराध पिछले वर्ष के मुकाबले में कम हुए। चोरियों और डकेतियों तथा हत्याओं की वारदातें कम हुईं। जंगा और हेम राज जो नामी डाकू थे और जिन्होंने पंजाब के अन्दर तूफान बरपा किया हुआ था और जिन के भारी gang ने प्रांत की शान्ति भंग कर रखी थी उसे हमारी सरकार की पुलिस ने अपनी बहादुरी से खत्म कर दिया और इस तरह से पंजाब के अन्दर शान्ति स्थापन करने में सफ़ल हुई। इस के लिये मैं अपनी पुलिस को बहुत मुबारकबाद देती हूं। हमारी पुलिस ने सिर्फ पंजाब में नहीं बल्कि बम्बई, कश्मीर, हैदराबाद, पैप्सु और दूसरे प्रांतों में जो बहादुरी के काम किये हैं उन के लिये वह प्रशंसा की पात्र है। हमें सरकार की हर बात पर नुकताचीनी करने की आदत को छोड़ देना चाहिये और जो काम सरकार जनता के हित में कर रही है उन की सराहना करनी चाहिये। गवर्नर साहिब का भाषण जो आज अखबारों में छपा है उस ने पंजाब की जनता के अन्दर एक नया जीवन पैदा कर दिया है। मैं गवर्नर साहिब का इस बात पर धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने साम्प्रदायिकता का ज़हर फैलाने वाली शक्तियों को सख्त चेतावनी दी है कि उन्हें सिर उठाने नहीं दिया जायेगा। स्पीकर साहिब, आप को ज्ञात है कि पंजाब एक सीमा प्रान्त है। हिन्दुस्तान में दाखिल होने का यह gate way है। अगर यहां शान्ति न होगी तो इस का मतलब यह होगा कि 36 करोड़ नर नारी की स्वतन्त्रता खतरे में पड़ जायेगी। इस लिये यह ज़रूरी है कि हमारी सरकार communal forces को मज़बूत हाथ से दबा कर प्रान्त के अन्दर शान्ति स्थापित करे। अमरीका के प्रधान Ibraham Lincoln ने कहा था कि Government of the people, by the people and for the people, अर्थात जनता का राज्य जनता द्वारा जनता के कल्याण के लिये होना चाहिये। स्पीकर साहिब, स्वराज्य मिलने से पहले जो देहातियों की हालत थी वह किसी से छिपी हुई नहीं। अंग्रेज़ के राज्य के वक्त तो देहातियों को तीन कामों के लिये इस्तेमाल किया जाता था। एक तो उन्हें फौजों में भेज कर तोपों का खाजा बनाया जाता था। दूसरे उन्हें 14 रुपये माहवार देकर सैनक के तौर पर भर्ती किया जाता था। तीसरे देहातियों से टैक्स वसूल कर के शहरियों

पर खर्च किया जाता था। उन्होंने देहातियों का जीवन इस तरह neglect किया हुआ था। ऐसा मालूम होता था कि देहात के अन्दर जो गवर्नमेंट थी वह कुछ नहीं करती थी। इस सरकार ने सब से पहला कदम यह उठाया है कि देहातों के अन्दर 9,000 पंचायतें स्थापित कर दी हैं। जो लोग गांव में रहते हैं और जिन्हें पंचायतों का तजुरुबा है उन्हें मालूम है कि पंचायतों की स्थापना के बाद देहातियों को कितनी ज़्यादा आसानी और उन में आत्म-विश्वास हो गया है।

अब लोगों को छोटे २ झगड़ों के फैसले करवाने के लिये दूसरी जगहों पर नहीं जाना पड़ता। अपने घरों में बैठे ही वे अपने दु:ख सुख को बांट लेते हैं। पंचायतों को प्राचीन तरीके पर चलाया जा रहा है।

इन के इलावा Sub-Divisions बनाई गई हैं। पहिले यह हालत थी कि अगर बदकिस्मती से कोई लड़ाई हो जाती, मुकद्दमा चल पड़ता तो लोगों को District Headquarters पर जाना पड़ता था, किराया देने के इलावा, कई मुसीबतों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब जाट के घर दाने आ जाते थे तो उस का सारा पैसा मुकद्दमों पर लग जाता था। Sub-Divisions के बन जाने से देहात में रहने वालों को न्याय बड़ी आसानी से मिल सकता है, उन्हें मारा २ फिरने की जरूरत नहीं।

भाषण में बहुत सी बातें कही गई हैं। मैं यहां पर चन्द बातों की ओर ही आप का ध्यान दिलाना चाहती हूं। देहातियों की हालत में जितनी improvement हो चुकी है, सब भाई जानते ही हैं। 1954 में 2,500 वर्ग मील के रकबे में देहातों में बिजली लग चुकी है। देहातों का नकशा ही बदल चुका है, जगह जगह पर हरि हरि खेतियां लहलहाती हुई दिखाई देती हैं। 16,000 Co-operative Societies बन चुकी हैं। सरकार चाहती है कि सारी administration को decentralize कर दिया जाए। जनता अपने रुपये को अपनी इच्छानुसार ही खर्च करे। सरकार चाहती है कि सब काम co-operative basis पर हों, सरमायादारी के basis पर न हों। यह न हो कि सारा काम मज़दूर करें और सारा मुनाफा सरमायादार खा जायें, मजदूरों को केवल मज़दूरी ही मिले। Co-operative system को प्रोत्साहन दे कर सरमायादारी को खत्म करने के लिये मंत्री महोदय ने जो कोशिश की है, उस के लिये मैं उन्हें मुबारकबाद देती हूं। उन्होंने एक बड़ा progressive कदम उठाया है। ज़्यादा से ज़्यादा चीज़ों को Co-operative Societies द्वारा देने का प्रबन्ध किया गया है। तीन बड़ी sugar mills को भोगपुर, रोहतक और पानीपत में co-operative basis पर लगाने का फैसला किया गया है। अभी तक पंजाब में इतनी बड़ी factories co-operative basis पर नहीं चलाई गई थीं। भोगपुर की मिल के लिए जालन्धर में एक ही meeting में चन्द मिंटों में हज़ारों रुपये इकट्ठे हो गए थे। यही चीज़ बताती है कि co-operative system के लिये लोगों में कितना enthusiasm पाया जाता है।

सारे सूबे में जगह २ पर मुरब्बाबन्दी हो रही है। इस काम को अभी कुछ समय और लगेगा परन्तु इस से किसानों की हालत बहुत सुधर

[श्रीमती सीता देवी]

जाएगी। अभी तक इस स्कीम पर पांच करोड़ रुपया खर्च हो चुका है। मैं figures इस लिए बता रही हूं ताकि उन भाइयों को जो कहते हैं सरकार ने कुछ नहीं किया, पता लग जाए कि प्रांत में क्या कुछ हो रहा है।

भाखड़ा-नंगल के बारे में कुछ ज्यादा बताने की जरूरत नहीं। वह तो सूर्य की तरह खुद ही रोशन है। पहले कहा जाता था 'वहां तो कोई काम नहीं हो रहा, लाखों रुपये खाए जा रहे हैं'। अब वह बात नहीं रही। 8 जुलाई को पंडित नेहरू जी ने भाखड़ा नहिर का उद्घाटन किया था; सब भाई इस बात को जानते हैं कि कैसा काम वहां पर हो रहा है। दरिया के पानी को tunnels में मोड़ कर बांध बनाया जा रहा है। यह बांध जब बन जायेगा तो एशिया में प्रथम दर्जे पर होगा। पंजाब में तीन लाख एकड़ भूमि की सिंचाई होगी। जहां आज रेत दिखाई देती है वहां लहलहाते खेत दिखाई देने लग पड़ेंगे। 4 लाख किलोवाट बिजली की ताकत पैदा होगी। बड़े २ कारखाने चलेंगे, छोटी २ और cottage industries का विकास होगा। Unemployment दूर होगी। नौकरियों द्वारा तो सरकार इसे दूर कर ही नहीं सकती, cottage industries द्वारा ही लोगों को काम मिल सकता है। इस सिलसिले में हमारी सरकार को काफी कामयाबी हुई है। जहां पहले हमारे सूबे में 200 factories थीं, अब 12,000 हैं; 11 लाख रुपये की रकम उन्हें कर्जों के तौर पर दी गई है। सियालकोट की sports industries दुनिया भर में प्रसिद्ध थी, अब इसे जलंधर में स्थापित किया गया है। इस में लोगों ने बहुत सारा रुपया लगाया है, सरकार ने भी loan दिया है। लुधियाना में hosiery, cycle parts की, पानिपत में कम्बलों और खेसों की, सोनीपत में साईकल बनाने की, बटाला और फिलौर में लोहे का जराअती सामान और टोके बनाने की industries चल रही हैं।

थोड़े से समय में सरकार ने industries को बहुत तरक्की दी है। इस तरह। सरकार ने unemployment की समस्या को दूर करने के लिये काफी प्रयत्न किये हैं।

2 जनवरी को राष्ट्रपति जी ने गंगोवाल Power-house का उद्घाटन किया। इस से अब 200 गांवों को बिजली मिल गई है, अगले साल इतने ही और ग्रामों को मिलेगी। Kotla Power-house भी एक साल तक तैयार हो जायेगा। यह सारी बिजली सूबे की उन्नति के लिये काम आयेगी, industries को चलाने के काम आयेगी। हर देहात में पहुंचेगी, घर घर में दी जायेगी और प्रान्त को खुशहाल बनायेगी।

फिर Community Projects और National Extension Service Schemes के मातहत बड़ी तनदही से काम हो रहा है—all-round development, हो रही है। Opposition की तरफ से जो remarks कहे गये थे मैं वह दुहराना नहीं चाहती। सच्चाई सामने आ ही जाती है। लोग सब कुछ जानते हैं कि वहां पर क्या हो रहा है। जगह २ सड़कें, स्कूल बन रहे हैं। जो अच्छा काम गवर्नमेंट करती है, Opposition वाले भाई उस की सराहना भी नहीं करते।

स्पीकर साहिब, चाहिये तो यह कि मेरे Opposition वाले भाई सच्ची बात की तारीफ करें लेकिन वे नहीं करते। मैं इस सिलसिले में अर्ज़ करना चाहती हूं कि Anandpur के Election के दिनों में मुझे भी कुछ गांवों में जाने का इत्तफाक हुआ। Polling stations पर मैं ने देखा कि दूसरी पार्टी के लोग आम लोगों से कह रहे थे कि और vote दो कांग्रेस को, टोकरियां उठाओगे और सिर पर मिट्टी ढोओगे। कांग्रेस गवर्नमैण्ट तुम से और क्या करवायेगी ? ऐसी ऐसी बातें कह कर आम जनता को बहकाया जाता है। हकीकत यह है कि अब पंजाब में आम जनता के अन्दर इतनी जाग्रति और इतना enthusiasm आ गया है, उन के अन्दर ये feelings पैदा हो गई हैं कि पंजाब हमारा है और हम ने ही इस को बनाना है और इसी विचार से वे स्वयं श्रम दान करते हैं और भूमि दान करते हैं। मेरे भाइयों का ग़लत propaganda उन के मन पर कोई असर नहीं कर सकता। सचाई सामने है। स्पीकर साहिब, आप के सामने चार Bye-Elections—Moga, Amritsar, Anandpur Sahib और Hissar—हुए हैं। आप ने देखा है कि जनता ने हज़ारों की तादाद में वोट देकर कांग्रेस को सफल बनाया है। वोट लेने में तो किसी प्रकार की ज़बरदस्ती नहीं की जा सकती। यह चीज़ इस बात का सबूत है कि लोग कांग्रेस गवर्नमेंट के प्रोग्राम को पसन्द करते हैं। इस लिये उन्होंने कांग्रेस को vote दिये हैं। अगर लोग कांग्रेस गवर्नमैण्ट की नीति को पसन्द न करते तो कभी कांग्रेस को vote न देते। कहने को तो Communist भाई बहुत कुछ कहते हैं लेकिन हकीकत वही है जो कि मैं ने अर्ज़ की है।

स्पीकर साहिब, यदि आप education side को लें तो वहां भी हमें बहुत तरक्की नज़र आती है। अंग्रेजों ने तो बम्बई, मद्रास, बंगाल आदि के मुकाबले में पंजाब को जान बूझकर पिछड़ा रखा था, क्योंकि वे समझते थे कि पंजाब Sword Arm of India है अगर पंजाब के लोग शिक्षित हो गये तो पंजाब में common sense बढ़ जायेगा और हुकूमत को 14 रुपये माहवार पर Military के लिए सस्ते recruits, नहीं मिलेंगे। इसी कारण उन्होंने पंजाब को शिक्षाक्षेत्र में सब सूबों से पिछड़ा हुआ रखा था। अब चन्द सालों से ही कांग्रेस गवर्नमेंट ने हकूमत की बाग डोर सम्भाली है। इस ने यह अनुभव किया है जब तक निरक्षरता (illiteracy) को दूर नहीं किया जाता तब तक कांग्रेस का राज्य पक्की नींव पर कायम नहीं हो सकता। इस सम्बन्ध में मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि इस थोड़ी सी अवधि में ही शिक्षा के क्षेत्र में कितना परिवर्तन आया है। हमारे सूबे में—

1950-51 में	... 4,315 प्राइमरी स्कूल 429 हाई स्कूल और 39 कालेज
1951-52 में	... 4,591 प्राइमरी सकूल, 468 हाई स्कूल और 45 कालेज
1952-53 में	... 5,415 प्राइमरी स्कूल, 513 हाई स्कूल और 46 कालेज

[श्रीमती सीता देवी]

1953-54 में ... 7,200 प्राइमरी स्कूल
688 हाई स्कूल,
और 51 कालेज

थे। जब कि—

1954-55 में ... 10,000 प्राइमरी स्कूल,
704 हाई स्कूल
और 54 कालेज हैं।

इन figures को देखने से मालूम होगा कि इस वर्ष के अन्दर 3 हज़ार नये प्राइमरी स्कूल खोले गये हैं। Basic स्कूल 132 से 298 हो गये हैं। Figures तो और भी बहुत सारे हैं लेकिन मैं ने थोड़े दिये हैं। जहां Education ने इतनी तरक्की की है वहां मैं सरकार का ध्यान एक बात की ओर दिलाना चाहती हूं। वह यह है कि हमारे teachers-District Boards के और दूसरों—की तनखाहें बहुत कम है और जितनी बढ़नी चाहियें थीं उतनी नहीं बढ़ीं। इस लिये मैं आप के द्वारा मंत्री मंडल से यह अर्ज़ करना चाहती हूं कि इस आवश्यक बात की ओर शीघ्र ही विशेष ध्यान दिया जाए।

अब मैं Health side की ओर आती हूं। अंग्रेज के राज में शहरों में थोड़े ही अस्पताल वगैरह होते थे। बाकी private अस्पतालों से ही काम चलता था। परन्तु देहातों में मीलों तक कोई अस्पताल नज़र नहीं आता था, कोई dispensary नहीं होती थी। कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में भी कोशिश की है। अस्पतालों की तादाद बढ़ाई है, dispensaries खोली गई हैं और Ayurvedic dispensaries भी खोली गई हैं। पंचायतों ने भी बहुत सी dispensaries खोली हैं। इस दिशा में एक और कदम उठाया गया है। देहाती अस्पतालों को provincialise किया गया है और Headquarter Hospitals को नए साधनों से सुसज्जित किया गया है। मुझे पता है कि हमारे नज़दीक नकोदर अस्पताल में X-Ray Plant लगाया गया है। वहां पर blood examination, urine examination और stools examination आदि करने की व्यवस्था की गई है। अब लोगों को यह ज़रूरत नहीं रह गई कि थोड़ी सी परीक्षा करवाने के लिये District Hospitals को दौड़ें। आया यह सब इस बात का सबूत नहीं कि कांग्रेस सरकार देश की उन्नति के लिये अविरल प्रयत्न कर रही है? अभी कल गवर्नर साहिब ने बताया है कि 11 लाख रुपया malaria को combat करने के लिये खर्च किया गया है। इसी तरह पंजाब में 109 नए Maternity Centres खोले गए हैं, 40 Ayurvedic Dispensaries खोली गई हैं। गवर्नर साहिब के भाषण से पता चलता है कि हमारा प्रान्त चौमुखी उन्नति कर रहा है।

स्पीकर साहिब, यदि आप Transport को लें तो आप देखेंगे कि गवर्नमैण्ट कुछ सालों से Transport को nationalise करने का यत्न कर रही है। कहने वाले तो बहुत कुछ कहते हैं परन्तु हकीकत यह है कि —मैं challenge तो नहीं करती लेकिन

मेरा विचार जरूर है—सारे हिंदुस्तान में किसी सूबा की गवर्नमैण्ट को इतना profit Transport की nationalisation से नहीं हुआ जितना कि हमारी गवर्नमैण्ट को हुआ है। इस साल के figures से मालूम होता है कि 16,12,360 रुपये लाभ Transport से हुआ है। हमें उम्मीद है कि अगले साल इस से भी अधिक लाभ होगा। अभी तक nationalisation का काम इतना ही हुआ है जो कि सारे सूबे को cover नहीं करता। चंडीगढ़ से दिल्ली, चंडीगढ़ से अमृतसर, चण्डीगढ़ से रोहतक, चण्डीगढ़ से होशियारपुर और चंडीगढ़ से लुधियाना तक गवर्नमैण्ट की Transport चलती है। अब जल्दी ही फिरोज़पुर को हिस्सार से link किया जायेगा। यह सब बातें बतानी इस लिये ज़रूरी हो रही हैं कि जो लोग कहते हैं कि गवर्नमैण्ट Transport को नहीं चला सकेगी, इस को कोई profit नहीं होगा वे केवल propaganda के लिये ही कहते हैं। मैंने जो figures बताई हैं इन की मेरे भाई पूरे तौर पर enquiry करवा सकते हैं कि आया ये figures सही हैं या कि नहीं। सड़कों की ओर आयें तो मालूम होगा कि इस दिशा में भी काफी प्रगति हुई है। दिल्ली से अमृतसर जाने वाली सड़क 22 फुट चौड़ी कर दी गई है। जालन्धर से पठानकोट, जालन्धर से होशियारपुर, धर्मशाला और कुल्लू अर्थात् सब जगहों पर सड़कें पक्की बनाई गई हैं। स्पीकर साहिब, आप की विसातत से मैं हाऊस से कहना चाहती हूं कि कोई माननीय सदस्य चाहे बस में या ट्रेन में सफर करें तो जगह जगह पर उन को construction का काम नज़र आएगा। पिछले दिनों कुछ लोग दूसरे मुल्क से यहां आये थे। उन के साथ नंगल जाने का मुझे इतिफाक हुआ। हम लोग car के ज़रिए Nangal गए। उन्हों ने देखा कि सारे रास्ते में कहीं पर सड़कें, कहीं पर नहरें और कहीं पर पुल बन रहे हैं। तो वे लोग यह सब कुछ देख कर कहने लगे कि पंजाब में construction का काम बहुत हो रहा है। मैंने उत्तर दिया कि यह काम तो सब जगहों पर हो रहा होगा क्योंकि Five-Year Plan तो सारे देश में ही लागू है। वे कहने लगे कि दूसरे सूबों में इतना construction का काम नहीं हो रहा जितना कि पंजाब में होता है। कहने का मेरा मतलब यह है कि अपनी पोज़ीशन का ज्ञान तब होता है जब कि कोई गैर हमारी तुलना दूसरे सूबों से करता है। दूसरी स्टेट्स में जो कुछ हो रहा है उस को देख कर और हमारी स्टेट में जो तरक्की हुई है उसे देख कर वे कहने लगे कि हम हैरान हैं कि आप ने बावजूद इस बात के कि उधर से उजड़ कर आए, चन्द सालों में सूबे को इतना आगे ले गये और अपने पैरों पर खड़े हो गए। यह मैं नहीं कह रही। पंडित जवाहर लाल नेहरू का भी यही विचार है। जब वे अमृतसर में आए तो उन्होंने कहा कि जिस तरह पंजाब अपने पैरों पर खड़ा हुआ है अगर कोई और सूबा होता तो शायद इतनी जल्दी इस तरह खड़ा न हो सकता।

इसी तरह आप देखें कि हरिजनों के उद्धार के लिये, इन को ऊंचा उठाने के लिए भी गवर्नमैंट ने क्या कुछ किया है। हमारे स्वर्गीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वराज्य के लिए आन्दोलन करते हुए जहां मुल्क की और दिशाओं में बेहतरी की ओर ध्यान देते थे वहां पर हमेशा उन की यह इच्छा रही थी कि जो पिछड़े वर्ग या जातियां हैं उन को ज़्यादा से ज़्यादा आगे लाया जाए, बल्कि वह तो यहां तक कहा करते थे कि जब कभी हमारे अपने हाथों में सरकार आई तो मैं सब से पहले एक हरिजन लड़की को देश का प्रधान बनाऊंगा। (विघ्न).....ऐसा भी वक्त कभी ज़रूर

[श्रीमती सीता देवी]

आयेगा। (अप्पोजीशन की ओर इशारा करते हुए) "घबराओ नहीं, तुसां नहीं बनना, बनना किसे हरिजन कुड़ी ने ही है।" खैर, मैं कह रही थी कि उसी बात का, उसी दृष्टिकोण का अनुकरण करते हुए पंजाब सरकार ने अपने सूबे में हरिजनों को बहुत ही ऊंचा स्थान दिया है। मैं समझती हूं कि कांग्रेस ने, कांग्रेसी सरकार ने और किसी के लिये चाहे कुछ किया हो या न परन्तु हरिजनों के लिये जो कुछ किया है वह विशेष तौर पर प्रशंसनीय है। आप सब को पता है कि 21 प्रतिशत सीटें विधान सभाओं और पार्लियामेंट में इन के लिये सुरक्षित हैं। इस के अतिरिक्त दूसरी बातों और सुविधाओं के इलावा अभी कल ही गवर्नर साहिब ने अपने भाषण में बताया था कि 23 लाख रुपया extra हरिजनों के बच्चों की शिक्षा के लिये वज़ीफों वग़ैरह के लिये खर्च किया जा रहा है। इस के अलावा पुलिस में भी उन के लिये 50 प्रतिशत तक आसामियां रख दी गई हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप कितना टाइम और लेना चाहती हैं। [How much more time will the hon. Lady Member require ?]

श्रीमती सीता देवी : दस मिनट से ज्यादा नहीं। स्पीकर साहिब, इस के इलावा एक बात और जो गवर्नमेण्ट ने की है और जो विशेषत: प्रशंसनीय है, वह है anti-corruption से सम्बन्ध रखने वाला कदम जो कि अब वह उठा रही है और जिस की ओर गवर्नर साहिब ने अपने भाषण में संकेत किया है। आगे भी यहां पर Anti-Corruption Committees बना करती थीं और काम करती थीं। सरकार की शुरु से ही यह मनशा रही है कि corruption को State की administration से खत्म किया जाये। किसी हद तक अब तक सरकार अपने इस उद्देश्य में कामयाब भी रही है और कहीं नहीं भी हुई। पर अब तो सरकार ने Anti-corruption का एक खास department कायम कर के, जो कि सीधा मुख्य मंत्री के नीचे होगा एक बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह इस बात का सबूत है कि पंजाब सरकार ने इस बात का फैसला किया है कि छोटे से लेकर बड़े तक--चाहे कोई बड़े से बड़ा अफ़सर--यदि इस अपराध के लिये पकड़ा जाता है तो वह दंड से मुक्त नहीं हो सकता। यह एक बहुत अहम कदम है। मैं इस की सराहना किये बिना नहीं रह सकती। पर इस के साथ ही साथ मैं एक suggestion भी देना चाहती हूं। वह यह है कि अगर उस कमेटी में कोई हाई-कोर्ट का जज या कोई और आदमी हो तो वह और भी ज़्यादा अच्छा होगा क्योंकि उस के किसी फैसले पर किसी को किसी प्रकार की आपत्ति न हो सकेगी।

एक और बात जिस के लिये मैं सरकार को मुबारकबाद देना चाहती हूं वह उस का वह फैसला है जिस में कैबिनेट ने यह निर्णय किया है कि कोई भी official एक औरत के ज़िन्दा रहते दूसरी शादी नहीं कर सकता। नि:संदेह यह फैसला बहुत प्रशंसनीय है। पर साथ ही मैं यह अपील करना चाहती हूं कि सरकार अपने इस फैसले को विशेष सख्ती से कार्यान्वित करे। ऐसा करने में वह किसी प्रकार की कोई exception न रखे। तभी उस का यह निर्णय सही अर्थों में implement हुआ समझा जायेगा।

इसी तरह देहात सुधार के सिलसिला में औरतों से सम्बन्ध रखने वाले एक और काम को प्रोत्साहन दिया है। यह भी एक ऐसा कदम है जिस से social work करने

वाली संस्थाओं को गवर्नमेण्ट के साथ सम्बन्ध स्थापित करने में काफ़ी मदद मिलती है। और वह है Social Welfare Boards। यह बोर्ड सारे हिन्दुस्तान के अन्दर बने हैं और पंजाब के अन्दर भी। ऐसे 13 प्राजेक्ट्स को पंजाब के गांव के अन्दर खोलने का निश्चय हुआ है। इस का काम औरतों और लड़कियों की welfare को देखना होगा, उन के लिये शिक्षा हस्पतालों और अन्य आवश्यक बातों का प्रबन्ध करना होगा। इन 13 सेंट्रों में से कुछ गुड़गांव और करनाल के लिए भी है। दो सालों के लिये इस का 50 हजार बजट है जिस में से 50 प्रतिशत गवर्नमेण्ट आफ इंडिया, 25 प्रतिशत हमारी गवर्नमेण्ट देगी और 25 प्रतिशत गांव के लोग खुद इकट्ठा करेंगे। कोई भी व्यक्ति इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि बच्चों और स्त्रियों के कल्याण के लिये सरकार का यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है।

गवर्नमेण्ट लोगों को मुख्तलिफ कामों के लिये कर्जे दे रही है। यह बहुत भली बात है लोगों को अपने पैरों पर खड़ा होने की सहायता करने में। दूसरी स्कीमों के इलावा एक स्कीम मकान बनाने के लिये कर्जे देने की भी है। उस के अनुसार उस हरेक व्यक्ति को जो कि मकान बनाना चाहे आठ हजार रुपये तक का कर्जा मिल सकता है। इस सिलसिले में भी में एक suggestion देना चाहती हूं। इस में एक शर्त यह है कि आप को पहले अपने मकान वग़ैरह का नक्शा पेश करना पड़ता है। यह बताना पड़ता है कि प्लाट कैसा है और कितना है। फिर कहीं जाकर कर्जा मिलता है। इस से यह देखा गया है कि कई लोग लाभ नहीं उठा सकते। इस लिये मेरा यह सुझाव है कि इस बात का प्रबन्ध किया जाये कि वह प्लाट भी उसी लोन से ले सकें। इस तरह गरीब आदमी भी मकान बना सकेंगे। यह वक्त की पुकार है कि प्रत्येक नागरिक को मकान मिलना चाहिये। इस लिये मैं समझती हूं कि यदि मेरे सुझाव को स्वीकार किया जाये तो इस उद्देश्य में काफ़ी सफलता मिल सकेगी। इस चीज़ की इस वक्त आवश्यकता इसलिए भी है कि जल्दी ही सारी की सारी evacuee property नीलाम होने जा रही है। जब यह नीलाम होगी तो कुदरती तौर पर जो आदमी उसे नीलामी में खरीदेगा। उस की property हो जायेगी और जो परिवार इस वक्त उस में रह रहा है उसे दूसरे मकान की जरूरत होगी। इस लिये मेरी suggestion को accept करने की इस लिये भी परम आवश्यकता है कि इस तरह उन लोगों को जो इस समय evacuee property में बैठे हैं उन्हें अपने सस्ते मकान बनाने में प्रोत्साहन मिलेगा।

यह ठीक है कि हमारे सूबे में बम्बई, अहमदाबाद या बंगाल जैसी industrialisation नहीं है। उतने बड़े पैमाने पर industries नहीं हैं या कारखाने नहीं हैं। फिर भी यहां पर कुछेक ऐसी industries और कारखाने हैं जिन में मजदूरों की काफी संख्या काम करती है। हमें यह देखना है कि जहां कहीं भी इस प्रकार की concerns हों वहां पर मालिकों और मज़दूरों के आपसी सम्बन्ध अच्छे हों—शान्तिमय हों। यह किसी भी सूबे के लिये पहली और आवश्यक बात है। इस लिये मैं समझती हूं कि इस मामले पर भी यदि गवर्नर साहिब ने अपने भाषण में कोई संकेत कर दिया होता तो बहुत अच्छा होता।

इन कुछ शब्दों में, स्पीकर साहब, मैंने हाउस के आगे इस बात पर रौशनी डालने की कोशिश की है कि हमारी सरकार ने इस वर्ष क्या काम किया है और अगले वर्ष उस का क्या कुछ करने

[श्रीमती सीता देवी]

का विचार है। यह सारी चीज़ें बताने की इस लिये ज़रूरत पड़ी क्योंकि हमारी विरोधी पार्टियों के लोग बहस के दौरान में कई ऐसी बातें कह जाते हैं जो कि सचाई पर आधारित नहीं होतीं। मैं मानती हूं कि हमारा देश प्रजातन्त्र है---इस में प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी प्रकार की रुकावट के अपने विचार व्यक्त करने की स्वतन्त्रता है। यह ठीक है कि लोग सरकार की आलोचना करें, criticise करें लेकिन साथ ही प्रजातन्त्र यह भी मांग करता है कि वह healthy criticism हो, सचाई पर based हो। आखिर आप को पता ही है कि सरकार हाथ पर हाथ रख कर थोड़े ही बैठी है। एक पांच-साला स्कीम पूरी हो रही है और दूसरी बनाई जा रही है। सभी दिशाओं में खूब तरक्की हो रही है और देश उन्नति के मार्ग पर आगे ही आगे जा रहा है। स्कीमों पर करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है। वह किस लिए? इस लिए कि हमारी एक Welfare State बने। देश से बेरोज़गारी दूर हो। देश से भूख और दरिद्रता का विनाश किया जाए। इस लिये, स्पीकर साहिब, अपनी जगह पर बैठने से पहले मैं केवल दो शब्द और कहना चाहती हूं। मैं समझती हूं कि ये सारी की सारी स्कीमें धरी की धरी रह जाएंगी और देश में कोई तरक्की होने वाली नहीं यदि हमने दो विशेष बातों की ओर ध्यान न दिया तो। वे दो चीज़ें कौन सी हैं? पहली तो यह कि हमारे सूबा के अन्दर अमन और शान्ति कायम रहे और दूसरे हम एकता के बन्धन में इस तरह बंध जाएं कि कोई भी शक्ति हमारी आपसी एकता को भंग न कर सके। इस लिये जब तक हमारे अन्दर एकता की भावना न होगी हम किसी भी दिशा में आगे नहीं बढ़ सकते। हमारी तरक्की अधूरी ही क्या बल्कि हो ही नहीं सकेगी अगर हमारी आपस में गड़बड़ रही और सूबे के अन्दर शान्ति कायम न रही। इस लिये मैं आप सब से अपील करती हूं कि अगर हम उस स्वतन्त्रता को कायम रखना चाहते हैं जिस के लिये सरदार भक्त सिंह जैसे वीरों ने फांसी के तख्तों को चूमा, जिस के लिए देश के प्रिय नेता श्री सुभाषचन्द्र बोस ने आत्म बलिदान दिया और जिस के लिये सरदार अजीत सिंह, श्री जगतराम भारद्वाज जैसे देश भक्तों ने अपना सर्वस्व न्योच्छावर कर दिया। इस स्वतन्त्रता को यदि अब हमने बनाए रखना है तो आवश्यक है कि हम अपने सूबा में इन दो चीज़ों को न केवल पैदा करें बल्कि चिरंजीवी बनावें। हमें इन दो बातों की ओर ध्यान देना चाहिये। जो हमारा आदर्श है, जो हम विनोबा भावे जी की बताई हुई classless society बनाना चाहते हैं, जो हम एक Welfare State बनाना चाहते हैं वह हम कभी नहीं बना सकेंगे यदि हम इन दो बातों की ओर पूरी तवज्जुह नहीं देंगे। हमें इस के लिये co-operation से काम लेना पड़ेगा।

स्पीकर साहिब, इन शब्दों के साथ मैं एक बार फिर महामान्य राज्यपाल का धन्यवाद करती हूं।

श्री राम किशन (जालन्धर शहर उत्तर पश्चिम) : स्पीकर साहिब, श्रीमती सीता देवी जी ने जो प्रस्ताव गवर्नर महोदय को शुक्रिया अदा करने का पेश किया है उस की ताईद करने के लिय मैं खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहिब, गवर्नर महोदय ने पंजाब की सरकार ने जो achievements पिछले साल हासल की हैं या इस की आइन्दा की जिस पालिसी

का जिक्र उन्होंने अपने Address में किया है मैं उस की सराहना करना चाहता हूं। इस में मुख्तलिफ़ points जिन का उन्होंने जिक्र किया है उन सब को एक फ़िकरे में कहा जा सकता है कि पंजाब में सब तरह की social reforms हो गई हैं यानी इस ने electricity, industries और agriculture में development की है। इस सिलसिले में मैं हाउस का ध्यान चन्द बातों की तरफ़ दिलाना चाहता हूं।

स्पीकर साहिब, यह जरूरी है कि कोई सटेट पूरी तरह से चल नहीं सकती जिस के अन्दर Law and Order पूरी तरह से कायम न हो और उस ने इस के कायम करने में progress न की हो। मैं इस सिलसिले में आप का ध्यान पंजाब के पिछले आदादोशुमार की तरफ़ दिलाना चाहता हूं। मैं 1947 और 1948 के सालों के आदादोशुमार का जिक्र नहीं करता जो कि परिवर्तन के साल थे बल्कि मैं पिछले साल के आदादोशुमार का और उस से पिछले साल की figures की तरफ़ ध्यान दिलाता हूं जिन को देख कर यह मालूम होता है कि किस तरह पंजाब की पुलिस ने, किस तरह इस की सारी services ने और किस तरह यहां के लोगों ने अपना सहयोग दे कर Law and Order को सुधारने में एक अहम कदम उठाया है। Annual Crime Report जो पिछले साल के मुताल्लिक शाया की गई है उस से पता चलता है कि दो दर्जन डाकू जो हमारे पंजाब के अन्दर, देहली, राजस्थान और पैप्सू के अन्दर फैले हुए थे और जिन को पकड़ने या मारने के लिये सात सात हज़ार रुपये के नकद इनाम रखे हुए थे मारे गए हैं। उन को बराबर पकड़ने की कोशिश की गई उन से encounters हुए और लड़ाई झगड़े हुए। 14 दिसम्बर, 1954 को हेमराज डाकू जिस ने पुलिस से मुकाबला कर रखा था मारा गया। वह पंजाब के कई इज़ला में कई साल तक terror बना हुआ था। उस की जान पर 7 हज़ार रुपये का इनाम रखा हुआ था। पिछले साल में पहले साल से 2,246 जराइम पंजाब में कम हुए। हाल ही में जो report शाया हुई है उस से पता चलता है कि जहां 1953 में 509 murders हुए थे वहां 1954 में 447 हुए, जहां 35 dacoities हुई थीं वहां पिछले साल में 14 dacoities हुईं। 1953 में burglaries (चोरी चिकारी) 4940 हुईं थीं लेकिन 1955 में 4028 हुईं। इसी तरह 1953 में robberies की तादाद 239 थी तो 1954 में उन की तादाद 164 हुई। अम्बाला range में 12 notorious dacoits मारे गए थे।

स्पीकर साहिब, इसी तरह ज़िला फीरोज़पुर में बकर सिंह डाकू, काहना नवाब और गुरमुख सिंह डाकू मारे गए हैं। मैं उन बातों का ज़िक्र यहां नहीं करना चाहता कि किस तरह से हमारी Provincial Armed Police ने या Border Police ने smugglers का मुकाबला किया। मेरा कहने का point of view तो यह है कि यदि हम सारे भारत के crimes के आदादोशुमार को देखें तो पता चलता है कि जहां तक पंजाब का ताल्लुक है यहां वह कहीं कम हुए हैं। Crimes के point of view से पंजाब हर लिहाज़ से अच्छा रहा है। इस ने progress की तरफ़ कदम उठाया है। अभी हाल ही में सारे भारत के crimes की जो रिपोर्ट शाया हुई है उस से पता चलता है कि जहां कुल भारत में एक लाख आदमी के पीछे

[श्री राम किशन]

149.4 cognizable offences हुई हैं वहां हमारे पंजाब में murders 4.2 हुए हैं, dacoities तथा robberies 1.2, kidnapping 3·1 house-breaking and thefts 27.5 और roits 1.8 हुए हैं।

स्पीकर साहिब, मैं यह समझता हूं कि जहां तक Law and Order का ताल्लुक है अगर्चि हमारे पंजाब ने काफ़ी progress की है फिर भी इस की बड़ी काफ़ी जरूरत है। एक Welfare State कायम करने की मनज़ल को पूरा करने के लिये इस को और सुधारने की जरूरत है और मैं यह जानता हूं कि हमारी सरकार इस से पूरी तरह ग़ाफ़ल नहीं है। स्पीकर साहिब, वह इस काम में पूरी तरह कोशिश करेगी। हम सारे हिन्दुस्तान में एक Welfare State कायम हुई देखना चाहते हैं। हम एक socialistic pattern की हकूमत बनाना चाहते हैं। तो हमारी सरकार की कोशश इन्हीं बातों तक ही महदूद नहीं हैं। दूसरी भी बहुत सी एसी बातें हैं जिन का देश की बेहतरी से ताल्लुक है। मैं ने उन सारी amendments को पढ़ा है जो कि Opposition की तरफ़ से पेश की गई हैं। स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि इस Address में एक एक बात की तरफ़ तवज्जुह दी गई है। इन सारी चीज़ों की तरफ़ ध्यान दिया गया है। इस सिलसिले में Aristotle ने कहा है :

That Government is the best that governs the least.

इस point of view को मद्दे नज़र रखते हुए हमारी सरकार decentralization की policy पर अमल कर रही है, खाह वह judicial reforms में हो खाह वह local bodies की administration से सम्बन्ध रखती हो। जो directives हमारी Constitution के Article 48 में इस बारे में दिए हुए हैं हमारी सरकार उन पर पूरी तरह से चल रही है और अपनी सारी की सारी powers को decentralize करने की कोशिश कर रही है। आप गौर फरमाएं कि इस प्रान्त की कुल 47 तहसीलों में हम ने 11 Sub-Divisions बना दिए हैं। जहां तक लोकल बाडीज़ का ताल्लुक है खाह वह District Boards के अदारे हों या Municipal Committees के अदारे हों, उन को इसी असूल को मद्देनज़र रखत हुए तबदील किया जा रहा है। पिछले दो तीन सालों से इस बात की ज़बरदस्त मांग हो रही थी कि पहले के District Boards को नए तरीका स बनाना चाहिए क्योंकि इन का rural areas के लोगों से ताल्लुक है अब उन के हाथ में इन की administration होनी चाहिए जो कि पहले नहीं थी। देश में Community Projects और National Extension Services भी इस मकसद से चलाई गई हैं ताकि देहात के लोग administration को अपने हाथों में लें। और वहां पूरी तरह से rural leadership हो जाए। इसी मतलब के लिए अब District Boards को तोड़ कर हमारी सरकार उन को नई शक्ल दे रही है चाहे वह तहसील कौंसिलें बनाए या पंचायतों को लेकर उन से District Development कौंसिलें बनाए। वह जल्द अज़ जल्द देहात के लोगों

के हाथों में administration देना चाहती है। दो तीन साल पहले स्पीकर साहिब, Government of India ने 1952 के अन्दर एक Grow-More-Food कमेटी बिठाई थी। उस कमेटी ने यह सिफारिश की थी कि तमाम लोकल बाडीज़ के ढांचों को बदलने की ज़रूरत है। इन के ढांचों को इस तरीके से बदला जाए ताकि देहात के रहने वाले लोगों का इन की administration में हिस्सा हो। अंग्रेज़ी राज्य में इन लोगों का हिस्सा नहीं होता था। उस समय administration ऊपर से चलती थी। 150 साल हुकूमत ऊपर से चलाई गई थी। उस में गांव के लोगों का हाथ नहीं होता था लेकिन अब हमारी हुकूमत administration को नीचे से चलाना चाहती है ताकि देहात के लोगों का इस में हिस्सा हो। और इस सिलसिला में देहातियों को पूरी तरह power देने के लिये तबदीली की जा रही है और पंजाब निवासी इसे खुश-आमदेद कहते हैं। मैं समझता हूं कि पंजाब इस लिहाज़ से किसी तरह भी पीछे नहीं है।

4 p.m.

जहां तक Municipal Committees का ताल्लुक है, इन का बिगड़ा हुआ ढांचा अंग्रेजी राज के ज़माने के बने हुए कानूनों के मुताबिक बना हुआ था। यह Municipal Act 1911 और 1883 के बने हुए थे। इन में तब्दीली की ज़रूरत थी ताकि गवर्नमेंट के अन्दर से red tapism दूर हो। पंजाब में कोई 70,80 Municialities हैं। इन सब के ढांचों को पूरी तरह बदलने की ज़रूरत महसूस हुई। यह हम पंजाब में कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि इस सिलसिले में जो Local Bodies Committee बनाई गई है, उस के directives के अनुसार यह सारी changes होंगी। फिर मैं आप की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाता हूं कि यह कमेटी सरकार को report करेगी। जैसा कि इस extract से ज़ाहिर होता है।

....have appointed a Committee whose duty is to examine all the existing laws and rules on the subject and to suggest modifications therein so as to give to the local bodies wider powers and opportunities for initiative to self help.

इस सिलसिले में बहुत सी changes की गई हैं। Local Bodies क इन्तज़ाम में जहां तक District Boards का ताल्लुक है इन में ज़बरदस्त तबदीली आ गई है और यह तबदीली अहम part अदा करेगी। यह तो मैं ने आप की तवज्जुह administrative reforms की तरफ दिलाई।

एक और मांग अंग्रेजी राज के ज़माने से लेकर अब तक चली आती थी कि इनसाफ ससता हो। अब हमारी गवर्नमेण्ट ने इस ख्याल से Sub-Divisions create किये हैं। फिर जो reforms, Judiciary को Executive से जुदा करने के सिलसिले में की गई हैं, इन से इनसाफ ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को और ससता मिलने लगेगा। मैं यह बात समझता हूं कि यह चीज अभी तक पूरी तरह अमल में नहीं आई और जिस तरह की separation होनी चाहिये वह अभी नहीं हुई और यह तब ही होगी जब Prosecuting Agency पूरी तरह अलहदा होगी। और भी कई changes होंगी। कानून में भी

[श्री राम किशन]

तब्दीली होगी। लेकिन आखिर Constitution में दिये गये directives की lines पर यह एक सही कदम तो है, कुछ न कुछ कोशिश तो है।

फिर जहां तक पंजाब की material progress का ताल्लुक है कई बार इस किस्म के नारे सुने जाते हैं, Opposition की तरफ से कि पंजाब को बरबाद किया जा रहा है और यहां के लोगों को कुचला जा रहा है। हो सकता है कि उन की राय में पंजाब बरबाद हो रहा है मगर मैं आप की विसातत से इन से कहना चाहता हूं कि ज़रा facts को ध्यान में रखें और फिर कहें कि सचमुच पंजाब बरबाद हो रहा है? क्या उन्हें पता नहीं कि पंजाब ने 1947-48 में 35,000 टन foodgrain बाहर से मंगवाया था। उन को यह भी पता होगा कि इन सात सालों में कितनी position बदल गई है। हमारी foodgrain production इतनी बढ़ी है कि हम ने पिछले साल 28,000 टन wheat और 89,000 टन चावल बाहर भेजा (तालियां) यह कैसे हो गया? यह production क्योंकर बढ़ गई। 1947-48 का foodgrains में इतना deficit province इतना surplus कैसे हो गया? क्या यह पंजाब की material progress नहीं? फिर यहां का irrigation system है। फिर हमारी electricity schemes हैं। जरा मौजूदा आदादोशुमार का मुकाबला 1947-48 के अदादोशुमार से करें तो पता चलेगा कि कितनी तरक्की हुई है। फिर Ganguwal Power House, नंगल Power House हैं। क्या यह पंजाब की progress की निशानियां नहीं हैं? फिर इसी तरह Bhakra Canals System है। यह लोग चाहे कुछ भी कहें, लोगों को कितना भी बहकाएं, मज़ाहरे और demonstrations करें, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि आप को पता है कि भाखड़ा कैनाल्ज़ के ज़रिए कितनी irrigation हुई है? पिछले साल 21 जुलाई और 24 सितम्बर के दरमियान जब यहां वर्षा नहीं हुई थी और जब हर जगह यही डर था कि पंजाब में कहत पड़ जायगा क्योंकि बारिश न होने की वजह से wheat की फसल पर बुरा असर पड़ने का डर था, तब आप को पता है कि जिस वक्त यह canal non-perennial तौर पर चली तो 3 लाख एकड़ ज़मीन को ज़्यादा से ज़्यादा पानी मिला। क्या इस 3 लाख एकड़ जमीन की पैदावार जिस को पानी दिया गया बढ़ी कि नहीं? मैं इन दोस्तों से पूछना चाहता हूं कि जब पंजाब के अन्दर demonstrations होते हैं कि नहर के पानी के साथ टैक्स बढ़ा दिये हैं, क्या ज़मीनों को फायदा नहीं पहुंचा, पैदावार नहीं बढ़ी? मुझे अपने ज़िले का पता है। बिस्त दोआब कैनाल्ज़ से 45,000 एकड़ ज़मीन को पानी दिया गया। उस पर water rate 1,52,000 रु. लगाया गया। क्या मैं पूछ सकता हूं कि क्या यह ज़्यादा है? फर्ज़ कीजिये 10 रु. फी एकड़ फसल की पैदावार बढ़ी। इस तरह किसानों को करीब 5 लाख की आमदनी बढ़ी जब कि टेक्स सिर्फ $1\frac{1}{2}$ लाख बढ़ाया गया। तो क्या यह figures नहीं बतातीं कि पैदावार के बढ़ जाने से जमींदार को फायदा ही हुआ है चाहे उस पर और टेक्स लगा दिया गया है। इस देश के मसले अगर हल होंगे तो कोशिश से होंगे न कि नारों

श्रौर demonstrations से। वह कौन सी सरकार है जो टैक्स नहीं लगाती ? इस के बगैर वह चल ही नहीं सकती। बाकी यह तो होना ही चाहिये कि टैक्स उतना ही हो जितना कि लोग बरदाश्त कर लें श्रौर ज़मींदारों को तकलीफ न हो। फिर चाहे Land Revenue Surcharge या water rate हो, इस बात का ध्यान रखा ही जाना चाहिये। नारों से कोई बात नहीं बनती। मुझे पता है कि Address में Agrarian Reforms का ज़िक्र नहीं किया गया, मगर मुझे पंजाब सरकार की नीति का पता है। उस के मुताबिक मुझे यह पूरी श्राशा है कि जहां तक agrarian reforms या tenants का ताल्लुक है, सरकार इन मसलों को इस तरह हल करेगी कि पंजाब का ज़मींदार पूरी security महसूस करे। यह मसले Planning Commission, Government of India, की कांग्रेस सरकार की नीति श्रनुसार हल किये जायेंगे। किसी के नारे लगाने से इस नीति में तब्दीली न श्राएगी श्रौर नारे लगाने वालों को यह भूलना न चाहिये कि society श्रब नारे नहीं service चाहती है।

इस के बाद मैं श्राप की तवज्जुह पंजाब की unemployment problem की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह problem सिर्फ पंजाब की ही नहीं बल्कि सारे हिंदुस्तान की है। यह मसला नारे लगाने, demonstration करने श्रौर गालियां निकालने से हल नहीं होगा। श्रभी २ जो Government of India ने Census Report के tables release किए हैं उन्हें देखने से पता चलता है कि एक श्रादमी की सालाना श्रामदनी एक हज़ार रुपया है।

Shri C.D. Deshmukh, Finance Minister, Governmentof India, ने एलान किया कि दूसरा Five-Year Plan जो श्रा रहा है इस से सारे हिन्दुस्तान में एक करोड़ 20 लाख श्रादमियों को jobs दिए जाएंगे। उन्हें काम पर लगाया जाएगा। श्रगर हम देश के Economic Table को देखें तो पता चलता है कि इस काम के लिए श्राजकल 2 करोड़ 40 लाख की investment चाहिए। मैं पूछता हूं कि क्या यह रक्म बाहर के देशों से श्राएगी या क्या हम नासिक Printing Press में Currency Notes छाप लेंगे ? हमने इस खर्च को पूरा करने के लिए production श्रौर wealth को बढ़ाना है।

फिर स्पीकर साहिब, First Five-Year Plan के बारे में यह शिकायत की गई थी कि प्लान सरकारी श्रफसरों ने बनाया था। देश की तरक्की का प्लान नीचे से श्राना चाहिए था। श्रब यह प्लान नीचे से श्रा रहा है। मैं यह पूरे विश्वास से कह सकता हूं कि हमारी दूसरी पंच-वर्षीय योजना (Second Five-Year Plan), People's Plan है। यह नीचे से तैयार हुश्रा है। इस प्लान को पंचायतों ने तैयार किया है। पंचायतें पंजाब का नक्शा बदल देंगी। मैं जानता हूं कि Districts से प्लान श्रा रहे हैं। ज़िलों की तरक्की के लिए रुपया खर्च किया जा रहा है। हम इन ज़िलों पर पहले से डेढ़ गुना श्रौर दो गुना खर्च कर रहे हैं।

स्पीकर साहिब, सब जानते हैं कि पंजाब के श्रन्दर situation क्या थी। यहां पहले हर 10 में से 7 श्रादमी agriculture से गुज़ारा करते थे। हम ने

[श्री राम किशन]
agriculture के उस बोझ को कम करना है। हम चाहते हैं कि 10 में से 6 आदमी agriculture के ऊपर काम करें। इसके लिए हमारे पंजाब में शानदार काम किए जा रहे हैं। दूसरी पांच वर्षीय योजना में industrialisation किया जाएगा जिस से पंजाब की पैदावार बढ़ेगी। पंजाब की पैदावार foodgrain, sugarcane और कपास की बढ़ेगी। Industrial Plan के मातहत पंजाब की agriculture का नक्शा ही बदल जाएगा। पंजाब सारे देश में sugarcane की पैदावार के नाते तीसरे दर्जे पर है। पंजाब के अन्दर sugar Factory जो रोहतक में खोली जा रही है यह देश भर में अपनी मिसाल आप है।

स्पीकर साहिब, रोहतक की Sugar Factory co-operative basis पर चलाई जा रही है। यह सारे देश में पहली फैक्टरी होगी। इस से sugarcane का मसला हल हो जाएगा।

फिर स्पीकर साहिब, सब अच्छी तरह जानते हैं कि जहां 1947-48 में कपास की 40 हज़ार bales तैयार होती थी अब वहां 4,5 लाख bales तैयार होती हैं। स्पीकर साहिब, handloom industry में 92 हज़ार आदमियों को रोज़गार मिल रहा है। इस सिलसिले में Government of India की instructions के मातहत तरक्की की जा रही है। पंजाब में चाहे cottage industries हैं या बड़ी सब को तरक्की मिल रही है।

आप cottage industries को देखें। बड़ी industries को देखें। Cement की industry है। Fertilizers की industry है, cycles की industry है और ये सब खूब तेज़ी से काम कर रही हैं। इस के बारे में गवर्नर महोदय ने Address में इशारा किया है।

फिर स्पीकर साहिब, लुधियाना में hosiery की industry है। इस की जो वुक्कत है वह आप सब जानते हैं। South East Asia में जितना भी माल जाता है उसका 62 प्रतिशत माल लुधियाना supply करता है। Cycle industry और sports industry में बहुत काम हो रहा है। इस तरह से हम माल पैदा कर के पंजाब में revolution पैदा कर देंगे। जिन स्कीमों पर पंजाब के अन्दर काम हो रहा है उन से पंजाब की सब समस्याएं हल हो जाएंगी और industrial revolution से पंजाब की wealth बढ़ेगी।

स्पीकर साहिब, गवर्नर महोदय ने देहातों की तरफ इशारा किया है। आप सब जानते हैं कि Community Projects और National Extension Schemes बहुत से गावों में जारी हैं। 4,200 गावों के अन्दर National Extension Schemes चल रही हैं। मैं इस के बारे में सरकार का ज़िक्र नहीं करना चाहता। Community Projects और National Extension Schemes लोगों की पूरी co-operation से चल रही हैं। लोगों ने इस के लिए देहात में donations दिए

हैं, lands दी हैं और इस तरह देहात में तरक्की हुई है। मुझे यह कहने में खुशी है कि इस तरक्की के लिए 1 करोड़ रुपया लेबर के रूप में या नकद रुपया लोगों ने अदा किया है। Community Projects और National Extension Schemes से 4,300 गावों के लोग खुशी महसूस कर रहे हैं। यह स्कीमें पंजाब के गावों की सारी आबादी को cover करेंगी।

पंजाब का कोई गांव नहीं रह जाएगा जहां Community Project और National Extension की स्कीम न हो।

इन स्कीमों से गावों में hospitals, सड़कें बनाई जा रही हैं। इस से yield में भी तरक्की हो रही है। मैं पूरे यकीन से कह सकता हूं कि यह स्कीमें हमें कहीं आगे ले जाने वाली हैं।

स्पीकर साहिब, मेरे कुछ भाई Opposition Benches पर बैठे हुए हैं। वह criticise करेंगे। Criticise करना उनका हक है। लेकिन मैं यह बता दूं कि जहां तक देश में welfare स्कीमों का ताल्लुक है वह तमाम लोगों की भलाई के लिए चलाई जा रही हैं। तमाम लोग इकट्ठे हो कर काम कर रहे हैं।

स्पीकर साहिब, जहां तक Community Project Plan का ताल्लुक है या जहां तक National Extension Schemes का सम्बन्ध है यह हमारे तक ही महदूद नहीं। दुनिया के सब मुल्कों में इनका चर्चा है। चाहे Russia हो या China and America हो या Australia चाहे कोई मुल्क किसी भी ideology का हो उसने हमारे Community Projects की सराहना की है।

स्पीकर साहिब, कौन नहीं जानता कि पंजाब तरक्की कर रहा है। इस की तरक्की का इस से ज़्यादा और क्या सबूत हो सकता है कि 26 जनवरी को रूस के सरकारी अखबार "परवादा" ने भारत सरकार की सराहना की थी। स्पीकर साहिब, इस सिलसिले में सब जानते हैं कि जहां तक तालीम का सम्बन्ध है या Health का सम्बन्ध है देहात में 7,000 स्कूल खोले गए हैं। । देहात में dispensaries खोली गई हैं। हम ने primary education के लिए 3,000 स्कूल खोल दिए हैं। हम जानते हैं कि हमारी शिक्षा प्रणाली बाबू बनाने की रही है और बेकार लोगों की गिनती में इज़ाफा करने की रही है। हम Government of India की instructions के अनुसार शिक्षा प्रणाली के अन्दर तब्दीली कर रहे हैं। पंजाब में technical स्कूल खोले गए हैं। Multipurposes स्कूल खोले गए हैं। इस तरह से तालीम में भी revolution पैदा की जा रही है।

स्पीकर साहिब, और बहुत सी समस्याएं थीं जिन पर मैं ने कुछ कहना था परन्तु अब समय हो गया है। मैं इन अलफाज़ के साथ गवर्नर महोदय के Address पर Thanks की motion की ताईद करता हूं। (तालियां)।

Mr. Speaker. Motion moved—

> That the members of this House assembled in this Session are deeply gratefull to the Governor for the address he has been pleased to deliver to both the Houses assembled together.

[अध्यक्ष महोदय]

इस एड्रेस के सम्बन्ध में निम्नलिखित amendments आई हैं । इन को move किया गया समझा जाए ।

तकरीर करते समय hon. Members धन्यवाद के प्रस्ताव और संशोधनों पर बोल सकते हैं । चूंकि बोलने वाले मेम्बरों की गिनती काफी होगी, इसलिए अगर हाऊस चाहे तो तकरीरों के लिए समय निश्चित कर दिया जाए । क्या आप 10 मिनट चाहेंगे या 15 मिनट ।

[I have received the following amendments to the Motion of Thanks. All these will be deemed to have been moved. The hon. Members can discuss them along with the main motion.

Since the number of Members wishing to speak on them, is going to be pretty large, I think, if the House so desires, time limit for speeches may be fixed. Should it be 10 minutes or 15 minutes.]

1. Maulvi Abdul Ghani Dar:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

(1) no mention of the death of great patriot Janab Rafi Ahmed Kidwai, who solved the food problem and carried out all the duties entrusted to him by the Union Government as a Union Minister, has been made in the Governor's Address ;

(2) the Government has failed so far to call the displaced Muslims to place their claims before the required authority ;

(3) no mention has been made for the supply of drinking-water as well as irrigation water to the Gurgaon District ;

(4) no clear policy has been laid down in the Governor's Address with regard to cow-slaughter."

2. Shri Mool Chand Jain:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that no mention has been made therein of—

(i) acute tenants' problem in the State or its solution ;

(ii) increasing labour dis-satisfaction in the State and steps to remove it ;

(iii) growing unemployment especially amongst the educated ;

(iv) moral regeneration of the State with particular reference to—

(a) extension of prohibition,

(b) necessity of Bhoodan Act in order to facilitate Bhoodan work in the State.

(c) re-organisation of educational system in the State;

(v) housing problem of landless in the State and its solution;

(vi) land hunger of landless poor and distribution of Government lands to them ;

(vii) removing the great disparity between low and high paid Government servants ;

(viii) necessity of introduction of Hindi as official court language in the State."

3. **Sardar Ajmer Singh**:

4. **Sardar Shamsher Singh**:

5. **Sardar Gopal Singh** :

6. **Sardar Puran Singh**:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that the Government has failed to redress the genuine grievances of Sikh community who have been made target by the communalists of the majority community who wield power in the State."

7. **Comrade Ram Chandra**:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

there is no mention of any attempt to secure social justice to the industrial labour and establish peace in the industrial area."

8. **Pandit Shri Ram Sharma** :

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

there is no mention of the growing unemployment, industrial unrest, great disparity between the pays of Government servants and the solution of the tenants problem."

9. **Shri Mam Chand**:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

the percentage of reservation of vacancies in Government departments for scheduled castes has been lowered by implication in the words that at present 21 per cent of vacancies in Government departments stand reserved for members of Scheduled Castes and Scheduled Tribes and the Backward Classes."

10. **Shri Maru Singh Malik**:

11. **Shri Sri Chand**:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

(a) nothing has been done to ameliorate the condition of the low-paid employees of the State ;

(b) nothing has been done to combat unemployment among the educated and uneducated people of the State ;

(c) nothing has been done to check the fall in the prices of agricultural produce;

(d) nothing has been done to end corruption, nepotism, favouritism and interference in day to day administration of the State."

12. **Sardar Gopal Singh**:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

[Sardar Gopal Singh]

(1) no mention has been made about condemning the brick throwing by the hooligans on the procession taken by the Sikhs at Ludhiana on the occasion of the celebration of the birthday of Guru Gobind Singh Ji, in the Governor's Address;

(2) no mention of the undue and uncalled for intervention by the Government in regard to the Sikh Gurdwaras is made in the Governor's Address."

13. Sardar Achhar Singh Chhina:

14. Sardar Darshan Singh:

15. Shri Wadhawa Ram:

16. Sardar Bachan Singh:

17. Sardar Harkishan Singh Surjit:

18. Sardar Chanan Singh Dhut:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

(1) the failure of the Government to enforce labour laws, awards of the Industrial Tribunal and decisions of the Tripartite Conferences and prevent lock-outs, retrenchment of workers and reduction of wages by millowners in the State, have not been mentioned.

(2) the failure of the Government to restore ejected tenants to their tenancies and refusal to protect them from ejectment have not been mentioned ;

(3) the continuous and disproportionate fall in the prices of agricultural produce and increasing tax burdens on the peasants have not been mentioned ;

(4) the policy pursued by the Government of increasing the communal tension in the State has not been mentioned ;

(5) the failure to implement promises given by the Government to D. B. teachers and private college teachers has not been mentioned.

(6) the curtailment of civil liberaties and increasing police repression have not been mentioned.

(7) suppression of the freedom of Panchayats and suspension and supersession of large number of Panches and Panchayats have not been mentioned ;

(8) failure to reserve land for the needs of agricultural labourers and the landless during consolidation of land holdings and to vest common lands in the Panchayats have not been mentioned."

19. Shri Banarsi Dass Gupta :

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that no mention is made of—

(1) technical education in the State ;

(2) dairy farming ;

(3) (a) Gita University of Kurukshetra,

(b) development of sacred tirthas at Kurukshetra ;

(4) abolition of beggary ;

(5) opening of homes for lepers and apahaj (disabled) ;

(6) grant of loans for purchasing land for landless labourers (Mortgage Bank);

(7) increase in the salaries of low-paid servants;

(8) water-logging in Khadar areas and Radaur etc;

(9) anti-tuberculosis measures in the State ;

(10) unemployment among the educated Section and petty shop-keepers".

20. Shri Babu Dayal Sharma:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

(1) no mention has been made for extending the Bhakra Dam Canal to Gurgaon District, which was initiated generally for Hariana and particularly for the Gurgaon District ;

(2) the Government has failed so far to restore the land to Muslim Meos in the Gurgaon District;

(3) no mention has been made for providing residential land to Harijans and backward classes in the rural areas;

(4) no mention has been made to ban the import and manufacture of Vanaspati ghee in the State, which has up set the rural economy of cultivators of the State, particularly of Hariana who chiefly depend on the breeding of cattle and dairy. The adulteration of pure ghee is a heavy blow on subsidary income of agriculturists in the State ;

(5) the Government has failed to settle the nomads and criminal tribes as yet such as Bhubalias, Kanjars, Pernas, Banjaras and Bavarias etc;

(6) no mention has been made to nationalise the transport companies, cinemas, insurance business the main sources of exploitation of the State labour;

7) no mention has been made to keep the agricultural production rates stable for rural uplift etc.;

21. Rao Gajraj Singh:

That at the end of the motion, the following be added—
"but regret that—

(1) no mention has been made for the development of backward Gurgaon District and other backward areas of the State;

(2) no mention has been made about the implementation and execution of Gurgaon project (water-supply) and speedy electrification of rural areas and supply of cheap electricity for irrigation purposes in Gurgaon District".

22. Shri Teg Ram:

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

no mention has been made in the address regarding the present serious problems of the farmers in the State and the means to be adoped for their solution by the Government."

23. Shri Mehar Singh :

That at the end of the motion, the following be added—

"but regret that—

महोदय ने बजा तौर पर Law and Order का ज़िक्र किया और हमारे प्रस्तावक ने इस के लिये गवर्नर की प्रशंसा की तो मैं समझता हूं कि यह बिल्कुल सही बात है। इस संतोषजनक स्थिति पर हम बजा तौर पर फख्र कर सकते हैं। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि हमारी एक border State (सीमा प्रांत) है। अगर यहां किसी सूरत में शान्ति की अवस्था वह नहीं रहती जो होनी चाहिये और बिगड़ जाती है तो इस से महज़ पंजाब ही खतरे में नहीं पड़ता बल्कि सारा भारत ही खतरे में पड़ जाता है। इस लिये इस Law and Order के लिए जो अपनी State के अन्दर हम देखते हैं मैं समझता हूं कि हमारे मुख्य मन्त्री, Cabinet और हमारे जो Administration के Heads हैं वह इस बात के पात्र हैं कि हम उन का धन्यवाद करें। विन्ध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश और दूसरे प्रदेशों में डाकुओं की संख्या इतनी बढ़ती जा रही है कि साधारण आदमी अपनी ज़िन्दगी को सुरक्षित नहीं समझता। क्या हम बजा तौर पर फख्र नहीं कर सकते कि पंजाब जो एक सीमा प्रांत है वहां Law and Order की अवस्था संतोषजनक है जहां हर एक आदमी बग़ैर किसी खतरे के रहता है। जहां हर एक आदमी बिना किसी खतरे के प्रांत के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जा सकता है। जब भी डाकुओं और लुटेरों ने सिर उठाने की कोशिश की तो मैं अपनी सरकार का धन्यवाद करता हूं कि उस ने फौरन अपने मज़बूत हाथ से लुटेरों और डाकुओं को दबा दिया।

गवर्नर महोदय ने अपने ऐड्रेस में इस बात का ज़िक्र किया है कि फिरकापरस्त जमायतें अपना सिर उठाती जा रही हैं। हमारी गवर्नमेंट का कर्तव्य है कि वह पूरी दृढ़ता से उन का मुकाबला करे और उन्हें इस बात की इजाज़त न दें कि इस राज्य के अन्दर जो शान्ति की अवस्था है उसे तोड़ सकें। मैं समझता हूं कि उन्होंने बजा तौर पर कहा है कि जब इस किस्म के फिरकापरस्त हमारे राज्य में मौजूद हैं जो बग़ावत की धमकियां देते हों जो violence का openly प्रचार करते हों, अखबारों के अन्दर लेख लिख कर छापते हों उन्हें ऐसा करने से बाज़ रखने में हम किसी तरह पीछे नहीं हटेंगे। मैं समझता हूं कि अगर हमारा शासन किसी तरह से ढील करता है तो प्रांत के साथ गद्दारी नहीं बल्कि सारे देश के साथ गद्दारी करता है। इसलिये मैं यह समझता हूं कि हमारे गवर्नर महोदय हमारे धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने इस बात की तरफ इस सदन की तवज्जुह दिलाई है कि गवर्नमेंट इस मामले से लापरवाह नहीं है। गवर्नमेंट इस बात की इजाज़त नहीं देगी कि कोई जमायत किसी तरह से प्रांत की शान्ति की अवस्था के साथ खेल खेले। मैं समझता हूं कि Cabinet, चीफ मिनिस्टर और Administration के Heads इस बात के लिये हमारे धन्यवाद के पात्र हैं। अभी माननीय मेम्बरों की तरफ से इस बात की तरफ इशारा किया गया कि separatist tendencies जो हैं वह ऐसी शकल इख्तियार नहीं कर रहीं कि उन्हें हम खतरनाक समझें।

मैं चैलेंज के साथ कहता हूं कि जिस उदारता के साथ पंजाब की वर्तमान कांग्रेस सरकार अल्प-संख्यक जातियों से सलूक कर रही है उस की मिसाल पंजाब के इतिहास के अन्दर नहीं मिलती (*Cheers*) इन लोगों के अधिकारों को कहीं भी नज़र अन्दाज़ नहीं किया गया। चाहे departments के heads हैं चाहे दूसरे अफसर, इन की नियुक्तियां हमारी कांग्रेस सरकार फिरकादारी के भाव से ऊपर हो कर करती रही है। यदि parity

[श्री रला राम]

को उड़ाया गया है, तो किन लोगों के हक में उड़ाया गया है। हमारी गवर्नमेंट हर काम में हर चीज़ में national angle of vision को सामने रखती रही, इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता। खेद की बात है कि पंजाब गवर्नमेंट की इस उदारता के बावजूद कुछ लोग ऐसे हैं जो इस कांग्रेस सरकार को धमकियों से डराना चाहते हैं। वे धमकियां देते चले जाएं, मुझे विश्वास है कि गवर्नमेंट ऐसे दृष्टिकोण रखने वाली जमातों को सिर नहीं उठाने देगी, प्रांत की शांति भंग नहीं करने देगी। उन को पंजाब के अमन के साथ खेलने की आज्ञा नहीं दी जाएगी। जहां तक उदारता और nationalist policies पर चलने का ताल्लुक है, आप compare कर के देखें, कौनसा राज्य है जिस में हमारे प्रांत से ज्यादा nationalist policy follow की जा रही है। हमें इस बात पर प्रसन्नता है कि फिरका-परस्ती को हमारी गवर्नमेंट ने किसी तरह भी अपने Departments में दाखिल नहीं होने दिया। हमें खुशी होनी चाहिए कि हमारी गवर्नमेंट ने यह एलान किया है कि वह उन लोगों की धमकियों से नहीं डरेगी जो धमकियां दे कर ज्यादा से ज्यादा नाजायज़ हकूक हासिल करना चाहते हैं। इस सदन का कर्त्तव्य है कि वह इस मामला में गवर्नमेंट को पूर्ण सहयोग दे। मैं इस एलान के लिए गवर्नर महोदय को हार्दिक धन्यवाद देता हूं और एक-दो बातें तालीम के सम्बन्ध में कह कर बैठ जाता हूं।

इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पिछले साल तालीम में काफी तरक्की हुई है। एक साल के अर्से में तीन हज़ार नए स्कूलों का खुल जाना एक ऐसा रिकार्ड है जिस पर हमारे Education Minister साहिब बजा तौर पर फख़्र कर सकते हैं लेकिन एक बात है जो मैं आप के द्वारा Cabinet तक पहुंचाना चाहता हूं।

यदि हम educational expansion के programme द्वारा राष्ट्रीय-आचरण (national character) को ऊंचा करना चाहते हैं, तो सब से पहले टीचर की हालत बेहतर होनी चाहिए। इस बात की ओर उतनी तवज्जुह नहीं दी जा रही जितनी दी जानी चाहिए। Teachers की emoluments बढ़नी चाहिए, उनका समाज के अन्दर जो मान (status) है, उसको ऊंचा करने के प्रयत्न किए जाने चाहिएं। इस वक्त teachers असंतुष्ट हैं, चौबीस घंटे ही उन्हें अपनी रोज़ी की चिन्ता लगी रहती है। उन्हें अपनी रोज़ी कमाने के लिए ऐसे methods adopt करने पड़ते हैं कि जिन से educational mission कमज़ोर हो जाता है। इस लिए आप के द्वारा मैं Education Minister साहिब और Cabinet का ध्यान इस आवश्यक मामले की ओर दिलाना चाहता हूं कि तालीम की तरक्की के लिए जो सराहनीय यत्न वे कर रहे हैं, वह निष्फल रहेंगे यदि teachers की हालत को बेहतर और उन के status को ऊंचा न किया गया।

गवर्नर महोदय ने इस बात की तरफ इशारा किया है कि सरकार उन इलाकों के लिए कुछ करना चाहती है जहां पीने का पानी नहीं मिलता मगर यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किस किस्म की कार्यवाही किए जाने का ख्याल किया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात है कि हमारे प्रांत में अब भी ऐसे इलाके हैं जहां गर्मियों में लोगों को 6, 7 मील से पीने के लिए पानी

लाना पड़ता है। यह इलाके तहसील ऊना और ज़िला कांगड़ा में हैं। पानी ज़िन्दगी के लिए निहायत ज़रूरी चीज़ है। इस मामले की ओर शीघ्र ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि वह लोग सुख की सांस लें।

इन शब्दों के साथ मैं गवर्नर महोदय का इस भाषण के लिए जो उन्होंने दिया है हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

श्री बाबू दयाल (सोहना) : उपाध्यक्ष महोदय, अगर्चे जो गवर्नर साहिब का धन्यवाद किया गया है उस से तो मैं सहमत हूं क्योंकि वह Constitutional head हैं परन्तु हकीकत यह है कि उनके भाषण में बहुत सी निहायत ज़रूरी बातों का ज़िक्र तक नहीं किया कि भाखड़ा डैम नहर गुड़गांवां क्यों नहीं जावेगी।

इस से पहली गवर्नमेंट तो फरदन २ यह कहती चली आई है कि इस का पानी हरियाना के ज़िलों को आम तौर पर और गुड़गावां को खास तौर पर दिया जाएगा। वह इस का बार-बार ज़िक्र करती रही है, और इस की चमकदार तसवीर पेश करती रही है। बताया जा चुका है कि इस से तीन लाख एकड़ ज़मीन सैराब होगी, 80 करोड़ के करीब रुपया खर्च हो चुका है परन्तु अभी तक Dam तैयार नहीं हुआ। इस के अलावा भाखड़ा canal की एक और dark side भी है जो 6 बातों पर मबनी है।

पहली बात यह है कि ' the aim of the Bhakra Dam has been lost'. इस नहर के निकालने का असली मकसद जो पहली सरकारों के सामने था हरियाना को आम-तौर पर और अपने ज़िला गुड़गांव को खास तौर पर पानी supply करना। यह स्कीम उस वक्त बनी थी जब West Punjab में थल प्रोजेक्ट और हवेली प्रोजेक्ट बनाए गए थे।

ज़िला गुड़गांव सारे पंजाब में सब से ज्यादा पिछड़ा हुआ ज़िला है। इस में 450 ऐसे गांव हैं जहां लोग पीने के पानी को तरसते हैं। वहां भाखड़ा नहर का आज एक कतरा पानी का नहीं दिया जा रहा। इस तरह इस नहर के बनाए जाने का मकसद फौत हो गया है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, भाखड़ा बनाया तो इस लिये गया था कि ज़िला गुड़गांवां जैसे पिछड़े हुए इलाकों को पानी सप्लाई किया जाए। परन्तु इस का पानी जाएगा वहां जहां पहले से नहर मौजूद है, जैसे पटियाला, जालंधर और बीकानेर के इलाकों को पानी दिया जाएगा। लेकिन गुड़गांवां में कहीं नहर का नामोनिशान भी नहीं है। लोगों को खेती के लिए न सही पीने तक के लिए पानी नहीं मिलता। इस लिए यदि दूसरी बात भाखड़ा के लिये यह कह दी जाए तो अच्छा है कि भाखड़ा is a cart before the horse.।

तीसरी बात यह है कि "Bhakra is an instance where the servant rules the master" अर्थात् Bhakra ऐसी जगह है जहां पर नौकर मालिक पर हुकमत करता है। क्योंकि कांग्रेस सरकार इस बात का दावा करती थी कि हम जनता के सेवक हैं। जनता चाहती थी नहर जावे गुड़गांवा परन्तु सेवक ले गया

[श्री बाबू दयाल]

जालन्धर इत्यादि स्थानों पर। मैं इसी सिलसिले में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि आज से 14, 15 वर्ष पहले हरियाना में एक agitation हुआ था जिस के चलाने वाले श्री ठाकुर दास जी भार्गव जी और पंडित नेकी राम शर्मा जी थे। मैं ने भी उस समय Ministry को challenge किया था कि या तो इस इलाके में नहर लाओ और या Ministry को छोड़ जाओ। उस agitation में हम सब लोगों ने जनता को सर सिकन्दर के वादे पर बचन दिया था कि गुड़गांवा में नहर अवश्य आएगी परन्तु आज मुझे बहुत शर्म आती है इस बात की कि जो लोग आज गवर्नमेंट के मालिक बने हुए हैं और जिन्होंने agitation किया था और जो दावे करते थे, कि Bhakra Dam से हरियाना में नहर लाई जाएगी आज वही लोग कहते हैं कि यह नहर गुड़गावां में नहीं जा सकती। इस की वजह यह बताते हैं कि उस इलाका का level ऊंचा है। परन्तु दुबलदन माजरा गुड़गांवां से बहुत ऊंचा है वहां तो engine लगा कर तो पानी दे सकते हैं लेकिन गुड़गांवां में नहर नहीं जा सकती।

डिप्टी स्पीकर साहिब, इस से आगे Bhakra Dam की चौथी काली तस्वीर यह है कि " Charity begins in foreign rich countries " कितने ही memoranda और representations जो Chief Minister साहिब को भेजे जाते हैं उनकी कापियाँ हमें भी लोगों से भेजी जाती हैं। उन में लिखा होता है कि किस तरह America के मामूली २ काम करने वाले लोगों को बहुत बड़ी २ तनखाहों पर लाकर नौकर रखा जाता है। उन को हज़ारों रुपए तनखाहें कहां से दी जाती हैं ? ग़रीब आदमियों की जेब से निकाल कर. पंजाब जैसे ग़रीब किसानों और मज़दूरों की जेब से निकाल कर अमरीका जैसे धनी मुल्क के मज़दूरों को पाला जाता है। भाखड़ा की यह भी एक काली तस्वीर है।

इस से आगे एक और काली तस्वीर है। वह है "Bhakra is a history of scandals." अर्थात् भाखड़ा क्या है ? यह scandals की history है। इस काम में 40 करोड़ रुपया ग़बन हो गया था रिश्वत में लुट गया है। जब यह सरकार और इस के सहयोगी राजपाल के भाषण में बड़ी सुन्दर Address में भाखड़ा का नाम सुनते हैं तो तालियां लगाते हैं। इन्हें शर्म नहीं आती कि जिस सरकार ने इतना ग़बन करवाया, लूट खसूट मचाई उस की तारीफ करते हैं। जब बार बार हाऊस में इस बात का ज़िक्र किया गया तो कहते हैं कि Anti-Corruption Committee बैठा दी गई है। रुपया Central Government दे और वह इस तरह बर्बाद कराया जावे लूट लिया जावे और तुर्राह यह कि इस पर ये पंजाब सरकार इतने लम्बे चौड़े दावे करती हैं। मैं पूछता हूं कि कि ये लोग किस चीज़ का credit चाहते हैं ? न तो इन्होंने नहर निकाली और न ही पहली गवर्नमैण्ट निकाल सकी, और जब Central Government ने रुपया दिया तो आधा रुपया उस में से लुटवा दिया फिर इतने लम्बे चौड़े दावे करते हैं।

अगली picture है "Bhakra is a means of winning election." ये तो Election जीतने का ज़रिया बना रहे हैं। इसी की बिना पर ज़मींदारा Government

ने तीन Elections जीते थे और अब उसी तरह यह गवर्नमैण्ट भी Election जीतने का stunt बना रही है जिस की तारीफ करते २ नहीं थकते।

डिप्टी स्पीकर साहिब, इस के आगे इन्होंने पंचायतों की बहुत तारीफ की है। कहते हैं कि पंजाब प्रदेश में 9 हज़ार पंचायतें कायम कर दी हैं। पहली जमींदारा गवर्नमैण्ट ने इस बात की खोज की थी कि पंजाब का किसान क्यों गरीब है। यह चीज़ surface पर आई थी कि पंजाब के किसानों का करोड़ों रुपया मुकद्दमा बाज़ी पर खर्च होता है। इस खर्च को घटाने के लिये एक ऐक्ट भी बनाया गया था। मगर हमारी सरकार ने इस चीज़ को रोकने के लिए क्या किया है। जिन पंचायतों पर इन को फख्र है मेरे साथ कोई Minister या इन की पार्टी का कोई आदमी चल कर देखे तो असलियत वाज़ह हो जाएगी। उन को यह भी पता नहीं कि summons किस तरह issue किये जाते हैं। कहते हैं कि 9 हज़ार पंचायतें कायम कर दी हैं। शायद ही कोई ऐसी पंचायत हो जिस में ग़बन न होती हो और अगर कोई शिकायत की जाती है तो कोई सुनता नहीं। अव्वल दर्जे के शराबी और रिश्वतखोरों को सरपंच बनाया गया है। मुझे एक मिसाल याद आ गई है। एक तहसील अफसर ने एक सरपंच की शिकायत की Assistant Director साहिब ने उस सरपंच को certificate दे दिया कि उस के विरुद्ध जो शिकायत की गई थी वह गलत थी। इस पर Tehsil Panchayat Officer ने as a protest अपना इस्तीफा दे दिया तो Assistant Director साहिब ने उसका इस्तीफा मन्जूर कर लिया। डिप्टी स्पीकर साहिब, यह हैं पंचायतों और हमारी गवर्नमैण्ट के कारनामे। मैं देहात में रहता हूं इस लिये मैं जानता हूं कि हमारी गवर्नमैण्ट की कारगुज़ारी क्या है और पंचायतें क्या हैं। बेचारे शहरी लोग समझते हैं कि शायद देहातों में बहिश्त बन गया है। देहाती लोगों की बहुत बुरी हालत है और वकील लोग मज़े करते हैं। जब कभी मुझे Bar Association में जाने का मौका मिलता है तो वकील लोग कहते हैं कि पंजाब सरकार का भला हो जिस ने पंचायतें कायम कर दी हैं। हमारी practice पहले बहुत कम हो गई थी अब पंचायतें खुलने से खूब practice चल पड़ी है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, एक और बहुत अहम मसला मैं अर्ज़ करना चाहता हूं। वह मसला Muslim Meos का मसला है। वे बहुत Nationalist लोग हैं। उन के दिल में हिंदू और मुस्लिम की तमीज़ नहीं है। वे लोग अपनी रवायात कायम रखते हैं। एक इलाके के लोग आपस में भाई भाई बन कर रहते हैं। हिंदू और मुस्लिम सब भाई भाई होते हैं। मुझे एक बात याद आ गई हैं। एक बार एक मुस्लिम ने एक हिंदू लड़की को रोक लिया तो उस के इलाके के लोग दोनों—हिंदू और मुस्लिम चढ़ कर आ गए। दूसरी तरफ से भी हिंदू और मुस्लिम चढ़ कर आ गए। नतीजा यह हुआ कि घमासान युद्ध हुआ और 600 आदमी मारे गये। Police का कप्तान बैठा देखता रह गया। बाद में दोनों पार्टियों ने बैठ कर फैसला किया कि लड़ाई तो हो ली अब सब की लाशों को सम्भाल लिया जाये। चुनांचे हिंदुओं की लाशों का दाह संस्कार किया गया और मुस्लिमों को दफना दिया गया। वे लोग देश के बड़े वफादार हैं उन के चार पांच सौ घर आज तक आबाद नहीं हो सके। हम ने बड़ा शोर मचाया, वज़ीरों को बार बार कहा जब हम ने देखा कि यह मंडली तो बैकुंठ को जाने वाली है तो हम अलग हो गये।

[श्री बाबू दयाल]

अगली बात, जनाबे वाला, जिस का मैं जिक्र करना चाहता हूं वह है Consolidation of Holdings के मुतल्लिक । Thanks की motion की mover श्रीमती सीता देवी जी ने भी इस बात का जिक्र करते हुए कहा है कि सरकार ने इस पर पांच करोड़ रुपया खर्च कर दिया है। मैं कहता हूं कि खर्च करने के लिये तो हमारी गवर्नमैण्ट बड़ी होशियार है। कैसे ? इस तरह कि 80 करोड़ रुपये में से 40 करोड़ रुपये का गबन हो जाता है। इस लिये अगर 5 करोड़ की बजाए 10 करोड़ भी खर्च कर दिया होता तो कोई बात नहीं थी। मगर उस खर्च करने से फायदा क्या हुआ ? सिवाए इस के हर मरहले पर अफसर लोग रिश्वत का बाजार गरम रखते हैं। मैं चैलेंज करता हूं कि जो बेईमान अफसर हैं वे तो इस सरकार के राज्य में मौजें उड़ा रहे हैं और ईमानदार और भले आदमी हैं उन को मुफ्त में सजाएं दी जाती हैं। मैं आप को एक केस की बाबत बताना चाहता हूं। एक बड़ा ईमानदार तहसीलदार था। उस के बाप-दादा ने भी कभी रिश्वत नहीं ली होगी। लेकिन उस बेचारे को revert करके नायब-तहसीलदार बना दिया गया। जब मिनिस्टर साहिब के नोटिस में यह बात लाई गई कि साहब इस भले मानस आदमी को क्यों सज़ा दी गई है तो उस की कोई परवाह नहीं की गई। हम पांच छः ऐम. एल. एज़. इस चीज़ को लेकर उन के पास गए और उन को विश्वास दिलाया कि यह आदमी corrupt नहीं और ईमानदार है। डिप्टी स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि जवाब में उन्होंने कहा कि अच्छा, ईमानदार ही सही। यही समझिए कि यह सज़ा उसे ईमानदार होने के लिये दी गई थी। हो सकता है कि उस का कोई मातहत रिश्वत लेता हो, इस लिये उस को यह सज़ा दी गई हो। मैं ने उन्हें कहा कि अगर ऐसी बात है कि एक मातहत के कसूर करने पर उस के ऊपर वाले को सज़ा मिलनी हो तो सब से ज्यादा सज़ा तो आप को और हम को मिलनी चाहिये क्योंकि गवर्नमैण्ट को चलाने वाले तो आप हैं और आप को गवर्नमैण्ट की गद्दी पर बिठाने वाले हम हैं क्यों न हमें और आप को ही सज़ा मिलनी चाहिए। जब हम और आप सज़ा नहीं पाते तो उस गरीब और ईमानदार आदमी को इस लिये क्यों सज़ा मिली क्योंकि उस के किसी मातहत ने कोई रिश्वत खोरी का काम किया था ?

इस के अलावा, डिप्टी स्पीकर साहिब, आप उस नजरिये को ही लीजिए जो कि देहातों के बारे में इस गवर्नमैण्ट का है। बार बार यह शोर मचाया जाता है कि देहातियों के interest का इस सरकार के राज में पूरा २ ख्याल रखा जाता है है। पर मैं समझता हूं कि यह सब कहने सुनने की ही बातें हैं। असल में उन के interests को बिल्कुल नजर अंदाज़ा किया जाता है। आप को याद होगा कि जमींदारा गवर्नमैण्ट के वक्तों में भी यह कहा गया था कि वनस्पती घी में रंग डाल दिया जाये और इसे स्टेट के अन्दर दाखिल करने पर पाबन्दी लगा दी जाये लेकिन यह ऐसा नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि देहातों के अन्दर घी बनाने की जो थोड़ी बहुत industry थी वह बिल्कुल खत्म हो गई— खास कर हरियाना प्रान्त में। वनस्पती के आने से पहले बेचारे गरीब किसान दो अढ़ाई सेर घी जो भी वह निकाल सकते थे बाज़ार में ले आते थे और बेच कर थोड़ा बहुत गुजारा कर लिया करते थे। लेकिन अब तो बेईमान आदमी के पौबारह हैं। लोग गांव में जाकर घी ले आते हैं— सस्ते भाव पर और उस में नकली घी मिला कर दोगुनी और चौगुनी रकम का लाभ उठा लेते हैं। दो रुपए सेर डालडा घी लेकर

उस में कुछ देसी घी मिला लेते हैं और 6 रुपये सेर बेच लेते हैं। अब आप ही बतावें कि यह गवर्नमेंट जो कि देहातियों के नाम पर नाना प्रकार के दावे करते नहीं थकतीं, उन की बेहतरी के लिए क्या कर रही है ? सिवाए खेती बाड़ी के इस सरकार ने देहातियों के लिये और क्या काम छोड़ रखा है ? जितनी भी Cottage Industries देहातों में पहले थीं वे सब की सब आप ने खत्म कर दी हैं। और जो थोड़ा बहुत दूसरा काम था, वह वनस्पति घी ने खत्म कर दिया है। (इस वक्त उपाध्यक्ष महोदय ने लगातार घंटी बजाई) जनाबे वाला! कहने को तो अभी बहुत सी बातें थीं जिन की amendments का नोटिस भी मैंने दिया हुआ है, लेकिन चूंकि आप का हुक्म है इस लिये इन लफ़ज़ों के साथ मैं अपनी जगह पर बैठ जाता हूं।

राम्रो गजराज सिंह (गुड़गांव) : डिप्टी स्पीकर साहब, एड्रैस के मुतअल्लिक आज जो बहस की गई वह बहुत आला पैमाने पर की गई अगर्चे कुछ एक ऐसे मामलों का भी ज़िक्र किया गया था। इस में शक की कोई गुंजाइश नहीं कि जहां सारे हिंदुस्तान में तरक्की का दौर है वहां हमारी पंजाब स्टेट भी बड़ी तेज़ी से तरक्की के रास्ते पर आगे जा रही है। इस अमर से कभी भी इनकार नहीं किया जा सकता। इस तरक्की के मुतअल्लिक गवर्नर साहिब के Address में जो भी references आए हैं वह सही हैं। यह जो तरक्की हम ने की है इस के लिये सूबे के हर आदमी को खुशी हुई है और आज हम बड़े फ़ख्र के साथ यह कह सकते हैं कि हमारे सूबे में आज तरक्की का एक दौर चल रहा है। इस तरक्की के कामों पर लगाए गए हमारे माहरीन की तनखाहें चाहे ज़्यादा हैं या कम लेकिन जिस लगन, हिम्मत और हौसले से वे इन कामों को सरअंजाम दे रहे हैं उस पर हमें नाज़ है और उन का काम काबले दाद है। इन सब चीज़ों को सामने रखते हुए हम बजा तौर पर अपनी हकूमत को और गवर्नर साहब को मुबारकबाद दे सकते हैं।

6-0 p. m.

लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब, हाऊस का ज़्यादा वक्त न लेता हुआ चन्द बातें ऐसी हैं जिन की तरफ आप के ज़रिये सरकार की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं और जिन का राज्यपाल जी के भाषण में कोई ज़िक्र नहीं आया। खास कर उन बातों की ओर मिनिस्टर साहिबान का ध्यान दिलाना चाहता हूं जिन की ओर मेरे दोस्त श्री बाबू दयाल और दूसरे साथियों ने भी इशारा किया है। आप को मालूम है कि पंजाब के सूबे में बदकिस्मती से एक ज़िला गुड़गावां भी है। उस की अभी तक कोई भी नुमायां तरक्की नहीं की गई है—उसे तरक्की से महफ़ूज़ रखा गया है। शायद उसे एक नमूने के तौर पर रखा गया है कि तरक्की करने से पहले पंजाब का ऐसा (अब के गुड़गावां जैसा) नमूना था और तरक्की के बाद यह हालत है जो कि दूसरे मशहूर ज़िलों की है। अगर यह बात है कि इसे नमूने के तौर पर दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रखा गया है तब तो ठीक है—मैं इस से सहमत हूं। रखना भी चाहिये। जैसे ज़रायत के मामले में महकमे वाले बीज दिखाया करते हैं कि देखिये यह पुरानी किस्म के बीज और अब हमने research करके बीज में कितना सुधार किया है।

डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे समझ नहीं आती और मैं हैरान हूं कि बराबर सालहा साल से गुड़गांव ज़िले को क्यों नज़र अंददाज़ किया गया है और किया जा रहा है। इस में किसी पार्टी के लिहाज़ का कोई ताल्लुक नहीं। हर साल हम इस के लिये इस की तरक्की के लिये आप के दरवाज़े खटखटाते हैं। लेकिन समझ नहीं आती कि क्यों इस का गवर्नमेंट पर कोई असर नहीं होता।

[राम्रो गजराज सिंह]

अगर आप समझते हैं कि गुड़गांव का पंजाब की तरक्की में कोई हिस्सा नहीं तो क्यों नहीं आप कहते— क्यों नहीं आप साफ़ तौर पर कहते कि गुड़गांव पंजाब में शामिल ही नहीं, यह पंजाब से बाहर ज़मीन का एक टुकड़ा है। मेरे दोस्तों ने कई बार यह शिकायत की है कि गुड़गांव के लोग हिम्मत नहीं करते हौसला नहीं करते अपनी तरक्की के लिये। मैंने अपने कई दोस्तों को बुलाया और कहा कि देखिये तो सही, गुड़गांव के लोग भी voluntary काम में कितना हिस्सा ले रहे हैं। सो आज के दिन लोगों ने मिल कर 47 मील लम्बी सड़क खुद बनाई, खुद मिट्टी डाली, पत्थर डाले और सारा काम किया। लेकिन जब गवर्नमैण्ट के नाम का हिस्सा आया तो कहने लगे कि इस में गवर्नमैण्ट का कोई हिस्सा नहीं। मैं हैरान हूं कि पंजाब में और ज़िलों में तो आंखें मूंद कर रुपया खर्च किया जा रहा है लेकिन क्या गुड़गांव के भाग्य में ही कुछ लेना नहीं लिखा? आज सूबे में हमारी अपनी हकूमत है। इस लिये मैं बड़े ज़ोरदार लफ़ज़ों में यह कहना चाहता हूं कि ऐसी discrimination नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर मैं एक बात का ज़िक्र किए बिना नहीं रह सकता। हमें नाज़ है किदवाई साहिब मरहूम पर। हम उन के पास अपनी मांग लेकर गए। जब हम ने सारी बातें उन के सामने रखीं तो बड़ी दरिया दिली से उन्होंने फरमाया कि आप फिक्र न करें, मैं गुड़गांव के लिये खूब रुपया दूंगा, Grow-More-Food Fund से दूंगा लेकिन Gurgaon Project ज़रूर चालू होना चाहिए। लेकिन फिर बदकिस्मती इस ज़िला की कि उन का देहान्त हो गया और फिर वह स्कीम पता नहीं तैरने पर है या डूबने पर। इस गुड़गांव प्राजैक्ट के काग़ज़ात पता नहीं दस से भी ज़्यादा बार गुम किये जा चुके हैं। कभी काग़ज़ात मिलने पर फिर गुम हो जाते हैं। मैं अर्ज़ करूंगा कि जब 90 करोड़ रुपया भाखड़ा डैम पर खर्च किया गया और जब वह सारी सारे सूबे की मजमूई आमदनी है तो वहां पर मेरे साथियों को कम से कम ख्याल तो रहे कि गुड़गांव की बेहतरी की तरफ भी तवज्जुह दे सके।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं अपनी सरकार की तवज्जुह इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि हमारे इलाके को सस्ती बिजली दे। ऐसा करते हुए वह इस बात की परवाह न करे कि यह उस ने commercial point of view को देखते हुए देनी है। ताकि उसे घाटा न पड़े और उस की आमदनी कम न हो जाए। यदि उस इलाके को सस्ती बिजली दी जाए तो वहां कूवें लगाए जा सकते हैं। वहां उस इलाके में पानी तो मौजूद है। इस काम के लिये वह 15 या 20 करोड़ रुपये का capital लगा कर कुएं बनवा सकती है। इस काम का union-ist वज़ारत को तो अहसास नहीं हुआ था हालांकि उस वक्त दो बार वहां भारी कहत भी पड़ा था और उसे उन कहतों पर इतना खर्च करना पड़ा था जो उस ने उस इलाके से बीस साल में भी वसूल नहीं किया होगा। उस ने 20 लाख रुपये उन कहतों पर खर्च किया था। स्पीकर साहिब, मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि गवर्नर साहिब के Address में गुड़गांव ज़िले के बारे में ज़िक्र तक नहीं आता।

फिर डिप्टी स्पीकर साहिब यह ज़िला साढ़े 15 सौ गांवों का है और हमारे पंजाब में बाकी ज़िले चार चार सौ गांव के ज़िले हैं और वहां हर ज़िले में गवर्नमेंट कालिज खुले हुए हैं लेकिन इस ज़िले की इतनी तहसीलों में से एक भी तहसील में गवर्नमेंट कालिज या हाई स्कूल नहीं हैं।

हमारे जिला के पास के गांव जो देहली सूबा में हैं, वहां के पसमान्दा लोगों के बच्चों को सलेटें, पैन्सिलें और किताबें मुहैय्या करने पर हज़ारों रुपये खर्च किये जा रहे हैं लेकिन हमारे जिला के बच्चों को कुछ नहीं मिल रहा हालांकि हमारे जो बच्चे देहली के स्कूलों और कालजों में पढ़ते हैं उन्हें यह इमदाद वहां से मिलती है । डिप्टी स्पीकर साहिब, मुझे अफसोस के साथ यह बात कहनी पड़ती है कि जो सरकारी इमदाद या सहूलतें दूसरे गांवों के लोगों को मिल रही हैं वह हमारे गांवों के लोगों को नहीं मिल रहीं क्योंकि ये गुड़गांवां जिला में हैं। इस लिये मैं अपनी सरकार से कहता हूं कि उसे मज़बूत इरादे से काम लेना चाहिये । इस में हमारी ज़िम्मेदारी भी है और हमारी सरकार की भी जिम्मेदारी है ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, इस के साथ ही मैं हाऊस का ध्यान एक और चीज़ की तरफ दिलाना चाहता हूं । मुझे दुःख से कहना पड़ता है कि इन चीज़ों का ज़िक्र तक इस Address में नहीं किया गया । वहां हमारे ज़िला में अभी अभी survey किया गया है और पता चला है कि वहां साढ़े आठ सौ गांव ऐसे हैं जहां का पानी पीने के काबिल नहीं है । इस सिलसिले में मैं अपनी वज़ारत से दरखास्त करता हूं कि उन लोगों के लिये पीने का पानी मुहैय्या करने के लिये सरकारी तौर पर गौर करके कोई स्कीम बनानी चाहिए । एक और अर्ज़ मैं करना चाहता हूं कि हमारे ज़िला में से रेल की लाइन तो एक कोने से गुज़र जाती है बाकी वहां सड़कें ही हैं । पहले तो वहां Transport Companies लोकल आदमियों की थीं लेकिन Partition के बाद यह Companies बाहर से आए आदमियों के हाथ में चली गई हैं । वह लोग condemned बसें ले आए हैं जिन की वजह से वहां के लोगों को तकलीफ हो रही है । मिनिस्टर साहिबान तो वहां कारों पर दौरा करने आते हैं और दौरा करके चले जाते हैं उन को वहां के लोगों की हालत का कैसे पता लग सकता है ।

जहां तक Judiciary और Executive की separation का ताल्लुक है मैं सरकार के इस कदम की सराहना करता हूं । इस के साथ मैं यह भी अर्ज़ करना चाहता हूं कि Judiciary Executive से बिल्कुल अलग कर दी जानी चाहियें । Judicial Courts दर असल हाई कोर्ट और Sessions Judges के मातहत होनी चाहियें । यह चीज़ तो आईनी तौर पर भी अलहदा होनी चाहिए । हमारे आईन में भी यह लिखा है कि Judiciary Executive से बिल्कुल separate होनी चाहिए । इस की कोई वजह नज़र नहीं आती कि यह क्यों independent न हों । Judiciary को Executive के मातहत रख कर लोगों को इनसाफ नहीं दिया जा सकता । इनसाफ के काम में Executive का कोई दखल नहीं होना चाहिये । यदि यह पूरी तरह अलग २ कर दिए जाएं तो हम मज़बूती के साथ लोगों के अन्दर जा सकते हैं और कह सकते हैं कि हम इनसाफ में किसी किस्म की रुकावट नहीं डालना चाहते । मैं हैरान हूं कि जब हमारे वज़ीर साहिबान खुद इनसाफ में किसी किस्म का दखल नहीं देना चाहते तो फिर यह Judiciary को Executive से बिल्कुल जुदा जल्द क्यों नहीं कर देते ।

पंडित श्री राम शर्मा : Political reasons की वजह से इन्हें जुदा करने में देरी लगाई जा रही है ।

राम्रो गजराज सिंह : हमें खुशी है कि आप को Executive के मैजिस्ट्रेट ने छोड़ दिया था ।

पंडित श्री राम शर्मा : आप को पता है कि आप के साथ क्या हुआ था ।

राम्रो गजराज सिंह : मैं कभी किसी वज़ीर के पास नहीं गया ।

पंडित श्री राम शर्मा : आप किसी..........

Mr. Deputy Speaker : Order, Order.

राम्रो गजराज सिंह : मैं किसी Magistrate के पास नहीं गया । मैं उस बात का आदी नहीं हूं जिस चीज़ का हवाला अभी दिया गया है ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, एक चीज़ की मैं और गुज़ारिश करना चाहता हूं वह है District Boards के बारे में । चाहे नई स्कीम के बारे में पूरी तफ़सील तो मालूम नहीं हुई फिर भी मैं एक दो बातें हाऊस के सामने रखना चाहता हूं । यह District Boards जो तोड़ दिये गए हैं वह rural area के लोगों के लिये एक training ground थे । यह नौजवानों को political काम में तरबीयत देने के लिये एक अच्छा training ground थे अब मैं अपनी सरकार से गुज़ारिश करूंगा कि वह इन boards की जगह पर चाहे कोई institution तहसील level पर बनाएं चाहे पंचायत level पर बनाए इन का President Tehsildars को कभी न बनाएं । तहसीलदार का या किसी और official का इन elected bodies का President बनाना आज से 50 साल पहले की बात थी । अगर तहसीलदार को उन का President बनाया गया तो गांव के लोगों को यह कभी भी गवारा नहीं होगा । हमारी सरकार को देहात के लोगों के साथ तो वैसे ही हमदर्दी है इस लिये मुझे उम्मीद है कि यह जो उनके ज़िम्मे बहुत बड़ा काम है इस को एक अमली स्कीम बनाये और इस मामले में सोच समझ कर कदम उठाए । यह एक जरूरी कदम है और अगर तहसीलदार को इन का President बनाया गया तो देहात के लोग एक बहुत बड़ी चीज़ से महरूम हो जायेंगे । मुझे विश्वास है कि इस मामले में बड़े ग़ौर से काम लिया जायेगा ।

मैं गवर्नर साहिब का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और उन्हें मुबारक बाद देता हूं जो उन्होंने corruption को खत्म करने के लिये एलान किया है । इस बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकारी मुलाज़मों में से छोटे मुलाज़मों में अव्वल तो corruption नहीं है और अगर वह रिश्वत लेते ही हैं तो अपना गुज़ारा करने के लिये लेते हैं। लेकिन higher level पर बहुत रिश्वत है । (तालियां) ।

गवर्नर साहिब ने अपने Address में जो corruption को खत्म करने के लिये एक High Level Committee बनाने का जिक्र किया है मुझे उम्मीद है कि वह कमेटी बड़े बड़े corrupt आदमियों को पकड़ने से दरेग नही करेगी । इस रिश्वत ने बड़ी तबाही की है हमारे प्रान्त के लोग मेहनती और जफ़ाकश होने के बावजूद इस की वजह से बदनाम हैं

डिप्टी स्पीकर साहिब, इन शब्दों के साथ मैं गवर्नर साहिब का शुक्रिया अदा करता हूं और अपनी speech को खत्म करता हूं ।

श्री माम चन्द (गोहाना) : डिप्टी स्पीकर साहिब, आज यहां पर गवर्नर साहिब के Address पर गवर्नमेंट को बधाईयां दी गई हैं । गवर्नमेंट के वज़ीरों में एक हरिजन भाई भी बैठा है । लेकिन गवर्नमेंट की एक बात मेरी समझ में नहीं आ रही । यह कहते हैं कि हरिजनों को 19 फीसदी हिस्सा दिया है । (आवाजें : 21 फीसदी) हां वह भी ठीक है इस में यह लिख दिया है कि पिछड़े वर्ग भी हैं । इस लिये दो फीसदी बढ़ा दिया गया है । यह समझ में नहीं आता कि यह 19 फीसदी न्यारी है । मैं यह नहीं कहता कि यह क्यों दी है । समझ में नहीं आता कि यह 21 फीसदी सब के लिये है या 19 फीसदी हरिजनों के लिए या न्यारी २ है । Backward Classes में तो सभी आ जाते हैं और बहुत थोड़े बाकी छोड़े हैं । इस तरह हरिजनों को क्या मिलेगा ? एक तो मैं यह बात कहना चाहता हूं ।

दूसरे गवर्नमैण्ट यह कहती है कि हम हरिजनों का जो कष्ट है, जो तकलीफ है उस का ख्याल रखते हैं और दूर करते हैं । मेरे ज़िला रोहतक से छोटे २ घरों में दो २ दर्जन लोग रहते हैं । उन के लिये मकानों का कोई ज़िक्र नहीं आया उन के लिये मकान बनाए जायेंगे या नहीं । फिर तहसील झज्जर में पानी की बड़ी तकलीफ है, पानी नहीं मिलता । Governor साहिब के Address में इस बात का भी कोई ज़िक्र नहीं किया गया । हकूमत कहने को तो कहती रहती है कि हमने हरिजनों के लिये यह किया और वह किया मगर मैं सच कहता हूं कि अगर दो साल और हरिजनों की यही हालत रही तो उन में से कोई भी आप के पास नहीं आयेगा । मैं एक गांव में गया । मैं ने कहा 'हरिजनों' ! 8 साल हमारी हकूमत को आए हुए हो गए । तुम बताओ तुम्हें हकूमत से कोई फायदा हुआ ? असल बात बताओ ! एक गांव तनखला है । वहां जब मैं गया तो एक 60 वर्ष का बूढ़ा पानी के गिलास में नींबू निचोड़ कर लाया । 8 वर्ष से इस हकूमत ने पानी नहीं दिया तो उस बूढ़े ने कहा, चारे की खेती कहां से हो । सो पशु नहीं, दूध नहीं, इस लिये अपने लीडर के लिये पानी में नींबू निचोड़ के लाया हूं । मैं तो कहता हूं कि जिस कांग्रेस को अपनी राए देकर हरिजनों ने हकूमत पर बैठाया उन के लिये इस ने पिछले 8 सालों में एक भी ठोस बात नहीं की । आप देखें, जिस तरह हमारे शरणार्थी भाई आए, उन के लिये मकान, दुकान और नौकरियों का प्रबन्ध किया । मैं सच कहता हूं इस हाऊस में 21 हरिजन मैम्बर हैं । इन को छोड़ कर बाकी हर हरिजन का दिल बेताब है, उन्हें कोई तसल्ली नहीं । हकूमत कागज़ों में तो उन्हें बहुत से हक देती है मगर असल में कोई नहीं । ऐसा कब तक बर्दाशत होगा । हकूमत तो ताकत के नशे में बैठी है, हरिजनों को तसल्ली देने के बहाने गढ़ती है । मैं सच कहता हूं कि एक एक कमरे में 11,11 आदमी रहते हैं बूढ़ा है, बुढ़िया है, 5 बहुएं हैं, वह कैसे गुज़ारा करें, क्या बिछाएं और क्या पहनें ? करें तो क्या करें ? मैं सरकार को मशवरा देने के लिये खड़ा हुआ हूं कि हरिजनों को सम्भाल लें वरना यह हाथ से निकल जावेंगे ।

श्री चांद राम अहलावत (झज्जर) . प्रधान जी, गवर्नर साहिब के भाषण पर उन्हें धन्यवाद का प्रस्ताव आज इस सदन में पेश किया गया । गवर्नर साहिब ने अपने भाषण में पिछले साल

[श्री चान्द राम ग्रहलावत]

की कार्यवाहियों ग्रौर ग्रगले साल की पालिसी का जिक्र किया गया। भाषण में जिन २ बातों के मुतल्लिक इशारा किया गया उन पर गवर्नर साहिब को बधाई का प्रस्ताव पेश किया गया है मैंने दोनों तरफ के मेंबरों की तकरीरें सुनी हैं। कुछ ने उन सब कामों की सराहना की है जो पंजाब में जनता की तरक्की के लिये हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में बहुत सी स्कीमें चालू हैं ग्रौर हम काफी तरक्की कर रहे हैं। दूसरी तरफ से कहा गया है कि पंजाब में ग्रभी बड़ी बेचैनी ग्रौर ग्रसंतोष है। मैं समझता हूं कि दोनों बातें ठीक हैं।

इस में कोई शक नहीं कि पंजाब में बहुत कुछ development हुई है। Capital बनाने की स्कीम में, भाखड़ा नंगल प्लैन के सिलसिले में ग्रौर दूसरी स्कीमों, जिन का विस्तार पांच साला प्लैन में किया गया है, के चालू करने में काफी तरक्की हुई है। जहां तक इनका ताल्लुक है महान काम हुए हैं ग्रौर जो भी राज ऐसे मौके पर वजूद में ग्राता उस का कुदरती तौर पर यह पहला फर्ज़ होता कि वह ऐसे काम करता। यह इन के लिये नया मौका था कि वह लोगों की तकलीफों, उन के ऐहसासात की तरफ ध्यान देते। मगर जहां तक लोगों की बेचैनी का ताल्लुक है मैं बिना झिझक कह सकता हूं कि ग्रभी सारे पंजाब में बेचैनी है। ग्रगर इस बात को लिया जाए तो मैं कह सकता हूं कि हमें ग्रभी पंजाब को बनाना पड़ेगा। जितनी बड़ी २ स्कीमें, बिजली ग्रौर नहरों की हैं, इन को करोड़ों रुपया खर्च करके इन्हें पूरा करना होगा इसी तरह बड़े २ दूसरे काम शुरु करके, जिन के कि हम स्वप्न देखा करते हैं, industrial plans बना कर बेरोजगारी को खत्म करना होगा बाकी इस में शक नहीं है कि हम बहुत कुछ कर रहे हैं। कई बार कहा जाता है कि Judiciary को Executive से ग्रलग कर दो। जब मैं यह सुनता हूं तो मुझे ताज्जुब होता है। यह ठीक है ऐसी स्कीमें भी होनी चाहिएं मगर कहता हूं कि पहले ग्राप पेट तो भर लें। तन ढांपने ग्रौर मकानों के सवाल को तो हल कर लें चाहे Opposition के Members हों चाहे Government Benches के, उन्हें यह महसूस करना चाहिए कि हम Democracy कायम कर रहे हैं, जिस का मतलब है लोगों का faith विश्वास कायम करना, जिस के सहारे हिन्दुस्तान ने चलना है।

(The Assembly then adjourned till 2 p.m. on Wednesday the 3rd March 1955.

2397 PVS—246—12-2-58—C., P. and S., Punjab, Chandigarh

Punjab Vidhan Sabha Debates

3rd March, 1955

Vol. I—No. 2

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Thursday, 3rd *March*, 1955

CHANDIGARH:
Printed by the Controller of Printing and Stationery, Punjab
1958

Price : Re.

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, VOL. I, NO. 2, DATED THE 3RD MARCH, 1955.

Read	*for*	*on page*	*line*
land	l nd	(2)8	6
co-terminus	co-tern inus	(2)11	5th from below
compromises	compromis	(2)20	in column 6, line 2
that	tha	(2)27	last line
consideration	consieration	(2)29	13
drafted	draftee	(2)28	22
invite	in ite	(2)29	24
Governments	Gornernments	(2)29	37
Rate	Rrate	(2)33	21
Practical	Practial	(2)34	29
official	offical	(2)36	26
dealing	healing	(2)36	38
will	wil	(2)41	9
behalf	behal	(2)41	35
Showing	show	(2)61	6th from below
Ferozepore	Ferozepre	(2)66	20
Chief	Cnief	(2)68	18
रहीं	रहों	(2)69	5th from below
साहिब	हाहिब	(2)70	1
Industrial	Indusria	(2)73	12
बरबाद	बरबा	(2)86	15
एरिया	ए यिा	(2)105	10
मुकावले	मुकाबल	(2)113	4
हिस	हिव	(2)122	21

The

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, 3rd March, 1955

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital, at 2 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

DACOITS AND MURDERERS IN THE STATE

***4553. Shri Teg Ram :** Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) the total number of notorious dacoits and murderers arrested in the State during the period from 1st January, 1954 to 31st December, 1954, together with the place and date of arrest in each case ;

(b) the names of the police officers who arrested these dacoits or murderers ;

(c) whether any dacoits or murderers were killed in the encounters with the police ; if so, their names ;

(d) whether any police officers were killed or injured during the encounters mentioned in part (c) above; if so, their names together with the dates on which killed or injured ;

(e) whether the police officials referred to in part (d) above or their families, in case they were killed, were given any awards or relief; if so, what ?

Shri Bhim Sen Sachar : A statement is given below.

Note.—The figures for part (c) are in addition to the figures for part (a).

[Chief Minister]

Dacoits and Murderers in the State

(a)			(b)	(c)	(d)	(e)
Total number of notorious dacoits and murderers arrested in the State during the period 1st January, 1954 to 31st December, 1954, district-wise	Place of arrest	Date of arrest	Name of the Police Officers who arrested those dacoits and murderers	Whether any dacoits or murderers were killed in the encounters with the Police ; if so, their names	Whether any Police officials were killed or injured during the encounters mentioned in part (c); if so, their names together with dates on which killed or injured	Whether the Police officials referred to in part (d) or their families, in case they were killed, were given any awards or relief; if so, what ?
1. Hissar .. 5	1. Nezadala Kalan	6th February, 1954	S.-I. Pritam Singh	Yes, one. Sohan Lal, son of Ram Chander of Sarmarpur	No ..	Does not arise.
	2. Mehmadke	14th February, 1954	Sh. Bir Singh, Inspector, C.I.A.			
	3. Thaska ..	24th May, 1954	Ditto ..			
	4. Bhiwani ..	6th February, 1954	S.-I. Lal Chand			
	5. Hasanga ..	26th May, 1954	Sh. Bir Singh, Inspector, C.I.A.			
2. Rohtak.. 14	1. Rohtak ..	15th March, 1954	Shri Jaswant Singh, D.S.P.	Yes, six.	No ..	Does not arise.
		19th April, 1954		Ram Singh alias Kala		
		20th April, 1954		Chandar alias Gappar		
		24th April, 1954		Dipa of Pepsu		
		25th May, 1954		Dhare		
		27th May, 1954		Anand		
		7th June, 1954		Kehri		

	2. Chhalanga ..	7th June, 1954 7th June, 1954	Sh. Manohar Lal, Inspector, C.I.A.			
	3. Salimsar Majra	19th January, 1954 16th December, 1954	S.-I. Sat Dev Singh Offg. S.-I. Ved Parkash			
	4. Nuna Majra ..	20th April, 1954	Offg. S.-I. Gurtej Singh			
	5. Bahadurgarh ..	20th April 1954	Offg. S.-I. Chanda Singh			
	6. Gohana ..	16th April, 1954 Total –14	Offg. S.-I. Hardyal Singh Offg. A.S.-I. Joginder Singh			
3. Gurgaon .. Nil	Does not arise ..	Does not arise	Does not arise ..	Does not arise ..	Does not arise ..	Does not arise
4. Karnal .. Nil	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Yes, one. Chanan Singh	Ditto ..	Ditto
5. Ambala .. Nil	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Yes, one. Godar Singh alias Amli alias Pritam alias Kartar alias Pandit	Ditto ..	Ditto
6. Simla .. Nil	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Does not arise ..	Ditto ..	Ditto
7. Kangra .. Nil	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto
8. Hoshiarpur Nil	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto
9. Jullundur .. Nil	Ditto	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto ..	Ditto
10. Ludhiana .. 8	1. Shahoor ..	16th February, 1954	Sh. Balwant Singh, District Inspector	Yes, one. .. Kartar Singh, son of Sadhu Singh of Rajgarh, P.S. Raikot	Ditto ..	Ditto

[Chief Minister]

(a)			(b)	(c)	(d)	(e)
Total number of notorious dacoits and murderers arrested in the State during the period 1st January 1954 to 31st December, 1954, district-wise	Place of arrest	Date of arrest	Name of the police officers who arrested those dacoits and murderers	Whether any dacoits or murderers were killed in the encounters, with the Police; if so, their names	Whether any Police officials were killed or injured during the encounters mentioned in part (c); if so, their names togther with dates on which killed or injured	Whether the Police officials referred to in part (d) or their families in case they were killed, were given any awards or relief If so, what?
	2. Shahoor ..	16th February, 1954	Sh. Balwant Singh, District Inspector			
	3. Do ..	Ditto ..	Ditto			
	4. Ludhiana ..	18th February, 1954	Ditto			
	5. Ferozepore ..	16th March, 1954	S.-I. Gurdial Singh			
	6. Sadar Ludhiana	27th May, 1954	H.C. Harjit Singh			
	7. Mazer Khera (U.P.)	12th October, 1954	H.C. Bhagwan Singh			
	8. Chauki Man ..	15th June, 1954	S.-I. Karnail Singh			
11. Ferozepore..18	1. Saoke ..	27th June, 1954	S.-I. Harbans Singh	Yes, eight. ..	Yes. H.C. Sewa Singh, of Pepsu received a simple injury on his hand on 15th July, 1954	Yes, was awar ded Rs 50
	2. Abohar ..	26th April, 1954	Sh. Ajaib Singh, I.P.S., S.S.P. Ferozepore	1. Allah Ditta of Pakistan 2. Bikar Singh		
	3. Guruharsahai	21st October, 1954	Sh. Shiv Dutt Pal District Inspector	3. Nawab alias Mukhtiar Singh alias Nihang		
	4. Court premises, Ferozepore	10th September, 1954	S.-I. Kasturi Lal	4. Mukand Singh		
	5. Langhiana ..	11th October, 1954	S.-.I. Harbans Singh	5. Amaru alias Gurdial alias Ghudhu		
	6. Sande Hasham	21st February, 1954	S.-I. Pritam Singh	6. Nikka		

	7. Agra (U.P.) ..	28th April, 1954	Sh. Des Raj, D.S.P.	7. Sajjan Singh alias Mast		
	8. Ditto ..	Ditto ..	Ditto	8. Pritam Singh		
	9. Ditto ..	Ditto ..	Ditto			
	10. Ditto ..	Ditto ..	Ditto			
	11. Tungwali ..	10th September, 1954	S.-I. Charan Singh			
	12. Khosa Randhir	10th August, 1954	S.-I. Ikhtiar Singh			
	13. Kot Bhai ..	20th October, 1954	S.-I. Balbir Singh			
	14. Khosa Randhir	18th January, 1954	S.-I. Ikhtiar Singh			
	15. Giddarbaha ..	18th February.. 1954	A.S.-I. Ajmer Singh			
	16. Ditto	Ditto	Ditto			
	17. Ditto ..	Ditto	Ditto			
	18. Ditto ..	Ditto ..	Ditto			
12. Amritsar..Nil	Does not arise ..	Does not arise	Does not arise ..	Yes, three 1. Bakhshish Singh alias Sisu 2. Gurmukh Singh alias Goma 3. Kundan Singh alias Mohna	No ..	Does not arise
13. Gurdaspur..5	1. Dokoha ..	26th June, 1954	A.S.-I. Karam Singh	No ..	No ..	Does not arise
	2. Ghuman ..	28th June, 1954	H.C. Man Singh			
	3. Gurdaspur ..	26th June, 1954	S.-I. Kidar Nath			
	4. Kapurthala (Pepsu)	29th June, 1954	S.-I. Niranjan Parshad of Kapurthala Police			
	5. Gurdaspur ..	5th July, 1954	A.S. I. Gurbukhsh Singh			
	Total .. 50					

श्री तेग राम : यह जो जवाब दिया गया है, इस की कई बातें मेरी समझ में नहीं आईं। किस २ तारीख को कौन कौन से डाकू पकड़े गये या मुकाबले में आए। कई जिलों के नीचे लिखा गया है कि कोई नहीं पकड़ा गया, फिर बताया गया है कि यह २ डाकू मारे गये हैं। यह कैसे हो सकता है ? एक तरफ कहा गया है कि करनाल और गुड़गांव के जिलों में कोई नहीं पकड़ा गया, दूसरी तरफ बताया गया है कि फलां २ मारे गये हैं। जब वे मुकाबले में पकड़े नहीं गये तो मारे कैसे गये ?

मुख्य मंत्री : जो इत्तलाह आपने मांगी थी, दे दी गई है।

Mr. Speaker: The reply has been supplied to you.

श्री तेग राम : पुलिस के जिन अफसरों ने डाकुओं को पकड़ा या मुकाबला करते हुए मार दिया, क्या उन्हें कोई इनाम या certificates दिये गये हैं ?

मुख्य मंत्री : अगर माननीय मेंबर सवाल में ही पूछ लेते तो आसानी से इस का जवाब दिया जा सकता। जब कोई official डाकुओं का मुकाबला करते हुए outstanding काम करता है, तो उस की recognition होती है, medals दिये जाते हैं और सराहना की जाती है।

CONSOLIDATION WORK IN VILLAGES OF TEHSIL JAGRAON, DISTRICT LUDHIANA

***4037. Sardar Darshan Singh** : Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) the number of villages in tehsil Jagraon, district Ludhiana, in which consolidation work has been completed during the year 1954 ;

(b) the number of such villages where land has been reserved for use of Harijans and other landless persons for houses, etc.;

(c) the total area of land referred to in part (b) above so reserved ;

(d) the number of villages where no such land has been reserved together with the reasons therefor ?

Sardar Partap Singh Kairon : (a) 40.

(b) 38.

(c) 297 kanals and 14 marlas.

(d) 2, being *Becharagh Mauzat.*

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ: ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ reserve ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਕੀਮਤਨ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਾਂ ਮੁਫ਼ਤ ?

ਮੰਤਰੀ: ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਮੁਰੱਬਾ-ਬੰਦੀ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਮੁਫ਼ਤ ਮਿਲਦੀ ਹੈ।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ 7 ਕਨਾਲ 16 ਮਰਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਫ਼ੀ ਹੋਵੇਗੀ ?

ਮੰਤਰੀ: ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਘਰ ਕਿੰਨੇ ਕੁ ਹਨ । ਸਾਡੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਏਨੀ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਫ਼ੀ ਹੈ ।

GOVERNMENT INSTRUCTIONS FOR RESERVATION OF LANDS FOR HARIJANS

*4038. **Sardar Darshan Singh :** Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) whether Government has issued any instructions regarding reservation of land for houses of Harijans and for other common purposes at the time of consolidation of land ;

(b) whether the instructions referred to in part (a) above are being implemented; if not, the reasons therefor and the steps Government intend taking for the implementation of those instructions ?

Sardar Partap Singh Kairon : (a) Yes.

(b) Yes. Question does not arise.

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਪਾਸ ਕੋਈ ਅਜਿਹੀ ਸ਼ਕਾਇਤ ਆਈ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਿਦਾਇਤਾਂ ਤੇ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ ?

ਮੰਤਰੀ: ਜੇ ਕੋਈ ਸ਼ਕਾਇਤ ਆਈ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਉਹਦਾ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਂਦਾ । ਸੋ ਹਦਾਇਤਾਂ ਤੇ ਠੀਕ ਅਮਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਕੋਈ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਹੀਂ ਆਈ ।

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਸ ਨੂੰ ਕਾਨੂੰਨੀ ਸ਼ਕਲ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਨ?

Mr. Speaker : This question does not arise.

श्री देव राज सेठी: क्या उन गांवों में हरिजनों के लिए ज़मीन छोड़ने के लिए कोई हिदायात जारी की गई हैं जहां शुरू २ में मुरब्बाबंदी हुई थी ?

ਮੰਤਰੀ: ਜਦ ਤਕ ਫੇਰ ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਨਾ ਕਰਾਈ ਜਾਵੇ, ਹਦਾਇਤਾਂ ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਫ਼ਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ, ਤੇ ਇਹ ਫਿਰ ਕਰਵਾਈ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦੀ । ਹਾਂ, ਇਹ ਹਦਾਇਤ ਜਾਰੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ common land ਹੈ ਤਾਂ ਇਹਦੇ ਵਿਚੋਂ ਮੁਨਾਸਬ ਥਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨ reserve ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ।

TRACTOR CULTIVATION IN THE STATE

***3884. Shri Wadhawa Ram :** Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) the total number of tractors in the State during the years 1950, 1952, 1953 and 1954, respectively ;

(b) the total area of l nd under tractor cultivation district-wise in the State at present ;

(c) the total number of tenants or agricultural labourers displaced from land due to tractor cultivation ?

Sardar Partap Singh Kairon :

(a)

Year	*Number of tractors*
1950	.. 326
1952	.. 1,004
1953	.. 1,139
1954	.. 1,275

(b) A statement is given below.

(c) 7,475

Statement showing the total area of land under tractor cultivation in the State

Districts	*Area of land under tractor cultivation in acres*
Hissar	.. 11,500
Rohtak	.. 4,206
Gurgaon	.. 6,982
Karnal	.. 26,181
Ambala	.. 14,307
Simla	.. ..
Kangra	.. 656
Hoshiarpur	.. 9,195
Jullundur	.. 15,985
Ludhiana	.. 8,372
Ferozepur	.. 93,754
Amritsar	.. 15,231
Gurdaspur	.. 5,716
Agriculture Department	.. 4,589

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਜਿਹੜੇ 475 ਆਦਮੀ ਬੇਕਾਰ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਕੰਮ ਦੀ ਭਾਲ ਵੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ?

ਮੰਤਰੀ : ਇਸ ਬਾਰੇ ਯਤਨ ਜ਼ਰੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹੀ ਕਾਰਨ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਸਭ State ਦੀ economy ਵਿਚ absorb ਹੋ ਗਏ ਹਨ।

RESERVATION OF LAND FOR HARIJANS IN VILLAGE DHURKOT CHARAT SINGH WALA, DISTRICT FEROZEPORE

*3925. **Sardar Bachan Singh :** Will the Minister for Development be pleased to state whether at the time of Consolidation in village Dhurkot Charat Singh Wala, Police Station Mohana, Tehsil Moga, District Ferozepur, any land was reserved for houses and other common purposes for Harijans and other landless people ; if not, the reasons therefor ?

Sardar Partap Singh Kairon : The consolidation work in village Dhurkot Charat Singh Wala, Tahsil Moga, was started before 1st April, 1951, and its scheme was sanctioned on 23rd May, 1952, while the instructions for the reservation of land for extension of abadi for non-proprietors including Harijans were issued by Government on 12th/14th June, 1952. No area for houses and other common purposes for Harijans and other landless people could, therefore, be reserved.

RESERVATION OF LAND FOR HARIJANS IN VILLAGE DAUDHAR, DISTRICT FEROZEPORE

*3926. **Sardar Bachan Singh :** Will the Minister for Development be pleased to state whether any area of land was reserved for houses and other common purposes for Harijans and other landless people at the time of Consolidation of Holdings in Village Daudhar, Tehsil Moga, District Ferozepur ; if not, the reasons therefor ?

Sardar Partap Singh Kairon : No. The work has not yet reached the stage of consolidation scheme when such reservations are made.

RESERVATION OF LAND FOR HARIJANS IN VILLAGE BABAK, DISTRICT HOSHIARPUR

*3927. **Sardar Bachan Singh :** Will the Minister for Development be pleased to state whether any area of land was reserved for houses and other common purposes for Harijans and other landless people at the time of Consolidation in Village Babak, Tahsil Dasuya, District Hoshiarpur ; if not, the reasons therefor ?

Sardar Partap Singh Kairon : No land was reserved for the houses and common purposes of Harijans and other landless people of Village Babak, Tehsil Dasuya, District Hoshiarpur, during consolidation operations as no instructions to this effect existed at the time of consolidation of this village.

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਜਿਥੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਛਡੀ ਗਈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਿਕਾਸੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇਣ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਤਿਆਰ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ: ਸ੍ਰੀਮਾਨ ਜੀ, ਉਹ ਤਾਂ Government of India ਦੀ property ਹੈ ।

RECLAMATION OF COMMON LANDS

***4654. Shri Benarsi Dass Gupta :** Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) whether the common lands in certain villages have been transferred to the Panchayats ; if so, the proportion thereof in each village which has been left out for purposes of grazing ;

(b) whether any of the land referred to in part (a) above has been reclaimed ; if so, the provision, if any, made for grazing purposes ?

Sardar Partap Singh Kairon : The information is being collected and will be supplied to the Member as soon as possible.

COMMUNITY PROJECTS AND NATIONAL EXTENSION SERVICE BLOCKS

***4554. Shri Teg Ram :** Will the Minister for Development be pleased to state—

(a) the total number of Cummunity Projects and National Extension Service Blocks started in the State together with the names of places, district-wise, where they have been started and the date when started in each case ;

(b) the total number of Community Projects and National Extension Service Blocks being started in the State during the current year and the names of the places where they are proposed to be started ;

(c) the factors taken into consideration by the Government in deciding the location of these blocks ?

Sardar Partap Singh Kairon : (a) *Community Projects*—

(1) Batala, District Gurdaspur, started on 2nd October, 1952.

(2) Jagadhri, District Ambala, started on 2nd October, 1952.

(3) Nawanshahr, District Jullundur, started on 2nd October, 1952.

(4) Sonepat, District Rohtak, started on 2nd October 1952.

(5) Faridabad, District Gurgaon, started on 16th December, 1952.

(6) Nilokheri, District Karnal, started on 2nd October, 1952.

(7) Tarn Taran, District Amritsar, started on 2nd October, 1953.

(8) Naraingarh, District Ambala, started on 2nd October, 1953.

(9) Thanesar, District Karnal, started on 2nd October, 1953.

(10) Kulu, District Kangra, started on 2nd October, 1953.

National Extension Service Blocks—

(1) Moga, District Ferozepore, started on 2nd October, 1953.

(2) Samrala, District Ludhiana, started on 2nd October, 1953.

(3) Hansi, District Hissar, started on 2nd October, 1953.

(4) Guhla, District Karnal, started on 2nd October, 1953.

(5) Una, District Hoshiarpur, started on 2nd October, 1953.

(6) Nurpur, District Kangra, started on 2nd October, 1953.

(7) Gurgaon, District Gurgaon, started on 2nd October, 1953.

(8) Kharar, District Ambala, started on 2nd October, 1954.

(9) Panipat, District Karnal, started on 2nd October, 1954.

(10) Rohtak, District Rohtak, started on 2nd October, 1954.

(11) Ludhiana, District Ludhiana, started on 2nd October, 1954.

(12) Garhshankar, District Hoshiarpur, started on 2nd October, 1954.

(13) Hamirpur, District Kangra, started on 2nd October, 1954.

(14) Palampur, District Kangra, started on 2nd October, 1954.

(15) Outer Seraj, District Kangra, started on 2nd October, 1954.

(b) Five new National Extension Service Blocks will be started in the current year. The places where these will be located have not yet been decided finally.

(c) (i) Priority is given to the areas which have been brought under consolidation or where consolidation operations are likely to be completed in the near future.

(ii) Backward areas with special problems are given preference over other areas not covered by (i) above.

(iii) The areas to be brought under the scheme should be co-terminus with the existing administrative units and as far as possible should not cut across the boundaries of two tehsils.

श्री तेग राम : क्या Development Minister साहिब कृपा करके बतायेंगे कि कौन २ से इलाके backward declare किये गये हैं और किन वजूहात पर ?

ਮੰਤਰੀ : ਇਹ ਤੇ ਕਾਮਨਸੈਂਸ ਦੀ ਗਲ ਹੈ। ਰਿਵਾੜੀ, ਊਨਾ ਅਤੇ ਕਾਂਗੜੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਜ਼ਿਲਾ backward ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਝੱਜਰ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਅਤੇ ਗੁੜਗਾਂਵਾਂ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਵੀ backward ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ।

श्री बाबू दयाल : गुड़गांव का कौन सा इलाका backward करार दिया गया है ?

ਮੰਤਰੀ : ਸਾਰਾ ਜ਼ਿਲਾ ਹੀ backward ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ।

श्री तेग राम : किन वजूहात पर किसी खास इलाका को backward समझा जाता है ?

ਮੰਤਰੀ : ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਅਤੇ ਤੁਸੀਂ ਚਲੇ ਜਾਈਏ ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਥਾਂ ਦੇ ਲੋਗ ਗੰਦੇ ਕਪੜਿਆਂ ਵਾਲੇ ਹੋਣ ਅਤੇ ਸੁਕੇ ਸਰੀਰ ਵਾਲੇ ਹੋਣ ਤਾਂ ਉਹ ਇਲਾਕਾ backward ਹੋਵੇਗਾ।

ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਿਬ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਠਾਨਕੋਟ ਦੀ ਹਾਲਤ ਕਾਂਗੜੇ ਨਾਲੋਂ ਕਿੰਨੀ ਅੱਛੀ ਹੈ ? ਪਠਾਨਕੋਟ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ignore ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ : ਅਸਾਂ ਕੋਈ ਅਦਾਲਤੀ ਫੈਸਲਾ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਕਈ ਜਗ੍ਹਾਂ ਰਹਿ ਵੀ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ।

श्रीमती सीता देवी : मंत्री महोदय ने फरमाया है कि जिस जगह के लोग गंदे कपड़ों वाले और सूखे शरीरों वाले हों तो वह इलाका backward होगा। क्या मैं पूछ सकती हूं कि अगर किसी जगह के लोगों के गंदे कपड़े हों लेकिन चेहरे अच्छे हों तो उस इलाका को backward समझा जाएगा या नहीं ?

ਮੰਤਰੀ : ਮੇਰੀ ਭੈਣ ਬੜੀ ਸਿਆਣੀ ਹੈ।

WATER-LOGGING IN RADAUR AND KHADIR AREAS OF DISTRICT KARNAL

***4655. Shri Benarsi Dass Gupta** : Will the Minister for Development be pleased to state whether the Government is aware of the fact that in Radaur and Khadir Areas of District Karnal large areas of land are getting uncultivable due to water-logging every year ; if so, the steps taken or proposed to be taken in the matter and the details thereof ?

Sardar Partap Singh Kairon :

(v) Nature of security offered.
(vi) Solvency of personal sureties in case of loans applied under the liberalised conditions of the Punjab State Aid to Industries Act, 1935.

(c)

		1952-53	1953-54	1954-55
		Rs 1952-53	Rs 1953-54	Rs 1954-55
Amount sanctioned by Government	(i) Under Punjab State Aid to Industries Act, 1935	3,11,600	2,23,675	3,14,850
	(ii) Under Community Project Scheme	11,000	57,450	1,07,850
Amount sanctioned by the Punjab Financial Corporation	..	..	28,52,000	10,91,000

(d) A note containing the required information is given below.

NOTE

The management of Punjab Financial Corporation is entrusted to a Board of 10 Directors, consisting of (i) three Directors nominated by the State Government, (ii) one Director nominated by the Reserve Bank of India, (iii) one Director nominated by the Industrial Finance Corporation of India, (iv) four elected Directors, one of whom is elected to represent Scheduled Banks, another to represent Co-operative Banks, third to represent the remaining financial institutions and the fourth to represent sundry shareholders and

(v) one Managing Director to be appointed by the State Government, in consultation with the Board. The names of the present Directors are as under :—

(1) Shri N. N. Kashyap, I.C.S., (*Chairman*), Secretary to Government, Punjab, Finance Department, Chandigarh	*Nominated by State Government.*
(2) Shri H. D. Shourie, I.A.S., Director of Industries, Punjab, Chandigarh	
(3) Shri Yodh Raj, 12, Hailey Road, New Delhi	
(4) Shri Satya Paul Virmani, c/o Jawala Flour Mills, Amritsar	*Nominated by Reserve Bank of India.*
(5) Shri S. T. Karnik, c/o Industrial Finance Corporation of India, U.S. Hospital Building, Keeling Road, New Delhi	*Nominated by Industria Finance Corporation of India.*
(6) Shri B. N. Puri, General-Manager, The Punjab National Bank Ltd., "Shree Niwas", 8, Underhill Road, Delhi	*Elected to represent Scheduled Banks.*
(7) Sardar Beant Singh, Retired Deputy Registrar, Co-operative Societies, "Roses", Tibri Road, Gurdaspur.	*Elected to represent Co-operative Banks.*
(8) Shri Kanwal Raj Puri, Managing Director, Sunlight of India Insurance Co., Ltd., Connaught Circus, New Delhi	*Elected to represent the remaining financial institutions.*
(9) Shri Jodha Mal Kuthiala, "Yodha Niwas", Simla	*Elected to represent the sundry shareholders.*
(10) Managing Director ..	(Post vacant)

First Managing Director, Shri N. D. Nangia, relinquished charge on the 30th September, 1954.

2. The Managing Director, who is a whole-time salaried officer of the Corporation, holds office for a period of four years and is eligible for re-appointment. A nominated director holds office during the pleasure of the authority nominating him and an elected director holds office for four years but two out of the four elected directors retire at the end of two years after the first election and the other two at the end of four years, the directors so to retire being determined by lot. The Board is assisted by an Executive Committee consisting of the Managing Director as the Chairman, two Directors elected by the Nominated Directors and one Director elected by the elected Directors.

3. Each Director (other than the Managing Director and a salaried officer of the State Government) receives a fee of Rs 75 for attending a meeting of the Board and a fee attending a meeting of the Executive Committee In addition each Director attending a meeting of the Board or of the Executive Committee is reimbursed his travelling and halting expenses on such scale as fixed by the Board from time to time.

मौलवी अब्दुल गनी डार : वज़ीर साहिब ने बताया है कि जिन आदमियों ने loan की दरखास्तें दीं उन का नाम बताना public interest में नहीं। जब public fund हो, देने वाली अपनी सरकार और लेने वाले पंजाबी तो इन का नाम बताने में क्या हर्ज है ?

ਅਰਥ ਮੰਤਰੀ : ਜੋ ਆਦਮੀ ਕਰਜ਼ਾ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਪਤ, credit ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਕਿ ਉਸ ਦਾ ਨਾਮ ਮੁਸ਼ਤਹਿਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਕੋਈ Bank ਭੀ ਇਸਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : कर्ज़ा दिये जाने पर नाम बताना तो कोई बुरी बात नहीं। इस से तो लोगों में उत्साह होगा और industry की तरक्की होगी। इस लिये गवर्नमेण्ट को इन के नाम बताने चाहियें।

Mr. Speaker : This has already been replied to.

मौलवी अब्दुल गनी डार : नहीं स्पीकर साहिब, मुझे शक है कि यह कर्ज़े उन्हीं को मिलते हैं जिन से इन को फायदा होता है ।

मुख्य मंत्री : मेरे फाज़िल दोस्त तो खुद एक businessman हैं और कारखाने चलाते रहे हैं । आप जानते ही होंगे कि businessman की एक हवा होती है । उसे हमेशा यही ख्याल रहता है कि यह हवा बनी रहे और उस का credit कायम रहे । इस लिये यह नाम नहीं बताये जा सकते ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : वज़ीर साहिब ने कहा कि एक हवा होती है कर्ज़ा लेने वाले की । भारत सरकार ने जो कर्ज़े लिये हैं या जो हमारी सरकार ने लिये हैं क्या उन से इस की हवा को कोई नुक्सान पहुंच रहा है ?

श्री धर्म वीर वासिष्ठ : चीफ मिनिस्टर साहिब ने बताया है कि businessman की हवा होती है जिसे कायम रखना होता है । तो क्या politicians की हवा को भी महफूज़ रखते हैं ? (हंसी) ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : वज़ीर साहिब ने चौथे हिस्से के जवाब में कहा है कि जो Finance Corporation है, उस में गवर्नमेंट ने 3 आदमी नामज़द किये हैं । क्या मैं पूछ सकता हूं कि नामज़दगी के लिये क्या qualifications होनी चाहियें ?

ਅਰਥ ਮੰਤਰੀ : ਇਕ Finance Secretary, ਦੂਸਰਾ Director of Industries ਇਹ ਦੋ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜੋ ਰੁਪਿਆ ਲਗਾਇਆ ਹੈ, ਉਸ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰਖਣ ਲਈ ਹਨ ਤੇ ਤੀਸਰਾ ਲਾਲਾ ਯੋਧ ਰਾਜ, ਜੋ ਪੰਜਾਬ ਨੈਸ਼ਨਲ ਬੈਂਕ ਦਾ ਪਹਿਲਾ ਮੈਨੇਜਰ ਹੈ ਤੇ ਅਜਿਹੇ ਕੰਮਾਂ ਦਾ ਬੜਾ ਵਾਕਫ ਹੈ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡਾ Banker ਹੈ । ਉਹ ਇਸ ਕੰਮ ਵਿਚ ਬੜੀ ਮਦਦ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ ।

पंडित श्री राम शर्मा : पहले जब ऐसी information मांगी जाती थी तो मिल जाया करती थी । मगर अब जो कर्ज़े दिए गए हैं क्या उन के मुतअल्लिक किसी खास हवा बांधने की ज़रूरत है ?

ਮੰਤਰੀ : ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੈਨੂੰ ਯਾਦ ਹੈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਹਿਲੋਂ ਭੀ ਕਦੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਕਰਜ਼ ਲੈਣ ਵਾਲਿਆਂ ਦੇ ਨਾਮ ਦਸਣਾ ਮੁਨਾਸਿਬ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦਾ ਅਤੇ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ।

पंडित श्री राम शर्मा : क्या यह fact नहीं कि united Punjab में कर्ज़ लेने वालों के नाम बता दिये जाते थे ?

ਮੰਤਰੀ : ਮੈਨੂੰ ਯਾਦ ਨਹੀਂ । ਤੇ ਜੇਕਰ ਇਸਤਰ੍ਹਾਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਤਾਂ ਗਲਤੀ ਸੀ ਕਿ ਜਿਸ businessman ਨੂੰ ਕਰਜ਼ਾ ਦਿਤਾ ਜਾਏ ਉਸ ਦਾ ਨਾਮ ਮੁਸ਼ਤਹਿਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ।

पंडित श्री राम शर्मा : अगर ऐसी बात है फिर चाहे अपने घर वालों को ही कर्ज़ दे दें ।

ਮੰਤਰੀ : ਕਰਜ਼ਾ ਦੇਣ ਦਾ ਕੰਮ ਇਕ ਬੋਰਡ ਦੇ ਸਪੁਰਦ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ 8 ਜਾਂ 10 ਆਦਮੀ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੁੰਦਿਆਂ ਘਰ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਕਿਵੇਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ?

(ਇਕ ਆਵਾਜ਼ : ਜੇ ਉਹ ਭੀ ਬੇਈਮਾਨੀ ਕਰਨ ?)

ਇਹ ਗਲ ਵਖਰੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਸਾਰੇ ਹੀ ਬੇਈਮਾਨ ਹੋ ਜਾਣ ਤਾਂ ਫਿਰ ਕੋਈ ਚਾਰਾ ਨਹੀਂ ।

ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਿਬ ਸਿੰਘ : ਬੋਰਡ ਦੇ ਜੋ ਮੈਂਬਰ ਹਨ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਬੇਈਮਾਨ ਸਮਝ ਰਹੇ ਹਾਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਾਂ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਸੁਣਾ ਦਿਉ ?

ਮੰਤਰੀ : ਸਰਕਾਰੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਦਸ ਚੁਕਾ ਹਾਂ ਦੂਸਰਿਆਂ ਦੇ ਇਹ ਨਾਮ ਹਨ :

(1) ਸ਼੍ਰੀ ਸਤਪਾਲ ਵਿਰਮਾਨੀ ;

(2) ਸ਼੍ਰੀ ਐਸ. ਟੀ. ਕਾਰਨਿਕ ;

(3) ਸ਼੍ਰੀ ਬੀ. ਐਨ. ਪੁਰੀ ;

(4) ਸਰਦਾਰ ਬੇਅੰਤ ਸਿੰਘ ;

(5) ਸ਼੍ਰੀ ਕੰਵਲ ਰਾਜ ਪੁਰੀ ;

(6) ਸ਼੍ਰੀ ਜੋਧਾ ਮਲ ਕੁਠਿਆਲਾ ;

ਸਰਦਾਰ ਸ਼ਿਬ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ Co-operative Bank ਦੇ members, 6 ਫਰਵਰੀ ਨੂੰ, 11,000 ਰੁਪਏ ਚੀਨੀ. . . .

Mr. Speaker : This question does not arise.

श्री राम किशन : क्या उन rules बारे कोई representation आई है जिनके मुताबिक Industrial Finance Corporation कर्जे देती है ?

ਮੰਤਰੀ : ਹਾਂ, ਆਈ ਹੈ ।

श्री राम किशन : उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

ਮੰਤਰੀ : ਇਹ representation Board of Directors ਨੂੰ ਇਸ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਨਾਲ ਭੇਜੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਕਾਇਦੇ ਕੁਝ ਨਰਮ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ ਤੇ ਸੂਦ ਘਟ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਸ concern ਦੇ Managing Director ਦੀ ਕੀ ਤਨਖਾਹ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ; Managing Director ਦੀ ਪਹਿਲਾਂ ਤਨਖਾਹ 2000 ਤੋਂ 2500 ਰੁਪਏ ਤਕ ਸੀ । ਪਰ ਹੁਣ ਇਸ ਦੀ ਤਨਖਾਹ 1500 ਰੁਪਏ ਮਹੀਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਇਹ ਵਿਅਕਤੀ ਪੈਨਸ਼ਨ ਲੈ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਪੈਨਸ਼ਨ ਨਾਲ ਇਸ ਦੀ ਤਨਖਾਹ ਦੀ ਕਮੀ ਪੂਰੀ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ ।

(ਇਕ ਆਵਾਜ਼ : ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਹੋ ਜਾਏਗਾ ਸੂ)

Mr. Speaker : No such remarks please.

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਆਇਆ ਬੋਰਡ ਦੀਆਂ ਮੀਟੰਗਾਂ ਲਈ 75 ਰੁਪਏ ਅਤੇ ਕਮੇਟੀ ਦੀਆਂ ਮੀਟੰਗਾਂ ਲਈ 50 ਰੁਪਏ ਅਲਾਉਂਸ ਰਖੇ ਹੋਏ ਹਨ ? ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਹਾਂ ਦੀਆਂ ਵਖ ਵਖ ਕਿਨੀਆਂ ਮੀਟੰਗਾਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ?

ਮੰਤਰੀ: ਮੈਨੂੰ ਸਹੀ ਤਾਂ ਯਾਦ ਨਹੀਂ । ਜਿਤਨਾ ਕੰਮ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਮੀਟਂਗਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਪਰ ਆਪ ਨੇ ਆਪਣੇ ਸਵਾਲ ਵਿਚ ਇਹ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਸੀ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਕਿੰਨੀਆਂ ਮੀਟੰਗਾਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ।

Mr, Speaker : This question need not be answered.

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ; ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਮੇਟੀ ਤੇ ਬੋਰਡ ਦੇ ਮੇਂਬਰਾਂ ਨੂੰ Conveyance Allowance ਤੇ T. A. ਕੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ: ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ T. A. ਉਸ ਰੇਟ ਤੇ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜੋ ਫਸਟ ਕਲਾਸ ਗਜ਼ਟਿਡ ਅਫਸਰਾਂ ਲਈ admissible ਹੈ ।

HOSPITALS AND DISPENSARIES

***4051. Sardar Chanan Singh Dhut** : Will the Minister for Education be pleased to state —

(a) the total number of Hospitals and dispensaries at present in the State run by the Government or local bodies along with the number of such hospitals and dispensaries in urban and rural areas separately ;

(b) the total number of doctors employed in hospitals and dispensaries referred to in para (a) above ;

(c) whether it is a fact that there are dispensaries without qualified Doctors ; if so, their number together with the reasons therefor in each case ?

Shri Jagat Narain :

(a) (i) Number of Hospitals and Dispensaries run by Government in Urban Areas	..	112
Number of other hospitals and dispensaries functioning in Urban Areas	..	127
(ii) Number of Hospitals and Dispensaries run by Government in Rural Areas	..	150
Number of other Hospitals and dispensaries functioning in Rural Areas	..	240
Total	..	629

(b) 641

(c) Yes, 47 due to non-availability of qualified doctors.

MEDICAL AID AND PUBLIC HEALTH CO-OPERATIVE SOCIETIES

*4056. **Sardar Harkishan Singh Surjit :** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) the total number of Medical Aid and Public Health Co-operative Societies at present in the State ;

(b) the total amount of funds raised by the said societies ;

(c) the amount of aid given by the Government for the opening of subsidized dispensaries in the State and the number of such dispensaries opened so far ?

Shri Jagat Narain : (a) 64.

(b) Rs 38,400.

(c) (i) Rs 1,55,830 — This is the revised estimate as against the budget estimate of Rs 1,86,180.

(ii) 66.

MANAGING COMMITTEE OF SIKH NATIONAL HIGH SCHOOL, VILLAGE DOLIKE DOOREH, DISTRICT JULLUNDUR

*4057. **Sardar Harkishan Singh Surjit :** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) whether the Education Department has approved the Managing Committee of the Sikh National High School, Village Dolike Dooreh, District Jullundur; if not, the reasons therefor ;

(b) whether any instructions have been issued to the Head Master of the said School regarding the personnel of the Managing Committee; if so, the details thereof?

Shri Jagat Narain : (a) No. The matter is under consideration.

(b) The Inspector of Schools issued certain instructions. He has been directed to withdraw them.

CERTIFICATES OF THE PUNJAB ARTS COLLEGE, JULLUNDUR.

*4058. **Sardar Harkishan Singh Surjit :** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) whether it is a fact that orders were passed by the Government for recognising the certificates issued by the Punjab Arts College, Jullundur ;

(b) whether the orders referred to in part (a) above have been cancelled; if so, the reasons therefor ?

Shri Jagat Narain : (a) No.

(b) Does not arise.

NATIONALISATION OF TEXT BOOKS

***3719. Maulvi Abdul Ghani Dar :** Will the Minister for Education be pleased to state—

(a) the total number of text books nationalised during the year 1952-53, 1953-54, and 1954-55 (upto 1st September) together with the names of the presses entrusted with the work of their printing ;

(b) (i) the names of the presses entrusted with the printing of such books on tender basis and on scheduled rates, respectively, together with the total number of pages, lines, pictures, size of the pages and the printing charges paid by the Government during the period mentioned in part (a) above ;

(ii) the total number of mistakes in each of these books?

Chaudhri Sundar Singh : A statement is given below.

STATEMENT

(a)—

1952-53	.. 40
1953-54	.. 53
1954-55	.. 15 (upto 1st September, 1954)

Names of presses entrusted with the work of their printing are enumerated against (b) below:—

(b) *On Tender Basis*	*On Scheduled Rates*
1. Arya Press, Amritsar.	1. Guru Nanak Press, Ludhiana.
2. Chopra Press, Jullundur.	2. Chopra Press, Jullundur.
3. Jai Hind Press, Jullundur.	3. Qaumi Press, Jullundur.
4. Onkar Mahadevi Press, Jullundur.	4. Vir Milap Press, Jullundur.
5. J. Ray & Sons, Ltd., Simla.	5. Janta Press, Jullundur.
6. V.V. Research Institute, Hoshiarpur.	6. Hind Samachar, Jullundur.
7. Qaumi Press, Jullundur	7. Vishal Press, Amritsar.
8. Indian National Press, Jullundur.	8. Forward Block, Simla.
9. Berry Printing Press, Ambala	9. Hind Press, Ambala Cantt.
10. Guru Nanak Press, Ludhiana.	10. Hind Electric Press, Ludhiana.
11. Bharat Press, Jullundur.	11. Punjab National Press, Jullundur.
12. Hindustan Press, Karnal.	12. Indian National Press, Jullundur.
13. Union Electric Press, Delhi.	13. Bharat Press, Jullundur.
14. Janta Press Jullundur.	14. Rai's Art Electric Press, Ludhiana.
15. Coronation Press, Delhi.	15. V.V. Research Institute, Hoshiarpur.
	16. Coronation Press, Delhi.
	17. Jai Hind Press, Jullundur.
	18. Maman Chand-Hukam Chand, Rohtak.

Total No. of pages	Total No. of lines	Total No. of pictures	Size of pages
18,253	4,47,246	7,891	$\frac{20'' \times 30''}{16}$ and $\frac{20'' \times 30''}{8}$

Total printing charges so far paid by Government (including that of reprints) during the period mentioned in part (a) above:—

		Rs.	A.	P.
1952-53	..	65,969	4	6
1953-54	..	2,10,760	13	0
1954-55	..	40,106	15	0

Total No. of mistakes in these books .. Not known to Government.

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ Scheduled Rate ਤੇ Tender Rate ਵਿਚ ਕੀ ਫ਼ਰਕ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ: Tender Rate ਵਿਚ ਜਿਸ ਦਾ tender lowest ਹੋਵੇ ਕਈ ਵੇਰ ਉਸ ਨੂੰ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਸਗੋਂ ਸਭ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰੇਟ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਤੇ Scheduled Rate ਬਾਰੇ ਜੇਕਰ ਆਪ ਨੋਟਿਸ ਦੇਵੋ ਤਾਂ ਦਸ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ, ਇਹ technical rate ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ composition rate ਆਦਿ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ । ਆਪ ਜੇਕਰ ਨੋਟਿਸ ਦੇਵੋ ਤਾਂ ਦਸ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ: ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਪੁਛਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਟੈਂਡਰ ਰੇਟ ਤੇ ਫ਼ਾਇਦਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ scheduled ਰੇਟ ਤੇ ਫ਼ਾਇਦਾ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ: ਤੁਸਾਂ ਫ਼ਾਇਦੇ ਦੀ ਗੱਲ ਤਾਂ ਕੀਤੀ ਹੀ ਨਹੀਂ । (ਹਾਸਾ)

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪ੍ਰੈਸਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਵਧੇਰੇ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਦੇਣ ਲਗਿਆਂ ਕਿਨ੍ਹਾਂ qualifications ਦਾ ਖ਼ਿਆਲ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ?

ਮੰਤਰੀ: ਕੰਮ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਸ ਪ੍ਰੈਸ ਦੀ capacity ਵੇਖੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਫਿਰ ਵੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਉਸ ਪਾਸ Slender Machine ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ।

श्री धर्म वीर वासिष्ठ : क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि बाकी के मन्त्री महोदय तो सवाल के नोटिस आने पर जवाब तैयार कर लेते हैं। आप के पास दर्खास्त करने की क्या आवश्यकता है ? (हंसी)

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪ੍ਰੈਸਾਂ ਨੂੰ Scheduled Rate ਤੇ ਕੰਮ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ Slender ਮਸ਼ੀਨਾਂ ਹਨ ?

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ: ਇਸ ਲਈ ਤੁਸੀਂ ਵਖਰਾ ਸਵਾਲ ਕਰੋ । (The hon. Member may give a fresh notice for this question.)

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗਨੀ ਡਾਰ: ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਸਵਾਲ ਦੇ ਚੌਥੇ ਹਿਸੇ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਛਪਾਈ ਦੀਆਂ ਗਲਤੀਆਂ ਦਾ ਪਤਾ ਨਹੀਂ । ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਲੱਖਾਂ ਗਲਤੀਆਂ ਦਾ ਪਲੰਦਾ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਤੀਆਂ ਦਾ ਇਲਮ ਨਹੀਂ ?

मुख्य मन्त्री : गवर्नमेण्ट को यह मानने से इनकार नहीं कि printing में गलतियां रह गई हैं । इसकी वजह यह है कि Government के Printing Press में पूरी capacity में काम नहीं हो सकता । फिर मुख्तलिफ जगह पर काम देना पड़ा । हमारे पास इन के proofs देखने के लिए वक्त न था । हमें इन गलतियों के लिए अफसोस है । सरकार इस बात की कोशिश कर रही है कि printing की इन खामियों को दूर किया जाए ।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ: ਕੀ ਮੁਖ ਮੰਤਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪ੍ਰੈਸਾਂ ਨੇ printing ਵਿਚ ਗਲਤੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਛਡ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ ?

मुख्य मन्त्री : मेरे फाज़ल दोस्त का क्यास दुरुस्त है ।

ਮੌਲਵੀ ਅਬਦੁਲ ਗ਼ਨੀ ਡਾਰ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕੀ ਵਜਾਹ ਹੈ ਕਿ ਬਿਲਾਂ ਦੀ ਅਦਾਇਗੀ ਵਿਚ ਹਰ ਇਕ ਪਰੈਸ ਨਾਲ ਇਕੋ ਜਿਹਾ treatment ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ? ਕਈਆਂ ਨੂੰ ਅਦਾਇਗੀ ਜਲਦੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਕਈਆਂ ਨੂੰ ਖਰਾਬ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ।

ਲੇਬਰ ਮੰਤਰੀ : ਬਿਲਾਂ ਦੀ ਅਦਾਇਗੀ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਪਰੈਸ ਨਾਲ ਇਮਤਿਆਜ਼ੀ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ।

OBSERVATIONS BY THE SPEAKER RE: FORMATION OF INTER STATE LEGISLATURES' ASSOCIATION.

अध्यक्ष महोदय : मैं आप की तवज्जुह एक खास अमर की तरफ दिलाना चाहता हूं ।

3 p.m.

आप को याद होगा कि जून 1952 में मेरे predecessor स्वर्गीय डाक्टर सत्यपाल ने हाउस के सब मेम्बरों को एक चिट्ठी Inter-State Legislatures' Association के बनाये जाने के विषय पर लिखी थी जिस के साथ लोक सभा के स्पीकर की चिट्ठी जो इस सिलसिले में उन्हें आई थी भेजी गई थी । माननीय मेंबरों को याद होगा कि उन से प्रार्थना की गई थी कि वह इस सुझाव पर अपने विचार प्रकट करें । लेकिन बहुत कम मेम्बरों ने इस सम्बंध में अपने जवाब भेजे । उसके बाद मैंने भी दो दफा आप को लिखा और जो जवाब आये उन में ऐसी एसोसियेशन

बनाये जाने का समर्थन किया गया था। हाल ही में जो Speakers' Conference राज कोट में हुई उस में तकरीबन सब States की तरफ से यह फैसला किया गया कि यह एसोसियेशन ज़रूर बननी चाहिये लेकिन हमारी तरफ से हाउस का फैसला न होने की वजह से मैं अपनी अंतिम स्वीकृति न दे सका गो मैं ने अपनी राये जाहिर कर दी थी कि ऐसी Association ज़रूर कायम की जानी चाहिये। मैं बता दूं कि ऐसी ऐसोसियेशन का होना आवश्यक मालूम होता है क्योंकि इस से मुख्तलिफ विधान मंडलों के मेम्बरों को आपस में इकट्ठे हो कर उन सामाजिक, तालीमी और आर्थिक मामलों पर विचार करने का मौका मिलता है जिन का सब राज्यों से ताल्लुक होता है और इस तरह एक अखिल भारतीय दृष्टिकोण विकसित होता है। इस लिये मैं उम्मीद करता हूं कि यह हाउस Inter-State Legislature's Association के कायम करने की एक मत से स्वीकृति देगा ताकि मैं इस हाउस का निर्णय लोक सभा के अध्यक्ष को भेज सकूं। (I want to draw the attention of the hon. Members to an important matter. They will recollect that in June 1952, my predecessor--the late Dr. Satya Pal had addressed a letter to all the members of the House enclosing with it a copy of the letter received by him from the Speaker of the Lok Sabha on the subject of the formation of an Inter-State Legislatures' Association. They will also recollect that they were requested to express their opinion on the proposal but only a few replies were received from the hon. members in this connection. Subsequently, I also wrote twice to them in this behalf and whatever replies were received favoured the formation of such an Association. In the Speakers' Conference recently held at Rajkot, the Speakers of almost all the States agreed to the establishment of such an Association. But in view of the absence of any decision of this House to this effect, I could not give my final consent although I had expressed my views in favour of such an Association being formed. I may point out that existence of such an Association appears to be necessary because it would afford an opportunity to the members of the various Legislatures to come together and discuss social, educational and economic problems that are common to the different States and thus develop an All-India outlook. I, therefore, hope that the House will unanimously approve of the setting up of an Inter-State Legislatures' Association and enable me to convey the decision of this House to the Speaker of the Lok Sabha.)

माननीय सदस्य : जी हां।

RESOLUTIONS.

बख्शी प्रताप सिंह (सुंजानपुर) : Sir, I beg to move—

> That in view of the extreme backwardness of the people of Kangra District in matters of education, of the lack of adequate drinking water facilities and of suitable means of transport and communications, of proper means of irrigation, of lack of any kind of industry and of their inadequate representation in Government Services, this Assembly recommends to the Government that it should itself make funds available, and if necessary approach the Union Government for the purpose for a proper and planned development of the District and it further recommends that special concession be granted to the people of this area in the matters of admissions to all Government or Government aided institutions and of appointments to Services.

अध्यक्ष महोदय, यह कांगड़े का ज़िला रकबे के लिहाज़ से सब से बड़ा ज़िला है और अगर इसे State का बरे आज़म कहा जाये तो इस में ज़रा भी मुबालगा आमेज़ी न होगी।

[बख्शी प्रताप सिंह]

लेकिन स्पीकर साहिब, इस ज़िला के लोगों की गुरबत, तकलीफात और दूसरी कई बातों का भयानक नक्शा देख कर कलेजा मुंह को आता है। आप हर पहलू से अंदाज़ा लगायें तो आप को मालूम होगा कि यहां के लोगों की हालत नागुफ्ता बेह है। ज़राये आमदोरफ्त की मिसाल ले लीजिये। इतने लम्बे चौड़े ज़िले के लिये सिर्फ एक ही पक्की सड़क है जो पठानकोट से कुल्लू को मिलाती है। इस ज़िला के बाराई हिस्से से गुज़रती है। ज़राए आमदोरफ्त कच्ची सड़कें, कच्चे रास्ते और छोटी छोटी पगडंडियां ही हैं। बरसात के मौसम में जो लोगों की दुर्दशा होती है वह बयान नहीं की जा सकती। यह ज़िला तमाम का तमाम cut off हो जाता है और बहुत से इलाकाजात तहसील और सदर मुकाम से बिल्कुल cut off हो जाते हैं। अगर इसे काले पानी से तशबीह दी जाये तो ऐन मौज़ूं होगा। इन दिनों अगर इस ज़िला के लोगों को प्रान्त के दूसरे हिस्से में या भारतवर्ष के दूसरे हिस्सों में जाना पड़े तो उन्हें बरसाती नालों जो तुगयानी से ठाठें मारते हैं का मुकाबला करना पड़ता है। यह नदी नाले यहां के व्यापारियों के लिये मोहलक जरब ही नहीं बल्कि उन के व्यापार को हमेशा के लिये खत्म करने का कारण बन जाते हैं।

स्पीकर साहिब, तालीम के मामला में भी इस जिले की बुरी हालत है। आज तो प्राइमरी तालीम भी मिलनी मुश्किल हो रही है; Secondary तालीम की तो बहुत बुरी हालत है। इतने लम्बे चौड़े ज़िले के लिये एक कालेज का होना एक मज़ाक का मौज़ूह बना हुआ है। लड़कियों की तालीम की बहुत बुरी हालत है। चन्द एक कस्बे छोड़ कर देहात के लोगों को पता नहीं कि लड़कियों को तालीम का दिया जाना भी ज़रूरी है या नहीं। वह बेचारे क्या करें जब कि गवर्नमेंण्ट की तरफ से लड़कियों की तालीमी दरसगाहें मौजूद न हों ?

इस ज़िले में ज़राए आबपाशी बिल्कुल महदूद हैं बल्कि न होने के बराबर हैं। पुराने वक्तों में राजे महाराजे इस ज़िला के थोड़े से हिस्से को सैराब करने का बन्दोवस्त करते थे। बाकी सारे का सारा ज़िला अमूमन बारानी है जहां लोगों की निगाहें हमेशा इंद्र देवता की तरफ लगी रहती हैं। पिछले तीन चार सालों में बारिश न होने की वजह से इस ज़िला की फसलें बिल्कुल बरबाद हो गईं और लोगों को बुरी तरह से तकलीफ का सामना करना पड़ा। स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि इस ज़िला की निसफ आबादी को एक खास मुसीबत यानी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में आप जा कर देखें तो आप को पता लगेगा कि लोग 6-7 मील से इन्सानों और हैवानों के पीने का पानी लाते हैं। अक्सर हालतों में, स्पीकर साहिब, यह हकीकत है कि लोगों को घर से इरादा बांध कर पानी की तलाश में मारे मारे घूमना पड़ता है और वह रात दिन पानी लाने में मसरूफ रहते हैं। स्पीकर साहिब, यह ज़िला जोगिंदर नगर से तमाम State को ही नहीं बल्कि पाकिस्तान को भी बिजली मुहैया करता है। लेकिन यह खुद अन्धेरे में है। गवर्नमेंट की जानिब से कुछ हरकत हुई है लेकिन वह इतनी काफी नहीं जिस से इस ज़िले का उद्धार हो सके। आप सुन कर हैरान होंगे कि 21,50,455 एकड़ जंगल का वाहिद मालिक कांगड़ा का ज़िला है। दूसरे ज़िलों के मुकाबले में जंगलात का 75 प्रतिशत हिस्सा कांगड़ा के ज़िले में आता है। इस ज़िला के आदादो शुमार के मुताबिक आप को मालूम होगा कि जंगलात की सालाना आमदनी 62,10,000

रुपये है और इन पर सालना खर्च 49,08,000 रुपये है यानी, 12,49,000 रुपया सालाना की बचत है। स्पीकर साहिब, बावजूद इतनी आमदन होने के इस ज़िले की हालत यह है कि गवर्नमेण्ट की जानिब से न कोई rosin factory है न दियासलाई के कारखाने इस ज़िले में पाए जाते हैं। इस ज़िला के मेंम्बरान असैम्बली ने कई बार यह मामला गवर्नमेंट के सामने रखा लेकिन गवर्नमेंट न इस बारे में कोई कदम नहीं उठाया। जंगलात की भरमार होने के बावजूद इस ज़िला के अंदर कोई Forest School गवर्नमेण्ट की जानिब से नहीं खोला गया। इन जंगलात के अंदर जड़ी बूटियां बेशुमार पाई जाती हैं। जब तक पंजाब सरकार इस तरफ तवज्जुह नहीं देती और भारत सरकार पर दबाव नहीं डालती तब तक इन जड़ी बूटियों से फायदा नहीं उठाया जा सकता।

फिर, स्पीकर साहिब, बड़े अफसोस की बात है कि उद्योग धंधों के बारे में इस ज़िले का रिकार्ड सिफर के बराबर है। दरियाओं, नदियों और नालों की रवानी यहां से होती है, जोगिन्दर नगर की बिजली का ख़ज़ाना हमारे इलाके हैं।

Kulu Valley में Sanitorium और सैर गाहें बनाई जा सकती हैं। यह एशिया का Switzerland बन सकता है। मुख्य मंत्री और विकास मंत्री जी ने सन् 1954 में अपने दौरों में public speeches करते हुए हमारे ज़िले की ऐहमियत को स्वीकार किया था मगर अभी तक इस के विकास की तरफ ज़रा भी ध्यान नहीं दिया गया।

यह एक मुसल्लिमा अमर है कि services में हमारे ज़िले के लोगों को कोई खास हिस्सा नहीं मिला हुआ। ज़राये आमदो रफत की नागुफताबेह हालत होने के कारण नौकरियों के इश्तिहारों का लोगों को अव्वल तो पता ही नहीं चलता और अगर चल भी जाए तो उस वक्त तक आखिरी तारीख गुज़र चुकी होती है। एक और रुकावट यह है कि कुल्लू से interview करने के लिये कोई उम्मीदवार 100 रुपये लिये बगैर नहीं निकल सकता। इस ज़िले का कालेज भी एक अधूरा कालिज है। जितने graduates वहां से निकलते हैं, आम तौर पर Third Division की Degrees हासिल करते हैं, इस लिय नौकरियों के लिये दूसरों का मुकाबला नहीं कर सकते। B. T. Class में दाखिल होने की भी उन्हें इजाज़त नहीं दी जा सकती। गुज़शता साल की मिसाल मौजूद है। हमारे ज़िले के Third Division में पास होने वाले B. A's चंडीगढ़ में आये। हमने उन्हें Education Minister साहिब से मिलाया मगर उन्हें कोरा जवाब ही मिला "हम तालीम की efficiency में कमी नहीं कर सकते" Technical Institute की मिसाल भी सामने मौजूद है। सारे ज़िले की मुत्तफिक्का आवाज़ के बावजूद भी इसे खोलने की मंजूरी अभी तक नहीं दी गई है।

हमारे ज़िले को भूखा बहिश्त कहा जाता है। प्रिंसीपल छबील दास ने इसी नाम से हमारे ज़िले के बारे में एक किताब लिखी थी। वहां पर बहिश्त का नज़ारा तभी नसीब हो सकता है अगर वहां के लोगों की भूख का इलाज हो जाये, उसे पिछड़ा हुआ इलाका तसव्वर करके उस की बाकायदा planned development की जाय। मैं अपने ज़िले की काबले रहम हालत के पेशे नज़र मुअज़िज मेंबरों से गुज़ारिश करूंगा कि इस Resolution का पूरी तरह से समर्थन करें और इसे सर्वसम्मति से पास करें। तब वहां के लोग हकीकी माइनों में जान सकेंगे कि सारा

[बख्शी प्रताप सिंह]
पंजाब अपने जिस्म के पिछड़े हुए अंश को शाना बशाना अपने साथ ले जाना चाहता है। ऐसा करने के लिय पूरी तरह आमादा हो चुका है। हमारे ज़िले के जवान फौज में शामिल हो कर खून पसीना एक करते हैं। इन लोगों को इन का हक़ ज़रूर दिया जाना चाहिये।

मैं इतना ही कहता हुआ पूरी २ उम्मीद रखता हूं कि इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया जायगा।

Mr. Speaker : Motion moved—

In view of the extreme backwardness of the people of Kangra District in matters of education, of the lack of adequate drinking water facilities and of suitable means of transport and communications, of proper means of irrigation, of lack of any kind of industry and of their inadquate representation in Government services, the Assembly recommends to the Government that it should itselft make funds available, and if necessary approach the Union Gvovernment for the purpose, for a proper and planned development of the district and it further recommends that special concessions be granted to the people of this area in the matters of admissions to all Government or Government-aided institutions and of appointments to services.

I have received notices of the following amendments. These will be deemed to have been moved. They may be discussed alongwith the main motion.

1. **Shri Mohan Lal Datta** :

In line 2, after "District" add "and Tehsil Una of Hoshiarpur District".

2. **Pandit Shri Ram Sharma** :

In line 2, after "Kangra" add "and Haryana".

3. **Pandit Shri Ram Sharma**:

In line 2, for "District" substitute "Districts".

4. **Shri Mohan Lal Datta**:

In line 9, for "District" substitute "said areas".

5. **Pandit Shri Ram Sharma**:

In line 9, for "District" substitute "Districts".

6. **Pandit Shri Ram Sharma**:

In line 10, for "this area" substitute "these areas."

7. **Shri Ram Kumar Bidhat**:
8. **Rao Gajraj Singh**:
9. **Shri Balwant Rai Tayal**:
10. **Shri Mam Raj**:
11. **Captain Ranjit Singh**:
12. **Shri Dharam Vir Vasisht**:

In line 2. after "District" add "Bhiwani Tehsil of Hissar District and undeveloped parts of Gurgaon District."

13. **Shri Mool Chand Jain**:
14. **Shri Kasturi Lal**:

In line 2, for "District" substitute "Karnal, Gurgaon and Hissar Districts."

15. **Shri Mool Chand Jain**:

16. **Shri Kasturi Lal Goel:**

In line 9, for "District" substitute "Districts".

17. **Shrimati Parkash Kaur:**

In line 2, after "District" add " and of the area between Sakki and river Ravi in districts of Amritsar and Gurdaspur."

18. **Shrimati Parkash Kaur:**

In line 9, for "District" substitute "above mentioned areas."

19. **Shri Sadhu Ram:**

In line 2, after "District" add "Tehsil Naraingarh and other sub-mountainous and backward parts of Ambala District."

20. **Professor Sher Singh:**

In line 2, after "District" insert "Jhajjar Tehsil of Rohtak District, Rewari Tehsil of Gurgaon District, Bhiwani Tehsil of Hissar District, Kaithal Tehsil of Karnal District and Naraingarh Tehsil of Ambala District".

21. **Sardar Uttam Singh:**

In line 2, after "District" add "Bet area in Thana Kanaun, Tehsil and District Gurdaspur and Shahpur Kandi, Gurdaspur District."

22. **Shri Teg Ram:**

In line 2, after "District" add "and Tehsil Fazilka of District Ferozepur".

23. **Shri Teg Ram:**

In line 9, for "District" substitute "above mentioned areas."

24. **Shri Teg Ram:**

In line 10, for "this area" substitute "these areas."

25. **Shri Gopi Chand Gupta:**
26. **Shri Daulat Ram:**

At the end add "Kaithal Sub-Division to be declared as backward area".

27. **Shri Chand Ram:**
28. **Shri Badlu Ram:**

In line 2, after "District" add "and Haryana".

29. **Professor Mota Singh Anandpuri:**

In line 2, after "District" add "and Anandpur in Tehsil Una and Tehsil Garhshanker in the district of Hoshiarpur."

30. **Professor Mota Singh Anandpuri:**

In line 2, after "District" add "the whole area lying between Rajauri, Dholbaha and Hoshiarpur in the district of Hoshiarpur."

31. **Gyani Rajinder Singh:**

In line 2, after "district" add "and submountainous areas of Rupar Sub-Division."
In line 9, for "district" substitute "said areas."

पंडित मोहन लाल दत्त (आनन्दपुर) : अध्यक्ष महोदय, पंजाब में माली तरक्की काफ़ी हुई है परन्तु कुछ regions ऐसे हैं जिन की तरफ काफी ध्यान नहीं दिया गया। कुल्लू के बाद तहसील

[पं० मोहन लाल दत्त]
ऊना एक ऐसा इलाका है जिस की ओर कोई तवज्जुह नहीं दी गई । Geographically और culturally ऊना तहसील कुल्लू का अंश ही है। शिवालक की पहाड़ियां मैदानी दुनिया से इसे जुदा करती हैं। यहीं से पहाड़ियों का वह सिलसिला शुरू होता है जो कुल्लू तक बराबर चला गया है । ऊना तहसील का 1912-13 का बन्दोबस्त कांगड़ा ज़िला की गोपीपुर और हमीरपुर की तहसीलों के साथ २ ही हुआ था।

इस लिहाज़ से ऊना में जो कि एक पहाड़ी इलाका है वही तकलीफें और दिक्कतें हैं जो कुल्लू के लोगों को पेश आ रही हैं। इन में चोओं और स्वां नदी के कारण एक और दिक्कत का इज़ाफा हो गया है । इस वजह से यह इलाका कुल्लू से भी ज़्यादा पसमान्दा है और इस की ओर ज़्यादा ध्यान दिया जाना चाहिये । इस तहसील का रकबा 4,41,722 एकड़ है, मगर इस में cultivated area सिर्फ 1,61,114 एकड़ है ।

इस इलाका की आबादी 2,96,722 है जिस के रोज़गार का सब से बड़ा साधन ज़मीन है। इतनी अधिक आबादी का गुज़ारा इतनी कलील अराजी से नहीं होता। ज़मीन बहुत छोटे 2 टुकड़ों में बंटी हुई है और यह टुकड़े सब uneconomic holdings हैं । फिर सारी ज़मीन बारानी है और unirrigated है । उस को भी आये साल चोओं और स्वां नदी में आने वाले floods ने बरबाद कर दिया है। यहां के रहने वाले लोग तबाह और बरबाद हो जाते हैं। बहुत सा soil sandy है और नाकस है। जिन लोगों की बड़ी २ अराज़ी भी है उन को भी परिवार का निर्वाह करने के लिये पूरा खाद्यान्न प्राप्त नहीं होता। इस रकबा में किसी प्रकार की industry नहीं है । हां एक industry ज़रूर है—यहां के गरीब लोग अमीर लोगों के जूठे बरतन साफ करने के लिये बाहर चले जाते हैं । इस के अलावा और किसी industry का नामोनिशां यहां पर नहीं है। न ही कोई industry कायम करने का प्रयत्न किया गया है। यदि ज़्यादा बड़े कारखाने न खोले जा सकते हों तो घरेलू दस्तकारियां तो चालू हो सकती हैं और लोगों के लिये थोड़ा बहुत रोज़गार मुहैया हो सकता है। लेकिन इस दिशा में कुछ भी नहीं किया गया ।

अध्यक्ष महोदय, शिक्षा के लिहाज़ से ऊना तहसील को Education Code में backward area करार दिया गया है। यहां पर तालीम की ऐसी हालत है कि इतने भारी रकबे में एक भी लड़कों का सरकारी हाई स्कूल नहीं है। यहां पर private effort से लोगों ने 20 के करीब हाई और मिडल स्कूल खोल रखे हैं। अभी २ एक मिडल स्कूल लड़कियों का खोला गया है। कितनी अजीब बात है कि 1,200 मील के क्षेत्र में गवर्नमेंट ने लड़कियों के लिये एक भी मिडल या हाई स्कूल नहीं खोला । फिर इस इलाके में floods इतने आते हैं कि कई देहातों में तो आसाम की तबाही का मनज़र पेश हो जाता है। कुछ देहात का तो तमाम का तमाम रकबा floods की वजह से बह गया है । आमदोरफ़त का यह हाल है कि ऊना तहसील के दरमियान में एक स्वां नाम की नदी बहती है वह इस इलाके को दो हिस्सों में बांट देती है । बरसात के दिनों में तीन २ चार २ महीनों तक तहसील के बाशिंदे इधर से उधर नहीं जा सकते । एक दूसरे से बिल्कुल cut off हो जाते हैं। यह नदी इतनी भयंकर

है कि इस को अबूर करना कठिन हो जाता है और आमदोरफ्त की सख्त तकलीफ हो जाती है। यह नदी 80 मील के रकबे में से गुज़रती है लेकिन इतनी भारी length में कोई भी पुल तामीर नहीं किया गया। Joint Punjab में public की तरफ से बहुत सी अर्ज़दाश्तें होती रही हैं। नदी पर पुल डालने की तजवीज हुई थी और वह मनजूर भी हो गई थी। लेकिन देश का विभाजन होते ही वह तजवीज़ खटाई में पड़ गई। न कोई कोशिश होती है और न ही इस काम को निपटाने की कोई तजवीज़ होती है। बस यही जवाब मिलता है कि हमारे पास पैसे नहीं हैं।

स्पीकर साहिब, इस के इलावा और भी बहुत सी तकलीफें इस रकबे के लोगों को हैं ? थाना आलम और थाना नूरपुर के एक तरफ तो दरिया बहता है और दूसरी तरफ वहां स्वां नदी है। बाकी तरफ शिवालक की पहाड़ियां हैं। वे इलाके बाकी देश से बिल्कुल अलग थलग रहते हैं। वहां अफसर लोग भी जाने की तकलीफ गवारा नहीं करते और न ही जा सकते हैं क्योंकि आमदोरफ्त की बहुत दिक्कत होती है। दूसरे देश से मिलाने के लिये इस इलाके वालों ने बहुत अर्ज़दाश्तें कीं। कई बार लिखा पढ़ा गया कि इस इलाके को या तो रोपड़ से मिला दिया जाये या कीरतपुर रेलवे स्टेशन से मिला दिया जाये लेकिन इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया जाता। बड़े दुःख की बात है कि इतने बड़े थाने में जिस की आबादी 55,000 है एक sub-post office भी न हो कि emergency के वक्त किसी अफसर से जल्दी खतोकिताबत भी की जा सके या तार वगैरह ही दी जा सके। नतीजा यह होता है कि लोगों को दरिया अबूर करके थाना आनंदपुर साहिब में जाना पड़ता है। यह हालात हैं जो कि मैंने आप के द्वारा हाउस के सामने पेश किये हैं। वज़ीर साहिबान को पसमान्दा लोगों की मुसीबत का अहसास है। वे वहां जाते हैं और लोगों से conferences करते हैं और तकरीरें भी करते हैं कि इस backward area का हम ध्यान रखेंगे लेकिन इस इलाका की बहबूदी के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। एक नाम निहाद National Extension Service Block वहां बना दिया गया है। जिस पर सात लाख रुपया खर्च करने की तजवीज़ है। मगर उस में से बहुत सारा रुपया वहां के personnel—अफसर और मुलाज़मीन पर खर्च होगा। और बाकी में से कुछ रुपया loans तकावी में दिया जायेगा। उस तकावी की शरह सूद गवनमेंट ने इतनी रखी है कि वहां के गरीब लोग इस से कोई फायदा नहीं उठा सकते। कोई ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये जिस से उन गरीब लोगों को फायदा पहुंच सके।

स्पीकर साहिब, हमारे इलाके में दो बड़े २ Power-Houses हैं। उन को बनाने के लिये कोटला और गंगूवाल में गरीब लोगों की ज़मीनें छीनी गई, उन को बेघर किया गया। लेकिन अभी तक कोई ऐसी स्कीम नहीं बनाई गई जिस के ज़रिये इस इलाके को भी बिजली दी जा सके। और २ देहातों में तो बिजली दी जा सकती है परन्तु वहां पर उन गरीब लोगों को जिन की ज़मीनें छीन कर Power-Houses बनाए गए हैं बिजली देने का प्रबन्ध नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर भी कांगड़ा की तरह बहुत सारे देहात ऐसे हैं जहां पर बदकिस्मत लोग बरसात का जमा हुआ पानी और जौहड़ों का गंदा पानी पीते हैं। उस गंदे पानी को पीने

[पं० मोहन लाल दत्त]

की वजह से उन को कई बीमारियां हो जाती हैं। उन की तकलीफों का एक बड़ा भारी बायस गंदा पानी भी है। गवर्नमेंण्ट ने कुछ देहातों को शुद्ध पानी देने की तजवीज़ की है। उस जगह का नाम लाजपत वाटरवर्क्स है। लेकिन उस का खर्च इतना ज़्यादा है और लोगों पर उस टैक्स का इतना भारी बोझ है कि लोग शुद्ध जल पीने की बजाए जौहड़ों का पानी पीने को तरजीह देते हैं। टैक्स इतना भारी है कि फी कस 3 रुपये देने पड़ते हैं। वे गरीब लोग इतना भारी टैक्स अदा नहीं कर सकते। इस लिये इस स्कीम से भी लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। इन हालात में मैं अपने मंत्रिमंडल से निवेदन करूंगा कि इस इलाका को भी कांगड़ा की तरह backward area करार दिया जाये और विशेष सुविधाएं दी जायें ताकि ये लोग भी स्वतंत्रता का अनुभव कर सकें। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि मंत्रीमंडल हमारे इलाके को भी ध्यान में रखेगा और उस की बेहतरी के लिये यत्न करेगा।

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत): स्पीकर महोदय, मेरी भी एक तरमीम है....

एक माननीय सदस्य: आप की कई तरमीमें हैं।

पंडित श्री राम शर्मा: मैंने तो एक ही भेजी थी (हंसी) खैर अगर उन सब points को मिलाया जाये तो मतलब एक ही निकलता है। और वह यह कि कांगड़ा ज़िला के साथ हरियाना को भी जोड़ दिया जाये। अगर गवर्नमेंण्ट ने कुछ करना हो (विघ्न) कुछ लोगों को शायद इस बात की तकलीफ है कि यह क्या बात है। अव्वल तो बहुतों को यह भी पसन्द नहीं होगा कि कांगड़ा के नाम पर आवाज़ क्यों उठाई गई है। खैर, यह रेज़ोल्यूशन पेश हुआ है। इस पर तरमीमें भी आई हैं—किसी में कुछ एक तहसीलों को, किसी में आधे या एक-तिहाई ज़िले को और किसी में पूरे ज़िले को भी शामिल करने की मांग की गई है। लेकिन जो मेरी तरमीम है वह पांच सात तरमीमों को इकट्ठा करने का काम दे जाती है। मैंने देखा है कि इन तरमीमों में कहीं भिवानी का नाम है, कहीं करनाल ज़िले को देखता हूं और किसी में लिखा है कि सारे गुड़गांव को लिया जाये। मैंने उन तमाम तरमीमों को भी देखा है और वह सारी की सारी मेरी तरमीम में शामिल हो जाती हैं। इस गवर्नमेंण्ट ने क्या करना है और क्या नहीं करना यह तो इस के अपने अख्तियार की बात है। लेकिन मेम्बरान को इस हाउस में क्या कहना चाहिये और यहां आकर उन की क्या ज़िम्मेदारी और फर्ज़ हैं, वह तो हर कोई अपने ख्याल से चाहेगा कि ज़ाहिर करे।

स्पीकर साहिब, आप देख रहे हैं कि जब से यह States Reorganisation Commission बना है, जब से यह ख्याल पैदा हुआ है कि मुल्क में सूबों की अज़-सरे-नौ तकसीम किस तरह और कैसे हो, तब से पंजाब में इस सिलसिला में कई तरह की बातें और आवाज़ें सुनाई दे रही हैं। उस की एक यह भी वजह है कि कुछ लोग—ज़िलों और तहसीलों के लोग—यह महसूस कर रहे हैं कि पंजाब के इस मौजूदा निज़ाम में रह कर कोई तरक्की नहीं कर सकेंगे। उन्हें कोई आराम या सहूलियतें नहीं मिल सकतीं। इन हालात में उन के लिये यहां पर ज़िन्दा रहना मुश्किल है। वरना कोई वजह नहीं थी कि हरियाना प्रान्त के चारों ज़िलों के मेम्बरान—उन को छोड़ दीजिये जो कि आपोज़ीशन में हैं—जो कि कांग्रेसी बेंचों पर बैठे हुए हैं, उन की आधे से भी ज़्यादा तादाद यह ख्याल रखती है कि उन के लिये इस मौजूदा निज़ाम में, मौजूदा

जत्थेबन्दी में और मौजूदा पंजाब में से अलग किया जाए ? अगर उन को यहां पर आराम होता, सहूलियतें होतीं, तरक्की के लिये रास्ते खुले होते तो क्यों उन के दिलों में यह ख्याल पैदा होता कि उन्हें पंजाब से निकाल कर independent unit या दिल्ली के साथ मिला दिया जाये ? ठीक यही बात कांगड़ा में भी पाई जाती है । यही बात इसी हिसाब से गुड़गांव ज़िले में भी पाई जाती है । अभी कल ही गुड़गांव के मुताल्लिक सरकार के हिमायती और कांग्रेसी मेम्बर ने यह कहा था कि शायद इस ज़िला को एक नमूने के तौर पर रखा गया है ताकि यह बताया जा सके कि तरक्की से पहले पंजाब की यह हालत थी कि जिस में कि यह ज़िला पाया जाता है । तो नमूने के लिये बताये जाने वाले ज़िलों में से ऐसा एक ज़िला एक कोने पर कांगड़ा है और दूसरे किनारे पर गुड़गांव । इन दोनों ज़िलों में उन इलाकों को भी शामिल किया जाना चाहिये जहां के लोग यह महसूस करते हैं कि गवर्नमैण्ट उन के साथ अच्छा सलूक नहीं करती, उस ने उन के लिए तरक्की का कोई रास्ता खुला नहीं छोड़ा और उन का उन पांच, छः अदारों में, यानी तालीम के मामले में, सड़कों के मामले में, नौकरियों के मामले में, हस्पतालों के मामले में, सिंचाई के मामले में, कुछ फ़ायदा नहीं किया, उन के लिये ऐसी सहूलियतें नहीं पहुंचाई । वह लोग बड़ी चीखो पुकार करने के बाद अब यह कहते हैं कि गवर्नमेंट ने उन के लिये तिजारत के मामला में और सनअतोहिरफत के मामले में कोई खर्च नहीं किया हालांकि गवर्नमैण्ट का खज़ाना भरने में वे लोग किसी दूसरे ऐसे ज़िले से पीछे नहीं जहां पर यह सभी सहूलियतें दस्तयाब हैं । मतलब यह कि पंजाब के अन्दर आज बहुत से ऐसे इलाके हैं जो backward हैं, पिछड़े हुए हैं और गवर्नमेंट ने उन का ज़रा भी ख्याल नहीं किया और अगर कुछ थोड़ा बहुत किया भी तो वह भी बराए नाम । अभी पिछले दिनों इसी कांग्रेस सरकार और पार्टी के एक मेम्बर ने जो कि पंजाब कौंसिल में मौजूद हैं अम्बाला डिवीजन के कुछ आदादोशुमार शाया किये थे । उन से ज़ाहिर होता है कि उस के ज़िलों की हालत क्या है और लोग वहां किस हालत में रह रहे हैं । आप पिछले सात आठ सालों का बजट उठा कर देख लें और इस तमाम आदादोशुमार को देख लें । मेरे लिये इस वक्त इन सब चीज़ों को तफ़सील से बयान करना मुमकिन नहीं क्योंकि यहां पर बोलने के लिये समय ही इतना थोड़ा होता है कि अगर हरेक point को details में बयान करना शुरू कर दिया जाए तो बाकी बातें कहने के लिये वक्त ही नहीं रहता । लेकिन इतनी बात ज़रूर कहूंगा कि आप पिछले सात आठ सालों का बजट निकाल कर देख लें कि nation building और State development के लिये, लोगों की तरक्की और आराम के लिये, जो रुपया इस स्टेट के अन्दर खर्च किया गया है जिस इलाके को मैं इस resolution में शामिल करना चाहता हूं, आबादी और area के लिहाज़ से पंजाब में जो $\frac{1}{3}$ हिस्सा है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उस पर बजट का 1/15 या 1/20 हिस्सा भी खर्च नहीं किया गया । रहा सवाल यह कि पुलिस के और executive magistrates भेजने के लिये खर्च हुआ । मान लेते हैं कि गवर्नमेंट का इन ज़िलों के लिये इन मदों में खर्च हुआ । पर क्या काम किया इन्होंने इन ज़िलों के अन्दर ? अकेले मेरे रोहतक ज़िला से पिछले तीन-चार सालों में आपने ताज़ीरी चौकियां का लोगों से $2\frac{1}{2}$ लाख रुपया वसूल किया । क्या शानदार नमूना है आप की इस administration का !! आमदनी के लिये और executive ओहदों पर बिठाने

[पं० श्री राम शर्मा]
के लिये तो उन ज़िलों में आप का काम और ध्यान है लेकिन जब कोई development की स्कीमें आती हैं, जब हस्पताल खोलने का सवाल पैदा होता है, जब development projects बनाने पर सोच विचार किया जाता है तो बावजूद इस प्रान्त की आबादी और area के इसे बिल्कुल नज़रअन्दाज़ किया जाता है। इन के कान खोलने के लिये, स्पीकर साहिब, मैं बता दूं कि यह कोई religion का सवाल नहीं, यह कोई फ़िरकापरस्ती का सवाल नहीं, यह कोई separate tactics इस्तेमाल करने का सवाल नहीं। यह कोई fissiparous tendencies का तकाज़ा नहीं कि जिस को सामने रखते हुए लोगों को डरा दिया जाये या धमका दिया जाये। असल बात यह है कि पंजाब में आज के दिन पंजाब के 40 प्रतिशत area और आबादी को 60 प्रतिशत area और आबादी के ज़रिये इस तरह treat किया जा रहा है जैसे कोई bureaucratic Government अपने अवाम को दबाना और कुचलना चाहती हो और अपनी subjugation में रखना चाहती हो। हमें खुशी है कि जहां पहिले हम पर हज़ारों मील दूर से 'राज' होता था अब वह दूरी घट कर कुछ सौ मील रह गई है। हमें इस बात की satisfaction है। लेकिन शायद मेरे यह दोस्त भूल में बैठे हैं। जिस तरह वह राज नहीं रहा उसी तरह तुम्हारा भी यह वक्त खत्म होने जा रहा है--वह दिन दूर नहीं जब तुम भी याद करोगे कि क्या थे और क्या हो गए। लोगों के दिलों में और खास कर उन इलाकों में जो backward रह गये हैं, आप की गफ़लत से, उन लोगों के भावों में, उन के sentiments में एक ज़बरदस्त क्रांति आ रही है। स्पीकर साहिब, यह बात नहीं कि गवर्नमेंट ने इन चीज़ों को महसूस न किया हो। गवर्नर साहिब के Address में backward tracts का भी ज़िक्र आया है। वह मानने लगे हैं कि पंजाब में कुछ ऐसे backward इलाके हैं जिन की सुधि नहीं ली गई। पर साथ ही backward areas की definition करते हुए एक कैसी तारीफ बताई! कहा कि मैं उन को backwards समझता हूं जिन का काला सा रंग होगा, जो मैले कपड़े पहने हुए होंगे और जिन का बदन सूखा हुआ होगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या यह सब कुछ उन दिनों ही देखा जाता था जब कांग्रेस को इलेक्शन के लिये वोटों की ज़रूरत होती थी? यह चीजें तो उन दिनों में खूब देखी जाती थीं जब आज़ाद हिंद फ़ौज के लिये सिपाहियों की ज़रूरत होती थी। यह चेहरे उन दिनों देखे जाते थे जब लोग अंग्रेज़ों के झण्डे तले भरती होकर आज़ाद हिंद फौज के झंडे तले खड़े होकर देश आज़ाद कराने के लिये मर मिटते थे। लेकिन आज आप को इन चेहरों को देखने की फुरसत कहां जब आप सरकारी बैंचों पर बैठे हुए हैं, जब हुकूमत की बागडोर आप के हाथों में है।

यह backward इलाका गुड़गांव का ही ज़िला नहीं, backward area झज्जर की तहसील नहीं, यह पिछड़ा हुआ इलाका हिसार की भिवानी तहसील नहीं और न ही करनाल का वह हिस्सा है जहां नहर का पानी नहीं मिलता। यह इलाका सारा हरियाना प्रान्त और कांगड़ा का ज़िला है। मैं पूछता हूं कि पंजाब गवर्नमेंट ने $\frac{1}{3}$ से भी ज़्यादा हिस्से की development और तरक्की के लिये पिछले तीन सालों में क्या इकदाम किये? यही वजह है कि सामने Treasury Benches पर सिर्फ वही लोग बैठे हैं जो favouritism के बगैर ज़िन्दा नहीं रह सकते। मैं साफ और खुले लफ़्ज़ों

में कहना चाहता हूं कि इन इलाकों की problems को, इन की तकालीफ को सिर्फ वही लोग समझ सकते हैं जो पहले ही वहां के रहने वाले हैं। आप उन के दिलों को टटोलें कि उन में क्या है। तभी आप को एहसास हो सकता है कि आपने क्या किया और क्या करना है।

स्पीकर साहिब, यह गवर्नमेंट इस तरीका की policy पर चल रही है। जब उन्होंने elections लड़नी थीं तो देशभक्त भगत सिंह की फांसी का नाम ले ले कर और महात्मा गान्धी का नाम ले ले कर लड़े थे लेकिन अब उन लोगों के लिये कुछ भी नहीं कर रहे। उस वक्त लोगों को कहा जा रहा था कि भाखड़ा-नंगल से पानी देंगे लेकिन अब हम क्या देखते हैं कि सिवाए टुहाणा, सिरसा और फतहबाद के और किसी इलाके को पानी नहीं दिया गया। वहां का पानी रोहतक को, करनाल को या गुड़गांव के इज़ला को कहां दिया गया है? स्पीकर साहिब, सतलुज का पानी इन इज़ला को बिल्कुल नहीं दिया गया। रहा इन की development schemes का सवाल! मैंने चीफ़ मिनिस्टर साहिब से एक सवाल पूछा था कि उस इलाके के कितने I.A.S., कितने P.C. S., कितने पुलिस अफसर या गवर्नमेंट के Heads of Departments हैं तो उस के जवाब में उन्होंने यह कहा था कि इस सवाल के जवाब के लिये अदादोशुमार हासिल करने में जितना वक्त और labour लगेगी वह इस से होने वाले लाभ के बराबर न होगा। असल में बात यह है कि उस इलाके की development सिफर के बराबर है। मैं इस बात के हक में हूं कि यह जो resolution है जहां इस में कांगड़ा ज़िला के लिये सिफारिश की गई है वहां हरियाना प्रान्त के इलाके को भी साथ जोड़ा जाए। जहां हरिजनों की तरक्की का ख़्याल रखा जा रहा है, जहां चंद Scheduled Tribes को ऊंचा उठाने की कोशिश की जा रही है वहां इन पिछड़े हुए इलाकों की development का खास ख्याल किया जाना चाहिये। इस में किसी खास community या class का सवाल नहीं है यह तो वहां के सब बाशिन्दों का सवाल है। लेकिन हम देखते हैं कि इस के उलट इस इलाके के साथ इमत्याज़ी बर्ताव किया जाता रहा है और अब भी किया जा रहा है। न उस इलाके के लोग services में लिये जाते हैं, न वहां कोई College है और न ही वहां स्कूल और अस्पताल ही खोले गये हैं। इन चीज़ों के बावजूद कि ऐसा बर्ताव उस इलाका के लोगों से सरकार की तरफ से होता चला आ रहा है फिर भी वहां के कुछ लोग सरकारी benches पर बैठते रहे हैं लेकिन अब यह सलूक देख कर वह Opposition की तरफ आ रहे हैं। स्पीकर साहिब, मैं इन को यह बता देना चाहता हूं कि अगर गवर्नमेंट ने इसी तरह आंखें बन्द कर रखीं तो यह मामले बहुत देर तक चलने वाले नहीं। यह इन्हें मालूम होना चाहिये कि जब कुछ लोगों को बहुत तंग रखा जाए तो वे अपने भाइयों से भी लड़ सकते हैं। वे अपने पड़ोसी से भी लड़ सकते हैं। रूस के अन्दर आखिर क्या हुआ था। वहां के लोगों ने किसी गैर का तख़्ता तो नहीं उलटा था। उन्होंने वहां के ज़ालिम बादशाह ज़ार के खिलाफ ही तो बगावत की थी। मैं उम्मीद करता हूं कि अब मिनिस्टर साहिबान इस बात का खास ख्याल रखेंगे और वह लोगों को और मौका नहीं देंगे कि वे उन से अलग हो होकर इस तरफ आते जाएं। उन्हें चाहिये कि वह इस साल के बजट का 80 फीसदी हिस्सा कांगड़ा और दूसरे पिछड़े हुए इलाकों पर खर्च करके उन्हें बराबरी दें।

श्री राम चन्द्र कामरेड (नूरपुर) : स्पीकर साहिब, डाक्टर इकबाल ने एक शेर कहा था—

सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
हम बुलबुलें हैं उस की वुह गुलिस्तां हमारा ।

यह शेर इकबाल ने उस ज़माने में कहा था जब वह patriotism और देश-भक्ती की लहर में से गुज़र रहा था। लेकिन उस के कुछ अरसा के बाद जब उस की आंखों के सामने एक और नक्शा आ गया था तो उस ने एक और शेर कहा था:—

चीनो अरब हमारा हिंदोस्तां हमारा
मुस्लिम हैं हम वतन हैं सारा जहां हमारा ।

स्पीकर साहिब, अकबर हमारे भारत के महा कवि हुए हैं। जब उन्होंने इकबाल का यह शेर देखा तो उन्होंने इस के जवाब में एक शेर कहा--

आंखें खुली जहां में हुए राज़ आशकारा
सीखा जवान ने कहना हिंदोस्तां हमारा
रकबा को कम समझ कर अकबर यह बोल उठा
हिंदोस्तान कैसा सारा जहां हमारा ।

स्पीकर साहिब, यह जो resolution इस वक्त हाउस के सामने पेश है यह एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण resolution है लेकिन अगर कांगड़ा ज़िला के साथ सारे हरियाना को जोड़ दिया जाये तो इस का वह महत्व नहीं रहेगा । मेरे ख्याल में यह यकीनन अच्छी चीज है कि जो इलाके पीछे रह गये हुए हैं उन के नाम बेशक इस के साथ ले लिये जायें लेकिन इस के साथ सारे हरियाना प्रान्त को जोड़ देना ऐसा ही होगा कि कांगड़ा का रकबा कम समझ कर बिना ज़रूरत अधिक रकबा दिया गया है । इस के साथ जालन्धर को भी मिला दिया जाए तो फिर सारा पंजाब हो जाएगा, रकबा बेशक बढ़ जाएगा परन्तु प्रस्ताव का मतलब खत्म हो जाएगा । इस ज़माना में जैसे काम होते हैं इसके सम्बन्ध में एक महापुरुष ने कहा है—

> "To him, who hath more, more shall be given and from him who hath not, even that he hath, shall be taken away."

ऐन इस के मुताबिक अमल किया गया है। यानी जिस के पास तो कुछ है उस को और भी मिलेगा और जिस के पास कुछ नहीं है उसके पास जो कुछ भी है उस से वह भी छीन लिया जाएगा। अब तो यह असूल सा बन गया है। जिस को किसी चीज की अधिक ज़रूरत है उस को वह नहीं दी जाती और जिस को किसी चीज की ज़रूरत नहीं होती वह उस को दी जाती है। स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि जब बनी नौ इनसान करवट बदल रहा है तो हमें इस बात का अहसास होना चाहिये कि जो इलाके पहले तरक्की याफता हैं वह कुछ अरसा के लिये सबर करें और जो अभी ग़ैरतरक्की याफ़ता इलाके हैं उन को आगे लाना चाहिये । जब तक पीछे रहे हुए इलाके तरक्की याफ़ता इलाकों के बराबर नहीं आ मिलते तब तक हमारा सारा ध्यान उन्हीं पिछड़े हुए इलाकों की तरफ़ होना चाहिए । हर मामले में proportionate speed of development के तरीके को अपनाना चाहिये यानी तरक्की मुनासिब रफ्तार से होनी चाहिये । स्पीकर साहिब, मुझे रूस में जाने का मौका मिला है । वहां भी मैंने यह देखा था कि वहां जो इलाके आगे बढ़ गये थे

उन को छोड़ कर उन इलाकों की तरफ ज़्यादा ध्यान दिया गया था जो उन से पीछे रह गये हुए थे। इस का यह मतलब नहीं कि उन्होंने उन इलाकों की तरक्की को बिल्कुल रोक दिया था। वैसे तो वह हर चीज़ को हर पहलू में तरक्की की तरफ ले जाना चाहते हैं और उन की सर्वदा और लगातार कोशिश भी इसी दिशा में रहती है पर उस वक्त उन्होंने उन इलाकों के सुधार की तरफ अधिक ध्यान दिया था जो कम तरक्की याफ़्ता थे। मेरी गुज़ारिश है कि यहां भी हमें वही असूल अपनाना चाहिये। सब इलाकों को पहले एक सतह पर लाया जाए। जहां हमारे प्रांत में भी कुछ इलाके ऐसे हैं जिन को यकीनन दूसरे इलाकों के मुकाबिले में ज़्यादा सुविधाएं हासिल हैं और कुछ इलाके ऐसे हैं जो ज़्यादा पिछड़े हुए हैं और उन में से एक इलाका है ज़िला कांगड़ा का। स्पीकर साहिब, मैं यह नहीं कहता कि हमारी State में पिछड़ा हुआ सिर्फ एक कांगड़ा ही ज़िला है, और भी कुछ इलाके हैं। मेरी गुज़ारिश है कि उन सब को आगे लाना चाहिये और इस असूल पर अमल करना चाहिये कि—

"To whom, who needs more, more shall be given."

अर्थात् जिसको अधिक आवश्यकता है उसको अधिक देना चाहिये।

Resolution के मुहर्रक बख्शी जी ने कहा था कि कांगड़ा एक बर्रे आज़म है। हां रक्बे के लिहाज़ से देखें तो ऐसा ही है, सारे पंजाब का रकबा 37,000 मुरब्बा मील है और अकेले ज़िला कांगड़ा का रकबा 10,000 मुरब्बा मील है। मैं तो इसे सहराए आज़म कहूंगा क्योंकि development के लिहाज़ से यह इस से बेहतर नहीं है। (एक आवाज़: कोहे आज़म कहिए)। हां यह भी ठीक है। मगर तरक्की के लिहाज़ से यह सहराए आज़म ही है। इस इलाके में सड़कें बहुत कम हैं, स्कूल भी बहुत थोड़े हैं इस लिये तालीम भी बहुत कम है। इस नई सरकार ने तालीम के लिये कुछ कोशिशें की हैं और कुछ नए स्कूल खुलवाए हैं। मगर स्कूल खोलने के लिये भी कुछ शर्तें हैं। कहा जाता है कि उस गांव या इलाके के लोग इमारत दें जहां पर स्कूल खुलवाना हो। मगर कांगड़ा के लोगों की यह हैसियत नहीं, इतनी ताकत नहीं कि इमारत मुहैया करके स्कूल खुलवा सकें। फिर जहां स्कूल होते भी हैं तो वहां पर मास्टर नहीं होते। अब मैं नूरपुर तहसील का ज़िक्र करना चाहता हूं। मैं ने एक सवाल पूछा था उस का जवाब मुझे मिल गया है। पता नहीं यह असेम्बली में आया कि नहीं। इस के मुताबिक National Extension Service के लिये $7\frac{1}{2}$ लाख रुपया मन्ज़ूर हुआ है। इस में से तीन साल में 3 लाख रुपया development पर खर्च होना है। 18 महीने में 40,000 रुपया खर्च हुआ है। इस में से 25,000 रुपया तो तन्खाहों और जीपों वगैरह पर ही खर्च हुआ होगा। बाकी 15,000 रुपया development पर खर्च हुआ है। इतने कम खर्च की क्या वजह है केवल यही कि सरकार ने proportionately उतना ही देना है जितना रुपया पब्लिक दे। बाकी पंजाब में भी यही कायदा है लेकिन जिस तरह दूसरे धनी इलाके 50% contribute करते हैं, कांगड़ा के लोग नहीं कर सकते। वे गरीब हैं। इस लिये मैं चाहता हूं कि अधिक हिस्सा गवर्नमेंट दे और इस इलाके को उस पैमाने के साथ न नापे जिस से दूसरे इलाकों को नापती है

[श्री राम चन्द्र कामरेड]

वरना यहां की तरक्की रुक जायेगी । यहां के लोग बेहद गरीब हैं, पसमान्दा हैं, उन से रुपया न मांगा जाए । बाकी उन की मेहनत देखें । नूरपुर में अवामने कम से कम 80 मील सड़क बनाई है। Parks के लिये जमीनें दीं । इसी तरह और भी थोड़ा बहुत जो कुछ श्रम वह कर सकते हैं कर रहे हैं । मगर आप कांगड़े को दूसरे इलाके के पैमाने से न नापें । यह बड़ा backward इलाका है । मेरे दोस्त कई बार मुझ से कहते हैं कि कोई मुण्डू ला दें । होश्यारपुर और कांगड़े का इलाका servants supply करता है । अगर इस district को इस अवस्था में निकालना है तो लाज़मी तौर पर यहां तरक्की के काम करने होंगे । सरकार देखे कि यहां शिक्षा कितनी कम है । लड़कियों की शिक्षा का प्रबन्ध बहुत ही कम है । स्कूल और कालिज नहीं, technical schools नहीं । पंडित अमरनाथ ने बड़ी मुश्किल से एक technical स्कूल यहां खोला है । मगर सरकार ने उसे मन्ज़ूरी नहीं दी कि प्रबन्ध का standard कम है । ठीक है, जाबता पर पूरी तरह से अमल होना चाहिये लेकिन अगर इस स्कूल का मियार ठीक नहीं तो गवर्नमेंट ठीक करे । यह तो सभी जानते हैं कि हमारे पास काफी जराए नहीं इस लिये अगर Government मदद न करे तो यहां technical education कैसे चलेगी । मैं कहता हूं पंडित अमरनाथ जी ने बड़ा अच्छा कदम उठाया है । अब यह सरकार का फर्ज़ है कि वह इस institution की मदद करे और जो कमी हो वह अपने खज़ाने से पूरी करे । फिर इस ज़िला में लड़के और लड़कियों के लिये कोई ट्रेनिंग स्कूल भी नहीं है । हम बार २ अपनी दशा बताते हैं मगर कोई तवज्जुह नहीं दी जाती । यह तो ठीक है कि वहां पर शायद दूसरे ज़िलों के स्कूलों जितने लड़के लड़कियों की तादाद नहीं । ऐसी अवस्था में दूसरे ज़िलों के बच्चे यहां आ सकते हैं । कांगड़ा की दशा मुख्तलिफ है । हम लोगों में माली ताकत नहीं कि दूसरे ज़िलों में जा कर पढ़ सकें । अब प्राइमरी शिक्षा लो । कांगड़ा में बच्चों को बड़ा मुश्किल २ रास्ता तय करके स्कूल जाना पड़ता है । हमारे स्कूल में लड़के 5, 5 मील से पढ़ने आते हैं । वे अपने साथ रोटी और आचार लाते हैं और recess में बैठ कर खा लेते हैं । कांगड़ा में कहावत है कि एक नालू, और दो कवालू अर्थात् एक ग्राम से दूसरे ग्राम में जाना है तो आप को नदी और पहाड़ी पार करनी पड़ेगी । और यह 5-6 मील का फासला हो जाएगा । इस लिये कांगड़ा ज़िले में मैदानों की निसबत ज्यादा स्कूलों की ज़रूरत है । अब आप देखें कि एक पंचायत जिस का रकबा 24 मुरब्बा मील है, वहां सिर्फ एक स्कूल है । अब यह तो ठीक है कि एक पंचायत में एक स्कूल है मगर यह भी सोचें कि यह कितने इलाके के लिये है । अगर आप समझते हैं कि इस इलाके में तालीम फैलाना ज़रूरी है तो और भी स्कूल खोलने होंगे ।

अब आप लोगों की सेहत की देख भाल का इन्तज़ाम देखें । अदादो शुमार देखने से मालूम होगा कि यहां पर सब से कम हस्पताल हैं । बरसात में वर्षा की वजह से रास्ते रुक जाते हैं और बीमार आदमी इलाज के लिये अस्पताल तक पहुंच नहीं पाते । कभी मलेरिया है तो कभी कुछ और मगर इलाज कुछ नहीं । भगवान ने दया की तो मरीज़ बच गया वरना बहुत से तो इस जहान से कूच कर जाते हैं । और जब कोई बीमारी पड़ जाये या तपेदिक हो जाए तो बचने की उम्मीद ही क्या हो सकती है । हमारी तरफ लोग कहा करते हैं कि जब सेका हो जाता है तो वह बढ़ता ही जाता है और इलाज कोई नहीं हो सकता । मेरी दरखास्त है कि medical relief का यथेष्ठ इंतज़ाम ज़रूर किया जाना चाहिये । आजकल तो वहां

अवस्था यह है कि अव्वल तो इतने हस्पताल हैं ही नहीं अगर कोई हैं भी तो दो दो तीन २ साल वहां के लिये कोई डाक्टर नहीं मिलता, compounder ही काम चलाता है और अगर कहीं डाक्टर है तो दवाई नहीं है। ऐसी खराब हालत है और तवज्जुह कोई देता नहीं।

मैं इलाके की गुरबत का ज़िक्र करना चाहता हूं। वहां पर unemployment तो है ही, under-employment भी है। लोगों का गुज़ारा खेती पर है और कोई काम नहीं। खेती करने के बाद उन लोगों के पास काम नहीं। कोई दस्तकारी नहीं है। अगर आप मदद दें तो वहां पर घरेलू दस्तकारियां चालू की जाएं ताकि पहाड़ के निवासी अपने घरों में बैठे दस्तकारी सीख कर कुछ कमा सकें। चन्द एक सनअतें भी चालू की जा सकती हैं। मिसाल के तौर पर वहां एक सिम्बल का दरख्त होता है जिस की लकड़ी से दिया सिलाई बनती है। इस तरह match factory चल सकती है। फिर आप जानते हैं कि चील के दरख्त भी हैं जिन के गन्दा बरोज़ा का कारखाना लगाया जा सकता है। इसी तरह कागज बनाने वाला घास बहुत पैदा होता है जो जगाधरी वगैरह के कारखानों को supply किया जाता है मगर फिर भी सारा इस्तेमाल नहीं होता। इसी तरह नूरपुर में भी बगड़ बहुत होता है। अगर एक कागज़ factory वहां लगा दी जाये तो लोगों को कुछ न कुछ काम मिल सकता है। आप को यह सुन कर हैरानी होगी कि किसी जमाने में नूरपुर की आबादी 25,000 थी मगर आज सिर्फ 3 हज़ार है। इस नगर को बादशाह जहांगीर की मलका नूरजहां ने बसाया था। उन दिनों पशमीने की सनअत यहां पर अरूज पर थी मगर आज किसी न किसी वजह से मौजूदा मुकाबले की ताब न लाकर खत्म हो गई है। आज भी नूरपुर की स्त्रियां सारे पंजाब में सब से बारीक पशमीना कात सकती हैं। अब मैं चन्द एक मिनटों में.......

(स्पीकर साहिब ने घंटी बजाई)

स्पीकर साहिब, आप मुझे थोड़ा सा वक्त दें।

Mr. Speaker: No please, your time is over.

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ (ਅਜਨਾਲਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਮੈਂ ਇਸ ਰੈਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਜੋ ਕਿ ਕਾਂਗੜਾ ਜ਼ਿਲੇ ਬਾਰੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਦੀ ਤਹਿਦਿਲ ਤੋਂ ਪ੍ਰੋੜ੍ਹਤਾ

4 p.m.

ਕਰਨ ਲਈ ਖੜ੍ਹਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਪਰ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਤੋਂ ਮੰਗ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਰੈਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਨੂੰ move ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਪਿਛਲੇ ਬਜਟ ਸੈਸ਼ਨ ਵਾਂਗ ਹੀ ਇਸ ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਨਾ ਲੈ ਲੈਣ। ਮੈਂ, ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਬੜੀ ਹਲੀਮੀ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਂਗੜੇ ਨੂੰ ਪਛੜਿਆ ਇਲਾਕਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਉਹ ਸਹੂਲਤਾਂ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀਆਂ ਜੋ ਮਿਲਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਸਨ। ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇ ਨਾ ਮਿਲਣ ਦਾ ਵਡਾ ਕਾਰਨ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ M. L. As. ਹਨ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਆਪ ਨੂੰ ਯਾਦ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਬਜਟ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿੱਚ ਕਾਂਗੜੇ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਲਾਜ਼ਮੀ ਕਰਨ ਬਾਰੇ ਇਕ ਰੈਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਆਇਆ ਸੀ। ਉਸ ਵਿਚ ਅਸੀਂ amendment ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਲਾਜ਼ਮੀ ਕਰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਹੋਰ ਰੁਪਿਆ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਹੋਰ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਵੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲ ਸਕਣ।

[ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ]

ਇਸ resolution ਤੇ ਚਾਰ ਘੰਟੇ ਬਹਿਸ ਹੁੰਦੀ ਰਹੀ। ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਥੇ ਨਾਲੀਆਂ ਚਲਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਲਾਕਾ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਚਾਰੇ ਚਾਰੀ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ 14 ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਕਲੀਫਾਂ ਨੂੰ ਦਹੁਰਾਇਆ ਉਸ ਵਕਤ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਨੇ ਵੀ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਹਾਉਸ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਅਜਿਹਾ ਨਹੀਂ ਜੋ ਇਸ ਰੇਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਨਾਲ ਇਤਫਾਕ ਨਾ ਰਖਦਾ ਹੋਵੇ। ਅਸੀਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਵੀ ਬੋਲਣ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਬੋਲਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਖੂਬ ਬੋਲੇ ਪਰ ਬਾਦ ਵਿਚ ਅਸਾਡੇ Education Minister ਸਾਹਿਬ ਉਠੇ ਤੇ ਬੋਲੇ "ਕਿ ਇਸ resolution ਨੂੰ ਵਾਪਸ। ਲਵੋ ਇਸ resolution ਵਿਚ Education Minister ਦਾ ਧਿਆਨ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਵਿਦਿਆ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣ ਦਾ ਮੰਤਵ ਹੈ। ਸੋ ਹੁਣ ਮੇਰਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਹੁਣ ਖਿਆਲ ਰਖਾਂਗਾ ਤੇ ਮੈਨੂੰ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਵਧੇਗੀ, ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਦੂਰ ਪੜ੍ਹਨ ਲਈ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਪਏਗਾ ਅਤੇ ਨਦੀ ਨਾਲੇ ਨਹੀਂ ਟਪਣੇ ਪੈਣਗੇ।" Education Minister ਦੀਆਂ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਸੁਣ ਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਉਸ resolution ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਿਆ। ਖੈਰ ਰੇਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਿਆ ਗਿਆ ਪਰ ਅਸਾਡੀ amendment ਰਹਿ ਗਈ। ਹੇਠਲਾ ਘਰ ਡਿਗ ਪਿਆ ਤੇ ਚੁਬਾਰਾ ਉਪਰ ਰਹਿ ਗਿਆ (ਹਾਸਾ)। ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਝਟ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਿਆ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ: ਤੁਸੀਂ ਹਾਊਸ ਦੇ ਕਿਸੇ ਪਹਿਲੇ ਫੈਸਲੇ ਤੇ comment ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਤੁਸੀਂ ਹਾਊਸ ਤੇ reflect ਨਾ ਕਰੋ।

(The hon. Member cannot comment upon any previous decision of the House. He should avoid casting reflections on the House.)

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ: ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, resolution ਵਾਪਸ ਲਿਆ ਗਿਆ। ਅਸਾਨੂੰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਰੇਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਵਾਪਸ ਲੈ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਹੁਣ ਤੁਸੀਂ ਇਸ ਤੇ amendment ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ। ਅਸੀਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਇਸ amendment ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ। ਅਸੀਂ ਇਹ ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਕਿਧਰ ਵੋਟ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਆਪਣੀ amendment ਵਿੱਚ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਲਾਜ਼ਮੀ ਕਰਾਰ ਨਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਸਗੋਂ ਹੋਰ ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਪਰ ਜਦੋਂ ਵੋਟ ਲਏ ਗਏ ਤਾਂ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਸਭ M. L. As. ਨੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ ਨਾਲ ਵੋਟ ਦਿੱਤੀ।

अध्यक्ष महोदय: आप किसी मेम्बर साहिब के conduct पर reflect नहीं कर सकते। आपकी तवज्जुह इस तरफ पहले भी दिलाई जा चुकी है। [He cannot cast reflections on the conduct of any Member. His attention has already been drawn to this effect.]

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ: ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਹੁਣ ਇਹ ਰੇਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਹੈ ਕਿ ਕਾਂਗੜੇ ਦੀ development ਲਈ funds ਰਖੇ ਜਾਣ, ਸਕੂਲ ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਅਤੇ ਹੋਰ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਹੁਣ ਮੈਨੂੰ ਡਰ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਵੀ ਵਾਪਸ ਨਾ

ਲੈ ਲੈਣ। ਜੇਕਰ ਇਹ ਪਾਸ ਹੋ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਸ ਜ਼ਿਲੇ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਪਰ ਹੁਣ ਤਾਂ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਦੋ ਤਿੰਨ ਹੋਰ ਗੱਲਾਂ ਰਖ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨੀਯਤ ਸਾਫ ਦਿਸ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਰੈਜ਼ੂਲਿਊਸ਼ਨ ਨਾਲ ਕੀ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਹ ਤਾਂ ਪਾਸ ਕਰਾਣ ਲਈ ਨਹੀਂ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸਗੋਂ ਇਕ election propaganda ਹੈ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਨੂੰ ਬਰਤਾਨਵੀ ਸਾਮਰਾਜ ਸ਼ਾਹੀ ਨੇ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਪਿਛੇ ਰਖਿਆ ਸੀ ਤਾਂ ਜੋ ਇਥੋਂ ਦੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਨੂੰ ਫੌਜ ਵਿੱਚ ਵਰਤਿਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਪਰ ਹੁਣ ਹਾਲਾਤ ਬਦਲ ਚੁਕੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਇਲਾਕਾ ਪਛੜਿਆ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਹੋਰ ਫੰਡਜ਼ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਹੋਰ ਸਹਾਇਤਾ ਮਿਲੇ, ਹਸਪਤਾਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਜਾਣ, ਤਾਲੀਮ ਤੇ communication ਵਾਸਤੇ ਰਕਮ ਰਖੀ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ਅਜ ਅਸੀਂ ਕੀ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਪਿਛੇ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਜੰਗਲ ਤੇ ਨਦੀਆਂ ਬਹੁਤ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਪਛੜਿਆ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਪਰ ਇਥੇ ਜੰਗਲਾਂ ਦੀ ਥਾਂ "landlord ਕਸਰਤ ਸੇ ਪਾਏ ਜਾਤੇ ਹੈਂ" (ਹਾਸਾ)।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਅਸਾਡੀ ਅਸੈਂਬਲੀ ਨੇ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਜੰਗਲ ਸ਼ਾਮਲਾਤ ਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਵਿਚੋਂ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਹਿਸਾ ਮਿਲੇਗਾ ਪਰ ਆਪ ਰਾਹੀਂ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਦਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਥੋਂ ਦੇ ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਸ਼ਾਮਲਾਤਾਂ ਨੂੰ ਸੰਭਾਲੀ ਬੈਠੇ ਹਨ। ਰਾਜਾ of ਲੰਬਾ ਗਾਂਓ ਹੁਣ ਤਕ ਆਲਾ ਮਲਕੀਅਤ ਵਸੂਲ ਕਰੀ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਕੀ ਮੈਂ ਪੁਛ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਹਟਾਇਆ ਜਾਂਦਾ? ਸ਼ਾਮਲਾਤ ਤੇ ਉਸ ਦਾ ਕਬਜ਼ਾ ਹੈ। ਦਰਖਤ ਜੋ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਧਨ ਹਨ, ਬੜੀ ਬੇਰਹਿਮੀ ਨਾਲ ਉਹ ਕਟਵਾ ਰਿਹਾਂ ਹੈ। ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਇਸ ਨਾਲ ਕੀ ਫਾਇਦਾ ਹੈ? ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ resolution ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ....

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : Order please. ਤੁਸੀਂ M.L.As. ਦੇ conduct ਤੇ reflect ਨ ਕਰੋ। Resolution ਤਕ ਮਹਿਦੂਦ ਰਹੋ। ਤੁਹਾਡੇ ਜਿਹੇ ਸੁਲਝੇ ਹੋਏ ਮੈਂਬਰ ਪਾਸ relevancy ਜ਼ਰੂਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। (He may please refrain from casting any reflection on the Members. He should confine himself to the resolution. A sensible Member like him must be relevant to the subject under discussion.)

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ: ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਇਸ resolution ਨੂੰ ਪੂਰੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ support ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਕਾਂਗੜੇ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਪਾਸ ਅਪੀਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸੇ ਵਜ਼ੀਰ ਦੇ ਯਕੀਨ ਦਿਲਾਉਣ ਤੇ ਵੀ ਇਸ resolution ਨੂੰ ਵਾਪਸ ਨਾ ਲੈਣ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰਵਾ ਲੈਣ।

श्री लाल चन्द परार्थी (कुल्लू): स्पीकर साहिब, बख्शी प्रताप सिंह ने जो resolution कांगड़े के इलाके के बारे में पेश किया है मैं उस की ताईदे मज़ीद के लिये खड़ा हुआ हूं। यह बात

[श्री लाल चन्द परार्थी]
रोज़े-रोशन की तरह अयां है कि कांगड़ा का ज़िला एक पसमान्दा ज़िला है। पसमांदगी इनसान के माथे पर एक कलंक का टीका है। सच मुच ऐसा मालूम होता है कि पसमांदगी आज एक गुनाह है। इस बारे में ज़िला के अवाम की तरफ से मैं यह कह सकता हूं कि—

गुनाहगारों में शामिल हैं गुनाहों से नहीं वाकिफ,
सज़ा को जानते हैं हम खुदा जाने खता क्या है।

स्पीकर साहिब, पसमांदा होना गुनाह ज़रूर है लेकिन हम इस गुनाह के मुरतकिब नहीं हुए हैं। हम जान बूझ कर जहालत और गुरबत में नहीं रह रहे। इनसान फितरतन कभी भी पीछे नहीं रहना चाहता। कुछ हालात ही ऐसे बना दिये गये और जान बूझ कर हम को पसमान्दा रखा गया। उस वक्त अंग्रेज़ों को फौज में भर्ती की ज़रूरत थी। और यह रोज़े-रौशन की तरह नुमायां है कि इसी भर्ती के लिये कांगड़ा को दीदा दानिस्ता पसमांदा रखा गया। अंग्रेज़ों को खतरा था कि अगर इस ज़िला को पसमान्दा न रखा गया तो उन्हें शायद बहादुर डोगरों की भर्ती नहीं मिलेगी।

जहां तक, स्पीकर साहिब, कांगड़ा ज़िले की वुसअत का ताल्लुक है इस का रकबा 10 हज़ार मुरब्बा मील है। इस में कुल्लू सब-डिवीजन का रकबा 6 हज़ार मुरब्बा मील है। कुल्लू Sub-Division को भी जान बूझ कर ही पीछे रखा गया है। अंग्रेज़ों के लिये यह इलाका काशमीर से कम नहीं था। यह Switzerland से कम नहीं। जब अंग्रेज़ों ने colonisation की स्कीम शुरू की तो अंग्रेज यहां पर आते थे shooting और big games के लिये। Trout fishing के लिये इस इलाके से उन्हें सैंकड़ों मज़दूरों की ज़रूरत थी जो उन्हें चार चार आने रोज़ पर मिल जाते थे। इस इलाके को पसमान्दा रख कर उन्होंने अपनी तफरीह का सामान मुहैया किया हुआ था।

यह वजूहात थीं कि उस वक्त अंग्रेज़ों ने Kulu Valley को, जो health resort है, दीदा दानिस्ता backward रखने की कोशिश की। स्पीकर साहिब, आप सुन कर हैरान होंगे कि पिछले दिनों जब डाक्टर गोपी चंद जी की वज़ारत थी तो वह कुल्लू तशरीफ ले गये थे। उन दिनों में मैं वहां मौजूद था। उन के सामने जब वादिये कुल्लू के लोगों की मुश्किलात रखीं और कहा गया कि यहां के लोगों को बिजली और पानी की सहूलियात मिलनी चाहियें तो उन्होंने फरमाया कि बिजली और पानी लेकर क्या करोगे। यह इलाका देवताओं की भूमि है, यहां पुरानी तहज़ीब और पुराना तमद्दुन ही रहना चाहिये। हमीरपुर में जब उन से अर्ज़ की गई कि वहां एक कालेज खोला जाये तो उस के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर यहां के लोग तालीम याफ्ता हो गये तो फौज में कौन भर्ती होगा। अंग्रेज़ों के वक्त में तो यह बात समझ में आ सकती थी कि उन्होंने अपनी गर्ज़ के लिये इस ज़िले को backward रखने की कोशिश की लेकिन अब जब कि हमारी अपनी गवर्नमेंण्ट है उसे इस ज़िले की development के लिये पूरी पूरी कोशिश करनी चाहिये। मेरे मोहतरिम दोस्त छीना साहिब ने ठीक कहा कि पिछली बार जब इस ज़िला के लोगों को तालीम की सहूलियतें पहुंचाने के सम्बन्ध में रैज़ोल्यूशन पेश हुआ तो गवर्नमेंट ने कुछ विश्वास दिलाए और रैज़ोल्यूशन वापिस लिया गया। लेकिन इस में शक नहीं कि सरकार की तरफ से बहुत कुछ किया जा रहा है। फिर भी, स्पीकर साहिब, मैं

अर्ज़ किया चाहता हूं कि सरकार इस ज़िला की development की तरफ पूरा पूरा ध्यान नहीं दे रही। मैं समझता हूं कि जब तक इस ज़िला की development के लिये सरकार खास कदम नहीं उठायेगी उस वक्त तक यहां के लोग आगे नहीं बढ़ पायेंगे। एक बार पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने कहा था कि "freedom can have no real meaning for us unless it is the freedom of the most exploited in the country." Gandhiji has always laid stress on this and it is from these down-trodden that he has drawn strength. इस लिये मैं समझता हूं कि जब तक सरकार अपनी खास तवज्जुह हम पसमांदा लोगों की तरफ नहीं देती तब तक यहां के लोगों के लिये तरक्की का कोई इमकान नहीं और इस के बगैर आज़ादी के कोई माने नहीं। यह खुशी की बात है कि बख्शी जी के resolution को आज first priority मिली है। इस पर एक दोस्त ने ज़िक्र किया कि कांगड़ा ज़िला के मेम्बरों ने क्या मज़ाक बना रखा है कि वे आये दिन इस ज़िला की backwardness की रट लगाते रहते हैं। मैं हैरान हूं कि बाज़ लोगों के दिलों में यह ख्याल कैसे आ जाता है कि कांगड़ा पसमांदा ज़िला नहीं है। मेरे दोस्त बेशक शोर मचाने का गिला करते रहें लेकिन मैं समझता हूं कि आज की दुनिया में और मौजूदा हालात के मुताबिक हमारे लिये शोर मचाना ही ज़रूरी है क्योंकि:—

चमनज़ोर सियासत में खामोशी मौत है बुलबुल ।
यहां की रस्म ही पाबंदिय आहो फगां तक हैं ।।

इस बात से दर असल कोई भी इन्कार नहीं कर सकता कि यह जिला बहुत पसमान्दा है और यहां के लोगों की हालत नागुफ्ता बेह है। गुरबत की वजह से लोग परेशान हाल हैं और ऐसे ऐसे वाक्यात देखने में आते हैं जहां औरत के पास बच्चा जनने के बाद एक गज़ कपड़ा बच्चे को ढांपने के लिये नहीं होता और उन्हें सर्दी से बचाने के लिये भूसे में रखना पड़ता है। वज़ीर साहिबान जो इस ज़िले का दौरा करते हैं वह आम तौर पर शहरों, बड़े बड़े बाज़ारों और main roads में फिर कर अंदाज़ा लगा लेते हैं कि सब ठीक है लेकिन अगर वह Kulu Valley के interior parts में जायें तो उन्हें पता लगेगा कि वहां अवाम की क्या हालत है और किस तरह लोग गुरबत में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस इलाके में means of transport and communications बिल्कुल महदूद हैं जिस की वजह से लोगों को बेहद तकलीफ का सामना करना पड़ता है। मैं इस सम्बन्ध में एक छोटी सी मिसाल पेश करना चाहता हूं। कांगड़ा और कुल्लू के दरम्यान तकरीबन 100 मील का टुकड़ा ऐसा है जो हिमाचल का हिस्सा है इस लिये कुल्लू पंजाब से भी cut off है और कांगड़ा से भी cut off है। लोगों को 100 मील हिमाचल में से हो कर कुल्लू पहुंचना पड़ता है इसलिये transport के मामले में यह इलाका हिमाचल के रहमो करम पर है। यहां transport का इंतज़ाम दरहम बरहम है क्योंकि monopoly हिमाचल सरकार के हाथों में है और पंजाब गवर्नमेण्ट इस मामला में टस से मस नहीं हो रही

[श्री लाल चन्द परार्थी]

है । मंडी दरबार से किये गये एक पुराने और बोसीदा agreement की बिना पर हमें हमेशा के लिये हिमाचल के रहमो करम पर छोड़ रखा है । तालीम की हालत बहुत बुरी है । नौकरियों के मुताल्लिक बहुत से भाई कह चुके हैं और में कहूंगा कि इस ज़िला के लोगों को सरकारी मुलाज़मतों में मुतनासिब और खास representation मिलनी चाहिये। पानी की बहुत किल्लत है और लोगों को कई मीलों से पीने के लिये पानी लाना पड़ता है । ज़मीन की यह position है कि इस ज़िले में 364,937 land-owners हैं । आदादो शुमार से पता चलता है कि 107,742 मालिक ऐसे हैं जो एक एकड़ तक ज़मीन के मालिक हैं, 108,390 ऐसे हे जो दो एकड़ तक के मालिक हैं, 99,340 लोग ऐसे हैं जो पांच एकड़ जमीन के मालिक हैं और 3,000 के करीब ऐसे लोग हैं जो 10 एकड़ ज़मीन के मालिक हैं यानी 95 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिन की बहुत small holdings हैं । सिर्फ 16,000 के करीब ऐसे लोग हैं जो बड़ी बड़ी ज़मीनों के मालिक हैं बाकी के तमाम petty land-holders हैं इस लिये इन छोटी २ ज़मीनों पर गुज़ारा तो हो सकता है, तरक्की नहीं की जा सकती ।

Industry के सिलसिले में में अर्ज़ करूंगा कि गवर्नमेंट ने कोई ऐसे कदम नहीं उठाये जिन से इस ज़िले को industry के लिहाज़ से तरक्की याफ्ता बनाया जा सके । पिछली गर्मियों में पानी के गरम चश्मे मनीकरण का दौरा हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने किया था । यह इलाका कुल्लू वैली का वह हिस्सा है जिसे Silver Valley के नाम से पुकारा जाता है । इस वैली में कई किस्म की mines हैं— मिसाल के तौर पर iron, manganese, lead, copper, sulpher, silver, mica, precious stones वगैरह । मैंने खुद सच्चर साहिब को ग्यारह किस्म के ores analysis के लिये दिये हैं, मालूम नहीं इन का क्या हशर हुआ । इतनी दौलत होते हुए भी पंजाब सरकार भारत सरकार पर ज़ोर नहीं डाल रही कि वह इन्हें बाकायदा तौर पर explore करने का यत्न करे । मुझे बहुत हैरत होती है कि इस national wealth को exploit करने की कोशिश क्यों नहीं की जा रही है । हमारे लिये तो न सही लेकिन मुल्क की wealth को बढ़ाने के लिये तो गवर्नमेंट को ज़रूर इकदाम करने चाहियें और पहाड़ों में छुपी इस दौलत को निकालना चाहिये ।

हमारे ज़िले में बेअंत दौलत छिपी हुई है । पहाड़ के पहाड़ कीमती दरख्तों से ढके हुए हैं । देश में कागज़ की कमी का रोज़ ही ज़िक्र आता है । Norway और Sweden में जिस pulp से कागज़ तैयार किया जाता है उस की करोड़हा टन लकड़ी हमारे ज़िले में पड़ी सड़ रही है । वहां पर जो जड़ी-बूटियां पैदा होती हैं, उन का कोई शुमार नहीं, उन से pharmaceutical industry शुरू करके बेशुमार दवाइयां बनाई जा सकती हैं और देश की ज़रूरियात को पूरा किया जा सकता है । वहां पर अनगिनत पेड़ चीलों के हैं, अगर rosin factory लगाई जाए तो बहुत बड़ी मिकदार में rosin तैयार किया जा सकता है । यह factory कांगड़ा के नज़दीक या नूरपुर में लगाई जा सकती है । मगर शायद गवर्नमेण्ट इस लिये आमादा नहीं होती कि होशियारपुर के उन लोगों को जो भठियों में बरोज़ा तैयार करते हैं, नुकसान न पहुंचे ।

Paper-pulp तैयार करने के लिये जैसा कि मैं पहले अर्ज़ कर चुका हूं, वहां पर बड़ी गुंजायश है। फिर वहां पर बेहद अच्छी किस्म की लकड़ी होती है जिस से आला किस्म का furniture बन सकता है।

ऊन और पशम की तो पंजाब में वाहिद मंडी ही कुल्लू है जहां यह चीज़ें तिब्बत से आती हैं। वहां पर factory न होने की वजह से सारी ऊन धारीवाल और कलकत्ते भेजी जाती है। अगर लाहौल में ऊन की mill लगा दी जाए तो गरीब लोगों को रोज़ी कमाने का एक ज़रिया मिल जाए और देश को भी लाभ हो। वहां पर बेहद अच्छी किस्म की slates पाई जाती हैं। Soap-nuts यानी रीठे के पेड़ भी पाये जाते हैं, जिन से chemicals और दवाइयां तैयार की जा सकती हैं। शहतूत के पेड़ बहुत होने से रेशम के कीड़े पाले जा सकते हैं और इस तरह रेशम की सनअत को बढ़ाया जा सकता है।

स्पीकर साहिब, हमारा ज़िला minerals का भंडार है; mining की industry शुरू करके वहां के लोगों की हालत को सुधारा जा सकता है मगर जब तक पंजाब सरकार special कार्यवाही नहीं करेगी और इस के बारे में खास ध्यान नहीं देगी, उस वक्त तक हमारा इलाका तरक्की नहीं कर सकेगा। आज़ादी आने के बाद भी हमारे ज़िले के लोग most backward और exploited लोग हैं। पिछले साल बजट में 40 लाख के करीब रुपया खास तौर पर रखा गया था। ज़िले के लिये यह एक अच्छी बात की गई थी मगर यह कोई हातमताई की कबर पर लात मारने वाली बात नहीं थी। यह काम कई साल पहले शुरू किया जाना चाहिये था। जैसा कि बख्शी जी ने फरमाया है सरकार को 12 लाख रुपए सालाना तो कांगड़ा के जंगलात से आमदन होती है। 200 साल से इतना रुपया हर साल सरकार के खज़ाने में जमा होता रहा है, इस तरह करोड़ों रुपये सरकारी खज़ाने में जमा हो चुके हैं। अगर 40 लाख रुपये भूले से हमारे ज़िले की तरक्की पर लगा भी दिये गये तो कोई बड़ी बात नहीं की गई। हम पर खर्च होना ही चाहिये, हम भी देश के citizens हैं और पिछड़े हुए हैं। ज़िला कांगड़ा का वह इलाका जिसे कुल्लू valley कहते हैं और उस के साथ लाहौल सिपिती valley एक हज़ार मील तक Tibet border के साथ चलते हैं। अगर वहां के सरहद्दी लोगों को मुनासिब रियायतें न दी गईं, उन लोगों की हालत को सुधारने की कोशिश न की गई और उन की मुश्किलात का ध्यान न रखा गया तो हो सकता है कि उन के दिलों में वहिम और शुबहात पैदा हो जाएं। ऐसा होना मुमकिन है क्योंकि हम सब जानते हैं कि पड़ोसी प्रान्त हिमाचल प्रदेश में 12 लाख आदमियों की तरक्की पर 3 करोड़ रूपया सालाना खर्च हो रहा है। कांगड़े के 10 लाख लोगों पर चन्द लाख रुपये खर्च होने पर लोग कैसे संतुष्ट हो सकते हैं। वहां के लोगों के दिलों में तसल्ली नहीं है। वे यह महसूस करने में हक बजानब हैं कि उन के साथ अच्छा बर्ताव और मुनासिब इनसाफ नहीं किया जा रहा।

अन्त में, मैं आप की विसातत से अपनी Cabinet तक यह आवाज़ पहुंचाना चाहता हूं कि आइंदा सालों में ज़िला कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल और सिपिती की development की तरफ जंगी सतह पर तवज्जुह दी जाए।

राम्रो गजराज सिंह (गुड़गांव) : श्रीमान् स्पीकर साहिब, इस Resolution के mover साहिब को मैं मुबारकबाद देता हूं। कांगड़ा के लोगों के सही हालात आज हाउस के सामने आए हैं।

हम 6 मेंबरों ने इस प्रस्ताव पर एक तरमीम पेश की है। इस में ज़िला गुड़गांव का ज़िक्र किया गया जहां के हालात ज़िला कांगड़ा से किसी हालत में बेहतर नहीं। 1857 के गदर के बाद गुड़गांव के इलाके के 7 rulers, Nawab of Ferozepur-Jhirka, Nawab of Jhajjar, Raja of Rewari, etc., को फांसी की सज़ा दी गई थी। उस वक्त वहां के बाकी हुक्मरान या तो भाग गये थे या उन्हें जेल में डाल दिया गया था। राजस्थान के राजाओं और सिख Chiefs ने अंग्रेज़ों को मदद दी थी, इस लिये हमारा कुछ इलाका यानी मोहनगढ़ तो पटियाला महाराजा को दे दिया गया, कुछ जींद के राजा को और कुछ जयपुर की रियास्त में शामिल कर दिया गया था। Political Department की पुरानी files और दूसरे पुराने record में लिखा हुआ मौजूद है कि 'यह बागियों का इलाका है, इस लिये यहां के लोगों की सरकोबी की जाए, उन्हें उठने न दिया जाए। यह वजह थी कि वहां पर जो Deputy Commissioner लगाए जाते थे military के Major या Colonel होते थे ताकि इस इलाके के लोगों की हालत सुधर न सके। उस के बाद इस policy में तबदीली आई। ज़ुल्म की पालिसी, जिस का District Gazetteer में भी ज़िक्र है, को बदला गया मगर इस इलाके को backward रखने की policy पर अमल होता रहा ताकि यहां से फौज के लिये ज़्यादा से ज़्यादा भरती की जा सके।

यह ज़िला खुद ही गैर तरक्की याफता नहीं हो गया है, बल्कि इसे जान बूझकर बनाया गया है। ऐसी हिदायात कि इस इलाके को develop न किया जाए, आज भी record पर मौजूद हैं। इस इलाके को किस गर्ज़ के लिये पसमान्दा रखा गया ? इस में वहां के लोगों का कोई कसूर नहीं। आज़ादी आ जाने के बाद तो यह बात मानी जानी चाहिये कि इस ज़िले को जान बूझ कर backward रखा गया था।

हम इस बात को political शकल नहीं देना चाहते। अगर अमृतसर, जालंधर और लुधियाना के ज़िले तरक्की याफता हैं तो खुशी और फखर की बात है लेकिन हमारा फर्ज़ है कि सरकार का ध्यान उन इलाकों की ओर दिलाएं जिन की तरक्की किसी खास वजह से रुकी रही। देहाती मिसाल है कि 100 बरस के बाद तो कोढ़ी की किस्मत भी जागती है। क्या 100 साल गुज़र जाने के बाद भी हमारी बारी नहीं आएगी ? हमें खुशी है कि एक सवाल के जवाब में विकास मंत्री जी ने गुड़गांव को backward ज़िला तसलीम किया है।

स्पीकर साहिब, मुझे इस बात से दुख होता है और सरकार को भी दुख होता होगा कि इस के राज्य में इस कदर पिछड़े हुए इलाके हैं। कांगड़ा, गुड़गांव, तहसील ऊना, भिवानी और झज्जर की हालत खास तौर पर काबले गौर है। यह हुकूमत हो या कोई और भी हुकूमत हो, उस के लिये यह बात कोई खुशी की बात नहीं है कि उस के राज्य में ऐसे पिछड़े हुए इलाके हों। यह फख्र की बात नहीं है कि किसी राज्य में कुछ खास इलाकों की तरक्की को महदूद कर दिया जाए।

स्पीकर साहिब, एक और बड़ा ज़ुल्म अंग्रेज़ों के राज्य में किया गया था। यह बात Gazetteer में दर्ज है कि फर्रुखनगर में लाखों मज़दूर नमक बनाने का काम करते थे। कुएं बने हुए थे जिन में से नमक तैयार करने के लिये एक लाख मजदूर को मज़दूरी मिलती थी। शहर की आबादी 40,000 थी जब कि एक लाख आदमी मज़दूरी कर के अपना पेट पालते थे। जो लोग दूध जलेबी खाते थे मैं उन की बात तो नहीं करता बल्कि उन के बारे में बात करता हूं जो कि केवल नमक तैयार करके अपना पेट पालते थे। उस हुकूमत ने उस दस्तकारी को बन्द करवा दिया और बने हुए नमक को ज़बरदस्ती कुओं में डलवा दिया गया और आज वे कुएं बेकार पड़े हुए हैं। इस वक्त industry के मिनिस्टर साहिब बैठे नहीं हैं, उन्होंने अपनी आंखों से सब हाल देखा है। वे जानते हैं कि वे सब कुएं, जिन में से नमक तैयार किया जाता था, खुदवा दिये गये थे और चूने की क्यारियां तुड़वा दी गईं। यह मामला 10,15 वर्ष से चल रहा है कि सरकार 20 लाख रुपये की रकम कर्ज़ा के तौर पर दे दे तो वह industry फिर से चालू हो जाए। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार को यह सहायता जल्दी से जल्दी करनी चाहिये। उस नमक के बारे में यह एक विशेष बात है कि उस में soda ash दूसरे सब नमकों से ज़्यादा मिकदार में पाया जाता है। अगर कुछ बड़े बड़े सरमायादार इकट्ठे कुओं को खरीदकर इस industry को चलाएं तो इस में कामयाबी हो सकती है। छोटे छोटे मज़दूर लोग इस दस्तकारी को नहीं चला सकते इसी लिये यह industry कामयाब नहीं हो सकी हालांकि Government of India की हमदर्दी हमारे साथ थी। इस के मुताल्लिका कागज़ात कभी इधर पंजाब गवर्नमेंट में आ जाते हैं और कभी उधर Government of India में चले जाते हैं और कोई फैसला नहीं हो रहा। यह हमारी सरकार की ज़िम्मेदारी है कि उस नमक को फिर से राइज करे और जहां जहां पर वह पहले बिकता था वहां वहां पर उसको फिर बेचने का प्रबन्ध करे। इस के लिये यह कोई बड़ी बात नहीं है।

इस के बाद मैं कुछ बातें तालीम के बारे में हाउस के सामने रखना चाहता हूं। पंजाब के 13 ज़िले हैं। किसी जिले का headquarter ऐसा नहीं है जहां पर गवर्नमेण्ट कालेज न हो। कांगड़ा में धर्मसाला में भी एक सरकारी कालेज है। लेकिन कितनी हैरानी की बात है कि उस ज़िला की 8 तहसीलें हैं लेकिन एक भी Government College वहां पर नहीं है। लड़कियों के हाई स्कूल का नाम तक नहीं है। आप लोगों की हिम्मत देखें; हर एक स्थान पर गवर्नमेण्ट के standard से भी बढ़िया और पुख्ता buildings बनवाई हुई हैं, सरकारी इमारतों से 2, 2 और 3, 3 गुना ज़्यादा लागत लगाई हुई है। प्राइमरी स्कूलों के लिये 1,300 रुपया सालाना, मिडल स्कूल के लिये 6 हज़ार रुपया सालाना और हाई स्कूल के लिये 15 हज़ार रुपया सालाना खर्च रखा जाता है। यह सब कुछ लोगों की अपनी हिम्मत से ही किया जा रहा है। सरकार इस सम्बन्ध में कुछ सहायता नहीं कर रही।

सब से ज़्यादा अहम मसला है पीने के पानी का। मुझे दुख होता है यह कहते हुए कि रिवाड़ी तहसील में—जो कि लुधियाना के ज़िला के बराबर है—जहां कि 400 के करीब गांव हैं, पीने के पानी का कोई इंतज़ाम नहीं है और सारे इलाका का पानी खारी है। अगर मैं उस तरीका को बताऊं जो कि वे लोग पानी पीने के लिये इस्तेमाल करते हैं तो मेरा सिर शर्म से झुक जाता है।

[राम्रो गजराज सिंह]
वे लोग बरसात के दिनों में जोहड़ों के बीचों बीच एक कुआं खोद लेते हैं और पुल वगैरह बना कर उस कुवें में से पानी भरते हैं । वहीं से ही मवैशी पानी पीते हैं। उसी गंदे पानी को वे लोग—थोड़ा मीठा और खारी मिला हुआ—पीते हैं। हालांकि रेलवे स्टेशन का स्टाफ 500 से ज़्यादा नहीं है लेकिन उन के लिये सरकार ने 11 मील की दूरी से पीने के पानी का इन्तज़ाम किया हुआ है। कितने दुख की बात है कि उस पानी को पीने की इजाज़त देहात के लोगों को नहीं है। आबपाशी के लिये हमें कितनी बार उम्मीदें दिलाई गईं कि पानी दिया जायेगा लेकिन नतीजा सिफ़र के बराबर है। हम जानते हैं कि भाखड़ा नहर से तो पानी आना नहीं है। हम ने Government से demand की थी कि भाखड़ा की नहर तो करनाल, रोहतक हिसार को दे दी है, गुड़गांव के लिये क्या इन्तज़ाम किया है ? तो उन्होंने Gurgaon Project की स्कीम हमारे सामने रखी। उस का भी यह हाल है कि हम चीखोपुकार करते हैं तो कहते हैं कि कागज़ गुम हो गये हैं। खैर कागज़ तो मिल गये। लेकिन आज एक सवाल के जवाब में कहा गया है कि इस जगह पर पानी ही नहीं जा सकता। इस atomic age में जब कि science इतनी तरक्की कर चुकी है यह कहना कि ज़मीन ऊंची होने के कारण पानी नहीं जा सकता यह कुछ मानी खेज़ नहीं मालूम होता। जब उन $2\frac{1}{2}$ सौ गांवों के इर्द गिर्द नहर आ जायेगी तो यह लोग अपने गांवों में 20 गुना लागत लगा कर जो फसलें पैदा करेंगे वह किस तरह अनाज मंडी में उसी भाव पर बेच सकेंगे जिस पर कि नहरी ज़मीन वाले बेचेंगे। हरगिज़ वहां के लोग उस rate पर नहीं बेच सकेंगे । वहां की जनता के लिये ज़रूरी सरकार को कोई न कोई पानी देने का बन्दोबस्त करना पड़ेगा। आज यह बात सोचने की है ।

स्पीकर साहिब, अब मैं electricity के बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं। बिजली के मुताल्लिक भी अजीब तमाशा है। जब किसी गांव में बिजली की लाइन पहुंचाने के estimate बनाए जाते हैं तो 4 हज़ार से ले कर 7, 8 हज़ार रुपये तक खर्च की demand गांव वालों से की जाती है। भाखड़ा डैम तैयार करने पर 90 करोड़ रुपया खर्च किया गया है और इस के बावजूद पानी केवल $2, 2\frac{1}{2}$ ज़िलों को ही मिला है। मैं पूछता हूं कि क्या उन लोगों से पहले capital expenditure मांगा गया था ? अगर उन से नहीं मांगा गया था तो हमारे ज़िले के लोगों से बिजली के बारे में क्यों capital expenditure मांगा जाता है ? इस तरह तो वहां का एक आदमी भी बिजली लेने को तैयार नहीं होगा। मैं अर्ज़ करता हूं कि गुड़गांव ज़िले को भी पंजाब का हिस्सा समझा जाए और जिस प्रकार दूसरे ज़िलों को develop किया गया है उसी तरह सरकार को इसे भी develop करने की कोशिश करनी चाहिये। जो सहूलियतें दूसरे ज़िलों को दी गई हैं अगर वही हमारे ज़िले को दी जाएं तो वहां के लोग 10 गुना ज़्यादा तरक्की दिखा सकते हैं। आप को यह रुपया खर्च करना ज़रूर पड़ेगा।

मेरे दोस्त पंडित श्री राम शर्मा ने कहा कि हरियाना के लिये बजट का तीसवां हिस्सा भी खर्च नहीं किया गया। मैं कहूंगा कि गुड़गांव का expenditure तो 1/100 बल्कि 1/200 वां हिस्सा भी नहीं। सड़कों की तरफ देखिए तो expenditure सिफर। 22 लाख रुपया हिंद सरकार ने बड़ी सड़क को चौड़ा करने के लिये दिया। इस में से तो इन्हें मजबूरी के तौर पर

खर्च करना पड़ा लेकिन अगर आप पिछले सालों के बजट की हरेक मद को देखें तो आप को वहां पर गुड़गांव का हिस्सा सिफर ही नज़र आयेगा। वहां के लोग आकर इन्हें दरखास्तें करते हैं तो कहते हैं कि हमारे लिये यह काम करना मुश्किल है क्योंकि बजट में पैसा नहीं। नतीजा यह कि वह इलाका बहुत पसमान्दा हो गया है, बीमारी बहुत बढ़ गई है। इस हालत में मैं गुज़ारिश करूंगा कि मरी amendment को मंजूर कर के Resolution के साथ मिला लिया जाये।

श्री कन्हैया लाल बुटेल (पालमपुर) : स्पीकर साहिब, हमारे पंजाब सूबे के अन्दर एक ज़िला कांगड़ा भी है, जो इतना backward है पर अभी तक हमारी पंजाब गवर्नमेण्ट की नज़रे इनायत उस पर नहीं पड़ी। वह उन की नज़रे इनायत से महरूम रहा है। मुझे तो इस बात का अफ़सोस है ही लेकिन इस के साथ ही साथ हमारी सैण्ट्रल गवर्नमेण्ट और दूसरे सूबों की गवर्नमैण्टें भी हैरान हैं कि इतने खूबसूरत और मादनी एशियासे भरपूर इलाके को क्यों undeveloped और ignored रखा हुआ है। स्पीकर साहिब, इस ज़िला की अहमियत का अंदाज़ा आप इस बात से लगा सकते हैं कि अमरीका और कैनेडा वगैरह के जो मिशन हिंदुस्तान में आते हैं और जो काम उन्होंने शुरू करना होता है तो वह सोचते हैं कि हम कहां पर अपना रुपया लगा कर लोगों की सेवा कर सकते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस किस्म के काम के लिये उन्हें कांगड़ा और कुल्लू के पहाड़ ही नज़र आते हैं और वहां आकर वह सेवा का काम शुरू करते हैं। इस तरह आप वहां पर उन के कुछेक हस्पतालों और तालीमी अदारों को देख सकते हैं।

पिछले दिनों स्वर्गीय किदवाई साहिब ने हमारे आनरेबल मिनिस्टर चौधरी लहरी सिंह जी की तवज्जुह कांगड़ा के इलाके की तरफ दिलाई। हाल ही में देश के हर दिल अज़ीज नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने गवर्नर साहिब की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाई थी कि आखिर कांगड़ा भी हमारे मुल्क का एक हिस्सा है, इस की तरफ भी आप कुछ ध्यान रखें। लेकिन मुझे बड़े अफसोस के साथ यह कहना पड़ता है कि हमारी गवर्नमेण्ट ने जो गवर्नमेण्ट भी यहां पंजाब में आई——कांगड़ा की तरक्की का कोई खास ख्याल नहीं रखा। जो भी बजट बनता आया है, अव्वल तो कांगड़ा के हिस्से उस में कोई नुमायां रकम नहीं आती और अगर रखी भी जाती है तो जिस काम के लिये रखी जाती है वह काम पूरा नहीं होता। मैं ऐसे ही यह बात नहीं कर रहा। मैं मिसालें देकर अपनी बात की पुष्टि कर सकता हूं। सन् 1948 में डेहरा के पुल के लिये पंजाब गवर्नमेंट ने बजट में रकम मंजूर की मगर अगर आप वहां पर जाकर देखें तो पुल का कोई नामोनिशां तक नहीं। पिछले साल भी इस के लिये बजट में रकम रखी गई लेकिन कितने अफसोस की बात है कि साल खत्म हो गया है पर उस के लिये कोई प्रबन्ध नहीं किया गया। इसी तरह पालमपुर ऐनीमल हसबैंड्री के लिये पिछले साल 70 या 80 हज़ार रुपया मंज़ूर किया गया था लेकिन अभी तक वहां पर एक पाई भी खर्च नहीं की गई। साफ ज़ाहिर है कि हमारी आंखें पोंछने के लिये हमारी गवर्नमेंट कांगड़ा के नाम पर बजट में कुछ रकमें रख तो देती है मगर खर्च एक पाई नहीं करती। मैं हैरान हूं कि हमने उन इलाकों की तरक्की के लिये क्या किया है और अगर नहीं किया तो हम किस लिये यहां पर आये हुए हैं। यही नहीं कि अगर पंजाब गवर्नमैण्ट कुछ खर्च करे तो वहां के लोगों को रोज़गार मिले, यही

[श्री कन्हैया लाल बुटेल]
नहीं कि वहां के लोगों के पास पैसे आएं और पैसे से वे अपने खाने, कपड़े और रहने का इन्तज़ाम मुहैया कर सकें, बल्कि मैं समझता हूं कि व्यापार की दृष्टि से भी अगर पंजाब गवर्नमेंट वहां पर कोई काम शुरू करे तो करोड़ों रुपया का फायदा उठाया जा सकता है। लेकिन शायद पंजाब गवर्नमेण्ट ने यह समझ रखा है कि चूंकि वहां से जंगलों की काफी आमदनी है, वहां से बिजली पैदा करके काफी रुपया हासिल हो रहा है इस लिये क्या ज़रूरत है वहां पर और कोई काम शुरू करने की। वहां की बिजली सारे पंजाब को मुहैया की जाती है। यहां तक कि पाकिस्तान को मुहैया की जाती है। यह बिजली सन् 1927 से निकली मगर कितनी हैरत की बात है कि घर में गंगा होने के बावजूद भी वहां के लोग प्यासे हैं-- वहां से बिजली पैदा होती है मगर कांगड़ा के लोग उस बिजली की सहूलियत से महरूम हैं। जब सवाल उठाया जाता है कि कांगड़ा को भी बिजली दी जाए तो कहते हैं अगर आप को बिजली दे दी जाए तो घाटा पड़ जायेगा। पिछले दिनों जब कैप्टन रणजीत सिंह इस महकमा के मिनिस्टर थे तो मैंने उन्हें request की। वह भी बज़िद थे कि घाटा पड़ जायेगा। बड़ी मुश्किल से उन्होंने हमारी request को माना और पालमपुर के लिये बिजली दी। स्पीकर साहिब, आप खुद महकमा से दरियाफत कर सकते हैं कि पालमपुर में बिजली जाने से गवर्नमेंट को कितनी आमदनी हो रही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बिजली देने से सरकार को वहां पर फायदा ही हो रहा है, नुकसान नहीं। इसी तरह अगर दूसरी जगहों पर भी कांगड़ा के इलाके में बिजली दी जाए तो मैं पूरे यकीन के साथ कह सकता हूं कि गवर्नमेंट और जनता दोनों का फायदा होगा। सरकार को इस काम में नुकसान पड़ने का कोई भी अंदेशा entertain नहीं करना चाहिये।

इसके अलावा अगर आमदनी बढ़ाने के ख्याल से भी देखा जाए तो सरकार के लिये कांगड़े से बढ़ कर और कोई भी ज़िला आगे नहीं आ सकता। वहां पर कई एक खानों को खोद कर और जड़ी बूटियों का काम शुरू करके गवर्नमेंट लाखों नहीं करोड़ों रुपया कमा सकती है और लाखों आदमियों को रोज़गार दे सकती है। सोना, चांदी, पीतल, प्लाटीनम, हीरा, तेल, कोयला, लोहा, नमक, सुहागा और स्लेट वगैरह कई किस्म की खानें वहां दबी हुई हैं जिन्हें खोदा जाए तो न सिर्फ कांगड़ा बल्कि सारा देश मालामाल और खुशहाल हो सकता है। जड़ी बूटियों की पुट वहां पर लाखों रुपये की हासिल हो सकती है। मिसाल के तौर पर ब्राह्मी, पेपर मिण्ट, सफैदा, गंधक वगैरह हज़ारों मन की तादाद में हासिल हो सकते हैं। ममीरी, बसूटी, हरड़, बहेड़ा, आमला, अमलतास वगैरह बड़ी बहुतात में वहां मिलते हैं जिन्हें laboratory में लाकर करोड़ों रुपये की ऐसी दवाइयां अपने देश में बनाई जा सकती हैं जो हम बहुत महंगी कीमत पर बाहर के मुल्कों से मंगवाते हैं। इस के अलावा ऊन, पशम, रेशम और सूत की काफी industry वहां पर चलाई जा सकती है। इस तरह पंजाब में लाखों लोगों को रोज़गार मुहैया किया जा सकता है और उन लोगों को, जिन्हें पेट भर कर खाना भी नसीब नहीं होता, आराम और चैन की ज़िन्दगी बसर करने के लिये सहूलियात दी जा सकती हैं। मैं समझता हूं कि जहां पंजाब ने ज़्यादा अनाज पैदा करके सारे हिंदुस्तान की भूख को मिटा कर अपना सिर ऊंचा किया है, उस के साथ ही अगर कांगड़ा की सभी कानों को खोद कर जड़ी बूटियों की दवाइयां बना कर और दूसरी industries को वहां चालू कर के देश की दूसरी

जरूरियात अपने मुल्क में ही मुहैया की जाएं तो एक तो बाहर से मंहगी कीमत पर हमें खरीद न करनी पड़ेगी और दूसरे अपने मुल्क का पैसा मुल्क की तरक्की की स्कीमों पर लगाया जा सकेगा। स्पीकर साहिब, आप के ज़रिये मैं पंजाब गवर्नमेण्ट से request करना चाहता हूं कि वह इस डर को बाहर फेंक दे कि कांगड़ा में कोई काम शुरू करने से उन्हें नुकसान होगा और सच्चे दिल से कांगड़ा को develop करने के लिये दिल खोल कर मदद करे और आमदनी के जो साधन मैंने ऊपर बताये हैं उन को explore करे।

मैं हैरान होता हूं कि जब कभी कोई कारखाना खोलना होता है तो किसी दूसरी जगह पर ही पंजाब गवर्नमेण्ट की नज़र पड़ती है, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कच्चा माल जितना कांगड़ा दे सकता है उतना कोई भी पंजाब का दूसरा ज़िला मुहैया नहीं कर सकता। मैं समझता हूं कि कांगड़ा में कागज़ बनाने, टीन बनाने की industry के काफी chances हैं। सारे हिंदुस्तान में जितनी चाय निकलती है उस का आधे से ज़्यादा कांगड़ा से निकलता है। जैसे कि मैंने पहले कहा ऊन की industry वहां पर बहुत बड़े पैमाने पर चलाई जा सकती है। इसी तरह फर्नीचर के मुताल्लिक भी कहा जा सकता है। गर्ज़ेकि कांगड़ा एक ऐसा ज़िला है जो करीब करीब हर किस्म का कच्चा माल आप को दे सकता है। मैं समझता हूं कि जब इस किस्म की सहूलतें मौजूद हों तो क्यों न इस तरह की industries का network वहां पर कायम किया जाए।

अब मैं तालीम के विषय पर आता हूं। तालीम के लिहाज़ से भी अगर देखा जाये तो सारे पंजाब में कांगड़ा ही एक ऐसा ज़िला होगा जो सब से ज़्यादा पिछड़ा नज़र आयेगा। हमारी सरकार ने चार चार जमातों वाले प्राइमरी स्कूलों को पांचवीं तक करने का फैसला किया है। मैं दरखास्त करूंगा कि education के programme में भी कांगड़ा के ज़िला को तरजीह दी जाए, priority दी जाए। मैं समझता हूं कि वहां पर अगर कोई आयुर्वैदिक स्कूल या कालेज खोला जाये तो यह एक बहुत सराहनायोग कदम होगा। इस के अलावा हिंदी रत्न, भूषण, प्रभाकर वगैरह की सारे ज़िला में कोई क्लास नहीं है। इस लिये अगर पंजाब-गवर्नमैण्ट इस चीज़ के लिये प्रबन्ध करे तो इस की बड़ी कृपा होगी। कालेज तो सिर्फ एक धर्मसाला में ही है। हज़ार मुरब्बा मील से लोगों को यहां कालेज में आना जाना बहुत मुश्किल है। इस लिये बहुत अच्छा हो अगर लोगों की तकालीफ का अहसास करके वहां पर एक दो कालेज और खोले जाएं।

गवर्नमेण्ट ने यह फैसला किया हुआ है कि हर तहसील में एक मैजिस्ट्रेट होगा। कांगड़ा का एक ऐसा इलाका है जहां पर लोगों को बहुत दूरोदराज़ से आना पड़ता है। मैजिस्ट्रेट का हैडक्वार्टर पालमपुर में है जहां लोगों को आने जाने में 15,15 दिन लग जाते हैं। इस लिये मैं चीफ मिनिस्टर साहिब से अपील करूंगा कि लोगों की तकलीफ का ख्याल करते हुए वहां पर भी Divisional Magistrate मुकर्रर किये जायें ताकि लोगों को, जो पहले ही बहुत गरीब हैं, आने जाने के मुफ्त के खर्च और तकलीफ से बचाया जा सके।

स्पीकर साहिब, अगली बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो पहाड़ों का compensatory allowance या महंगाई allowance होता है वह पंजाब गवर्नमेण्ट के मुलाज़मों

[श्री कन्हैया लाल बुटेल]

को जो पालमपुर रहते हैं मिलना चाहिए। यह allowance वहां Government of India के मुलाज़मों को मिल रहा है, मसलन वहां जो डाकखाना में काम करते हैं या Central Excise के महकमे के मुलाज़म वहां काम करते हैं उन को यह allowance मिल रहा है। पंजाब गवर्नमेंट के मुलाज़मों ने सैंकड़ों बार representations भी की हैं लेकिन उन की अभी तक इस मामले में कोई शुनवाई नहीं हुई। यह उन का गिला दूर किया जाना चाहिये। हालांकि यह allowance उन को पहले मिलता भी था, बाद में बन्द कर दिया गया था। फिर, स्पीकर साहिब, पालमपुर बर्फ वाले इलाके के सब से नज़दीक है।

फिर मैं चकबन्दी के बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। जैसे कि चकबन्दी दूसरी जगहों पर की जा रही है यहां भी जल्द की जानी चाहिये। जहां ज़मीन के मालिकों के छोटे छोटे टुकड़े फैले हुए हैं, उन को चकबन्दी जल्द की जानी चाहिये ताकि वह पैदावार बढ़ा सकें।

Magistrate के बारे में भी मैं यह अर्ज़ कर दूं कि वहां 1947 से पहले एक मैजिस्ट्रेट लगा हुआ होता था जो कि बाद में हटा लिया गया था। मैजिस्ट्रेट का वहां रहना बहुत ज़रूरी है क्योंकि लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता है।

फिर, स्पीकर साहिब, मैंने सुना है कि Denmark से 30 गाएं और दो बैल ब्रीडिंग के लिये मिले हैं। इस सिलसिले में मैं सरकार से गुज़ारिश कर दूं कि पालमपुर से बेहतर इस मतलब के लिये कोई और जगह पंजाब में नहीं हो सकती। इस लिये उन्हें वहां रखा जाए।

आखिर में, स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि गवर्नमेण्ट इस बात का ध्यान रखे कि आयंदा के बजट में ज़िला कांगड़ा को उस का पूरा हक मिले और जो भी रकम जिस purpose के लिये मखसूस की जाए वह उस पर सर्फ की जाए।

अध्यक्ष महोदय : बोलने वाले बहुत हैं और बोलने का time 15 minutes रखा हुआ है। क्योंकि साढ़े पांच बजे hon. Minister साहिब बहस का जवाब देना चाहते हैं इस लिये इस वक्त सारे 35 minutes बाकी मेम्बर साहिबान के बोलने के लिये रह गए हैं। इस लिये मैं समझता हूं कि केवल तीन मेंबर और बोल लें। एक Opposition के, एक कांगड़ा ज़िला के और एक गुड़गांव ज़िले के बोल लें।

(I find that the number of Members who wish to speak is fairly large. The time limit for speeches has been fixed at 15 minutes. Since the hon. Minister has to make a reply at 5-30 p.m. only 35 minutes are left for the Members and at the rate of 15 minutes a speech, hardly 3 more Members will be able to speak. I, therefore, feel that three Members, one from the Opposition, one from the Kangra District and one from the Gurgaon District should take part in the debate.)

श्री बाबू दयाल (सोहना) : अध्यक्ष महोदय, यह जो resolution पेश किया गया है जिस में दिया है कि कांगड़ा ज़िला backward है और उस को खास रिआयतें दी जाएं यानी उस की पहले development की जाए, मेरी अपनी तजवीज़ है कि

इस resolution को ज़रूर पास किया जाए और इस के अन्दर यह जो कांगड़ा district है इस की जगह यह कर दिया जाए " Backwardness of the people of the backward tracts of the State " तो यह ज़्यादा अच्छा हो जाएगा। यह ठीक है कि कांगड़ा ज़िला एक backward इलाका है लेकिन इस के साथ ही गुड़गांव का इलाका भी बड़ा बैकवर्ड है। मुझे उम्मीद है कि गवर्नमेंट यह बात मान भी जाएगी क्योंकि यह चाहती है कि जो दो साल अगली elections में रह गए हैं उन में कुछ तो कर ले ताकि वह अगली elections फिर जीत सके। (हंसी) स्पीकर साहिब, आप को यह अच्छी तरह मालूम है कि यह गवर्नमैण्ट down trodden और exploited लोगों की मदद से बनी है और अगर इस ने उन लोगों का ख्याल न किया, उन के इलाके की development पूरी तरह न की गई तो मैं पेशीनगोइ करता हूं कि यह हुकूमत अपनी कब्र अपने हाथों आप खोदेगी।

स्पीकर साहिब, मेरे कुछ भाइयों ने बताया है कि यह इलाका किस तरह से down trodden रहा है और यह किस तरह से पिछड़ गया है और elections से पहले यह हुकूमत कैसे कहा करती थी कि हम सब से पहले backward और. पिछड़े हुए लोगों को ऊंचा उठायेंगे। अब इस को चाहिए कि वह सब से पहले अपने वादों को पूरा करे। अब सवाल यह है कि सब से ज़्यादा पिछड़े हुए इलाके कौन से हैं। मेरा अपना ख्याल है, जैसा कि मेरे कुछ भाइयों ने तकरीरें की हैं कि उन के ज़िला कांगड़ा के अन्दर तो बहुत से natural resources मौजूद हैं और वहां तो थोड़ा सा काम करने से वह इलाका ऊपर उठाया जा सकता है लेकिन गुड़गांव का ज़िला ज़्यादा पिछड़ा हुआ है। वहां साढ़े चार सौ गांव तो ऐसे हैं जहां पीने का पानी तक नहीं है और वहां के लोगों की इस गवर्नमेंण्ट ने आवाज़ भी नहीं सुनी। पहले ज़मींदारा गवर्नमेंण्ट ने उन की आवाज़ नहीं सुनी थी तो वहां 'करो या चलो' की एक agitation जारी हो गई थी। और यदि इस गवर्नमेंण्ट ने भी उन की परवाह न की तो फिर agitation शुरू हो जाएगी। या तो यह उन लोगों के लिये कुछ करें या फिर सम्भले रहें। मुझे यह कहने में अफसोस होता है कि यह अंग्रेज़ों की तरह हुकूमत कर रहे हैं। मेरे भाई ने बताया है कि ज़िला गुड़गांव में फर्रूखनगर और नुह में पहले नमक की industry चल रही थी। नूह और फिरोज़पुर झिरका से ज़्यादा पिछड़ा हुआ पंजाब में तो क्या बल्कि सारे हिंदुस्तान में कोई इलाका नहीं।

अध्यक्ष महोदय : आप किस चीज़ पर बोल रहे हैं? आप की कोई तरमीम है? अगर नहीं है तो आप मोशन पर बोलें। (On what subject is the hon. Member speaking? Has he given notice of any amendment? If not then he should speak to the motion.)

विकास मंत्री : ਜੀ ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਕ ਤਰਮੀਮ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵੇਖਾ ਵੇਖੀ ਕਲ ਦੇ 3 ਵਜ ਕੇ 45 ਮਿੰਟ ਤੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय मेम्बर से पूछना चाहता हूं कि वह किस amendment पर बोल रहे हैं ? (Will the hon. Member please tell me on what amendment is he speaking ?)

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ amendment 3-45 ਤੇ ਭੇਜੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਮੈਂ ਦੇ ਦੇਵਾਂਗਾ । ਇਹ amendment ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਹਿਲੇ ਨਹੀਂ ਭੇਜੀ ਸੀ । Sir, he does not mean it but nevertheless I will consider his amendment.

अध्यक्ष महोदय : अगर माननीय मेंम्बर कोई amendment मेरे पास अब भी भेज दें तो मैं move करने के लिये allow कर दूंगा । (If the hon. Member sends his amendment even now, I would allow it.)

श्री बाबु दयाल : जनाब, मैं उस amendment के बारे में अर्ज़ कर रहा हूं जो सारे backward इलाकों के बारे में है ।

5 p. m.

Mr. Speaker : What is your amendment ?

श्री बाबु दयाल : यह जो सारे backward इलाकों के बारे में है ।

अध्यक्ष महोदय : Resolution तो है मगर amendment कौन सी आप ने दी है ? (The resolution is there, but which amendment has he given notice of ?)

श्री बाबू दयाल : यह proposed amendment है । अभी आप के पास नहीं आई है मगर आप इसे कभी भी मन्जूर कर सकते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : आप की कोई amendment नहीं । आप बोलिए बेशक मगर कांगड़े के बारे में resolution पर बोलिए । (I have received no notice of amendment from him, however, he can continue his speech but he must speak to the Resolution regarding Kangra District.]

श्री बाबू दयाल : जनाब, मैं उसी के मुताल्लिक कह रहा था कि कांगड़ा एक बहुत backward इलाका है। इसी तरह गुड़गांव भी बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है । यह बात ठीक है कि कांगड़ा के पास ऐसे resources हैं जिन्हें develop किया जा सकता है मगर गुड़गांव के पास ऐसे resources नहीं हैं । एक नमक की industry थी, वह भी खत्म हो चुकी है । अब इसे revive किया जाए ताकि गुड़गांव जैसा पसमान्दा इलाका, जहां माताएं बच्चे को पैदा होने के बाद भूसे में दबा देती हैं, भी कुछ तरक्की कर सके । तहसील नूह और फीरोजपुर झिरका में बच्चे के पैदा होते ही..........

अध्यक्ष महोदय : आप किस चीज़ पर बोल रहे हैं । अगर resolution पर न बोलना हो तो बैठ जाएं । [On what subject is the hon. Member speaking ? If he does not wish to speak on the resolution, then he should resume his seat.]

श्री बाबू दयाल : जनाब, मेरे अर्ज़ करने का मतलब यह है कि इन backward इलाकों में हरियाना को भी शामिल किया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आप ने irrelevant बोलने का इरादा किया हुआ है तो आप बैठ ही जाएं । (In case you are determined not to be relevant, you may better resume your seat.)

प्रोफैसर शेर सिंह (झज्जर) : अध्यक्ष महोदय, सदन के सामने जो प्रस्ताव बख्शी जी ने रखा है मैं उस का कुछ संशोधनों के साथ समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह बात सही है कि जिन इलाकों पर प्रकृति का प्रकोप रहा है या राज्य का प्रकोप रहा और इस कारण वह पनप न सके, ऐसे इलाकों के सम्बन्ध में जब तक कोई हंगामी कदम नहीं उठाए जाते, ये क्षेत्र उन्नत नहीं हो सकते । इस प्रस्ताव की ज़रूरत इस लिये है कि यदि पसमान्दा इलाकों को जहां कि हालात बहुत खराब हैं, अगर खास रियायतें न दी जायें तो वहां विकास कार्य हो ही नहीं सकता । वैसे तो अगले 5 साल में ऐसा कोई इलाका न रहेगा जहां कोई न कोई सामूहिक विकास योजना का ब्लाक न पहुंच जाए । मगर विकास योजनाओं के लिये जितने रुपये की आवश्यकता है उतना नहीं मिल सकता । National Extension Scheme के अन्तर्गत $7\frac{1}{2}$ लाख रुपये से उन इलाकों का कुछ न बनेगा जिन के नाम, झज्जर, रेवाड़ी, भिवानी, कैथल तहसीलें इत्यादि, मैं ने अपने कांगड़ा के प्रस्ताव के संशोधन में दिए हैं । अब आप देखें कि झज्जर तहसील में 70,75 गांव ऐसे हैं जहां साल में 8 महीने पीने का पानी ठीक तरह से नहीं मिलता । बरसात में उन कुओं में मीठा पानी 4 महीने मिलता है जो जौहड़ों के करीब हैं । बाकी 8 महीने पानी नहीं मिलता । गर्मियों में बहुत बुरी हालत होती है । गांव में लोग पानी भरने की बालटियों को चपटा कर लेते हैं ताकि थोड़ा बहुत रेत मिला जैसा भी पानी हो उस में थोड़ा थोड़ा करके आ जाए । काफी २ देर के बाद बालटी भरती है । रात के दो दो बजे तक अगले दिन के लिए पानी भरना पड़ता है । दिन के वक्त कुओं में पानी नहीं होता । यह हालत है इस इलाके की । 1946 में जब पंजाब एक था इस इलाके में पानी की स्कीम के लिये 40 लाख रुपया मन्जूर हुआ । इन 70, 75 गांवों को पानी देने के लिये बटवारे के बाद एक योजना बनी । मैं ने Public Health Department को एक पत्र लिखा है कि पीने के पानी का कोई इंतज़ाम होना चाहिये । इन गांवों को पीने का पानी मुहैया करने के लिये 2 करोड़ 5 लाख रुपया का अन्दाज़ा लगाया गया है । महकमे ने बताया कि ऊपर से हुकुम है कि एक आदमी के पीछे सिर्फ 10 रुपये खर्च होने चाहियें । इस काम के लिये हिसाब लगाया गया कि अगर इन गांवों को पीने का पानी देना है तो स्कीम पर 116 रुपया हरेक आदमी के पीछे खर्चा आएगा । यह मन्जूर खर्च से 11, 12 गुना ज़्यादा है जो

[प्रोफैसर शेर सिंह]

सरकार आम हालात के अन्दर नहीं देगी। 7½ लाख रुपया तो एक ही बड़े से गांव के लोगों को पानी देने पर खर्च आ जायगा और 74 गांव बचे रहेंगे।

इसी तरह से सड़कों की हालत देखिए। जो स्कीमें चलती हैं उन के अनुसार यह है कि सड़क के खर्च का आधा रुपया लोग दें या ज़मीन दें, मेहनत करें और आधा खर्च गवर्नमेंट करे। वहां हालत यह है कि दस २, पन्द्रह २ फुट ऊंचे रेत के टीले हैं और वहां मिट्टी डालने का खर्च ही इतना होगा जितना कहीं और पक्की सड़क बनाने का। इस लिये भी दूसरे इलाके सरकार द्वारा विकास के लिये रखी गई शर्तें पूरी कर सकते हैं मगर एक तो इस इलाके के लोगों की हालत खराब है और उस पर इतना ज़्यादा खर्च। ऐसे इलाका का विकास फिर कैसे हो जब तक सरकार खास रियायतें न दे। इसी तरह से और योजनाएं हैं। शिक्षा की योजनाएं हैं जिन में लोगों का सहयोग चाहते हैं और कहते हैं कि वह अपना हिस्सा दें। पीने के पानी की भी स्कीमें हैं। ज़िला रोहतक में 4 लाख रुपये की स्कीम है। 8,400 रुपये की छोटी २ स्कीमें हैं। 5,600 सरकार देगी और 2,800 लोगों को इकट्ठा करना है। लोग यह एक तिहाई भी नहीं दे सकते, उन की अवस्था ही ऐसी है, उन में दम ही नहीं है। यह इलाके तब तक विकसित न होंगे जब तक लोग यह शर्तें पूरी न करें। दूसरे इलाकों में ऐसी शर्तें पूरी हो सकती हैं, मगर यहां पर खर्चा दस २ गुना ज़्यादा है जो कि लोग नहीं दे सकते। इस तरह इस इलाके को तरक्की याफता इलाकों की सतह पर लाने के लिये खर्च करने का लोगों में दम नहीं। वह इतना ज़्यादा बोझ बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस लिये backward इलाकों के बारे इस resolution की ज़रूरत पड़ी। सरकार ने जो विकास के लिये शर्तें रखी हैं उन्हें हटा कर, खास रियायतें देकर खुद नये कदम उठा कर जितना रुपया इन विकास के कामों पर खर्च होना हो वह सारा खर्च करें तभी इन क्षेत्रों का विकास सम्भव है। पिछले 3, 4 महीनों की बात है स्वर्गवासी श्री रफी अहमद किदवई झज्जर आए। हमने उन्हें गांवों में पीने के पानी की हालत दिखाई और उन्हें बताया कि इस इलाके के लिये पीने के पानी की स्कीमों के लिये 2 करोड़ रुपया चाहिये। उन्होंने बड़ी सहानुभूति से सुना, देखा भी और उदार सहायता का आश्वासन भी दिलवाया। फिर Community Project Area में 300 गांव शामिल होते हैं। यदि इन पर 94 लाख रुपया पानी का प्रबन्ध करने के लिये लगा दिया जाये तो सब गांवों को केवल ⅓ पानी मिल सकता है। जहां तक बिजली का सम्बन्ध है या तालीम का सम्बन्ध है सरकार के पास पैसा भी नहीं बच रहता। इस लिये यह प्रस्ताव लाना ज़रूरी है। इस के बिना सब इलाकों पर थोड़ा थोड़ा रुपया खर्च किया जायेगा और विकास योजनाओं के साधारण खर्चों से इन इलाकों की तरक्की नहीं हो सकती।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि प्रस्तावक महोदय ने जो बात अपने प्रस्ताव में रखी है कि इस इलाका में तालीम का इन्तज़ाम नहीं, इलाका के विकास के लिये पूरे अवसर नहीं मिलते, यह बिल्कुल ठीक है। इस इलाके के लोगों के लिये admissions में और services में आना कठिन है। ये लोग services में नहीं आ सकते जब तक कि selection में इन का खास ख्याल न रखा जाए। आप हरियाना के इलाके को लें।

वह Technical Colleges की admission में और services में पिछड़ा रह जाता है क्योंकि वहां पर technical और ऊंची तालीम का अवसर कम है, पढ़ाई के अवसर कम हैं। इस इलाके में तो पीने तक को पानी नहीं मिलता। रुपये की भी कमी है। लोग अपने बच्चों को दूर दूर भेज कर शिक्षा नहीं दे सकते। इस लिये वह इन मुकाबल के इम्तिहानों में नहीं आ सकते। उन्हें तरक्की करने का अवसर ही नहीं मिलता। इस लिये सरकार के पास सुझाव करूंगा कि वह Basic Training Schools के अंदर दाखले की शर्तों में इन लोगों के लिये कमी कर दें ताकि इस इलाके के लोग services में और admission में आ सकें। जैसा कि आपने लुहारू, झज्जर और नाहड़ आदि के इलाके के लोगों को सहूलतें दे रखी हैं इस तरह इन को भी दी जाएं। अगर इस पिछड़े इलाके के लोगों को admission के वक्त और चुनाव के समय दस प्रतिशत नम्बर ज्यादा दे दिये जायें तो शायद यह लोग मुकाबला में आ सकें।

मैं बताता हूं कि आप का law and order कैसा है ! जिस डाकू का नाम लेते हो वह तो Pepsu की पुलिस ने मारा था। और जो उस के ग्रुप के दो चार आदमी थे और जो उस से पहले मारे गए थे, उन को भी गलत तरीके से मारा गया था। जब मैं यह कहता हूं तो यह नहीं समझ लेना चाहिये कि मैं उन लोगों का कोई हिमायती हूं। मैं कहता हूं कि उस हर शख्स को सज़ा होनी चाहिये जो मुल्क के law and order को खराब करता हो, जो खूनी हो, जो डाकू हो, चोर हो, उचक्का हो। आप का फ़र्ज़ है कि पुलिस के ज़रिए ऐसे आदमियों को पकड़ा जाए। अगर आप में इखलाकी जुर्रत है तो क्यों नहीं आप कहते कि ऐसे आदमी से स्टेट को खतरा था इस लिये उसे पकड़ कर गोली से उड़ा दिया गया है ? क्यों नहीं आप कहते कि हम ने ऐसा किया लेकिन किया State की security और public के interest में ? आवाज़ें तो यह उठाई जाती हैं कि हमने देश में moral regeneration लाना है, कौम और मुल्क के character को ऊंचा करना है। क्या यही है मिसालें जो इस सिलसिला में आप आगे रखना चाहते हैं ? जब हम मदरसे पढ़ा करत थे तो उस में आता था कि अंग्रेज़ी राज्य की क्या २ बरकतें हैं। उन्होंने रेलें बनाईं, डाकखाने खोले, सड़कें बनाईं—बड़ी बड़ी सड़कें बनाईं—हस्पताल खोले, स्कूल जारी किये। पर क्या वे सब कुछ उन्होंने हमारे लिए किया था? बिल्कुल नहीं। अगर रेल बनाई तो वह अपने मकसद के लिए, अपनी मिलिट्री को जल्दी एक जगह से दूसरी जगह लें जाने के लिये और अगर स्कूल खोले तो अपना काम चलवाने के लिये, हिंदुस्तानी क्लर्क पैदा करने के लिये इन सब चीज़ों में, गर्ज़ेके, उनका अपना ही कोई न कोई interest छिपा था। आप ने क्या किया? Development State और Welfare State के नाम पर आप ने पैसा खर्च किया पर कहां तक लोगों को सहूलियतें पहुंचाई ? अगर आप ने थोड़ा बहुत कर भी डाला तो आखिर आप का Welfare State का नारा किस लिए है ? देखने की बात तो यह है कि इस में आप moral side में कितने आगे आये हैं ? महात्मा गांधी जी की फोटो सामने खड़ी आप की तरफ देख रही है। आपने उन का नाम ले कर कई कामों को शुरु किया मगर अफसोस कि आप ने उन के नाम और असूलों की सारे पंजाब में बेकदरी ही करवाई। Corruption ! सारे गवर्नमेण्ट के सिस्टम के ऊपर जो मिनिस्टर बैठे हैं यहीं से शुरू हुई यह corruption इस मिनिस्ट्री में corruption कूट कूट कर भरी है और पंजाब में अगर corruption पूरे ज़ोरों पर है तो वह है सामने बैंचों में। कहते हैं कि भ्रष्टाचार को बंद करेंगे। एक पटवारी, क्लर्क या नहर के ज़िलादार ने 5 या 7 या 10 रुपए ले भी लिए तो उस को तो बड़ी ज़ोर से कह दिया कि वह बेईमान है उस ने रिश्वत ली ; रिश्वतखोर है ; नाजाइज़ तौर पर पैसे हासिल किए उसने। Corruption सिर्फ यह नहीं ; corruption cash और kind दोनों में होती है। क्या यह corruption नहीं कि सरकारी कारें मिनिस्टरों की पार्टी के लोगों को दिन रात इधर से उधर और उधर से इधर लेती फिरें ? क्या यह corruption नहीं कि मिनिस्टरों के बच्चों को कार में बिठा कर स्कूलों में लाया और वापस ले जाया जाए ? उन मिनिस्टरों के बच्चों को जो किसी तरह गरीब नहीं। कोई ऐसी बात तो है नहीं कि वे 40 या पचास रुपया माहवार पाते हों या मिनिस्टर होने से पहले वह रोटी नहीं खाते थे बल्कि असल में तो उन की लाखों रुपयों की मिलें चल रही हैं। लेकिन बावजूद इस बात के उनके लड़के, उनके

[पंडित श्री राम शर्मा]
रिश्तादार, उन के ताल्लुकदार कारों में सफर करते हैं और पैट्रोल सरकारी खर्च होता है। यह सब कुछ उसी level पर होता है जहां पर पहुँचने से पहले हमारे दोस्त कहा करते थे कि अगर हम power में आ गए तो तपस्वियों की तरह जिन्दगी बसर करेंगे; आश्रम की तरह रहेंगे और हमारे घर पर लंगर लगा रहेगा जहां पर हर एक आदमी को आने की इजाजत होगी। स्पीकर साहिब, अब देखिए कि झोंपड़ियों में रहने के लिए दावे करने वाले किन आलीशान महलों में रह रहे हैं और कैसी जिन्दगी—सादा जिन्दगी—बसर कर रहे हैं। सर सिकन्दर और गलैंसी जैसे लोगों को एक कार काफी थी मगर अब इन का तो तीन चार कारों के बगैर गुजारा ही नहीं। कोई किसी नाम पर है और कोई किसी पर। Administration की sanctity को तो इन्हों ने बिल्कुल खत्म कर दिया है। यह corruption नहीं तो और क्या है? जगह २ पर interference हो रही है। किसी को कोई लालच और किसी को कोई लालच दिया जा रहा है। Deputy Commissioners पर दबाव डाला जाता है, उन से 6, 7 दर्जे नीचे आदमियों को कहा जाता है कि फलां काम कर दो तुम्हारे लिए तरक्की के बड़े chances हैं; तुम Deputy Commissioner बन जाओगे। Superintendent, Police, को crime करने के लिए कहा जाता है; इस लिए कि तुम D.I.G. बन जाओगे। अब कहा जाता है कि इस corruption को दूर करने के लिए एक High Powered Department कायम किया जा रहा है। उस को कौन constitute करेगा? मैं कहता हूँ कि corruption शुरु ही इन सामने वाले सरकारी बैंचों से हुई और वह हर फ़ार्म में हो रही है। मैं अपने जाती तजरुबे की बिना पर कहता हूँ—अगर्चि मैं उम्र भर services का हिमायती नहीं रहा—कि अगर उन्हें रोजमर्रा की political manoeuvring और धड़ेबन्दी में तंग न किया जाए तो वह बड़े आला पैमाने पर काम कर सकती हैं। यही कारण है कि पंजाब में एक ऐसा वक्त आया कि जिस काम को मिनिस्ट्री नहीं सम्भाल सकी उस को services ने सम्भाला और अच्छी तरह सरअंजाम दिया। एक public worker और Opposition के एक लीडर होने के नाते मुझे इस बात की शर्मिन्दगी भी है। यही लोग अब कहते हैं कि भ्रष्टाचार को रोकेंगे। मैं दावे से कह सकता हूँ कि यह कभी नहीं रोक सकेंगे। सभी मिनिस्टर इस बात को जानते हैं। एक मिनिस्टर का Special Assistant एक दिन भी उस के पास नहीं रहता। वह गांव के अन्दर फिरता रहता है। अब भी अगर पता लिया जाए तो वह कहीं न कहीं गांव में ही मिलेगा और उस की जेबों में रुपए भरे मिलेंगे। एक महकमे का तो काम ही यही है कि जब तक मिनिस्टर का P.A. न हो, काम हो ही नहीं सकता। क्या इन हालात में आप कहते हो कि एक High Powered Department कायम किया है corruption को दूर करने के लिए? मैं कहता हूँ कि corruption दूसरा नाम है इस मिनिस्टरी का।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.)

मुझे पता है कि पंजाब में एक ऐसे वजीरे आजम हुए जिस ने इलैक्शनों के लिए अपने सभी अफसरों को यह हुक्म दिया कि आप सब मेरे लिए डटकर काम करो। मैं आप को elections के बाद promotions दूंगा। आप के merit को इस कसौटी

से देखूंगा कि तुम्हारे खिलाफ़ कितनी शिकायतें मेरे पास आती हैं। मतलब यह कि जिन लोगों की शिकायतें न आईं तो मैं समझूंगा कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। उसका यह सब कुछ करने का मकसद यह था कि किसी न किसी तरह उसकी हकूमत चलती रहे। पर नतीजा क्या हुआ? उस को बड़ी ज़बरदस्त मार पड़ी और उसका नामोनिशान नहीं रहा। हालांकि ज़ाती तौर पर वह एक शरीफ आदमी था। लेकिन अब के चीफ मिनिस्टर के मुताल्लिक तो मैं यह भी नहीं कह सकता जो आज political party के लिए कानून को, सर्विसिज़ को और सारी सरकारी मशीनरी को बुरी तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन मैं उन्हें warn करना चाहता हूँ कि उन का नतीजा भी वैसा ही होगा और वक्त जल्दी ही बताएगा कि इसका भी वही हशर होगा जो कि उस वज़ीरे आज़म का हुआ था।

ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ) : ਮਾਨਯੋਗ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਜੀ, ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਐਡਰੈਸ ਰਾਜਪਾਲ ਜੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਕੁਝ ਕਹਿਣ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤੋਂ ਇਹ ਮੁਲਕ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਇਆ ਹੈ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹਨ; ਸੜਕਾਂ ਬਣੀਆਂ ਹਨ, ਬਿਜਲੀ ਪੈਦਾ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਡੀਵੈਲਪਮੈਂਟ ਦੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕੰਮ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਰੀਜਨ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਵਾਂ ਨਾਲ ਪੁਕਾਰਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜੀਵਨ ਸੱਤਰ ਉੱਚਾ ਕਰਨ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਜੇ ਇਨਸਾਨਾਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਕਰਾਂਤੀਕਾਰੀ ਕਦਮ ਉਠਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਲਈ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ, ਇਸ ਦੀ ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

ਇਸ ਐਡਰੈਸ ਵਿਚ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਦੂਜੇ ਕੰਮਾਂ ਵਲ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਉਥੇ ਇਸ ਸਾਲ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ 23 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚਿਆ। ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਬਿਲਕੁਲ ਥੋੜਾ ਹੈ। ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਇਤਨੀ ਖਰਾਬ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਉਹੀ ਜਾਣ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦਾ ਹੋਵੇ। ਉਹ ਆਦਮੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਸਲ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਕਦੇ ਨਹੀਂ ਜਾਣ ਸਕਦਾ ਜਿਹੜਾ ਸਾਲ ਯਾ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਪਿਛੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਜਾਂਦਾ ਹੋਵੇ ਜਦੋਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਕੋਈ ਜਲਸੇ ਜਾਂ ਮੀਟਿੰਗਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹੋਣ। ਮੈਂ ਪਿਛਲੀ ਵਾਰੀ ਵੀ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਜੇਕਰ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਸਹੀ ਮਾਅਨਿਆਂ ਵਿਚ ਜਾਂ ਸਹੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਚੁਕਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਦਰੁਸਤ ਕਰਨ ਦਾ ਕੇਵਲ ਇਕ ਹੀ ਸਾਧਨ ਹੈ ਕਿ ਬਜਾਏ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਠਹਿਰਣ ਦੇ ਅਫਸਰ ਅਤੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀਆਂ ਬਸਤੀਆਂ ਵਿਚ ਠਹਿਰਨ ਤਾਂ ਜੋ ਦੂਜੇ ਅਫ਼ਸਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਥੇ ਆ ਕੇ ਮਿਲਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਅਸਲੀ ਹਾਲਤ ਕੀ ਹੈ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁਣ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਖਾਸ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੀ। ਮੈਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਸੁਝਾਉ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਵੇਂ

[ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ]
ਸ਼ਿਮਲਾ ਅਤੇ ਕਾਂਗੜਾ ਵਗੈਰਾ ਵਿਚ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਵਡੇ ਵਡੇ ਸਥਾਨਾਂ ਤੇ ਅਜਿਹੇ ਸਕੂਲ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਡੇ ਵਡੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਪੜ੍ਹਦੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਚਾਰ ਚਾਰ ਅਤੇ ਪੰਜ ਪੰਜ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਤਨਖਾਹ ਲੈਂਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਬਚਿਆ ਨੂੰ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਰਾਬਰੀ ਨਾਲ ਭੇਜਿਆ ਜਾਵੇ ਜਿਵੇਂ ਪਿਛਲੇ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਬੱਚੇ ਗੁਰੂਕੁਲ ਵਿਚ ਪੜ੍ਹਿਆ ਕਰਦੇ ਸਨ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਅਤੇ ਗਰੀਬ ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਅਮੀਰਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਤਾਲੀਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਫਿਰ ਪਤਾ ਲਗ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਵਿਚ ਵੀ ਕਿੰਨੀ ਕੁ ਲਿਆਕਤ ਭਰੀ ਹੋਈ ਹੈ।

ਫੇਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜਿਹੜੇ ਬੋਰਡ ਬਣੇ ਹਨ Public Service Commission ਅਤੇ Subordinate Services Selection Board, ਇਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਜੋ ਮੈਂ ਤਜਰਬੇ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਇਆ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨ candidates ਨਾਲ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨਸਾਫ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ 'ਤੇ ਪਿਛੇ ਜਿਹੇ ਇਕ ਹਰੀਜਨ ਸੱਜਣ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰੋਂ ਆਇਆ ਸੀ। ਉਸ ਦੇ ਲੜਕੇ ਨੇ Excise Sub-Inspector ਦੀ ਜਗਾਹ ਲਈ Subordinate Services Selection Board ਕੋਲ ਇਮਤਿਹਾਨ ਦੇਣਾ ਸੀ। ਉਸ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮੇਰੀ ਕੁਝ ਮੱਦਦ ਕਰੋ। ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਨੇ ਇਹ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਛੋਟੀਆਂ ਨੌਕਰੀਆ ਦੀ ਭਰਤੀ ਲਈ Subordinate Services Selection Board ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਦੀ ਰੂ-ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇਕਰ ਉਸ ਦਾ ਲੜਕਾ ਇਮਤਿਹਾਨ ਵਿਚ ਚੰਗਾ ਰਿਹਾ ਤਾਂ ਉਹ ਜ਼ਰੂਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਉਹ ਜ਼ਰੂਰ ਜਾ ਕੇ ਇਮਤਿਹਾਨ ਦੇਵੇ ਪਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਗਲ ਵੀ ਕਹਿ ਦਿੱਤੀ ਕਿ ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲੜਕੇ ਨੂੰ ਬੋਰਡ ਦੇ ਇਮਤਿਹਾਨ ਵਿਚ ਬੈਠਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਾ ਮਿਲੀ ਤਾਂ ਇਹ ਇਜਾਜ਼ਤ ਮੈਂ ਦਿਲਾ ਦੇਵਾਂਗਾ ਪਰ ਉਸ ਨੂੰ ਇਮਤਿਹਾਨ ਵਿਚ ਬੈਠਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਮਿਲ ਗਈ ਅਤੇ ਇਸ ਬਾਰੇ ਉਸ ਨੂੰ ਚਿੱਠੀ ਵੀ ਆ ਗਈ। ਉਸ ਨੇ ਇਮਤਿਹਾਨ ਵੀ ਦੇ ਦਿੱਤਾ। ਪਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਗਲ ਦਸ ਕੇ ਦੁਖ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਭਾਵੇਂ ਬਾਕੀ ਸਾਰੇ ਮਜ਼ਮੂਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਪਾਸ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਇਕ ਮਜ਼ਮੂਨ ਵਿੱਚੋਂ ਉਸ ਦੇ ਜਿਥੇ 17 ਨੰਬਰ ਪਾਸ ਹੋਣ ਲਈ ਚਾਹੀਦੇ ਸੀ ਉਸ ਨੇ 16 ਨੰਬਰ ਲਏ ਤਾਂ ਕਰ ਕੇ ਉਸ ਨੂੰ ਫੇਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਦੇ ਉਲਟ ਜਿਹੜੇ ਲੜਕੇ ਲਏ ਗਏ ਸੀ ਉਹ ਹੋਰ ਕਈ ਮਜ਼ਮੂਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਬਿਲਕੁਲ ਫੇਲ ਸਨ। ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਆਪਣੇ ਹਰੀਜਨ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਅਗੇ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਸੰਬੰਧੀ ਇਲਤਜਾ ਕੀਤੀ ਕਿ ਇਸ ਹਰੀਜਨ ਲੜਕੇ ਨੂੰ ਇਸ ਲਈ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ ਇਕ ਮਜ਼ਮੂਨ ਵਿਚੋਂ ਫੇਅਲ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ ਹਾਲਾਂਕਿ ਬਾਕੀ ਦੇ candidates ਬਾਕੀ ਦੇ ਸਾਰੇ ਮਜ਼ਮੂਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਫੇਅਲ ਸਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੈ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਤਾਂ ਇਸ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨ ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਅੰਗਰੇਜ਼ੀ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਇਸ ਲਈ ਉਹ ਇਮਤਿਹਾਨ ਵਿਚ ਫੇਅਲ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ

ਫੇਰ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਤਹਿਕੀਕਾਤ ਕਰਾਈ ਜਾਵੇ ਕਿ ਕੀ ਸਫ਼ਾਰਸ਼ ਜਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੜਕਿਆਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਫੇਰ ਸਾਰੇ ਮਜ਼ਮੂਨਾਂ ਵਿਚੋਂ ਫੇਅਲ ਹੋਏ ਸੀ ਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ ਜਿਹੜਾ ਇਕ ਮਜ਼ਮੂਨ ਵਿਚੋਂ ਫੇਅਲ ਸੀ । ਇਹ ਤਹਿਕੀਕਾਤ ਕਰਾਉਣੀ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ਼ ਮਿਲ ਸਕੇ ।

ਫੇਰ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਹਕੂਮਤ ਅਗੇ ਪਰਾਰਥਨਾ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਗਲ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਵੇ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਅਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਪਾਸ ਬੜੇ ਛੋਟੇ ਛੋਟੇ ਮਕਾਨ ਹਨ । ਜਿਸ ਜਗਾਹ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਚੁੱਲ੍ਹਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਥੇ ਹੀ ਉਹ ਸੌਂਦੇ ਬਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਥੇ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਸ਼ੂ ਬੰਨ੍ਹੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਕਰਜ਼ੇ ਦੇਵੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ; ਪਰ ਉਸ ਨੇ ਇਸ ਕਰਜ਼ੇ ਲੈਣ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਇਹ ਕੜੀ ਸ਼ਰਤ ਲਗਾ ਰਖੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹੀ ਆਦਮੀ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਕਰਜ਼ਾ ਲੈ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਪਹਿਲੇ ਆਪਣਾ ਪਲਾਟ ਦੱਸੇ ਜਿੱਥੇ ਕਿ ਉਹ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਇਸ ਸ਼ਰਤ ਨੂੰ ਹਟਾ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਮਤਲਬ ਲਈ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ Central Government ਨੂੰ ਲਿਖੇ ਕਿ ਉਹ ਇਹ ਸ਼ਰਤ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਹਟਾ ਦੇਵੇ, ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਗਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੀ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਛੱਡੀਆਂ ਹੋਈਆਂ Municipal Committees ਦੀ ਹਦੂਦ ਦੇ ਅੰਦਰ ਪਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਜਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ wastc lands ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਲਾਟ ਬਣਾ ਕੇ ਉਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਮੁਨਾਸਬ ਕੀਮਤ ਤੇ ਇਸੇ ਕਰਜ਼ੇ ਵਿਚੋਂ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਦੇ ਦੇਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਮਕਾਨ ਬਣਾ ਸਕਣ । ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਪਹਿਲੇ ਹੀ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਪਾਸ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ ਪਾਸੋਂ ਜ਼ਮੀਨ ਖਰੀਦ ਸਕਣ ।

ਫੇਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਭ ਤੋਂ ਵਡੀ ਤੰਗੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਹਰੀਜਨ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੇ ਮਕਾਨਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮਕਾਨਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿਣ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ । ਉਹ ਚੁਪ ਕਰ ਕੇ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਮਾਲ ਅਫਸਰ ਕੋਲੋਂ ਉਹ ਮਕਾਨ ਆਪਣੇ ਨਾਂ ਤੇ ਅਲਾਟ ਕਰਵਾ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਉਸ ਵੇਲੇ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਾਂਡੇ ਟੀਂਡੇ ਬਾਹਰ ਚੁਕ ਕੇ ਸੁਟ ਦਿੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਸ਼ਕਾਇਤ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ Special officer ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਭੇਜੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਮੌਕੇ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਉਹ ਮਕਾਨ ਪੱਕੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਲਾਟ ਕਰ ਦੇਣ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਕਈ ਕਈ ਰੋਜ਼ ਸ਼ਹਿਰ ਕਚਹਿਰੀਆਂ ਵਿਚ ਧੱਕੇ ਖਾਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ।

ਇਕ ਪ੍ਰਾਰਥਨਾ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਅੱਗੇ ਹੋਰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪਣੇ Address ਵਿਚ ਵੀ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਫ਼ਿਰਕੇਦਾਰੀ ਨੂੰ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਸਲੇ ਵਿਚ ਸਖਤੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲਵੇ । ਫ਼ਿਰਕਾਦਾਰੀ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਵੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ । ਮੈਂ ਨਾਲ ਹੀ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਦੁਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤਾਈਂ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਦੇ

[ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ]

ਦਸੇ ਹੋਏ ਅਸੂਲਾਂ ਤੇ ਇਹ ਚਲਦੀ ਰਹੇਗੀ ਤਦ ਤਾਈਂ ਹਰੀਜਨ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹਨ ਅਤੇ ਉਹ ਮਹਾਤਮਾ ਜੀ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਧੱਬਾ ਨਹੀਂ ਲਗਣ ਦੇਣਗੇ । ਉਹ ਇਸ ਲਈ ਵਡੀ ਤੋਂ ਵਡੀ ਕੁਰਬਾਨੀ ਵੀ ਕਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਨ ਬਸ਼ਰਤੇ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਹੀ ਤੌਰ ਤੇ ਤਕਲੀਫ਼ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕਰਦੀ ਰਹੇ ।

श्री श्री चन्द (बहादुरगढ़) : साहिबे सदर, मुझे बड़ा....

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : What about the amendments ?

Mr. Deputy Speaker : They are deemed to have been moved. These can be discussed with the main motion.

श्री श्री चन्द : साहिबे सदर, मुझे बड़ा अफसोस है कि इस वक्त न हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब और न सरदार प्रतापसिंह साहिब हाऊस में तशरीफ़ रखते हैं । Law and Order की बाबत मेरे से पहले बोलने वाले मैम्बरान ने काफ़ी कह दिया है । रिश्वत की बाबत जो बहुत तरद्दद गवर्नमैण्ट करना चाहती है मैं उस की बाबत कुछ अर्ज़ करना चाहता हूँ । अब से पहले अफसरान और गवर्नमैण्ट के मुलाज़मीन की रिश्वत बन्द करने के लिए गवर्नमैण्ट ने काफी से ज्यादा महकमे खोले हैं और काफी से ज्यादा बन्दोबस्त करने की कोशिश की है । साहिब सदर, एक साधु जंगल में रहा करता था । एक दिन उस की लंगोटी को चूहे काट गए । वह चूहों को आप तो मारना नहीं चाहता था क्योंकि वह साधु था इस लिए उस ने एक बिल्ली रख ली । अब बिल्ली को पालने के लिए दूध चाहिए था तो उस ने दूध के लिए एक गाए रख ली । क्योंकि अब गाए के लिए चारा चाहिए था तो उस ने पास की ज़मीन में चारा बीज दिया । अब चारे का लगान वसूल करने के लिए सिपाही आ गए । क्योंकि वह साधु था और वह पैसे तो अपने पास रखता नहीं था इस लिए वह लगान अदा न कर सका । नतीजा यह हुआ कि वह उसे पकड़ कर जेल में ले गए । सो, स्पीकर साहिब, उस लंगोटी के लिए उसे जेल जाना पड़ा । ऐन इसी तरह हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब अब रिश्वत को खत्म करने के लिए एक High Powered Department खोल रहे हैं, फिर हर Department को हुक्म है कि वह आप enquiry कर सकता है, फिर चौधरी लहरी सिंह जी ने Engineers का बोर्ड बना रखा है । मैं पूछता हूँ कि कौनसा ऐसा वज़ीर है जिस ने बिल्कुल अलहदा रिश्वत पकड़ने का इन्तज़ाम न कर रखा हो ? सब ने अपने अपने बिल्ले बिल्लियां पाल रखे हैं और अब Chief Minister साहिब ने सोचा कि हम क्यों पीछे रहें और एक बड़ा महकमा बना दिया रिश्वत पकड़ने का । कहते हैं रिश्वत खत्म कर दी है । जी हां कर दी होगी खत्म रिश्वत चपड़ासियों की, या दूसरे छोटे मुलाज़मों की । बाकी रिश्वत तो वैसी की वैसी ही है, फर्क सिर्फ इतना है कि रूप बदल गया है । अंग्रेज़ जानता था गरीब चपड़ासी का गुज़ारा नहीं होता । लोग आते थे, काम होने के बाद एक रुपया दे जाते थे । मगर चपड़ासी क्या कुछ करता था आप के लिए । कुर्सी साफ की और बैठाया, साहिब चाहे गुसलखाने में हो दौड़ा २ गया कहा साहिब बड़े रईस हैं, घण्टे से बैठे हैं, जल्दी से जल्दी आप की मुलाकात करवाई, आप अन्दर दाखिल हुए तो दर्वाज़ा खोला आप मिल आए और जाते वक्त अगर उसे रुपया दे आए तो क्या बड़ी बात थी । यह रिश्वत बन्द कर दी है और वह भी 8 नए महकमे कायम कर के । Reader होता है courts में । आप ने तारीख

लगवानी है। उस ने फाइलें देखीं, मुनासिब कागज़ात तैयार किए, Magistrate साहिब का प्रोग्राम देखा और उन के सुबह दस बजे आते ही आप के कागज़ात पेश कर दिए और साथ में कह दिया कि कुछ काम नहीं है सिर्फ तारीख ही लगानी है। साहिब ने दस्तखत किए आप 11 बजे तक फारिग़ हो कर घर चले आए। आज उन की रिश्वत बन्द कर दी है तो अगर मैजिस्ट्रेट साहिब 10 बजे दफतर आते हैं तो Reader साहिब $10\frac{1}{4}$ बजे। आए, एक केस की गवाहियां मैजिस्ट्रेट साहिब के सामने रखीं, उस के बाद दूसरे की 5 बजे और मैजिस्ट्रेट साहिब चले घर को और कह दिया बाकी सब की तारीखें लगा दो। Reader साहिब ने यह देख, वह कर, इधर जा उधर जा $6\frac{1}{2}$ बजा दिए और उस के बाद आप को तारीख सुना दी। तो पहले जो रिश्वत थी उस में तो शायद आप के 30 या 40 रुपए ही लगते मगर आज आप के 500 रुपए खुल जाते हैं। क्या यह रिश्वत बन्द कर दी है? रिश्वत बन्द कहां है, Minister तक लेते हैं रिश्वत। सिर्फ रूप बदला हुआ है। कहते हैं High Court की building पर 40 लाख रुपया लगा है। आप किसी भी Engineer को बुलाकर दिखा लें, 10 लाख रुपए की लागत से ज़्यादा कोई नहीं बताएगा। कहां गए बाकी के 30 लाख? कल विकास मंत्री जी ने बड़ी हमदर्दी दिखाई कांगड़ा के लोगों से। कहते हैं यह तो जादूगर है। इस ने यह किया और वह किया। आज ज़रा पंजाब के देहात में जाकर सुनिए लोग सरदार प्रताप सिंह को सरदार बरबाद सिंह कहते हैं और एक दूसरे मिनिस्टर को नगद नारायण कहते हैं (हँसी)। यह हैं लोग रिश्वतें बन्द करने वाले। एक बच्चे की मां उसे किसी बाबा के पास ले गई और कहा कि बाबा यह बच्चा गुड़ बहुत खाता है यह बन्द करा दो। बाबा ने कहा कि माई इसे 4 दिन के बाद लाना मेरे पास। दूसरी बार जब बाबा के पास बच्चे को ले गई उस की मां, तो बाबा ने बच्चे से कहा कि बच्चा गुड़ खाना छोड़ दे। बच्चे ने गुड़ खाना छोड़ दिया। माई ने पूछा कि बाबा अगर इतना ही कहना था तो 4 दिन पहले क्यों नहीं कह दिया। बाबा ने कहा जब तो मैं भी गुड़ खाता था तब इस से कहता तो इस पर असर क्या होता। अब 4 दिन से मैं ने भी गुड़ खाना छोड़ दिया है। यहां के Minister रिश्वत लेना छोड़ दें तो रिश्वत खुद बखुद बन्द हो जाएगी। Education की किताबें हैं यह nationalise कर ली गई हैं। एक २ किताब में आठ २ सौ गलतियां हैं। यह किताबें हैं। यह मैं मेज़ पर रखता हूँ। (इस समय चौधरी श्री चन्द ने कुछ किताबें सदन के मेज़ पर रख दीं।) कहते हैं यह हम ने nationalise कर दी हैं। यूं नहीं कहते कि businessmen की रोजी छीन कर, उन के कुनबों की रोटी छीन कर उन्हें फांसी लगा कर अपने भाई भतीजों में बांट दी है। हरेक किताब में आठ २ सौ गलतियां हैं। यह पढ़ाई जाती हैं। हमारे बच्चों को, फिर कहते हैं देहाती competition में आएं। जब तालीम का यह हाल हो तो competition में क्या आएं। फिर यही किताबें सब को ज़बर्दस्ती खरीदनी पड़ेंगी, ठेका जो दे दिया इन का। भाई चांद राम जी ने कहा इनसानों का ठेका होता है, मैं कहता हूं यहां वज़ारत का भी ठेका होता है। पहले तो रिश्वत ली जाती थीं छुप कर दलाल और intermediaries हुआ करते थे जिन को अब इन्होंने अलग कर दिया है। अब रिश्वत छुप कर नहीं, जलसों में ली जाती है और इकट्ठी की जाती है। महकमे वाले और दूसरे लोग पैसे इकट्ठे करते हैं और कहते हैं वज़ीर साहिब आप के अखबार के लिए 5,000 रुपया जनता ने दिया है। जैसे अखबार के बिना हिन्दुस्तान का काम अटक रहा है! अखबार के लिये

[श्री श्री चन्द]

ज़िलादार पटवारी रिश्वत इकट्ठी करते हैं और जलसों में दी जाती है। यह रिश्वत बन्द कर रहे हैं ! पटवारी को पता है कि Minister ने 5,000 की रिश्वत ली है तो वह अगर 200 रुपये ले लेगा तो क्या हर्ज है ? यह रिश्वत बन्द कर रहे हैं ! Chief Minister की कोठी का ठका 6 लाख रुपये का है। कहते तो थे झौंपड़ियों में रहेंगे। खैर तो 6 लाख का ठेका देंगे और खर्च होगा एक लाख, बाकी 5 लाख कहां जायेगा ? कौन सी building है जो पूरे ठेके की बनेगी। M.L.A.s के quarters हैं। कहते हैं 22,000 रुपये और किसी पर 44,000 रुपये लगेंगे। 44,000 में तो सारा गांव पक्का हो जाता है। किसी इंजनियर को दिखाएं कि क्या इन buildings पर इतनी लागत आई, हाई कोर्ट पर 44-45 लाख रुपया लगा है ? क्या एक 2 हज़ार रुपये का मेज़ आता है ? क्या यही महात्मा गांधी जी के असूल थे ?

फिर कहते हैं फिरकापरस्ती tolerate नहीं करते। मैं कहता हूं कि सब से बड़ी फिरकापरस्त जमात कांग्रेस है। 1916 से लेकर मुस्लिम लीग के आगे माथा टेकते रहे। मज़हब की बिना पर समझौता किया। आज जब पंजाबी सूबे की मांग की जाती है तो कहते हैं यह तो सिर्फ 7 जिले हैं, यह कैसे हो सकता है। यह मांग तो सिर्फ चन्द फिरकापरस्तों की है। Devil quoting scriptures कहते हैं अब कहीं सरकार में फिरकापरस्ती नहीं रही। हमें तो पता नहीं इसे निकाला कहां से गया है। वज़ीर क्या बताते हैं कि फिरकापरस्ती है, सच्चर फार्मूला क्या बताता है कि फिरकापरस्ती है, हिंदी और पंजाबी बताती है कि फिरकापरस्ती हैं। यह तो खुद आप में है। हमें कहते हैं कि हम separatist हैं। हम कोई रूस से या पाकिस्तान से मिले हैं ? आज हरियाना के ज़िलों के कन्धों पर आप पंजाब के Chief Minister हैं। आज आप अम्बाला Division में बसने वाले लोगों के ज़्यादातर हिंदू होने की बिना पर Chief Minister हैं। आज अम्बाला Division जालन्धर की colony बना हुआ है। जब पूछते हैं कि हरियाना से कितने अफसर लिये गये हैं तो कुछ नहीं बतात। भाखड़ा, नंगल और चंडीगढ़ सब इधर हैं। ऐग्रीकल्चर कालेज, मैडीकल कालेज और दूसरे जितने कालेज हैं सब इधर हैं। अम्बाला Division, जहां की 70 फीसदी हिंदू आबादी की बदौलत आप चीफ मिनिस्टर हैं, में क्या है ? हम तो कहते हैं बावा हमारा पीछा छोड़ो हमें दिल्ली में जाने दो। हमें पहले लाहौर के हिंदू खाते रहे अब जालन्धर के खा रहे हैं। हम तो दिल्ली के साथ अम्बाला Division को मिलाना चाहते हैं, कोई रूस या पाकिस्तान के साथ तो नहीं मिलना चाहते जो हमारी separatist tendency बताई जाती है। कोई हिन्दोस्तान से बाहर या इस के खिलाफ जा रहे हैं ? जब कुछ मिलने का वक्त आता है तो हमारी गिनती हिंदुओं में कर लेते हैं और जब देने का वक्त आयेगा तो जालन्धर के हिंदू और सिख एक हो जायेंगे। मैं कहता हूं कि हमें छोड़ दें। हम वफादार रहेंगे। हम हिंदुस्तान से बाहिर नहीं भाग रहे। Separatist तो आप हैं। लोगों को आप कहते हैं। Address में आप ने separatism को लिखवा दिया। यह vague नहीं तो और क्या है ? फिर वह बताते हैं कि सिख फिरकापरस्त हैं, यह लोगों में फूट डालते हैं। और बाद में हमारे Chief Minister साहिब कहते हैं कि हमारा मतलब सिखों से नहीं था। तो क्या आप का मतलब ईसाइयों से था ?

मैं अर्ज़ करता हूं कि आप का यह दावा कि हम इन्हें कुचल देंगे, हम इन्हें मार देंगे, यह झूठा है। आप इस ख्याल में न रहें कि आप किसी कौम को या मज़हब को कुचल देंगे। कोई भी कौम इस तरह से तबाह नहीं की जा सकी। सिक्खों से प्यार और हमदर्दी से रहना चाहिए क्योंकि आज कल आप किसी को भी ताकत से नहीं रोक सकते।

फिर सिखों की Punjabi speaking Province की demand है। अगर Border पर काश्मीर का सूबा बन सकता है तो अगर बार्डर पर सिखों का सूबा बन जाए तो क्या हर्ज है ? इस से क्या हो जायेगा ? क्या सिख ईरान से आए हैं या काबुल से, क्या यह गद्दार हैं, क्या ऐब है आखिर सिखों में। इनकी demand तो economic भी है। पहले यह 25 प्रतिशत थे, अब अगर 38 प्रतिशत हो जाएं तो क्या हो जायेगा ? कोई पहाड़ टूट पड़ेगा ? सिखों का सूबा बनेगा तो क्या हो जायेगा ? फिर यह कहना कि हम ऐसा नहीं होने देंगे, हम इन्हें कुचल देंगे......

(At this stage Mr. Speaker resumed the Chair).

आप इन्हें क्या कुचलेंगे ? कुचल देने वाले तो 7 हज़ार मील दूर बैठे हैं। हम से कहो, हम U.P. में चले जाते हैं लेकिन आप हमें डराते क्यों हो ? आज कल कोई नहीं डरता। डराने से आप हकूमत नहीं कर सकते। प्यार से हकूमत कर सकते हो। दुनिया में रोअब से आज कल हकूमत नहीं हो सकती। इस किस्म की बातें कहनी कि हम इन्हें रगड़ देंगे अच्छी नहीं। Minorities से प्यार से रहो। धमकियां न दो। अगर डराने धमकाने से हकूमत हो सकती तो अंग्रेज यहां से न जाता। आप इस बात का ख्याल रखें कि सिखों को न लड़ाया जाये। मुझे तो डर है कि चाहे आप के अखबार इस खिचाव को न चाहते हों लेकिन वह पंजाबी सूबा ज़रूर बनवा देंगे। यह वही अखबार हैं जिन्होंने पाकिस्तान बनवाया था। यही अखबार पंजाबी speaking नहीं, सिखों का clear सूबा बनवा के रहेंगे। आप फिर सिखों को East Punjab नहीं, सिखों का clear सूबा दोगे जैसे कि पाकिस्तान दिया है। आप सिखों को क्यों भड़काते हैं ? पंडित जवाहर लाल नेहरू अकाली पार्टी से तो लड़ सकते हैं पर सिखों से नहीं। सिख वफादार हैं। सिख सिपाही हैं, कारीगर हैं। फिर आप क्यों ऐसी कौम के पीछे पड़ गए हैं ?

मैं ने चन्द बातें और कहनी थी लेकिन अब वक्त नहीं है। मैं इतना ज़रूर कह दूं कि यहां पर सब ने रहना है। फिर किसी के नाम से आप को क्यों चिड़ है ? आप को हमारे नाम से और वोटों से ही चीफ मिनिस्टर बनाया गया। अब आप हमें पूछते भी नहीं। अगर आप हम सब को प्यार से रखेंगे तो आप की इज्ज़त होगी। आप किसी को दबा कर नहीं रख सकते।

5 p.m.

ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ (ਬਾਘਾ ਪੁਰਾਣਾ); ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਦੋਂ ਮੁੱਰਬੇ ਬੰਦੀ ਦਾ ਕੰਮ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਇਸ ਲਈ 11 ਲਖ 18 ਹਜ਼ਾਰ 4 ਸੌ ਦੀ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਸੀ ਪਰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਹ ਰਕਮ ਕਿਥੇ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਜੀਪਾਂ ਤੇ ਕਾਰਾਂ ਤੇ ਜਾਂ ਮੇਜ਼ਾਂ ਤੇ। ਫਿਰ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਕਰਦਿਆਂ ਖੇਤਾਂ ਵਿਚ ਬੁਰਜੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਇਸ ਲਈ ਕਿਸਾਨਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵੀ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵੀ 5 ਲਖ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਇਕਠੇ ਕੀਤੇ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਦਿਤੇ ਪਰ ਇਹ 5 ਲਖ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਦੀ ਰਕਮ ਦਾ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ ਕਿਥੇ ਖਰਚ ਹੋਈ ਹੈ। ਇਕ ਵੀ ਬੁਰਜੀ

[ਸਰਦਾਰ ਬਚਨ ਸਿੰਘ]

ਕਿਤੇ ਨਹੀਂ ਲਾਈ ਗਈ । ਇਸ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਤਹਿਸੀਲ ਮੋਗੇ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਰਾਹ ਵਿੰਗੇ ਕਰ ਲਏ ਹਨ । ਜੇਕਰ ਬੁਰਜੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਤਾਂ ਰਾਹ ਵਿੰਗੇ ਨਹੀਂ ਸਨ ਕੀਤੇ ਜਾ ਸਕਦੇ । ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ ਕਿ ਇਨਾ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸ ਦੀ ਜੇਬ ਵਿਚ ਗਿਆ । ਕੀ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਪੱਥਰ ਖਾ ਗਏ ਹਨ ?

ਫਿਰ ਇਕ ਹੋਰ ਸਕੀਮ ਕੱਢੀ ਕਿ ਚਾਰ ੨ ਰੁਪਏ ਦੇਵੋ ਬੁਰਜੀਆਂ ਲਾ ਦੇਵਾਂਗੇ ਪਰ ਉਹ ਰੁਪਏ ਲੈ ਕੇ ਵੀ ਬੁਰਜੀਆਂ ਨਹੀਂ ਲਾਈਆਂ ਗਈਆਂ S. O., Director ਅਤੇ ਹੋਰ ਅਫਸਰਾਂ ਪਾਸ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਪਰ ਕੋਈ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ । ਕੁਝ ਚਿਰ ਬਾਦ ਜਵਾਬ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਠੇਕੇਦਾਰ ਨਹੀਂ ਸਨ ਇਸ ਲਈ ਬੁਰਜੀਆਂ ਨਹੀਂ ਬਣੀਆਂ । ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਠੇਕੇਦਾਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੇ ਜਾਂ ਇਹ ਠੇਕੇ ਨਹੀਂ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ।

ਫਿਰ ਇਹ rule ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਵੇਲੇ ਕਾਪੀਆਂ ਵੰਡੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ ਅਤੇ ਉਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਕਿਹੜਾ ਖੇਤ ਕਟਿਆ ਹੈ ਵੱਟ ਕਿਥੇ ਆਉਂਦੀ ਹੈ । ਫਿਰ ਸਮਾਲਸਰ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਾਪੀਆਂ ਨਕਸ਼ੇ ਦਫ਼ਤਰ ਵਿਚੋਂ ਲਵੋ, ਪਰ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ ਗਏ । ਇਥੇ ਹੀ ਬੱਸ ਨਹੀਂ, ਰਾਹ ਵੀ ਵੱਖ ਹਨ ; ਜੋ 4 ਵਿਚ ਸੀ 5 ਵਿਚ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਜ਼ਮੀਨ ਕਟਣ ਲਗਿਆਂ ਕਿਸੇ ਗਲ ਦਾ ਵੀ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ।

ਪਿੰਡ ਮਲ੍ਹੇਕੇ ਜਿਥੇ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਦੇ ਵਜ਼ੀਰ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਉਥੇ ਨੱਥਾ ਸਿੰਘ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ 9 ਥਾਈਂ ਕਟੀ ਗਈ ਹੈ । ਜ਼ਮੀਨ ਕਟਣ ਲਗਿਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਮਰਜ਼ੀ ਨਹੀਂ ਲਈ ਗਈ ।

ਫਿਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੇ ਚਾਰ ੨ ਰੁਪਏ ਦਿਤੇ ਸਨ, ਅਜਿਹੇ ਇਕ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ 100, 100 ਕਿਸਾਨ ਹਨ, ਹੁਣ ਉਹ ਕੀ ਕਰਨ ? ਅਰਜ਼ੀ ਕਰਨ । ਮੁਕਦਮੇ ਕਰਨ । ਮੋਗੇ ਵਿਚ ਤ੍ਰੀਕਾਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਪਾਸ ਕਾਰਾਂ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਹ ਉਥੇ ਰੋਜ਼ ਜਾ ਸਕਣ ।

ਇਥੇ ਹੀ ਬੱਸ ਨਹੀਂ । ਪਿੰਡ ਦੋਧਰ ਵਿਚ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਜਾਣੀ ਹੈ । ਇਥੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਤਾਂ ਕਰਾਂਗੇ ਜੇਕਰ ਰੁਪਏ ਇਕਠੇ ਕਰੋ । 11,955 ਰੁਪਏ ਇਕਠੇ ਕੀਤੇ ਗਏ । ਜਮਾਂ ਕਰਾਏ ਗਏ ਪਰ ਇਹ ਰਕਮ ਵੀ ਜੇਬਾਂ ਵਿਚ ਪਾ ਲਈ ਗਈ ਤੇ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ।

ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਾਂ ਇਕ ਅਜਿਹੀ ਦੁਕਾਨ ਹੈ ਜਿਥੇ ਪੈਸੇ ਵੀ ਲੈ ਲਏ ਜਾਣ ਤੇ ਸੌਦਾ ਵੀ ਨਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਨਾ ਹੀ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਰਕਮ ਮੋੜਦੀ ਹੈ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਮੁਰਬੇਬੰਦੀ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਦੀ ਨੂੰ । ਫਿਰ ਰਾਹ ਵਿੰਗੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ ਕੋਈ ਪ੍ਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ।

ਫ਼ਿਰ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਕਾਟ ਬਹੁਤ ਲਾ ਦਿਤੀ ਹੈ । ਕਿਤੇ ਤਾਂ 2,2 ਏਕੜ ਤੇ ਕਿਤੇ 35, 35 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਬਚਾ ਲਈ ਗਈ ਹੈ । ਫਿਰ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਕਰੋ ਤਾਂ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ । ਕਾਟ ਵੇਲੇ ਕਰਮਾਂ ਦੀ ਤਾਂ ਪ੍ਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ, ਚਾਰ ੨ ਕਰਮਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਮਾਰ ਲਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਚੋਰਾਂ ਦੇ ਕਪੜੇ ਡਾਂਗਾਂ ਦੇ ਗਜ ਵਾਲਾ ਵਰਤਾਉ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਕਾਟ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੈ । ਰਾਹ ਵਿੰਗੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ । ਬੁਰਜੀਆਂ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਕਾਟ ਵੀ ਇਕ ਖਾਸ ਤਰੀਕੇ ਅਨੁਸਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ । ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਕਾਪੀਆਂ ਤੇ ਨਕਸ਼ੇ ਦਿੱਤੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ।

सिंचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह) : साहिबे सदर, आज हाउस में कई माननीय मैम्बरों ने अपनी तकरीरों के दौरान में ऐसी बातें कहीं जिन में ज़रा भर भी सदाकत नहीं ।

सरदार खेम सिंह : On a point of Order, Sir. मैं आप की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि स्वर्ण जाति के मेम्बरों को बोलने का बहुत मौका दिया गया है और अभी तक Scheduled Caste के सिर्फ दो मैम्बरों ने तकरीरें की हैं । इस लिये मैं आप से दरखास्त करूंगा कि मुझे बोलने का मौका दिया जाये ।

Mr. Speaker : This is no point of order.

सिंचाई मंत्री : साहिबे सदर, कई बातें ऐसी कही गईं जिन में बिल्कुल कोई सदाकत नहीं । ऐसा मालूम होता है कि महज़ जोश और गुस्से में आकर मैम्बर साहिबान ने ऐसी बातें कर दीं ।

पहिला एतराज़ यह किया गया है कि जालन्धर और अम्बाला Divisions में इम्त्याज़ किया गया है । उन्होंने कहा कि भाखड़ा भी उधर, नंगल भी उधर और इस किस्म की मिसालें दीं । उन्हें मालूम होना चाहिये कि भाखड़ा डैम और नंगल Project वहां ही बन सकते थे जहां दरिया का पानी काबू करने के लिये पहाड़ मौजूद हों । मैं बताना चाहता हूं कि भाखड़ा डैम पर जो 156 करोड़ रुपया खर्च हो रहा है उस का फायदा सारे का सारा Ambala Division को जा रहा है, Haryana Prant को जा रहा है इस का पानी राजस्थान में जाता है, तहसील सिर्सा में और कुछ पानी और बिजली पैप्सू में जाती है । पैप्सू में भी बहुत सा इलाका हरियाना का आता है । भाखड़ा डैम का 85 फीसदी फायदा हरियाना प्रांत को पहुंचता है । इस के बावजूद मेरे दोस्त गवर्नमेण्ट पर नुक्ताचीनी करते हैं जो मैं समझता हूं कि बिल्कुल गलत और बेबुनियाद है । यहां यह बहस की जा रही है कि सारे का सारा पानी हरियाना प्रान्त में नहीं जा रहा । पानी इस मकसद के लिये इस्तेमाल हो रहा है कि ज़्यादा से ज़्यादा बिजली पैदा की जा सके । बिजली जो वहां पैदा होती है गंगुवाल पावर हाउस में अम्बाला, पानीपत और देहली में जाती है । अम्बाला कमिश्नरी को सब से ज़्यादा बिजली यहां से मिलती है । झज्जर में जो चाचा साहिब की constituency थी आज बिजली जा रही है । सांम्पले जैसे छोटे छोटे गांव में भी बिजली चली गई है । बावजूद इस के कि पानी और बिजली की सहूलियात हरियाना प्रान्त और अम्बाला डिवीजन को दी गई हैं फिर भी मैं हैरान हूं कि मेरे दोस्त गवर्नमेंट पर नुक्ताचीनी कर रहे हैं । जब बजट पर बहस होगी तो उस वक्त मैं वाज़ेह तौर पर बताऊंगा कि एक एक तहसील में पानी और बिजली की सहूलियत बहम पहुंचाने पर कितना २ रुपया खर्च किया जा रहा है ।

इस के इलावा यह कहा गया है कि हरियाना प्रान्त की सरकारी मुलाज़मतों में representation बहुत कम है । इस के मुतअल्लिक मैं कहूंगा कि सरकारी मुलाज़मतों में recruitment का मामला Services Selection Board के सुपुर्द कर दिया गया है जिस के President हरियाना प्रान्त के रहने वाले हैं । मुझे कोई माननीय मेम्बर कोई specific case बतायें जिस में पंजाब वालों से रियायत की गई हो । युनियनिस्ट वज़ारत के वक्त होता था कि नौकरियों में राजपूत जाटों को preference दी जाये । लेकिन अब तो Services Selection Board कायम कर दिया गया है जो 50 रुपये माहवार या उस से ऊपर

[सिंचाई मन्त्री]
वाली नौकरियों की recruitment करता है। बोर्ड का प्रेज़ीडेंट हरियाना का है तो फिर भी यह कहा जाये कि हरियाना वालों की तो Services में शुनवाई नहीं होती, एक बेमायनी सी बात है ।

फिर यह कहा गया है कि महकमे के अन्दर रिश्वत का बाज़ार गर्म है। ज़िलेदार चंदा इकट्ठा करते हैं और सैंकड़ों रुपये खुद हज़म कर जाते हैं। मैं माननीय मेम्बर चौधरी श्री चन्द जी से पूछना चाहता हूं कि वह बतायें कि रोहतक की history क्या रही है। वह अपने दिल पर हाथ रखें और कहें कि क्या चंदा इकट्ठा करने की आदत यूनियनिस्ट वज़ारत के वक्त में चाचा जी ने नहीं डाली थी ? उस वक्त उन्हों ने डिप्टी कमिश्नर की मार्फत एक दो लाख रुपय नहीं बल्कि 22 लाख रुपया चन्दा इकट्ठा किया था। यह 22 लाख रुपया कोई ऊपर से नहीं गिरा था बल्कि अफसरों की मार्फत इकट्ठा किया गया था। अब हालत यह है कि 500 रुपया के किदवाई फंड पर नुकताचीनी की जा रही है और मेरे दोस्त युनियनिस्ट वज़ारत का जमाना भूल गए हैं जब कि 22 लाख रुपया डिप्टी कमिश्नर की मार्फत इकट्ठा किया गया था। इस के इलावा वह शायद यह भी भूल गए हैं कि चाचा जी ने अखबार 'जाट गज़ट' के लिए और दूसरी अखबारों के लिए कितना बेशुमार चन्दा जमा किया था।

अध्यक्ष महोदय : यह चाचा जी कौन थे ?

सिंचाई मंत्री : स्वर्गीय चौधरी सर छोटू राम को चाचा जी कहते हैं।

जो भाई Unionist Ministry के वक्त का नारा लगाते हैं, मैं उन से यह पूछना चाहता हूँ कि 'जाट गज़ट' अखबार के लिए उस वक्त किस तरह चन्दे इकट्ठे किए जाते थे और फिर उस रुपए का क्या बना जो चाचा जी की यादगार के लिए जमा हुआ था ? कई लाख की रकम थी, पता नहीं कहां की कहां चली गई। फिर कहते हैं कि वज़ीर साहिब खा गए हैं। फिर हमारे दोस्त लोगों में कहते फिरते हैं कि रोहतक की sugar mill के, जो कि co-operative basis पर चलाई जानी है, shares न खरीदो। इस मिल का मुनाफा cane-growers और labourers को जाएगा, हरियाने के लोगों को फायदा होगा, मगर यह भाई जो हरियाने के साथ हमदर्दी का इज़हार करते नहीं थकते लोगों में इस के ख़िलाफ़ प्रचार कर रहे हैं।

हरियाने के अखबार "बदलती दुनिया" की writings में बहुत ज़हर उगला जाता है, मगर हर साल उस का fund हिसाब में ड्योढ़ा हो जाता है। Sugar Mill के लिए 15 meetings करनी पड़ीं। आधे के करीब रुपया पंडित जी के पास 'बदलती दुनिया' के लिए पहुँच गया।

फिर Superintendent Police की शिकायत में बहुत कुछ कहा गया है। पंडित जी और हम एक हैं। जब तक वे Minister रहे, उन्हें उस के खिलाफ़ कोई शिकायत नहीं थी। उस के लगाए जाने से पहले क्या हालत थी ; तीन चार आदमी रोज़ दिन दिहाड़े कत्ल हो जाते थे, डाकूओं ने कितनी गुंडागरदी मचा रखी थी। अब इस अफसर के ख़िलाफ़, जिस ने इतना अच्छा काम किया, कहा जाता है कि उस ने rapes करवाए।

Shri Sri Chand : Sir, this case is subjudice.

Mr. Speaker : Please don't refer to it.

सिंचाई मंत्री : I shall not refer to it at all. इल्ज़ाम लगाया जाता है कि पुलिस ने लोगों पर बहुत जुल्म किए लेकिन मैं पूछता हूँ कितने इस्तग़ासे defence के लिहाज़ से दायर किए गए हैं । पुलिस ने तो डाकूओं का मुकाबला करना ही था, मुकाबला करने वालों को मारना ही था । जितना peace और order आज वहां पर है पहले कभी नहीं हुआ था ; सब डाकू मार दिए गए हैं, कोई वारदात नहीं हो रही । मैं हैरान हूँ क्या इस लिए पुलिस पर इल्ज़ाम लगाए जा रहे हैं और साथ में वहां के रहने वाले Minister पर भी ? पंडित जी तो छटकारा पा गए, अब मुझे ज़िम्मेदार ठहराया जा रहा है । अब इन किस्सों में क्या रखा है । कहते हैं कि Minister ने लोगों को मरवाया है, Superintendent Police उस के इशारे पर चलता है । अब तो उस का भी तबादला कर दिया गया है, चन्द दिनों में दूसरा आ रहा है । हम पंडित जी के साथ मुतफिक हैं, अगर कोई ऐसी वैसी बात होती तो हरगिज़ बर्दाश्त न की जाती । अगर कोई हुई है तो court में इस्तग़ासा करें ; Chief Minister साहिब से मिलें, वे उन्हें convince करा देंगे । Peace and order वहां पर कायम हो चुका है । गुस्से में आने की कोई बात नहीं ।

मुख्य मंत्री (श्री भीमसेन सच्चर) : स्पीकर साहिब, दो दिन मैं ने इस मुअज़िज़ हाऊस में काबिल मुकर्ररों की तकरीरों को सुना है । जहां तक नुक्ताचीनी का ताल्लुक है, वह तकरीरें इस तरह से तक्सीम की जा सकती हैं । किसी में तो इल्ज़ाम हैं जो कि किसी काम की वजह से या किसी ज़ाती कमज़ोरी की बिना पर लगाए गए हैं । कुछ इल्ज़ाम ऐसे हैं जो कि मौजूदा system of administration की वजह से लगाए गए हैं । दूसरी किस्म उन तकरीरों की है जिन में मौजूदा social निज़ाम के बारे में शिकायतें की गई हैं । बाज़ भाइयों ने किसी और नज़रिये से शिकायत की है । उन्हों ने अपनी शिकायत, अपना रंज, अपना गिला हाउस में ज़ाहिर करने की कोशिश की है ।

मुझे उन भाइयों से कतअन कोई गिला नहीं जो इमानदारी से समझते हैं कि मुझ में या मेरे साथियों में कोई कमज़ोरी है । मुझे कोई गिला नहीं उन लोगों से जो यह महसूस करते हैं कि बावजूद अपनी कोशिश के हम उतनी तरक्की नहीं कर पाए जितनी हम करना चाहते हैं । मुझे कोई गिला नहीं उन भाइयों से जो यह समझते हैं कि मौजूदा निज़ाम का शिकंजा हमें इस तरह पकड़े हुए है कि हम थोड़े अर्से में ज़्यादा काम नहीं कर पाए हैं मगर मुझे गिला ज़रूर है उन भाइयों से जो नाम तो रखें public grievance का मगर उस की आड़ में चीज़ कोई और हो । अगर्चे मुझे ऐसी बात कहना अच्छा नहीं लगता, ताहम मुझे अफ़सोस है कि अगर इस की तरफ इशारा न किया जाए, खास कर जब कि इस का ताल्लुक किसी की ज़ात से हो, तो लोगों पर इस का असर वैसे का वैसा ही रह जाएगा । मुझे इस बात का भी अफ़सोस है कि मैं जिस चीज़ की तरफ़ इशारा कर रहा हूँ अपने एक अज़ीज़ दोस्त की तरफ से आई है । उन्हों ने जो शिकायत की है उस का ताल्लुक एक जगह की bus service से है । वहां पर सवारी ज़्यादा है । इस लिए उन्हों ने यह कहा कि साहिब उस transport के साथ आप

[मुख्य मंत्री]
एक omnibus चला दें। मैं अर्ज़ करता हूँ कि यह जो ख्याल है एक बहुत अच्छा ख्याल ज़ाहिर किया जा सकता है इस हाउस के अन्दर। लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि जब एक रूट किसी को दिया होता है और जब तक वह route उन के पास होता है और अगर वहां पर लोगों का आना जाना ज्यादा है तो आप साहिबान को पता है, मुअज़्ज़िज़ ईवान को पता है, कि जिस पार्टी का वह route है उसी पार्टी को वहां पर और बस चलाने की इजाज़त पहले होती है। पहले उसी पार्टी का हक होता है कि और बस चलाए। यह नहीं होता कि कोई और पार्टी वहां पर बसें चलाना शुरु कर दे। स्पीकर साहिब, अगर हकीकत में यह चीज़ है कि वहां पर सवारी ज्यादा है और साथ ही यह बात है कि गवर्नमेण्ट को उन्हें फ़ायदा पहुँचाना मकसूद है तो फिर क्यों न गवर्नमेण्ट उसी transport line को और बस चलाने की इजाज़त दे दे। मगर मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि असल में बात कुछ और है, और इस तरफ इशारा करना पड़ता है कि मेरे भाई को यह ख्याल था कि elections के अन्दर उस बस transport वाले ने उस की मुखालफत की थी। वे आये और वज़ीर साहिब को फरमाने लगे कि किसी तरीके से "प्यार बस" को खत्म करो। जब तक वह बस line खत्म नहीं होती मन को शान्ति नहीं होती। लेकिन वज़ीर साहिब ने मजबूरी ज़ाहिर की। आज यह बात किस को मालूम नहीं कि पंजाब के अन्दर सारी lines nationalise नहीं हुईं। कुल 280 lines हैं; उन में से अभी तक 80 lines ही nationalise हुई हैं और 200 routes ऐसे बाकी हैं जिन को अभी nationalise करना है। अगर उन 200 में से एक यह भी हो तो मैं पूछता हूँ कि क्या ज़ाती गिले की बिना पर और किसी को नुकसान पहुँचाने की ज़ाती खाहिश पर बड़े तमतराक से आना और यह कहना कि देखिए साहिब यह गवर्नमेण्ट बड़ी बेइमान गवर्नमेण्ट है, जहां nationalisation करनी होती है वहां नहीं करते और जहां नहीं करनी होती वहां करते हैं, कहां तक ठीक है? स्पीकर साहिब! मैं ने इस बात का ज़िक्र खुशी से नहीं किया। मैं समझता हूँ कि Opposition वाले भाई यह समझते हुए भी कि यह बात ठीक नहीं है ऐसा करते हैं। जहां पर वे मुखालफत की भावना को छोड़ कर अच्छी बातें कहते हैं वहां मैं उन का शुक्रगुज़ार हूँ। इस वक्त सरदार अजमेर सिंह जी बैठे नहीं हुए हैं, जब वे तकरीर करते हैं तो कई बार constructive suggestions गवर्नमेण्ट के सामने रखते हैं। और ऐसे ही जब दूसरे भाई भी रचनात्मक सुझाव देते हैं तो हमें उन्हें कबूल करने में कोई एतराज़ नहीं होता। स्पीकर साहिब! एक चीज़ मैं इस मुअज़्ज़िज़ हाउस के सामने कह दूं कि हम नहीं claim करते कि हम ने सब समस्याओं का हल निकाल लिया है, हम नहीं दावा करते कि हमारी administration में corruption नहीं है, हम नहीं कहते कि हमारी आंखों के सामने वह मनज़र नहीं है जिस की तरफ श्री चांदराम जी ने इशारा किया है। हकीकत में यह बात किसी सरकार को भी शोभा नहीं देती कि उस के चन्द लोग तो बड़ी २ कोठियों के अन्दर रहें और उन की आंखों के सामने दूसरे लोग सड़कों की पटड़ियों पर तड़पा करें। सर्दी पड़े, गर्मी पड़े और वर्षा भी हो। किसी को भी इस से खुशी नहीं हो सकती। क्या मेरे भाइयों का विचार है कि हम इन बातों को नहीं समझ सकते या उन के साथ ही हम महसूस नहीं करते? फिर आप कहेंगे कि क्यों नहीं हम कुछ उपाय करते। मेरे मुअज़्ज़िज़ दोस्त बैठे हुए हैं; उन को पता है कि बाज़ औकात किस तरह एक चीज़ को निभाना पड़ता है, किस तरह उन की ज़िम्मेदारी पर एक

चीज़ आ पड़ती है । यह ठीक है कि चण्डीगढ़ में जो बड़ी २ इमारतें हमें नज़र आती हैं, जो बड़ी शानदार इमारतें बनी हुई हैं वह भारी तफावत की निशानियां हैं । यह ठीक है कि चण्डीगढ़ साधारण या normal चीज़ नहीं है मगर यह चण्डीगढ़ उस तरफ का एक नमूना है जिस की तरफ हम जाना चाहते हैं । और सिर्फ यही नहीं कि चण्डीगढ़ में ही इस चीज़ को करना चाहते हैं बल्कि दूसरी जगहों पर भी । लेकिन यह बात, यह इतना बड़ा परिवर्तन एक दम नहीं हो सकता । हज़ारों और सैंकड़ों वर्षों की गुलामी के दौरान में हमारे लोगों की जो हालत हुई है उस को एक रात में या चश्मज़दन में नहीं बदला जा सकता । इस लिए मुझे इस की शिकायत नहीं है । मैं कबूल करता हूँ कि हम इस थोड़े अरसे में चन्द चीज़ों को नहीं कर पाये हैं । मैं पूछता हूँ कि मैं कब उन के पास गया हूँ और दावा किया है कि सूबा में unemployment नहीं है ? और मैं ने कब कहा है कि मेरे काम करने वाले सारे सरकारी अफसर देवता हैं ? और मैं ने कब कहा है कि हमारा दिल तड़प रहा है और हमारे मुंह के नीचे लुकमा इस कारण नहीं जाता कि हमारा साथी भूखा है ? हम में और उन में क्या फर्क है ? क्या वे भूखे मरते आदमियों को नहीं देखते ? फिर वे भी खा रहे हैं और हम भी खा रहे हैं । हमारा social structure ही ऐसा है, social निज़ाम ही ऐसा है जिस में उन के और हमारे साथी जकड़े हुए हैं । स्पीकर साहिब ! जब हम इस ईवान में तकरीर करते हैं तो public platform से नहीं करते जहां किसी किस्म की पाबन्दी नहीं होती । हम यहां पर अपने विधान के मातहत काम कर रहे हैं । विधान की रीति के अन्तर्गत किसी चीज़ को ले सकते हैं । उसी कायदे के मातहत एक चीज़ को दूसरी चीज़ से बांध सकते हैं । मेरे भाई जो बहुत बेताब हैं, बहुत बेचैन हैं, मैं उन से कहता हूँ, मैं श्री चांद राम जी से कहता हूँ कि वे आगे आएं, मुझे कोई प्रोग्राम बताएं । मैं उस प्रोग्राम को हरफ हरफ पायाएतकमील तक पहुँचा दूंगा बशर्तेकि वह प्रोग्राम विधान के मुताबिक हो । यह और चीज़ है कि आप कहें कि विधान को बदल दो । यह और चीज़ है कि आप दूसरा विधान बना लें । लेकिन जब तक नहीं बदला जाता उस वक्त तक हमें इसके मुताबिक ही चलना है । हम यहां पर सारे उस ईवान के मेम्बर हैं जो एक विधान के कायदे के मुताबिक चल रहा है । मैं पूछता हूँ कि अगर आप की गवर्नमेण्ट उसी कानून के मुताबिक नहीं चल रही और इतनी तेज़ रफतारी से नहीं चल रही जितना तेज़ उस को चलना चाहिए था तो बेशक मेरे गले से आप मुझे पकड़ लें । सब से पहली चीज़ क्या है ? आखिर क्या है जो आप चाहते हैं और हम चाहते हैं ? गवर्नमेंट आखिर क्या होती है ? गवर्नमेंट का मतलब एक ऐसी संस्था है जिस के पास खास इख्तियारात हों फैसला करने के और फिर उसके बाद उस फैसला पर अमल करने के लिए उस को खर्च करने के इख्तियार हों । इन दो चीज़ों पर गवर्नमेंट की सारी definition खत्म हो जाती है । आप ने आज हमें फैसला करने और खर्च करने के इख्तियारात दिए हुए हैं । हम उन्हीं के मुताबिक, Constitution के मुताबिक काम कर रहे हैं । आप हमें बेशक दूसरी चीज़ों के लिए ताना दें मगर क्या आप यह नहीं सुनते और क्या आप खुद कई बार यह नहीं कहते कि यह गवर्नमेण्ट बड़ी तेज़ी के साथ सूबे को तरक्की के रास्ता पर आगे ले जा रही है ? क्या आप साहिबान ने कई बार यह डर ज़ाहिर नहीं किया कि जिस rate से आप पंचायतों को इतने इख्तियारात दे रहे हो ; कहीं यह चीज़ हमारे लिए मुसीबत का कारण न बन जाए और तमाम ढांचा कहीं लुड़क न जाए ?

[मुख्य मन्त्री]
अगर बावजूद इस तम्बीह के आप और मेरे साथी—स्पीकर साहिब मेरा मतलब सामने बैठे साथियों से है—हमें कोसें तो आप ही बताएं कि इस में हम क्या कर सकते हैं ? हमारा तो उद्देश्य ही यही है कि हुकूमत की सारी ताकत गांव वालों के नीचे चली जाए क्योंकि मैं समझता हूँ कि जब तक गांव वाले यह महसूस नहीं करते कि गवर्नमेंट को चलाने में उनका भी एक नुमायां हिस्सा है तब तक मैं ऐसी गवर्नमेण्ट को गवर्नमेण्ट नहीं समझता। विधान यह कहता है कि हुकूमत की ताकत unit के पास हो, पंचायत राज हो। आप हमें इस कसौटी से देखें कि आया हम पंजाब को पंचायत राज की तरफ ले जा रहे हैं या नहीं।

मेरे दोस्तों और खासकर सरदार वज़ीर सिंह जी ने डिस्ट्रिक्ट बोर्डों का ज़िक्र किया। मैं उन की तकलीफ़ को, उनके दर्द को महसूस करता हूँ कि जो साहिब किसी डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चेयरमैन रहे हों, आप के इतने वसीय अख्तियारात रहे हों, जो आप चाहते उसको करवाते रहे हों तो इस हालत में आप को ज़रूर दर्द पैदा होगा कि हमने डिस्ट्रिक्ट बोर्डों को इस शकल में खत्म कर दिया और उस शक्ल में नहीं किया जैसा कि आप चाहते थे। मगर आप देखिए तो सही कि आया हम डिस्ट्रिक्ट बोर्डों को—जिन को आप कहते हैं कि लोगों की नुमाइन्दगी करने वाले हैं—खत्म करना चाहते हैं या इन को लोगों के साथ ज़्यादा वाबस्ता करके उन को ज़्यादा अख्तियार देना चाहते हैं। इस दृष्टिकोण से आप देखेंगे तो आप को पता लगेगा कि हम rural population को, देहात वालों को इन में ज़्यादा ही नहीं बल्कि तमाम अख्तियारात देना चाहते हैं। (*Cheers*).

मेरे बाज़ भाई कहते हैं कि आप देहातों का तो नाम लेते हो मगर यह तो बताओ कि कितने आदमी हैं—कितनी तादाद है—जो हरियाना प्रान्त से आई हुई है और जो services में, नौकरियों में है। उनका तो शायद यही ख्याल होगा कि जो देहात हैं वे तो शायद हरियाना में ही हैं। जालन्धर डिवीज़न में तो उन के ख्याल के मुताबिक कोई देहात होगा ही नहीं। मैं आप से पूछना चाहता हूँ कि आखिर आप कब तक Rip Van Winkle की तरह चलते रहेंगे। आज ज़माना बदल चुका है—बहुत आगे चला जा चुका है। जहां पर किसी वक्त आप थे, वहां से बहुत दूर निकल आए हैं। आज नौकरियां देहातों, इलाकों, बहादुरियों वगैरह को सामने रखकर नहीं मिलतीं। आप की परेशानी का बाइस अगर कोई चीज़ है तो वह यह कि आप का ख्याल ज़माने की रफ़्तार के साथ कदम नहीं रख रहा। आज ज़माना कोई और तकाज़ा करता है। आज ज़माना इनसान और इनसान में तमीज़ नहीं करता। आज वह ज़माना नहीं जब कि चौधरी ऊँची जगह पर, ऊँचे आसन पर बैठा करते थे और हरिजन भाई उन के पांव दबाया करते थे। आज तो हमारे मुल्क का वह विधान है जो चौधरी और हरिजन को बराबर की कुर्सी पर बिठाना चाहता है और बिठा रहा है। आज तो ऐसा ज़माना है कि चौधरी हो या न हो पर हरिजन अगर merit पर आ जाता है तो उसी को लिया जाता है, चौधरी कि चौधरीपने को नहीं देखा जाता। (*Cheers*) (*Interruptions*) मैं अपने दोस्त चौधरी श्री चन्द को यह बताना चाहता हूँ कि मैं बज़ातेखुद उन के ख्यालात का या जो कुछ आप फरमाते हैं उन विचारों की उस से भी ज़्यादा कदर करता हूँ बनिस्बत उसके जितनी कि एक Opposition के मेम्बर की होनी चाहिए। मैं उन की कदर करता हूँ कि वह अच्छे ढंग से चीज़ों को सामने रखते हैं।

हरिजनों के मुताल्लिक मेरे पास कुछ figures हैं, मैं आप के सामने रखता हूँ। मैं यह नहीं कहता कि हम उनके लिए जो कुछ करना चाहते थे वह सब कुछ हो गया है। मगर मैं आप को यह बताना चाहता हूँ कि जो हमारे कदम हैं वे किस तेज़ी के साथ हमारे उस उद्देश्य की तरफ़ जा रहे हैं।

मौलवी अब्दुल गनी डार : जितनी तेज़ी के साथ इलैकशन्ज (Elections) करीब आ रहे हैं।

मुख्य मंत्री : हमने सन् 1952 में इस हकूमत की बागडोर को अपने हाथों में सम्भाला। उस वक्त यानी सन् 1952-53 में नौकरियों में हरिजनों की तादाद 4.3 प्रतिशत थी। जब हमने गवर्नमेण्ट को सम्भाला उसके अगले साल यानी सन् 1953-54 में यह तादाद बढ़कर 5.67 या 5.69 हो गई। और सितम्बर, 1954 तक यह तादाद 7.4 प्रतिशत थी। आप ही बताएं, स्पीकर साहिब, कि अब तक वह कौन सी Government आई जिसने इतनी तेज़ी के साथ इन backward classes को इतनी ज़्यादा representations नौकरियों के अन्दर दीं ?

पंडित श्री राम शर्मा : क्या इन में sweepers और चपड़ासी भी शामिल हैं ?

मुख्य मंत्री : सब कोई शामिल हैं। मुझे अलग अलग तादाद याद नहीं। बल्कि यह कह सकता हूँ कि पिछले साल E.A.C. के लिए जो इम्तहान हुआ उसमें 3 हरिजन आए और तीनों लिए गए। (*Cheers*). इसी तरह उस से पिछले साल भी तीन हरिजन भाई E.A.C. में लिए गए। इस तरह दो सालों के अन्दर Executive में 6 हरिजनों को Gazetted Officers के तौर पर लिया।

श्रम मंत्री : आठ में से तीन।

मुख्य मंत्री : मेरे दोस्त चौधरी सुन्दर सिंह जी ने मुझे याद दिला दिया है कि आठ में से तीन लिए गए थे। (*Interruptions*) स्पीकर साहिब ! मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि जिन आदमियों का, जिन भाइयों का ख्याल एक खास सतह से ऊपर नहीं जा सकता मुझे उन के साथ हमदर्दी है। वह भाई यह समझते हैं कि जब तक किसी को खास वह नौकरी न दी जाए जिस के लिए वह चाहते हों तब तक उन की तसल्ली नहीं हो सकती। आखिर यह कोई शाहराह थोड़े ही है जिस में जो चाहे चला जाए। बावजूद इस तमाम नुकता-चीनी के, मैं समझता हूँ कि हमारी गवर्नमेंट ने इतना अच्छा काम किया है जिस के लिए वह दुनियां के सामने अपना सिर ऊँचा रख सकती है। जो असहाब हरिजनों के मुतअल्लिक यह कहते हैं उन्हें मैं चैलेंज करता हूँ कि हिन्दुस्तान के किसी भी प्रदेश में, हिन्दुस्तान की किसी भी स्टेट में यह रूल नहीं बनाया जो हरिजनों के मुताल्लिक reservation के लिए हमने बनाया है। वह यह है कि जो पहली जगह खाली हो वह हरिजनों के लिए मखसूस हो और यह कह कर कि हरिजन मिलता नहीं हम आगे नहीं चल सकते। अगर इस साल हरिजन नहीं मिलता तो आइन्दा साल भी उसे लेना होगा यानी अगर आपने आइन्दा साल एक हरिजन लेना हो और पिछले साल कोई मिला न हो तो इस साल दो हरिजन लिए जाएं। (*Cheers*) यह ठीक है कि हरिजन पिछड़े हुए हैं। ठीक है कि हरिजन दबे हुए हैं और बर्बाद किए गए

[मुख्य मन्त्री]

थे। मैं आप को बताना चाहता हूँ कि इन हालात के लिए आप के साथ मेरी आंखें भी खून के आंसू बहाती हैं क्योंकि इनसानियत में यह क्या तमाशा है कि एक खास जमात को कई अदारों से वंचित कर दिया जाए—वह वेद न पढ़ सकें, शास्त्र न पढ़ सकें, किसी के साथ छू भी न सकें ; उन के साथ कन्धे से कन्धा मिला कर न चल सकें। स्पीकर साहिब ! यह हैरान होते हैं और यह हैरान भी क्यों न हों ? मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि अव्वल तो उन के हालात पहले से कितने ही अच्छे हो गए हैं और अगर अच्छे नहीं हुए तो मैं उन से पूछता हूँ कि पहले से बदतर तो नहीं हुए। ऐसा देखते हुए उन्हें इस बात को भुला नहीं देना चाहिए कि हमें किसी निज़ाम के साथ लड़ना पड़ रहा है। हम देखते हैं कि हरिजनों की सहायता के कार्य करते करते हम ने कई लोगों को नाराज़ कर लिया है। वे नाराज़ हो गए हैं और वह भी नाराज़ हो गए हैं (pointing to the Opposition Benches)। वे लोग तो तड़प रहे हैं और यह भी अपनी जगह पर तड़प रहे हैं। यह अपने हक लेना चाहते हैं इस लिए तड़पते हैं और इन लोगों से उन के हक वापस लिए जा रहे हैं वे इस लिए तड़प रहे हैं। स्पीकर साहिब, एक तो तड़पते हैं इसलिए कि उन से दूसरों के हक वापस लिए जा रहे हैं और दूसरे इसलिए तड़पते हैं कि उन्हें भी वही हक हासल हो जाएं जो दूसरों को हासल हैं। उन की और मेरी तसल्ली तब होगी जब उन को भी वही सहूलतें मिलनी शुरू हो जाएंगी जो बाकियों को मिल रही हैं। स्पीकर साहिब ! यह अशान्ति तब तक जारी रहेगी और मैं चाहता भी हूँ कि यह अशान्ति बनी रहे जब तक इन को दूसरों के बराबर हक नहीं मिल जाते। वे भी (हरिजन) अच्छे अच्छे बंगलों में रहना चाहते हैं, वे भी मोटरों में सवार होना चाहते हैं और वे भी ज़मीनों में हिस्सेदार बनना चाहते हैं। उन के भी मकान होने चाहिएं और उन की भी ज़मीनें होनी चाहिएं। उधर तड़पते हैं वे बड़े बड़े ज़मींदार जो मुद्दतों से उन गरीबों का खून चूसते आए हैं और अब वह देख रहे हैं कि अब यह चीज़ें रहने की नहीं। अगर कोई यह कहे कि हम इन नारों की बिना पर एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते चले आ रहे हैं या एक बरादरी को दूसरी से लड़ाते चले आ रहे हैं, यह ठीक बात नहीं है। जो कुछ उन के मन में चीज है या जो कुछ उन को करना आता है वह तो वही करेंगे। स्पीकर साहिब, मुझे college के दिनों की एक बात याद आ गई है। एक लड़का था। उस को केवल Binomial Theorem ही याद थी। इम्तहान में उसे कोई भी सवाल आए और चाहे Binomial Theorem आए या न आए वह लिख देता था "Let me first prove it by Binomial Theorem." इसी तरह से, स्पीकर साहिब, यह अपना नुक्ता नज़र हर चीज़ के साथ जोड़ देते हैं। Government of India ने States Reorganisation Commission बनाया है सिर्फ इस लिए कि वह देखे कि सारे भारत के सूबों की हदें कहां कहां पर रहनी चाहिएं और उस ने हर आदमी को हक दे दिया है कि वह कमिशन के सामने जा कर अपने ख्यालात रखे। इसी लिए उन्हों ने Legislature के मेम्बरान को भी कह दिया है कि जाओ और इस बारे में अपने नुक्ता निगाह Commission के सामने रखो। इस Commission के बनाने का और कोई मतलब नहीं है। जो मतलब है वह यह बेशक सुन लें। मेरा कोई धमकी देने का मक्सद नहीं है। इन चीजों के नाम से सूबा के अन्दर बदअमनी पैदा नहीं होनी चाहिए,

सूबा के अन्दर नफ़रत पैदा नहीं होनी चाहिए और सूबा में धींगा मुश्ती नहीं होनी चाहिए। यहां किसी को लाठी का जोर दिखाने की जुर्रत नहीं होनी चाहिए। बेशक यह बड़े शौक के साथ अपनी मर्जी के सूबा का प्रचार करें लेकिन सूबा की फिज़ा को खराब न करें।

मौलवी अब्दुल गनी डार : तो यह प्रचार 144 दफ़ा में कैसे किया जा सकता है ?

अध्यक्ष महोदय : आप क्यों interrupt करते हैं ? (Why does the hon. Member interrupt him ?)

मुख्य मंत्री : स्पीकर साहिब ! मैं कह रहा था कि आखिर बात क्या है ? बात यह है कि सूबा बड़ा इस लिए नहीं होना चाहिए कि कोई फिर्का किसी दूसरे फिर्के को दबा सके या इस लिए इस तरह का छोटा होना चाहिए कि एक फिर्का दूसरे फिर्के को दबा सके। अगर एक फिर्का दूसरे फिर्के को दबाना चाहता है और इसी मकसद से सूबा किसी खास शक्ल का मांगता है तो मैं समझता हूँ कि यह काबले एतराज़ चीज़ है। कोई भी सूबा administration के लिहाज़ से बनाया जाना है। उस Commission ने यह देखना होगा कि एक unit कितना होना चाहिए। हिन्दुस्तान जो हमारा देश है उस को इन्तज़ाम के लिए कितने हिस्सों में बांटना चाहिए। आप नक्शे को देखते हैं कि कोई पहाड़ या दरिया किसी सूबे को दूसरे सूबे से काटता तो नहीं है। यह तो सिर्फ administrative purposes के लिए जो ज़रूरी चीज़ें होंगी देखेगा।

फिर, स्पीकर साहिब, यह जो Address है इस में सिर्फ एक चीज़ इस बारे में दी गई है कि खुदा के लिए भाई भाई से न लड़े और खुदा के लिए कोई किसी के साथ बे-इन्साफी न करे। हम पर यह इल्ज़ाम लगाया गया है कि फिर्कादारी सिर्फ हमारे ही हिस्से में आई है। और हम जितना भी काम करते हैं वह फिर्कादाराना तौर से करते हैं। आप देखिए कि हम किस तरह से फिर्कादारी को हवा दे रहे हैं। हम ने अपने पास किसी एक नौकरी को भी भरने का इख्तियार नहीं रखा है। सारी की सारी नौकरियां Public Service Commission और Subordinate Services Selection Board की मार्फत भरी जाती हैं और हम claim करते हैं कि वहां recommendations के बिना नौकरियां भरी जाती हैं। हरिजनों के लिए रियायतें दे रखी हैं। अगर वे बेचारे पढ़े लिखे नहीं होंगे तो मेरे साथी भी उन के लिए क्या कर सकते हैं ? एक आदमी M. A. पढ़ा हो और Law College में पढ़ता हो और कानून की knowledge भी रखता हो और हरिजनों के लिए दर्द भी रखता हो तो उसे यह बातें कहनी ठीक नहीं लगतीं। मैं उन्हें बता देना चाहता हूँ कि नौकरियों के लिए हरिजनों का मुकाबला हरिजनों से होता है और आप यह भी उम्मीद रखते हैं कि हर नालायक आदमी को पीछे रखना चाहिए और बाकी को आगे लाना चाहिए, चाहे वह हरिजन हो चाहे वह और कोई हो। मैं अपने दोस्त श्री चांद राम से यह भी कह देना चाहता हूँ कि जो आप को उलटे रास्ते पर चलाना चाहते हैं वह आप के दुशमन हैं, दोस्त नहीं हैं। हम आप को ऊपर उठाना चाहते हैं। इस से कोई फर्क नहीं पड़ता अगर आप की Community के इस वक्त कम आदमी नौकरियों में हैं। देखना यह है कि हमारे आदर्श क्या हैं। यदि इस वक्त आप की बरादरी को तकलीफ़ों का सामना करना पड़ रहा है तो भी डरना नहीं चाहिए। इस से आप में विश्वास पैदा हो सकता है, faith पैदा हो सकता है। इस से आप की

[मुख्य मंत्री]


ਸਰਦਾਰ ਅਛੱਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ (ਅਜਨਾਲਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਜਿਹੜਾ Flood Protection Bund ਦਰਿਆ ਰਾਵੀ ਉਪਰ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਕੁਛ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਕੁਝ ਹਫਤੇ ਹੋਏ ਹਨ ਕਿ ਮੈਂ ਉਸ ਬੰਦ ਨੂੰ ਕੁਝ M.L.A.s, M.P.s ਅਤੇ Engineer ਸਾਹਿਬ ਨਾਲ ਵੇਖਣ ਗਿਆ ਸਾਂ । ਮੈਂ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਬੰਦ ਨੇ ਕੁਝ ਬਚਾ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਕੰਮ ਅਛੱਾ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਕੰਮ ਚੰਗੇ ਹੋਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ ਜ਼ਰੂਰ ਚੰਗਾ ਕਹਾਂਗੇ । ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਇਹ ਗਲ ਜ਼ਰੂਰ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡ ਪਾਰ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਕੀ ਸੋਚਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਅਜ ਜਦੋਂ ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੁਛਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਕੀ ਕੋਈ ਪਿੰਡ ਪਾਰ ਰਹਿ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ Development Minister ਅਤੇ Irrigation Minister ਦੋਹਾਂ ਨੇ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕੋਲੋਂ ਕੰਮ ਲੈਂਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਕਹਿ ਦਿਤਾ ਕਿ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ । 10, 12 M.L.A.s ਅਤੇ M.P.s ਨਾਲ ਗਏ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ, Engineer ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਤਕਰੀਬਨ 60 ਪਿੰਡ ਪਾਰ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ । Dera Baba Nanak ਅਤੇ Bhallarwal ਤਕ 3 constituencies ਹਨ । ਤਿਨਾਂ ਦੇ M.L.A.s ਨਾਲ ਸਨ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਆਣ ਕੇ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਕਿ ਇਸ ਬੰਦ ਬਨਾਉਣ ਨਾਲ ਅਸੀਂ ਨਾ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਰਹੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਵਿਚ ਰਹੇ ਹਾਂ ਵਿਚਕਾਰ ਆ ਗਏ ਹਾਂ । ਸਾਡਾ ਕੋਈ ਬੰਦੋਬਸਤ ਕਰੋ । ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਕਿਹੜੀ ਦੁਨੀਆ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਇਹ ਕਿਉਂ ਐਨੀ ਅਨਗਹਿਲੀ ਕਰ ਛਡਦੇ ਹਨ । ਘਟ ਤੋਂ ਘਟ 60 ਪਿੰਡ ਪਾਰ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ ਉਹ ਸਾਰੇ ਵਾਵੇਲਾ ਪਏ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸੀਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਜਾ ਕੇ demonstration ਕਰਾਂਗੇ । ਲੇਕਿਨ ਇਥੇ ਵੀ ਦਫਾ 144 ਲਗਾ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਦਰਵਾਜ਼ਾ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਅਸਾਂ law and order infact ਰਖਣਾ ਹੈ । ਕਲ Chief Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਾਰੀਆਂ demonstrations ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਆਂਗੇ, ਕੁਚਲ ਕੇ ਰਖ ਦਿਆਂਗੇ । ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ ਇਹ ਕਿਹੜੇ ਬਹਿਸ਼ਤ ਵਿਚ ਵੜੇ ਹੋਇ ਹਨ ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਚੀਖ ਪੁਕਾਰ ਤਕ ਨਹੀਂ ਸੁਣੀਦੀ । ਜਵਾਬ ਦੇਣ ਵੇਲੇ ਬਿਲਕੁਲ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ । ਮੇਰਾ ਵਿਚਾਰ ਹੈ ਕਿ ਦੂਸਰਿਆਂ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦਾ ਵੀ ਇਹੋ ਹਾਲ ਹੋਵੇਗਾ । ਲੋਕ ਵਾਵੇਲਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਡਾ ਕੋਈ ਬੰਦੋਬਸਤ ਕਰੋ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਸਾਡੇ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਸਾਹਿਬ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੋਚਦੇ ਹਨ, ਮੈਂ ਆਪ ਨੂੰ ਦਸਦਾ ਹਾਂ। ਉਹ ਉਸ ਪਾਸੇ ਦੌਰੇ ਤੇ ਗਏ। ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਖੜਾ ਕਰ ਲਿਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਾਹਿਬ ਸਾਡੇ ਪਿੰਡ ਪਾਰ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ: ਸਾਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਬੜੇ ਹੈਰਾਨ ਹੋ ਕੇ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ ! ਇਹ ਥੋੜੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਆਲੇ ਦੁਆਲੇ ਧੁਸੀ ਲਗਾ ਦਿਤੀ ਹੈ। ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਸਾਡਾ ਕੰਮ ਤਾਂ ਧੁੱਸੀ ਲਗਾਣਾ ਸੀ, ਇਸ ਦਾ ਇਹ ਮਤਲਬ ਨਹੀਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡੀਆਂ ਹਵੇਲੀਆਂ ਬਚਾਂਦੇ ਫਿਰੀਏ। ਇਸੇ ਤਰਾਂ ਦੂਜੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਗਏ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਇਹ ਫ਼ਰਿਆਦ ਕੀਤੀ ਕਿ ਚੂੰਕਿ ਸਾਡੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਧੁੱਸੀ ਵਿਚ ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਬਦਲੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਦੂਜਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਪਾਣੀ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪਾਣੀ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਮਕਾਨ ਡਿਗ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਸਾਡਾ ਸਭ ਕੁਛ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਸਾਡੇ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਪੈਸਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਅਗਲੇ ਪਿੰਡ ਬਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜੇ ਧੁੱਸੀ ਨੂੰ ਥੋੜਾ ਜਿਹਾ ਹੋਰ ਪਰੇ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸਾਡੇ ਪਿੰਡ ਬਚ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਜਵਾਬ ਇਹ ਮਿਲਿਆ ਕਿ ਜੇ ਤੁਹਾਡੇ ਪਿੰਡਾਂ ਤੋਂ ਪਰੇ ਧੁੱਸੀ ਨੂੰ ਲੈ ਆਂਦਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸਾਡੀ ਧੁਸੀ ਖਤਰੇ ਵਿਚ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਪਿੰਡਾਂ ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਧੁੱਸੀ ਬਣਾਈ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਬੇਸ਼ਕ ਖਤਰੇ ਵਿਚ ਪਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਪਰ ਧੁੱਸੀ ਨੂੰ ਕੋਈ ਖਤਰਾ ਨ ਹੋਵੇ। ਕਿਹਾ ਹਾਸੋਹੀਣਾ ਜਵਾਬ ਹੈ ! ਸਪੀਕਰ ਸ਼ਾਹਿਬ ! ਜੇ ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ ਦਵਾਰਾ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 60 ਪਿੰਡ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਨਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੋਸਤਾਨ ਵਿਚੋਂ ਬਾਹਰ ਕਢ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਜੇ ਗੌਰਨਮੈਂਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰਾਂ ਜਮੀਨਾਂ ਦੇ ਬਦਲੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਾ ਦਿਤੀਆਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵੱਸਣ ਦਾ ਕੋਈ ਚਾਰਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ। ਜਿਥੇ ਮੈਂ ਇਸ ਦੇ ਚੰਗੇ ਪਖ ਦਾ ਵਰਨਣ ਕੀਤਾ ਸੀ ਉਥੇ ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਸਮਝਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇਕ ਤਸਵੀਰ ਦੇ ਭੈੜੇ ਪਾਸੇ ਨੂੰ ਵੀ ਆਪ ਦੇ ਸਾਮਣੇ ਰਖ ਕੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਇਸ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਵਾਂ।

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ (ਰਮਦਾਸ) : ਮਾਨਯੋਗ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਡੀਮਾਂਡ ਰਾਵੀ ਪੁਰ ਬੰਧ ਲਗਾਉਣ ਲਈ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕਰਨ ਲਈ ਆਈ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਲਈ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦੀ ਹਾਂ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ, ਫਾਈਨੈਂਸ ਮਨਿਸਟਰ ਅਤੇ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਮਨਿਸਟਰ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਜ਼ਰੂਰਤ ਦੀ ਅਹਿਮੀਅਤ ਨੂੰ ਮਹਿਸੂਸ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਇਥੇ ਬੰਧ ਬਨਾਉਣ ਲਈ 22 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦਾ provision ਕੀਤਾ। ਜਿਥੇ ਮੈਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਲਈ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦੀ ਹਾਂ ਉਥੇ ਮੈਂ ਮੌਕੇ ਤੇ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਵਧਾਈ ਦੇਣ ਤੋਂ ਬਿਨਾ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਬਹੁਤ late ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਪਰ ਜਿਸ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵਡੇ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਛੋਟੇ ਅਫਸਰਾਂ ਤਕ—ਇਸ ਦਾ ਇੰਤਜਾਮ ਕੀਤਾ ਉਸ ਨੂੰ ਵੇਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆ ਉਹ ਸਾਰੇ ਵਧਾਈ ਦੇ ਪਾਤਰ ਹਨ। ਅਫ਼ਸਰ ਤਾਂ ਹਨ ਹੀ ਪਰ ਉਥੋਂ ਦੀ ਜਿਹੜੀ labour ਹੈ ਅਤੇ ਉਥੋਂ ਦੀ ਜਿਹੜੀ ਜਨਤਾ ਹੈ ਬਾਵਜੂਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬੰਧ ਦੇ ਥੱਲੇ ਆ ਜਾਣ ਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੋਈ ਰੁਕਾਵਟ ਨਹੀਂ ਪਾਈ ਅਤੇ ਬੜੀ ਲਗਨ ਨਾਲ ਆਪਣਾ ਪੂਰਾ ਪੂਰਾ ਸਹਿਯੋਗ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਉਸ ਲਈ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿਲੀ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਰਾਤ ਦਿਨ ਇਕ ਕਰਕੇ ਇਸ ਕੰਮ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਲਈ ਪੂਰੀ

[ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ]

ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਵਕਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲੋਂ ਸਿਰੇ ਚੜ੍ਹਾਇਆ। ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬੰਧ ਜਿਥੇ ਬਣਿਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡੀ ਕਾਫ਼ੀ ਬਚਤ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਪਿੰਡ ਅਤੇ ਫਸਲਾਂ ਵੀ ਬਚ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਵਲੋਂ ਪਾਣੀ ਆ ਜਾਣ ਨਾਲ ਤਬਾਹ ਅਤੇ ਬਰਬਾਦ ਹੋ ਗਈਆਂ ਸਨ। ਉਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਸਾਮਨੇ ਰਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ 23 ਮੀਲਾਂ ਉਪਰ ਬੰਧ ਬਨਾਣ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਦਿਤੀ ਅਤੇ ਜਿਹੜਾ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਉਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਬੜੀ ਧਨਵਾਦੀ ਹਾਂ।

ਪਰ ਜਿਥੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਾਡੀ ਹਿਫ਼ਾਜ਼ਤ ਲਈ ਇਤਨਾ ਕੁਝ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਥੇ ਕੁਝ ਇਕ ਕਮੀਆਂ ਵੀ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ।

ਸਾਰਿਆਂ ਤੋਂ ਪਹਿਲੀ ਚੀਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਥੋਂ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਹਨ ਉਹ ਬਹੁਤ ਕਰਕੇ refugees ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਬੰਨ ਥੱਲੇ ਆ ਗਈ ਹੈ। ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਰੋਟੀ ਦਾ ਇਕ ਮਸਲਾ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਹੋਰ ਵੀ unallotted ਜ਼ਮੀਨ ਪਈ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਉਨ੍ਹਾ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਨਿਰਾਸ਼ ਹੋਕੇ ਕਿਧਰੇ ਉਥੋਂ ਉਠ ਨਾ ਜਾਨ ਤਾਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰੋਟੀ ਦਾ ਇਕ ਜ਼ਰੀਆ ਬਣਿਆ ਰਵੇ। ਕਿਉਂਕਿ ਉਨਾਂ ਉਜੜੇ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲ ਹਿਮਤ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਹ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਆਮਦਨ ਦੇ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰ ਸਕਣ।

सिंचाई मंत्री : ज़मीन जो दरिया ने काट दी उस के बारे में आप कह रही हैं ?

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਨਹੀਂ ਜਿਹੜੀ ਬੰਧ ਥਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਲਿਆਂਦੀ ਗਈ ਹੈ।

सिंचाई मंत्री : आप का मतलब यह है कि उन को compensation दिया जाए ?

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ compensation ਦਿਤੀ ਜਾਏ ਤਾਂ ਚੰਗਾ ਹੀ ਹੈ।

सिंचाई मंत्री : Compensation in the form of land ?

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਜੀ ! ਉਹ ਇਹ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾ ਦੇ ਬਦਲੇ ਵਿਚ ਜ਼ਮੀਨਾ ਹੀ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ unallotted ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਪਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਪੁਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਬਾਦ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਉਹ ਚੂੰਕਿ refugees ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਉਹ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਹੀ ਮਿਲੇ ਬਨਿਸਬਤ ਇਸ ਦੇ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜਮੀਨਾਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਦੇ ਦਵੇ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ ਪੈਸਾ ਤਾਂ ਹੋਰ ਕਈਆਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਇਸਦੇ ਨਾਲ ਮੁੜ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰੋਟੀ ਦਾ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ।

ਦੂਜੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕਈ ਪਿੰਡ ਬੰਧ ਦੇ ਪਰਲੀ ਤਰਫ਼ ਰਹਿ ਗਏ ਹਨ ਜਿਵੇਂ ਛੀਨਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਨਾ ਤੇ ਉਹ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਹਨ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਵਿਚ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਆਸੇ ਪਾਸੇ ਕੋਈ ਸੜਕ ਨਹੀਂ। ਉਹ ਕਿਸੇ ਤਰਾਂ ਵੀ ਆ ਜਾ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ। ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਤੰਗੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਜੇਹੜੀ main road ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਲਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਕਦੀ ਮੁਸੀਬਤ ਦਾ ਮੌਕਾ ਆਏ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਤਕਲੀਫ਼ ਨ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਮਦੋਰਫ਼ਤ ਦੇ ਸਾਧਨ ਪਹੁੰਚਾਉਣ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਹੈ ਕਿ ਕੱਚੀ ਸੜਕ ਦਰਿਆ ਵਿਚੋਂ ਪਾਣੀ ਆ ਜਾਣ ਨਾਲ ਬਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਮੁਸਤਕਿਲ ਤੋਰ ਤੇ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਬੋਰਡ ਦੇ ਪਾਸ ਤਾਂ ਇਤਨਾ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਕੰਮ ਵੀ ਪੰਜਾਬ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਖੁਦ ਆਪਣੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਤੀਜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਜਿਸਦਾ ਮੈਂ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਬੰਧ ਬਣਨ ਨਾਲ ਕਈਆਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾ ਪਰਲੇ ਪਾਸੇ ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖੂਹ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਖੂਹ ਦੋਵੇਂ ਨਾਕਾਰਾ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ ਆਪਣੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਖੂਹਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਲਗਾਣ ਤੋਂ ਵਰਜੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਬੰਧ ਦੇ ਥੱਲੇ ਕੋਈ ਅਜਿਹੇ ਮੋਰੇ ਬਣਾਏ ਜਾਣ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋੜ ਵੇਲੇ ਉਹ ਭਾਵੇਂ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੀ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਲੈ ਕੇ ਆਪਣੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਖੂਹਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਲਾ ਸਕਣ।

ਇਸੇ ਨਾਲ ਮਿਲਦੀ ਜੁਲਦੀ ਚੌਥੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਬੰਧ ਲਗ ਜਾਣ ਨਾਲ ਕਈ ਪਿੰਡ ਤਾਂ ਬੰਧ ਦੇ ਪਰਲੇ ਪਾਸੇ ਆ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਈਆਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਾਂ ਇਹ ਵੀ ਹੈ ਕਿ ਪਿੰਡ ਤਾਂ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਆ ਗਏ ਹਨ ਪਰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਪਰਲੇ ਪਾਸੇ ਚਲੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕੀ ਆਪਣੇ ਹਲ, ਗਡੇ ਅਤੇ ਡੰਗਰ ਦਿਨੇ ਬਾਹਰ ਚਾਰਨ ਵਾਸਤੇ, ਗੱਲਾ ਅਤੇ ਚਾਰਾ ਇਧਰ ਦਾ ਉਧਰ ਤੇ ਉਧਰ ਦਾ ਇਧਰ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਸਕਦੇ। ਜੇ ਲੈ ਆਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਵੀ ਕਰਨ ਤਾਂ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਚਲਾਨ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਥੋੜਾ ਜਿਹਾ ਰਸਤਾ ਆਉਣ ਜਾਣ ਲਈ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੁੰਦਾ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਮੁਸੀਬਤ ਨਾ ਬਣਦੀ।

ਇਸ ਵੇਲੇ ਜਿਹੜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮਹਿਸੂਸ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਛੀਨਾ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਪਰਲੇ ਪਾਸੇ ਰਹਿ ਗਈਆਂ ਹਨ ਉਹ ਬਹੁਤ ਨੁਕਸਾਨ ਵਿਚ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ D.C. ਅਤੇ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਵੀ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਸਾਡੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣ ਅਰਥਾਤ ਸਾਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬਦਲੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਪਰਲੇ ਪਾਸੇ ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ ਉਰਲੇ ਪਾਸੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਹੁਣ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗਾ ਹੈ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਇਹ ਫ਼ੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਥੋਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਮਹਿਕਮਾ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ। ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਰਿਆ ਬੁਰਦ ਹੋ ਗਈਆਂ ਫਿਰ ਬੰਧ ਹੇਠ ਆ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਹੁਣ ਰਹਿੰਦੀਆਂ ਖੂੰਹਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਮਹਿਕਮਾ ਜੰਗਲਾਤ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ

[ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ]
ਜੋਗਾ ਨਹੀਂ ਛਡਿਆ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਰੁਜ਼ਗਾਰੇ ਤੋਂ ਮਹਿਰੂਮ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦੀ ਕਿ ਇਹ ਭੈੜੀ ਗਲ ਹੈ ਪਰ ਮੇਰਾ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜੇ ਕਿ refugees ਹਨ ਜਾਂ ਲੋਕਲ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਇੰਜ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ; ਮੁਨਾਸਬ ਤੋਰ ਤੇ compensate ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬਦਲੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਿਤੀਆ ਜਾਣ। ਜੇਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਹੀ ਨਾ ਦਿਤੀ ਗਈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰਾਵੀ ਦੇ ਇਸ ਕੰਡੇ ਤੇ ਰਹਿਣ ਦੀ ਕੀ attraction ਹੋਵੇਗੀ ?

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਤੁਸੀ ਕੀ suggest ਕਰਦੇ ਹੋ ?

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਇਹੋ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਬਦਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰੋਜ਼ੀ ਦਾ ਸਾਧਨ ਬਣਿਆ ਰਹੇ।

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਕੀ ਜੰਗਲਾਤ ਵਾਲੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ ਬਾਕੀ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ।

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਇਹੋ ਸੁਣਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਮਿਟੀ ਪਾਵੇ, ਜੰਗਲਾਤ ਉਗਾਏ ਅਤੇ ਹੋਰ erosion ਤੋਂ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ।

ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤ੍ਰੀ ਅਗੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਗਲ ਲਈ ਆਪ ਛਾਨ ਬੀਨ ਕਰਾ ਲੈਣ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੁਝ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕਰਨ। ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਹਲ ਸਾਨੂੰ ਕਢਣਾ ਹੀ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਟੀ ਮਿਲ ਸਕੇ ਅਤੇ ਇਹ ਕੰਮ ਅਸਾਂ ਹੀ ਤਾਂ ਕਰਨਾ ਹੈ।

ਦੂਜੀ ਅਰਜ਼ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਅਗੇ ਇਹ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਉਥੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ telephone connections ਜ਼ਰੂਰ ਦਿਤੇ ਜਾਣ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਉਥੇ telephone ਦਾ ਕੋਈ connection ਨਹੀਂ। ਜਿਸ ਕਿਸੇ ਵੇਲੇ ਵੀ ਕੋਈ ਮੁਸੀਬਤ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਬਾੜ੍ਹ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਜਾਂ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਕਈ ਲੋਕੀ ਹਮਲਾ ਹੀ ਕਰ ਦੇਂਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਹੋਰ ਕੁਝ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਛੇਤੀ ਨਾਲ ਖਬਰ ਕਿਵੇਂ ਭੇਜੀ ਜਾ ਸਕੇ। ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਇਹ ਵੀ ਦਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹਾਂ ਕਿ ਉਥੇ ਇਸ ਵੇਲੇ telephone ਦਾ arrangement ਸਾਡੀ Provincial Armed Police ਜਾਂ Border ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਪਾਸ ਵੀ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਜੋ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਹ ਦਿਕਤ ਤਾਂ ਉਥੇ ਦੇ ਅਫਸਰ ਵੀ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

ਅਰਥ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਕੀ ਅਜਨਾਲੇ ਵਿਚ ਵੀ telephone ਨਹੀਂ ਹੈ ?

ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਨਹੀਂ, ਅਜਨਾਲੇ ਵਿਚ ਤਾਂ ਹੈ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਰਮਦਾਸ ਅਰ ਘੋਣੇਵਾਲ, ਚੋਕੀ ਕਮਾਲਪੁਰਾ, ਬਲੜਵਾਲ, ਕਕੜ, ਮੰਝ, ਤਕ ਕੋਈ telephone ਨਹੀਂ ਹੈ।

ਅਰਥ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਆਪ ਜੀ ਦੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਇਹ ਕਿਥੇ ਤਕ ਲੈ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ?

ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਕੌਰ : ਇਹ ਘਟੋ ਘਟ ਰਮਦਾਸ ਤਕ ਜ਼ਰੂਰ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ ਇਸ ਦੇ ਬਗੈਰ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਪਾਕਿਸਤਾਨ ਵਲੋਂ ਕੋਈ ਹਮਲਾ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਖ਼ਬਰ ਵੀ ਜਲਦੀ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਉਸ ਹਮਲੇ ਦਾ ਬੜੀ ਦੇਰ ਮਗਰੋਂ ਜਾ ਕਿ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : आप को पता है कि पहले guillotine के लिये $1\frac{1}{2}$ घंटा होता है पर अब में propose करता हूं कि $1\frac{1}{2}$ घंटे की बजाये $\frac{1}{2}$ घंटा पहले guillotine के लिये रखा जाए क्योंकि बहुत से मेंबर साहिबान बोलना चाहते हैं। (As you are aware guillotine is to be applied $1\frac{1}{2}$ hours before the normal hour of interruption. I propose that this period of $1\frac{1}{2}$ hours be reduced to half an hour because I find that many hon. Members wish to take part in the discussion)

श्री राम किशन (जालन्धर शहर, उत्तर पश्चिम) : स्पीकर साहिब, जिन ख्यालात का इज़हार श्रीमती प्रकाश कौर ने अब हाऊस के सामने किया है मैं उन की ताईद करता हूं। मैं सरकार की तवज्जुह दो तीन चीजों की तरफ दिलाना चाहता हूं। स्पीकर साहिब, जब यही demands पिछले साल इस हाउस के सामने आई थीं तब भी मैं ने सरकार का ध्यान इस बात की तरफ दिलाया था कि जब उस इलाके में बारिशें हुई थीं तो वह 30 या 35 गांव जिन की आबादी सत्तर अस्सी हजार के लगभग है पानी की ज़द में आ गए थे। उन की अब अजीब हालत हो गई हुई है। एक तरफ तो हमारी सरकार रावी के पानी को रोकने के लिये बंध बांध रही है और दूसरी तरफ पाकिस्तान की सरकार ने बंध बनाए हैं। इस लिये जब दर्याए रावी में तुग़ियानी आती है तो वह सारे के सारे पानी में डूब जाते हैं। उस रोज़ जब के जालन्धर Division के Commissioner श्री नुकल सैन वहां दौरे पर गये तो सैकड़ों की तादाद में देहातियों ने अपनी शिकायतें उन के सामने पेश कीं। उन के मकान हर साल उन के रहने के काबल नहीं रहते हैं। इस तरह उन के रहने सहने का गुज़ारा नहीं होता है। मैं अपनी सरकार से यह गुज़ारिश करना चाहता हूं कि वह इस मसले को हल करने के लिए top priority दें वरना वह 30 या 35 गांव का इलाका पाकिस्तान ने जो बांध बनाया है उस की वजह से वह कंधी के उस पार चले जायेगा और वह सदा के लिये पाकिस्तान का इलाका बन जायेंगे।

अध्यक्ष महोदय : नहीं वे तो पहले ही उधर ही थे।

(No, these villages already form part of the territory of Pakistan.)

श्री राम किशन : स्पीकर साहिब, मैं इस सिलसिले में अपनी सरकार की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं कि उसे चाहिए कि इस मसले को top priority दे कर जल्दी से इस को हल करे।

श्री रला राम (मुकेरियां) : अध्यक्ष महोदय ! मैं आप के द्वारा अपने सिचाई तथा शक्ति मंत्री का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि हुश्यारपुर का जिला तकरीबन सब का सब Chos की वजह से उजड़ा हुआ पड़ा है और वैरान हो चुका है और उस में रोज़गार

[श्री रला राम]

का वसीला नहीं रहा है। आप भी, अध्यक्ष महोदय सुनते रहे हैं कि वहां के अकसर लोगों को बाहर जाकर बर्तन साफ करने के सिवा और कोई रोज़गार नहीं मिलता है। हमारी सरकार ने इन chos की survey करने के लिये जो एक Division बनाया था। पता चला है कि उस Division के अफसर मुतअल्लिका ने अपनी report पेश कर दी है। मैं विश्वास से नहीं कह सकता कि यह खबर ठीक है कि नहीं। स्पीकर साहिब मैं आप के द्वारा मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि यह मसला जब तक हुश्यारपुर के लिये हल नहीं होगा उस वक्त तक इस ज़िले के develop होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। मुकेरियां के इलाके में जो आदमी वहां रहते हैं उन के लिये रोज़गार का कोई ज़रिया ही नहीं है। अध्यक्ष महोदय! जो भाई पाकिस्तान से आए हैं और उन को कंडी के इलाके में ज़मीनें allot की गई हैं उन्होंने वहां जाकर अपनी ज़मीनों को देखने का कष्ट भी नहीं किया और इस का नतीजा यह हुआ है कि वहां पर जंगल बढ़ते जा रहे हैं और जो लोग वहां पर बस्ते हैं उन की खेती भी सुरक्षित नहीं है। वह विचारे जो खेती बोते हैं कई बार उसे काट भी नहीं सकते कि वह चोओं के पानी से बह जाती हैं। अगर इन chos को train कर दिया जाये तो उन की ज़मीन बचाई जा सकती है। प्रति वर्ष यह चो उन लोगों की ज़मीनों को बहा ले जाते हैं। यह आम देखा जाता है कि जो ज़मीन उन के पास एक साल है वह अगले साल नहीं होती।

अध्यक्ष महोदय! मैं मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इन को ठीक करने के लिये survey के बाद जो भी स्कीम बनाई जाये उस को leaflet की शक्ल में या booklet के रूप में छाप कर वे कंडी के इलाके में बांटी जाए ताकि उन को पता लग जाए कि महकमा किस तरह से उस स्कीम को चलाना चाहता है। इस के दो फायदे होंगे। एक तो यह कि उन्हें सारे development के काम का पता लग जायेगा और इस से उन का उत्साह बढ़ेगा और वह गवर्नमैण्ट को इस काम में सहयोग देंगे। दूसरा जो इस के साथ खतरा है वह दूर हो जाएगा। अब खतरा यह है यदि महकमे वाले एक स्थान पर बांध बांधते हैं तो लोग समझने लग जाते हैं कि इस बांध से पानी रुक कर उन के खेतों में आ जायेगा तो वे बांध को तोड़ देते हैं। यदि यह सारी स्कीम booklets की form में उन लोगों में बांटी जाए तो उन को ज्ञान हो जायेगा कि उन के इलाके में पानी नहीं चढ़ने का और वह उस से खाह मुखाह घबरायेंगे नहीं। यह booklets M.L.A.s के द्वारा या सरकारी अफसरान के द्वारा बांटी जा सकती हैं। पिछले दिनों डुगानां गांव के पास जब एक चो पर बांध बांधा गया था और जब बारिश का पानी वहां इकट्ठा हुआ था तो उस गांव के लोगों ने खुद इस डर से कि वह पानी उन के गांव में न चला जाए उस बांध को काट दिया था। इस लिये इस स्कीम के बारे में उन लोगों को बताना बहुत ज़रूरी है और यह काम ऐसी booklets के द्वारा बड़ी अच्छी तरह से किया जा सकता है।

फिर अध्यक्ष महोदय, planning as a whole होनी चाहिये। अगर आप एक सिरे पर काम करें दूसरे सिरे पर कुछ न हो तो इस का प्रभाव क्या होगा? इस तरह तो आप की सारी survey और planning fail होगी। इस लिये मैं मंत्री महोदय को यह सुझाव देना चाहता हूं कि चो training के काम को पूरी तरह और शीघ्र हाथ में लिया जाए। survey हो चुकी है, plans बन चुकी हैं, अब अगर आप ने दो,

तीन साल में इन योजनाओं पर अमल न किया तो यहा की कराई survey निकम्मी हो जायेगी क्योंकि चो हर वर्ष रास्ता बदलते हैं। इस लिये जो schemes आप ने बनाई हैं उन पर जल्दी से जल्दी अमल करने का प्रयत्न करना चाहिये वरना survey व्यर्थ जाएगी और उस का कोई लाभ न होगा। चो training का काम कंडी के इलाके के लिये बहुत जरूरी है और यह इस प्रकार होना चाहिये कि जो perennial चो हैं, सारा साल जिन में पानी रहता है, उन पर बांध बांध कर irrigation का काम लिया जाये। यदि इस प्रकार चोओं को trained किया गया तो कंडी के सारे इलाके, रामपुर, हलेड इत्यादि और शायद माहिलपुर, बालाचौर के इलाके की भी सिचाई की जा सकेगी। इस लिये अध्यक्ष महोदय में मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि जो भी आप की योजनाएं बनें आप उन्हें लोगों तक पहुंचाने का प्रयत्न करें। (सिंचाई मंत्री : आप repetition न करें) जिन चोओं पर dams बनाए जा सकें बनाएं और इस काम में विलम्ब नहीं होनी चाहिये वरना खतरा है कि आप की, की कराई survey व्यर्थ जाए। अतः मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय हमारी आवाज़ पर पूरा २ ध्यान देंगे क्योंकि चोओं का मसला हुश्यारपुर के लिए जिंदगी और मौत का मसला है।

श्री मूल चन्द जैन (संभालका) : स्पीकर साहिब, इस ग्रांट के ज़रिये जमुना पर flood control के लिये बांध बांधने के लिये रुपया मांगा गया है। अब तक सरकार ने करनाल को जमुना के floods की तबाही से बचाने के लिये जो कुछ कोशिशें की हैं वे काबिले तारीफ हैं। सिंचाई मंत्री जी ने जो इस मामले में दिलचस्पी ली है उस के लिये हम उन का शुक्रिया अदा करते हैं। बाबैल का बांध पश्चिमी पाकिस्तान के नरोट जैमल सिंह वाले बांध की तरह ही बड़ा अच्छा और मशहूर बांध है। Late सरदार गन्धर्व सिंह जी ने जो दिलचस्पी ली और जितना काम किया उस के लिये वे तारीफ के मुस्तहिक हैं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि बांध का काम अभी मुकम्मल नहीं है। अभी जितने spurs लगाए गए हैं वे नाकाफी हैं। पानीपत में बन्ध लग गया है मगर करनाल तहसील में बंध लगना अभी बाकी है। चूंकि उस से फायदा पानीपत को पहुंचना है और करनाल तहसील को नहीं पहुंचता इस लिये वहां के लोग voluntary labour करने से गुरेज़ करते हैं। इस लिये सरकार को मदद देनी चाहिये। अब जब कि Central Flood Control Board और Central Government फ़राखदिली से मदद देना चाहती है तो हमें भी schemes खुले दिल से बनानी चाहिएं।

एक और बात मैं आप के सामने अर्ज़ करना चाहता हूं जिस में जमुना दरिया का असर करनाल ज़िला पर पड़ता है। करनाल से 4,5 मील दूर कुंजपुरा के पास झील प्राण है। जमुना का पानी उस में जा मिलने की वजह से लोगों को बहुत तकलीफ है। रास्ते बन्द हो जाते हैं। 20,25 गांव साल में 8,10 महीने दूसरे इलाकों से कट जाते हैं। यह बात कई बार अखबारों में निकल चुकी है, representations भी हो चुके हैं कि झील प्राण पर एक पुल बनाया जाए। पहले लोगों को तकलीफ सिर्फ 6 महीने होती थी मगर जब से महकमा नहर ने इसे बतौर escape के इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है और इस में फालतू पानी छोड़ देते हैं तब से तकलीफ और बढ़ गई है और अब साल में 7,8 महीने रास्ते बन्द रहते हैं। इस लिये सरकार से दरखास्त है कि इस तरफ तवज्जुह दे कर नाले पर पुल बनाएं।

[श्री मूल चन्द जैन]

तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि जमुना के इलावा ज़िला करनाल में सरस्वती, राक्षी इत्यादि छोटी २ नदियां हैं जिन की वजह से थानेसर, इन्दरी वगैरा के इलाके को तकलीफ होती है, सैलाब आते हैं। इस लिये इन नदी नालों को control किया जाए। हमें मालूम हुआ है कि Executive Engineer ने एक स्कीम बनाई थी मगर उस पर अमल नहीं हुआ। पता नहीं स्कीम किस स्टेज पर है। अगर उस पर action लिया जा सकता हो तो जल्दी लिया जाये। करनाल ज़िले की कटोरे जैसी शक्ल है और अम्बाला ज़िले के जितने बरसाती नाले हैं वे सब यहां से निकलते हैं और पानी वहां पर रह जाता है और लोगों को परेशान करता है। फिर कुछेक और स्कीमज़ हैं जिन पर अमल करने की बड़ी ज़रूरत है। झाझपुर के आगे पुल बांधने की स्कीम है मगर अमल नहीं हुआ है। लोगों की बहबूदी के लिये स्कीम पर पूरे तरीके से अमल होना ज़रूरी है और इस में देर न की जाये। काम शुरु हुआ, हम गवर्नमैण्ट के शुक्रगुज़ार हैं, मगर इस काम को अधूरा क्यों छोड़ा जाये, इसे मुकम्मल किया जाए। इन कामों के लिये जो मांग की गई है मैं उस की ताईद करता हूं।

पंडित मोहनलाल दत्त (आनन्दपुर) : अध्यक्ष महोदय ! मैं मंत्री जी की तवज्जुह चन्द बातों की तरफ दिलाना चाहता हूं। जैसा कि चोओं का ज़िक्र आया मगर ऊना तहसील में एक चोए आज़म सवां नदी है जिस में सारे छोटे मोटे चो आकर गिरते हैं। इस नदी का ध्यान रखना सब से ज़रूरी है क्योंकि यह सब से ज़्यादा तबाही का बायस है। इस की वजह से तमाम means of communication मुनकतह हो जाते हैं........

सिंचाई मंत्री : यह मैं आप की बात मानता हूं। अब दूसरी बात कहें।

पंडित मोहन लाल दत्त : दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हुश्यारपुर में हज़ारहा चो हैं मगर पहले उन चोओं को tackle किया जाये जिन को ऐसा करना ज़रूरी है। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि जिन चोओं से देहातों को खतरा है उन के लिये जल्दी ही कार्रवाई की जाय। अगर बरसात से पहले पहले प्रबन्ध न किया गया तो वह देहात उजड़ जायेंगे। मेरी तहसील ऊना में भी 2-3 देहात हैं जहां कि इस काम को जल्दी पूरा किया जाना चाहिये। नूरपुर, राएपुर, जहानियां आदि। इन को खास तौर पर मद्देनज़र रखा जाये। चोओं के मामले को tackle करते समय इन आबादियों को जो खतरा है उस को ध्यान में रखा जाय।

दूसरे मैं यकीन दिलाता हूं कि जहां तक इन चोओं पर पुल बनाने का या और कामों का सम्बन्ध है लोग voluntary labour देने के लिय तैयार हैं। मैं फिर यही निवेदन करता हूं कि अब इस आने वाली बरसात से पहले पहले यह काम वहां पर हो जाना चाहिये और जो काम शुरु किये गये थे पर किसी कारण पूरे नहीं किये जा सके उन्हें पूरा करने में विलम्ब नहीं होना चाहिये।

दूसरी अर्ज़ यह करना चाहता हूं कि सरकार ने गैडन चौ का काम हाथ में लेने की जो कृपा की है उस को पूरा किया जाये। Voluntary labour तो है परन्तु गवर्नमैण्ट की तरफ से माली इमदाद नहीं मिल रही है। मैं निवेदन करूंगा कि इस को भी बरसात शुरु होने से पहले tackle किया जाये।

श्री केशो दास (पठानकोट) : स्पीकर साहिब ! रावी नदी के किनारे जो बन्ध बनाया जा रहा है उस के लिये मैं सरकार को मुबारिकबाद पेश करता हूं । लेकिन जिन किसानों के घर इस इलाके में आ गये हैं उन के पास खाने को रोटी नहीं । चारा नहीं रहा । इस तरह वह कब तक बचे रह सकते हैं । 20-22 गांव ऐसे हैं जो बिल्कुल कट गये हैं । अगर गवर्नमेंट इन गांवों को ज़्यादा से ज़्याद बचाने की कोशिश करती है तो उस का कहना है कि सरकार को नुकसान होता है । पर गांव वाले चाहते हैं कि हमारा ज़्यादा से ज़्यादा बचाव किया जाये ।

दूसरे अब गरमियों का मौसम है । इन 20-22 गांव को पानी के रहम पर छोड़ना ठीक नहीं । वह अब सरकार के रहम पर हैं । पहले जब पानी आ जाता था तो पानी दूर दूर तक फैल जाता था और इन गांव के लोग तैर कर बच जाते थे पर अब दोनों तरफ से घिर गये हैं एक तरफ बन्ध है दूसरी तरफ नदी । अब यह तैर कर भी नहीं जा सकते और इस से पानी आ जाने की सूरत में नहीं निकल सकते । सरकार को चाहिये के कोई तरीका निकाले ताकि इन को बचाया जाए ।

इस के इलावा सरकार का फर्ज़ है कि जिस तरह रावी में drainage बनाई गई हैं इस तरह ब्यास में भी बनाई जाएं ताकि झजेली और दूसरे गांव में आमदोरफ्त की तकलीफें दूर हो जाएं । दरिया की रेत निकालने में भी तकलीफ हो रही है और नुकसान हो रहा है अब rains आ रही हैं, इन के लिये इन्तजाम करना चाहिये ।

सिंचाई मंत्री : इस के लिये approval दे देंगें ।

श्री केशो दास : वज़ीर साहिब को उस इलाके में खुद जा कर देखना चाहिये कि सही हालात क्या हैं और लोगों को क्या २ तकलीफें हैं ।

श्री राम सरूप (बुटाना) : स्पीकर साहिब ! आप के ज़रिये मैं अपने Irrigation Minister साहिब को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस demand के ज़रिये बन्द बनाने और चोओं पर काबू पाने के लिये कुछ रुपया तलब किया है । मुझे इस बात की खुशी है कि जमुना के floods को रोकने के लिये रुपया मांगा गया है । इस के बारे में मैं गवर्नमैण्ट को बताना चाहता हूं कि गांव चौगामा में जमना के floods से बहुत तबाही हुई है । वहां पर कई buildings थीं । लड़कों और लड़कियों के स्कूल थे सब तबाह हो गये हैं । खेड़ा छप्पड़ा के गांव भी तबाह हो गये हैं । वहां के लोग अब तक परेशान हैं उन के मवेशी भी तबाह हो गये हैं । इन बेखानमा लोगों के बचाव के लिये इन्तजाम करना चाहिए । मेरी तजवीज़ यह है कि जैसे बाबेल के पास बांध है इसी तरह झुटलाने के पास बांध बना देना चाहिये ताकि लोगों को सहूलत हो सके ।

फिर रादेर, अन्दरी और ठाकुर के इलाके ऐसी जगहों पर हैं जहां एक तरफ जमुना नदी है और दूसरी तरफ नहर जमन गरबी है । फिर इस नहर जमनगरबी का पानी भी बढ़ा दिया गया है । इस से इस इलाके में भी पानी आ जाता है । नहर की पटड़ी और टयूब वैल की पटडी के बीच में होने के कारण इस इलाके में पानी की झील सी बन गई है । श्री मूल चन्द जैन ने भी इस के बारे में कहा है । इस इलाके में जब बरसात होती है तो दरिया का पानी वहां से झील पराना में इकट्ठा हो जाता है । इस पानी के लिये धमारे से drain निकलती है । उस drain पर पुल की ज़रूरत है । यहां मैं यह भी अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि सरस्वती और चौतल के लिये भी बरसाती नाले बनाए जाएं ताकि बरसात में इन गांवों को तबाही से बचाया जा सके ।

श्री फग्गू राम (बुटाना) : स्पीकर साहिब ! मैं अपने हलके की तकलीफें बताना चाहता हूं स्पीकर साहिब, जिस बात को मेरे भाई यहां पर लाए हैं मैं ने अपनी constituency में पैदल चल कर देखा है। राए खूथड़ा से 35 मील के इलाके में बारिश की वजह से और दरिया यमुना की वजह से बहुत तबाही हुई है। वहां पर न आदमी आ जा सकते हैं और न खाने पीने की चीज़ें। बारिशों से हर साल चौगामा उजड़ जाता है। नहोरी डूब जाती है। राए खूशड़े तक कोई इन्तज़ाम नहीं हैं। वहां पर कोई सहूलतें नहीं हैं। इस इलाके को बारिश की वजह से जो नुकसान होता है उस से बचाना चाहिये। मैं यह यकीन दिलाना हूं कि पब्लिक इस इलाके को बचाने के काम में मदद करेगी।

दूसरे टचूब वैल की पटड़ी है इस में और यमुना नदी की पटड़ी में जो गांव रह जाते हैं उन्हें बचाने के लिये कुंजपुरे को बचाने के लिये कार्रवाई करनी चाहिये। दरिया पुराना जमना का जब रौ चढ़ता है तो कुंजपुरा गांव भी डूब जाता है। अगर दरिया जमुना पुराना पर पुल बना देने का सरकार इन्तजाम कर दे तो सारा इलाका तबाही से बच जायेगा और इस इलाके के सब लोग सरकार को बधाई देंगे।

श्री बालू राम (बलाचौर) : स्पीकर साहिब ! बहुत से माननीय मैम्बरों ने होशियारपुर ज़िले में चोओं की तकलीफ का ज़िक्र किया है। बलाचौर का इलाका जो रोपड़ के साथ बिल्कुल लगा हुआ है उस की तरफ सरकार की तवज्जुह का न दिया जाना ऐसा मालूम होता है जैसे चिराग तले अंधेरा। माननीय मंत्री को याद होगा कि जब वह पिछले साल हमारे इलाके में गये इस से पहले और बाद में भी जाते रहे हैं तो उन्होंने लोगों की तकलीफों को अपनी आंखों से देखा था और लोगों ने भी अपनी शिकायात उनके सामने रखीं। उस वक्त उन्होंने महसूस किया कि वाकई अगर गवर्नमैण्ट इस इलाके की तरफ ध्यान दे तो काफी सुधार हो सकता है। मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि उस के बाद उन्होंने इस इलाके की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। यहां तक हुआ कि जो बिस्तदोआब नहर निकाली गई है उस पर जितने syphons और super passages बनाए गए थे उनके protection कै सब नदियों के बांध 11-6-54 की पहिली ही बारिश से टूट गए। सारे का सारा बांध बारिश से इस दफा टूट गया। रोपड़ और बलाचौर के दरमियान 15 मील के फासले में 18 breaches हुईं। इस बारे में यही नहीं कि गवर्नमैण्ट को पहले से खबरदार किया गया हो। लोगों ने तारों और चिट्ठियों द्वारा गवर्नमेंट को इतलाह दी कि नदियों के बांध ठीक तरह नहीं बनाये गये लेकिन गवर्नमैण्ट ने इस पर कोई ध्यान न दिया। नहर के अफसर तो लोगों की बात सुनते ही नहीं। नहर और नदियों के बन्ध टूट जाने की वजह से एक गांव बिल्कुल बह गया है और पांच को काफी नुकसान हुआ है। माननीय मंत्री के नोटिस में यह बात लाई गई कि नहर का बांध टूट जाने की वजह से जिन लोगों को नुकसान पहुंचा है उन्हें सरकार की तरफ से मुनासिब मुआवज़ा मिलना चाहिये और मंत्री महोदय ने यह बात मान भी ली लेकिन गवर्नमैण्ट ने इस तजवीज़ की तरफ अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया, और उन लोगों को जिन के घर बह गये कुछ नहीं दिया। जब कभी मनिस्टर साहिब को लोगों को मिलने का मौका मिलता है और वह अपनी तकलीफें उन के गोश गुज़ार करते हैं तो उस के जवाब में

माननीय मंत्री यह कह देते हैं कि आप के ज़िले के मैम्बर ज़ोर नहीं डालते इस लिये आप के सब काम मारिज़े इलतवा में पड़ जाते है । मैं चौधरी साहिब से अर्ज़ करूंगा कि जो वायदे वह लोगों से करते हैं उन्हें पूरा करने की कोशिश ज़रूर किया करें । महिज़ झूटे वायदों से जनता संतुष्ट नहीं होती । जिन लोगों ने नहर बनाने के लिये अपनी ज़मीनें दी थीं उन्हें अभी तक उन की ज़मीनों का मुआवज़ा नहीं मिला । चोओं की menace दूर करने के लिये कोई concrete steps नहीं लिये जा रहे । मैं चौधरी साहिब से डरता भी हूं कि मेरे ऐसे कहने पर वह ज़िद में न आ जायें क्योंकि कल उन्होंने ज़िक्र किया था कि वह बहुत ज़िद्दी हैं और इस तरह से मेरे इलाके को नुकसान पहुंचे । मैं उन से दरखास्त करूंगा कि वह ज़िद न करें और होश्यारपुर ज़िला में चोओं के मसले की तरफ अपनी खास तवज्जुह कार्य रूप में दें क्योंकि इन की वजह से लोगों को बेहद नुकसान पहुंच रहा है । होश्यारपुर के चोओं को जो सुधारने का गवर्नमैण्ट का प्रोग्राम है वह बलाचौर constituency की रोपड़ साईड से शुरु करना चाहिये इस से चोओं से नहर को बचाने का मसला भी हल होगा । इस प्रोग्राम से दो मसले हल होंगे ।

सिंचाई मंत्री (चौधरी लहरी सिंह): साहिबे सदर ! मैं हाऊस का ज़्यादा वक्त नहीं लूंगा और माननीय मैम्बरों को बताना चाहता हूं कि रावी के बांध को बाढ़ आ जाने की वजह से खतरा पैदा हो गया था तो हम ने उस के बचाव के लिये जल्दी से जल्दी steps लिये । बरसात का मौसम नज़दीक आ जाने की वजह से हम मुकम्मल तौर पर काम न कर सके मगर फिर भी जो construction का काम हो सकता था हम ने किया । मेरे मोहतरम दोस्त श्री राम किशन ने फरमाया है कि रावी के दरिया से हमारी territory में पानी आ रहा है । डेरा बाबा नानक में बांध पर छ: लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं, बांध मुकम्मल हो गया है और अब वहां spurs बनाये जायेंगे । हमारे इंजीनियर बहुत competent हैं और वह सारी बातें मद्दे नज़र रख कर सारा प्रोग्राम बना रहे हैं । उन्हें बांध बनाने के लिये पहले survey करनी पड़ती है कि आया वहां बान्ध permanent nature का बन सकता है या नहीं क्योंकि अगर बाढ़ आ जाने से वह बांध बह जाये तो ऐसे बान्ध बनाये जाने का कोई फायदा नहीं । main बन्ध बना हुआ है ताकि हम अच्छी तरह से अमृतसर और गुरदासपुर के इलाके को बचा सकें । क्योंकि इस अलाके में नाले बहुत हैं इस लिये अगर इस को अच्छी तरह से protect न किया गया तो अंदेशा है कि हमारे 100 या 150 गांव पाकिस्तान की हद में न चले जायें । हमारी territory में बहुत नाले हैं इस लिये अगर दरिया में बाढ़ आ जाये तो खतरा पैदा हो जाने का इमकान हो सकता है । इंजीनियरों ने जो मौजूदा बांध बनाया है वह बाढ़ का मुकाबला अच्छी तरह से कर सकेगा । डेरा बाबा नानक में बांध के साथ spurs बनाये है क्योंकि सिर्फ बांध से कोई protection नहीं हो सकती जब तक उस के साथ साथ strategic points पर spurs न बनाये जायें । मैं उन माननीय मैम्बरों से जो अमृतसर और गुरदासपुर के ज़िलों से ताल्लुक रखते हैं कहूंगा कि हम न केवल spurs बना रहे हैं बल्कि बांध भी बना रहे हैं । डेरा बाबा नानक में जो breaches हुई थी उन की मुरम्मत करवाने के लिये हम पत्थर वग़ैरा का

[सिंचाई मंत्री]

इन्तज़ाम कर रहे हैं और उन की मुरम्मत का काम जल्दी शुरु कर दिया जायेगा ताकि किसी को आयंदा शिकायत का मौका न मिले। पिछले साल कुछ ज़मीन दरिया बुर्द हो गई थी। इस लिये ऐसी ज़मीनें किसी को allot नहीं की गई। इस चीज़ को रोकने के लिये मैं माननीय वित्त मंत्री से कहूंगा कि वह रुपये की मन्ज़ूरी दें ताकि ऐसी ज़मीनों की हिफाज़त की जा सके। दरिया के बांधों को protect करने की गर्ज़ से सरकार spurs बनाने पर रुपया खर्च करने के लिये तैयार है। उस के अलावा जो बातें माननीय मैम्बरों ने कहीं वह मैंने नोट कर ली हैं और उन के मुतअल्लिक सरकार जरूर कारवाई करेगी।

इस के अलावा मुझे इस बात का बड़ा एहसास है कि कांगड़ा और होश्यारपुर ज़िला में चोओं की वजह से बहुत सी ज़मीन बरबाद हो गई है। इस के मुतअल्लिक गवर्नमैण्ट का विचार है कि सारे इलाके की survey कराई जाये क्योंकि मैं समझता हूं कि जब तक survey न हो पब्लिक और गवर्नमैण्ट मिल कर कोई स्कीम तैयार नहीं कर सकती।

बगैर survey के स्कीम बनाई जाती तो fail हो जाती। इस तरफ का survey complete हो चुका है report आ चुकी है। मैं श्री रला राम जी को बताना चाहता हूं कि मैं होश्यारपुर में एक दफ़ा नहीं, पांच दफा जा चुका हूं।

11-30 a.m.

मैं उन्हें यकीन दिलाना चाहता हूं कि public को confidence में लिए बगैर हम कोई स्कीम नहीं लायेंगे। नुसराला चो को काबू करने के लिये पांच लाख रुपये की रकम grant की शक्ल में मिली है। हम गारनी चो को मज़बूत करने के काम को भी rainy season से पहले २ करवाना चाहते हैं। Finance Minister साहिब बजट में बतायेंगे कि ज़िला होश्यारपुर पर आने वाले साल में कितना रुपया खर्च किया जायेगा। Flood Control Board से भी रुपया मिलेगा, Central Government भी बड़ी anxious है। हम होश्यारपुर में नेपाल, भूटान और आसाम जैसी स्कीमें शुरु करना चाहते हैं। Central Government के इस काम के सब से बड़े expert, श्री कंवर सैन, visit कर गए हैं; हम सो नहीं रहे हैं; facts and figures जल्द ही मैम्बर साहिबान के सामने आ जायेंगे। यह फर्ज़ी बातें नहीं हैं। बालाचौर के इलाके को भी develop किया जायेगा, पंडित जी तसल्ली रखें।

यह कह देना कि सब बांध टूट गए हैं, सब नहिरें टूट गई हैं, एक बड़ा ही sweeping remark है। इस से गलत ख्याल पैदा हो सकता है, जैसा कि हमारे engineers को कुछ मालूम ही नहीं। कई बांध टूट गए, इस लिये कि floods unprecedented आए, कई जगह हमें खुद तोड़ने पड़े ताकि लोगों का ज़्यादा नुकसान न हो। अब उन को repair करवाया जा रहा है।

फिर यह एतराज़ किया गया है कि नंगल में गांव के गांव ले लिये गये हैं। डैम के बन जाने के बाद जो झील बनेगी, उस की वजह से भी लोगों को गांव खाली करने पड़ेंगे। आखिर किसी को तो sacrifice करनी ही पड़ती है। जहां तक compensation का सवाल है, मेरी जेब में तो रुपया है ही नहीं। इस सिलसिले में जो survey किया गया था उस में M.L.A.s

भी revenue staff के साथ थे। Payment तो rules के मुताबिक होनी है। Public बहुत ज़्यादा compensation मांग रही है। इस सिलसिले में M.L.A.s का deputation भी आया था। लोग जितना compensation मांगते है, महकमा वाले उतना देना नहीं चाहते। M.L.A.s को चाहिये कि चीफ़ इंजीनियर साहिब को मिलें, नहीं तो अफसरों को बार बार लिखें, खतो किताबत जारी रखें; लोग जब सीधे आ जाते हैं तो बात समझते नहीं हैं। बजाए इस के कि मेंबर साहिबान सैशन में अपनी speeches से thunderstorm पैदा करें, उन्हें चाहिए कि अफसरों को हिलाएं। Irrigation और electricity का काम इतना ज़्यादा है कि उन के सामने एक ही problem नहीं रहती। M.L.A.s को pursue करना चाहिये। Rules और finances ज़्यादा compensation देने की इजाज़त नहीं देते। मेरे हाथ में नहीं है कि उन्हें जितना वे मांगते हैं दिला दूं।

यह बात ठीक है कि ज़िला करनाल में पानीपत तहसील का कुंजपुरा तक का इलाका खतरे में है। यह स्कीम आज तक writing में नहीं आई थी, पहली दफा लिख कर भेजा गया है कि पानीपत तहसील के 25 गांव खतरे में हैं। मैंने note कर लिया है, action लिया जायेगा मगर बेहतर होता अगर एक unknown चीज़ के बारे में हाऊस में unexpectedly speech करने की बजाए यह चीज मेरे नोटिस में पहले लाई जाती, discuss की जाती ताकि कोई programme बनाया जा सकता। अगर ऐसा नहीं किया गया तो उस चीज़ के न करने के लिये जो हमें मालूम ही नहीं, गवर्नमैण्ट को कैसे कसूरवार ठहराया जा सकता है। flood control schemes के लिये हम ज़्यादा से ज़्यादा रुपया देने की कोशिश कर रहे हैं।

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—..

That the demand be reduced by Re 1.

The motion was by leave withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re 1.

The motion was by leave withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a supplementary sum not exceeding Rs 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31s March, 1955, in respect of 18-Other Irrigation Expenditure financed from Ordinary Revenues—Excluding Establishment Charges.

The motion was carried.

IRRIGATION ESTABLISHMENT CHARGES ETC.

Minister for Finance (Sardar Ujjal Singh) : Sir, I beg to move—

That a supplementary sum not exceeding Rs 23,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31st March, 1955 in respect of Irrigation—Establishment Charges (Open Canals

Mr. Speaker : Motion moved—

That a supplementary sum not exceeding Rs. 23,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31st March, 1955 in respect of Irrigation-Establishment Charges (Open Canals).

Mr. Speaker : Question is—

That a suppl ementary sum not exceeding Rs. 23,430 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31st March, 1955 in respect of Irrigation Establishment Charges (Open Canals

The motion was carried.

GENERAL ADMINISTRATION

Minister for Finance (Sardar Ujjal Singh) **:** Sir I beg to move—

That a supplementary sum not exceeding Rs 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31st March, 1955, in respect of 25-General Administration.

Mr. Speaker : Motion moved—

That a supplementary sum not exceeding Rs 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending 31st March 1955, in respect of 25-General Administration.

श्री मूल चन्द जैन (संभालका): स्पीकर साहिब ! इस demand में removal of untouchability की जो item है इस के लिये 25,000 रुपये की मांग की गई है। 25,000 रुपया Central Government ने देना स्वीकार किया है। मैं अपनी Cabinet की तवज्जुह आप की वसातत से इस ओर दिलाना चाहता हूं कि यह रकम बहुत थोड़ी है। अकेले करनाल जिले में ही दो गांव—राजौर और असौन्ध—ऐसे हैं जिन में पानी 1,00,100 फुट गहरा निकलता है। और कुएं पर इतनी लागत आती है कि हरिजनों के लिये कुआं खोदना बहुत मुश्किल है। एक २ गांव में 5, 5 और 6, 6 हजार रुपया खर्च आ जाता है। मेरा मतलब यह है कि सारी स्टेट के लिये यह रकम बहुत थोड़ी है। इस से तो अकेले करनाल जिले का भी काम नहीं होगा। हम चाहते हैं कि हमारे देश में classless society कायम हो और गरीबों को फायदा पहुंचे। इसी सम्बन्ध में हमारे Chief Minister साहिब ने श्री चांद राम जी से सवाल किया था कि कोई प्रोग्राम गरीबों के भले का बतायें जो कि Constitution के कायदे और कानून के हों, क्योंकि कानून और कायदे के अंदर रह कर वे सब कुछ करने के लिये तैयार हैं तो यह suggestion उसी सम्बन्ध में है। पानी सब के लिये basic necessity की वस्तु है। 25,000 की रकम बहुत थोड़ी है इस से बहुत ज़्यादा रकम रखी जानी चाहिये। मुझे बाकी State का तो पता नहीं है। राजौर और असौंध में ही बहुत तकलीफ है। हालांकि untouchability के बारे में कानून भी पास कर दिया गया है लेकिन फिर भी देहातों में ब्राह्मण और जाट लोग हरिजनों को अपने कुओं से पानी नहीं भरने देते। हरिजनों को घंटों घड़े ले कर कुओं पर खड़े रहना पड़ता है। वे गरीब झीवरों को 2,2 और 3,3 रुपये महीने के देते हैं जो कि उन को पानी निकाल कर देते हैं। इस लिये गवर्नमैण्ट को इस ओर ध्यान देना चाहिये। आज कल के युग में इस की बड़ी सख़्त ज़रूरत है।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब ! General Administration की जिस item पर मैं बोलना चाहता हूं उस में एक खास item Marshal Tito की है। मारशल टीटो योगोस्लाविया के President हैं। हम खुश हैं कि वे हमारे देश में आये। वे यहां से बहुत अच्छा impression ले कर वापस गये। इस से हमारे international relations में इज़ाफा हुआ। इस के इलावा हमारी हुकूमत और उन की हुकूमत के दरमियान आपस में जो agreement हुआ है वह बहुत बड़ी चीज़ है। लेकिन इस सिलसिले में मैं एक बात ज़रूर कहना चाहता हूं। Contingency fund में से उन की आओ भगत के लिये एक लाख रुपया खर्च किया गया है उस में से कुछ हिस्सा ऐसा है जो बिल्कुल फज़ूल खर्ची है। मिसाल के तौर पर fire works का display करना और इस तरह बहुत सारा रुपया ज़ाया करना अच्छा नहीं था। अच्छा तो यह था कि उस मौके पर हम खास २ आदमियों को बुलाते, बाहमी ख्यालात का तबादला करते और इस तरह मालूमात में इज़ाफा होता। ऐसा नहीं हुआ। एक रस्म सी बनी हुई है। वे यहां आए और चले गये। कोई खास चीज़ हम पंजाबियों के लिये हासिल नहीं हुई। वे भी सही तौर पर पंजाब के हालात से वाकफियत न कर सके।

स्पीकर साहिब ! इस के बाद गवर्नर साहिब के लिये नई कार खरीद करने की provision रखी गई है। हमारे मुल्क की economic conditions बहुत बुरी है.......

Chief Parliamentary Secretary : On a point of Order, Sir. He cannot discuss the Head of the State on the floor of the House.

Mr. Speaker : The hon. member did not discuss this item at the time when he was permitted to do so.

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : जनाब मेरी दरखास्त यह है कि इस वक्त हमारी financial position बहुत कमज़ोर है।

Chief Parlimentary Secretary : On a point of Order, Sir, Is it necessary that a charged item should be discussed on the floor of the House ?

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : मैं इस के खिलाफ हूं। इस की मनजूरी नहीं दी जानी चाहिये। इस के अलावा furnishing का भी ऐसा ही खर्च है। चाहता तो हर एक शख्स यही है कि वह well-furnished बंगलों में रहे लेकिन हालात हमें ऐसा खर्च करने की इजाज़त नहीं देते। इस वक्त हमारी स्टेट deficit state हैं। यहां पर इस किसम का खर्च बहुत फज़ूल खर्ची है। यह postpone किया जा सकता है, इतना ज़रूरी नहीं है।

अगली item scheduled castes के लिये sinking of new wells in the State है। देहातों में इस की बड़ी जरूरत है। यह item बहुत जरूरी है। जैसा कि मेरे दोस्त श्री मूल चन्द जैन जी ने कहा है कि यह बहुत थोड़ी रक्म है। पंजाब में इतने देहात हैं, इतनी जरूरियात हैं कि इस रक्म से कुछ नहीं बनेगा। बहुत से गांवों में dep ressd classes के लोगों को कुओं पर नहीं चढ़ने दिया जाता। इस के लिये तो चाहिये था कि भारी रक्म हो। खर्च रखते वक्त ऐसे तरीके से adjustment की जानी चाहिये थी कि बहुत जरूरी items पर

[प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी]
भारी रक्में रखी जातीं और गैर ज़रूरी items को postpone कर दिया जाता। अन्त में म फिर कहूंगा कि इस के लिये ज़्यादा रक्म रखी जानी चाहिये।

श्री गोपी चन्द (पुण्डरी) : स्पीकर साहिब ! अभी २ मेरे बोलने से पहले मेरे आदरणीय साथी ने His Excellency Marshal Josip Broz Tito, President of Yugoslavia के हाल ही के हिंदुस्तान के दौरे के बारे में कुछ नुक्ताचीनी की है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब टीटो साहिब ने हिंदुस्तान का दौरा किया तो उस के अन्दर हमारे सूबे ने भी अहम पार्ट अदा किया है । कौन नहीं जानता कि मार्शल टीटो के दौरे से बैनुलक्वामी हालात पर कितना अच्छा असर पड़ा है। जब पंडित नेहरू बाहर के देशों में गये तो वहां पर मार्शल टीटो के दौरे की चर्चा हुई । मार्शल टीटो ने स्वयं अपने विदेशी दौरे के दौरान में हिंदुस्तान में हो रहे तरक्की के कामों की और विश्व शान्ति के स्थापित करने की और खास कर पंजाब के काम करने के ढंग की सराहना की। उन्होंने यह पैगाम सारी दुनिया को पहुंचाया। हम समझते हैं कि आदरणीय मैहमान के आने पर कंजूसी से खर्च किया जाये तो शोभा नहीं देता। मेरे साथी इस पर नुक्ताचीनी करते हैं लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिये कि एक गवर्नमैंट को कामयाब तरीके से चलाने के लिये इस प्रकार के अखराजात ज़रूरी हो जाते हैं। दूसरे देशों से कुछ चीदा २ आदमियों को बुला कर तबादलाए ख्यालात करना लाज़मी होता है ।

Welfare of Ex-criminal Tribes के लिये 22 हज़ार रुपया रखा गया है। यह होना चाहिये बल्कि इस से भी ज़्यादा होना चाहिये। लेकिन मुझे अफसोस है कि इस के नीचे हरिजनों की रिहायश के लिये कोई इन्तज़ाम नहीं किया गया। Backward classes के बारे में यह एक अहम अमर है जब हम देहातों में जाते हैं तो हम देखते हैं कि हरिजनों और दूसरे backward classes के लोगों की रहने की हालत बहुत नागुफताबेह है। एक एक कमरे के अन्दर, एक एक झौंपड़ी और कुटिया के अन्दर तीन-तीन चार-चार कुन्बे इकट्ठे रहते हैं। इस तरह उन की निहायत बुरी हालत है। इस लिये मैं गवर्नमैण्ट से यह दरखास्त ज़रूर करूंगा कि इस तरफ खास ध्यान दिया जाय और आयन्दा बजट में जहां ex-criminal tribes की betterment के बारे में provision करें वहां हरिजनों की हालत को नज़र-अन्दाज़ न किया जाए।

इस के इलावा जैसा कि मेरे साथी श्री मूल चन्द जी ने ध्यान दिलाया है, मैं उन कूओं के बारे में कुछ कहना चाहता हूं जो हरिजनों के लिये बनाने के लिये provide किये गये हैं और जिन के लिये 50 हज़ार रुपया रखा गया है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब ने बड़े ज़ोर के साथ कहा था कि यह fifty-fifty basis पर बनाएं जायेंगे। यह ठीक है कि जहां तक मुल्क की development का सवाल है आप fifty-fifty basis पर काम करें लेकिन जहां तक हरिजनों का ताल्लुक है मैं आप को बताना चाहता हूं कि उन की हालत बड़ी नाज़ुक है और वह यह पैसा अदा नहीं कर सकेंगे।

श्री मूल चन्द जैन : यह हिस्सा तो पंजाब और सेंट्रल गवर्नमैंण्ट का है ।

श्री गोपी चन्द : मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हरिजनों और backward classes के लिये पीने के पानी का इन्तजाम किया जाये । इस चीज़ के लिये सारी State का सर्वे कराया जाए और उन के लिये इस चीज़ का मुस्तकिल तौर पर इन्तज़ाम किया जाये खास कर करनाल ज़िला में ।

श्री श्री चन्द (बहादुरगढ़) : साहिबे सदर, इस Demand के अन्दर जो 'F-District Administration General Establishment' की item है इस के बारे में मैं कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं । कानून हमारा यह है कि आम अदालत की तरफ से किसी आदमी को सम्मन (Summons) भेजे जाते हैं बतौर गवाह तो उस के लिये अदालत में हाज़िर होना ज़रूरी होता है । लेकिन जब वे वहां पहुंचते हैं तो वे खुद चाहे कितने ही इज़्ज़तदार क्यों न हों, उन्हें अपने घर में कितनी सहूलतें क्यों न हों लेकिन अदालत में जाकर उन के लिये कोई जगह नहीं बनी हुई जहां वे आराम से बैठ सकें । हुक्म यह होता है कि 10 बजे सुबह हाज़र हो जाओ और चार बजे तक इंतज़ार करो जब तक अदालत उठ नहीं जाती (*interruptions*)

Mr. Speaker : This question does not arise here. It is irrelevant.

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜੇ ਜ਼ਰੂਰ ਹੀ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਬਜਟ ਦੀ general discussion ਵੇਲੇ ਜਾਂ General Administration ਵੇਲੇ ਕਹਿ ਲੈਣਾ । ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਠੀਕ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ।

श्री चांद राम अहलावत (झज्जर) : प्रधान जी, यह जो नए कूएं खोदने के लिये हरिजनों के लिये 25 हज़ार की रक्म इस supplementary estimates में रखी गई है, यह मैं समझता हूं देश से छूआ छूत को मिटाने के उद्देश्य से कदम उठाने के लिये सैंट्रल गवर्नमैंण्ट ने हमारी पंजाब गवर्नमैंण्ट को दी है ।

श्री श्री चन्द : On a point of order, Sir. क्या quorum पूरा है ?

अध्यक्ष महोदय : 13 मैम्बरों का कोरम होता है । इस वक्त तो यहां 13 से ज़्यादा मेंम्बर हैं । (13 members constitue the quorum. There are more than thirteen members sitting here at the moment.)

श्री चांद राम अहलावत : मैं यह समझता हूं कि असल में जो छूआ छूत का मसला है यह रक्म उस के साथ एक मज़ाक है । 25 हजार की इस रक्म से कितने कूवें बन सकेंगे ? एक कूवें पर कम से कम 5 या 6 हजार लगना एक मामूली सी बात है तो इस रक्म के साथ कितने कुवें बन सकेंगे ? पीने के पानी की हरिजनों को बहुत तकलीफ है । जिस हलके को मैं represent करता हूं वहां पर एक तरफ़ तो कास्ट हिंदुओं के कूवें हैं जहां से वे पानी लेते हैं और दूसरी तरफ वे लोग हैं जो जौहड़ों से, छप्पड़ों से, खेड़ों से और जो पीने के पियाऊ होते हैं वहां से पानी लेते हैं । मैं तो यह देखता हूं कि हरिजनों में जो चमार तबका है वह तो कहीं से कहीं पानी ले लेता है मगर जो बालमीकी तबका है जिस को आप चूड़ा भी कहते हैं, उन के लिये पीने के पानी का कोई भी इंतजाम नहीं । मेरे अकेले हलके में कोई 250 के करीब ऐसे गांव हैं । खास कर उन में 50 प्रति शत गांव ऐसे हैं जहां पीने के पानी का कोई भी इन्तजाम नहीं ।

[श्री चांद राम अहलावत]
कल हमें चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा था कि अगर मैं उन्हें कोई ऐसा कदम बता दूं तो वे उस पर हरफ-ब-हरफ अमल करने की कोशिश करेंगे । मुझे समझ नहीं आती कि 25 हज़ार रुपया से कौन सी छूआछूत खत्म हो जायेगी । पंजाब में हरिजनों की आबादी 25 लाख के करीब है । उन में से आधे से ज़्यादा को तो पीने का पानी भी दस्तयाब नहीं होता ।

कई लोगों की यह भावना है कि हरिजन आपस में अलग हो जाएं, उन के गांव अलग हो जाएं । मैं नहीं चाहता कि हमारे गांव अलग हों । मैं हैरान हूं कि एक तरफ तो हम लोग यह ढंढोरा पीटते रहते हैं कि छूआछूत को मिटाया जाये और दूसरी तरफ उन के कूवों के लिये अलहदा इन्तजाम किया जा रहा है । हम यह नहीं चाहते कि आप हमारे गरीब इतहाद को फोड़ें । हम चाहे गरीब हीं सही पर हम एक दूसरे से अलग होना बरदाश्त नहीं कर सकते । आपने यह जो नुक्ता निगाह इस बजट में आगे रखा है यह कोई एकता की निशानी है क्या ? मैं तो यह समझता हूं कि गवर्नमैण्ट कोई इस किस्म की campaign जारी करे कि मौजूदा कुवें किसी एक जाति या तबके की बपौती न रहे, मगर सभी जातियों के लोग बिना किसी भेदभाव के वहां से पानी भरें । तभी सही अर्थों में यह समस्या हल हो सकती है । आज कूवों के मामले में ही नहीं बल्कि स्कूलों में भी जहां शिक्षा दी जाती है और जहां पर हमारे भावी नेताओं और लीडरों का निर्माण हो रहा है, वहां पर भी यह भेदभाव जारी रखा हुआ है । वहां पर ऊंचे तबके वाले लड़कों के लिये पीने के पानी के मटके अलग रखे गये हैं और हरिजनों के लिये अलग । इन हालात में यह छुआछूत दस बीस कूवों के बनाने से खत्म नहीं हो सकती । यह एक बहुत पुरानी बीमारी है जिस का इलाज करने के लिये इसे जड़ से पकड़ने की जरूरत है ।

इसी ग्रांट (grant) में यह बताया गया है कि Ex-criminal tribes के लिये उन की betterment के लिये 22 हज़ार रुपया का provision किया हुआ है । यह रुपया उन को subsidy के तौर पर दिया जायेगा । इस से मैं समझता हूं कि बहुत सा रुपया Centre की तरफ से दिया गया है । आखिर स्टेट का क्या फर्ज़ है ? यह है कि जिस तबके के कोई रोज़गार के ज़रिये न हों, उन के लिये वे मुहैया किये जाएं । क्योंकि अगर वे कोई काम न करते हों, कोई धंधा न करते हों तो उन की प्रवृत्ति चोरी, डाके और राहज़नी की तरफ बढ़ेगी । और इस किस्म के जराइम करने के लिये लाचार हो जायेंगे । आज हम उन को शान्ति की जिन्दगी बसर करने के लिये प्रेरित करना चाहते हैं । लेकिन जिन लोगों का दिमाग ही पुरानी भावना में काम करता आया हो, उन को क्या 5 या 6 हज़ार की subsidy से ही ठीक किया जा सकता है ?

स्पीकर साहिब, क्योंकि अब इतना ज़्यादा time नहीं है जो मैं उन को सारी चीजें बता सकूं । यह चीज़ें मैं फिर किसी समय उन के notice में लाऊंगा । जो demand इस वक्त हाऊस के सामने है इस में इत्तफाक से एक चीज़ हरिजनों के बारे में भी आ गई जिस की तरफ मैं उन का ध्यान दिलाना चाहता हूं । वह इस पर सोचें कि इस demand में जो ग्रांट हरिजनों के लिये जिस मतलब के लिये दी जा रही है वह काफी है या नाकाफी है । मैं चीफ मिनिस्टर साहिब को साफ तौर पर बता देना चाहता हूं कि इस मामूली

सी ग्रांट से यह इतना बड़ा मसला हल होने वाला नहीं। इस ग्रांट को आयंदा साल के बजट में बहुत बढ़ाया जाये। हमें यह देख कर दुख होता है कि इस demand में अकेले गवर्नर साहिब की car के लिये तो 21 हजार रुपया निकाला गया है और पंजाब के हरिजनों की कुल आबादी के लिये कूवें बनाने के लिये केवल 25 हजार रुपये की रकम निकाली जा सकी है। इस रकम से उन लोगों में जो हैरानी और बेचैनी पाई जाती है वह दूर नहीं हो सकेगी। वह बहुत कम रकम है।

ਸਰਦਾਰ ਖੇਮ ਸਿੰਘ [ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ]: ਸ਼੍ਰੀਮਾਨ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ! ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹੁਣ ਸਾਡਾ ਦੇਸ਼ ਆਜ਼ਾਦ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ uplift ਕਰਨ ਲਈ ਕੁਝ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਕਰਨੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਮਾਜਕ ਅਤੇ ਮਾਇਕੀ ਹਾਲਤ ਚੰਗੀ ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਬਣ ਸਕੇ ਪਰ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਹ ਦਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਅਡ ਖੂਹ ਬਣਾਏ ਜਾਣ। ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਗਲ ਸ਼ਾਇਦ ਇਸ ਲਈ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਫਿਕਰ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਮੁੜ ਕੇ ਅਗਲੀ elections ਤੋਂ ਪਿਛੋਂ ਆਵੇਗੀ ਕਿ ਨਹੀਂ ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ uplift ਕਰਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਅਲਹਦਾ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਜੇ ਕਦੀ ਇਹ ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਮੁੜ ਨਾ ਆ ਸਕੀ ਤਾਂ ਦੂਜੀ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਖਿਆਲ ਕਰੇਗੀ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਹੀ ਦੂਜੀਆਂ ਸ਼ਰੇਣੀਆਂ ਤੋਂ ਅਡ ਖੂਹ ਬਣਾ ਕੇ ਪਾਣੀ ਦਿੰਦੀ ਸੀ ਤਾਂ ਇਸ ਕਾਰਨ ਉਸ ਸਰਕਾਰ ਪਰ ਉਲਟਾ ਅਸਰ ਪਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਇਕੋ ਇਕ ਕਰਨ ਲਈ ਚਾਹੀਦਾ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਹੀ ਖੂਹਾਂ ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਛੂਤ ਛਾਤ ਖਤਮ ਹੋ ਸਕੇ।

अध्यक्ष महोदय : इस demand में अलैहदा करने के लिए कहां लिखा हुआ है। (There is no provision for separating them in this demand.)

ਸਰਦਾਰ ਖੇਮ ਸਿੰਘ : ਇਹ 25 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਅਲਹਦਾ ਖੂਹ ਬਨਾਣ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਹਾਉਸ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਸਾਡੇ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਵਿਚ ਗਏ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੀ ਪਾਲੇਸੀ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਦਸੀ ਕਿ ਉਹ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਅਲਹਦਾ colonies ਬਨਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਇਹ ਦਸ ਸਕੇ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਕੀ ਕੀ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਹਨ। ਤਦ ਇਸ ਤੇ ਮੈਂ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਅਲੈਹਦਾ colonies ਬਨਣਗੀਆਂ ਪਰ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਰਾਜ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਕਿ ਦੇਸ਼ ਆਜ਼ਾਦ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਅਲਹਦਾ colonies ਨਹੀਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਤਾਂ ਜੋ ਅਸੀਂ ਇਕ ਦੂਜੇ ਨਾਲ ਮਿਲ ਸਕੀਏ।

ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਮੇਰੇ ਮਿਤ੍ਰ ਨੇ ਆਪਣੇ district ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਦਸਦੇ ਹੋਏ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ 25 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਬਹੁਤ ਥੋੜਾ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ 25 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਅਲਹਦਾ ਖੂਹ ਬਨਾਣ ਤੇ ਖਰਚ

[ਸਰਦਾਰ ਖੇਮ ਸਿੰਘ]
ਕਰਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਇਹ ਉਹਨਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਹੋਰ ਬੇਹਤਰ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ। ਇਸ ਰਕਮ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਚਿਆਂ ਲਈ ਸਕੂਲ ਖੋਲੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਸਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ widows ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਲਈ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ। ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਫੈਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਸੀ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬਚੇ ਪੜ੍ਹ ਲਿਖ ਕੇ ਕਮਾਣ ਯੋਗ ਹੋ ਸਕਦੇ ਸਨ। ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਅਲੈਹਦਾ ਖੂਹ ਬਣਾ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਜਾਏ ਫੈਦੇ ਦੇ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋਵੇਗਾ।

ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਹਰ ਆਏ ਸਾਲ General Administration ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਮੰਗਦੀ ਰਹਿੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਉਹ Police Force ਅਤੇ ਮੈਜਿਸਟਰੇਟ ਦੇ ਬਰੋਰ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੀ ਜੋ ਗਰੀਬ ਜੰਤਾ ਨਾਲ ਸਹੀ ਇਨਸਾਫ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

अध्यक्ष महोदय : आप किस तरफ चल पड़े हैं। (The hon. member is going wide of the mark.)

ਸਰਦਾਰ ਖੇਮ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ demand No. 4 ਤੇ ਬੋਲ ਰਿਹਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਇਹ ਵੇਖ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਜਿਹੜੀ ਇਨਸਾਫ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਓਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ Magistrates ਹਨ ਉਹ ਪੁਲਸ ਦੇ ਇਸ਼ਾਰੇ ਤੇ ਚਲਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ। ਜਨਤਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਨਸਾਫ ਹੋਵੇ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਹਰ ਸ਼ਖਸ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਮਿਲੇ ਪਰ ਜਦੋਂ ਕੋਈ case ਕਿਸੇ ਅਦਾਲਤ ਵਿਚ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ Magistrate ਪੁਲਸ ਦੀ ਮਰਜ਼ੀ ਦੇ ਖ਼ਿਲਾਫ ਨਹੀਂ ਚਲਦਾ ਤੇ ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਹ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦਾ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ 454 ਦਫਾ ਦੇ ਜਿਨੇ ਵੀ cases ਹੋਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਸਭ ਦੇ ਸਭ ਝੂਠੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਕੋਈ ਚਗਾ ਸਾਧਨ ਸੋਚੇ।

अध्यक्ष महोदय : आप अपनी speech में relevant नहीं है। (The hon. Member is not rel evant to the motion.

राए रघुबीर सिंह (सिराज): अध्यक्ष महोदय, बजट जो इस सभा के सामने पेश किया गया है उस को देखने पर हम इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि यह बजट हमारे सूबा को तरक्की की ओर लेजाने वाले प्रोग्राम के मुताबिक लाया जा रहा है। हम इस बात से भी इनकार नहीं कर सकते कि यह जीती जागती बहती हुई नहरें और बिजली और इस power को पैदा कर के क्या यह आगे को ले जाने वाला प्रोग्राम नहीं है? इस में कोई शक नहीं है कि जो आमदनी है इस सूबा की उस के मुताबिक ही इस का खर्च है और हमारे वित्तमन्त्री इन्हें बराबर रखने में निपुण हैं। वह घाटे को पूरा कर सकते हैं। पिछले साल भी उन्हों ने बजट में घाटा दिखाया था और उस को बहुत हद तक पूरा किया गया है और मैं उम्मीद करता हूं कि यह जो आमदनी से ज़्यादा खर्च है इस को इसी से पूरा किया जाएगा। लेकिन मैं अपनी सरकार की तवज्जुह उस इलाके की तरफ भी दिलाना चाहता हूं जिसे खुद चीफ मिनिस्टर साहिब ने दौरा कर के देख कर यह राए कायम की थी कि वह एक पीछे रहा हुआ इलाका है। अब हम ने देखना है उस देश से आमदनी के आंकड़े और उस देश पर किए जाने वाले खर्च के आंकड़े इस बजट में क्या हिस्सा रखते हैं। जो आमदनी इस देश से इस बजट में दिखाई गई है और जो खर्च उस पर किया जाना है उन्हें देखकर, अध्यक्ष महोदय, मुझे कुछ

[राए रघुवीर सिंह]

निराशा हुई है इस बात के लिए बावजूद हमारी वज़ारत की उस इलाके की तरफ ज्यादा ध्यान देने की तीव्र इच्छा के, कोई खास ध्यान इस बजट में नहीं दिया गया। अभी उस दिन जब backward इलाकों के resolution पर बहस के दौरान हमारे माल मन्त्री महोदय ने फरमाया था कि वह इस इलाके को backward समझते हैं जहां के लोगों के चेहरे सूखे हों, जिन के पास पहनने को कपड़ा न हो और जिन में तालीम न हो और जब यह मन्त्री जी खुद तसलीम करते हैं कि वह इलाका एक backward इलाका है तो मैं उन से पूछता हूँ कि क्या backward इलाके के लिए जो कुछ दिया गया है वह काफी है? उस दिन माल मन्त्री महोदय ने ज़िक्र किया था कि कुल्लू को एक N.E.S. Block दिया हुआ है। तो मैं उन से पूछता हूँ कि वहां पर community project का काम खत्म होने पर क्या उस इलाके का सारा उद्धार हो जाएगा? मैं जब देखता हूं कि बाकी पंजाब किस तरह से तरक्की कर रहा है तो मुझे खुशी होती है और मैं अपनी तरफ से और अपने उन भाईयों की ओर से जो पिछड़े हुए देश के वासी हैं अपने इन पंजाबी भाइयों को बधाई देता हूँ लेकिन साथ ही यह देखता हूँ कि जो भाखड़ा पर बान्ध बान्धा जा रहा है उस के नीचे उस इलाके के गरीब लोगों की लाशें हैं जो उस को कायम रख रही हैं। स्पीकर साहिब, सिराज और कुल्लू के इलाके के लोग पशु नहीं रख सकते ताकि जंगल बच जाएं और erosion न हो। आप उन लोगों को पशु धन नहीं बढ़ाने देते, उन्हें गाय बकरी नहीं रखने देते क्योंकि जंगल बढ़ाने हैं लेकिन हमारी सरकार उस देश के वासियों को इन कुरबानियों के बदले क्या दे रही है? मेरे देश वासियों का मतलब है मेरी constituency के लोग। उन को इन कुरबानियों पर अभिमान है, उन को इन पर गर्व हासिल है, और बाकी सूबे की बेहतरी के लिए वह आयंदा भी कुरबानियां करने के लिए तैयार हैं। हमारे मन्त्री जानते हैं कि वह पिछड़े हुए लोग जो इस गौरव के पात्र रहे हैं अब भी वे Welfare State के लिए जो जरूरी प्रोग्राम हैं उन्हें पूरा कर रहे हैं। N.E.S. Block में voluntary labour द्वारा और देश के हितों में जो कुछ भी वे कर सकते हैं वे करते रहेंगे। ऐसा करने के लिए वे हरदम तैयार हैं और रहेंगे लेकिन हमारी सरकार उनके लिए क्या कुछ कर रही है? मैं हाऊस की तवज्जुह इस ओर दिलाऊंगा। जंगलात की कांगड़ा ज़िला के अन्दर और हुशियारपुर के अन्दर पांच divisions हैं और Forest Department को इन पांच divisions से काफी आमदनी प्राप्त है लेकिन इस आमदनी का लग भग 90 फीसदी हिस्सा North Circle पर खर्च किया जाता है और बाकी सारा South Circle पर। मैं यह नहीं चाहता कि South Circle पर खर्च न किया जाय यह ज़रूरी है क्योंकि West Punjab में हम छांगा मांगा इत्यादि बड़े २ जंगलात खो चुके हैं। हमें वह कमियां और जरूरत पूरी करनी है। पर मैं यह ज़रूर कहूँगा कि उन का तरफ भी ज़रूर तवज्जुह दी जाए। आखिर वह भी देश की जनता की ज़रूरत है और वह भी देश की तरक्की का हिस्सा है। बड़े बड़े जंगलात तो पहले ही उधर रह गए हैं। मैं तो यह चाहता हूँ कि बाकी के पंजाब में भी अच्छे अच्छे जंगलात हों लेकिन यह नहीं कि उन गरीब लोगों की आमदनी का हिस्सा दूसरों पर खर्च कर दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, मैं बताता हूँ कि उन लोगों की सही मांग क्या है। नमक एक

ऐसी चीज़ है जिस की ज़रूरत गरीब से गरीब आदमी को भी होती है। यह वहां 13 रुपये मन बिकता है। स्पीकर साहिब, वहां मेरे इलाके में कुछ ऐसी जगह भी हैं जो इतनी दूर हैं जहां पर चीज़ें पीठ पर लेजानी पड़ती हैं और वहां तक ले जाने में दो रुपये रोज़ मज़दूरी लेने वाले मज़दूर को पूरा दिन लग जाता है। इसी लिए ऐसी चीज़ें जिन के बगैर किसी का गुज़ारा नहीं हो सकता वहां जा कर महंगी बिकती हैं और इसी तरह जो वहां की पैदावार है बाहर आसानी से न लाए जाने के कारण वहां से बड़ी सस्ती खरीद कर लाई जाती है। वहां की पैदावार है आलू और फल। स्पीकर साहिब, जो फल यहां 40 रुपये मन बिकता है वह वहां से 3 या 4 रुपये मन खरीद कर लाया जाता है। वहां की सड़कों की तरफ़ तवज्जुह नहीं दी गई। वहां सड़कों की बड़ी ज़रूरत है ताकि उस देश की उपज का ज़्यादा से ज़्यादा मोल मिल सके। यह उस देश की सब से पहली मांग है। मैं यह नहीं कहता कि सरकार उन लोगों के लिए कुछ नहीं कर रही। वह कर रही है। इस में कोई शक नहीं है कि वहां जितनी भी पंचायतें हैं उन में से छोटी छोटी पंचायतों को छोड़ बाकी सब में स्कूल खोले गए हैं और जो कुछ पंचायतें रह गई हैं उन के लिए भी उम्मीद की जाती है कि वहां भी स्कूल खोले जाएंगे। लेकिन यहां मैं Outer Seraj के एक स्कूल की हालत बताना चाहता हूँ। वहां एक मास्टर है और डेढ़ सौ लड़के पढ़ते हैं। वह एक मास्टर कैसे पढ़ा सकता है? फिर जो मास्टर वहां जाता है वह फंस सा जाता है। हुशियारपुर या किसी और गर्म इलाके का रहने वाला अपने आप को उस सर्द इलाके में फंसा हुआ समझता है, इस लिए मौका मिलते ही भाग जाता है। यह अवस्था है वहां के स्कूलों और पढ़ने वाले लड़कों की। मास्टर जी की appointment हुई और उस के बाद जलदी ही किसी और जगह काम बनते ही भाग गए। फिर स्कूल को 6 महीने तक कोई मास्टर ही नहीं मिलते। आप ही सोचें कि पढ़ने वाले लड़कों की क्या अवस्था होगी। सरकार ने primary तक मुफ्त तालीम कर दी है, हम इस पर इसे बधाई देते हैं। मगर Middle Schools का क्या हाल है? Outer Seraj में तीन Middle Schools हैं। दो में Headmasters नहीं हैं। यह नहीं कि ऐसा आज ही है बल्कि पिछले साल से ही नहीं हैं। मुश्किल से अब जा कर एक को Headmaster प्राप्त हुआ है। दूसरे स्कूल में अब भी नहीं। गरीब लोग बच्चों की फीसें भरते चले आ रहे हैं मगर पढ़ाने वाला कोई नहीं। वजह यह है कि वहां तो कोई लिखा पढ़ा नहीं और बाहर से कोई पहुँचता नहीं। वह बेचारा भी वहां जा कर क्या करे? जिस को एक बार घर आने जाने में 150/-/-- रु० खर्च पड़ जाए वह तनखाह में गुज़ारा कैसे करे? अर्ज़ यह है कि आप वहीं से मास्टर पैदा करें होनहार लड़कों को higher education के लिए stipends दे कर।

एक और बात बड़ी ज़रूरी है। पहाड़ के लोग, (गिरिजन) बड़े हिम्मती आदमी हैं। वह सदा self dependent रहना चाहते हैं। इस लिए एक ही family में एक भाई जुलाहे का काम करने वाला, दूसरा मिस्त्री तो तीसरा खेती बाड़ी का माहिर मिलेगा। गर्ज़ेकि हर family को हर ज़रूरत के लिए पूरी तरह तैयार करना पड़ता है। इस लिए यह कुदरती बात है कि वह हर किस्म के काम में हाथ डालना जानते हैं। तो क्यों न उन्हें vocational tra-

[राए रघुबीर सिंह]

ining दी जाए ? गर्म इलाकों के लोग वहां नहीं रह सकते। यहां के लोग कलकत्ते गए होंगे, बर्मा गए होंगे, कोई कोई और भी दूसरे देशों में जाते होंगे। इन को ज़रिए हासिल हैं। मगर कुल्लु वाले तो बेचारे पठानकोट तक भी नहीं जा सकते। बहुत से ऐसे हैं जिन्हों ने अभी तक मोटर नहीं देखी। वहां पर वज़ीफे देने की काफी आवश्यक्ता और गुन्जायश है। बाहर वाला कोई वहां आता नहीं। आए भी कैसे? दूध वहां नहीं, सब्ज़ी और मकान वहां नहीं। कोई वहां जाए भी कैसे? Tourists के लिए बड़ी अच्छी जगह है। यदि उसे इस दृष्टि से develop किया जाए तो हम पंजाब से ही नहीं अपितु सारे भारत से लोगों को वहां आकृष्ट कर सकेंगे। मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि जब हमारे मिनिस्टर साहिब वहां गए तो वे वहां की तारीफ करते नहीं थकते थे। हमारी आशा है कि उस स्थान की ओर तवज्जुह दी जाएगी। हम जानते हैं कि पंजाब के दोनों हाथ भरपूर हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं कि पंजाब की क्या अवस्था थी। घायल हुए पंजाब को उठाया बल्कि मरे हुए में जान डाल दी। यह पंजाबियों की हिम्मत है। यह सब कुछ है मगर फिर भी satisfaction यहां नहीं है। जो आदमी मुश्किल से रुपया कमाता है उसे खर्च करते हुए भी दर्द होता है। इस लिए हमारे पंजाबी भाई यह बरदाश्त नहीं कर सकते कि उन्हें Administration से कोई तकलीफ हो। मैं देखता हूँ कि लोग अदालतों को जाते हैं उन्हें तरह तरह की तकलीफें उठानी पड़ती हैं। छुटकारा जल्दी नहीं होता। कांगड़े का एक सायल मिला तो मेरे पूछने पर बताया कि वह तारीख का पता लेने जज साहिब के पास जा रहा है। पहली तारीख पर जब वह हाज़िर हुआ तो चपड़ासी ने फौरन बाहर निकाल दिया। दूसरी तारीख का पता न लगा फिर गया तो अन्दर नहीं जाने दिया गया। मुन्शी ने कहा एक बार तुम्हें बता चुके हैं अब कल आओ परसों आओ। बेचारा कितना सफर तय कर के कितना वक्त लगा कर वहां दोबारा जाएगा?

अध्यक्ष महोदय, मेरा time खत्म हो गया है, अब मैं अपना भाषण यहीं समाप्त करता हूँ।

श्री मनी राम (फतेहआबाद): माननीय स्पीकर साहिब, मैं ने Treasury Benches और Opposition दोनों तरफ के मैम्बरान की तकरीरें सुनीं। दर असल Treasury Benches की तरफ से जो आदमी खड़ा होता है वह धन्यवाद के अलफाज़ से तकरीर शुरु करता है लेकिन बहस नुक्ताचीनी पर बन्द करता है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि किसी भी Welfare State का बजट यह तमन्ना करता है, यह देखता है कि कितनी आमदन है, कहां से हुई है, कितना खर्च है और कहां होना है। जो गरीब लोग हैं, जो दुखी हैं, जिनके पास कम आमदन है उन की हालत बेहतर बनाई जाए, दुरुस्त अलफाज़ में उन्हें उन की तरक्की का विश्वास दिलाया जाए। पंजाब एक किसानी सूबा है। जब तक बजट में किसान की तरक्की की बात नहीं वह बजट एक Welfare State का बजट नहीं। एक मोटी बात देखिए। आज जिन चीज़ों को किसान पैदा करता और बेचता है उन के निर्ख देखिए और जिन की उसे ज़रुरत रहती है और वह जिन्हें खरीदता है उन के निर्ख देखिए। आज उन चीज़ों को देखिए जिन के बगैर उस का काम नहीं चल सकता। आज गांव के भाव और शहरी भावों को देखिए। दोनों में कितना ज़्यादा फर्क है। किसान जिन चीज़ों को पैदा करता है, उन की कीमतें गिर चुकी हैं मगर जहां उसे अपने पैदा किए हुए अनाज के कम दाम मिलते हैं वहां उसे अपनी ज़रुरयाते ज़िन्दगी के खरीदने के लिए ज़्यादा पैसे देने पड़ते हैं इस तरह उस को अपना गुज़ारा करना मुश्किल हो रहा है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं नहरों के सिलसिले में। कोई मौका ऐसा नहीं होता जब भाखड़ा का ज़िक्र वज़ीर साहिबान न करें। जितने भी वज़ीर साहिबान ने हमारी तरफ का दौरा किया उन सब ने भाखड़ा की नहरों का ज़िक्र बार बार किया। लेकिन दुख के साथ, यह कहना पड़ता है कि जनता के साथ, गरीब किसानों के साथ विश्वासघात किया। उन से सभी ने कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा फसल बोओ, रब्बी की काश्त करो। हिसार के किसानों को और दूसरे इलाकों के किसानों को भी कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा काश्त करो और साथ ही यह विश्वास दिलाया, मिनिस्टर साहिबान ने कि फसल पकाने के लिए नहर का पानी देंगे। यह सब कुछ हुआ मगर महकमा नहर के पागलपन का क्या ज़िक्र करें।

किसानों को पानी नहीं मिला, फसलें सूख गईं। अगर ऐसी हालत है तो आबियाना लगाने में क्या अक्लमन्दी थी। यहां पर ही बस नहीं। अगर ईशर नाम के चार किसान हैं तो सब पर अबियाना लगा दिया गया है हालांकि ज़मीन सिर्फ एक के पास है। इस तरह से किसान तबाह हो रहे हैं।

दूसरी तरफ छोटे छोटे दुकानदार हैं। उनके पास छोटी छोटी चीज़ों के, चनों के ज़खीरे थे। उन्हें अब दिवालिया बना दिया गया है और तबाह कर दिया गया है।

हमारे मिनिस्टर साहिब कहते हैं कि रिश्वत खत्म कर दी गई है, अगर थोड़ी बहुत है तो छोटे तबके में है। यह बिलकुल गलत है। यह तो प्रमाणित बात है कि यथा राजा तथा प्रजा। यह रिश्वत ऊपर के तबके में बहुत है। मैं तो कहता हूँ कि रिश्वत की हद हो चुकी है। Hissar के अफसरों पर खुल्लमखुल्ला इसके charges लगाए गए। हिसार में रिश्वत से ज़मीनें खरीदी गईं। यह भी पता चला है कि इस रिश्वत में हमारी Cabinet के एक आदमी का भी हिस्सा है। पर गवनमेंट ने कोई enquiry नहीं कराई। तो फिर रिश्वत कहां है निचले तबका में या ऊपर के अफसरों में।

दूसरी अर्ज़ यह है कि इस बजट के अन्दर 22 % हिस्सा सरकारी administration पर खर्च किया जा रहा है। यह ठीक बात है कि सरकारी administration पर खर्च करना जरूरी है। यहां पर यह कहा गया है कि सरकारी कर्मचारियों में सन्तोष और जाग्रति है, क्या इस तरह से सन्तोष हो सकता है। जहां सरकारी machinery ही ठीक काम न कर रही हो तो वहां पर सन्तोष कैसा।

स्पीकर साहिब, लोगों में बहुत असन्तोष फैला हुआ है। लोगों को बहुत अफसोस से कहना पड़ता है कि यमुनानगर से दो लड़कियों को उठा लिया गया और उन का अभी तक पता नहीं चला। आज पंजाब की बहनें पंजाब सरकार से पूछ रही हैं कि उन बेचारी लड़कियों का क्या बना? मुझे इस बात का इल्म है कि इस के पीछे एक बहुत अमीर आदमी का हाथ है। क्या यह सन्तोष है लोगों में? यह घटना पंजाब के माथे पर कलंक का टीका है। लोगों में असन्तोष है।

अब कांगड़ा के लोगों को लीजिए। उन्हें कोई चपड़ासी तक भी नौकर नहीं करता। Services में हद से ज़्यादा असंतोष है। कर्मचारियों को पेट भर कर रोटी नहीं मिलती। सत्याग्रह होते हैं पर कोई परवाह नहीं करता। चपड़ासियों में, क्लर्कों में और छोटे छोटे मुलाज़िमों में असंतोष है। आपकी वह खिदमत बजा लाते हैं। आप के लिए बेगार

[श्री मनी राम]

का काम करते हैं पर आप उन्हें तरक्की नहीं देते । इस तरह से आप सूबे को तरक्की की राह पर नहीं ले जा रहे बल्कि तबाही के गढ़े में डाल रहे हैं।

फिर ज़मींदारों में unrest है । आप ने दिखावे के लिए पंच नियुक्त कर दिए हैं पर वह तो आप के मुनीम हैं । जैसे मालिक चाहे वैसे किया जाता है । आप कहते हैं कि हमारे मुनीम तामीरी काम कर रहे हैं लेकिन आज मुल्क की हालत क्या है ? पंजाब में ज़मीनों पर नाजायज़ कब्ज़ा किया जा रहा है । आप हिसार के अन्दर ही देखें कि एक नहीं, दो नहीं, पुलिस अफसरान ने ज़मीनें लेकर मुज़ारों को जबरन निकाल दिया है । यहां तक कि सरकार की तरफ से डिप्टी कमिश्नर को भी इस तरह की हिदायतें मिली हुई हैं।

तो क्या यह Welfare State ही है ? हिसार में पुलिस क्या कर रही है ? सिरसा के D. S. P. के तबादले के लिए लोगों ने कहा । उस पर इलज़ाम लगाया गया कि वह एक पार्टी की इमदाद कर रहा है, एक ग्रुप को इमदाद कर रहा है । शहरियों ने हड़तालें कीं । मेरी फाइनेन्स मिनिस्टर से बात चीत हुई । पर कोई कार्रवाई नहीं की गई । जहां इस तरीके की आवाज़ को नहीं सुना जाता, जहां लोगों की इज्ज़त का एहतराम नहीं किया जाता, लोगों की चापलूसी पर फख्र किया जाता है, वहां Welfare State कैसे बनाई जा सकती है ? आज पंजाब के अन्दर जो हालात हैं वह सब को पता हैं । यहां पर गरीबों के जज़बात को कुचला जाता है । महात्मा गांधी ने जिन democratic असूलों की बुनियाद रखी थी उनको कुचला जा रहा है । गिरफ्तारियां की जा रही हैं । स्पीकर साहिब, ज़िला हिसार में ही कई कई हज़ार गिरफ्तारियां की गई हैं इन में से सिर्फ इस ज़िले में **65** गिरफ्तारियां Section 9 के मातहत की गई हैं । पुलिस ज़ुल्म कर रही है । इस ज़िले में पुलिस ने सत्याग्रहियों को ठुड्डे मारे हैं । Opposition वालों को खास तौर पर तंग किया जाता है । मुझे हिसार के Deputy Superintendent of Police ने कहा कि श्री मनी राम बागड़ी को कत्ल किया जाएगा लेकिन मेरे जाने के बाद । लोगों ने बहुत आवाज़ उठाई पर आज तक इस के खिलाफ कोइ action नहीं लिया गया । सरकार कहती है कि इस में prestige नहीं रहता । तो मैं कहता हूं कि सरकार false prestige पर क्यों खड़ी है ?

मैं ने अपनी जान के डर से license के लिए अर्ज़ी दी । लेकिन licence मंज़ूर नहीं किया गया । यहां तक कि दरखास्त भी नहीं ली गई । मैं यह नहीं कहता कि लाइसैन्स मन्ज़ूर हो या न हो लेकिन यह बताना चाहता हूँ कि जितने शख्स 10 नम्बर में दर्ज हैं सबको लाइसैन्स मिले हुए हैं । पुलिस और सरकारी कर्मचारियों में रिश्वत का बाज़ार गर्म है । लेकिन अमन और इंसाफ का दावा किया जा रहा है । सरकार की लाडली और चहेती पुलिस खुद ही अमन को भंग करती है । हमारा सर इनके कामों को देख कर शर्म से झुक जाता है । लोग इतने दूर से मुख्य मन्त्री से मिलने आते हैं लेकिन किसी को मिलने नहीं दिया जाता । दफा 144 है, कोई जलसा जलूस नहीं किया जा सकता । फिर किस तरीके से अपनी आवाज़ को सरकार तक पहुँचाया जा सकता है ? क्या यह democratic State है ? क्या यही socialistic pattern of society है ? महात्मा गांधी जी यह नहीं कहते थे कि जब कोई एक थप्पड़ लगाए तो उसका जवाब थप्पड़ में दो । वह तो कहते थे कि उसका जवाब खामोशी से दो।

आप को अगर तखरीबी अनसर को खत्म करना है तो आप डण्डे से नहीं बल्कि प्यार से इस अनसर को खत्म कर सकते हैं । आप इस अनसर को जनता को धक्के दे कर या जनता को बेदखल करके नहीं खत्म कर सकते। आप अगर socialistic pattern लाना चाहते हैं तो इस तरह से नहीं आ सकता कि हमारे Chief Minister के पास ऐसी कोठी हो जिसका किराया 4 हज़ार रुपया हो या High Court के जजों की एक एक कुर्सी एक एक हज़ार रुपए की हो और अगर services यह कहें कि हमारा Capital Allowance बढ़ाया जाए तो कहा जाए कि खज़ाने की हालत अच्छी नहीं ।

मैं आप लोगों से अर्ज़ कर रहा था कि वक्त की नज़ाकत को सोचिये । हो सकता है कि पंजाब सरकार यह सब बातें अपनी ताकत के नशे में मनवाये लेकिन उन्हें कहूँगा कि वह ऐसी बातों को मज़ाक में न टालें । मैं नहीं चाहता कि हिन्दुस्तान में bloody revolution आये और अगर वह हुकूमत की लापरवाही से आएगा तो वह देश के लिये खतरनाक होगा। और अगर देश को बचाना है और socialistic समाज बनाना है तो वह ताकत के नशे में नहीं बल्कि वह इन्साफ और इन्सानियत के तराज़ू में सब बातों को तोल कर आयेगा । अंग्रेजों के वक्त प्राईमरी जमातों में लड़के पढ़ा करते थे "मलका के राज की बरकतें" अब सच्चर साहिब के राज की बरकतों का मुतालिया किया जा रहा है । पहले के मुकाबले में कोई खास फर्क नहीं आया । बल्कि गरीबों की हालत पहले से बिगड़ी हुई है। चपड़ासियों की तनखाहें कम हैं जिन से उन का गुज़ारा नहीं चल सकता। आज किसान को पहले की निस्बत ज़्यादा पैसे देकर चीज़ें खरीदनी पड़ती हैं । जब तक सूबे में ऐसे हालात हैं उस वक्त तक socialistic ढंग का ढांचा नहीं बन सकता! अगर मेरे कांग्रेस के भाई ऐसा ढांचा कायम करना चाहते हैं तो उन्हें चाहिये कि सूबे में असन्तोष को न बढ़ने दें । अगर यह असन्तोष बढ़ता गया तो पंजाब नहीं बल्कि सारा भारत विनष्ट हो जाएगा । अभी तक यमुनानगर में जो लड़कियां अगवा की गई थीं उन का सुराग़ नहीं मिल सका । बलात्कार के वाकयात आये दिन होते रहते हैं । गवर्नमैंण्ट को चाहिये कि वह इन हालात पर काबू पा कर लोगों में असंतोष को न बढ़ने दें । मेरा वक्त खत्म हो गया है इस लिए अपनी तकरीर को खत्म करता हूँ और जब वक्त मिला तो इस बारे में अपने ख्यालात का इज़हार करूंगा ।

श्री दौलत राम (कैथल) : स्पीकर साहिब, मेरे एक दोस्त ने अभी अभी यह कहा है कि यह बजट जो पेश किया गया है एक निकम्मा और फ़ज़ूल बजट है । मैं इस सिलसिले में थोड़ी सी बातें आप के सामने रखना चाहता हूँ । हमारे अगले साल के बजट में जो रकमें कर्ज़े के तौर पर देनी हैं उन को शामिल कर के तकरीबन 65 करोड़ के लग भग होता है जिस में से 52 करोड़ रुपया सिर्फ तरक्की और तामीर के कामों में खर्च किया गया है । यह 52 करोड़ रुपया उस 1951-52 के बजट के लिहाज़ से जिस में सिर्फ 23 करोड़ रुपये का provision था उस के मुकाबले में 29 करोड़ रुपये का ज़्यादा बजट है । इस के मुतअल्लिक हाऊस अंदाज़ा लगा सकता है कि development के कामों में हमारी सरकार चन्द सालों में किस तरह मुसलसल तौर पर आगे बढ़ रही है और तरक्की कर रही है । मैं details में नहीं जाना चाहता

[श्री दौलत राम]

लेकिन सिर्फ इतना अर्ज़ कर देना चाहता हूँ कि पंजाब ने पिछले साल के बजट के मुकाबले में जो ज़्यादा रकम इस साल के बजट में रखी है वह 16 करोड़ के करीब है और इस भारी रकम के बजट में आने की वजह से पंजाब ने जो तरक्की करनी है इस तीन चार साल की तरक्की के मुकाबले में, अगर मुकाबला करें, तो हमें पता लगेगा कि किस तरह से हमें इस बजट से आगे बढ़ना है। एक साल के अंदर पंजाब ने इस development budget की बिना पर सिर्फ तीन चीज़ों में, जिन में foodgrains शामिल हैं और cotton शामिल है इन दिनों ज़राई पैदावार की तरक्की के लिहाज़ से 85 करोड़ रुपये एक साल के अन्दर ज़्यादा कमाये। अगर इन तीन चीज़ों को छोड़ कर बाकी चीज़ों का अंदाज़ा लगायें जैसा मैंने बताया कि 40 करोड़ रुपया पंजाब के अन्दर बढ़ा है जिस के मायने यह हैं कि अगर हम आदादो शुमार को देखें तो पता लगता है कि साल के अंदर पंजाब ने 75 करोड़ रुपये ज़्यादा कमाये हैं। यह कदम मैं समझता हूं कि एक तरक्की याफ्ता कदम है। हम आला दर्जे की welfare state की बुनियादें रखने में कामयाब हो गये हैं।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.)

मेरे एक दोस्त ने फरमाया था कि यह हमारी सरकार देहाती इलाकों का खून चूस रही है। यह अलफाज़ थे जिन को मैं ने सुना और मैं इस साहिब की खिदमत में अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि यह 65 करोड़ रुपये का बजट जो है इस में से 52 करोड़ रुपये का बजट development के कामों पर खर्च होना है क्या मैं उन से दरियाफ्त कर सकता हूं कि इस 52 करोड़ रुपये का 90 फीसदी रुपया गांव पर खर्च होना है? अगर आप, स्पीकर साहिब, खर्चों की मदों की तरफ देखें तो आप को मालूम होगा कि 52 करोड़ रुपया में से 47 करोड़ रुपया देहात पर खर्च होना है, बाकी 16 करोड़ रुपया 65 करोड़ में से सारी administration पर खर्च होता है, Education पर खर्च होता है, Sanitation पर खर्च होता है, Road Transport पर खर्च होता है। अगर इस में से आधा खर्च शहरी लोगों को दिया जाये आधा देहाती लोगों को दिया जाये तो साफ तौर पर 58 करोड़ रुपया बनता है जो देहात पर खर्च होना है। मैं ने इस की फीसदी निकाली है। 90 फीसद रुपया देहात के हिस्से में आता है। मैं इन आदादो शुमार से यह साबित कर रहा हूं कि देहात पर खर्च इतना है कि मैं समझता हूं कि पंजाब में इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि शहर के लिहाज से देहात के अंदर गरीबी ज़्यादा है। अगर इतना रुपया बजट का खर्च किया जा रहा है तो यकीनन हमारा सूबा दिन दुगनी और रात चौगनी तरक्की करेगा और कर रहा है।

मैं इस बजट को गरीबों का बजट, Socialist Budget करार देना चाहता हूँ। वह कैसे? इस का बहुत सा रुपया देहात और शहरों के अन्दर नहीं गरीब तबकों के अन्दर तकसीम हो रहा है। उन की बेहतरी और बहबूदी के लिए किस तरह खर्च किया जाना है। मैं सिर्फ पांच छः मिसालें दूंगा ज़्यादा तफसील में नहीं जाऊंगा! शहर में लेबर की हालत को देखो, जो हमारी सरकार ने इस बारे में क्वानीन बनाये हैं यानी Minimum Wages Act, Trades Union Act या Insurance Act, Provident Fund Act यह सारे लेबर के मुफाद के लिए हैं। लेबर के लिए मकानात वगैरह का सिलसिला पैदा किया गया है। जो लाखों रुपए मुख्तलिफ मुकामात पर खर्च किए जा रहे हैं वह इस बात का सबूत है कि हमारी सरकार लेबर के लिये बहुत अच्छे कदम उठा रही है। देहात की लेबर की तरफ किस तरह से देहातों के अन्दर सरकार ने

Cooperative Societies से काम लिया है। कितनी किस्म की Cooperative Societies बनाई गई हैं। Cottage industries और तरह तरह के कारोबार की development के सिलसिले में चलाई गई हैं। खुदाई वगैरह का काम, नहरों का काम, Consolidation, Community Project वगैरह वगैरह देखें तो आप को मालूम होगा कि Co-operative Societies के ज़रिए गरीब लोगों की जेबों में कितना रुपया जाता है।

इस के इलावा हमें शहर और देहात की labour class का हाल देखना चाहिए। हरिजन देहाती आबादी का एक बड़ा तबका हैं। वे शहरों में भी रहते हैं। इन की मदद के लिए सरकार क्या कुछ नहीं कर रही। इन की education के लिए, इन की Co-operative Societies बनाने के लिए, इन की ज़मीनों की consolidation, इन के फायदे के लिए Construction Societies बनाने के लिए सरकार ने किस कदर ठोस और दिलेराना कदम उठाए हैं, उन पर कितना रुपया खर्च किया जा रहा है। जहां पिछले साल उन की तालीमी तरक्की के लिए सिर्फ 9 लाख रुपये की रकम रखी गई थी, इस बजट में 25 लाख रुपये की रकम रखी गई है। इन के आम welfare के लिए इस बजट में 42 लाख रुपये रखे गए हैं, पिछले साल 10 लाख की रकम रखी गई थी। इस से साबित होता है कि हमारी सरकार देहाती गरीबों, हरिजनों landless labourers को ऊंचा उठाने की कोशिश कर रही है। जिस बजट में गरीबों की बहबूदी के लिए इतना रुपया रखा जाए, उसे गरीबों का बजट कहना बेजा न होगा।

इस में शक नहीं कि हमारे पंजाब ने पैदावार के लिहाज़ से पिछले चन्द सालों में बहुत तरक्की की है, 1951-52 के आंकड़ों को सामने रखते हुए ज़रई पैदावार में 75 फीसदी बढ़ोत्री हुई है और सनअती पैदावार में 47 फीसदी। इस से ज़ाहिर है कि दोनों मैदानों में बहुत तरक्की हुई है। आने वाले चन्द सालों में इसी तरह तरक्की होती रही तो वह वक्त दूर नहीं जब कि हमारा पंजाब real sense में एक Welfare State बन जाएगा।

अब एक सवाल पैदा होता है। वह है इस दौलत की तकसीम का जो कि हम हैसीयते मजमूई पैदा कर रहे हैं। दौलत की तकसीम के कई तरीके हैं। कुछ भाई कहते हैं कि इस सिलसिले में एक कानून बना दिया जाए और तलवार के ज़ोर से उस पर अमल करवाया जाए। कुछ भाई ऐसे भी हैं जो कानून बनाने की ज़रूरत ही नहीं समझते, तलवार और बन्दूक के ज़ोर से सारी दौलत छीन कर गरीबों को बांट देना चाहते हैं। मगर हमारी सरकार को जो कि इखलाक और इन्सानियत पर मबनी पार्टी है ऐसे तरीके पसन्द नहीं, वह इन्हें अपनी शान के शायां नहीं समझती। वह लाज़मी तौर पर दौलत को बढ़ाना चाहती है, बड़ी तेज़ी से तरक्की की तरफ कदम बढ़ा रही है, आयंदा सालों में इतनी दौलत पैदा करना चाहती है कि इखलाक और इन्सानियत के असूलों पर चलते हुए गरीब आदमी का मियारे जिन्दगी इतना ऊंचा हो जाएगा कि जबरदस्ती मुसावात लाने या मौजूदा दौलत की तकसीम करने की जरूरत ही नहीं रहेगी। दौलत खुद बखुद गरीब लोगों की जेब में आ जाएगी। दौलत की सही माइनों में तकसीम वक्त आने पर हो कर ही रहेगी।

अब मैं बजट की चन्द एक खूबियां अर्ज़ करना चाहता हूँ। इस बजट में General Administration के मुतअल्लक जो तजवीज़ें हैं, अच्छी हैं। खर्च कम हो रहा मगर

[श्री दौलत राम]

efficiency बढ़ रही है। पिछले साल जिस तरह administration को चलाया गया, अगले साल भी उसी तरह चलाया जाना है। जरायम में कमी हुई है Law and Order की हालत ऊंची सतह पर रही है।

दूसरी खूबी यह है कि Jails के लिए जो इखराजात रखे गए हैं वे जेलों की हालत को बिल्कुल बदल देंगे। जेल को हमारी सरकार मुसीबत घर नहीं रहने देना चाहती, एक reformatory, एक useful commercial institution बनाना चाहती है। अगर जेलों का ऐसा इन्तज़ाम हो गया, तो हम सही तौर पर नाज़ कर सकेंगे।

तीसरा तरक्कीकुन कदम जो हमारी सरकार उठाना चाहती है वह corruption को दूर करने के बारे में है। सरकार ने तहैय्या कर लिया है कि वह एक High-powered Department खोलेगी जिस की रहनुमाई एक बड़ा ईमानदार अफ़सर करेगा। यह एक मुबारिक कदम है, इस की बजह से corruption का कम होना लाज़मी है।

इन के इलावा तीन बड़ी जरूरी चीज़ों की तरफ सरकार ने ध्यान दिया है। सब से ज़्यादा तवज्जुह education को दी गई है। तालीम इन्सान की बुनियादी जरूरतों में से है। कौम की तरक्की का इनहसार तालीम पर होता है। हमारे Education Minister साहिब इस बात के लिए मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं कि जहां 4 साल पहले के बजट में तालीम के लिए एक करोड़ और कुछ लाख रुपये की रकम रखी गई थी, इस बजट में 4.46 करोड़ की provision की गई है। हजारों Primary Schools खोल कर देहातियों की मांग को पूरा किया गया है। अब ऐसी कोई जगह नहीं रही जहां पर पंचायत हो और Primary School न हो। Basic Schools भी बहुत सारे खोले गए हैं, 900 और खुल रहे हैं। देहातियों को तालीमी तौर पर उठाना एक बड़ा अच्छा कदम है तालीम उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद देगी। अब मैं कुछ suggestions पेश करना चाहता हूं। अगर हम देश के अन्दर, अपने प्रांत के अन्दर socialistic state कायम करना चाहते हैं, तो हमें क्या करना चाहिए? पहली बात यह है कि means of production पर सरकार का control होना चाहिए, वे इनफरादी हाथों में होंगे, तो ज़मीन, कारखाने, बैंक, कम्पनियां, business centres थोड़े से आदमियों के कब्ज़े में रहेंगे और वे रुपया जमा करते चले जायेंगे। इन तमाम चीज़ों पर social control तब हो सकता है, जब सरकार उन्हें अपने कब्ज़े में ले ले। Nationalisation of transport जिस तरह होनी चाहिए थी नहीं हुई। कुछ दोस्तों ने खुशी ज़ाहिर की है क्योंकि बजट में किसी नए टैक्स की तजवीज़ नहीं की गई। मैं इस ख्याल का मुखालिफ हूं। मैं चाहता हूं कि शहरों में रहने वाले factory owners, property owners, bank के मालिकों, companies के मालिकों और दूसरे सरमायादारों पर लाज़मी तौर पर taxes लगने चाहिए। कोई मुल्क ऐसा नहीं जहां ऐसे लोगों पर टैक्स नहीं लगते।

डिप्टी स्पीकर साहिब, जब तक सरकार Taxes नहीं लगाएगी तब तक मेरा विचार है कि अमीर और गरीब में जो इतनी बड़ी तफावत है वह दूर नहीं हो सकेगी।

चौथी बात मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि Education Minister साहिब ने

रहते हैं। तालीम के सम्बन्ध में बहुत कुछ किया है लेकिन मैं समझता हूं कि अब वक्त आ गया है जब कि सरकार को Primary तक की तालीम free करार दे देना चाहिये ; यह निहायत ज़रूरी बात है। इस से आगे मैं अर्ज़ करूंगा कि इस में शक नहीं है कि Teachers और low paid Government Servants के लिए बहुत कुछ किया गया है। फिर भी मैं कहूंगा कि teachers और low paid Government Servants को और खास कर चपड़ासियों की तनखाहें बहुत कम हैं। इन की तनखाहें और बढ़ाई जानी चाहियें। अन्त में फिर अर्ज़ करूंगा कि सरकार को इस तरफ ज़रूर और जल्दी ही तवज्जुह देनी चाहिये।

ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ (ਤਰਨ ਤਾਰਨ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਮੈਨੂੰ ਬਜਟ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਖਾਸ ਕਰ ਜਦੋਂ ਕਿ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਤੋਂ ਪਹਿਲੋਂ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਦੀ ਤਕਰੀਰ ਸੁਣੀ ਹੈ ਮੈਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਹੈਰਾਨੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਬਜਟ Welfare State ਦਾ ਬਜਟ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਕਹਿੰਦਿਆਂ ਦੁਖ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਬਜਟ ਬਣਾਉਣ ਵੇਲੇ ਸੂਬੇ ਦੇ ਤੀਸਰੇ ਹਿਸੇ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਵਲ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪਸਮਾਂਦਾ ਜਾਤੀਆਂ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਲਈ 25 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਸਿਵਾਏ ਹੋਰ ਕੋਈ ਸਕੀਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਨਹੀਂ ਰੱਖੀ ਗਈ। ਆਬਾਦੀ ਦਾ 1/3 ਹਿੱਸਾ ਦਰਬਦਰ ਠੋਕਰਾਂ ਖਾਂਦਾ ਫਿਰਦਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਿਹਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਪਣਾ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅਸਲ ਵਿਚ 1947 ਦੇ ਬਾਦ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪਾਲੀਸੀ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਬੇਕਾਰੀ ਵਧਦੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਸਰਕਾਰ ਉਪਰ ਹੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ। ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਨੇ ਜਾਗੀਰਦਾਰਾਂ ਨੂੰ tractors ਲੈ ਕੇ ਦਿੱਤੇ ਹਨ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਸਭ ਬੇਦਖਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਬੇਕਾਰੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਧ ਗਈ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਗ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਹ ਹਟ ਗਏ ਅਤੇ ਬੇਕਾਰੀ ਵਧ ਗਈ। ਮੈਂ machinery ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਨਹੀਂ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਉਂ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤੱਕ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਉਦੋਂ ਤਕ machinery ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਕਿਸੇ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੈ। 1947 ਤੋਂ ਪਹਿਲੋਂ ਗ਼ਰੀਬ ਮਜ਼ਦੂਰ ਕਿੱਨੇ ੨ ਰੁਪਏ ਕਮਾ ਲੈਂਦੇ ਸਨ। ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਵਾਢੀਆਂ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਮਜ਼ਦੂਰ ਸੱਤ ਸੱਤ ਰੁਪੈ ਰੋਜ਼ਾਨਾ ਕਮਾ ਲੈਂਦੇ ਸਨ। ਹੁਣ ਦੋ ਰੁਪੈ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕਮਾ ਸਕਦੇ। ਵਜ੍ਹਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲੀਆਂ ਮਸ਼ੀਨਾਂ ਆ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਕੱਟਣ, ਗਾਹਣ ਅਤੇ ਉਡਾਉਣ ਦਾ ਕੰਮ ਮਸ਼ੀਨਾਂ ਹੀ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ। ਜਿਹੜੇ ਮਜ਼ਦੂਰ ਮਿਹਨਤ ਮਜ਼ਦੂਰੀ ਕਰ ਕੇ ਪੇਟ ਪਾਲਦੇ ਸਨ ਉਹ ਹੁਣ ਭੁੱਖੇ ਮਰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਸਾਰਾ ਸਾਡੀ ਕਾਂਗ੍ਰਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਗ਼ਲਤ ਪਾਲੀਸੀ ਦਾ ਹੀ ਨਤੀਜਾ ਹੈ। ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਲੱਗੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਮਿੱਲਾਂ ਦਾ ਵੀ ਇਹੋ result ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅਸਾਂ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਇਹ resolution ਲਿਆਂਦਾ ਸੀ ਕਿ ਜਿਹੜੀ ਸਰਕਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ ਉਹ ਸਾਰੀ ਗ਼ਰੀਬ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਵਿਚ

6 p.m.

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

ਤਕਸੀਮ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਮਤਾ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਪਣੀ ਪਾਰਟੀ ਦੀ majority ਦੀ ਬਿਨਾ ਉਪਰ ਨਾਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਅਤੇ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਖੁਦ ਪਸਮਾਂਦਾ ਜਾਤੀਆਂ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਮੈਂ Chief Minister ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਪੁੱਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮਤਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਸ ਬਿਨਾ ਉਪਰ ਫੇਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਸੀ?

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਨਾਂ ਤਾਂ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਕਿ landless ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਉਹ reclaim ਕਰਦੇ ਹਨ ਉਸ ਦੀਆਂ Co-operative Societies ਬਣਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਭਗਤ ਗੁਰਾਂਦਾਸ ਅਤੇ ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰਾਂ ਦਾ ਨਾਂ ਹਰੀਜਨ ਰੱਖ ਦੇਣ ਨਾਲ ਇਹ ਮਸਲਾ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਦਰ ਬਦਰ ਧੱਕੇ ਖਾਂਦੇ ਹਨ, ਭੁੱਖੇ ਮਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਮੰਗਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੇ ਬੇਦਖਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਚੰਦ ਆਦਮੀਆਂ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈ ਦੇਣਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਆਪਣੀਆਂ ਬੁਰਾਈਆਂ ਨੂੰ ਛੁਪਾਉਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਮੈਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦੇ ਪਿੰਡ ਝੀਤੀਆਂ ਵਿਚ ਗਿਆਨੀ ਗੁਰਮੁਖ ਸਿੰਘ ਮੁਸਾਫਿਰ ਨੂੰ 600 ਵਿਘੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ tractor ਖ਼ਰੀਦਣ ਲਈ ਤਕਾਵੀ ਵੀ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਉਹ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਦੇ ਬੜੇ ਮਾਹਿਰ ਹਨ ਜਾਂ ਕਿ ਉਹ ਹਰੀਜਨ ਹਨ? ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜ਼ਿਲਾ ਜਲੰਧਰ ਵਿਚ ਸਰਦਾਰ ਬਲਵੰਤ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਤਾਹਿਰ ਪੁਰ ਵਿਚ 800 ਵਿੱਘੇ ਨਿਕਾਸੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਉਹ Development Minister ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਰਿਸ਼ਤੇਦਾਰ ਹੈ। ਕਿਹਾ ਇਹ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ, ਪਸਮਾਂਦਾ ਜਾਤੀਆਂ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਇਕ ਗੱਲ ਇਸੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਹੋਰ ਕਰਨੀ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬੋਲੀ ਉੱਪਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਗਰੀਬ ਆਦਮੀ ਬੋਲੀ ਉਪਰ ਜ਼ਮੀਨ ਕਿਵੇਂ ਖਰੀਦ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਬੋਲੀ ਨਾਲ ਕੀਮਤ ਬਹੁਤ ਵਧ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ 6-3-53 ਨੂੰ ਗੇਂਦਾ ਰਾਮ ਵਲਦ ਕਰਮ ਚੰਦ ਨੇ ਪਟੇ ਉਪਰ ਜ਼ਮੀਨ ਫਿਲੌਰ ਵਿਚ ਲਈ ਸੀ। ਉਹ ਰੁਪੈ ਵੀ ਦਾਖਿਲ ਕਰ ਚੁੱਕਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਨੂੰ ਅਜੇ ਤੱਕ ਦਖਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ। ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬਗੈਰ ਵੇਖੇ ਵਿਖਾਏ ਕਾਗਜ਼ਾਂ ਉਪਰ ਹੀ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਨਕੋਦਰ ਦੇ ਕੁੱਝ ਸੱਜਣਾਂ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨਾਂ ਮੈਂ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਨਾਕਸ ਹੋਣ ਦੀ ਵਜਾ ਕਰ ਕੇ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਾਪਸ ਲੈ ਕੇ ਹੋਰ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਉਹ ਗਰੀਬ ਲੋਕ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ reclaim ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਂ ਇਹ ਹਨ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ, ਖੈਰੈਤੀ ਰਾਮ ਅਤੇ ਅਮੀਰ ਚੰਦ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਪਹਿਲੇ ਵਿਖਾਈ ਨਹੀਂ ਗਈ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਇਸ ਤੋਂ ਅੱਗੇ ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਦਾਵੇ ਤੇ ਬਹੁਤ ਕਰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਅਸਾਂ Labour Societies ਬਣਾਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਜਿਥੇ ਕਿ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਹਕੀਕਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ Labour Societies ਵੀ Cooperative Societies ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਵੱਡੇ ੨ ਠੇਕੇਦਾਰ ਮਿਲਕੇ ਹੀ ਆਪਣਾ ਉੱਲੂ

ਸਿੱਧਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਰਿਪੋਰਟ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ 100 ਦੇ ਵਿਚੋਂ 89 ਤੇ ਠੇਕੇਦਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ 11 ਮਜ਼ਦੂਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਦੀ ਕੋਈ guarantee ਨਹੀਂ ਹੈ ਅਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਮਰ ਟੁੱਟ ਰਹੀ ਹੈ।

ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਹੁਣ ਮੈਂ ਪੇਸ਼ਾਵਰ ਟੈਕਸਾਂ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਪਹਿਲੇ ਜਿਥੇ ਟੈਕਸ ਦੋ ਜਾਂ ਤਿੰਨ ਰੁਪੇ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਉਥੇ ਹੁਣ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ 5,7 ਰੁਪੇ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਵਾ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਇਹ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਰਕਮ ਬਣ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਨਹੀਂ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਾਂਡੇ ਅਤੇ ਮੰਜੀਆਂ ਜੁੱਲੀਆਂ ਕੁਰਕ ਕਰ ਲਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਪਿੰਡ ਮਾਲੂਵਾਲ ਥਾਣਾ ਝੱਬਾਲ ਵਿਚ ਇਕ ਮਜ਼ਬੀ ਸਿੱਖ ਸੀ। ਉਸ ਵਿਚਾਰੇ ਦਾ ਕੋਈ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਉਸ ਦੀਆਂ ਮੰਜੀਆਂ ਅਤੇ ਜੁੱਲੀਆਂ ਸਭ ਕੁਰਕ ਕਰ ਲਈਆਂ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਕੋਲ ਪਾਣੀ ਪੀਣ ਲਈ ਕੋਈ ਭਾਂਡਾ ਵੀ ਨਾ ਛਡਿਆ ਗਿਆ।

ਮੈਂ ਇਕ ਹੋਰ ਮਿਸਾਲ ਦੇਂਦਾ ਹਾਂ। ਭਟੇਂਡਾ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਇਕ ਪੂਰਨ ਵਲਦ ਫੱਤਾ ਆਦਿ ਧਰਮੀ ਤਿੰਨ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਮਰ ਚੁੱਕਿਆ ਹੈ ਪਰ ਉਸ ਦੇ ਪਾਸ ਟੈਕਸ ਦਾ ਕਾਰਡ ਪਹੁੰਚ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਟੈਕਸ ਦੇਣ ਲਈ ਉਸ ਦੇ ਪਾਸ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਬਾਦ ਕਾਰਡ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਇਹ ਟੈਕਸ ਤਾਂ ਹੀ ਵਸੂਲ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਉਥੇ ਹੀ ਚਲੇ ਜਾਣ ਜਿਥੇ ਉਹ ਗਿਆ ਹੈ।

ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਿਹਾਤੀਆਂ ਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦਿੱਕਤਾਂ ਪੇਸ਼ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਲੈ ਲਉ। ਮੁਰਬਾਬੰਦੀ ਦੇ ਕਨੂੰਨ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਵੀ ਮੁਰਬਾਬੰਦੀ ਹੋਵੇ ਉੱਥੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਉੱਠਣ ਬੈਠਣ ਲਈ, ਸਾਂਝੀ ਜ਼ਮੀਨ common land ਰਖੀ ਜਾਵੇ ਜਿਥੇ ਉਹ ਡੰਗਰ ਚਰਾ ਸਕਣ। ਪਰ ਜਿਹੜੀ ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਹੁਣ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਤਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਬਿਲਕੁਲ ਨਾਕਾ-ਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਕ ਸਵਾਲ ਕੀਤਾ ਜਿਸ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਸਨ 52 ਤੋਂ ਇਹ ਹਿਦਾਇਤਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਕਿ ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਵੇਲੇ 5 ਮਰਲੇ ਜ਼ਮੀਨ ਘਰਾਂ ਲਈ ਛੱਡੀ ਜਾਵੇ। ਪਰ ਜਦੋਂ Deputy Commissioner ਜਾਂ ਮਾਲ ਅਫਸਰਾਂ ਪਾਸ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰੀ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਕੋਈ ਹਿਦਾਇਤਾਂ ਨਹੀਂ ਆਈਆਂ। ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਦੱਸ ਸਕਦੇ ਹਨ ਕਿ ਆਇਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆ ਹਿਦਾਇਤਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਕਿਸੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਅਜਿਹੀ ਕੋਈ ਜ਼ਮੀਨ ਛਡੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ? ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰਿਆਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ; ਸਿਰਫ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਹੀ ਜ਼ਮੀਨ ਛੱਡੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਜਿਥੋਂ ਦੇ ਕਿਸਾਨ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਪੁਰ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਕੋਈ ਗੌਰ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ? ਮੈਂ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਅੱਗੇ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਪੁਰ ਗੌਰ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਘਰਾਂ ਅਤੇ ਸਾਂਝੀ ਜ਼ਮੀਨ ਲਈ ਜਗ੍ਹਾ ਛੱਡੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜਿਹੜੇ ਨਿਕਾਸੀ ਘਰ ਹਨ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪੁਰ ਵਸ ਸਕਣ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਲੀ ਗੱਲ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ Labour

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ]

Societies ਦਾ ਬੜਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਲੇਬਰ ਸੋਸਾਇਟੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਹੁਣ ਬੇਰੋਜ਼ਗਾਰੀ ਦੂਰ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਸੈਸ਼ਨ ਵਿਚ ਵੀ ਮੈਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਇਕ ਢੌਂਗ ਹੈ; ਫਰਕ ਇਤਨਾ ਹੀ ਪਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਇਕ ਠੇਕੇਦਾਰ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਤੇ ਹੁਣ 40 ਜਾਂ 50 ਰਲ ਕੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਸੋਸਾਇਟੀਆਂ ਚਲਾ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਮੁਨਾਫਾ ਸਾਰਾ ਆਪ ਲੈ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵੀ ਮੁਨਾਫਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅੱਗੇ ਵਾਂਗ ਠਕੇਦਾਰ ਲੁੱਟ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਸੋਸਾਇਟੀਆਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਦਿੱਤਾ ਵੀ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਠੇਕੇਦਾਰਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਸੋਸਾਇਟੀਆਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫ਼ਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਕਾਰਣ ਇਹ ਕਿ ਠੇਕੇਦਾਰ ਤੇ S. D. O. ਦੂਜੇ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਨਾਲ ਮਿਲੇ ਹੋਏ ਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਪਸ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਤੈ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦਾ ਆਪਣਾ ਰਵੱਈਆ ਇਹ ਹੈ ਕਿ Labour Societies ਨਾ ਚੱਲਣ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਿੱਸਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਦਾ ਰਵ੍ਹੇ। ਇਸ ਲਈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ fail ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗਲੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ taxes ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਕੋਈ ਖਾਸ limit ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਯਾਨੀ ਕੋਈ ਅਜਿਹਾ level ਵੀ ਰਖਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤੋਂ ਥੱਲੇ ਵਾਲੀ income ਤੇ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 12,0 ਰੁਪਿਆ ਸਾਲ ਦੀ ਆਮਦਨ ਤੱਕ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਵੀ ਬਿਨਾ ਸ਼ਹਿਰੀ ਜਾਂ ਦੇਹਾਤੀ ਦੇ ਖਿਆਲ ਤੋਂ ਟੈਕਸ ਨਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ। ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ taxes ਦੀ collection ਦਾ ਤਾਲੁਕ ਹੈ ਤੁਸੀਂ 47 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਦੇਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਇਕੱਠਾ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਪਰ ਹੈਰਾਨਗੀ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਕੀਤਾ ਕੀ ਗਿਆ ਹੈ?

ਬੇਦਖਲੀਆਂ ਦੀ ਕੀ ਹਾਲਤ ਹੈ? ਇਸ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਕਿ ਇਹ ਸਭ ਮਸਲਾ ਬੜਾ ਭਿਆਨਕ ਰੂਪ ਧਾਰਨ ਕਰ ਚੁਕਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਕੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਬਾਰ ਬਾਰ ਇਹ ਐਲਾਨ ਨਹੀ ਕਰਦੀ ਕਿ ਜਿਤਨੀਆਂ ਵੀ ਬੇਦਖਲੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਭ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਬਹਾਲ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ? ਕਿਉਂ ਇਹ ਐਲਾਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਜਿਨ ਜ਼ਮੀਨ ਬੰਜਰ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ ਉਹ ਸਾਰੀ ਦੀ ਸਾਰੀ ਗ਼ਰੀਬ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਦੇ ਹਵਾਲੇ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਵੰਡ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਅਸਲ ਵਿਚ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਇੰਝ ਕਰਨਾ ਨਹੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ। ਸ੍ਰੀ ਚਾਂਦ ਰਾਮ ਜੀ ਨੇ ਬੜੀ ਹਿੰਮਤ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਕੁਝ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਕੇ ਬੜੀਆਂ ਚੰਗੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਹੀਆਂ। ਪਰ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਬੜੀਆਂ ਦਬਕੀਆਂ ਮਾਰ ਮਾਰ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਠਾਉਣ ਲਈ ਕਸਰ ਬਾਕੀ ਨਹੀਂ ਛਡੀ। (*Interruptions*) ਹਰੀਜਨਾਂ ਬਾਰੇ ਬੜੀਆਂ ਲੰਬੀਆਂ ਚੌੜੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਹੁਣ ਪੁਲਿਸ ਵਿਚ 50% constables ਦੀ reservation ਦੀ ਗੱਲ ਅੱਗੇ ਆਈ ਹੈ। ਪਰ ਅਸੀਂ ਕਿਵੇਂ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਵਿਸ਼ਵਾਸ ਕਰੀਏ ਕਿ ਸਚਮੁਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਿੱਸਾ ਦਿੱਤਾ

ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮੁਕਦਮੇਬਾਜ਼ੀ ਵਿਚ ਘਸੀਟਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਪਰ ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਲੜ ਨਹੀਂ ਸਕਦੇ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਲੜਨ ਲਈ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਇਸਲਈ ਅਸੀਂ ਕਿਵੇਂ ਇਹ ਇਤਬਾਰ ਕਰੀਏ ਕਿ ਜੋ ਕੁਝ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ? ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਸ਼ੇ ਦੀ ਮਸਤੀ ਵਿਚ ਕਿਉਂ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰ ਅੰਦਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਛੂਤਛਾਤ ਦਾ ਬੜਾ ਪ੍ਰਚਾਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਛੂਤਛਾਤ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਲਈ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ ਖਤਮ ਹੋ ਗਈ ਹੋਵੇਗੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਮਾਹਵਾਰ ਤਨਖਾਹ ਮਿਲਦੀ ਹੈ। ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਹੋਈ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਗੰਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ, ਪਹਿਨਣ ਲਈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਕਪੜੇ ਨਹੀਂ। ਇਸਲਈ ਇਹ ਛੂਤਛਾਤ ਅਜੇ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਸਿਰਫ਼ ਫ਼ਰਜ਼ੀ ਐਲਾਨ ਕਰਨ ਨਾਲ ਛੂਤਛਾਤ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। ਜਦੋਂ ਤੀਕਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਉੱਚੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ਉਤਨਾ ਚਿਰ ਕਿਸੇ ਮਸਲੇ ਦਾ ਕੋਈ ਹਲ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ। ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਦੱਸਣ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਬਿਹਤਰ ਕਰਨ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੀ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਬਣਾਇਆ ਹੈ? ਬੇਸ਼ਕ ਇਹ Welfare State ਦਾ ਬਜਟ ਹੋਵੇਗਾ ਪਰ ਇਸ ਵਿਚ ਗਰੀਬਾਂ ਦਾ ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਰੱਖਿਆ ਗਿਆ। ਗਰੀਬ ਆਪਣੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਅਸੂਤ ਨਹੀਂ ਉਹ ਇਸ ਨੂੰ ਹਾਸਲ ਕਰਨ ਲਈ ਪੂਰੀ ਜਦੋਜਹਿਦ ਕਰਨਗੇ ਅਤੇ ਉਤਨੀ ਦੇਰ ਤੀਕਰ ਕਰਦੇ ਰਹਿਣਗੇ, ਉਤਨੀ ਦੇਰ ਤਕ ਦਮ ਨਹੀਂ ਲੈਣਗੇ ਜਦੋਂ ਤਕ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦੇਂਦੀ। ਇਸਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਦਲੀਲਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪੁਰ ਖਾਸ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਵਿਖੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪੁਰ ਗੌਰ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ।

श्री नान्हू राम (गोहाना) : डिप्टी स्पीकर साहिब, हमारे वज़ीर खज़ाना ने जो बजट सन् 1955-56 का हाऊस के सामने पेश किया है, मैं इस पर अपने मन्त्री महोदय को मुबारिकबाद पेश करता हूँ। मैं मुतवातर तीन साल से यह देख रहा हूँ कि एक के बाद जो अगला बजट है, बड़ा शानदार आ रहा है। यह बजट भी बहुत शानदार बजट है। कई मुखालिफ भाई हमेशा नुक्ता चीनी करते हैं। उन की नुक्ता चीनी में, हुकूमत की बुराई ही बुराई होती है। वह एक भी बात ऐसी नहीं कहते जिस में वह बताएं कि हुकूमत ने यह बात अच्छी की है। चुनांचि मेरे भाइयों का मतलब क्या है? इन का मतलब यह है कि न पुलिस हो, न अफ़सर हों, न आमदनी हो और न खर्च हो, न कानून और न कोई हिफ़ाज़त। इस किस्म की लाकानूनी मेरे भाई चाहते हैं।

खैर, डिप्टीस्पीकर साहिब, state किस तरह तरक्की कर रही है। इस का नमूना हमारी पंजाब सरकार ने पेश किया है। आज पंजाब के अन्दर 500 की आबादी का कोई ऐसा गांव नहीं जहां उन की अपनी पंचायत न हो। कोई 500 से नीचे वाला ऐसा गांव नहीं जहां पर प्राइमरी स्कूल और हस्पताल न हो। मैं आप को बताता हूँ कि जो प्रोजैक्टस और National Extension Schemes आ रही हैं उन से चार साल के अन्दर क्या होने वाला है। क्या इस पंजाब के अन्दर कोई ऐसा गांव नहीं होगा जहां पंचायत न हो, जहां स्कूल न हो और जहां अस्पताल न हो। आप ही बताएं कि क्या यह रामराज्य का नमूना नहीं जो हमारी सरकार पेश कर रही है?

[श्री नान्हू राम]

डिप्टी स्पीकर साहिब मैं अपने मुखालिफ पार्टी के भाइयों को बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार हर पहलू में तरक्की कर रही है। Industries में हम तरक्की करते जा रहे हैं पैदावार में हम ने तरक्की कर ली है। यह भाई कहते हैं कि हमारी सरकार ने किसानों पर आबयाना बढ़ा दिया है पर मैं कहता हूँ कि इस ने आबयाना बढ़ाया नहीं बल्कि घटाया है। मैं जानता हूं कि लड़ाई से पहले वक्त गुड़ का भाव $2\frac{1}{2}$ रुपये प्रति मन था और हमें एक बीघा नेशकर का आबयाना एक मन गुड़ देना पड़ता था जहां अब हमें एक बीघा नेशकर का आबयाना कुल 10 सेर गुड़ देना पड़ता है। मेरे दोस्त इस बात को ज़रा सोचते नहीं हैं और गवर्नमैंट की हर बात पर नुक्ता चीनी करने के लिए ही नुक्ता चीनी करते हैं।

अब यह कहते हैं कि हमारी सरकार पर मज़दूर भी नाराज़ हैं और किसान भी नाराज़ हैं लेकिन मैं समझता हूं कि हमारे किसान बड़े सौभाग्यशाली हैं जो उन के लिए भाखड़ा डैम बन रहा है और नंगल से बिजली निकाली जा रही है, नहरों का जाल बिछाया जा रहा है। यह पंजाब तो एक शानदार प्रान्त बन रहा है और यह कहा जा सकता है कि यह बहिश्त का नमूना बनता जा रहा है। हमारी हकूमत ने जो बजट में इस प्रान्त की तसवीर दी है, यानी हर एक गांव में पंचायत है और हर एक गांव में स्कूल हैं सूबे में कम्यूनिटी प्राजैक्ट और ब्लाक चल रहे हैं। पांच साल में हर एक गांव की सारे पंजाब ही में गलियां पक्की होंगी। ज़ाहिर है कि हमारा पंजाब खुशहाल होगा और हम खुशहाल होंगे। मैं अपनी सरकार को और अपने वित्त मन्त्री जी को इस बजट के पेश करने के लिए मुबारकबाद देता हूं।

इस के बाद मैं, स्पीकर साहिब, अपनी सरकार की नुक्ता चीनी भी बड़े अदब के साथ करना चाहता हूँ। हमारी State एक Republic State है, यह एक लोकतन्त्र राज्य है। हमें आम जनता को ज़्यादा से ज़्यादा मान देना चाहिए। वैसे तो हम तरक्की करते जा रहे हैं लेकिन इस तरक्की में कुछ कमी है और वह यह है कि दफ्तरों के अन्दर जो क्लर्क काम करते हैं वह आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करते। हम देखते रहे हैं कि वे आम जनता से बुरी तरह से पेश आते हैं। हमारी सरकार को चाहिए कि वह इस किस्म का एक circular जारी करे जिस में उन को हिदायतें जारी की जाएं कि Public के साथ किस तरह का सलूक होना चाहिए। मैं मुख्य मन्त्री जी से दरखास्त करता हूँ कि सरकारी मुलाज़िमों को public के साथ अच्छा बर्ताव करना सिखाने के लिए कोई ऐसा Training Centre खोला जाए जिस में हमारे सूबा के हर एक बड़े अफसर और छोटे मुलाजिम को Training दी जाए कि उन्हों ने जनता के साथ किस तरह से पेश आना है स्पीकर साहिब, देश पिता महात्मा गांधी ने गरीब आदमियों के झोंपड़ों में रह कर अपने देश को आज़ाद कराया था और हम जो यहां बैठे है उन के पीछे चलना चाहते हैं और हमारे अफसर जो हैं वह पुराने नमूना के हैं। हुकूमत को पूरी कोशिश से काम लेना चाहिए। वे अभी तक यह नहीं समझ पाये कि जनता के साथ उन्हों ने हलीमी से पेश आना है। वे अभी वही शाहाना ढंग से चल रहे है। इस बारे में, स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा आप बीती एक बात सरकार तक पहुँचाता हूं। हमारे जिले के A.D.M. हैं सरदार बलबीर सिंह रंधावा। एक बार मैं उन के पास एक दरखास्त ले कर गया और दरखास्त भी थी एक licence पर

दस्तखत करने के लिए। ज्यों ही मैं ने वह दरखास्त उन के सामने पेश की तो उन्हों ने फौरन मेरी दरखास्त को फैंक दिया। लेकिन उस वक्त A.D.M. साहिब कोई अदालत का काम नहीं कर रहे थे। जब उन्हें पता चला कि मैं एक M.L.A. हूँ तो उन्हों ने बड़ा महसूस किया। यह स्पीकर साहिब हमारे अफसरों का बर्ताव आम जनता के साथ है क्योंकि मैं उन के सामने एक आम आदमी की तरह गया था और यह बर्ताव मेरे साथ उन्हों ने एक आम आदमी समझ कर किया था। मैं सच कहता हूँ कि अगर मेरे दोस्त चौधरी श्री चन्द जो Opposition के मैम्बर हैं वहां न होते और वह न बताते कि मैं एक M.L.A. हूं तो यह हो सकता था कि मुझे वहां से धक्के मार कर निकाल दिया जाता। इस तरह से public man के साथ अफसरान की तरफ से ऐसा सलूक किया जाता है। अगर हम इन्हें ऐसा करने से नहीं रोक सकते तो हम तरक्की की तरफ आगे नहीं जा सकेंगे। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब तो आदर्शवादी हैं, उन को इन चीज़ों की तरफ ध्यान देना चाहिए।

फिर, डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं अपने मुख्य मन्त्री जी को यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो मेरा हलका है गोहाने का वह बड़ा backward है। हमारे मन्त्रियों को इस बात का पूरा ज्ञान हो ही नहीं सकता कि वह कितना पिछड़ा हुआ इलाका है क्योंकि वह तो कारों में दौरा करते हैं और उन की कारें वहां जा नहीं सकतीं क्योंकि वहां की सड़कें बड़ी खराब हैं। वहां की सड़कें तो बड़ी खराब हैं लेकिन नहरों को रास्ता भी गोहाना तहसील में से दिया गया है जिस की वजह से वहां की जमीनों में रेही और चोहा हो गया है जिस के कारण वहां पैदावार कम होनी शुरू हो गई है। हमारी सरकार को इन चीज़ों की तरफ ध्यान देना चाहिए और रेही और चौ को दूर करना चाहिए या खराब ज़मीन के बदले ज़मींदारों को अच्छी जमीन मिलनी चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं एक बार फिर अपने वित्त मन्त्री जी का धन्यवाद करता हूं जो वह इतना शानदार बजट लाए हैं और जिस से हमारा पंजाब एक शानदार पंजाब बन जाएगा। इन शब्दों के साथ मैं अपनी सरकार को इस बजट के लिए मुबारकबाद देते हुए अपनी स्पीच को खत्म करता हूं।

6-30 P. M.

(*The Assembly then adjourned till 2 P. M. on Tuesday the 15th March, 1955.*)

Punjab Vidhan Sabha Debates

15th March, 1955

VOL. I—NO. 8

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Tuesday, 15th March, 1955

CHANDIGARH:

Printed by the Controller of Printing and Stationery, Punjab,

1956

Price : Price : Rs. 3-15-0

PUNJAB VIDHAN SABHA

Tuesday, 15th March, 1955

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital at 2 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

SUPPLEMENTARIES TO STARRED QUESTION NO. 4154.

पण्डित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब ! कल सवाल नं० 4154 पर supplementary questions पूछे जा रहे थे जबकि Question Hour खत्म हो गया था । अगर आप की इजाजत हो तो मैं कुछ और supplementary questions पूछना चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : आप उस सवाल पर supplementry questions पूछ सकते हैं । (The hon. Member is permitted to ask supplementaries on that question.)

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या मैं गवर्नमेंट से दरियाफ्त कर सकता हूं कि ज़िला रोहतक के कई गांवों में जहा ताज़ीरी चौकी बिठाई गई है वहां के लोगों के खिलाफ किस किस्म की शिकायात हैं जिन की बिना पर यह कार्यवाही की गई है ?

चीफ पार्लियामेन्ट्री सैक्रेटरी : असल सवाल के जवाब में जैसे चीफ मिनिस्टर साहिब ने बताया था जब हालात ऐसे हो जायेंगे कि ताज़ीरी चौकी की ज़रूरत महसूस न होगी तो उसे एक मिनट भी नहीं रहने दिया जाएगा । वहां disturbed conditions की वजह से ताज़ीरी चौकी का बिठाया जाना ज़रूरी हैं ।

पण्डित श्री राम शर्मा : सवाल के भाग (ख) में दरियाफ्त किया गया था whether it is a fact that the posting of the said punitive police was further extended on April 22, 1954; if so, the reasons therefor ?

इस के जवाब में बताया गया है कि वहां के हालात ऐसे खराब हैं कि लोगों को अमन में रखने के लिये ताज़ीरी पुलिस वहां बिठा दी गई । मैं पूछना चाहता हूं कि वहां हालात किस किस्म के हैं ? आया जरायम बढ़ गए हैं या डाकुओं को पनाह दी गई है या लोगों ने नहर को तोड़ दिया है ? किस nature की शिकायत हैं कि ताज़ीरी चौकी बिठा कर बारह, तेरह गांव के लोगों को परेशान किया जा रहा है ?

चीफ पार्लियामेन्ट्री सैक्रेटरी : जो हालात punitive police बिठाये जाने के होते हैं वह वहां हैं इसलिये वहां ताज़ीरी चौकी कायम कर दी गई है ।

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या गवर्नमैण्ट यह नहीं बता सकती कि जो हालात वहां पर हैं वह किस किस्म के है ? किस तरह के जरायम होने का अंदेशा है जिस की वजह से ताज़ीरी चौकी वहां कायम कर दी गई है ?

Note—Starred Question No. 4154 appears in the debate, Volume I, No. 7, dated 14th March, 1955.

चीफ पार्लियामैंन्ट्री सैक्रेटरी : जिन जरायम की बिना पर punitive police post का होना जरूरी होता है वह वहां exist करते हैं। इस लिये उन हालात की बिना पर यह ज़रूरी है कि वहां पर ताज़ीरी पुलिस बिठाई जाए।

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या कोई भी ऐसी बात बताई जा सकती है जिस की वजह से वहां ताज़ीरी चौकी का बिठाया जाना जरूरी हो ?

सिंचाई मन्त्री : अगर माननीय मैम्बर किसी खास गांव के बारे में जानना चाहते हैं तो नोटिस दें। अगर वह यह जानना चाहते हैं कि वहां कितने murders हुए तो उन की तफसील बताने के लिये नोटिस की जरूरत है।

पण्डित श्री राम शर्मा : कल चीफ मिनिस्टर साहिब ने गवर्नमैण्ट की तरफ से बताया कि ज़िला रोहतक के दस बारह गांव में ताज़ीरी चौकी बिठाई जानी ज़रूरी है। मैं दरियाफ्त करना चाहता हूं कि वह क्या हालात हैं जिन की बिना पर यह ताज़ीरी चौकी कायम की गई है?

अध्यक्ष महोदय : क्या क्या grounds हैं जिन की बिना पर ताज़ीरी चौकी बिठाई गई उस के लिये आप अलहदा नोटिस दें। (The hon. Member should give fresh notice of the question if he wants to know the grounds on which the punitive police post has been stationed there.)

पण्डित श्री राम शर्मा : मैं grounds नहीं पूछता। मैं यह दरियाफ्त करना चाहता हूं कि कल गवर्नमेंट की तरफ से बताया गया था कि ज़िला रोहतक के बारह तेरह गांव में ताज़ीरी चौकियां कायम कर दी गई हैं और साथ ही यह बताया गया कि हालात इस किस्म के हैं। यह भी कहा गया कि जब यह हालात नहीं रहेंगे तो यह ताज़ीरी चौकी उठा ली जाएगी। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या गवर्नमेंट यह बताएगी कि वहां हालात किस किस्म के हैं। उन के मुतअल्लिक कोई idea दिया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय : क्या आप details पूछना चाहते हैं।

(Do you want to know the details ?)

पण्डित श्री राम शर्मा : मैं details नहीं पूछता बल्कि गवर्नमेंट से यह दरियाफ्त करना चाहता हूं कि वहां कौन से हालात हैं जिन की वजह से ऐसा किया गया है ?

चीफ पार्लियामैंन्ट्री सैक्रेटरी : वहां के residents का गवर्नमैण्ट के साथ non-co-operative attitude है वह offenders को shelter देते हैं। वहां जो disturbed conditions थीं उन के पेशेनज़र और law and order की स्थिति को देखते हुए यह ज़रूरी समझा गया कि वहां punitive police post कायम की जाये।

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या गवर्नमैण्ट के अपने एलान के मुताबिक रोहतक ज़िले में डाकू खत्म नहीं हो गये ? इस एलान के पेशेनज़र अब ताज़ीरी चौकी कायम करने की ज़रूरत क्यों पड़ी ?

चीफ पार्लियामैंन्ट्री सैक्रेटरी : जैसे चीफ मिनिस्टर साहिब ने बताया है कि डाकुओं का टोला अब भी मौजूद है जो डाकुओं के ज़ुमरा में शुमार नहीं किया जा सकता और वह हालात पुरसकून रखने के खिलाफ agitate करता रहता है।

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या मैं पूछ सकता हूं कि इन गावों में जहां ताज़ीरी चौकी बिठाई गई है कोई ब्राह्मण या गैर ब्राह्मण gang है जो डाकुओं को पनाह देते हैं ?

Minister for Irrigation: This question does not arise.

पंडित श्री राम शर्मा : गुज़ारिश है कि जवाब बे-मायनी है । मैं दरियाफ़त करना चाहता हूं कि वहां कोई gang है या नहीं ?

अध्यक्ष महोदय : आप नाम पूछने की हद तक जा रहे हैं । यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

(You are going to the extent of asking the names. In fact this question does not arise.)

पण्डित श्री राम शर्मा : बरादरी का नाम ले कर यह कहना कि ब्राह्मण gang के कुछ आदमी हैं । क्या गवर्नमैण्ट को ऐसे gang का कुछ इल्म है ?

अध्यक्ष महोदय : नाम वग़ैरा पूछने के लिये नोटिस चाहिये ।

(The hon. Member should give fresh notice to know about the names, etc.)

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या कोई vague से vague idea गवर्नमैण्ट की तरफ से इस बात का दिया जा सकता है कि ज़िला रोहतक में और खास तौर पर देहात में कोई ऐसे आदमी मौजूद हैं जो मफरूरों को पनाह देने वाले हैं ?

चीफ पार्लियामैन्ट्री सैक्रेट्री : Punitive police post का कायम रखना इस बात का सबूत है कि हालात पुर सकून नहीं हैं । जब हालात अच्छे हो जायेंगे तो ताज़ीरी चौकी हटा दी जायेगी ।

पण्डित श्री राम शर्मा : क्या पंजाब गवर्नमैण्ट अपनी administration के किसी काम में कोई ग़लती नहीं करती ?

Mr. Speaker: This is a question of opinion.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

DEAD BODY BROUGHT BY THE POLICE FOR POST-MORTEM

***3951. Pandit Shri Ram Sharma :** Will the Chief Minister be pleased to state :—

(a) whether it is a fact that a dead body was recently brought by the police from the Nahar Police Chowki of the Salhawas Police Station, Post-mortemed and then cremated ; if so, the name of the deceased and the reasons for not handing over his dead body to his relatives ;

(b) whether the relatives of the deceased approached the district authorities in this connection ; if so, with what results ?

Shri Prabodh Chandra (Chief Parliamentary Secretary) : (a) A statement is given below.

(b) The relatives of Gugan filed a petition with the District Magistrate Rohtak, alleging that the death of Gugan had resulted from police torture, The District Magistrate ordered a magisterial enquiry which exonerated the police.

[Shri Prabodh Chandra]

Statement giving the details of the incident—

(Well, I would like to draw the attention of the House to the fact that I have received a number of requests from the hon. Members requesting that they may be given time to speak. I have received twenty or twenty five requests in all. One hon. Member says that he has to catch the train, the other says that he has got some urgent piece of work, yet another has asked for time to speak first because he wants to go to see some one who is unwell. If requests continue pouring in like this how can I accommodate everyone. One thing can be done and that is that the time limit may be reduced.)

श्री राम चन्द्र कामरेड (नूरपुर) : स्पीकर साहिब। हसूले आज़ादी के वक्त से लेकर हिन्दुस्तान और हमारे तमाम सूबजात में तामीर-ओ-तरक्की की जानिब जो कदम बढ़ाए गए हैं उस के लिए हमारी मुल्क की हकूमत को हर तरफ से—मशरिक और मग़रिब से—मुबारकबाद मिल रही हैं। मैं ने जो लफज़ सूबजात कहा, उस में पंजाब भी आ जाता है। मुझे इस बात का अफ़सोस है कि हमारे बाज़ दोस्त ऐसे हैं जिन्हें हर जानिब बुराई ही बुराई

[श्री राम चन्द्र कामरेड]

नज़र आती है। लेकिन असल बात यह है, स्पीकर साहिब, आप को मालूम ही होगा कि एक ऐसा रोग भी है जो जब किसी पर गालब हो जाता है तो उसे हर तरफ़ पीला ही पीला नज़र आने लगता है। वैसे तो दुनिया में हरेक रंग मौजूद हैं। पर बात यह है कि अच्छा नज़र आने वाले को अच्छा दिखाई देता है और बुरी नज़र से देखने वाले को बुरा। जैसे एक बार गांधी जी ने Miss Meo के मुतअल्लिक कहा था कि 'she has done the job of a drain inspector. ठीक वही हालत मुझे यहां नज़र आ रही है कि आज इन्हें हर तरफ बुराई ही बुराई नज़र आती है।

स्पीकार साहिब! आप अगर जरायम की तरफ देखें तो मालूम होगा कि ये अब मुकाबलतन कम हैं। यही चीज़ सूबे की दीगर इसलाहात के बारे में कही जा सकती है। Administration को decentralise करने के लिए और इनसाफ को लोगों के दरवाज़े तक पहुंचाने के लिए इस साल यह step उठाया गया है कि सूबे में Sub-Divisions बना दिए गए हैं। जो लोग अपने मुकदमात वगैरा के लिए

5 p. m.

ज़िला के headquarters पर जाते थे उन की, Sub-Divisions खोले जाने के नतीजा के तौर पर, तकलीफ काफी हद तक रफ़ा हो गई है। Sub-Division Officers नज़दीक हो गए हैं। वे आसानी से अपने इलाकों का दौरा कर सकते हैं। लोगों की शिकायात सुन सकते हैं। इस तरह सब को बहुत इतमीनान हो गया है।

हाल ही में सरकार ने जो कुछ सरकारी मुलाज़मों की categories की तनखाहों में जो नज़रसानी की है मुझे यह देख कर खुशी हुई है कि इस से मुलाज़मों की बड़ी काफी तस्सली हो गई है। लेकिन, स्पीकर साहिब मैं इस सिलसिले में अपनी सरकार से कहूंगा कि यह एक कामिल इलाज नहीं है। वक्त आ गया है जब कि हमें चाहिए कि तनखाहों के इस सारे ढांचे को बदल दें। हम अब एक Socialist pettern की हकूमत कायम करना चाहते हैं इस लिए जितने भी छोटे मुलाज़म हैं उन को relief देना चाहिए। जो school teachers की शिकायतें हैं उन की demands पर सरकार हमदर्दी के साथ गौर करे और उन की बेचैनी को दूर करे।

स्पीकर साहिब, इस बात के लिए भी मैं सरकार को बधाई देता हूं जो उन्होंने फैसला किया है कि अगर कोई अफसर या कोई और सरकारी कर्मचारी अच्छा काम नहीं करता है तो उस को 10 साल की service के बाद retire किया जा सकेगा। यह एक बड़ा भारी कदम है जिस से अफसरान अपने काम में दिलचस्पी लेंगे और उन की efficiency बढ़ेगी और वह अपनी efficiency को बढ़ाने की ज़्यादा कोशिश करेंगे। इस के साथ ही हमारी सरकार ने यह भी फैसला किया है कि आयंदा आम तरक्कियात seniority के basis पर नहीं बल्कि merit के basis पर दी जाएंगी। जहां तक असूल का सवाल है इस पर कोई एतराज़ नहीं किया जा सकता। स्पीकर साहिब, मुझे Railways की services का कुछ तजरुबा हासिल है। वहां पर भी जब तरक्की seniority को छोड़ कर merit पर दी जाती है तो वह एक Selection Board ही करता है। अगर यह न हो तो favouritism होने

का बड़ा खतरा हो जाता है । इस favouritism का कोई इलाज करना चाहिए । Railway की तरह यहां भी अगर तरक्की seniority की बजाए merit के लिहाज़ से दी जानी हो तो यह चीज एक Selection Board करे और उस Selection Board के मैम्बर बड़े अच्छे और काबले एतबार होने चाहिएं ।

स्पीकर साहिब, मैं अपनी हकूमत को इस बात के लिए भी मुबारकबाद देना चाहता हूं कि इन्होंने मरकज़ी हकूमत से यह वायदा ले लिया है कि भाखड़ा-नंगल में खाद का कारखाना लगाया जाएगा । इस कारखाने के लग जाने से एक तो हमारे सूबे के लोगों को काम मिलेगा और बेकारी जो आज कल हमारे लिए एक अहम मसला बन चुका है वह काफी हद तक दूर हो जाएगी । इस के साथ ही जो खाद की कमी हमारे सूबे में इस वक्त है वह दूर हो जाएगी ।

स्पीकर साहिब, इस के बाद मैं अपनी सरकार को इस के लिए भी मुबारकबाद देता हूं जो इस ने ज़मीन के दाखल खारज के लिए कदम उठाया है । अब इस ने इन्तकाल चढ़ाने का automatic system बना दिया है । पहले लोगों को इन्तकाल चढ़ाने के लिए बड़ी कोशिश करनी पड़ती थी और कई कई रोज़ कचहरियों में जाना पड़ता था । अब यह अपने आप हो जाएंगे । यह हमारी सरकार का एक भारी कदम है ।

फिर चंडीगढ़ की तामीर में काफी तरक्की हुई है । इस के लिए भी मैं अपनी सरकार को बधाई देता हूं लेकिन मैं इस का ध्यान इस बात की तरफ भी दिलाना चाहता हूं कि यह जो इस ने मकानों के 14 दर्जे बनाए हैं यह ठीक नहीं किया । यह दर्जाबन्दी हमारे आदर्श के खिलाफ़ जाती है । जो मकानात छोटे दर्जे के मुलाज़मों के लिए बनाए गए हैं वह बहुत छोटे हैं, और ठीक नहीं हैं । हां वह उन मकानात से बहतर हैं जो उन लोगों के लिए पहले बनाए जाते थे । इस बारे में मैं एक बात और कहना चाहता हूं और वह यह है कि बिदेशी मुल्कों में मकानात लोगों को तनखाह की बिना पर नहीं दिए जाते बल्कि वहां इस बिना पर दिये जाते हैं कि उन का कुन्बा कितना है । बड़े कुन्बे वाले को बड़ा मकान दिया जाता है और छोटे वाले को छोटा । हमारी सरकार को भी वही असूल यहां भी अपनाना चाहिए ।

मैं अपने वज़ीर आबपाशी को भी मुबारकबाद देना चाहता हूं क्योंकि भाखड़ा-नंगल पर बड़ी कामयाबी के साथ काम हो रहा है । बहुत सी नहरें बन कर तैयार हो चुकी हैं और बाकी के लिए उम्मीद की जाती है कि इस साल मुकम्मल हो जायेंगी । मुझे इस बात पर गिला भी है कि कांगड़ा ज़िला में पानी की बहुत कमी है और वहां के लिए इस बजट में कोई provision नहीं किया गया । हो सकता है कि इस के सामने बहुत सी दीगर तजवीज़ें हों लेकिन मेरी अर्ज़ है कि कांगड़ा ज़िला जो कि बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है इस को top priority क्यों नहीं दी जाती ।

सिंचाई मंत्री : Irrigation की item पर फिर बोल लेना जब उस की demand सभा के सामने आएगी ।

श्री राम चन्द्र कामरेड : मालूम नहीं कि तब उस demand पर बोलने के लिये मेरी बारी आएगी या नहीं। इस में अब ही थोड़ी चीजें इस बारे में कह देता हूं। स्पीकर साहिब दूसरे इलाकों के लिए तो करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है लेकिन कांगड़ा की तरफ कम ध्यान दिया जा रहा है। मैं ज़िला होशियारपुर के भाईयों को मुबारकबाद देता हूं कि उन के chos को train करने के लिए डेढ करोड़ रुपया रखा गया है। इसी तरह दूसरे ज़िलों की नहरों के लिए करोड़ों रुपए का इन्तजाम किया गया है लेकिन कांगड़ा ज़िला जोकि सारे सूबे का एक-चौथाई हिस्सा है इस के लिए अगर इस सूबे की 30 करोड़ आमदनी में से इस जिला के लिए अगर दो या अढ़ाई करोड़ रुपया रख लिया जाए तो कोई बड़ी बात न होगी। यह किस से छिपी हुई बात है कि उस इलाके में इतनी गरीबी है कि वहां के अक्सर लोग दूसरे लोगों के जूठे बर्तन साफ़ कर के गुज़ारा करते हैं। मेरे अपने साथी मुझ से कई बार कह देते हैं कि हमारे लिए बर्तन मांजने के लिए एक मुन्डू ले आना। मेरा ज़िला बहुत गरीब है। इस की तरफ ज़्यादा ख्याल दिया जाना चाहिए।

तुगियानी को रोकने के लिए जहां और ज़िलों के लिए इन्तजाम किया गया है वहां ज़िला कांगड़ा के लिए कोई इंतज़ाम नहीं किया गया। इस ज़िला में से बियास दरिया बहता है वह बरसात के दिनों में बहुत कुछ बहा कर ले जाता है और नूरपुर तहसील में वह बहुत तबाही करता है। मैं चाहता हूं कि हमारे मिनिस्टर साहिब इस की तरफ भी ध्यान दें। स्पीकर साहिब ! मैं हकूमत को इस काम के लिए भी मुबारकबाद देता हूं जो इस ने हमारे सूबे में तालीम के फैलाओ को इन्तहा पर पहुंचाया है और इस लिए भी जो वज़ीर साहिब ने technical और agricultural तालीम की तरफ तवज्जुह दी है। इस सिलसिले में मैं अपना फ़र्ज़ अदा करने से कासिर रहूंगा अगर मैं उन की तवज्जुह इस बात की तरफ न दिला दूं कि जैसा कि सारे सूबा में कहीं Medical Colleges या Technical Colleges या Agricultural College हैं हमारे कांगड़ा जिला में इस किस्म का कोई कालिज अब तक नहीं खोला गया। इस लिए मैं उन से दरखास्त करता हूं कि कांगड़ा ज़िला में भी कोई Technical Training College खोला जाए।

स्पीकर साहिब। वक्त थोड़ा है लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि मैं हर एक चीज़ का ज़िक्र कर दूं। एक तो मैं अपनी हकूमत की तवज्जुह रिश्वत स्तानी की तरफ दिलाना चाहता हूं जो Public Works Department में पाई जाती है। अफसरों की तरफ से Labour Co-operative Societies को काम देने में कई तरह की रुकावटें डाली जाती हैं। उन्हें वक्त पर काम नहीं दिया जाता. उन के काम की वक्त पर पैमाइश नहीं की जाती और उन्हें वक्त पर payment नहीं की जाती। मैं वज़ीर आबपाशी से भी दरखास्त करता हूं कि वह भी इन बातों की तरफ ध्यान दें।

एक चीज़ मैं और चाहता हूं कि मैं अपनी सरकार के नोटिस में लाऊं। हमारी सरकार ने शामलात देह की ज़मीनें पंचायतों के हवाले कर के एक बड़ा अच्छा काम किया है। लेकिन हमारे ज़िले में सरकार ने कई ऐसे वन अपने पास रखे हुए हैं जो असल में शामलात देह थे।

इन बनों को सरकारी वन कहते हैं । इन की ज़मीन देहात की मलकियत है । सरकार को चाहिए कि यह भी पंचायतों के हवाले कर दे ताकि इन की आमदनी development के काम आ सके । मैं यह नहीं कहता कि इस सरकार ने ही यह वन अपने कबज़ा में लिए हैं । ऐसा नहीं । यह तो अंग्रेज़ सरकार ने ले रखे थे । परन्तु यह एक अन्याय था जो अब दूर हो जाना चाहिए । स्पीकर साहिब, मैं आप की तवज्जुह उस बड़े शख्स की तरफ दिलाना चाहता हूं जोकि केवल हिन्दुस्तान का ही नहीं बल्कि सारी दुनिया का रहनुमा बन गया है और हमारी यह खुशकिस्मती है कि हम उस की रहनुमाई में काम कर रहे हैं । लंका के साबिका वज़ीर आज़म श्री सेनानाईका ने पिछले दिनों कहा था कि पिछले समय में दुनियां का सब से बड़ा इनसान महात्मा बुद्ध हुआ है और इस ज़माने का सब से बड़ा आदमी पण्डित जवाहर लाल नेहरू है ।

पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने इस तरीके से हमारी रहनुमाई की है कि आज का ज़माना ही नहीं बल्कि आने वाली नसलें भी इन को भारत का ही नहीं बल्कि संसार का निजातदहिन्दा मानेंगी । उन्हो ने हमारी गरीबी के मसले को हल करने, सोसाइटी में मुसावात और आपस में प्रेम लाने के लिए हमारी रहनुमाई की है । उन्होंने इस देश के किसानों और मज़दूरों को ऊपर उठाने की ठानी है । हमें सच्चे दिल से उन की पैरवी करनी चाहिए । हमारे ही मज़दूरों और मज़ारों के मसले हैं, यह हमारे ज़ेर गौर हैं मगर हम अभी तक इन को हल करने की जुरअत नहीं कर सके । बड़ी खुशी की बात है कि हमारे वज़ीर तरक्कियात की तवज्जुह इस तरफ गई है । हमें खुशी है कि इस तरफ भी कदम उठाया जा रहा है । मगर मैं कहना चाहता हूं कि जब तक हम मज़दूरों और मुज़ारों के मसले का पूरा हल नहीं ढूंढ लेते तब तक Social Justice और Socialistic Pattern की सोसाइटी कायम नहीं हो सकती । मैं Indian National Trade Union Congress का मैम्बर हूं । हम चाहते हैं, यानी I. N. T. U. C. चाहती है कि देश की पैदावार बढ़े, सनअत की तरक्की हो । मगर हालात कुछ मज़दूरों के हक में ऐसे हैं और सरकार तथा पूंजीपतियों का रवैया ऐसा है कि हम कुछ ज्यादा कर नहीं पाते । और अमृतसर की हालत बड़ी बिगड़ चुकी है । हफ़ीज़ का शेअर याद आता है :—

अब वह फिक्रमन्द हैं तबीब ने यह कह दिया ।

इश्क है जनूं नहीं मैं इलाज क्या करूं ।।

इस हालत को सुधारने का ज़ोर दार यत्न करें और I. N. T. U. C. आप को पूरा सहयोग देगी । आप ज़रा सरमायादारों को इस बात पर राज़ी कर लें कि वह मज़दूरों से न्याय करें । तभी जो Socialistic Pattern आप लाना चाहते हैं, आ सकता है । मज़दूर खुश होंगे तो आप के सूबे की, मुल्क की सनअती पैदावार बढ़ेगी । मज़दूर सूबे में सनअती अमन चाहते हैं, सनअत की पैदावार बढ़ाना चाहते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि पैदावार बढ़ेगी तो distribution बढ़ेगी। मगर सनअती अमन और पैदावार बढ़ाने की ख्वाहिश तीनों पार्टियों, गवर्नमेंट, मज़दूर और मालिकान, को होनी चाहिए । अभी मेरे एक दोस्त ने ज़िक्र किया था कि मज़दूरों की बेहतरी के लिए सूबे में काफी काम किया जा रहा है । यह ठीक है, काफी काम किया जा रहा है मगर

[श्री राम चन्द्र कामरेड]

अभी काफ़ी काम ऐसा भी है जिस की तरफ़ जल्दी ध्यान दिया जाना चाहिए । (इस समय अध्यक्ष महोदय ने घन्टी बजाई) स्पीकर साहिब मुझे दो तीन मिनट और दें ।

अध्यक्ष महोदय : आपने सारी stages—हरी बत्ती, लाल बत्ती और घंटी वगैरा निकाल दीं और अब भी 2, 3 मिनट मांग रहे हैं । खैर जो एक दो बातें आप ने कहनी हैं वह 2, 3 मिनट में कह लीजिए । (Indications were made at different intervals with green and red lights and ringing of the Bell reminding you to wind up and finish your speech. You have not heeded any of them arid still demand more time. Anyhow, whatever you have to say, say within two or three minutes.)

श्री राम चन्द्र कामरेड : मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि मज़दूरों के मसले के हल में जो दिक्कत हो रही है वह Labour Commissioner की वजह से है । इक़बाल का एक शेअर है :—

मसजिद तो बना ली पल भर में, ईमां की हरारत वालों ने,
मन अपना पुराना पापी है, बर्सों में नमाज़ी बन न सका ।।

Resolutions तो पास होते हैं कि Socialistic Pattern की सोसाईटी चाहिए मगर काम इस तरफ ज़्यादा नहीं हो रहा । Labour Commissioner साहिब किसी तरह से मददगार साबत नहीं हो रहे । Trade Employees Act तो है मगर निगरानी कुछ नहीं । Time का कोई ख्याल नहीं रखा जाता, factories वगैरा में कोई निगरानी नहीं होती । अम्बाला को बनारसी दास फलोर मिल के मजदूरों के बकाया का मामला Labour Commissioner के पास गया । Labour Commissioner साहिब ने कहा कि अगर मज़दूरों का बकाया नहीं देते तो यह बतौर Land Revenue के वसूल होगा । फिर कहा कि अगर 24 घन्टों में मज़दूरों को तसल्ली न कराई गई तो सख्त कार्यवाही की जाएगी ; मगर हुआ मामले में कुछ नहीं । अपने आप चुप हो कर बैठ गए । यह मालूम नहीं कि ऐसा क्यों हुआ । यह या तो गवर्नमेंट जाने या Labour Commissioner जाने । मैं वजीर साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह इस मामले में जल्दी तवज्जुह दें ।

श्री बनारसी दास गुप्ता (थानेसर) : स्पीकर साहिब, जो बजट आज हाऊस में पेश है मैं उस के लिए सरकार को बधाई देता हूं । इस बजट में बड़ी बात यह है कि यह एक

Welfare State का development का बजट है और इस में पंजाब की तरक्की का काफी ख्याल रखा गया है। पंजाब की बहुत गिरी हुई हालत हो चुकी थी। एक गिरी हुई इमारत की तरह पंजाब की हालत थी। उस हालत को सुधारा गया और सुधारा जा रहा है। मैं महसूस करता हूं कि कोई चीज़ पूरी नहीं होती कोई न कोई कमी रह जाती है। मगर पंजाब ने जो तरक्की की है वह काफी तेज़ रफ्तार से की है। Crime को लीजिए। यहां यह कहा गया कि Crime कम नहीं हुए, लिखे कम जाते हैं। हम सब जानते हैं कि अंग्रेजी राज में भी ऐसा ही था। तो आज और उस वक्त के crime figures का मुकाबला करें तो पता चल जाएगा कि कितना फर्क है। मेरे लायक दोस्त सरदार सज्जन सिंह मरगिन्दपुरी कहा करते थे कि देहात में कोई खूबसूरत औरत, नया साईकल या अच्छी घोड़ी नहीं जा सकती थी। क्या आज भी यही हालत है ? जितने मफरूर थे, कातिल थे, बदमाश लोग थे, वह या तो पकड़ लिए गए या मार दिए गए। मैं महसूस करता हूं कि पुलिस ने तरक्की की है। आज देहात में रहने वाले लोग या वह कहीं भी रहने वाले हों महसूस करते हैं कि पुलिस ने बड़ी तरक्की की है। ऐसा मालूम होता है कि पुलिस ने तहैय्या कर लिया है कि सूबे में हर तरह से शांति कायम रखनी है।

फिर मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं कि उन्हों ने Administration के खर्च को कम किया है। 25 फीसदी से कम कर के 21, 22 फीसदी कर दिया है। आज जबकि ज़माने का खर्च बढ़ता जा रहा है, खर्च में कमी करना मामूली बात नहीं है।

फिर हमें याद है कि किसी ज़माने में दियासलाई की डिब्बी लेने के लिए line लगानी पड़ती थी, आटा लेना हो तो line में खड़ा होना पड़ता था। इसी तरह Sugar और दूसरी ज़रूरियाते ज़िन्दगी line में खड़े हो २ कर लेनी पड़ती थीं। आज आप देखते हैं कि उस ज़माने से कितनी तरक्की हुई है। आज Controls हट गए हैं और तकरीबन सभी ज़रूरी चीज़ें खुली मिलने लगी हैं। और जो बाकी चीज़ें under control हैं, जैसे लकड़ी, कोयला या सीमेंट हैं इन की भी कमी नहीं है। इस लिए इन पर control रखना भी फज़ूल है और इस के लिए अमले का खर्च फज़ूल खर्च है। अगर किसी वजह से यह काम रखना ही है तो इसे Deputy Commissioners के सुपुर्द कर दिया जाए।

फिर मेरे ज़िले में Community Project और Extension Block हैं। इन्हों ने काफी तरक्की की है। देहातों में इन की वजह से गलियां पक्की हो रही हैं और दूसरे तरक्की के काम हो रहे हैं।

फिर मैं ने हिसाब लगाया है कि 9 किसम के कर्ज़े हैं जो लोगों को सरकार दे रही है। मसलन reclamation के लिए, tube-wells के लिए, pumping sets के लिए, खेती के लिए, अनाज के लिए, वगैरा २। इस तरह साढ़े चार लाख रुपया लोगों को कर्ज़ दिया गया। सो लोगों की काफी मदद की जा रही है। Community

[श्री बनारसी दास गुप्ता]

Projects की वजह से सूबे की तरक्की हो रही है। जमींदार हिन्दुस्तान की backbone हैं। इन की आबादी 70 फीसदी है। इन को पंजाब में पूरा फायदा पहुंच रहा है।

एक बात में और कहना चाहता हूं और वह यह है कि पंजाब की मंडियों के अन्दर जहां आगे 10 हज़ार मन अनाज आता था आज १ लाख मन मुन्जी, १ १/२ लाख मन गेहूं, चावल, चने की जिनसें आईं। ऐसा क्यों हुआ ? इस लिए कि सरकार की तरफ से ज़मींदारों की मदद की गई। उन्हें वक्त पर इमदाद दी। उन्हें हर सहूलियत मुहैया की गई।

पंजाब में consolidation का काम कामयाबी से हुआ है। यहां पर मैं यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि यह काम कसबात में नहीं हुआ। वहां पर consolidation के काम को रोक दिया गया है और हज़ारों रुपये waste हो गए हैं। मैं सरकार को कहना चाहता हूं कि consolidation का जो काम रह गया है इसे पूरा किया जाए। इस काम में जो कानूनी कमी है उस को खत्म कर दिया जाए।

फिर स्पीकर साहिब, देहातों के लिए common land छोड़ने का हुक्म था लेकिन अब Land Reclamation Act के मातहत इस land को भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है। इस से देहातों में रहने वाले गैर-ज़मींदार दु:खी हैं। उन के पास अपने डंगरों को खड़ा करने की भी जगह नहीं। इस लिये यह बहुत ज़रूरी है कि इस का कोई प्रबन्ध किया जाए।

अब मैं टी. बी. के इलाज की बात लेता हूं। यह मर्ज़ दिन बदिन बढ़ रहा है लेकिन इलाज बहुत महिंगा है। हमें चाहिये कि हम इलाज को सस्ता करें। इस सिलसिले में चलता फिरता हस्पताल होना चाहिए ताकि लोगों को सस्ता इलाज मिल सके।

एक अर्ज़ और मैं Irrigation के बारे में करना चाहता हूं वह यह है कि हमारे इलाके में water logging बहुत है। बारह महीने घरों के आगे पानी रहता है। कई बार इस सिलसिले में representation भेजे, दरखास्तें की, पर कोई तवज्जो नहीं की गई।

पंजाब सरकार ने नहरें निकलवाई हैं लेकिन इन का पानी कुरूक्षेत्र के इलाके को नहीं लगता। पहले लोगों को बताया गया था कि नहर से इस इलाके को पानी मिलेगा पर यहां तो न जाये मांदन न पाए रफतन वाली बात है। नहर का पानी इस इलाके को नहीं लगता और जगहों को लगता है। कुरूक्षेत्र के पास से minor गुज़रती है पर इस इलाके को पानी नहीं मिलता। पानी की कमी को पूरा करने के लिये tube-well लगाए जाने चाहियें।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं वह यह कि Property Tax जो मकानों पर लागू है नहीं लगाना चाहिए। मैं यह अर्ज़ करता हूं कि 20 रुपए माहवार की जो Property Tax में remission है वह नहीं होना चाहिये और उन मकानों पर टैक्स न लगाऐ जाएं जहां कि मकान का मालिक खुद रहता हो।

फिर जैसा कि देहातों में छोटी छोटी बातों का फैसला करने के लिए सरकार की तरफ से पंचायतें बना दी गई हैं वहां कसबात में भी ऐसे कैम्प बना दिए जाएं जहां कि छोटे छोटे मुकदमात को सुना जाए और फैसला दिया जाए ताकि लोगों को इन मुकदमात के लिए ज़िला में न जाना पड़े ।

एक बात और मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह है कि पंजाब सरकार के दफ्तरों में काम कराने में बहुत देर लगती है । पंजाब के lay man के लिये काम कराना मुश्किल हो जाता है । उस का काम सरकारी दफ्तरों में इस तरह हो जाना चाहिये जैसे कि डाकखाने में रजिस्ट्री हो जाती है । वह यह न कहे कि मेरे साथ कोई M. L .A. नहीं है इस लिये काम नहीं होगा ।

श्री बालू (फतहाबाद) : आदरणीय स्पीकर साहिब ! जो नये साल का बजट पेश किया गया है मैं उस की तरफ हाऊस के मेम्बरों का ध्यान दिलाना चाहता हूं । बजट को बाहर से देखें तो इस का रंग रूप अच्छा नज़र आता है । अन्दर से लाईनें भी सीधी सादी दिखाई देती हैं लेकिन जब इस को ग़ौर से देखा जाए और पढ़ा जाए तो इस में सिवाए ग़लतियों के और कुछ नज़र नहीं आता ।

इस हाऊस के मेम्बर इस Budget को पढ़ कर पहले तो बधाई देते हैं और कहते हैं कि गवर्नमेन्ट ने अच्छा बजट पेश किया है पर इस के साथ ही एक "लेकिन" लगा देते हैं ।

मुझे "लेकिन" पर एक मिसाल याद आ गई है । एक गांव का आदमी कहीं बाहिर गया हुआ था । वह कई दिनों के बाद घर लौटा । रास्ते में उसे गांव का एक आदमी मिला । उस से घर के बारे में पता किया तो गांव के आदमी ने जवाब दिया कि तुम्हारे घर में सब राज़ी हैं "लेकिन" । लेकिन क्या ? लेकिन तुम्हारा कुत्ता मर गया है । कुत्ता कैसे मरा ? कुत्ता इस तरह मरा कि तुम्हारी भैंस मर गई थी और कुत्ते को दूध न मिला । अच्छा तो भैंस भी मर गई । वह कैसे मरी ? गांव वाले ने जवाब दिया कि तुम्हारा लड़का बीमार हुआ और मर गया इस लिए भैंस को चारा वक्त पर न मिला तो भैंस मर गई । गर्ज़ें यह कि सारे घर का सत्यानास इस "लेकिन" में हो गया ।

इसी तरह हमारे मेम्बर बजट को पढ़ कर कहते हैं कि बजट अच्छा है

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the chair).

बजट के ऊपर मेम्बर पहले तो बधाई देते हैं लेकिन इस "लेकिन" में वह बजट की बुराई करते हैं । तो मेम्बरों को पहले ही सोच लेना चाहिए कि वह बजट पर क्यों बधाई देते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप बजट पर बोलें । मेम्बरों के बारे में कुछ न कहें ।

(Please speak on the Budget. Do not bring the hon. Members into the discussion.)

श्री बालू : स्पीकर साहिब ! जब बजट रखा जाता है तो कहा जाता है कि सब ठीक है । कोई नया टैक्स नहीं है । लेकिन आप देखें तो पता चलेगा कि कोई भी टैक्स बाकी नहीं रह गया । मुर्गियों पर भी टैक्स लगा दिया गया है । छोटे छोटे जानवरों पर भी टैक्स लगा

[श्री बालू]
दिया गया है । कुत्तों पर भी टैक्स है । इन्होंने किसी चीज़ को भी नहीं छोड़ा है ।

फिर कहते हैं हम ने हरिजनों के लिए बहुत कुछ किया है । बजट में इन्होंने लिखा था कि 25 लाख रुपया हरिजनों की तरक्की के लिए रखा गया है । चौधरी लहरी सिंह कहते हैं कि नहरें कौन लाया है । सड़कें किसने बनवाई हैं ।

डिप्टी स्पीकर साहिब ! मैं चौधरी साहिब से यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि नहरें अगर बनवाई हैं या सड़कें बनवाई हैं तो यह पब्लिक पर अहसान नहीं किया है । चौधरी साहिब कहते हैं कि आज से पहले श्री राम चन्द्र जी आए तो रामायण बना गए । नहरें नहीं बनवाईं । श्री कृष्ण आए तो वह गीता बना कर चले गए । नहरें तो मैं लाया हूं । तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि जिस गवर्नमेंट की, जिस पार्टी की हकूमत होती है क्या उस का फर्ज़ नहीं हो जाता कि वह देश की उन्नति के लिए ऐसी चीज़ें सोचे ?

स्पीकर साहिब, मैं मिनिस्टर साहिब से पूछना चाहता हूं कि जब अंग्रेज़ की हुकूमत थी तो क्या उन्होंने अरबों रुपया लगा कर सड़कें नहीं बनाईं ।

सिंचाई मंत्री : क्या यह बजट पर बहस हो रही है या लैक्चर दिया जा रहा है ।

Mr. Deputy Speaker : The hon. Member is making his maiden speech.

श्री बालू : स्पीकर साहिब ! मैं कह रहा था कि यह किसी का एहसान नहीं और न किसी के घर के पैसे लगे हैं । यह जनता के पैसे हैं जिस से यह सड़कें बन रही हैं । मिनिस्टर साहिब जब कभी बाहिर दौरे पर जाते हैं तो अपनी तकरीरों में पब्लिक को विश्वास दिलाते हैं कि उन की भलाई के काम किये जा रहे हैं लेकिन जब यहां आ कर अपनी गद्दियों पर बैठ जाते हैं तो ग़रीबों का खून चूसने लग जाते हैं । मैं कहूंगा कि उन्हें ऐसी बातों से ग़ैरत आनी चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहिब ! मैं इस सिलसिले में चौधरी सुन्दर सिंह, लेबर मन्त्री के बारे में बता देना चाहता हूं कि.....

उपाध्यक्ष महोदय : आर्डर, आर्डर । आप बजट पर बोलें ।

(Order, order. Please speak on the Budget.)

श्री बालू : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यह बताना चाहता हूं कि दोना गांव में चौधरी सुन्दर सिंह, लेबर मिनिस्टर ने एक आदमी से रिश्वत ली और उन्होंने रुपए लेने पसन्द न किये बल्कि उन के बदले में एक भैंस ले ली । अगर मिनिस्टरों का यह इखलाक है तो छोटे अफसरों का क्या हाल हो सकता है । यहां बापू जी की तसवीर दिखा कर हरिजनों को धोका दिया जाता है कि गवर्नमेंट ने हरिजनों के लिए बहुत कुछ किया है और कहते हैं कि बजट में कुओं की मुरम्मत के लिए रुपये का प्रबन्ध कर दिया है । लेकिन जब सवाल आता है रुपए का तो वह अपने हाथ पीछे खेंच लेते हैं । बजट के अन्दर लिखा है कि दो करोड़ रुपया आयंदा बजट में दिया जाएगा । मैं कहूंगा कि दो करोड़ रुपए की ज़मीन क्यों नहीं दे देते ताकि वह लोग अपनी रोज़ी कमा सकें ।

श्री अभय सिंह (रिवाड़ी) : डिप्टी स्पीकर साहिब ! इस बात से किसी को इन्कार नहीं हो सकता कि हमारे सूबे ने पिछले तीन चार सालों में काफी तरक्की की है । हमारा खुराक का मसला खातर खाह तरीके से हल हो गया है । और अब अनाज पर किसी किस्म की पाबन्दी

नहीं । Development की तरफ भी गवर्नमेंट की तरफ से काफी कोशिश हो रही है और भाखड़ा-नंगल स्कीमों को कामयाब बना कर हमारे सूबे ने काफी तरक्की की है । सड़कों की तरफ भी काफी ध्यान दिया गया है और जहां तक तालीम के महकमे का सवाल है वहां भी काफी तरक्की हुई है । इस के अलावा Community Projects और Extension Schemes को मुख्तलिफ मुकामों पर जारी कर के गवर्नमेंट ने प्रांत में काफी development की है । जहां तक इस साल के बजट का सम्बन्ध है, डिप्टी स्पीकर साहिब यह देखने में आता है कि पिछले सालों के मुकाबले में इस साल बजट में ज्यादा रुपया मुहैय्या किया गया है और इस के लिए हमारे वज़ीर खज़ाना मुबारकबाद के मुस्तहिक हैं । गवर्नर साहिब ने अपने ऐड्रस में फरमाया था कि हमारी गवर्नमेंट backward tracts के लिये इस नये साल के बजट मे काफी रुपया मुहैय्या करने लगी है और beneficent कामो यानी तालीम के महकमे पर और सारे development के कामों में काफी सहूलियत दे रही है और इस पालिसी का ऐलान हमारी गवर्नमेंट कई दफा कर चुकी है लेकिन 1955-56 का बजट अगर किसी layman के सामने रखा जाए तो उस का पहला impression यह होगा कि इस में सिवाए चंद ज़िलों के जिन का नाम बार बार आता है दूसरे ज़िलों को काफी ignore किया हुआ है और गुड़गावां ज़िले का नाम तो शाज़ोनादर ही कहीं कही आता है । पिछले बजट सैशन की स्पीच में हमारे चौधरी साहिब वज़ीर आबपाशी ने बताया था अपनी तकरीर में कि अगले साल के बजट में गुड़गांव के लिए करोड़ों रुपए आबपाशी की स्कीमों पर खर्च करेंगे मगर अब जब इस बजट को देखते हैं तो एक पैसा भी..................

सिंचाई मंत्री : मैं माननीय मैम्बर से कहूंगा कि वह कम से कम इस बजट को पढ़ तो लें ।

Mr. Deputy Speaker : Order, Order. No interruptions, please.

श्री अभय सिंह : मैं आपकी मार्फत यह पूछना चाहता हूं कि वह करोड़ों रुपया जो इस साल में रखना था वह कहां चला गया । हमारे ज़िले गुड़गांव के लोग बहुत backward हैं और इस में रिवाड़ी की तहसील बहुत रेतली है । ज़्यादा ज़मीन बगैर आबपाशी के बंजर ही पड़ी रहती है । भाखड़ा की नहर का हमारे पड़ौसी इलाकों में आने से यह असर होगा कि हमारे यहां के लोग जो काफ़ी अनाज पैदा करेंगे वह सस्ती लागत पर पैदा होने वाले अनाज से compete नहीं कर सकेंगे । इस तरह से हमारे लोगों का काश्तकारी का काम छोड़ना पड़ेगा । मैं चौधरी साहिब से निवेदन करूंगा कि जब कि उन्होंने Bhakra Dam पर 98 करोड़ रुपया सरफ किया है तो उस के पानी का कुछ हिस्सा गुड़गांव ज़िले को भी तो ज़रूर मिलना चाहिए ।

इस के लिए मैं कुछ suggestions पेश करना चाहता हूं । गुड़गांव के लिए जो Gurgaon Canal Project तजवीज़ किया गया था वह फिर जारी किया जाए । मातनहैल माइनर को extend कर के रिवाड़ी तहसील के लिए पानी मुहैय्या किया जा सकेगा । इस पर ज़्यादा रुपया दिया जाए और जो रुपया दिया गया है उस से काम नहीं चलेगा ।

[श्री अभय सिंह]

बाद में नहर के बदले tube-wells के बारे में ऐलान किया गया था आज चौधरी साहिब ने एक सवाल का जवाब देते फरमाया था कि वह भी 1956-57 से पहले नहीं लग सकते । हमें कोई इमदाद नहीं मिल रही है ।

(At this stage Minister for Irrigation rose in his seat but Shri Abhai Singh did not give way.)

सिंचाई मंत्री : मैं आप की इजाज़त से एक चीज़ explain करना चाहता हूं । इन्होंने कहा है कि गुड़गांव के लिए एक पैसा भी नहीं रखा गया ।

Mr. Deputy Speaker : Order, Order.

Minister for Irrigation : He has made a wrong statement. I have to controvert it.

Mr. Deputy Speaker : He has not given way.

(Cries of Order, Order)

सिंचाई मंत्री : मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि गुड़गांव की नहर के लिए 48 लाख रुपए रखे गए हैं ।

Mr. Deputy Speaker : Order, order.

Minister for Irrigation : He must not be irrelevant

श्री मनी राम : On a point of order, Sir. मैं इस बात पर आप की ruling चाहता हूं कि जब कोई मैम्बर बोल रहा हो तो किसी मिनिस्टर को खड़े हो कर उसे interrupt करने का हक है ?

सिंचाई मंत्री : जब वह गलत बातें कहें तो क्या मैं ठीक बात न बताऊं ।

Mr. Deputy Speaker : I would request the hon. Minister not to interrupt him.

श्री अभय सिंह : मैं यह कहने लगा था कि अगर सूबे का एक हिस्सा बन्जर पड़ा रहा ।

Minister for Irrigation : I am again surprised, he is showing ignorance at every step.

श्री अभय सिंह : इस में ignorance की कौन सी बात है हकीकत को हकीकत मानना चाहिए जहां तक सड़कों का ताल्लुक है , इस साल हमारे ज़िले में कोई नई सड़क नहीं बनाई गई । हमारे ज़िले में सड़कों की बहुत कमी है ।

जहां तक तालीम का ताल्लुक है हमारे ज़िले में कोई गवर्नमेंट कालेज नहीं है, जबकि बाकी सब ज़िलों में एक या दो गवर्नमेंट colleges हैं। हमारे district headquarters पर Girls High School भी नहीं है ।

फिर जनाब, रिवाड़ी के आधे से ज्यादा गावों में पीने का अच्छा पानी नहीं मिलता । लोगों को खारा पानी ही पीना पड़ता है । लोगों को तीन-चार मील से पानी लाना पड़ता है । रिवाड़ी के लोग जोकि हमारे ज़िले का सब से बड़ा शहर है खारा पानी ही पीते हैं । एक दफा मुख्य मन्त्री जी वहां पर गए थे और उन्होंने पूछा था "आप लोग खारा पानी पीते हैं" मगर फिर भी कोई इन्तज़ाम नहीं किया गया ।

एक Extension Block पिछले दफा रिवाड़ी तहसील के लिए मन्ज़ूर हुआ था, लेकिन पता नहीं वह किस वजह से नहीं मिला । इस लिए गवर्नमेंट से दरखास्त है कि इस दफा रिवाड़ी का नम्बर ज़रूर आना चाहिए ।

जहां तक Executive और Judiciary की separation का ताल्लुक है, मैं गवर्नमेंट को मुबारिकबाद देता हूं, मगर मैं अपने ज़िले की एक बड़ी anomaly की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। गुड़गांव तहसील के मुकदमात और रिवाड़ी तहसील के गुड़गांव में सुने जाते हैं। इस लिए गवर्नमेंट से दरखास्त है कि रिवाड़ी में एक Judicial Magistrate और एक Sub-Judge post किया जाए, क्योंकि लोगों को मुकदमात में पेश होने के लिए 60 मील दूर जाना पड़ता है और खर्च करना पड़ता है।

बिजली के बारे में सुना जाता है कि जहां इसे दिहातों में ले जाने से गवर्नमेंट को नुकसान होगा वहां नहीं ले जाई जाएगी। मेरी दरखास्त है कि इस चीज़ का ख्याल किए बगैर, लोगों की हालत और ज़रूरतों को देख कर ही बिजली को rural areas में ले जाएं ताकि लोगों को फ़ायदा हो।

(*Minister for Irrigation rose to speak*)

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : On a point of order, Sir. ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਐਸ ਵੇਲੇ ਮਦਾਖ਼ਲਤ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ?

Mr. Deputy Speaker : He has the same rights as other members ?

सिंचाई मन्त्री (चौधरी लहरी सिंह) : जनाबे वाला ! मुझे एक काबिल, पढ़े लिखे, LL.B. M.L.A., की तकरीर को सुन कर सख्त हैरानी हुई है। अगर कोई uneducated M.L.A. ऐसी बात करता....

Maulvi Abdul Ghani Dar : Why is he making personal remarks ?

सिंचाई मंत्री: This is not a personal remark मैं हैरान हूं कि एक LL.B. ऐसा statement करें जो बिल्कुल गलत हो। कहते हैं कि जिला गुड़गांव के लिए बजट में एक पैसा भी नहीं रखा गया। हकीकत यह है कि 2,84,000 रुपए की रकम जिला गुड़गांव में bunds बनाने के लिए रखी गई है। Gurgaon Canal Project के लिए 48,11,400 रुपए की रकम provide की गई है, रिवाड़ी के लिए इस बजट में 5 लाख रुपए की रकम provide की गई है; इस साल किसी district के लिए इतना रुपया irrigation के लिए provide नहीं किया गया जितना ज़िला गुड़गांव के लिये किया गया है। मेरा ख्याल है कि मेम्बर साहिब यह किताब (बजट दिखाते हुए) पढ़ कर नहीं आए। इसी लिए वह पिछले साल वाली speech कर दी है कि गुड़गांव के लिए कोई रुपया नहीं रखा गया, इलाका बड़ा खुशक है वग़ैरा २। मैं समझता हूं कि लोगों को Opposition वालों की तकरीरें भी इतनी गुमराह नहीं करेंगी जितनी कि Treasury Benches पर बैठने वाले ऐसे मेम्बर साहिबान की ऐसी तकरीरें। एक educated आदमी के मुंह से ऐसी बातों की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। मालूम होता है कि उन्होंने बजट की किताब का एक हरफ भी नहीं पढ़ा।

[सिंचाई मंत्री]

डिप्टी स्पीकर साहिब ! वे ज़ाहिर करते हैं कि गुड़गांव ज़िले के लिये कितना interest लेते हैं। (*Interruption*)

Mr. Deputy Speaker : No interruption, please.

सिंचाई मन्त्री : जनाब में कहना चाहता हूं कि गुड़गांव ज़िले के लिए वे कुछ भी interest नहीं लेते, M.L.A.s कुछ भी interest नहीं लेते सिवाए इस के कि वे public को गुमराह करें.......

श्री अभय सिंह : on a point of order, Sir. वज़ीर साहिब personal remarks क्यों पास करते हैं ?

सिंचाई मंत्री : में करूंगा।

Mr. Deputy Speaker : No personal remarks please.

सिंचाई मंत्री : Sir, these are not personal remarks. में यह submit करना चाहता हूं कि एक Educated M.L.A. हाऊस के सामने यह कहे कि सरकार ने गुड़गांव ज़िला के लिए कुछ नहीं किया जब कि 48 लाख रुपया एक, 5 लाख रुपया एक और 3 लाख रुपया एक उस ज़िला के लिए रखा गया हो। खड़े हो कर यह कह देना कि बजट में गुड़गांवां जिला के लिये कुछ नहीं रखा गया ज़ाहिर करता है कि M.L.A.s काम में interest नहीं लेते लापरवाही करते हैं और फज़ूल गवर्नमेंट को criticise करके हाऊस का समय नष्ट करते हैं। इन अलफाज़ के साथ में बैठता हूं।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : जनाबे वाला ! आज की बहस सुन कर मुझे कोई खास खुशी नहीं हुई। इस की वजह यह है कि दोनों तरफ से कुछ ऐसे अलफाज़ का तबादला हुआ है जोकि हाऊस की dignity के शायां नहीं मालूम होते। इस माहौल को ठीक रखने के लिए जहां आप की मदद की ज़रूरत है वहां hon. Members की co-operation की ज़रूरत है।

सब से पहली बात जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह है कि अकसर Finance Minister साहिब और दूसरे वुज़रा साहिबान की तरफ से यह कहा जाता है कि Opposition हमेशा नुकता चीनी करती रहती है और यह कि वह जायज़ और नाजायज़ चीज़ को देख कर समझ कर भी नुकता चीनी करने की आदी है। में उन्हें यकीन दिलाना चाहता हूं कि उन्हें भी ऐसा करना चाहिए कि Opposition के खयालात को अपने दिल में जगह दें और कभी २ उन की बात को मानने की भी कोशिश करें। अगर ऐसा हो गया तो Opposition भी अपना मौजूदा रवैया इख्तियार नहीं करेगी। उन के हाथ में बहुत सारी चीज़ है।

स्पीकर साहिब ! इस दफा का बजट पिछले सारे बजटों से बेहतरीन बजट है यह बात में खसूसीयत से कहता हूं। मैं ने बजट को बार बार पढ़ा है में जानता हूं कि जहां इस बजट के अन्दर खामियां हैं वहां खास २ खूबियां भी ग़ैरमामूली तौर पर मौजूद हैं। एक चीज़ जो मैं ने देखी है वह यह है कि इस बार Finance Minister साहिब ने कई नई चीजें भी लिखी हैं सफा चार पर Balance of Economy के मुतअल्लिक लिखा है। सचमुच उन्होंने वह चीज़ economic point of view से दुरुस्त चीज़ कही है।

उन्होंने बार बार यह बात ज़ाहिर करने की कोशिश की है कि जो कीमतें गिर रही हैं जब तक ज़रई पैदावार और सनअती पैदावार की prices पर control कर के उन के दरमियान balance नहीं पैदा किया जाता उस वक्त तक वह नहीं रुक सकतीं और balanced economy नहीं हो सकती। इस के अलावा उन्होंने एक बात और भी की है। वह यह कि जितनी छोटी २ industries हैं उन पर जो excise duty लगती है इस के खिलाफ उन्होंने Central Government से जबरदस्त protest किया है। यह चीज़ खसूसियत से उन की दलेरी ज़ाहिर करती है। परन्तु मैं उन चीज़ों की तरफ उन की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं जिन पर ग़ौर कर के उन को ज़्यादा सुधारने की ज़रूरत है। सब से पहली बात यह है कि किसी देश के मसले एक ही दिन में हल नहीं होते यह दुरुस्त है। जो लोग किसी मुल्क में पैदावार का काम करते हैं मेरा मतलब है जो growers हैं उन के हक को हमेशा के लिए नहीं छीना जा सकता है। हमेशा के लिए उन को अपने हकूक से महरूम नहीं रखा जा सकता। लेकिन मैं ने देखा है कि न सिर्फ उन को अपने हकूक से महरुम किया गया है बल्कि उन्हें और परेशान किया गया है। पैदा करने वाले को उस की मेहनत का सही सिला मिलना तो दरकिनार, टैक्सों के ज़रिए से उस का कचूमर निकाल दिया गया है। अगर मैं टैक्सों का ज़िक्र करने लगूं तो 2, 3 टैक्स तो ऐसे हैं जिन की तरफ hon. Members की ज्यादा तवज्जुह जानी चाहिए। पहला है Surcharge Tax जब तक पूरी तरह settlement न हो जाए किसी हकूमत को यह हक नहीं हो सकता कि वह ऐसा टैक्स जारी करे। मेरा विचार है कि अगर इस Tax के खिलाफ हाई कोर्ट या किसी और court को move किया जाए तो यह Tax उड़ जाएगा। सारी ज़मीनें एक ही तरीके की किस तरह हो सकती हैं? सारी ज़मीनों पर एक ही जैसा Tax कैसे लगाया जा सकता है? इस लिए यह चीज़ economic point of view से ग़लत है। यह ठीक है कि soil betterment tax पहले भी लगाया गया था लेकिन 6 रुपए फी एकड़ से ज्यादा कभी नही लगा। लेकिन हमारे हां 6 रुपए से 80 रुपए तक की ceiling मुकर्रर की गई है। यह बात ठीक नहीं की गई, नहरों और बिजली का बार बार ज़िक्र किया जाता है। नहरें आईं, बिजली भी आई। लेकिन नहरों के आते ही जिस को ऊपर उठाना था उस का गला घोंटा गया। जब पहले पानी छोड़ा गया तो उन्होंने कहा कि हमारी नहरों में जो कमी थी उस को ठीक करने के लिए छोड़ा गया है। लेकिन जब पानी आया तो कहीं इधर छोड़ दिया कहीं उधर छोड़ दिया किसी की खेती खराब हुई और किसी की अच्छी भी हुई लेकिन सब लोगों पर एक जैसा ही टैक्स लगा दिया गया है। नतीजा यह है कि वे लोग दे नहीं सकते और पुलिस उन को परेशान कर रही है। उन को इतना परेशान किया जा रहा है कि आगे वे नहरों का पानी लेने का ख्याल तक भी नहीं करते। अगर किसानों ने अपनी organisation कर ली तो वे नहरों का पानी लेनें से इनकार कर देंगे। यह एक ऐसी चीज है जिस की तरफ मैं Finance Minister का खास ध्यान दिलाना चाहता हूं यह चीज आम लोगों को परेशान करने वाली है।

[प्रोफैसर मोता सिंह ग्रानन्दपुरी]

इस के बाद मैं उस चीज़ की तरफ आता हूं जिस का ज़िक्र फानेंस मनिस्टर ने अपनी बजट स्पीच के अन्दर किया है। वह यह है कि agricultural products की prices बहुत गिर गई हैं। स्पीच में यह बताया गया है कि पंजाब के अन्दर wholesale prices का index सन् 1954 में 98.3 था और यह January, 1955 में गिर कर 83.5 पर आ गया लेकिन मैं पूछता हूं कि अब भी क्या position है? अब यह और भी ज्यादा गिर गया है और 72.5 आ गया है। और 72.5 से गिर कर 53.3 पर पहुंच गया। इस तरह एक दम 45 points कीमतें गिर गईं। Commodities की individual कीमतों को आप लें। गेहूं की कीमत 14 रुपए से 12 रुपए और 12 से 11 रुपए पर पहुंची और अब यह आठ रुपए पांच आने तक आ गई है। कीमतों के इस तरह suddenly fall करने की एक और भी वजह है। वह यह है कि अनाज की movement का zone बहुत थोड़े इलाके तक restrict किया हुआ है। यह area Punjab, Pepsu और Himachal Pradesh को ही cover करता है। इस से बाहर गेहूं और कहीं नहीं जा सकता। लेकिन फिर भी मुझे खुशी है कि Finance Minister साहिब ने इस problem पर ग़ौर किया है। यह उन की speech का एक heartening feature है कि उन्होंने भी इस बात को advocate किया है कि अब इन restrictions को हटा दिया जाना चहिए। लेकिन मैं यह कहता हूं कि restrictions को हटाने के साथ ही गवर्नमेंट का यह फर्ज़ है कि adequate transport facilities मुहैया की जाएं—गेहूं की export के लिए मैं जानता हूं कि जब तक यह नहीं किया जाएगा गेहूं की कीमतें नहीं बढ़ेंगी और जब तक यह कीमतें नहीं बढ़तीं किसान की किस्मत नहीं बदलेगी। गेहूं एक staple food है। किसान की existence ही गेहूं और कपास पर depend करती है। कपास की कीमतों का भी यही हाल है। 35 रु. से गिर कर यह अब 15 या 16 रु. तक आ गई हैं।

मुझे एक चीज़ देख कर और भी हैरानी हुई कि urban areas में भी जो लोग पैदावार कर रहे हैं वह भी आलू वगैरा कर रहे हैं। जब सब्जियों को मैं देखता हूं तो पता लगता है कि गोभी जो पहले 50 रु. मन थी अब 10 आने मन है। आप ही बताएं कि इस हालत में क्या लोग जिन्दा रहेंगे या मर जायेंगे। आखिर इस के बदले उसे और क्या provide किया जा रहा है ताकि वह जिन्दा रह सके। उस की जो ज़मीन थी वह भी अब आप ने नीलाम करनी शुरू कर दी है। जब वह protest करता है तो आप उस को जेल में डाल देते हैं। औरतें जेल में जा रही हैं। लेकिन हमारी गवर्नमेंट ने अभी तक इस तरफ़ कोई ख्याल ही नहीं किया। पहले तो वे पाकिस्तान से मुसीबत-ज़दा होकर आए लेकिन अब उन के लिए हिन्दुस्तान के अन्दर एक नया पाकिस्तान बनाया जा रहा है। उन को परेशान किया जा रहा है। मुझे खुशी है कि फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने इन गिरती हुई कीमतों को महसूस किया है और एक right direction में कोशिश करनी शुरू की है। लेकिन मैं यह कहना चहता हूं कि इस चीज़ में ज़्यादा ज़िम्मेदारी सैण्ट्रल गवर्नमेंट की है। हमारी गवर्नमेंट की इस में इतनी ज़िम्मेदारी नहीं। लेकिन फिर भी मैं

6 p.m.

चाहता हूं कि हमारी गवर्नमेंट सैण्टर पर इतने ज़ोर से दबाव डाले ताकि इन गिरती हुई prices को arrest किया जा सके । और मुल्क में किसी किस्म का कोई खतरा न पैदा हो ।

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਤੁਹਾਨੂੰ ਖਤਰੇ ਨਾਲ ਕੀ ? ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਿਹੜਾ ਖਤਰਾ ਪੈ ਜਾਵੇਗਾ ?

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : मुझे आप और सरकार, इन सब को खतरा पेश आएगा इस लिए इस को वक्त से पहले ही रोकने की ज़रूरत है ।

इस के आगे खसूसियत से एक बात जिस का मैं जिक्र करना चाहता हूं वह है law and order और General Administration के मुतअल्लिक । General Administration के मुतअल्लिक जो पालिसी अब declare की गई है; मैं उस पर बहुत हैरान हूं । मैं हैरान हूं कि इस तरह से जो services होंगी उन के सिर पर हमेशा के लिए एक तलवार लटका दी गई है कि अगर तो वे लोग हकूमत के yesmen बने रहेंगे चाहे वे मेहनती हों, दयानतदार हों, ईमानदार हों लेकिन अगर उन्होंने अपने हाकिमों को खुश न किया तो 10 साल के अन्दर बाहर निकाल दिए जाएंगे—कोई पूछने वाला नहीं है । यह एक ऐसी चीज़ है जिस ने हमारी Services में एहतमाद पर बहुत ज़बरदस्त वार किया है । इससे जो incentive होता है काम करने का वह उन के अन्दर नहीं आएगा । हो सकता है कि यह step किसी अच्छे इरादे से लिया गया हो लेकिन लाज़मी तौर पर इस का यही नतीजा होगा कि बुरे आदमी तो services में रह जाएंगे पर अच्छे नहीं रहेंगे—वह पहले मौके को हासल करेंगे कि किसी तरह से हम चले जाएं या अगर उन्होंने अपनी ईमानदारी को, नेकनियती को सामने रख कर काम करने का संकल्प किया तो इस तरह वे अपने हाकमों को खुश नहीं रख सकेंगे और खुद-बखुद नौकरी से retire कर दिए जाएंगे । आखिर कौन होगा उन को निकालने वाला ? कौन है वह मुनसिफ़ मिज़ाज जिस के हाथों में key है कि सही आदमी को निकाल दे और बद को रख ले ? इस पर ज़्यादा कुछ कहना नहीं चाहता । पर मैं, स्पीकर साहिब, यह कहे बिना नहीं रह सकता कि इस policy ने—10 साल तक retirement की पालिसी ने, उन के दिलों में एक डर पैदा कर दिया है—एक खौफ़ पैदा कर दिया है जिस का ज़्यादा देर तक चलते रहना खतरे से खाली नहीं ।

दूसरी चीज merit और seniority के बारे में कही गई है । यह तो ठीक है कि administration को चलाने के लिए merit का ख्याल रखना ज़रूरी है । लेकिन जो senior हैं आखिर जब उन को recruit किया गया होगा तो वहां पर भी merit का ख्याल रखा गया था । मुझे बताएं कि क्या merit पर नहीं रखा गया था ? अगर नहीं रखा गया था तो मैं समझता हूं कि आप ने एक बड़ी भारी blunder की—एक बड़ा ज़बरदस्त गुनाह किया । हां, अगर उन को merit के बिना पर रखा गया था और अब भी merit के आधार पर रखना है तो इस seniority के साथ merit की distinction कैसी ? इस के क्या मानी हैं ? तो मैं समझता हूं कि ऐसी चीज़ें बिल्कुल बेमानी हैं—ये बजट के अन्दर अच्छी मालूम नहीं देतीं ।

[प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी]

इसके आगे General Administration के अन्दर जो सब से बड़ी बुराई है उस का मैं आप के सामने ज़िक्र करना चाहता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि आप इस को पूरा करने के लिए मेरे साथ शामिल होंगे। जहां पर आप ने balanced economy का ज़िक्र किया और यह विश्वास दिलाया कि इस उद्देश्य को पूरा किया जा रहा है वहां मैं समझता हूं कि हमारी administration के अन्दर balance-mindedness का आना भी इनसाफ के लिए बहुत ज़रूरी है। आज हम देखते हैं कि आम लोगों को इनसाफ़ हासिल करना बहुत मुश्किल है। अफ़सर इनसाफ़ करने वाले बद और नालायक हैं। मैं यह नहीं कहता कि सब के सब नालायक और बदकार हैं। मुझे फख्र है कि कई मैजिस्ट्रेट, पुलिस अफसर और डाक्टर बड़े ईमानदार और लायक होंगे। उन की services को जितना appreciate किया जाए थोड़ा है। लेकिन इस से भी ज़यादा बद है मिनिस्टर साहिब। उन के मैजिस्ट्रेट भी ऐसे हैं। स्पीकर साहिब! अगर मैं इस हाऊस में उन का नाम लेकर ज़िक्र करूं तो मेरे ऊपर एक खास ज़िम्मेदारी आ जाती है कि मैं इसी वक्त साबत करूं कि कौन मैजिस्ट्रेट बद और बदकार है। मैं कहता हूं कि मेरे मुंह से इस वक्त नाम न कहलवाओ अगर मिनिस्टर साहिबान चाहें तो मैं उन को बता सकता हूं; proof सामने पेश कर सकता हूं। स्पीकर साहिब, आप हैरान होंगे कि इन अफसरों का चाल चलन और ईमानदारी कैसी ऊंची चोटी की है। एक अदालत के अन्दर मजिस्ट्रेट अपने कमरे में बैठा था। उस कमरे में एक औरत दाखिल हुई। मैजिस्ट्रेट ने कमरे का दरवाज़ा अन्दर से बन्द कर लिया और अपने चपड़ासी को हुक्म दिया कि अन्दर किसी को आने की इजाज़त नहीं। अगर कोई पूछे तो कह देना कि साहिब पूजा-पाठ कर रहे हैं। जब किसी आदमी ने जो उस मैजिस्ट्रेट से मिलना चाहता था चपड़ासी से पूछा तो उसे वही जवाब दिया गया कि साहिब अन्दर पूजा-पाठ कर रहे हैं। उस आदमी ने जवाब दिया कि भाई पूजा-पाठ कैसी! मैंने तो अपनी आंखों से एक औरत को अन्दर आते देखा था जो अभी तक अन्दर ही है, बाहिर नहीं आई!! तो फिर पूजा पाठ का क्या मतलब बड़ी अजीब हालत हो गई उस चपड़ासी की भी कहने लगा कि जनाब आप सब जानते हैं। मैं तो गरीब हूं, मैं हुक्म से मजबूर हूं मुझे मत मरवाओ। यह चीज़ मैंने कमिश्नर, जालन्धर डिविजन को उसी वक्त बताई। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई action लिया मालूम नहीं होता। अगर यही हाल रहा तो शायद जल्दी ही वह केस पब्लिक के सामने आजाएगा। इसी तरह और भी केसिज़ हैं जिन्हें अगर यहां बयान करना शुरु किया जाए तो शायद मुझे और कुछ कहने के लिए वक्त ही न मिले। बागी हरनाम सिंह ने तीन मैजिस्ट्रेटों के मुताल्लिक अखबार में कहानियां बयान की जो कि बदकार और गन्दी औरत के पास जाते थे। लेकिन इस की भी कोई परवाह नहीं की गई। तो क्या यही है General Administration की पाकीज़गी? क्या यही है General Administration की खूबियां जिस के कन्धों पर जिम्मेदारी और जिसके हाथों में आप ने इनसाफ़ का तराज़ू पकड़ायां हुआ है? शैक्सपीयर के लफ्ज़ों को अगर मैं quote करूं तो मुझे कहना पड़ेगा कि पंजाब में Justice has taken to itself wings and flown away, अगर कोई इनसाफ़ करने वाला ठीक है और अदालत सही चीज़ करना चाहती है

तो पुलिस वाले खराबियां करते हैं। पुलिस वाले ऐसे हैं कि उन के हाथों में एक चीज़ है—ज़िमनी। अगर कोई एक ज़िमनी ठीक नहीं तो दूसरी बना देते हैं। मैं जानता हूं कि एक ऐसा पुलिस अफसर है जिसके खिलाफ शिकायत की गई। बस उसे revert कर दिया गया। मैं तो कहता हूं कि उसे फांसी होनी चाहिए थी। क्योंकि उस ने कत्ल करवाया था—एक औरत के बदले उस के मालिक का कत्ल करवाया था। यह शामचुरासी के नज़दीक का वाक्या है। उस ने मुलज़िमों को छोड़ दिया क्योंकि मुलज़िम उस के अपने आदमी थे। और किसी बेगुनाह को पेश कर दिया। उन को सैशन कोर्ट ने छोड़ दिया—इस लिये तो मैं कहता हूं कि कोई न कोई आदमी तो अच्छे भी हैं हुकूमत के अन्दर, सब के सब बुरे नहीं। तो स्पीकर साहिब, मैं आप को बताता हूं कि उस के आगे क्या हुआ। जब वह आज़ाद होकर बाहर आए तो उन चारों को कत्ल करवा दिया गया। बस उस के खिलाफ क्या action लिया गया? उसे होशियारपुर से अमृतसर transfer कर दिया।

एक case जालंधर का है वह भी मैं हाऊस के सामने रखना चाहता हूं। वहां किसी ने एक औरत को मार कर उस की सारी body को जला कर उसे एक कूएं में डाल दिया था। जब इस का पता लग गया तो जिस कूएं में वह चीज़ें डाली गई थीं उस ने पुलिस के साथ मिल कर एक जानवर को भी मार कर उस की हड्डियां उसी कूएं में डाल दीं। यह सब कुछ डाक्टर की मर्ज़ी के साथ किया गया था। जब वह सारी हड्डियां उस कूएं से निकाली गईं और अदालत में उस डाक्टर से पूछा गया यह हड्डियां क्या इनसान की हैं या किसी जानवर की। उस ने कहा कि इनसान की भी मालूम होती हैं और जानवर की भी। फिर उस से पूछा गया कि क्या यह male की हैं या female की तो उस डाक्टर ने जवाब दिया कि यह बताना मुश्किल है कि यह male की हैं या female की। इस का नतीजा यह हुआ कि अदालत ने मुलज़म को बरी कर दिया। यह सब कुछ उस डाक्टर की मेहरबानी से हुआ। मैं यह नहीं कहता कि सारे डाक्टर इसी किस्म के हैं और हुकूमत के अन्दर सारे डाक्टर रिश्वत लेते हैं। कुछ अच्छे डाक्टर भी हैं। स्पीकर साहिब, मैं कहता हूं कि अगर यह हालत सूबा के डाक्टरों की, सूबा की पुलिस की और यहां के magistrates की हो तो वह काबले लानत है। सरकार इस बात की enquiry कराए और इस का सबूत मुझ से लिया जाए। यह हालत है सूबा में Law and Order की। इस के मुतअल्लिक मेरे दोस्त सरदार वरयाम सिंह ने तरन तारन के डाके के case के बारे में तो बताया ही है कि किस तरह एक नौजवान graduate लड़की डाकुओं का मुकाबला करती रही। वह बिचारी कितनी देर तक अकेली उन का मुकाबला कर सकती थी। उस का भाई पुलिस को इतलाह देने के लिए चला गया था लेकिन पुलिस मौके पर न पहुंची। वह लड़की मारी गई और डाकू उस की शादी का सारा सामान लूट कर ले गए। पता लगा है कि उन डाकुओं की पीठ पर उस लड़की के पड़ोस का एक आदमी था जो हमारे एक वज़ीर साहिब का आदमी है और वह उसे हमेशा बचा लेते हैं। (कुछ आवाज़ें shame, shame) स्पीकर साहिब कहां है इन का इनसाफ? मैं अभी उस वजीर साहिब का नाम नहीं लेता। आगे किसी मौके पर ले लूंगा। अगली बात जो मैं कहना चाहता हूं......

उपाध्यक्ष महोदय: (घंटी बजा कर) दो मिनट बाकी हैं आप अपनी स्पीच को wind up कर लें। (Only two minutes are left. The hon. member should wind up his speech.)

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : डिप्टी स्पीकर साहिब, आप ऐसा करें कि मुझे पांच मिनट और दे देवें ।

अगली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह backward classes के मुतअल्लिक है । Backward Classes में 34 castes हैं और यह provisions, President के scheduled castes के बारे Order of 1950 में की हुई है ।

"Only those people can be considered under this category, who profess to be Hindus ...."

मैं ने इस के मुतअल्लिक एक resolution भी दिया है । यह एक Secular State है इस में मज़हब को क्यों लाया गया है । Backward Classes को आप मज़हब की बिना पर न देखें । इन को उन की social backwardness से या economic backwardness से देखा जाना चाहिए ।

एक मंत्री : उन की backwardness को ही देख कर उन्हें यह सहूलतें दी जाती हैं ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : यह जो एक मिनिस्टर साहिब ने कहा है मैं उन्हें challenge करता हूं वह गलत बयानी करते हैं ।

मुझे समझ नहीं आती कि एक backward class का आदमी backward नहीं रहता अगर उस के मज़हब की conversion हो गई है । अगर एक हिन्दू backward class का आदमी ईसाई हो गया है, मुसलमान हो गया है तो वह कैसे backward नहीं समझा जाता । मैं ने इन वज़ीर साहिबान से इस बारे में बातें की थी लेकिन इन्होंने मेरी एक नहीं मानी थी । लेकिन जब मैंने नेहरू जी से मिल कर इस बात को हल करने की कोशिश की तो उन्होंने मेरी तज़वीज़ को welcome किया। मैं चाहता हूं कि secularism के माने ठीक तौर पर लिए जाएं । Backward Class का एक आदमी अगर मुसलमान हो गया है या ईसाई हो गया है तो उस की गरीबी दूर नहीं हो गई ।

स्पीकर साहिब ! मैं इस के लिए गवर्नमैण्ट के इस action को welcome भी करता हूं जो उस ने अपनी कुछ low-paid services जिन का हुकूमत के अन्दर एक काफी तबका है, उन की तनखाहें बढ़ाई हैं । कुछ Education Department के आदमियों की और कुछ Veterinary Department के मुलाज़मों की तनखाहें बढ़ा दी गई हैं । लेकिन मैं चाहता हूं कि हर किसी सरकारी मुलाज़म की तनखाह कम अज़ कम एक सौ रुपये होनी चाहिए और सच्चर साहिब ने भी कई दफ़ा कहा है कि उन की राए में कम से कम तनखाह लेने वाले की तनखाह कम अज़ कम सौ रुपए होनी चाहे वह चपड़ासी हो चाहे वह कोई और हों । लेकिन स्पीकर साहिब इस बजट में इन चीज़ों को कोई जगह नहीं दी गई और दी भी कैसे जाए यह तो पहले ही deficit budget है लेकिन इस के मुकाबला में अगर कई करोड़ और expenditure अच्छे कामों पर लगा दें तो यह मुबारकबाद के मुस्तहिक हों और यह ख्याल भी न आए कि यह deficit

Budget है। अगर इस Budget में 77 लाख की बजाए 87 लाख का deficit होता और वह दस लाख रुपया इन Subordinate Services की तनखाहें बढ़ाने पर लगाया गया होता तो क्या अच्छा होता।

इस के बाद landless class का सवाल है। अभी तक उन लोगों को ज़मीनें नहीं दी गई। Waste lands को जल्दी से जल्दी reclaim कर के उन्हें दें। यह काम और तेज़ किया जाए ताकि उन को जल्दी से जल्दी वह ज़मीनें दी जा सकें क्योंकि आज यहां बेकारी और बेरोज़गारी का record हो गया है। इस सिलसिले में Employment Exchange ने कुछ figures दी हैं। मैं कहता हूं कि Employment Exchange की figures बेकारी और बेरोज़गारी की सही position बताने के लिए सही index नहीं हैं। आप unemployed persons को लें और खास तौर पर educated unemployed को लें। कितनी बेकारी उन में पाई जाती है। उन में से कितने employment exchange में अपने नाम register कराने जाते हैं। बकारी इस वक्त इतनी ज़्यादा है कि बयान नहीं की जा सकती। उस दिन एक औरत ने जालंधर में तीन दिन रोटी न मिलने के बाद अपने बच्चे को साथ ले कर एक कूएं में गिर कर खुदकुशी कर ली। कितनी ही ऐसी मिसालें हैं। कई educated unemployed गाड़ियों के नीचे सिर दे कर जाने दे देते हैं।

मैं मिनिस्टर साहिबान से अर्ज़ करता हूं कि अगर वह मुल्क को prosperity की तरफ ले जाने के लिए बजट लाएंगे तो हमारी co-operation सदा उन को मिलती रहेगी।

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : On a point of Order, Sir. ਕੀ Officer's gallery ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਅਫਸਰ ਹੀ ਬੈਠੇ ਹਨ ?

Mr. Deputy Speaker : Yes, they are all Officers.

श्री कसतूरी लाल गोइल (असन्ध) : स्पीकर साहिब जो बजट सभा के सामने पेश किया गया है उस को देखते हुए मैं अपने वज़ीर खज़ाना को मुबारकबाद पेश करता हूं। इस में जो भी items of expenditure आए हैं, police के मुतअल्लिक जो भी खर्च किया गया है मैं यह बात दावे के साथ कहता हूं कि वे बड़े जायज़ खर्च हैं मैं एक ऐसे इलाके में रहता हूं जहां राहज़नी, डकेती और चोरियों की इतनी भरमार थी कि कोई आदमी भी एक जगह से दूसरी जगह पर नहीं जा सकता था लेकिन आज यह हालत है कि हर आदमी पैसे उछालता हुआ एक जगह से किसी जगह पर भी बगैर किसी खौफ़ोखतर के जा सकता है। उस को अब किसी किस्म का डर नहीं है। मैं तो यह कहता हूं कि अगर इस पर इस से भी ज़्यादा खर्च किया जाए तब भी कोई हर्ज की बात नहीं होगी।

एक मेरे साथी ने कहा था कि National Loan, कौमी कर्ज़ा पुलिस ने दबाव और दूसरे तरीकों से इकट्ठा किया। मैं दावे से कह सकता हूं कि, अपने ज़िले के तजरुबे की बिना पर मैं कह सकता हूं कि यह बात बिलकुल ग़लत है। लोगों ने यह कर्ज़ा अपने प्रधान मन्त्री पंडित नेहरू और अपने Chief Minister भीम सैन सच्चर की आवाज़ पर दिया

[श्री कस्तूरी लाल गोइल]

हैं। यह सारा पैसा किसी किस्म के नाजायज़ दबाव पर नहीं बल्कि लोगों ने अपने प्यारे लीडरों की आवाज़ पर अपने मुल्क की तरक्की के लिए दिया है।

मजमूई तौर पर जहां तक सूबे की तरक्की का सवाल है, मैं इस development पर वज़ीर साहिब को मुबारकबाद देता हूं लेकिन जब मैं हरियाने का नाम लूंगा तो शायद वज़ीर साहिब के दिल में चिड़ पैदा होगी। मगर चीज़ ज़रूर आगे आनी चाहिए। मैं महसूस करता हूं कि जैसे backward classes का ध्यान रखा जाता है इसी तरह backward areas का भी ध्यान रखा जाए। मैंने अर्ज़ किया है कि मजमूई तौर पर सब कुछ ठीक है, मगर करनाल में यह चीज़ नज़र नहीं आती। मैं यह नहीं कहता कि वहां खर्च नहीं हुआ मगर तरक्की सब इलाकों की यकसां होनी चाहिए। वहां जितनी development होनी चाहिए थी उतनी नहीं हुई है। कोई ऐसा नाशुक्रगुज़ार मैम्बर न होगा जो काफी नए स्कूलों के खोलने के लिए सरकार को बधाई न दे। मगर मेरे गांव की आबादी 7 हज़ार है वहां High School खोलने की बार बार अर्ज़ की गई। जवाब मिला कि District Board के पास 16,000 रुपये दाखिल करवा दो। तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब हम 16,000 रुपये इकट्ठा करके और एक building बनवा कर दें तो हम गवर्नमेंट का एहसान क्यों लें। यह एहसान तो हम तब लें अगर District Board हमें कोई Engineering College या कोई Veterinary कालिज खोल कर दे। सात हज़ार की आबादी है, 10, 10 मील तक कोई High School नहीं है। इस का कुछ न कुछ प्रबन्ध होना चाहिए।

पिछले साल भी मैंने एक सड़क असन्ध ता राजोंद का ज़िक्र किया था। यह दो पुलिस स्टेशनों को मिलाने वाली सड़क सिर्फ 8 मील का टुकड़ा है। कच्ची चिकनी मिट्टी में बरसात के मौसम में मोटरों के पहिए फंस जाते हैं। मैंने चीफ मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ की थी और मेरे पास उन की दो साल पहले की चिट्ठी भी है जिस में उन्होंने लिखा था कि यह सड़क मन्ज़ूर हो चुकी है। मगर आज तक कैथल के लोग इस 8 मील सड़क के टुकड़े का तमाशा देखते आ रहे हैं। बारिश के दिनों में उन्हें बहुत ज़्यादा तकलीफ का सामाना करना पड़ता है।

फिर आबपाशी का सवाल है। पंजाब में नहरों पर काफी रुपया खर्च हुआ है जो काफी इलाके को सैराब करती हैं। यह साफ दिखाई देता है कि करोड़ों रुपया पंजाब राज्य में नहरों पर खर्च हुआ मगर मेरे हलका में एक नरदक राजबाहा पर कोई खर्च नहीं किया, न ही उस को चौड़ा किया गया और न ही और ज़्यादा पानी दिया गया है। इन सारी बातों को देखते हुए हम अपने वज़ीर साहिब से request करते हैं कि वह कुछ न कुछ रुपये निकाल कर पिछड़े हुए इलाके के लिये भी रखें।

फिर जो छोटे मुलाज़मों की तनखाहें बढ़ाई गई हैं यह सराहना योग्य काम किया है, मगर जिन की तनखाहें बढ़ी हैं उन नौकरियों को देख कर यूं मालूम देता है कि यह सब सिफारिशी बढ़ाई गई हैं। सब से नीचे जो नौकरियां हैं जैसे चपड़ासी पटवारी सिपाही जो 10, 10 12, 12 घन्टे duty देते हैं, सुबह से शाम तक खड़े रहते हैं उन की तन्खाहों को बढ़ाने का कोई ज़िक्र नहीं। मैं मानता हूं कि जिन की तनखाहें बढ़ी हैं जैसे कृषि विभाग के Inspector वगैरा हैं, कानूंगो, तहसीलदार और नायब-तहसीलदार हैं, इन की तन्खाहें ठीक ही बढ़ाई

गई हैं मगर जिन छोटे मुलाजमों की तनखाहों को बढ़ा कर हम समाजवादी ढांचा यहां लाना चाहते हैं, उन की तनखाहें नहीं बढ़ाई गई ।

मेरे साथी कामरेड जी ने मकानों का जिक्र किया था । चन्डीगढ़ के बारे में नेहरू जी ने कहा कि यह शहर पुरानी रवायात से आजाद शहर होगा । मैं तो ऊंच नीच की पुरानी रवायात से ही उन का मतलब समझता हूं । मगर यह ऊंच नीच तो यहां अब भी काफी है । और यहां तो हर एक नमूने के मकानों से ऊंच नीच टपकती है । इस लिए मैं नहीं समझा कि यह कैसे पुरानी रवायात से आजाद शहर है ।

मुझे मजबूरन अपने हलके के मुतअल्लिक पिछड़े हुए इलाके के मुतअल्लिक और छोटे मुलाजमों के मुतअल्लिक कहना पड़ा है । इन के लिए कुछ न कुछ जरूर करें । वैसे तो हरियाना के काफी मैम्बर महसूस करते हैं और मैं समझता हूं कि हर मैम्बर साफ तौर पर नहीं कहता मगर यह उस पहाड़ के लावे की तरह किसी दिन फट सकता है जो एक जगह इकट्ठा होता रहता है और जलजला पैदा करता है । इस से बचने के लिए हरियाना पर ज़्यादा से ज़्यादा खर्च कर के इस ज़लज़ला को रोकें ।

श्री फग्गू राम (बूड़ाना) : स्पीकर साहिब ! मैं अपनी कांग्रेस गवर्नमेंट और मिनिस्टर साहिब को मुबारकबाद देता हूं । मैं अपने वज़ीर खज़ाना को हरिजनों का ज़्यादा ख्याल रखने पर मुबारकबाद देता हूं । इन्होंने पिछले वर्ष हरिजनों के लिए 8 लाख रुपये मन्जूर किए थे और अब इन्होंने यह रकम बढ़ा कर 25 लाख रुपये कर दी है (तालियां) । यह पिछड़ी हुई जनता को ऊंचा उठाने की कोशिश कर रहे हैं । इस बजट में हरिजन भाइयों के लिए पढ़ाई की स्कीमें देख कर हमें खुशी होती है । मैं खजाना मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करना चाहता हूं कि कई स्कूलों को वज़ीफों की ग्रांट मिली है और कईयों को अभी नहीं मिली। यह उन्हें जल्द से जल्द मिलनी चाहिए.......

(The Assembly then adjourned till 12-45 p. m. on Wednesday, the 16th March, 1955.)

101 PVS 284—24-8-56—CP and S Pb, Chandigarh

PUNJAB VIDHAN SABHA

DEBATES

16th March, 1955

Vol. I—No. 9.

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Wednesday, 16th March, 1955.

Price Rs. 2/10/-

Printed at S. D. Press, Mani Majra.

ERRATA

Punjab Vidhan Sabha Debate Vol. 1 No. 9, dated 16-3-1955.

		on page &	line
Read वह	for व	(9)4	34
,, मैम्बर	,, म्बर	(9)7	22
,, तरक्की	,, तक्की	(9)8	26
,, उठा	,, उ ा	(9)8	30
Put आ	before जाता	(9)11	35
Read नतीजा	for जनत	(9)11	35
,, ज़िन्दगी	,, ज़िदन्गी	(9)13	27
,, स्पीकर	,, स्पीक	(9)13	35
,, समझें	,, समझ	(9)29	9
,, criticise	,, critise	(9)39	5
,, को बोलने	,, का बालने	(9)43	1
,, ਰਕਬੇ	,, ਰਕਬ	(9)49	10
,, ਬੀਜ	,, ਬਾਜ	(9)49	22
,, ਤਕਾਵੀ	,, ਤਕਾਵਾ	(9)49	25
,, ਤਕਸੀਮ	,, ਤਕਸਾਮ	(9)49	25
,, technicians	,, technicuans	(9)51	20
,, ਕੀਮਤ	,, ਕਾਮਤ	(9)52	21
,, ਪਾਲਿਸੀ	,, ਪਲਸੀ	(9)52	22
,, 1901	,, 19 1	(9)53	5
,, 1955	,, 955	(9)60 on top right	
Put ਨਾ	before ਬਣੇ	(9)63	19
Read 140	for 110	(9)64	22

मुख्य मन्त्री : मेरे पास श्री अचिंत राम , M. P. आये थे । उन्हों ने बताया कि भूदान के सिलसिले में 18 तारीख को Conference हो रही है जिस में legislators भी शामिल हों । मैंने programme को तबदील करने से माज़ूरी जाहिर की क्योंकि मैं कह चुका था कि Thursdays को non-official काम होगा और इस programme में तबदीली नहीं की जाएगी । उन्होंने कहा था कि वे Opposition वालों के पास जाएंगे और उन्हें इस बारे में मना लेंगे । बाद में उन्होंने मुझे बताया कि पंडित श्री राम और सरदार गोपाल सिंह से वे मिले हैं और उन्हें कोई एतराज़नहीं । वक्त तंग है, demands आनी हैं, बजट पास होना है ; इस के सिवा और कोई चारा नहीं था कि कल का दिन सरकारी काम के लिए लिया जाता मगर इस का फैसला Opposition वाले ही करेंगे ।

PUNJAB VIDHAN SABHA

Wednesday, 16th March, 1955.

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital, at 12.45 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

QUESTION HOUR

Chief Parliamentary Secretary : Sir, I request that the Question Hour be dispensed with today.

Mr. Speaker : I have no objection. The Question Hour is dispensed with today.

TRANSACTION OF GOVERNMENT BUSINESS ON THURSDAY, THE 17th MARCH, 1955.

Chief Minister (Shri Bhim Sen Sachar) : Sir, I beg to move-

> That Rule 23 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly be suspended and Government business transacted on Thursday, the 17th March, 1955.

स्पीकर साहिब, यह motion move करते हुए मैंने आपकी इजाज़त से एक चीज़ का एलान करना है । इस motion का फैसला सिर्फ Opposition की votes से होगा, हमारी side इस पर voting नहीं करेगी । अगर Opposition वाले चाहेंगे तो यह पास होगी; नहीं चाहेंगे तो नहीं होगी । मुझे यह बताया गया था कि Opposition वाले इस बात पर रज़ामंद हैं, चाहते हैं कि परसों काम ना हो, परसों का काम कल हो जाए। इस बात का फैसला सिर्फ Opposition की votes पर होगा ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : कोई वजह तो बता दीजिए।

मुख्य मन्त्री : मेरे पास श्री अचिंत राम, M. P. आये थे । उन्हों ने बताया कि भूदान के सिलसिले में 18 तारीख को Conference हो रही है जिस में legislators भी शामिल हों । मैंने programme को तबदील करने से माज़ूरी जाहिर की क्योंकि मैं कह चुका था कि Thursdays को non-official काम होगा और इस programme में तबदीली नहीं की जाएगी । उन्होंने कहा था कि वे Opposition वालों के पास जाएंगे और उन्हें इस बारे में मना लेंगे । बाद में उन्होंने मुझे बताया कि पंडित श्री राम और सरदार गोपाल सिंह से वे मिले हैं और उन्हें कोई एतराज़ नहीं । वक्त तंग है, demands आनी हैं, बजट पास होना है; इस के सिवा और कोई चारा नहीं था कि कल का दिन सरकारी काम के लिए लिया जाता मगर इस का फैसला Opposition वाले ही करेंगे ।

Mr. Speaker : Motion moved-

That Rule 23 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly be suspended and Government business transacted on Thursday, the 17th March, 1955.

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ (ਜਗਰਾਉਂ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਸਾਨੂੰ ਇਹ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ President ਸਾਹਿਬ ਆ ਰਹੇ ਨੇ ਫੇਰ We have already agreed to their proposal.

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, हम इस बात के लिए मशकूर हैं कि मुख्य मन्त्री जी के दिल में अब Opposition के लिए जगह होने लगी है। यह एक ऐसा काम है कि जिस के सिलसिले में Opposition और गवर्नमेंट के दिमायतियों में किसी तरह का इम्तयाज़ करने की ज़रूरत नहीं। अगर गवर्नमेंट का यह position लेना कि महज़ हमारे कहने पर programme को तबदील किया जा रहा है, हमारे साथ थोड़ी सी ज़्यादती होगी। अगर Treasury Benches ऐसा करना चाहते हैं तो हम भी चाहते हैं, अगर यह नहीं चाहते और हमें ही चाहें कि हम ऐसा करें, तो यह इन्साफ की बात न होगी।

अध्यक्ष महोदय : वे तो आप पर छोड़ रहे हैं (He has left the decision to you.)

पंडित श्री राम शर्मा : अगर ये रज़ामंद हैं तो हम भी हैं, अगर नहीं हैं तो हम भी नहीं हैं।

ਸਰਦਾਰ ਅੱਛਰ ਸਿੰਘ ਛੀਨਾ (ਅਜਨਾਲਾ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਦੀਵਾਨ ਸਾਹਿਬ ਸਾਡੇ ਪਾਸ ਆਏ ਸੀ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਕਾਂਗਰਸ ਦੇ President ਸਾਹਿਬ ਆ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਹ ਗੱਲ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸੀ ਕਿ ਕਲ ਸਰਕਾਰੀ ਕੰਮ ਹੋਵੇ ਤੇ ਪਰਸੋਂ off day ਹੋਵੇ। ਅਸੀਂ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਮਰਜ਼ੀ ਮਿਲਾਈ ਹੈ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : जनाबे वाला! मैं हाऊस के लीडर की इस मोशन (motion) की मुखालफत करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं अभी तक समझ नहीं पाया कि हाऊस के लीडर साहिब इस असैम्बली को मज़ाक का मौज़ूह क्यों बनाते हैं। असैम्बली का ताल्लुक जो कि legislature है भूदान से नहीं है। कल को शहीदों की कान्फ्रैंस, परसों को वज़ीरों की कान्फ्रैंस हो सकती है। नेक काम भी होते रहेंगे और बुरे भी।

अध्यक्ष महोदय : उन्हों ने तो आपकी मर्ज़ी पर छोड़ दिया है। (The matter has been left to you)

मौलवी अब्दुल गनी डार : यह मर्ज़ी का सवाल नहीं है। कांग्रेस के प्रधान आ रहे हैं और अपोज़ीशन के कुछ भाइयों ने तजवीज़ को मान भी लिया है तो क्या हुआ। फिर कहते हैं कि इसका फैसला इनकी वोटों पर होगा यानी यह हमें आपस में लड़ाना चाहते हैं, और तमाशा देखना चाहते हैं कि किस का वोट किधर जाता है। मैं नहीं समझ सका कि कांग्रेस के प्रधान के आने से हमारा काम कैसे रुकता है। मेरे दिल

में उनके लिए मुहब्बत, प्रेम और श्रद्धा है। मगर यह सब कुछ होते हुए भी मैं कहता हुं कि यह कार्यवाही - यह तरीका गलत होगा। अगर Opposition वाले Government Benches पर बैठे भाइयों को ज़हर दें तो क्या वे पी लेंगे ? हरगिज नहीं पीएंगे। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब की पालिसी शुरु से ही यही चली आई है कि असैम्बली की कम से कम meetings हों। चुनांचे 1952 में 52 meetings हुईं, दूसरे साल 39 और तीसरे साल 35। यह सिलसिला सालबसाल चला आ रहा है। समझ नहीं आती क्यों भागते हैं ये इजलास से। रोज़ कोई न कोई नया बहाना आ जाता है। मेम्बरों का हक है कि जो काम वे non-official day को सरकार के बिना करना चाहें करें। चीफ मिनिस्टर साहिब को इस motion को वापस लेना चाहिए क्योंकि इस के पास होने से एक गलत रिवाज कायम होगा। आये दिन ऐसी तजवीज़ आएंगी। कभी कहा जाएगा शहीदों का दिन मनाना है। डर सहे दा नहीं पहे दा है। गलत रास्ते पर चलने की आदत पड़ जाती है। हमारी वज़ारत का पिछला रवैया साबित करता है कि यह कम से कम इजलास करना चाहते हैं। हम अपना एक मिनट भी नहीं छोड़ना चाहते। यह रिवाज हाऊस को pay नहीं करेगा, वज़ारत को pay नहीं करेगा, सूबा पंजाब को pay नहीं करेगा कि कोई न कोई बहाना लगा कर छुट्टी कर दो जाए जिस तरह कोई स्कूल मास्टर बहाना रख कर लड़कों को छुट्टी दे देता हैं। यह तो लड़कों को भी आपस मे लड़ाते हैं ... (हंसी) हम अपने (कांग्रेस) प्रधान जी का एहतराम करते हैं मगर पंडित जी, सरदार गोपाल सिंह जी और छीना साहब ने आपकी दरखास्त को मन्जूर कर के गलती की है और अगर ऐसी चीज़ की गई तो एक और गलती होगी।

खान अब्दुल गफ़ार खान (अम्बाला शहर) : जनाबे वाला, मैं अपने आपोज़ीशन के दोस्तों को मासिवाए मौलवी अब्दुल गनी साहिब के मुबारिकबाद देता हूँ कि इन्होंने सही बात को तसलीम कर लिया है और बड़ी मेहरबानी से उस बात को कबूल किया जो कि उन्हें कबूल करनी चाहिए थी। जनाब भूदान का मामला ऐसा है कि जिस की बाबत (रुकावटें) (*interruptions*) जनाब मैं यह अर्ज़ कर रह था कि भूदान के ज़रिये सारे हिन्दुस्तान की काया कल्प होने वाली है और न सिर्फ हिन्दुस्तानी भाई बल्कि बाहर के मुल्कों के लोग भी इसकी खामोश इनकलाब के नाम से तारीफ करते हैं। आज अगर हमारे प्रेज़ीडैंट साहिब आ रहे हैं तो वह कांग्रेस का प्रापेगैंडा करने के लिए नहीं आ रहे हैं बल्कि उस तहरीक के सिलसिले में आ रहे हैं जोकि एक साधु ने जारी कर रखी है और जिस ने एक खामोश इनकलाब का रास्ता अख्तियार कर लिया है।

स्पीकर साहिब ! मुझे ताज्जुब है कि आज हमारे मुअज़िज़ दोस्त यह कहने लगे हैं कि हमारा प्रेज़ीडैंट आता है उस प्रेज़ीडैंट के लिए जिस का नाम हमेशा ईज़्ज़त से लिया जाया करता था वही मौलवी अब्दुल गनी हैं जोकि कांग्रेस के प्रेज़ीडैंट रह चुके हैं अब प्रेज़ीडैंट आ रहा है। मैं नहीं समझता कि यह इनकलाब इन को कहां ले जाएगा। हमारा इनकलाब हमें तो ऊंचे से ऊँचा ले जाएगा (तालियाँ) आखिर में मैं अर्ज़ करूंगा कि इस बात को हाऊस को मन्जूर करना चाहिए।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ (ਟਾਂਡਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ ! ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਹ ਗਲ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਉਹ ਹਾਊਸ ਦੇ ਲਈ ਹੈ। ਸਾਡਾ ਇਹ ਇਖ਼ਲਾਕੀ ਫਰਜ਼ ਸੀ ਕਿ ਅਸਾਂ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਮੰਨ ਲਿਆ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ Opposition ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰਤ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਹੈ; ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ; ਇਸ ਲਈ ਅਸਾਂ ਤਸਲੀਮ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ Opposition ਵੋਟ ਨਹੀਂ ਦੇਵੇਗੀ ।

Mr. Speaker : Question is-

That Rule 23 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Punjab Legislative Assembly be suspended and Government business transacted on Thursday, the 17th March, 1955.

The motion was carried.

ANNOUNCEMENT BY SECRETARY

Mr. Speaker : Now the Secretary will make an announcement.

Secretary : In pursuance of Rule 2 (ii) of the Punjab State Legislature (Communications) Rules 1952, I have the honour to inform the House that the Punjab Appropriation (No. 1) Bill, 1955, passed by the Punjab Vidhan Sabha on the 14th March, 1955 and transmitted to the Punjab Legislative Council the same day, has been agreed to by the said Council without any recommendation, on the 15th March, 1955.

RESUMPTION OF GENERAL DISCUSSION ON THE BUDGET.

Mr. Speaker : Now the House will resume general discussion on the Budget. Yesterday when the House adjourned, Shri Phaggu Ram was still on his legs. I call upon him to resume his speech.

श्री फग्गु राम (बुटाना) : स्पीकर साहिब, आप की वसातत से मैं केवल इस चीज़ पर ही, कि हरिजनों के लिए पिछले साल 18 लाख रुपया मन्ज़ूर किया गया था और इस वर्ष 25 लाख रुपया रखा गया है, अपनी कांग्रेस गवर्नमेंट को बधाई देता हूँ । यह पिछड़ी हुइ कौम है इन की तालीम के लिए और उन को दूसरी सहूलतें देने के लिए इतनी बड़ी रकम मन्ज़ूर कर के कांग्रेस सरकार ने बहुत अच्छा कदम उठाया है । साथ ही साथ मैं अपने Education Minister साहिब को मुबारकबाद देता हूँ कि व हरिजन बच्चों को grants और वज़ीफे देने के लिए इतना रुपया दे रहे हैं । साथ ही मैं दरखास्त करूंगा कि इस provision की disbursement जल्दी से जल्दी की जाए क्योंकि उन के मां बाप बहुत गरीब होने की वजह से तालीम हासिल करने में इन को रुकावटें पेश आ रही हैं । अगली बात मैं यह अर्ज़ करूंगा कि मेरे ज़िला करनाल में नीलो खेड़ी नाम की एक जगह है । वहां refugee भाई काफी तादाद में रहते हैं । उन

की मुसीबतों को देख कर मुझे बहुत दुख होता है । नीलोखेड़ी पहले Central Government ने बनवाया था लेकिन अब वह पंजाब गवर्नमेंट के under है । वहां के refugee लोग जो लुट कर आए हुए हैं उन के बच्चे, भाई और बहनें सारा सारा दिन ढाक के पत्ते चुन कर और बेच कर अपना पेट पालते हैं। उन की मुसीबत देख कर मैं बहुत हैरान हूं । इस लिए मैं आप के द्वारा सरकार से यह दरखास्त करूंगा कि नीलोखेड़ी में refugee भाइयों के लिए जल्दी से जल्दी कोई ऐसा मिल लगाया जाए कि उन की गुज़र हो सके ।

इस के बाद मैं आप के द्वारा हरिजन M. L.As. से यह अर्ज़ करना चाहता हूँ। वे 21 मेंम्बर हैं जिन्हों ने कांग्रेस का ticket लिया हुआ है। अगर वे खिण्ड मिण्ड के न रहें और आपस में संगठन कर लें तो मैं दावे से कहता हूं कि जो भी हमारी तकलीफें हैं वे जल्दी से जल्दी दूर हो जाएंगी। उन के बटे होने से उन का कोई मसला भी हल नहीं होता । साथ ही मैं Development Minister और उन की कांग्रेस पार्टी से दरखास्त करूंगा कि वे हरिजनों को support करें । यह उन का फर्ज़ है और साथ ही हरिजनों की support से कांग्रेस गवर्नमेंट हज़ारों वर्ष तक कायम रहेगी । जब तक हरिजन रहेंगे तब तक कांग्रेस सरकार रहेगी ।

स्पीकर सहिब ! इस से आगे मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी सरकार को मुज़ारों का मसला इसी session में ही हल कर लेना चाहिए। उन को ऐसी सहूलतें मुहैया की जानी चाहिए जिन से वे अपनी ज़िन्दगी अच्छी तरह बसर कर सकें । इस वक्त वे बड़ी मुसीबत में हैं।

इस के बाद मैं कहना चाहता हूं कि Chief Minister साहिब मेरे ज़िले की तहसील Kaithal में आये थे। उन के पास गांव के हरिजन जिन की तादाद तकरीबन 3750 के करीब थी इकट्ठे हो कर आए और उन्हों ने अपनी मांगें उन के आगे रखीं । मै इस सम्बन्ध में उन को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्हों ने वहां जलसे में तकरीर करते हुए हरिजनों को विश्वास दिलाया कि उन की सब मांगें पूरी की जाएंगी । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जिस तरह उन्हों ने कैथल में हरिजनों को विश्वास दिलाया वैसे ही दूसरी जगहों पर भी उनकी सहायता करें ।

स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करूंगा कि जिस तरह चीफ मिनिस्टर साहिब ने कैथल के हरिजनों को विश्वास दिलाया उसी तरह सूबे के बाकी हिस्सों को भी पूरी मदद दें ताकि जो पिछड़े हुए लोग है वह तरक्की में हिस्सा ले सकें और आगे बढ़ सके। उन्हें जमीनें दी जाएं और उन्हें दूसरी सहूलतें पहुंचाई जाएं ।

इस के अलावा, स्पीकर साहब, मैं एक और गुजारिश करना चाहता हूँ । कैथल तहसील में एक थाना पुण्डरी है । वैसे तो मैं पुलिस को बधाई देता हूं । सभी पुलिस को सूबे में शान्ति रखने के लिए मुबारकबाद देता हूँ पर वहां के थानेदार से लोग बहुत तंग हैं उसे जरूर वहां से जल्दी से जल्दी तबदील किया जाए।

स्पीकर साहिब , वहां पर 750 घर हरिजनों के बहुत तंग हैं। अगर उनकी मांग को माना न गया तो सब के सब वज़ीर साहिब के घर पर आ कर बैठ जाएंगे। इस के

[श्री फग्गू राम]
अलावा मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने जो leather को रंगाने का काम शुरु करवाया है उसे बड़े तौर पर रखा जाए। आखिर में मैं फिर मिनिस्टर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वह हरिजनों को ज़मीनें और दूसरी जरूरी सहूलतें दें। इन लफ्ज़ों के साथ में मिनिस्टर साहिब को मुबारकबाद पेश करता हूँ।

श्री देवराज सेठी (रोहतक) : अध्यक्ष महोदय, पंजाब का यह सौभाग्य है कि हमें वित्त विभाग के लिए एक ऐसा wizard of finance मिला है जो कि न सिर्फ अपनी शखसीयत की वजह से बल्कि अपने पिछले जिन्दगी के माली तजरुबा के कारण बतौर एक farmer के, बतौर एक industrialist के, बतौर एक बहुत कामयाब businessman के, बतौर एक parliamentarian के एक कामयाब नेता हैं। उन के इस सारे तजरुबे की झलक इस चौथे बजट में जो कि उन्हों ने इस हाऊस के सामने पेश किया है, आई है। इस के लिए हम उनका जितना भी धन्यबाद कर सकें जितनी भी बधाई दे सके, थाड़ी हैं।

स्पीकर साहिब, दो दिनों से बजट पर general discussion हो रही है। अक्सर बातें इस किस्म की कही गई हैं कि जिन के बारे नतायज तो उलटे निकलने चाहिए थे परन्तु निकले कुछ अजीब अजीब से ही। जिन कामों के लिए पंजाब की सरकार को श्रेय मिलना चाहिए था, credit मिलना चाहिए था, उसे न मिला उलटी दलीलें दे कर नुक्ता चीनी की गई है और उन बातों को बहस का मज़मून बनाया गया है। सब से ज़्यादा ज़ोर अपोज़ीशन की तरफ से शिक्षा विभाग पर दिया गया। तालीम के मैदान में गवर्नमेंएट ने किताबों की nationalisation की है। जाहिर है कि यह कदम इस लिये उठाया गया है कि गरीब बच्चों को किताबें सस्ते दामों पर मुहैया की जाएं। जब तक तो publishers market में रहे किताबों की कीमतें बहुत ज़्यादा चार्ज करते रहे। कई बार तो यह कीमतें इतनी ज़्यादा हुआ करती थीं कि गरीब लोगों के लिए अपने बच्चों की किताबें खरीदना मुशकिल था और वह बेचारे अपनी गुरबत से मजबूर हो कर बच्चों को शिक्षा देना ही बन्द कर देते थे, लेकिन क्या यह खुशी का अमकान नहीं कि जब से किताबों की nationalisation हुई है, वे कीमतें ½ और कई जगहों पर ⅓ रह गई है? किताबों की कीमतो में कमी हो जाने के कारण अब लोगों को बहुत आसानी हो गई हैं। Nationalisation का असूल हमारी Planning Commission हमारे देश और हमारे प्रान्त का असूल है। बड़े तमतराक के साथ यह अलज़ाम लगाया गया है कि किसी ने इतने हज़ार रुपया रिश्वत दी है। मेरी समझ में नहीं आता कि यह कैसे हो सकता है? किताबें nationalise की जा रही हैं, कुछ की जा चुकी हैं। आठ जमातों के लिए 147 के करीब किताबें छापी जा चुकी हैं। उन्हें पंजाब गवर्नमेंट खुद publish कर रही हैं। छपाई का इन्तज़ाम गवर्नमेंट का अपना है। हमारे लुधियाना के लायक वकील ने यह अलज़ाम लगाया है। मैं उन्हें बता देना चाहता हूँ कि जिस publisher का या जिस आदमी का वह case plead करने के लिए उन्हों ने यह इलफ़ाज़ यहां कहे हैं, वह उनके कन्धे पर बन्दूक रख कर चलाना चाहता

है। अगर उन में हिम्मत है तो जिन्हों ने उन्हें आगे रख कर इस्तेमाल किया है तो मैं कहूंगा कि वह आगे आएं और पब्लिक में आ कर ऐसी स्टेटमैंएट दें और फिर उन्हें पता लगे कि दाल आटे का क्या भाव है। यह कोई बहादुरी नहीं कि असैम्बली का shelter लेकर ऐसी बेबुनियाद चीजें कही जाएं और किसी आदमी को खाहमखाह बदनाम किया जाए। इसी तरह nationalisation of transport का मामला है। मैं समझता हूँ कि जो भी लोग हमारे शिक्षा मन्त्री जी पर directly या indirectly attack करते हैं असैम्बली का नाम लेकर करते हैं या गुमनामी से करते हैं वह कोई बहादुरी का कारनामा नहीं करते। हमारे शिक्षा मन्त्री एक publicman हैं, जो एक generation से पब्लिक की सेवा कर रहें हैं। Selfless worker हैं। वह head और heart की qualities रखते हैं। उन्हों ने एक generation से पब्लिक की सेवा की है और हर तरह की sacrifice की है। He is a man of undisputed integrity. अगर उनके लिए ऐसी बातें कही जाएं तो हम समझेंगे कि उन्हें किसी अपने ही मतलब और मकसद के लिए खाहमखाह और नाजायज़ तौर पर बदनाम किया जा रहा है, वाकयात की खिलाफ वर्जी को जा रही है। एक ऐसी हस्ती को बदनाम किया जा रहा है जिसने पंजाब की सच्चे मन से सेवा की हो और कर रहा हो। वह एक बहुत श्रेष्ठ कार्यकर्ता हैं। जहां जाते हैं, जिस bye-election में जाते हैं वहां सफलता उन के पांव चूमती है। उन के लिए अगर इस तरह की चीज़ें कही जाएं तो समझ नहीं आती कि माजरा क्या है। हमें हकीकत को हकीकत में देखना चाहिए और अगर इस तरह नुकता चीनी की जाये तो उन्हें यानी नुकता चीनी करने वालों को शोभा नहीं देता।

स्पीकर साहिब, सोनीपत से आए पंडित जी ने बड़े गरम लहज़े में कई एक बातें कहीं। ऐसा करने का उनका हक है। लेकिन उन की बातें और बहादुरगढ़ से आए आनरेबल म्बर साहिब की बातों को सुनकर कोई क्या अन्दाज़ा लगा सकता है? वह वक्त भी था कि जब पंडित जी ज़मींदारा पार्टी को आड़े हाथों लिया करते थे। तमाम दुनिया के नुकायस उन में बताया करते थे लेकिन आज वे bed fellows बने हुए हैं। आज दोनों इकट्ठे हो गये हैं। जिन बातों की आज वह नुकता चीनी करते हैं, कमोबेश वही बातें 17 अप्रैल 1952 से लेकर 15 महीनों तक रहीं जब पंडित जी इस वज़ारत का एक हिस्सा थे। जब से आप वजारत से बाहर गये तब से क्या बदला, क्या तबदीली आई, यह तो सब दुनिया जानती है। अगर हुआ तो उस ज़माने से बेहतर ही हुआ है। लेकिन अगर वह किसी खास बात की वजह से उन्हीं चीज़ों की नुक्ता चीनी करेंगे जो कि अपने ज़माना में वे खुद किया करते थे तो इसका अन्दाज़ा दुनिया खुद लगा लेगी कि आप के दिल में क्या है। अगर आपने नुकता चीनी करनी ही है तो उसका गज़ या मियार एक ही होना चाहिए। यह वही होना चाहिए जो आज से तीन साल पहले था वह मियार उसी लिहाज़ से तामीरी होना चाहिए जिसे वह आज से तीन साल पहले अपनाए हुए थे। लेकिन अगर side बदल लेने से गज़ और मियार भी बदल जाए तो आप उन असूलों से पीछे रह जाते हैं जिन्हें आप advocate करते हैं। आप के argument में कोई वज़न नहीं रहता।

[श्री देव राज सेठी]

मैं पिछले दिनों में हुई बहस को बड़े एहतयात से सुन रहा हूं। हमारे Opposition के मुदल्लल और मुदब्बर लीडर ने कई वाकयात को लेकर तकरीर की। उन्होंने पंजाब और हिन्दुस्तान की पांच साला योजना को आड़े हाथों लिया और नुकता चीनी की। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि जिस मुल्क की policies को वह represent करते हैं उस देश की Five Year Plan की तुलना में रखकर अपनी इस Five Year Plan को देखें फिर उन्हें पता चलेगा कि आया हमने इन सालों के अन्दर कोई तरक्की की है या नहीं। रूस में सन् 1917 में इनकलाब आया। 1928 तक कोई प्लैन वगैरा नहीं बनी। 1928 में पहली Five Year Plan बनी। पांच सालों के बाद देखा गया कि जितनी ज़रई इजनास थी उन की पैदावार बढ़ने की बजाए कम हुई है। लेकिन इन के खिलाफ़ पंजाब को और हिन्दुस्तान को इस बात का फ़ख़्र है कि उस की जिनसों में पहली पांच साला योजना के अभी खत्म होने से पहले ही तीन सौ गुना बढ़ौतरी हो गई है। कइयों में 50% बढ़ौतरी हुई और कई इजनास में इस से कम या ज़्यादा ही हुई। अभी 6 फरवरी को, स्पीकर साहिब, हमारे यहां रूस का एक Cultural Mission आया। मैं भी वहां मौजूद था मैंने सवाल किया कि अब आप की क्या हालत है। उन्हों ने बताया कि वहां गंदम की bumper crops होती हैं। लेकिन इस का भाव 4.7 Rouble per Killow है जहां एक किलो हमारे एक सेर के बराबर होता है, और एक Rouble 18 आने के बराबर। तो इस का मतलब यह हुआ कि वहां गंदम पांच, सवा पांच रुपया प्रति सेर बिकती है।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਇਸ ਦਾ ਇਹ ਮਤਲਬ ਹੋਇਆ ਕਿ ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਗ ਸਾਰੇ ਭੁੱਖੇ ਮਰ ਰਹੇ ਹੋਣਗੇ।

श्री देव राज सेठी : यह बात वहां से आए Cultural Mission ने बताई थी। मैं वाक्यात की बिना पर यह चीज़ कह रहा हूं। मेरे दोस्त खुद तसल्ली कर सकते हैं। तो स्पीकर साहिब, यहां गंदम 12 या 13 रुपये मन के हिसाब से बिके और रूस में 2 सौ रुपये मन के हिसाब से मिले और फिर कहा जाए agriculture के बारे में कि इस ने तरक्की नहीं की और हमें लाल किताब निकाल कर दिखाई जाए। यह नहीं देखा जाता कि यहां कपास की पैदावार में कितनी तरक्की हुई है और दूसरी चीज़ों की पैदावार में कितनी तरक्की हुई है।

फिर स्पीकर साहिब, हमारी इस बात पर नुक्ता चीनी की गई है जो हमारा दावा है कि हम देश को एक socialistic pattern पर ढाल रहे हैं। यह कहा गया है कि हमें तो यह चीज़ इस बजट में कहीं नहीं मिली। हम ने तो इसे उठा कर अच्छी तरह देखा है, ऊपर से, नीचे से और हमें तो ऐसी कोई चीज नज़र नहीं आई। मैं इन से कहता हूं कि आखिर socialism क्या है। इस के बारे में Russia के writer Lenin एक authority माने गए हैं और वह इस देश के भी नहीं हैं। उन्हों ने socialism के बारे में कहा है-

"What is socialism? Socialism is equal to democracy plus electricity."

यह उन की पुरमायनी पेशीन थी और आज अगर हम उस के मायने यहां लागू कर के देखते हैं तो हम महसूस करते हैं कि जितनी democracy Russia में है उस से कहीं ज़्यादा अच्छी यहां भारत में है। रूस की democracy का यहां की democracy से कोई मुकाबला हो नहीं है। इसी तरह बिजली का जो सवाल है पिछली January को जब हमारे राष्ट्रपति जी ने गंगो वाल Power House का उद्घाटन किया था तो उस से 48 हज़ार किलो वाट बिजली यहां आई थी और जब कोटला का power house बन जाएगा तो वहां से भी काफ़ी बिजली हमारे सूबे को मिल जाएगी। और जब भाखड़ा के power house तैयार हो जाएंगे तो वहां से भी काफी बिजली मिल जाएगी तो इस तरह कुल मिला कर चार पांच लाख किलो वाट बिजली यहां आ जाएगी। स्पीकर साहिब, नुकता चीनी और भी की गई है। यह सब कुछ कह सकते हैं। मैं कहता हूं कि हर किसी सरकार में कमियां होती हैं और हमारी State तो एक struggling State है। इस को बहुत संघर्ष करना पड़ा है और अब भी इस के सामने बड़ी मुश्किलात हैं लेकिन फिर भी कोशिश की जा रही है कि इस को आगे ले जाया जाए और आज हम कह सकते हैं कि देश की 25 States के अन्दर अगर अव्वल नंबर नहीं तो दूसरे या तीसरे नंबर पर पंजाब दावा कर सकता है (तालियां)। स्पीकर साहिब। जब मैं यह कहता हूँ तो मेरा यह मतलब नहीं है कि अब इस म कोई और सुधार की ज़रूरत नहीं है। मैं कहता हूं कि हर लिहाज़ से और हर कदम पर हमें तरक्की की ज़रूरत है। स्पीकर साहिब, आप छोटी सी बात को देख लें। मैं आप के सामने U. P. का budget पेश करता हूँ। मैं ने इस को अच्छी तरह से study किया है। आप देखें हमारे बजट के मुकाबला में इस के बड़े छोटे छोटे volumes हैं और हमारे सूबा के कितने बड़े हैं। यह छोटे volumes वाले बजट 6 करोड़ आबादी वाले सूबा के हैं। इन के मुकाबले में अपने बजट के volume को देखें वह कितना ज़्यादा है। यह इस से तिगुने के बराबर है। स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि अगर इस को भी घटा कर के एक बराबर कर दिया जाए तो जहां इस के हुजम में बचत हो सकती है वहां इस के एक दो और भी अच्छे नतायज निकल सकते हैं। हमारे अकेले New Expenditure की जो copy है इस के तकरीबन नौ सौ सफे हैं और इस से ज़ाहिर है कि हमारी गवर्नमेंट के कितने ज़्यादा temporary मुलाज़िम हैं। इस सिलसिले में मैं हाउस का ध्यान इस ओर दिलाता हूँ कि जिस मुलाज़िम के दिल में यह बात खटकती रहे कि उस की नौकरी पक्की नहीं है तो वह तन मन से नौकरी कैसे कर सकता है। मैं आप की विसातत से हुकूमत से अर्ज़ करूंगा कि वह अपने तमाम temporary मुलाज़िमों को जल्द अज़ जल्द permanent कर दे। यह देख कर हैरानी होती है कि उन में से बहुत सारे तो दस दस साल के temporary hands चले आते हैं। जहां तक general administration का सवाल है हमारा

[श्री देव राज सेठी]

साढ़े 12 जिलों का सूबा जिस की कुल अबादी 1,26,00,000, है is being governed by an administration जिस पर 1,79,00,000 रुपया खर्च किया जाता है और इस के मुकाबला में जमुना के पार का सूबा यानी उत्तर प्रदेश, जो कि 52 districts वाला सूबा है और जिस की कुल आबादी तकरीबन 6 करोड़ है उस की administration पर 2,77,00,000, रुपया इस साल खर्च किया जाएगा। फिर उस सूबे का total estimated budget 85,00,00,000, रुपये है और उस की General Administration का खर्च सारे बजट का कुल 3.3 per-cent बनता है। मुझे पता है कि इस चीज़ के जवाब में यह कहा जाएगा कि हमारा सूबा एक border state है इस लिए Administration पर ज़्यादा खर्च करना पड़ता है लेकिन मैं अर्ज़ करता हूँ कि U. P. भी तो एक border state है उस का बहुत सारा इलाका नैपाल के border पर है।

अध्यक्ष महोदय : (घण्टी बजा कर) आप अपनी speech को wind up करें। Time बहुत थोड़ा है और बोलने वाले बहुत सारे हैं (Please wind up your speech. The time at our disposal is short, while the number of Members who wish to make speeches is large.)

श्री देवराज सेठी : जनाबे वाला, मैं कह रहा था कि हमारी administration के खर्च में बचत की बहुत गुंजायश है।

स्पीकर साहिब, जब इस सभा का पहला बजट पेश हुआ था तो उस में officers की special pays, का एक तिहाई भाग खत्म कर दिया गया था। लिहाज़ा जब यह चीज़ Government of India की मन्ज़ूरी के लिए भेजी गई तो वह मन्ज़ूरी आज तक नहीं आई। आया इस में कोई साज़िश है या और कोई बात है यह देखना चाहिए। मुझे इस में शक पड़ता है। It is not all clean and it is not clear. मैं अपनी वज़ारत से दरखास्त करता हूं कि वह special pays को कम कर के तीन साल में बिल्कुल बन्द कर देने वाले प्रोग्राम को मुकम्मल कराए।

Administration के बारे में पिछले साल भी मैं ने कुछ कहा था। क्योंकि उन चीजों को पूरा नहीं किया गया इस लिए मैं उन्हें फिर कहता हूं।

स्पीकर साहिब, इस steel frame के तीन हिस्से हैं, I. C. S, I. A. S. और P. C. S.। यह देखने में आता है कि इन तीनों भागों में जितनी harmony, जितनी co-operation और जितना उत्साह चाहिए वह नहीं है। मैं यह नहीं कहता कि यह क्यों है। लेकिन कुछ वजूहात तो हैं। इस State के P. C. S. अफ़सरान की कुल तादाद है 225 और I. A. S. या I.C.S. हैं 40 या 45। इस सूबा की Administration की senior posts 32 हैं और उन में से 24 I. A. S. या I. C. S. को चली जाती हैं और बाकी की 8 posts P. C. S. के आदमियों को मिलती हैं। इन senior posts पर जहां चार या पांच साल की service वाले I. C. S. को लगा दिया जाता है वहां P. C. S.

के बीस से 30 साल के तजरूबे वालों को लगाया जाता है चाहे वह कितने ही काबिल क्यों न हों। इतना भी नहीं किया जाता कि जितनी officiating posts हों वह उन को दी जाएं लेकिन ऐसा नहीं किया जाता चाहे वह काफी efficiently इन posts पर काम कर सकते हों। यह चीज़ बगैर खर्च के बड़ी आसानी से की जा सकती है।

स्पीकर साहिब, जो I. C. S. officers हैं उन को बड़ी ज़िम्मेदारी है उन में बड़े लायक administrators हैं। इन को चाहिए कि वह अवाम का काम करें। उन में अगर अभी snobbery है तो वह अब गायब हो जानी चाहिए। अंग्रेज़ अब चले गए हैं। अब जो public servants हैं उन्हें काम सेवा के भाव से करना चाहिए।

देश के अन्दर पब्लिक के अन्दर इन के इस भाव की अब ज़रूरत है। जो पुराना hold है उस को खत्म किया जाना चाहिए। इस बारे में जितनी जल्दी कार्यवाही की जाए उतना ही अच्छा है। पब्लिक की शिकायत पूरी होनी चाहिए।

Secretariat के बारे में अर्ज़ करूंगा कि यह एक भारी भरकम wooden machine है जो बड़ी ही सुस्त काम करती है। आज पब्लिक जल्दी reports चाहती है। अगर कोई कागज़ Secretariat में चला जाए तो दो महीने से पहले वापिस नहीं आता और यदि Finance Department से हो कर जाए तो एक महीना और लग जाता है। इतना ज़्यादा इन्तज़ार करना पड़ता है। इस मशीनरी को बदलें। इस से time waste होता है। कागज़ नीचे Assistant और दफ्तरी के पास जाता है, फिर ऊपर के अफसरों के पास। इसी तरह मक्खी पर मक्खी मारी जाती है। इस तरह duplication होती है जो नहीं होनी चाहिए। इन चीजों को रोकने के लिए एक अफसर लगाना चाहिए। इस मशीनरी को overhaul करने की ज़रूरत है। इसे भी commercial basis पर organise किया जाना चाहिए।

फिर पुलिस को लें। मैंने पंजाब और U. P. का मुकाबिला किया। पंजाब में पुलिस पर 3 करोड़ 56 लाख खर्च है जो कि सारे बजट का 12 फीसदी है। 12, 13 ज़िलों की इस छोटी सी State में यह खर्च बहुत ज़्यादा है जबकि इस के मुकाबिले पर U. P. में पुलिस पर 9 फीसदी खर्च किया जाता है। कोई वजह नहीं कि यहां पर भी खर्च कम न किया जाए। कुंनपुरा पुलिस Academy के लिए 175 पुलिस constables की जगह खाली रख ली जाती हैं और इस तरह उन की uniforms और तनखाहों का खर्च surrender कर के Academy का खर्च चलाते हैं। इसी तरह और भी बातें हैं जिन में तरक्की हो सकती है। फिर District Security Staff है, C. I. D. है, C. I. A. और P. A. P. । कोई चीज़ एक बार खुल जाए तो उस में फिर इन के prestige का सवाल जाता है। उस की ज़रूरत हो या न हो बन्द नहीं करने दी जाती। जनत

[श्री देव राज सेठी]
यह है कि लोगों को कहने का मौका मिल जाता है कि आया यह एक Welfare State है या एक Police State । सारे बजट का 12, 13 फीसदी हिस्सा पुलिस पर खर्च किया जाता है । यह बहुत ज़्यादा है । Secretariat में आप ने एक Special Officer लगाया तो उस ने आप को 1,57,000/-/- रुपये की बचत कर दिखाई। इसी तरह का एक Special Officer आप Police Department में भी लगाएं जो इस department के working को overhaul करे । बाकी जिसे कोई शिकायत हो उसे चाहिए कि वह public में आएं तब तो कोई बात है मगर अगर कोई चुप रहता है तो इस का किसी को पता कैसे चले ?

अन्त में मैं मिनिस्टर साहिब को बधाई देता हूं कि जैसा बेहतर से बेहतर बजट इन हालात में पेश हो सकता था वैसा पेश किया गया है और आज पंजाब हिन्दुस्तान की 2, 3 best governed states में शुमार होता है ।

श्री केदारनाथ सहगल (बल्लभगढ़) : स्पीकर साहिब, मुझे ज़्यादा वक्त नहीं लेना लेकिन चन्द एक बातें जरूर अर्ज़ करना चाहता हूं । बजट हमारे सामने है । मेरे एक दोस्त ने U. P. के बजट के साथ इस का मुकाबला किया है । जिस वक्त 'तलिस्मी हुशनरुबा' 'अफसाना आज़ाद' या 'अल्फ लैला' किताब लिखी गईं तो यह महसूस किया जाता था कि शायद अब इस के बाद न ही इस किस्म की कोई किताब लिखी जाएगी और न ही अब ऐसा कोई मसन्नफ पैदा होगा । मगर जब मैं ने बजट को देखा तो मुझे खुशी महसूस हुई कि हमारे Finance Minister साहिब ने इन्हीं किताबों की तरह का एक बजट तैयार किया है । मेरे बाज़ दोस्त यह कहते हैं कि सामने के benches वाले सिर्फ नुक्ता चीनी ही करते हैं । लेकिन आप भी तो पहले मुबारकबाद से शुरू करते और फिर अपना रोना शुरु कर देते हैं जैसा कि मेरे दोस्त सेठी जी ने किया पहले मुबारिक बाद दी फिर अपना रोना शुरु कर दिया । इसी तरह और साहिबान भी करते हैं । मैं जानता हूँ कि उन की आवाज़ एक तूती की आवाज है जिसे नक्कार खाने में कोई नहीं सुनता । House में बहस हुई । बहुत सी बातें सामने रखी गईं मगर किसी मैम्बर ने ऐसा नहीं कहा कि जो हमने suggestion दी थी वह मानी नहीं गई । मैं समझता हूं कि उन्हें साफ इलफाज़ में कहना चाहिए कि जहां वह सरकार को बधाई देते हैं वहां उन की फलां फलां बात मानी नहीं गई । लेकिन खुशामद करना इंसान का शेवा है क्यों कि खुदा भी खुशामद से राज़ी होता है । आज हमारे वह दोस्त भी खुशामद करते हैं जो अंग्रेजों के ज़माने में partition से पहले अंग्रेजों और खुशामद के खिलाफ लड़ते रहे । उन्हों ने बड़ी २ तकरीरें कीं जिस में अंग्रेज़ों की नालायकी जाहर की और हिन्दुस्तानियों को उभारा ताकि वे अंग्रेज़ के खिलाफ लड़ें और अंग्रेज़ अपना बोरिया बिस्तर बांध कर यहां से चले जाएं और वे अपने मुल्क को ऊंचा ले जाएं । इस लड़ाई में सामने बैठे साहिबान में से कइयों ने बड़ी कुरबानियां दीं लेकिन आज वह भी खुशामद करते हैं । क्या हमारी सरकार ने कोई ऐसा कदम उठाया जिस से सूबे का भला हो ? कल सरदार अजमेर सिंह साहिब ने बताया कि हमारे एक वज़ीर साहिब के

रिश्तेदार को जो दिल्ली में रहते हैं लाखों रुपए का कर्ज़ा दिया गया । यह ठीक है कि charity begins at home शायद इसी लिए उन्होंने सोचा कि यह काम घर से ही शुरु करना चाहिए । पहले घर वालों को फायदा पहुँचे फिर दूसरों को । मैं अर्ज़ करूंगा कि अगर वाकई ऐसी बात है और पंजाब फाइनैन्स कार्पोरेशन का रुपया दिल्ली में लगाया गया है तो यह निहायत अफसोस की बात है क्योंकि पंजाब बेचारा तो पहले ही गरीब हो चुका है और Corporation खुले यहां और रुपया खर्च हो दिल्ली में । शायद ऐसा तो नहीं है "सागे खुदाई एक तरफ ...... का भाई एक तरफ" मैं कहता हूँ कि ऐसी बातों से हमारे सूबे को नुकसान पहुँच रहा है ।

स्पीकर साहिब, आप को मालूम होगा कि Stalin जो कि Russia का Dictator था और करीब 13 करोड़ आबादी का मालिक था जिस के मुल्क का रकबा 82 लाख square miles था और जिस का इलाका दुनिया के एक सिरे से दूसरे सिरे तक फैला हुआ था यानी जो Stalin आधी दुनियां पर rule करता था वह सिर्फ 3 कमरों के मकान में रहता था । लेकिन आज के भगत हमारे Chief Minister साहिब, दूसरे वज़ीरों की कोठियों, जिन पर 80,90 हज़ार रुपया लगा है, से भी बड़ी कोठी जिस पर 2,3 लाख रुपया खर्च आया है, रहते हैं और वह भी दूसरे मिनिस्टरों की कोठियों से जुदा ताकि यह ज़ाहिर हो कि यह बड़े वज़ीर की कोठी है। अगर हमारे Chief Minister साहिब ऊँचा standard कायम करना चाहते हैं और शायद वह अंग्रेज़ों से भी ऊंचा standard कायम करना चाहते हों, तो जुदी बात है । मैं अर्ज़ करूंगा कि पंजाब छोटी सी State है । इस में 13 ज़िले हैं जिन में से एक ज़िला लंगड़ा है । तो अगर $12\frac{1}{2}$ ज़िलों का State का Chief Minister यह कहे कि मैं 3 लाख रुपया की कोठी में रहूँगा जहां 50,000. रु० का furniture लगे क्योंकि पहला furniture मैला हो गया है तो यह कहां की दानाई है ?

मैं यह अर्ज़ करना चहता हूँ कि यह कहां की दानाई है कि सूबा को ऊंचा ले जाने के लिए घर को ऊँचा ले जाना शुरू कर दिया ? यह सख्त अफसोस की बात है । इस तरह से गरीब लोगों का standard कैसे ऊंचा हो सकता है ? मुझे उन भाइयों पर निहायत अफसोस है जो अन्धा धुन्ध बजट की तारीफ करते हैं।

हमारे Chief Minister साहिब राहेबान ज़िंदगी बनना चाहते हैं । यह कहा करते थे कि दाल रोटी का लंगर चलेगा पर हम क्या देखते हैं कि हमारे राहेबाने ज़िन्दगी कैसे कोठियों में रहते हैं । कोई आदमी इन से मिलने आए तो दो दो घण्टे कोठी के बाहर चक्कर काटने पड़ते हैं । क्या इस तरीके से लोगों के standard को ऊँचा किया जा रहा है ?

अभी कल की बात है कि मेरे दोस्त श्री अभय सिंह ने गुड़गावां के मुताल्लिक जिक्र किया था तो चौधरी लहरी सिंह साहिब जाट ने गुस्से में आसतीनें चढ़ा लीं । ऐसा मालूम होता था कि इनकी ज़ात पर किसी ने हमला कर दिया हो । लेकिन यह बात न थी । वह तो गुड़गावां की तरफ सरकार की और चौधरी साहिब की तवज्जुह दिलाना चाहते थे । उन्हों ने यह कहा था कि गुड़गावां की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । स्पीकर

[श्री केदार नाथ सहगल]

साहिब, आप को पता ही है कि गुड़गावां क्यों पंजाब से कट कर दिल्ली में शामिल होना चाहता है । इसी लिए कि उनकी कोई खबर नहीं लेता । चौधरी साहिब तो खुश होते हैं लेकिन उन्हें पता नहीं कि गुड़गावां अलहदा होना चाहता है । आज गुड़गावां नहीं, गरदाबाद बना हुआ है, इसे दूर करने के लिए गुड़गावां पर और खर्च करना चाहिए ।

फिर स्पीकर साहिब फरीदाबाद का कसबा है :

अध्यक्ष महोदय : आप का टाइम खत्म हो चुका है आप कब तक बैठेंगे ?

(Your time is over, when will you resume your seat ?)

श्री केदार नाथ सहगल : स्पीकर साहिब मैं तीन बजे बैठ जाऊंगा ।

अध्यक्ष महोदय : मैं समझा था तीन मिनिट तक । अच्छा आप पौने तीन तक अपनी स्पीच खत्म कर दें (I thought you would finish within three minutes. Anyhow please wind up by 2-45 p.m.)

श्री केदार नाथ सहगल : मैं स्पीकर साहिब Faridabad में Community Project के बारे में अर्ज़ कर रहा था । हमारे सात वज़ीरों में से एक बहुत अच्छे वज़ीर हैं । वह जहां भी मिलते हैं बड़े प्रेम और मुहब्बत से मिलते हैं । बड़े प्यार से बोलते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : आप की concrete suggestions हों तो पेश करें । प्यार मुहब्बत को बीच में न लाएं । आज आखरी दिन है और सब की ख्वाहिश है कि उन्हें थोड़ा समय मिले । (Please make some concrete suggestions. Avoid affectionate references. Today being the last day for the general discussion of the Budget, many hon. Members are keen that a few minutes be given to each one of them.)

श्री केदार नाथ सहगल : मैं वज़ीरों का नाम नहीं लेता । मैं तो सिर्फ यह जिक्र कर रहा था कि हमारे एक वज़ीर बड़े दोस्त नवाज़ हैं और अपने दोस्त को एक हज़ार रुपया तनखाह पर इस Community Project पर लगाया हुआ है । वह खूब मज़े में हैं ।

फिर हमारे दोस्त राय रघुबीर सिंह ने कहा कि मैं सरकार को Budget पेश करने पर बधाई देता हूँ । साथ ही यह भी कह दिया कि कांगड़ा से फल बाहर नहीं भेजे जाते क्योंकि सड़कें अच्छी नहीं हैं । मैं उन्हें यह बताना चाहता हूँ कि अभी तो इस गवर्नमेंट को बने सिर्फ 7,8 वर्ष ही हुये हैं। अभी तक तो सरकार कांगड़ा के बारे में सोच रही है । वह अगर आप इन्तज़ार करें तो Kangra को Switzerland बना देंगे । इस लिए आप सरकार की खुशामद न करें कांगड़ा ज़िले की तकलीफें बयान करें । कांगड़ा ज़िले से बहुत आमदनी हो सकती है अगर गवर्नमेंट चाहे तो । वज़ीर साहिबान तो कभी कभी जब मौसम अच्छा हो वहां पर जाते हैं । लेकिन कांगड़ा के interior में नहीं जा सकते क्योंकि वहां पर सड़कें नहीं हैं इस लिये मैं कांगड़ा से आने वाले दोस्तों से कहूँगा कि वह वज़ीरों को कांगड़ा के नकशे दिखाएं ताकि उन्हें कुछ हालात का पता चले

अब मैं चन्द इलफ़ाज़ तालीम के बारे में कहना चाहता हूँ। मैं यह अर्ज़ कर देना चाहता हूँ कि पंजाब ने सैंटर से कर्ज़ा ले कर Engineering College बनाया है। इस पर बहुत रुपया खर्च किया जाता है। लेकिन फिर भी लड़के दर बदर फिरते हैं। कोई Nagpur जाता है कोई Pillani और कोई Madras जाता है। इस कालेज पर इतना रुपया खर्च करने पर भी लड़कों को जगह नहीं मिलती। मैं अर्ज़ करता हूँ कि गवर्नमैंट को इस तरफ़ ख्याल करना चाहिए ताकि लड़के इस में ज़्यादा गिनती में दाखिल हो सकें।

अब स्पीकर साहिब, मैं छोटी जमातों को लेता हूँ। छोटी जमातों में पांचवी छट्टी में उन्हें इतने बोझ से लाद दिया जाता है कि वह सीधे नहीं चल सकते। इन जमातों में बहुत किताबें उन के पढ़ने के लिए रखी हुई हैं। वह इतनी किताबें नहीं पढ़ सकते। मैं तो समझता हूं कि यह तालीम की कमज़ोरी है कि बच्चों पर इतना बोझ लाद दिया जाता है। गवर्नमैंट नहीं देखती कि क्या बच्चा इन सब किताबों को पढ़ भी सकेगा।

इस के बाद मैं किताबों की छपाई को लेता हूँ। मैं वज़ीर साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि किताबों की छपाई में बहुत गलतियां हैं हालांकि गवर्नमैंट की तरफ से छापी गई किताबों में कोई भी गलती नहीं होनी चाहिए थी। हमारे पास पिछले दिनों एक पलन्दा किताबों का आया था जिस में हज़ारों गलतियां थीं।

अब मैं वज़ीर साहिब से यह पूछता हूँ कि उन्हों ने क्या सोचा था जब चन्डीगढ़ या तुगलकाबाद, कबूतर खाना या गर्दखाना बनाने का फैसला किया (हंसी) पिछले तीन बर्षों में चण्डीगढ़ में private मकान 50 से ज़्यादा नहीं बने। अगर इस के लिए Centre की सरकार करोड़ों रुपए न देती तो कबूतर खाने न बन सकते। यहां पर private मकानों के न बनाए जाने की एक वजह है। वह यह है कि लोगों को यह ख्याल मिल रहा है कि Chandigarh आबाद नहीं होगा। अगर लोगों को यकीन हो जाए कि चण्डीगढ़ आबाद हो जाएगा तो आज हज़ारों मकान बन जाएं। यहां पर 8'x10' की दुकानें बनी हुई हैं। मुझे एक दुकानदार ने बताया कि उसे इस दुकान के लेने पर 5 हज़ार रुपया देना पड़ा। इस हिसाब से यहां पर ज़मीन 400, 500 रुपए गज़ के हिसाब से दी गई है। फिर सड़कों को लें। सड़कें तो इस तरह बनाई जाती हैं कि बरसात में पानी सड़क में जमा न हो पर यहां पर तो सड़कें नहरें बन जाती हैं। फिर कल अभी सड़कें बनी हैं और आज स्पीकर साहिब, आप ने कार पर जाते देखा होगा कि सड़कों पर जगह जगह पर टाकियां लगी हुई हैं। गवर्नमैंट रुपया को बहुत बुरी तरह खर्च कर रही है।

फिर सरकारी मुलाज़मों का बुरा हाल है। इस की तरफ कोई ख्याल नहीं किया गया। हां मिनिस्टर साहिबान के furniture को तबदील करने पर हज़ारों रुपए खर्च कर दिए गये और कहा गया कि furniture मैला और पुराना हो गया था।

चण्डीगढ़ में मुझे बताया गया कि पुलिस की तरफ से अन्धेर गर्दी और बुरछा गर्दी मची हुई है। बाज़ारों में से दुकानदारों के बोर्ड उतारे जा रहे हैं। किसी ने मिनिस्टर साहिबान को मिलना हो या किसी Secretary के घर जाना हो तो अगर बोर्ड न हो तो कैसे पहुँचेगा। उसे बहुत वक्त ज़ाया करना पड़ेगा। दुकानों पर बोर्ड न होने से जिस आदमी ने आटा लेना होगा वह किसी Chemist की दुकान पर चला जाएगा (हंसी) मुझे मालूम हुआ है कि कल परसों से पुलिस फिर रही है और दुकानों के बोर्ड उतरवा रही है। मैं नहीं समझता कि बोर्डों में क्या बुराई है

[श्री केदार नाथ सहगल]

अगर यह बोर्ड लगे हुए हैं कि असैम्बली का रास्ता इधर है। M. L. A's के flats इस तरफ हैं, High Court इस तरफ है तो इस में क्या हर्ज है। अगर कोई आदमी सैर करना चाहे तो चंडीगढ़ में उस के लिए बहुत मुश्किल का सामना करना पड़े। इस तरह का कमाल चंडीगढ़ में हो रहा है।

एक मकान यहां बना हुआ है और एक बहुत दूर फासले पर। हाई कोर्ट की बिल्डिंग दो तीन मील के फासले पर बना दी। इस से लोगों को इतनी तकलीफ होती है कि मैं ब्यान नहीं कर सकता। इस के इलावा मैं यह अर्ज़ करूंगा कि गवर्नमेंट को यहां एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने के लिए buses चलाने का इन्तज़ाम करना चाहिए।

गवर्नमेंट इतनी partial है कि जो अखबार सरकार का प्रापेगंडा करते हैं उन को ज़्यादा इश्तिहार छापने के लिए दिए जाते हैं और जो प्रापेगंडा नहीं करते उन्हें सिर्फ इतने इश्तहार दिए जाते हैं कि जिस से उन्हें दो सौ या अढ़ाई सौ रुपया मिल सके। यह हालत है इस गवर्नमेंट की।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ (ਆਦਮਪੁਰ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਇਹ ਬਜਟ ਜਿਹੜਾ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਸ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਚੰਗੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਹਨ ਤੇ ਚੰਗੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਹਨ। Law and order ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੇਰੀ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਕਈ ਸੱਜਨਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ Law and order ਚੰਗਾ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ ਚੋਰੀ, ਡਾਕੇ ਤੇ ਰਾਹਜ਼ਨੀ ਦੀਆਂ ਵਾਰਦਾਤਾਂ ਬਹੁਤ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਪਰ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਵਾਰਦਾਤਾਂ ਅੱਗੇ ਨਾਲੋਂ ਘੱਟ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਇਸ ਲਈ Law and order ਦੀ ਹਾਲਤ ਬਹੁਤ ਚੰਗੀ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਰਿਸ਼ਵਤ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਕਦਮ ਉਠਾਏ ਹਨ। ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਅਧਿਕਾਰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਾਲੀ ਮਦਦ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਆਪਣਾ ਕੰਮ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲਾ ਸਕਣ ਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਨੂੰ ਬਿਹਤਰ ਬਣਾ ਸਕਣ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹਰੀਜਨ ਬੇਜ਼ਮੀਨ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ lease ਤੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਆਪਣੀ ਰੋਜ਼ੀ ਕਮਾ ਸਕਣ। Industrialists ਦੀ ਮਦਦ ਲਈ industrial plots ਨੀਲਾਮ ਕਰਕੇ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਤੋਂ ਪਤਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਅੱਗੇ ਵਲ ਤਰੱਕੀ ਕਰਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਫੇਰ ਤੁਸੀਂ co-operative societies ਵਲ ਵੇਖੋ ਕਿ ਕਿੰਨੀਆਂ ਜ਼ਿਆਦਾ co-operative societies ਖੁਲ੍ਹ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਹਦੇ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਚੰਗੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। 120 co-operative societies ਜੁਤੀਆਂ ਬਨਾਉਣ ਵਾਲਿਆਂ ਲਈ ਖੁਲ੍ਹੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਜੇ ਅਸੀਂ ਤਾਲੀਮ ਵਲ ਵੇਖੀਏ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਹੈਰਾਨ ਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਐਨੇ ਸਕੂਲ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਖੁਲ੍ਹ ਗਏ ਹਨ। 900 ਹੋਰ ਨਵੇਂ ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹੇ ਜਾਣੇ ਹਨ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਰ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਵੱਡਾ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਛੋਟਾ ਹੋਵੇ ਇਕ ਸਕੂਲ ਬਣ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਹ ਬੜੀ ਚੰਗੀ ਗੱਲ ਹੈ ਤੇ ਵਿਦਿਆ ਹਾਸਲ ਕਰਨ ਸੰਬੰਧੀ ਜਿਹੜੀਆਂ ਔਕੜਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਆਉਂਦੀਆਂ ਸਨ ਉਹ ਦੂਰ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਸੀਂ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਅੱਗੇ ਲੈ ਜਾਵਾਂਗੇ। ਸ਼ਿਕਸ਼ਾ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਤਾਂ ਬਹੁਤ ਖੋਲ੍ਹੇ ਗਏ ਹਨ ਪ੍ਰੰਤੂ ਹਾਈ ਸਕੂਲਾਂ ਦੇ ਖੋਲ੍ਹਣ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਸ਼ਰਤਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਢਿੱਲਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਸ਼ਰਤਾਂ ਇਹ ਹਨ ਕਿ C. I. D. ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਲੈਣੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਰਕਮ ਇੰਸਪੈਕਟਰ ਦੇ ਨਾ ਜਮਾਂ ਕਰਾਣੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਖੋਲ੍ਹਣ ਸਬੰਧੀ ਜਿਹੜੀਆਂ ਸ਼ਰਤਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਢਿੱਲਾ ਕਰ ਦਏ। ਮੇਰੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿੱਤਰਾਂ ਨੇ

ਜਿਹੜੇ opposition party ਨਾਲ ਸਬੰਧ ਰਖਦੇ ਹਨ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਘੱਟ ਰਿਆਇਤਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸ਼ਾਇਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਜਟ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੜ੍ਹਿਆ ਨਹੀਂ । ਮੇਰੇ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦਿਆਂ ਭਰਾਵਾਂ ਨੂੰ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਨ ਦਾ ਸ਼ੌਕ ਹੈ ਤੇ ਉਹ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਗੱਲ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਮੁਜ਼ੱਮਤ ਕਰਨ ਲਈ ਕਹਿ ਦੇਂਦੇ ਹਨ । ਕਲ ਮੇਰੇ ਇਕ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿੱਤਰ ਨੇ ਵਜ਼ੀਰ ਉੱਤੇ ਇਹ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਾਇਆ ਕਿ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚੋਂ ਉਹ ਭੈਂਸ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਲੈ ਆਏ । ਮੈਂ ਬੜਾ ਹੈਰਾਨ ਹੋਇਆ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਭੈਂਸ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲੈ ਆਏ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵੱਢੀ ਲੈਣੀ ਹੀ ਸੀ ਤਾਂ ਭੈਂਸ ਲੈਣ ਦਾ ਕੀ ਮਤਲਬ ਸੀ । ਜਦੋਂ ਉਹ ਆਪਣੀ ਤਕਰੀਰ ਖਤਮ ਕਰ ਚੁਕੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਣ ਲਈ ਬਾਹਰ ਗਿਆ ਤੇ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਵਾਕਈ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਲਈ ਹੈ । ਤੇ ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਕਿ ਹਾਂ ਤੇ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਦੀ ਤਸਦੀਕ ਕਰਨ ਲਈ ਗਵਾਹ ਮੌਜੂਦ ਹਨ । ਗਵਾਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਿਆ ਗਿਆ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗਾ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ ਵਜ਼ੀਰ ਨੇ ਭੈਂਸ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੀ ਨਹੀਂ ਲਈ ਬਲਕਿ ਸੁੰਦਰ ਸਿੰਘ ਠੇਕੇਦਾਰਾਂ ਦੇ ਅਫਸਰ ਨੇ ਭੈਂਸ ਲਈ ਸੀ । ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਵੀ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਮੇਰੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿੱਤਰ ਇਸ ਵੇਲੇ ਆਪਣੀ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਨਹੀਂ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਤੇ ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਨੁਮਾਇੰਦੇ ਹਾਂ ਤੇ ਸਾਨੂੰ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੂਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰੀ ਨਾਲ ਬੋਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਸਾਡੇ ਬਜਟ ਵਿਚ 46 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ welfare ਲਈ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ 10 ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ 1945 ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਸੀ 32,500 ਰੁਪਿਆ Harijan welfare ਵਾਸਤੇ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ । ਇਹ ਖੁਸ਼ੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਐਨਾ ਰੁਪਿਆ ਸਾਡੇ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । 46 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਵਿਚੋਂ ਸ਼ਿਕਸ਼ਾ ਹੀ ਨਹੀਂ, Training Centres ਵੀ ਖੋਲ੍ਹੇ ਜਾਣਗੇ । ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਕਿਤਾਬਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ, stipends ਦਿਤੇ ਜਾਣਗੇ, ਖੂਹ ਖੋਦੇ ਜਾਣਗੇ, ਮਕਾਨਾਂ ਦੀ ਮੁਰੰਮਤ ਕੀਤੀ ਜਾਏਗੀ ਤੇ ਨਵਿਆਂ ਮਕਾਨਾਂ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏਗਾ ।

ਮੇਰੇ ਕਈ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿੱਤਰਾਂ ਨੇ ਇਹ ਇਤਰਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਬਜਟ ਦਾ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਹਿੱਸਾ ਤੇ ਹਰੀਜਨ ਹੀ ਲੈ ਗਏ ਹਨ । ਇਹ ਗੱਲ ਸੁਣ ਕੇ ਮੈਂ ਬੜਾ ਹੈਰਾਨ ਹੋਇਆ ਹਾਂ ਤੇ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 25 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ Education ਲਈ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਕਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਜੱਟਾਂ, ਬ੍ਰਾਹਮਣਾਂ ਤੇ ਖੱਤਰੀਆਂ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਤੇ ਬਾਕੀ ਬਰਾਦਰੀ ਵਿਚ ਕੁਝ ਤਾਂ scheduled castes ਹਨ ਤੇ ਕੁਝ backward classes ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ 32 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ-ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਇਕ ਮਿਯਾਰ ਮੁਕੱਰਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਐਨੀ ਆਮਦਨ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਆਮਦਨ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਿਆਂ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ੀਫੇ ਨਹੀਂ ਦਿਤੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਤੇ ਫੀਸ ਵੀ ਮੁਆਫ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ । ਇਸ ਕਾਇਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ, ਨੰਬਰਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਆਮਦਨੀ ਘੱਟ ਲਖਾਉਣ ਲਈ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇਣੀ ਪਏਗੀ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਨੌਕਰੀਆਂ ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ ਤਿੰਨਾਂ ਬਰਾਦਰੀਆਂ ਅਰਥਾਤ ਜੱਟਾਂ, ਬ੍ਰਾਹਮਣਾਂ ਤੇ ਖੱਤਰੀਆਂ ਨੂੰ 79 ਫੀ ਸਦੀ ਨੌਕਰੀਆਂ ਵਿਚ ਹਿੱਸਾ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਬਾਕੀਆਂ ਦਿਆਂ ਨੂੰ 21 ਫੀ ਸਦੀ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ services ਵਿਚ ਥੋੜ੍ਹੇ ਤਨਾਸਬ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਸਾਨੂੰ exploit ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

ਨੌਕਰੀਆਂ ਸਬੰਧੀ ਮੈਂ ਬੜੇ ਵਸੂਕ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 21 ਫੀ ਸਦੀ ਦੀ ਬਜਾਏ ਇਹ ਦਸ ਫੀ ਸਦੀ ਵੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਹੀਆਂ । ਮਿਯਾਰ ਅਜਿਹਾ ਕਾਇਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨ candidates qualify ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ minimum qualification ਵੀ ਕਾਫ਼ੀ ਸਮਝੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਆਪਣੀ ਜਾਤੀ ਦੇ

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬੰਤਾ ਸਿੰਘ]
ਆਦਮੀਆਂ ਨਾਲ ਹੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਿੰਨਾ ਚਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ reservation ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੈਣ ਲਈ minimum qualification ਰਖੀ ਜਾਵੇ। ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ competitions ਵਿਚ ਬਿਠਾਇਆ ਜਾਵੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਮਿਆਰ ਦੂਜਿਆਂ ਤੋਂ ਘੱਟ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ।

ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਾਣ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ ਸ਼ਾਸਤ੍ਰੀ, ਗਿਆਨੀ ਤੇ ਪਰਭਾਕਰ ਪਾਸ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਬਰਾਬਰ ਹੁੰਦੀਆਂ ਸਨ, ਪਰ ਹੁਣ ਗਿਆਨੀ ਤੇ ਪਰਭਾਕਰ ਪਾਸ ਟੀਚਰਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਸ਼ਾਸਤਰੀ ਪਾਸ ਟੀਚਰਾਂ ਤੋਂ ਘੱਟ ਰਖੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਤਫੱਰਕਾ ਪਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਦਿਲ ਵਿਚ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਲਈ ਪਿਆਰ ਹੈ ਪਰ ਇਕ dead language ਦੇ teachers ਦਾ ਗਰੇਡ ਦੂਜੀਆਂ ਜ਼ਬਾਨਾਂ ਦੇ grades ਤੋਂ ਵੱਧ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ।

ਸ਼੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ (ਫਾਜ਼ਿਲਕਾ) : ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਇਹਨੂੰ ਬੜਾ ਸਰਾਹਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲੈਨ ਦੇ ਆਖਰੀ ਸਾਲ ਦਾ ਬਜਟ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ 4 ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਹਦਾ ਇਹ ਹਾਲ ਹੈ ਕਿ ਕਾਂਗੜੇ ਵਾਲੇ ਆਪਣਾ ਰੋਣਾ ਰੋਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਹਰਿਆਨਾ ਵਾਲੇ ਆਪਣਾ। ਸਾਰਾ ਸੂਬਾ ਹੀ ਜਦੋਂ ਮੌਕਾ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਰੋਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਘੜੇ ਨੂੰ ਵੇਖ ਸਾਰਾ ਟੱਬਰ ਹੀ ਤਰਿਹਾਇਆ ਨਿਕਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨਿੱਤ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦਾ ਸੂਬਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ, ਵਜ਼ੀਰ ਸਭ ਪੇਂਡੂ ਹਨ, ਇਕ ਅੱਧ ਸ਼ਹਿਰੀ ਨੂੰ ਛੱਡ ਕੇ ਬਾਕੀ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਰਹਿਣ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਪੇਂਡੂਆਂ ਨੂੰ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਉੱਚਾ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਇਹ ਕਿਤਨੀਆਂ ਗ਼ਲਤ ਗੱਲਾਂ ਹਨ, ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਧਰਤੀ ਨੂੰ ਬਦਨਾਮ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਗ਼ਰੀਬ ਕਰਕੇ ਕਈ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਲਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਹਨ।

ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀਆਂ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਸੱਚੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਤਾਂ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਜ਼ਰੱਈ ਤਰੱਕੀ ਸਥਾਪਨ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਜਿਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਨਹੀਂ। ਰੂਸ ਤੇ ਚੀਨ ਦੀਆਂ ਰੋਜ਼ ਮਿਸਾਲਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਇਹ ਨਹੀਂ ਸੋਚਿਆ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਜ਼ਰੱਈ ਉੱਨਤੀ ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਬੁਨਿਆਦੀ ਤਬਦੀਲੀ ਲਿਆਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਤਬਦੀਲੀ ਸਰਕਾਰ ਲਿਆਉਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਰੋਜ਼ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਛੋਟੇ ਮਾਲਕਾਂ ਦਾ ਸੂਬਾ ਹੈ। ਵੰਡ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਥੇ 25 ਲੱਖ ਮਾਲਕ ਹੋ ਗਏ ਸਨ। 1,38,000 ਮਾਲਕ ਉਹ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ 30 standard acres ਤੋਂ ਉੱਪਰ ਹੈ। ਪਹਿਲਾਂ ਸਰਕਾਰ ਨੇ 100 standard acres ਹੱਦ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ, ਮਾਲਕਾਂ ਪੂਰੀ ਕਰ ਲਈ, ਫਿਰ ਘਟਾ ਕੇ 50 standard acres ਕੀਤੀ ਗਈ, ਫਿਰ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਹੁਣ ਹੱਦ 30 standard acres ਹੋ ਜਾਣੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੰਮ ਠੀਕ ਠਾਕ ਕਰ ਲਿਆ। ਇਸ ਹੱਦ ਤੋਂ ਉੱਪਰ 1,38,000 ਮਾਲਕ ਹਨ, ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਧਰਤੀ ਦਾ 37 ਫੀ ਸਦੀ ਹਿੱਸਾ ਲਈ ਬੈਠੇ ਹਨ। ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਕੋਈ ਤਬਦੀਲੀ ਨਹੀਂ ਆਈ। 19 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਇਕ Ordinance ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ, ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਹਦਾ ਕੀ ਹਸ਼ਰ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਤੇ ਰੁਪਏ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟਿਕਟ ਵੀ ਲਗਾਏ ਅਤੇ ਮਾਲ ਅਫਸਰਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀਆਂ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਸੁਣਵਾਈ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਜੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿਧਰ ਚਲੇ ਗਏ ਨੇ, ਸਾਨੂੰ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਤੁਸੀਂ ਛੋਟੇ ਮਾਲਕਾਂ ਨੂੰ ਆਪਸ ਵਿਚ ਲੜਾਂਦੇ ਹੋ। 2.5 ਫੀ ਸਦੀ ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਰਾਖੀ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੁਕਾਈ ਬੈਠੀ ਹੈ। ਜਾਗੀਰਦਾਰ ਤਾਂ 36,000 ਰੁਪਏ ਕਮਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਤੇ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਭੁਖੇ ਮਰ ਰਹੇ ਹਨ। 44,69,000 ਰੁਪਿਆ ਇਕ ਸਾਲ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਕਾਵੀ ਕਰਜ਼ੇ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਦਿੱਤਾ

ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ tractors ਖਰੀਦ ਸਕਣ । ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਕਿਹਾ ਇਹ ਜਾਂਦਾ ਤੇ ਅਸੀਂ ਸੁਣ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਹਰੀਜਨਾਂ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮੱਦਦ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੂੰਹ ਤੋਂ ਇਹ ਗੱਲ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਿਕਲ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਜਦ ਕਿ ਅਮਲੀ ਤੌਰ ਤੇ ਕੰਮ ਇਸ ਦੇ ਬਿਲਕੁਲ ਉਲਟ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਕ ਟਰੈਕਟਰ ਚਲਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਈ ਘਰਾਣੇ ਉੱਜੜ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਟਰੈਕਟਰ ਹਲ ਹੀ ਚਲਾਂਦੇ ਸਨ, ਹੁਣ ਬਿਜਾਈ ਤੇ ਛਣਾਈ ਵੀ ਉਹੀ ਕਰਨਗੇ। ਸਾਡੇ Development Minister ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਨਹੀਂ ਥਕਦੇ ਕਿ 'ਮੇਰਾ ਦਿਲ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਹੈ,' ਪਰ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਦਾਣੇ ਉਡਾਣ ਦੀ ਮਸ਼ੀਨ ਗਈ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੋਂ ਕੰਮ ਖੋਹ ਕੇ ਆਪਣੀਆਂ 600 ਭਰੀਆਂ ਮਸ਼ੀਨ ਤੇ ਭੇਜ ਦਿੱਤੀਆਂ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਜਾੜਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਇਕਤਸਾਦੀਆਤ ਕਿਥੋਂ ਪੜ੍ਹ ਕੇ ਆਏ ਹਨ। ਸਾਨੂੰ ਤਾਂ ਕੰਮ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ, ਜਿਹੜੇ ਹੱਥਾਂ ਨਾਲ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ tractors ਲਈ ਪੈਸੇ ਕਿਉਂ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ। ਪਿੰਡ ਵਾਲਿਆਂ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਫਸਲਾਂ ਦੀ ਬਿਜਾਈ, ਕਟਾਈ ਤੇ ਛਣਾਈ ਤੇ ਹੈ। ਇਹੋ ਕੰਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰੋਜ਼ੀ ਦਾ ਜ਼ਰੀਆ ਹਨ।

ਇਹ ਪਲੰਦਾ ਜਿਹੜਾ ਮੇਰੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਹੈ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਲਈ ਹਮਦਰਦੀ ਦਾ ਸਬੂਤ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਜਿਨਸਾਂ ਦਾ ਭਾਉ ਤਾਂ ਮੰਦਾ ਹੋ ਹੀ ਗਿਆ ਹੈ ਪਰ ਕਪੜਾ ਉੱਥੇ ਹੀ ਟਿਕਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਪੰਡਤ ਜੀ ਨੇ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਸ਼ਾਦੀਆਂ ਕਰ ਲਵੋ, ਹਾੜ ਵਿਚ ਤਾਰਾ ਡੁਬ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਲੋਕ ਕਪੜਾ ਖਰੀਦੀ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਜੇ ਤਾਰਾ ਡੁਬ ਗਿਆ ਤਾਂ Ministry ਦਾ ਤਾਰਾ ਵੀ ਡੁਬ ਜਾਏਗਾ। ਇਸ Memorandum ਤੇ ਕੋਟ ਗੁਰੂ ਹਰ ਸਹਾਇ ਤੇ ਜਲਾਲਾਬਾਦ ਦੇ ਦਸ ਹਜ਼ਾਰ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਅੰਗੂਠੇ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਇਹਦੇ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸੌ ਸੌ ਸਾਲ ਦੇ ਪੁਰਾਣੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਉਠਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਾਂ ਉਠਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਕਾਗਜ਼ ਮੌਜੂਦ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਉੱਪਰ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਅੰਗੂਠੇ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ . ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੇਜ਼ ਉੱਪਰ ਰਖਦਾ ਹਾਂ..........

Mr. Speaker : Under what rules can these papers be laid on the Table. I am not aware of any such rule. Do these papers relate to the same subject matter ?

ਸ੍ਰੀ ਵਧਾਵਾ ਰਾਮ : ਜਨਾਬ ਅੱਧਿਆਂ ਦਾ ਮਜ਼ਮੂਨ ਹੋਰ ਹੈ ਅਤੇ ਅੱਧਿਆਂ ਦਾ ਹੋਰ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ 100, 100 ਸਾਲ ਦੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਉਖੇੜ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਹੋਰਨਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਜੇ ਕਰ ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਜ਼ਬਾਨ ਹਿਲਾਉਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਸਾਡੀ ਸੇਵਾਦਾਰ ਪੁਲਿਸ ਉੱਥੇ ਪਹੁੰਚ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚੋਂ 60 ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਗ੍ਰਿਫਤਾਰ ਕਰਕੇ ਲੈ ਆਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਤਾਰੀਖਾਂ ਭੁਗਤਦੇ ਫਿਰਦੇ ਹਨ, ਰੋਟੀ ਖਾਣ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਆਨਾ ਨਹੀਂ ਹੈ, ਪੱਲੇ ਪੈਸਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਪੁਲਿਸ ਜਿਸਦਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਚਾਲਾਨ ਕਰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਸਾਡੀ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ।

श्री राम किशन (जालन्धर शहर, उत्तर पश्चिम) : स्पीकर साहिब ! मैं जनाब Finance Minister साहिब को Development और Welfare State का बजट पेश करने के लिए बधाई देता हूँ । पिछले तीन दिन से मैं ने opposition के मम्बरान की तकरीरें बड़े ग़ौर से सुनी हैं। उन्हों ने बार बार इशारा किया है कि शायद पंजाब की बरबादी के दिन आ गए हैं। उन का ख्याल है कि न तो पंजाब ने पिछले 2, 4 सालों से तरक्की की है और न मौजूदा बजट किसी किसम की तरक्की का मनज़र पेश करता है। एक माननीय सदस्य ने Mr. Slocum की appointment पर हमला किया है, तो दूसरे माननीय सदस्य ने पुलिस

[श्री राम किशन]

के बारे में नुक्ताचीनी की है और communalism के बारे में हवाले दिये हैं। अभी अभी मेरे पूर्ववक्ता ने कहा है कि पंजाब सरकार का तारा 2 महीने तक डूबने वाला है। मैं उन्हें थोड़े से फिकरों में समझा देना चाहता हूं कि पंजाब सरकार का तारा डूबने वाला है कि नहीं मैं ने opposition के मैम्बरों से यह कहना है कि उन्हें बड़े गौर से और unitedly इन चीज़ों को देखना चाहिये, पढ़ना चाहिये। उन्हें जानना चाहिये कि आन्ध्रा की दीवारों पर क्या लिखा गया है। यह जो बजट हमारे सामने आया है अगर इस का नाम Development Budget नहीं है तो फिर और किस चीज़ का नाम Development हो सकता है। उन्हें चाहिए कि पिछले 2, 4 सालों का तखमीना देखें और नई तस्वीर भी अपने सामने रखें तो फिर उन को फर्क का पता लगेगा। मैं बारी बारी हर एक item को लूंगा। Welfare State को बनाने के लिये किन किन बातों की ज़रूरत होती है, आया उन बातों की तरफ हमारी सरकार ने तवज्जुह दी है या नहीं। यह देखने की बात है। अगर वाकई पंजाब सरकार उन बातों की तरफ तवज्जुह नहीं दे पाई है तो फिर opposition के मैम्बरों ने जो कुछ कहा है 100 फीसदी ठीक है। लेकिन तस्वीर बिल्कुल उलटी है। यह तो मैं समझता हूँ कि ऐसे समाज की बुनियाद जैसी कि हम Socialistic Pattern of Society बनाना चाहते हैं अभी नहीं बना पाए हैं। लेकिन इस में शक नहीं कि इस तरफ एक कदम तेज़ी से आगे बढ़ गया है। न सिर्फ तेज़ी से कदम ही बढ़ गया है बल्कि Welfare State बनाने के लिये और अफलास को दूर करने के लिये उस सिलसिले में जो जो कदम ज़रूरी हैं तेज़ी से उठाये जा रहे हैं। स्पीकर साहिब, कौन नहीं जानता कि Rome was not built in a day। रोम एक दिन में नहीं बन गया था बल्कि उसे बनते बनते कई सदियां लग गई थीं। इस बजट में जहां तक Administration पर खर्च का ताल्लुक है उस में एक तरह से कमी की गई है। गौर से देखने से पता लगता है कि यह बजट सही मानों में Development का बजट है। 1951-52 में Administration पर 31% खर्च होता था और Development की स्कीमों पर केवल 22% खर्च होता था आज चार पांच साल के बाद यह शक्ल बन गई है कि जहां तक Administration पर इखराजात का ताल्लुक है वह 31% से कम हो कर 22 से 23% तक आ गया है। जहां तक पुलिस का ताल्लुक है मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि अगर हम सारे हिन्दुस्तान का नकशा देखें तो बावजूद इस बात के कि हमारी स्टेट एक बार्डर स्टेट है और इसे बार्डर पुलिस का खर्च बरदाश्त करना पड़ता है दूसरी स्टेटों से हमारी स्टेट का पुलिस का खर्च कम है। मैं इस सम्बन्ध में हिन्दुस्तान की दूसरी स्टेटों के आंकड़े देना चाहता हूँ। 1954-55 में West Bengal में पुलिस पर 10·9% बिहार में 9·9%, बम्बई में 12·6%, मद्रास में 10% और उत्तर प्रदेश में 9·1% खर्च पुलिस पर हुआ। लेकिन इन के मुकाबिले में पंजाब का खर्च सिर्फ 8% है। स्पीकर साहिब, अगर हम world के बड़े बड़े शहरों में पुलिस के खर्च को देखें तो हमें हैरानी होगी कि वहां पर कितना ज़्यादा खर्च पुलिस पर किया जाता है। Calcutta के श्री नरेश दत्त ने जो कि सारी दुनिया का tour कर के आए थे बड़े बड़े शहरों में किये जाने वाले पुलिस के खर्च के आंकड़े दिये हैं। उस खर्च को सुन कर आप को हैरानी होगी। उन के मुताबिक मास्को में

पुलिस पर 19 करोड़ रुपया सालाना खर्च होता है, लण्डन में 24 करोड़ सालाना, टोकियो में 20 करोड़ सालाना और न्यूयार्क में 25 करोड़ सालाना खर्च आता है। उस के मुकाबला में पंजाब में पुलिस पर बहुत कम खर्च होता है। और वह भी किसी को suppress करने के लिये नहीं दबाने के लिये नहीं बल्कि जनता की peaceful living के लिये, जनता की हिफाजत के लिये और border State की रक्षा के लिये है। पंजाब में कई black sheep भी हो सकती हैं। उनके हाथों से पंजाब की हिफाज़त करने के लिये और पंजाब में Law and Order कायम रखने के लिये यह खर्च किया जा रहा है। इस लिये यह कोई ज़्यादा खर्च नहीं है।

स्पीकर साहिब, इस के आगे मैं Education के बारे में कुछ अर्ज़ करना चाहता हूँ। पिछले सालों का बजट मुलाहिज़ा किया जाये तो मालूम होगा कि शिक्षा के खर्च में 240% इज़ाफा हुआ है। यह बात हमारे लिये कितनी काबले फख़र है। पिछले पांच सालों में प्राइमरी students की तादाद दो लाख के करीब बढ़ गई है। Secondary Schools में students की तादाद 1·23 लाख बढ़ गई है। पिछले पांच वर्षों में 5685 के करीब नये Primary Schools स्टेट में खोले गये हैं। क्या यह सब हमारे लिये गौरव की बात नहीं है? Russia जिस को मेरे दोस्त ideal State मानते हैं आज़ाद होने के बाद 19 वर्ष तक compulsory education न कर सका उस के मुकाबला में कोई ऐसा गांव नहीं रहा कि जहां पंचायत हो और स्कूल न हो। क्या इतने थोड़े से अरसे में की गई इतनी बड़ी तरक्की पर हमें गौरव नहीं हो सकता? मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि अम्बाला और जालन्धर डिवीज़न में 89 dispensaries पहले provincialize की जा चुकी हैं और 81 नई dispensaries अगले वर्ष में provincialize की जाएंगी। 40 आयुर्वैदिक और यूनानी dispensaries पहिले खोली जा चुकी हैं और 25 और खोलने की provision की गई है। मैं अपने भाइयों से पूछना चाहता हूँ कि जो तरक्की पंजाब स्टेट ने पिछले चार पांच वर्षों में medical तौर पर की है क्या यह सन्तोषजनक नहीं है? अभी पिछले वर्ष में ही कुरुक्षेत्र में इतना बड़ा भारी मेला हुआ था। उस मेले में सारे भारतवर्ष में से लाखों प्राणी एकत्र हुये थे। वे सब वहां की गई चिकित्सक व्यवस्थाओं को देख कर हैरान रह गए। पंजाब प्रदेश ने सारे हिन्दुस्तान के सामने एक नई तस्वीर पेश की है। स्पीकर साहिब, न सिर्फ यह बल्कि मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि अपोजीशन के मैम्बरान ने अपनी दो दिनों की तकरीरों में यह कहा कि पंजाब में industry बिल्कुल नहीं, cottage industry का नामोनिशां भी नहीं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इस साल कपड़े की production में 42% का अज़ाफा हुआ और woollen में 17% का। इस तरह पंजाब में Five Year Plan को execute करने के लिए जहां administration decentralise करने की तरफ पूरी तौर से कोशिशें हो रही हैं और मुख्तलिफ directions में कदम उठाए जा रहे हैं, वहां cottage industries और दूसरी small scale industries को फरोग देने के लिये भी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जा रही। कोई भी आदमी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि पंजाब में आज एक आर्थिक इनकिलाब आ रहा है। एक ऐसा इनकिलाब आने वाला है जिस में बड़े बड़े आदमी नीचे आएंगे और जो पिछड़े हुये हैं, जो नीचे तबके के हैं जिन्हें भरपेट खाने को नहीं मिलता वह इधर उधर जाएंगें। वह

[श्री राम किशन]

वक्त बहुत जल्द आ रहा है जब कि from have to have not होने वाला है। मुल्क की society और economy में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन आता जा रहा है। मेरे दोस्तों ने Socialistic Pattern of Society का नाम लेकर बड़ा वावेला मचाया। Socialistic Pattern of Society के आखिर क्या मायेंने है? क्या मौजूदा बजट मुल्क को, सूबे को उस तरफ लेजाने वाला नहीं है? स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा हाऊस के मैम्बरान से पूछना चाहता हुँ कि आखिर Socialistic Pattern of Society किस चीज़ का नाम है? उस तरफ कदम बढ़ाने के लिए सब से ज़्यादा ज़रूरत इस बात की है कि ज़्यादा अनाज पैदा किया जाए ज़्यादा दौलत पैदा की जाए और उस दौलत को बांटने के लिए ऐसे साधन ढूंडे जाएं जिन से मुल्क में दौलत की मुसावी तौर पर तक़सीम हो। अगर हम इस नुक्ता नज़र से देखें तो पंजाब की क्या हालत है? आप उस चीज़ का अन्दाज़ा लगाने के लिए सन 1944-45 या उस वक्त की हालत को देखें जब कि मुल्क में partition हुआ था। आप उस वक्त के नक्शे को देखें और उस वक्त के मुकाबला में क्या अब नुमायां अज़ाफा नहीं हुआ? क्या इस पंजाब में हमें वह prosperity होती नज़र नहीं आती जो कि socialistic **pattern** का object है? स्पीकर साहिब सन् 47-48 में सारा पंजाब जितना चावल पैदा किया करता था, उतना——उतना ही नहीं बल्कि उस से भी ज़्यादा चावल अपनी जरूरतों को पूरा करने के अलावा आज हम दूसरी States को export कर रहे हैं। यही बात cotton के बारे में कही जा सकती है। काटन की production में 300 फीसदी increase हुई है। Industrial field में भी हमारा सूबा किसी से पीछे नहीं। हौज़री, साईकल पार्टस, मशीन बनाने, धोती और काटेज industries में हम ने बहुत ज़बरदस्त कदम आगे बढ़ाये हैं।

बेकारी के मसले पर भी काफी कुछ कहा गया है। बड़ा वावेला किया गया है। मैं मानता हूँ कि हमारे मुल्क में, हमारे राज्य में बेकारी है। बेकारी आखिर कैसे दूर हो सकती है? दावों से तो बेकारी दूर नहीं होने वाली है। गाली गलौच से दूर नहीं होने की। यह बला तो तभी दूर होगी जब देश की दौलत में अज़ाफा होगा, देश की production बढ़ेगी। आज क्या हालत है? कौन नहीं जानता कि हिन्दुस्तान की हकूमत और पंजाब की सरकार बड़ी तेज़ी से बेकारी और बेरोज़गारी को दूर करने के लिये एक के बाद दूसरा कदम उठा रही है? National investment का 5% हम ने Five Year Plan पर additional खर्च किया हैं। अगले प्लान में हम और भी ज़्यादा खर्च provide करने वाले हैं। इस बात से साफ ज़ाहिर होता है कि यह प्लान मुल्क की दौलत और खुशहाली में एक बहुत भारी अज़ाफा करने वाली है। इस तरफ यह 5 Year Plan एक नुमायां कदम है। इस की बहुत भारी अहमीयत है। इस साल की तो और भी ज़्यादा अहमीयत है क्यों कि यह साल हमारी पहली पांच साला योजना का आखरी साल है। मैं तो यह कहूंगा कि हमें आप की प्लैन की importance क्या मालूम होगी अगर हम इस का उन तमाम बड़े बड़े मुल्कों से मुकाबला करें जिन्हों ने अपनी तरक्की के लिये इसी तरह की योजनाएं बनाईं। मैं आप के द्वारा मैम्बर साहिबान को बताना चाहता हूं कि जहां इन्गलैंड ने अपनी production में 100% increase करने के लिये अपनी national investment का 43% खर्च किया, जहां U S.A. ने अपनी national income में

130% increase करने के लिये 43 साल लगाये और national investment का 35% बल्कि 40% लगाया था, जहां जापान में income को दुगना करने के लिये 34 साल लगाए थे वहां हमें दावा है इस बात का और हम बखूबी फखर कर सकते हैं कि आयन्दा 15 या बीस सालों के अन्दर हम अपनी national income को 35 या 40% ज़्यादा करने में सफल हो जाएंगे जब कि दूसरे मुल्कों के मुकाबला में investment को देखा जाए तो वह 5% या 7% ही होगी जिस से न केवल देश में खुशहाली ही होगी बल्कि बेरोज़गारी भी हमेशा के लिये खतम हो जायेगी।

स्पीकर साहिब, बहस के दौरान में ही सलोकम के बारे में बहुत कुछ कहा गया। इस के अलावा बजाए गवर्नमेंट की प्रशंसा करने या इस की दाद देने के यह कहा गया कि कौनसी बड़ी तरक्की की है। अगर अंग्रेज़ी राज होता तो क्या स्कूल न खुलते ? बड़ी तन्ज़न यह कहा गया कि क्या उन के राज्य में सड़कें न बनती या हस्पताल न खुलते इस लिये अगर इस गवर्नमेंट ने भी कुछ थोड़ा बहुत काम कर दिया तो क्या हुआ। ठीक है। खास तौर पर अपने लीडर आफ दी आपोज़ीशन और दूसरे मुखालिफ़ मेंबरान को याद दिलाना चाहता हूँ कि क्या उन्हें इस Post War Development Scheme की याद नहीं जो उस गवर्नमेंट ने बनाई थी जिस के हरएक रूकन और ज़मींदारा पार्टी के मैम्बर भी रुकन थे ? उस की हिस्ट्री को पढ़ कर आप बतायें तो सही की कितनी development की गई थी plan के नीचे हमारे सूबा में। आप ज़रा बताएं तो सही कि कितनी prosperity उस प्लेन के ज़रिए हमारे मुल्क में लाई गई। आप की विसातत से बड़े अदब के साथ मैं लीडर आफ़ दी अप्पोज़ीशन को बताना चाहता हूँ कि बेशक नुक्ताचीनी करें। नुक्ताचीनी करना इस democracy में उन का पूरा हक है। लेकिन हम यह नहीं बरदाश्त कर सकते कि वह खड़े हो कर इधर उधर की बातें करते रहें और खाहमखाह कीचड़ उछालते रहें।

श्री बाबू दयालः On a point of order, Sir. क्या मैं जान सकता हूं कि वक्त की जो restriction रखी हुई है वह हमारे लिये ही है या इन के लिये भी ?

सिंचाई मन्त्रीः लियाकत के मुताबिक होती है (interruptions)

Mr. Speaker : Order, Order.

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : ਲਿਅਕਤ ਦਾ ਕੀ ਮਤਲਬ ?

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਬਹਿਸ ਵਿੱਚ ਗਰਮੀ ਕਿਉਂ ਪੈਦਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ, (Why do you create heat in the discussion ?)

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : ਆਖਿਰ ਲਿਆਕਤ ਦਾ ਕੀ ਮਤਲਬ ? ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿੱਚ ਲਿਆਕਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ ਤੇ ਬਾਕੀਆਂ ਵਿੱਚ ਘੱਟ ? He should withdraw these words.

सिंचाई मन्त्री : मैं ने नहीं कहा।

ਸਰਦਾਰ ਗੋਪਾਲ ਸਿੰਘ : ਤੁਸੀਂ ਕਿਹਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਝੂਠ ਬੋਲਦੇ ਹੋ। Sir, he should be asked to withdraw his words.

Minister for Irrigation : You have no auth ority to talk like this.

Sardar Gopal Singh : Mr. Speaker, I request you to ask the Minister to withdraw his words.

Minister for Irrigation : Why should you utter such indecent words ? You must learn manners.

Mr. Speaker : I would ask the hon. Member to withdraw his words :

Sardar Gopal Singh : Sir, I withdraw my words.

Mr. Speaker : I think the Minister should also withdraw his words.

Minister for Irrigation : Sir, I withdraw my words.

पंडित श्री राम शर्मा : On a point of order, Sir. चौधरी साहिब ने क्या कहा कि टाइम लियाकत के मुताबिक दिया जाता है ? ......

अध्यक्ष महोदयः आप ने खुद ही तो सुझाव दिया था कि जो ज़्यादा important बोलने वाले हैं उन्हें ज़्यादा टाइम दिया जाये । इसी के मुताबिक मैं ने आप को आधा घण्टा, सरदार हरकिशन सिंह सुरजीत को 45 मिनट और सरदार गोपाल सिंह खालसा को 30 मिनट तक बोलते रहने की इजाज़त दी थी । इसी तरह श्री राम किशन भी कुछ और समय के लिये बोल सकते हैं । गवर्नमेंट बैंचिज़ वालों का भी यह मुतालबा है कि चाहे किन्हीं मैम्बरान को बोलने के लिए पांच या दस मिनट ही दिये जायें पर कुछ को ज़्यादा वक्त भी दिया जाए । फिर भी अगर आप हिसाब लगायें तो मालूम होगा कि आप की तरफ यानी अपोजीशन वालों को गवर्नमेंट मैम्बरोंकी बनिस्बत ज़्यादा टाइम मिला है । (You yourself suggested that the important members be allowed more time to speak. Accordingly I allowed you to speak for half an hour. Sardar Harkishen Singh Surjit spoke for forty five minutes and similarly Sardar Gopal Singh took 30 minutes to finish his speech. Similarly Shri Ram Kishan can also be allowed to speak for some more time. Members from the Government benches demand that although some may speak for only five or ten minutes but a few from amongst them should be given more time. However, if the time taken by the opposition and the Government benches is counted, it will be seen that the opposition has been allowed more time to speak than the Government party.)

पंडित श्री राम शर्मा : मैं ने तो यह नहीं कहा कि आप किसी को टाइम देते हैं या किसी को नहीं । मैं ने तो यह कहा है कि मिनिस्टर साहिब ने क्यों कहा कि टाइम लियाकत के मुताबिक दिया जाता है ?

अध्यक्ष महोदय: छोड़िए अब इस बात को । उन्होंने withdraw कर लिया है ? (Please leave this topic now. He has already withdrawn his remark about this.)

श्री राम किशनः स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि सलोकम साहिब का बार बार ज़िक्र किया गया है । इस का जवाब देने से पहले मैं अपनी तरफ से लीडर आफ दी अपोजीशन का ध्यान भाखड़ा की हिस्ट्री की तरफ खींचना चाहता हूँ । आखिर भाखड़ा को बनाने का काम कब से शुरू हुआ ? सन 1948 के अन्दर । लेकिन जब मुल्क की पार्टीशन हुई तो इस वक्त इस की

कितनी progress हुई थी ? क्या इस बात से कोई इनकार कर सकता है कि जब पार्टीशन के वक्त हम ने इसे सम्भाला तो उस वक्त इस के मुतल्लिका कागज़ात भी गुम थे तो बतायें आप की यूनियनिस्ट सरकार ने, जिसे कि इस को शुरु करने का सिला दिया जाता है इस को कहां तक मुकम्मल किया ?

स्पीकर साहिब, इस में कोई शक नहीं कि सलोकम साहिब को इस वक्त ज़्यादा से ज़्यादा तनखाह दी जाती है। कौन नहीं जानता कि इस पर experts लगाने के लिये बात चीत सन् 1945 से हो रही थी ? जब देश आज़ाद हुआ और मुल्क में नई वज़ारत बनी उस वक्त इस बात चीत को छोड़ा नहीं गया। यह selection हमारी पंजाब गर्वनमेंट ने ही नहीं की, इस को select करने के लिये हिन्दुस्तान के Prime Minister, Finance Minister, Public Works Minister और हमारी सरकार, सब ने मिल कर फैसला किया। लेकिन अब जब बहस की जाती हैं तो कहा जाता है कि यह एक मामूली सा मिस्त्री हैं, यह है, और वह है।

आज दुनिया में Mr. Slocum dams की construction के सम्बन्ध में एक माना हुआ engineer है। America में इस ने 18 dams बनाए हैं और America का सब से बड़ा Coolie Pally का dam भी इस ने बनाया है। इस लिए मैं इन से कहना चाहता हूं कि भाखड़ा dam के बनाने के लिये Mr. Slocum का सही इन्तखाब किया गया है। आखिर यह कौन नहीं जानता कि दुनिया में सब से बड़े तरक्कीयाफ़ता मुल्क का दावा करने वाले देश रूस में भी revolution हो जाने के 11 साल बाद सब से पहले development के काम शुरू हुए थे और यह भी कौन नहीं जानता कि वहां के Dnieper Dam को उस सरमायादार और मालदार अमैरिका देश के Marshal Cooper ने ही बनाया था और वहां के Dizney dam को किस ने बनाया था ? इस को बनाने वाले Russian Engineers नहीं थे। वह भी अमेरिका की एक Engineering Company ने रूस में जा कर ही बनाया था। स्पीकर साहिब, undeveloped countries को develop करने के लिये developed countries के technicians की सहायता लेनी पड़ती है। अंग्रेज़ हमारे देश को un developed छोड़ गये थे। इस भाखड़ा नंगल project के मुकम्मल हो जाने पर जो prosperity और खुशहाली पंजाब के अन्दर आने वाली है इसे कोई नहीं देखता। 15 अगस्त 1947, को यह उजड़ा हुआ और वीरान पंजाब हमारे हाथ आया था। जहां तक नहरों का ताल्लुक है, जहां तक बिजली का सम्बन्ध है और जहां तक tubewells का ताल्लुक है अगर इन चीज़ों के आदादोशुमार को देखा जाए तो पता चलेगा कि 15 अगस्त, 1947 से पहले यहां क्या था और अब क्या कुछ हो गया है। Partition से पहले यहां के 16,000 गावों और 185 towns में से कितने एक गांव और towns electrified थे, कितने यहां tubewells थे और यहां कितनी नहरें थीं। 15 अगस्त, 1947 से पहले, स्पीकर साहिब, यहां के कुल 40 towns और villages electrified थे और उन में से 15 गावों में बिजली गई हुई थी। लेकिन 15-8-1947 के बाद 470 villages have been electrified. इसी तरह जहां तक tubewells का ताल्लुक है partition के वक्त जहां पंजाब के अन्दर कुल 50 tube-wells, थे वहां आज 2414 tubewells हो गये हैं। (तालियां)

क्या यह हमारे लिये गौरव की बात नहीं है, क्या यह हमारे लिये फख्र की बात नहीं है कि इतने थोड़े अरसा में जहां सिर्फ 40 शहरों और गांवों में बिजली मिलती थी वहां अब 470 गांवों

[श्री राम किशन]

के अन्दर बिजली मिल रही है और जहां पहले कुल 50 tubewells थे वहां अब 2414 tubewells चल रहे हैं और tubewells भी वह जो केवल एक tubewell 400 एकड़ ज़मीन को सेराब करने वाला है। स्पीकर साहिब, यह कौन नहीं जानता कि यहां इनकलाब आ गया है और इनकलाब चला आ रहा है। आखिर यह बिजली जो हम इतनी भाखड़ा नंगल से निकाल रहे हैं वह कहां जाएगी ? वह क्या गवर्नर महोदय के बंगले में जाने वाली है, वह क्या इन मिनिस्टर साहिब के बंगलों में ही जाने वाली है ? स्पीकर साहिब, यह बात किस से छिपी हुई है कि यह बिजली पंजाब के शहरों और गांवों को जा कर रोशन करे गी वहां industries को फैलायेगी। यही नहीं वह बिजली जाएगी राजस्थान में, वह जायेगी पैप्सु के शहरों और गांवों में, वह जायेगी हिन्दुस्तान की राजधानी दिल्ली में और वह जाएगी उत्तर प्रदेश के मेरठ division में। और यह कई किस्म के काम आएगी। बल्कि स्पीकर साहिब, यह कौन नहीं जानता कि इस बिजली से सिंद्री जितना बड़ा fertiliser का कारखाना यहां चलाया जाने वाला है। सिंद्री जैसी fertiliser factory नंगल में लगने वाली है। और जितना fertiliser उस factory से तैयार होता है उतना ही यहां से तैयार किया जाएगा। फिर इस बिजली के साथ यहां atomic energy पैदा करने वाला एक plant लगाया जायेगा जिस से atomic energy पैदा की जाएगी। वह energy atom bomb बनाने के लिये नहीं इस्तेमाल की जायेगी बल्कि वह इस देश को industrialise करने; इसे ज़्यादा प्रभावशाली और शक्तिशाली बनाने के लिये काम में लाई जायेगी। यह इस देश का सारा नकशा बदलने में काम आयेगी। इस से seven tons heavy water तैयार किया जाएगा। जिस से आज जो हमें यह बिजली चार पांच आने unit मिल रही है तब वह एक पैसा या डेढ़ पैसा फी unit सारे देश को मिल सकेगी। क्या हमारा पंजाब तरक्की नहीं कर रहा, क्या यह राज्य तरक्की की तरफ नहीं बढ़ रहा ? फिर मेरे एक दोस्त ने कहा है कि यह जो हमारे पंजाब पर 183 करोड़ रुपया का debt हो गया है इस से यह दिवालिया हो जाएगा। मैं उन्हें बताता हूँ कि आखिर इस debt के बगैर, इस कर्ज़े के बगैर यह सब काम कैसे चल सकते हैं। फिर यह तो productive debt है याना यह productive कामों पर लगाया जा रहा है। इस के बगैर हम कैसे सारा projects तैयार कर सकते हैं। यहां जो अंग्रेज़ ने railways का जाल बिछाया था तो वह क्या सारा कर्ज़े की रकम से नहीं बिछाया गया था ? क्या वह कर्ज़ा उन्हीं रेलों की आमदनी से उतर नहीं गया था ? आज दुनिया में सब से ज़्यादा धनवान देश अमेरिका गिना जाता है। यह कौन नहीं जानता कि उस देश ने भी Britain से रुपये और technicians की सहायता ले कर अपनी यह सारी development की थी जिस के कारण आज वह एक बड़ा धनवान देश बन गया है। और हम ने जो कर्ज़ा लिया है यह भी डूबने वाला नहीं। जितना कर्ज़ा हम ने इस वक्त तक लिया है वह है 183 करोड़ रुपया और वह सारे का सारा development के कामों पर लगाया जा रहा है। इस में से 124 करोड़ तो सिर्फ भाखड़ा नंगल पर खर्च किया गया है और 36 करोड़ हरि के पत्तन पर खर्च होने वाला है। कौन कह सकता है कि भाखड़ा नंगल और हरिके पत्तन पर किया गया खर्च डूब जाने वाला है ? इस बात से कौन इनकार कर सकता है कि इन projects से हमारा पंजाब Ukraine बनने वाला है ? यह चार पांच साल के अन्दर Switzerland बन जायेगा।

स्पीकर साहिब, अगर हम अपने बजट को development के point of view से देखें तो यह बात साफ है कि जितना खर्च development के कामों पर 1951-52 में किया गया था उस से तकरीबन $2\frac{1}{2}$ गुना रुपया इन कामों पर खर्च करने के लिये इस साल के बजट में रखा गया है। 1951-52 के साल में development के कामों पर कुल 22 करोड़ रुपया खर्च किया गया था और इस साल अगर हम यह सारा कुछ मिला लें जो रुपया हमें इन कामों के लिये भारत सरकार से मदद की शकल में मिला है या जो हम ने इन कामों के लिये कर्ज़ा उस से लिया है या हमारी सरकार अपने पास से खर्च कर रही हैं तो यह कुल 53,56,00,000, रुपया की रकम हो जाती है। यानी 1951-52 के साल से 39,00,00,000 रुपया से ज़्यादा इस साल development के कामों पर खर्च किया जाने वाला है। मैं इन भाइयों से पूछता हूँ कि यह जो करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है यह क्या देश को बंजर बनाने के लिये किया जा रहा है। स्पीकर साहिब, नुक्ताचीनी अच्छी चीज़ है लेकिन मैं इन्हें बताता हूँ कि देश के अन्दर इनकलाब आ रहा है और यह इनकलाब की आवाज़ आ रही है और इस इनकलाब से social और आर्थिक समानता आ रही है। मेरे एक दोस्त ने कहा है कि देश में सब को एक जैसा करने के लिए बड़ों को नीचे लाना चाहिए और छोटों को ऊपर उठाना चाहिए। स्पीकर साहिब, कौन नहीं जानता कि हाल ही में जो Taxation Inquiry Committee बनी थी उस ने अपनी report दे दी है और उस रिपोर्ट की बिना पर हम अपने देश को socialistic pattern पर बनाना चाहते हैं। उस कमेटी की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर हमारी मर्कज़ी सरकार का बजट बनाया गया है। यह कौन नहीं जानता कि अगले दो तीन सालों में यह किया जाने वाला है कि अगर किसी आदमी की net income दो लाख रुपया होगी तो उस के पास कुल 59 हज़ार रुपया रह जायेगा बाकी सरकार ले लेगी और अगर किसी की net income 5 लाख होगी तो उस के पास 94 हज़ार रुपया रहने दिया जायेगा। यह तबदीली हमारी भारत की सरकार लाने वाली है। मैं अपने दोस्तों को यह कहना चाहता हूँ कि हमारे देश में इनकलाब आने वाला है और अगर इन्हें अपने देश के साथ ज़रा भी दर्द है, अगर यह अपने देश को अपने पंजाब को आगे तरक्की की तरफ ले जाना चाहते हैं और यह समझते हैं कि इस राज्य की, इस पंजाब की इज्ज़त हो और मैं समझता हूँ कि वह यह सब कुछ चाहते हैं और मैं इन्हें कहूँगा कि आप आइये इस पंजाब को शक्तिशाली बनाने के लिये, इस राज्य को मज़बूत बनाने के लिये और इस पंजाब से गरीबी को हटाने के लिये जैसा कि हमारे देश के नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू कहते हैं "quit poverty, quit ignorance", आइये हम मिल कर चलें। (तालियां)

श्री माडू सिंह मलिक (सांपला) : स्पीकर साहिब, इस बजट पर परसों से बहस हो रही है। इस के दौरान में अभी मेरे एक लायक दोस्त ने socialistic pattern का ज़िक्र किया है और इस देश में, इस सूबा में इनकलाब आने का ज़िक्र किया है। यह जो बजट हाऊस के सामने पेश है इस में तो कहीं socialism का ज़िक्र नहीं है न ही मुझे इस में कहीं socialism नज़र आता है। जिस socialism का नाम यह लेते हैं क्या वह यही है कि सरकारी मुलाज़मतों में एक तरफ तो 25 रुपया लेने वाले आदमी हों और दूसरी तरफ दस दस हज़ार रुपया तनख्वाह वाले आदमी भी हों। क्या इस का नाम ही socialism है कि बड़े बड़े कारखानेदार और सरमायादारों की मदद की जाए और जो गरीब देहात वाले हों उन की परवाह न की जाए ? इस तरह Socialistic Pattern की society नहीं बन सकती। इस तरह socialism नहीं

[श्री माड़ू सिंह मलिक]

आ सकता। इस बजट में जितनी मदद छोटी दस्तकारियों को दी जा रही है इस सारी रकम से बड़ी रकम शायद एक ही कारखानेदार या सरमायादार को Finance Corporation से दे दी गई है जिस का कल ज़िक्र किया गया। कहा गया है कि पहले भी कर्ज़ हुआ करता था। यह ठीक है कि कर्ज़े के बगैर काम नहीं चल सकता लेकिन कर्ज़ा वसूल कैसे होगा। आज कीमतें गिर रही हैं। महंगे भावों के वक्त दिया गया कर्ज़ा सस्ते भावों के वक्त अदा नहीं हो सकता। पहले अजनास के भाव 20/-/-रु० मन या 18/-/-, 19/-/-रु० मन थे। आज किसान के चने 5,6 रु० मन बिक रहे हैं, गेहूँ 10, 12 रुपए मन बिक रहा है। किसान में ताकत नहीं कि कर्ज़ अदा कर दे। आज किसान बोझ से दबा पड़ा है। Development charges, water rate और आबयाना वगैरा मुज़ारों और ज़मीनदारों से वसूल होगा। कर्ज़े का सारा बोझ किसान पर होगा। इस का सालाना सूद $5\frac{1}{2}$ करोड़ रुपया देना पड़ता है। अगले साल यह सूद की रकम 6 करोड़ हो जाएगी पंजाब जैसी छोटी State पर यह बहुत बोझ है और यह सारे का सारा किसानों से वसूल होगा। इस के अलावा रुपया वैसा का वैसा ही पड़ा रहेगा। इन हालात में यह बजट एक Socialistic Pattern की Society का कैसे हो सकता है। यह Socialism लाने वाला बजट नहीं है बल्कि सरमाएदारी लाने वाला बजट है।

मेरे लायक दोस्त लाला केदार नाथ जी ने कहा कि यह रोहतक और उस के आस पास के इलाके की खबर नहीं लेते इस लिये यह ज़िले पंजाब से कट जाना चाहते हैं। मैं अर्ज़ करूं कि यह हमारी बड़ी खबर लेते हैं। पिछले जनवरी के महीने में इन्हों ने हमारी खूब खबर ली जो रोहतक और सिरसा के लोगों को याद रहेगी। सरकार ने अपनी पुलिस के ज़रिये ज़िला रोहतक और सिरसा वालों की खूब खबर ली जिसे अम्बाला Division कभी नहीं भूलेगा। इस बात का ज़िक्र पिछले साल भी हुआ था और होता ही रहा है। इसी तरह कौमी कर्ज़ लेने के वक्त फिर रोहतक ज़िले की खूब खबर ली गई। पिछले साल Red Cross का चन्दा लिया गया। कागज़ों में दर्ज है। Deputy Commissioner ने पटवारियों की मार्फत लोगों को बुलाया कि आओ और खेवट बनवा लो वरना ज़मीन चली जायेगी। लोग तहसीलों में आए और दो 2 सौ और अढ़ाई 2 सौ रूपए उन से चन्दा लिया गया।

(सिंचाई मन्त्री : Public के लिये ही था।) ठीक है यह चन्दा public के लिये ही था मगर चन्दा लेने के लिये सरकार के ज़िम्मेदार अफसरान ने लोगों को यह क्यों कहा कि आओ खेवट अलग अलग करवा लो वरना ज़मीन चली जायेगी। इस बहाने से चन्दा लेना जायज़ करार दिया जाता है। यह public के साथ धोका नहीं तो क्या है (सिंचाई मन्त्री : Wrong statement.) मेरे दोस्त कहते हैं कि यह wrong statement है। मगर मैं कहता हूँ कि आप को पता ही नहीं, आप को नोटिस ही नहीं। मेरे दोस्त corruption को हटाना चाहते हैं। क्या यह corruption नहीं है कि Adminis- tration में दखल देते हैं, लोगों में गलत प्रचार करते हैं, public platform से वज़ीर अपने अखबारों के लिये चन्दा लेते हैं, क्या यह जायज़ है ? क्या यह corruption नहीं है ? अब मैं एक गांव की मिसाल देता हूँ। बीयुल गांव में 300 बीघे ज़मीन को मोरी दी गई है जब कि कायदा यह है कि कम से कम 300 एकड़ ज़मीन के लिये मोरी लगाई जाये। फिर कनैली गांव के अन्दर लोगों ने दरखास्त दी कि मोरी लगा दें। I. P. M. साहिब इतने ज़िम्मेदार हैं, उन्होंने कहा "नहीं मोरी नहीं देंगे,"

से एक खास गांव को नुकसान पहुंचता है। यह corruption नहीं है तो क्या है ? कहते हैं जो उन के साथ रहेगा उसे पानी मिलेगा जो मुखालिफ होगा उसे पानी नहीं मिलेगा।

(सिंचाई मन्त्री : Wrong statement.) मेरे पास दरख्वास्त मौजूद है। गुरुकुल खानपुर के अन्दर मोघे के लिये दरख्वास्त दी। पानी दिया गया मगर एक महीने के बाद बन्द कर दिया गया। फिर दरख्वास्त दी गई तो गुरुकुल के लिये तीन गुना पानी कर दिया गया मगर जब दरख्वास्त दी गई कि गांव को भी फहरिस्त में शामिल कर लिया जाए, वहां के लोगों के इस्तेमाल के लिए मोरी दी जाये तो कह दिया नहीं गांव के लिये पानी नहीं दे सकते। इन से कहा गया कि ज़मीन नई है, बारानी है, पहले काश्त नहीं होती थी पानी दें। पानी नहीं दिया गया मगर दूसरी जगह पानी दिया गया। मैं अर्ज़ करूंगा कि I. P. M. साहिब सब को यक्सां समझें और ऐसी बातों में मुखालफों और मददगारों से एक जैसा सलूक होना चाहिये। वह पंजाब के वज़ीर हैं, सूबे के मालिक हैं। यह नहीं होना चाहिये, कि किसी से रियायत करें और किसी को धमकियां दें।

(सिंचाई मन्त्री : स्पीच बजट पर कर रहे हैं या लहरी सिंह पर) चौधरी लहरी सिंह भी तो पंजाब के वज़ीर, पंजाब के मालिक हैं उन से कह रहा हूँ।

फिर Law and Order का ज़िक्र किया गया। वज़ीर साहिब फिर कहेंगे स्पीच मेरे मुताल्लिक कर रहा है। पंजाब के वज़ीर 10 नम्बर के बदमाशों के घर जा कर उन के मकानों पर उन्हें मिलते हैं। मेरे गांव में सिंचाई मन्त्री गए और उन के मकान पर गए। (सिंचाई मन्त्री : Wrong statement.) मैं challenge करता हूँ। (सिंचाई मन्त्री : You were not there. How can you challenge ?) But you were there मैं challenge करता हूँ उस का एक मुकद्मा था। एक साल की कैद भी हुई थी। उसे यकीन दिलाया कि वह बरी हो जाएगा। और वह बरी हो गया।

अध्यक्ष महोदय : आप तो वकील हैं आप ऐसी बातें न करें ? (The hon. Member is a lawyer. He should not indulge in such talk.)

श्री माड़ू सिंह मलिक : स्पीकर साहिब, मैं Law and Order के मुताल्लिक कह रहा हूं कि इस में ज़िम्मेदार लोगों की तरफ से interference होती है।......

स्पीकर साहिब, मैं आप को बताना चाहता हूँ कि हमारे वज़ीर साहिब ने ऐसे आदमी को लाईसंस देने की सिफारिश की जिस का नाम 10 न० रजिस्टर में दर्ज है। उन्होंने सिफारिश की कि इसे बन्दूक का लाईसंस दे दें। पिस्तौल का लाईसंस देदें। उस को लाईसेंस न दिया गया तो आप Superintendent of Police से नाराज़ हो गए और उन्हें कहा कि "तुम ने मेरे दोस्त को लाईसेंस नहीं दिया इस लिए तुम्हें तबदील किया जाता है"। यह है Law and Order की हालत। तो इस तरह वज़ीर साहिब ऐसे लोगों की सिफारिशें करते हैं। ऐसी हालत में अमन कैसे रह सकता है ? हमारे सूबे के अन्दर Law and Order न होने की वजह यह है कि वज़ीर अपने रिश्तेदारों के कामों के लिए Administration में मदाखलत करते हैं। Law and Order तब कायम हो सकता है जब Administration में किसी किस्म की interference न हो। Administration में ज़िम्मेदार अफसरों की तरफ से वज़ीरों

[श्री माडू सिंह मलिक]

की तरफ से और अपने दोस्तों की तरफ से रोज़ाना मदाखलत से Law and Order कायम नहीं रह सकता।

साहिबे सदर, रोहतक के ज़िले में और आस पास के ज़िलों के अन्दर पिछले दिनों पुलिस ने ज़्यादतियां कीं। बेगुनाह लोगों पर मुकदमे चलाए गए।

अध्यक्ष महोदय : General Administration की बहस पर खास दिन मिलेंगे इस लिए आप उन बातों पर ज़ोर न दें जिनके लिए अलहदा दिन रखे गए हैं। आप को काफी मौका मिलेगा। (There will be separate days for the discussion on General Administration. The hon. Member, therefore, need not discuss those points now for which he would get an opportunity on certain specific days allocated for this purpose.)

श्री धर्म वीर वासिष्ठ (हसनपुर) : अध्यक्ष महोदय, यह जो आज मुझे बोलने का आप ने समय दिया है इस में से आधा समय तो मैं इधर बैठे भाइयों की बातों का जवाब देने में लगाऊंगा और आधे वक्त में (पंडित श्री राम शर्मा : मुबारिकबाद दूंगा) चन्द और बातें कहूँगा।

मेरे एक मुअज़्ज़िज़ साथी जो मेरे ज़िला से ही हैं श्री केदार नाथ सहगल ने फरमाया था कि वज़ीरों की कोठियों में furniture मैला हो जाता है और उस को बदलने पर हज़ारों रुपए लगाये जाते हैं। तो मेरा ख्याल है उनका यह सुझाव होगा कि अगर furniture को स्याह पोश कर दिया जाये तो मैला होने का डर नहीं होगा। (हंसी)

मेरे एक साथी ने U. P. के बजट का ज़िक्र किया है। अगर आप U. P. का बजट लेना चाहते हैं और इस का मुकाबिला पंजाब के साथ करना चाहते हैं तो U. P. में आप को 9%-10% खर्च दिखाया गया है और पंजाब में 10%-11% का खर्च है। उस के बारे में मैं यह अर्ज़ कर दूं कि मैं U. P. में गया। Lucknow गया वहां पर चीफ मिनिस्टर से मिला जो कि आज कल भारत के Home Minister हैं वहां के M. L. As. से बात चीत की। मैं आप को सच बताना चाहता हूँ कि उन सब ने हमारे सूबे की तारीफ की। पंजाब की Administration को सराहा। U. P. के M. L. As'. की without exception यह राए है। मैं कह सकता हूँ कि अगर मान सिंह डाकू यहां पर होता तो उसे कब का खत्म कर दिया गया होता। अगर आज यहां पर जहान डाकू होता जिस ने बुलन्द शहर के border पर शोर मचा रखा है और जो एक ठाकुर के घर का लड़का है तो उसे कान से पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया होता। मेरे साथी बजट में तो यू. पी की तारीफ करें और बनाना चाहें महां पंजाब? यह कैसा कमाल है।

अध्यक्ष महोदय : कल हमारे पंडित जी बज़ुर्गवार श्री राम शर्मा जी ने फरमाया था। आप ने फरमाया तो बहुत कुछ था। लेकिन यह भी कहा कि पंजाब की सरकार dictator है इस सरकार ने जमहूरियत को गज़ों नीचे दफ़न कर दिया है। पंडित जी के बारे में यह ख्याल है कि कई लोग आदत से मजबूर हो जाते हैं। आज से 15 वर्ष पहले की सरकार के वक्त बिधान सभा में पंडित जी ने यह इलफाज़ उस हकूमत के लिए कहे थे।

"After all what do Hitler and Mussolini do? They have their own wishes and principles and manner of doing things. I would not hesitate in saying that what Hitler and Mussolini are doing in their countries and elsewhere, Sir Chhotu Ram is doing in the land of Five Rivers. Hitler can shoot down any person and our Government is second to none in exercising dictatorial powers like those of Hitler."

यह 19-11-1940 की बात है कि पंडित जी ने ऐसा फरमाया था। पंडित जी अपनी आदत से मजबूर हैं। फिर पंडित जी ने बहुत सी कुरबानियां कीं। कांग्रेस की हकूमत बन गई तो 1950 में इसी सदन में पंडित जी ने फिर फरमाया:—

"Sir, these Ministers have now lost faith in self suffering and have fallen easy victims to the temptation of self and power...... These people have often posed themselves as archangels in the chase of evil and have expressed anxiety to squelch corruption from the administration of the State. But instead of making any genuine efforts to remove it, they actually support the wrong doers."

यह बात सब को रोशन है कि पंडित जी दरअसल फरमाते चले आ रहे हैं कि सरकार खराब चल रही है। मासिवाय उस समय के उस सुनहरी ज़माने के जब जमहूरियत गज़ों नीचे दबी हुई गज़ों ऊंची उठ गई थी-यह था 17 अप्रैल 1952 के बाद जुलाई 1953 तक। उस समय तक जमहूरियत गज़ों ऊंची उठ गई थी।

पंडित जी ने District Boards के Amending Bill पर प्रोफैसर मोता सिंह का जवाब देते हुए 18-4-1953 को फरमाया —

"I may tell him that we are not doing anything which can be called undemocratic. I am in a position to say from my past experience that this power will not be misused. Sardar Mota Singh referred to the old days which were very different from today. He should not have lost sight of the difference. It is absolutely wrong that these powers would be used for party purposes. Such remarks do not mean anything than a false propaganda against us."

तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि difference कोई ज़्यादा नहीं है यही 5-7 कदम का शायद difference पंडित जी को ही नज़र आता हो लेकिन मैं यह बता देना चाहता हूं कि अगर आप चाहें तो democracy को गज़ों ऊंचा उठा सकते हैं। (प्रशंसा)

मैं आप से कह रहा था कि अंग्रेज़ का ज़माना उन्हें पसन्द आ गया हमारे मुकाबले में युनियनिस्ट वज़ारत का ज़माना पसन्द आ गया। उन के दिल की कैफियत बयान करने के लिये इस सिलसिले में मुझे एक शेअर याद आ गया है—

आये थे अभी हो के परेशान जहां से।
फिर दिल का तकाज़ा है कि इक बार कहीं और।।

मेरे साथी सरदार गोपाल सिंह खालसा और सरदार अजमेर सिंह ने कहा कि साहिब चण्डीगढ़ बस नहीं सकेगा और दूसरी यह बात कही कि कांग्रेस से ज़्यादा communalist और कोई जमात नहीं, इस सिलसिले में उन्होंने हवाला दिया श्री देश पांडे की तहरीर का। उन्हों ने कहा कि

[श्री धर्म वीर वासिष्ठ]

यहां एक senior officer हैं—उन का नाम लिया लेकिन मैं उन का नाम नहीं लेता, जो high powered commission में भेजे जा रहे हैं और मज़ाकन कहा कि उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा इख्तियारात दिये जा रहे हैं। मैं उन्हें कहना चाहता हूँ कि उन्हें अगर इस का एतबार न आए तो मैं समझता हूँ कि यकीनन communal differences हैं जिन की वह मदद करना चाहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि United Kingdom के अखबार Christian ने पंजाब के इलैक्शनों का ज़िक्र करते हुये लिखा है—

> "Communal feeling was conspicuous by its absence and those who tried to whip it were routed in the polls. The fact that a Muslim candidate should have been returned in the embittered Hindu-Sikh city of Ambala is the most helpful sign to come out of India since partition."

Communalism की दशा उन्हों ने बताई। मैं कहता हूँ कि वह यह ठीक कहते हैं कि चण्डीगढ़ नहीं बसेगा; हम भी कहते हैं कि चण्डीगढ़ नहीं बसेगा--लेकिन बसेगा क्यों नहीं? अगर यह बसाना चाहें और वह बसाना चाहें तो ज़रूर बसेगा। लेकिन communalism के दिलदादा आज यह कहते हैं कि minority community के आदमी को High Powered Commission में ले कर communalism की मदद की जा रही है।

बने हैं नासेह आज दिल मेरा जलाने को।
लगाने वाले चले आग खुद बुझाने को ॥

जो पंडित जी ने कहा उस के मुताअल्लिक अर्ज़ करता हूँ कि पंडित जी ने हर वैद्य और डाक्टर को नाअहल बताया। यह आदत सी हो जाती है हर वैद्य और डाक्टर को नाअहल बताने वाले के लिये operation तजवीज़ करें। हां हां एक बात बताई कि सरकार अन्धी है। नहीं ये सरकार अन्धी तो नहीं मगर इस की अम्बाला की तरफ की आंख की बीनाई ज़रा कमज़ोर है। हम डाक्टर के पास भी गये और देखा कि मरीज़ की इधर वाली आंख की बीनाई ज़रा कम हो गई है। डाक्टर साहिब ने कहा कि आप layman हैं। आप नहीं जानते कि जब तक यह बिल्कुल देखना बन्द न करे यह operation नहीं होता। बिल्कुल देखना यह कैसे बंद करे जब तक चौधरी साहिब बैठे हैं। धुंधलापन और अंधापन ग़लत मगर थोड़ी बीनाई की कमज़ोरी ज़रूर है मैं कहता हूँ—

तुम ही कह दो तुम्हारे दर के दीवाने कहां जायें।
यहां जब शमा जलती हो तो परवाने कहां जायें ॥
जनाबे शैख़ जितने पारसा यह हम समझते हैं।
यह हज़रत हर कसोनाकस से पहचाने कहां जायें ॥
हमें इतना ही तुम से पूछना है ऐ वतन वालो।
जिन्हें बेगाना कहते हो वह बेगाने कहां जायें ॥

कांगड़ा ज़िले के भाइयों ने कहा कि हमारा ख्याल नहीं किया जाता। वह पुरानी हवा में घूम रहे हैं। अंग्रेज़ के ज़माने में अगर कोई सरकारी अफ़सर किसी आला खिदमत की जगह से Colonel या General हो जाता था तो गांव आबाद हो जाया करते थे। आज वक्त बदल गया है अगर कोई आज M. L. A. हो जाये तो सारे काम हो जाते हैं। ताकत अब shift हो चुकी है। परन्तु स्पीकर साहिब, अम्बाला division से 51 में से 46 सदस्य कांग्रेसी M.L. As. आए। Hindi speaking area से 60 M.L.As. आए और 11 लाख वोट डाले गए। पंजाबी भाषी क्षेत्र

से 37 M. L. A's. आये और देखिये कि पंजाबी भाई कैसे राज कर रहे हैं। मैं कहता हूं कि गलत फहमी में न पड़िए। 18 लाख में से 11 लाख वोट जरूर पड़े। M. L. A's. भी 60 आए लेकिन हिन्दी भाषी क्षेत्र ने वज़ीर पैदा किए ? हिसार ने पहले कभी वज़ीर पैदा किया होगा। कांगड़ा ने कभी वज़ीर पैदा नहीं किया। और मैं पूछता हूं कि गुड़गांव ज़िला का कौनसा वज़ीर बना है ?

इस के अलावा स्पीकर साहिब मैं आप की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि जब कोई मैम्बर 'अगर' और 'मगर' से सवाल पूछते है तो आप उन्हें ऐसा सवाल पूछने की इजाज़त नहीं देते लेकिन स्पीकर साहिब, मैं आप से पूछता हूं कि जो बजट वज़ीर साहिब 'अगर' और 'मगर' के इलफाज़ से पेश करें तो उन्हें आप इजाजत कैसे दे देते हैं ? गुड़गांव ज़िले के मुताअल्लिक यह बताया गया है कि Fridabad Project जारी कर दी जायगी 'अगर' भारत सरकार 75 फीसदी रुपया देना मन्ज़ूर कर ले। Tubewells लगाने के बारे में भी ऐसा ही ज़िक्र किया गया है कि अगर भारत सरकार रुपया देना मन्ज़ूर कर दे तो tube wells लगाए जाएंगे वरना नहीं। इस के बाद ज़िक्र हुआ Gurgaon project का। कल भी मेरा इस के बारे में वज़ीर साहिब के साथ झगड़ा हो गया क्योंकि बजट में लिखा कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार ओखला से नहर निकालने के लिए रुपया दे तो नहर निकाली जाएगी। इस प्राजैक्ट पर कुल एक करोड़ 15 लाख रुपया खर्च होना है। हमारी सरकार कहती है कि अगर U. P. सरकार 48 लाख रुपये में weir का हिस्सा मान ले और गवर्नमेंट भी कुछ रुपया देना मन्ज़ूर करे तो Gurgaon project का काम शुरू कर दिया जाएगा। हमारी सरकार 'अगर' 'मगर' में ही सारे काम खत्म कर देती है।

यह तिफल तसल्लियों की जो बातें हैं, इस से काम चलाना मुश्किल है। Fair बात की जाए इन्साफ की बात की जाए। आज हालत बदल रही है। लोग देहली में शामिल होना चाहते हैं। बजूहात economic भी है, अगर सरकार अब भी समझ ले तो अच्छी बात होगी।

नहीं मालूम पायेंगे सकूं ऐहले वफा कब तक।
खुदा जाने रहेगा इस ज़मीं पर आसमां कब तक॥
कफ़स में तो मुझे कब तक रहना है या रब।
तसव्वर में मेरे जलता रहेगा आशियां कब तक॥

हमारी बातों के *bonafides* का आपको यकीन होना चाहिए।

मुहब्बत कर ही लेगी एतबार अपना कभी कायम।
वफाओं से हमारी तुम रहोगे बदगुमां कब तक॥

पिछली दफा सरदार उज्जल सिंह ने फरमाया था कि ज़िला गुड़गांव के local works के लिए सब से ज़्यादा रुपया रखा गया है। कहां गया वह रुपया ? चोरी हो गया ? अब कहते हैं कि canal के लिए रखा गया है।

नहीं जब पासे वायदा तो मुकर जाओगे इक दिन।
बदल जाएगा जब दिन, तो न बदलेगी ज़बां कब तक।
यह माना रफ़ता रफ़ता जिंदगी परवान चढ़ती हैं।
मगर इस 'रफ़ता रफ़ता' का नहीं मिलता निशां अब तक।
दरिंदो जंगलों से आओ और आ कर गवाही दो।
कि इनसा से नहीं पाई है इनसां ने अमां अब तक।

Sardar Sarup Singh (Amritsar City, East): Sir, before participating in this debate on the general discussion of the Budget I have to confess that I have been making a very genuine effort not to under-rate this Ministry, but I feel that in doing so I have been guilty of over-rating it over much. The rudest shock to my liberal estimate of this Ministry came when my hon. friend the Chief Minister.........

Chief Parliamentary Secretary: On a point of order, Sir. Can the hon. member read out a speech ?

Sardar Sarup Singh: I am not reading any speech. It requires sense to raise such a point of order. Well, Sir, I was submitting that the rudest shock to my liberal estimate of this Ministry came when the Chief Minister announced that he had sharpened another Damocle's sword for the services. I am referring to the amendment of the rules by which the members of services could be retired after 10 years of service. I think either my esteemed friend does not know the meaning of this change in the rule and the effect that it will have on the services or he has done so intentionally. If that is so, I wonder, if he is aware of the difficulties that will arise as a result of this amendment and the grave consequences that will follow. After all what type of services do you want ? Do you want services with dumb-founded-minds-services with palpitating hearts, trembling hands and quaking legs-always living at the mercy of frowns or smiles of my hon. friend, or services who should perform the duties conscientiously ? I think, by this intended change in the rule, you have practically marred, rather liquidated, the future of the services in this State. By this act of yours you will be demoralising the services, because you will thereby instil fear in them. And this fear will stand in the way of dispensation of justice to the people of this State and fearless discharge of duty. You inherited a steel structure but by this intended amendment you are converting your services into a wood pulp of the Japanese type. I ask the Chief Minister if that will be a desirable state of affairs. Then, Sir, in these days the District Magistrates who are king-pins of the District Administration are being transferred or have been transferred under pressure of political hounds and bullies which you have let loose in the State. I feel if you have transferred them under such pressure then you have not done well. May I ask what effect will the transfers of this nature have on the other officers of the District Administration ? I think this will have a baneful effect on several Districts, Administration.

I would, therefore, respectfully submit through you, Sir, that this state of affairs would put an end to the good administration in the Districts. In all earnestness I would request my esteemed friend the Chief Minister to retrace his steps and allow the services to discharge their duties fearlessly. But fearlessness comes only from security and fixity of tenure. If you damage that, you may damage everything and the wreckage that will be left will be of no use either to us or to you. At the top of it, Sir, comes the statement of my esteemed friend, that he is prepared to be called a dictator and an autocrat. I am very sorry to hear such things from him in this age of democracy. I feel that he should have taken advantage of the lessons of History. Some one once asked Count Bismarck as to who was a wise man and who belonged to the other category, which I cannot name here on the pain of your displeasure. Bismarck replied that wise man was one who profited by other's experience and the person belonging to the other category was one who could learn only from his own experience. It is no consolation but very painful to me that my friend is going the way of an autocrat and a dictator. The history of the World is strewn with wreckages of greater dictators and autocrats than my esteemed friend. He should take a lesson from that. I have been at pains to trace the origin of such ideas of totalitarianism getting hold of my friend. Herr Hitler who was a German Chancellor before 1945, died in the 2nd World War. I had thought Sir, that his spirit was resting in peace. But this does not appear to be so.

Sir, one of his passionate ambitions was to drive or march towards the East. I feel, Sir, that if he has not been able to come here in his august person, his spirit has travelled all the way towards the East and found abode in the mansion which my hon. Friend, the Chief Minister, has built for his residence. His residence seems to be haunted by that totalitarian spirit. I regard this as very unfortunate.

Mr. Speaker, if God forbid, my hon. Friend decides to put on Hitler's moustaches it would be bad not only for poor mortals sitting on these benches but also for you Sir, because Hitler was no respector of Assemblies or their Presiding Officers.

Chief Parliamentary Secretary: On a point of Order, Sir. Is he discussing the Budget ?

Mr. Speaker : Yes, he is discussing the Budget.

Sardar Sarup Singh : Now, Sir, my hon. Friend, the Chief Minister, says that he is going to crush this or crush that.........

Chief Parliamentary Secretary : On a point of Order, Sir. Is he relevant ?

Sardar Sarup Singh : I feel, Sir, that after your ruling this sort of interruption is most objectionable.

My hon. Friend, the Chief Minister, says that he is going to crush this and crush that. Whom are you going to crush ? Supposing you crush the Sikhs. I would ask him "Would you not be crushing one of your own limbs ? Would you not be destroying one of the two wheels of the chariot of this State ?" I would suggest to him that before coming out with threats like this, he should be clear in his mind as to whom he is going to crush. For his benefit, Sir, I would quote here what the Prime Minister of India said at the banquet given in honour of Sir Anthony and Lady Eden.

He said—

"I suppose none of us in any country is free from error and blame, either in our past history or in our present day affairs. As individuals or as nationals we are always good and bad. May be, there may be more of good in some and less of bad in others. The point is how to draw out that good, the good approach and good actions. You will forgive me for repeating these platitudes but I do feel very strongly that in our problems of to-day, it is of the highest importance how we approach and how far we try to understand others' viewpoint. We may not agree. It would be a dull world indeed if everyone agreed with everyone. I suppose an element of conflict is necessary to make the world a live world".

The Prime Minister, Shri Jawahar Lal Nehru, further said—

"Naturally, I say because in dealing with these matters, political or any other......

Chief Parliamentary Secretary : On a point of Order, Sir. Has he got the privilege to be irrelevant and thereby waste the time of the House ? There are many other hon. Members who are anxious to speak on the Budget.

Sardar Sarup Singh : Sir, I resent interference of this type. Much of the time allotted to me for making my speech is being wasted by interruptions..

Sir, I was quoting some parts of the speech which Pandit Jawahar Lal Nehru delivered at the banquet given in honour of Sir Anthony and Lady Eden. He said—

"Naturally, I say, because in dealing with these matters, political or other, we do not exactly deal as we would deal with a problem in a higher mathematics. We deal with human beings, conditioned by all kinds of factors of geography......

Mr. Speaker : I would like to know from the hon. member what connection this has got with the Budget.

Sardar Sarup Singh : Sir, if you have a little patience, I will show that this has got some connection with the Budget.

Mr. Speaker : I have lost my patience.

Sardar Sarup Singh : Sir, I would request you to have a little more of patience.

The Prime Minister further said...

"We deal with human beings, conditioned by all kinds of factors of geography, climate, history, tradition, ways of thinking, philosophy, education and so on. And where the conditioning is different, naturally the result is different in thinking".

Shri Kasturi Lal Goel : On a point of Order, Sir. Yesterday, you were pleased to observe that no Member can read out his speech on the floor of the House. The hon. Member, Sardar Sarup Singh, is reading out his speech. He should be asked not to do so.

ਕਮੀ ਹੈ ਤੇ ਸਰਸੋਂ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਕੋਈ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਜ਼ਰਾਇਤ ਦੇ ਕੰਮ ਤੋਂ ਵਾਕਫ਼ ਨਹੀਂ ਉਹ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਸਮਝ ਸਕਦੇ। ਸਰਸੋਂ ਦੀ ਫਸਲ ਨੂੰ 1 ਜਾਂ 2 ਪਾਣੀਆਂ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਪਰ ਗੰਦਮ ਨੂੰ 3–4 ਪਾਣੀਆਂ ਦੀ। ਹੁਣ ਨਹਿਰ ਦਾ ਪਾਣੀ ਜਿਸ ਫ਼ਸਲ ਨੂੰ ਘੱਟ ਲਗਦਾ ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਆਬਿਆਨਾ ਵੱਧ ਹੈ, ਜੇਕਰ ਸਰਸੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਹਰੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਚਾਰੇ ਲਈ ਕੱਟ ਲਈ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਆਬਿਆਨਾ ਪੂਰਾ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ! ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੱਕੀ ਦਾ ਚਾਰਾ ਹੈ ਇਸ ਬਾਰੇ ਇਹ ਸ਼ਰਤ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ 1 ਮਈ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਬੀਜਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਆਬਿਆਨਾ ਤਕਰੀਬਨ ½ ਤੇ 1 ਮਈ ਤੋਂ ਬਾਦ ਬੀਜਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਆਬਿਆਨਾ ਪੂਰਾ। ਮੈਂ ਅਪਣੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮਕਈ ਪਕਾਣੀ ਹੋਵੇ ਜਾਂ ਚਾਰਾ, ਜੋ 1 ਮਈ ਤੋਂ ਬਾਦ ਬੀਜੀ ਜਾਵੇ ਆਬਿਆਨੇ ਵਿਚ ਕਮੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਫ਼ਿਰ ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਨੂੰ ਜ਼ਰਾਇਤ ਬਾਰੇ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਤਾਂ ਕਿਸੇ ਜ਼ਰਾਇਤ ਦੇ ਵਾਕਫ਼ ਤੋਂ ਪੁਛੋ। ਜੇਕਰ ਮਕਈ ਦਾ ਚਾਰਾ ਅਕਤੂਬਰ ਵਿਚ ਬੀਜਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਤੇ ਆਬਿਆਨੇ ਦੀ ਕੋਈ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ। ਚਾਰਾ ਇਸ ਮੌਸਮ ਵਿਚ ਵੀ ਬੀਜਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

(चौधरी लहरी सिंह : अच्छा।)

ਜੇਕਰ ਤੁਹਾਨੂੰ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਤਾਂ ਕਿਸੇ ਜ਼ਰਾਇਤ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਪੁਛੋ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਕਿ ਮਕਈ ਦਾ ਚਾਰਾ ਅਕਤੂਬਰ ਵਿਚ ਵੀ ਬੀਜਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਮਈ ਵਿਚ ਬੀਜਣ ਵਾਲੇ ਮਕਈ ਦੇ ਚਾਰੇ ਤੇ ਆਬਿਆਨਾ ½ ਹੈ ਤੇ ਅਕਤੂਬਰ ਵਾਲੇ ਤੇ ਪੂਰਾ। ਫ਼ਸਲ ਇਕੋ ਹੈ, ਚਾਰਾ ਇਕੋ ਹੈ ਪਰ ਆਬਿਆਨੇ ਵਿਚ ਇਕ ਤੇ ਰਿਆਇਤ ਹੈ ਦੂਜੇ ਤੇ ਨਹੀਂ। ਆਬਿਆਨੇ ਦੀ ਸ਼ਰ੍ਹਾ ਇਕ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਖਾਹ ਕਿਸੇ ਮੌਸਮ ਵਿਚ ਫ਼ਸਲ ਬੀਜੀ ਜਾਵੇ ਅਰ ਪਕਾਵੀਂ ਨਾਲੋਂ ਚਾਰੇ ਤੇ ½ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਜਿਹੜੀ ਮੈਂ ਭੁਲ ਗਿਆ ਸੀ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸ਼ਸ਼ਮਾਹੀ ਨਹਿਰਾਂ 15 ਅਕਤੂਬਰ ਨੂੰ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਸੋ ਨਹਿਰ ਬੰਦ ਹੋਣ ਤੋਂ 15 ਦਿਨ ਬਾਦ ਜਿਥੇ ਫ਼ਸਲ ਬੀਜੀ ਜਾਵੇ ਉਸ ਨੂੰ ਸਾਰਾ ਆਬਿਆਨਾ ਮਾਫ਼ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ 15 ਅਕਤੂਬਰ ਤੋਂ ਬਾਦ ਤੇ ਉਹ ਵਢ-ਵੱਤਰ ਲਈ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਲੈ ਸਕਦਾ ਅਤੇ ਇਹ ਰਸਤਾ ਵੀ ਸਿੱਧਾ ਹੈ। ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਵੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਸੇ ਕਿਸਮ ਦੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਹੀਂ ਰਹੇਗੀ ਅਤੇ ਕਾਸ਼ਤਕਾਰਾਂ ਨਾਲ ਬੇਇਨਸਾਫ਼ੀ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗੀ। ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੋ ਫ਼ਸਲ 15 ਅਕਤੂਬਰ ਤੋਂ ਬਾਦ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਬੀਜੀ ਜਾਵੇ ਉਸ ਤੇ ਕੋਈ ਆਬਿਆਨਾ ਨਾ ਲਿਆ ਜਾਵੇ।

ਇਸ ਤੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਇਹ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਫ਼ਸਲ ਨੂੰ ਲੇਟ ਕਰ ਲੈਣਗੇ ਅਤੇ ਆਬਿਆਨਾ ਬਚਾ ਲੈਣਗੇ। ਪਰ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੱਸ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਫਸਲ ਨੂੰ ਲੇਟ ਬੀਜਣ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ 4–5 ਮਣ ਫ਼ੀ ਘੁਮਾਉਂ ਫ਼ਸਲ ਦਾ ਨੁਕਸਾਨ

ਕਰਨ ਲਈ ਕਦੀ ਵੀ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ 3–4 ਰੁਪਏ ਆਬਿਆਨਾ ਭਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਤਰੀਕਾ fool proof ਹੈ ਅਤੇ corruption proof ਹੈ। ਇਸ ਨਾਲ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਵੀ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਹੀਂ ਰਹੇਗੀ।

4 p.m. ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ,ਇਕ ਹੋਰ ਜ਼ਰੂਰੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਿਸ ਵਲ ਮੈਂ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦੁਆਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਕਈ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫ਼ਰਜ਼ੀ ਬਾਗਾਂ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨਾਲ ਪਾਣੀ ਲੈਣ ਲਈ agreement ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤੇ ਚਾਰ ਗੁਣਾਂ ਪਾਣੀ ਲੈ ਕੇ ਦੂਜੀਆਂ ਫ਼ਸਲਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ 80 ਫ਼ੀ ਸਦੀ ਪਾਣੀ misuse ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਜੇ ਛੋਟੇ ਹਿੱਸੇਦਾਰ ਰੌਲਾ ਪਾਉਣ ਤਾਂ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੋਗੇ ਵਿਚੋਂ ਪਾਣੀ ਜ਼ਿਆਦਾ discharge ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੇ ਪਾਣੀ ਦੇਣਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਮੋਗੇ ਵਧਾ ਕੇ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਏ। ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਬਾਗ਼ ਫ਼ਰਜ਼ੀ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸੰਬੰਧੀ ਰੀਪੋਰਟ ਵੇਖੀਏ ਤਾਂ misuse of water ਲਿਖਿਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਨਹਿਰ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਇਹ ਜਾਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ misuse ਹੋਇਆ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਉਸ ਕੋਲ ਕੋਈ ਇਲਾਜ ਨਹੀਂ । ਕਾਇਦੇ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ agreement ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਤੋੜਨ ਦਾ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਖਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ, ਮੈਂ ਤਜਵੀਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੇ agreement ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਤੋਂ ਛੇਤੀ ਖਤਮ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਦੁਖਦਾਇਕ agreement ਨੂੰ ਕਿਉਂ ਕਾਇਮ ਰਖਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਮਿਸਾਲਾਂ ਨੇ ਤੇ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਦਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮਾਂ ਨਾ ਲੈਂਦਾ ਹੋਇਆ ਸਿਰਫ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਤੇ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤਰੀ ਇਸ ਦਾ ਨੋਟਿਸ ਲੈਣਗੇ । ਤਹਿਸੀਲ ਫਾਜ਼ਿਲਕਾ ਵਿਚ ਢਿੱਲੂ ਪਿੰਡ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ Abohar Branch ਦਾ ਡੰਗਾ ਖੇੜਾ minor ਸੈਰਾਬ ਕਰਦਾ ਹੈ। ਉੱਥੇ ਦੇ ਇਕ ਵਡੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੇ 50 ਏਕੜ ਬਾਗ਼ ਵਾਸਤੇ ਪਾਣੀ ਲਿਆ। ਉੱਥੇ ਕੋਈ ਬਾਗ਼ ਨਹੀਂ ਸਿਰਫ਼ ਧੋਖਾ ਦੇਣ ਲਈ ਕੁਝ ਬੂਟੇ ਲਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਉਹ ਛੋਟੇ ਹਿੱਸੇਦਾਰਾਂ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਦਾ ਪਾਣੀ ਬਾਗ਼ਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਦੇ ਬਹਾਨੇ ਦੂਸਰੀਆਂ ਫ਼ਸਲਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਂਦਾ ਸੀ। ਛੋਟੇ ਹਿੱਸੇਦਾਰਾਂ ਨੇ ਰੌਲਾ ਗੌਲਾ ਪਾਇਆ ਤਾਂ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਵਲੋਂ ਇਹ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਮੋਗਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪਾਣੀ discharge ਕਰਦਾ ਸੀ, ਇਸ ਲਈ ਉੱਧਰ ਪਾਣੀ ਬਾਗ ਵਾਸਤੇ ਦੇ ਦਿਤਾ। ਇਹ ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਬਣਿਆਂ 50 ਸਾਲ ਹੋ ਗਏ ਹਨ ਤੇ ਇਹ ਇਸਦੇ ਮੋਘੇ ਸਾਲ ਵਿਚ ਦੋ ਵਾਰੀ ਹਮੇਸ਼ਾ check ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਪਤਾ ਨਾ ਲਗੇ ਕਿ ਮੋਗਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪਾਣੀ discharge ਕਰਦਾ ਹੈ ਮਗਰ ਪਤਾ ਉਸ ਵਕਤ ਲਗਿਆ ਜਦੋਂ ਕਿ ਇਕ ਵਡੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਫ਼ਰਜ਼ੀ ਬਾਗ ਵਾਸਤੇ ਪਾਣੀ ਦੇਣਾ ਸੀ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਪਾਣੀ ਲੈ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਨਹਿਰ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਇਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪਾਣੀ ਦਾ discharge ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਛੋਟੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਬੰਜਰ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਮੌਕੇ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਪੜਤਾਲ ਕਰਨ ਤੇ ਸਾਰਿਆਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦੀ ਜਵਾਬ ਤਲਬੀ ਕਰਨ।

[ਸਰਦਾਰ ਪਰਤਾਪ ਸਿੰਘ ਰੱਤਾਖੇੜਾ]

ਇਸਦੇ ਇਲਾਵਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜੀ, ਬਹੁਤ ਸਾਰਿਆਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਜ਼ਾਹਿਰ ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ corruption ਬਹੁਤ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਮਸਲੇ ਬਾਰੇ ਕਾਨੂੰਨ ਵਿਚ ਤਬਦੀਲੀ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਤਜਵੀਜ਼ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਬੋਰਡ ਬਣਾਇਆ ਜਾਏ। ਉਸ ਬੋਰਡ ਵਿਚ official ਤੇ non-official members ਹੋਣ ਤੇ ਉਹ ਬੋਰਡ ਜ਼ਮਾਨੇ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜਾਇਜ਼ ਤਕਲੀਫਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇ। ਮੇਰੇ ਵਿਚਾਰ ਵਿਚ ਉਹ ਹੀ ਮਹਿਕਮਾ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਮਾਨੇ ਦੀ ਰਫਤਾਰ ਨਾਲ ਚਲਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਕਾਨੂੰਨ ਰੱਦੀ ਹੋਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਛਾਂਟੀ ਕਰਕੇ ਨਵੇਂ ਕਾਨੂੰਨ ਜਿਹੜੇ ਇਨਸਾਫ ਵਾਲੇ ਹੋਣ ਬਣਾਏ ਜਾਣ। ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਬੋਰਡ ਬਨਾਉਣ ਦੀ ਬੜੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਸਾਰੇ ਹਾਲਾਤ ਦਾ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲੈ ਕੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਤਕਲੀਫਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨ ਨਾਲ ਪਬਲਿਕ ਨੂੰ ਤਸੱਲੀ ਹੋ ਜਾਏਗੀ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਕੁਝ ਨਾ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, बारिश बड़ी ही रहमत है अगर वह वक्त पर हो। और बे-वक्त की बारिश जिस को सारी दुनिया रहमत कहती हैं ज़हमत हो जाती है और बरबादी का बाइस बन जाती है। नहर का महकमा किसानों के लिए बड़ी भारी रहमत है। जहां जहां आबपाशी होती है यकीनन वह सब जगह बरकत का बाइस है और पंजाब की तरक्की का बाइस है। अच्छे engineers, काबिल engineers भी यकीनन उन के लिए मुबारिक बाद के मुसतहिक़ हैं लेकिन, स्पीकर साहिब, जिन ज़िलों में बारिश की बरकत नहीं पहुंचती वे यूं समझते है जैसे एक गरीब घराना यूं समझता है कि सारी दुनिया भूखी मर रही है। मैं आप की विसातत से अपने फ़ाज़िल Minister साहिब को यह अर्ज़ करना चाहता हूँ कि गुड़गावां के ज़िला ने क्या गुनाह किया हुआ है। गुड़गावां ने आफ़िशल पार्टी का ज़बरदस्त साथ दिया। राओ गजराज सिंह ने मिनिस्टरों से यह कह कर बात बन्द कर दो, कि गुड़गाओं को हम पंजाब से अलग कर के दिल्ली के साथ मिलाना चाहते हैं। उन की हालत तो उस जाट की तरह है जो एक थानेदार को दाने साफ़ करके दे रहा था ! जब थानेदार को एक तार वसूल हुआ कि उस की तबदीली हो गई है तो यह सुनते ही झट उस जाट ने वह दाने अपने मुंह में डाल लिए और ख्याल किया कि यह थानेदार फिर यहां नहीं आएगा। तो मैं अपने मोहतरिम दोस्त राओ गजराज सिंह साहिब से पूछता हूँ कि उन्हें ने वज़ीर साहिब को दाने खिलाने की क्या ज़रूरत है जब वे पंजाब से अलग होना चाहते हैं।

स्पीकर साहिब, मैं तीन वर्ष से सुनता आया हूँ कि गुड़गावां में नहर नहीं जा सकती—रिवाड़ी तहसील जो बहुत बड़ी तहसील है वहां भी नहर नहीं जा सकती--तहसील फ़िरका और नूह को पानी नहीं मिल सकता मैं यह मुदत से सुनता आ रहा हूँ। आज गनीमत है कि एक दफ़ा तो कहा कि यू. पी. सरकार ने एक करोड़ 15 लाख की ढारस गुड़गांव ज़िला को बन्धाई है। दूसरी तरफ बन्द बान्धों का ज़िक्र किया। बजट के 296 सफ़ा पर बान्ध का ज़िक्र करते हुए only possible means के अलफाज़ इस्तेमाल किए है आठ बान्ध पहले बने और आठ और बनने हैं। लफ़्ज़ 'only' की

तरफ राओ साहिब को जो गुड़गांव के मैम्बर है खास तवज्जुह देनी चाहिए। स्पीकर साहिब वह नहर शायद जाएगी या न जाएगी उस में दो तीन तहसीलों और नूह को छोड़ दिया गया है। तीन चार दिन हुए मिनिस्टर साहिब ने फरमाया था कि गुड़गांव में हम इस लिए वह तजरुबा नहीं कर पाये क्योंकि ख्याल था कि Tubewell लगाने से 20/22 हज़ार रुपया ज़ाया हो जाएगा।

Minister for Irrigation : It is mis-statement of facts.

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : यह मज़े की बात है कि नौ लाख की आबादी तड़प रही हो और परेशान हो और मिनिस्टर साहिब यह कहें कि ट्यूबवैल मुनाफा पर शायद चले या न चले इस लिए 20/22 हज़ार रुपया सर्फ कर के तजरुबा करना फज़ूल बात है

सिंचाई मन्त्री : ज़रा इज़ाजत दें, तो मैं position explain करदूं। मैंने कहा था कि exploratory tubewells का खर्च Government of India बरदाशत करती है। हम चाहते थे कि exploratory tubewells अगर कामयाब न हों तो Central Government उन का खर्च बरदाशत कर लें। यह नहीं कि हम नहीं देना चाहते।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : नाक को दाएं हाथ से पकड़ा जाए या बाएं से इस से कोई फर्क नहीं पड़ता इस तज़वीज़ पर इस लिए अमल नहीं किया गया कि पता नहीं फायदा होगा या नुक्सान। नहर की तज़वीज इस लिए रुकी थी कि जा नहीं सकती, tubewells की इस लिए रोक दी गई कि हिन्द सरकार तजरुबा करेगी कि नफा होता है या नुक्सान--वह जो 9 लाख दिया गया है इस तरह से दिया है जिस तरह बाकी ज़िलों को दिया है।

मैं आप के द्वारा सरकार से गुज़ारिश करना चाहता हूँ कि गुड़गांव से इनका सलूक निहायत गलत है इसी लिए वहां के मैम्बर साहिबान राओ गजराज सिंह और दूसरे गुड़गांव को अलहदा कर के पंजाब को बरबाद करना चाहते हैं। यह हमारे वज़ीर साहिब की बरकत है। इस लिए मैं इन्हें बधाई देता हूँ कि अगर पंजाब को कोई नुक्सान हुआ तो वह इन की वजह से होगा।

अध्यक्ष महोदय : हाऊस में राओ गजराज सिंह ने इस के बारे में कुछ नहीं कहा। (Rao Gajraj Singh has made no reference to this matter on the floor of the House.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : इस का चर्चा आपके ज़ेरेसाया इस हाऊस में एक बार नहीं कई बार हुआ है।

अध्यक्ष महोदय : गुड़गाव के अलहदा होने के बारे में तो कोई reference नहीं हुआ। आप राओ साहिब को mis-quote कर रहे है।

(No reference has been made in regard to the seperation of Gurgaon. You are misquoting Rao Sahib.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : हाऊस में यह बात कई बार आ चुकी है वैसे आप मालिक हैं।

प्रिंसिपल रला राम जी ने इस महकमा में रिश्वतसतानी का काफी चर्चा किया! उन्हों ने कहा कि छोटे अफसर ऐसा करते हैं मैं उन से कहना चाहता हूँ कि कई लोगों का ख्याल था कि पुलिस के महकमे में भी बड़े अफसर रिश्वत नहीं लेते। मगर बाद में पता लगा कि रिश्वत जाती

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

ऊपर तक थी खैर पानी तो नीचे को बहता है। इलज़ाम हमेशा छोटे अफसरों पर आता है। नरवाना में जाअली बिल्लों का किस्सा चला जिस गरीब छोटे अफसर ने इस बारे में शिकायत की उसे पागल बताया गया। सिवल सर्जन को कहा गया के इस के दिमाग़ का इलाज करो। सिवल सर्जन ने कहा दिमाग़ तो बिल्कुल ठीक है। दिमाग़ तो खराब इस लिए बताया गया था क्योंकि पानी नीचे को जाता है। हकीकत यह है कि रिश्वत हमेशा ऊपर से चलती है। किसी पटवारी ने एक रुपया ले लिया होगा या किसी कानूगो ने दस रुपए ले लिए होंगे लेकिन इस महकमे को तो sons-in-law का महकमा कहा जाता है। इस में बेइनसाफियां इतनी हुई है कि चीफ मिनिस्टर साहिब के पास अरज़ियों का पलन्दा इकट्ठा हो गया है। वज़ीर मुतअल्लिका ने कई जगह पर बददयान्त लोगों को पनाह दी। इन के महकमे में जो बेइनसाफियां हुई हैं उन का चर्चा तो सारे जहान में है। बेइनसाफियां भी भारी corruption से कम नहीं। इस सरकार के वक्त से पहले भी नहरें निकाली गई थीं। उस वक्त ऐसी सरकारी जिनस को हम अपनी नहीं कह सकते थे। इन्होंने betterment fee कभी नहीं लगाई थी, आबियाना नहीं बढ़ाया था। उस वक्त की पंजाब वज़ारत ने तो एलैक्शन इस वाइदे के ज़ोर पर लड़ी थी कि पिछली सरकार ने आबियाना को ड्योड़ा करके जो ज़्यादती की थी उस को ठीक किया जाएगा। आबियाना की शरह में जो अज़ाफा हुआ था उसे खतम किया जाएगा, वह वायदा तो पूरा हुआ नहीं मगर इन के हाथ लम्बे होते जा रहे हैं। किसानों से 80 करोड़ रुपया betterment fee की शकल में वसूल करने के ईरादे हैं। क्या पंजाब सरकार इस बात का ख्याल करेगी कि किसानों की हालत आज वह नहीं जिस में उन्होंने betterment fee लगाने का फैसला किया था ? फसलों की कीमतें गिर रही है। उन की हालत कमज़ोर हो रही है; तकसीम के बाद जितनी पैदावार बढ़ी है उतनी percentage पानी की नहीं बढ़ी। हालात ऐसे थे कि वह लोग उधर से उजड़ कर आए थे जिन्होंने West Punjab को अपनी मेहनतों से जंनत बना दिया था उन्होंने जान मारी और deficit province को surplus province बना दिया। सरकार ने भी पानी की इस ढंग से तकसीम की कि फसलों को फायदा पहुँचा। लेकिन यह किसानों से betterment fee लेने में कहां तक हक बजानब हैं कि हमारे वज़ीर साहिब को गौरव इस बात का कि किसान खुशी खुशी दे रहे हैं। इन को गौरव है कि betterment fee के इलावा वह और बीसों किस्म के टैक्स भी खुशी खुशी दे रहे हैं।

गौरव किया जाता है तरक्की की स्कीमों पर जो लोगों से लाखों रुपया ले कर चलाई जा रही है। मगर मैं उन से पूछता हूँ कि क्या इन्होंने कभी इस बात पर गौरव किया कि I. C. S. और P. C. S. के कितने अफसरों ने अपनी तनखाहों और एलौंसों में खुशी से cut लगवाने मन्ज़ूर किये। खुद इन्होंने अपनी आमदनी में से कितना रुपया छोड़ा है। अपने खर्च के बोझ को कितना कम किया किसानों के बारे में कहते हैं कि हमें उन पर बड़ा मान है।

जनाब वाला, अगर वह सरकार के हुक्म को पूरा नहीं करेंगे तो जाएंगे कहां हुक्म तो उन को मानना ही है खुशी से माने या रो कर माने--वोट देने का वक्त आता है तो कभी कभी उन का दाओ लग जाता। है हमारे वज़ीर साहिबान कहते हैं हम ने फलां चुनाव जीता--मोगा में दोनों सीटें हार गए थे मोगा वालों और नकोदर वालों और फतेहआबाद (जहां दोनों सीटें हार गए थे) के लोगों को तो इन पर ऐतमाद नहीं।

सिंचाई मन्त्री : मोगा में हम कैसे हारे थे ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाबे वाला किसी को ताकत से दबाया जा सकता है; एक दफा दबाया जा सकता है; कुछ अर्सा के लिए दबाया जा सकता है; हमेशा के लिए नहीं दबाया जा सकता । अगर इस तरह ज़ुल्म करेंगे--सख्तियां करेंगे तो आखिर लोगों--में जागृती होगी वह इन के लिए खतरनाक साबित होंगी । स्पीकर साहिब, गुड़गांव ज़िला का चर्चा हुआ कि वहां पर मानपुर गांव के पास नहर कट गई तो वहां पर पुलिस की ताज़ीरी चौकियां बिठाई जा रही हैं !

सिंचाई मन्त्री : On a point of order, Sir, गुड़गांवा ज़िला में हमारी नहर नहीं है ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : अगर आप की नहीं है तो आप पुलिस चौकी क्यों बिठाते हैं ?

सिंचाई मन्त्री : हम कोई चौकी नहीं बिठा रहे ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : अगर बिठाएंगे तो आप ही बिठाएंगे यू. पी. की सरकार नहीं बिठाएगी ।

Mr. Speaker: Is the hon. Member speaking on the basis of some hearsay ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : नहीं साहिब, मैं पूरी ज़िम्मेदारी से कहता हूं । कल सेठी साहिब ने कहा था कि जो कुछ यहां कहते हो बाहिर कहो । हम बाहिर भी ऐसा ही कहने के लिए तैयार हैं, इन में कहां जुर्त पड़ी है जो मुकाबला में आएं ।

Mr. Speaker: The hon. Member does not care to listen to me. It has already been stated that the canal which passes through the Gurgaon district does not belong to the Punjab Government. He is not relevant in making mention of the police posts here.

मौलवी अब्दुल गनी डार : मुझ से पहले भाई ने काट छांट के बारे में कहा है मैं हज़ूर की तवज्जुह इधर दिलाना चाहता हूँ ।

Mr. Speaker : The hon. Member is at liberty to criticise the Government. But he should not try to state wrong facts on the floor of the House.

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाब मैं पूरी ज़िम्मादारी लेता हूँ ।

Mr. Speaker : But the canal does not belong to the Punjab Government.

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाब तो फिर हमारी Government ताज़ीरी चौकियां क्यों बिठा रही है ?

Mr. Speaker : Is the hon. Member prepared to give an evidence before the House ?

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाब मैं evidence देने को तैयार हूँ। चूंकि मैं उस इलाके को represent करता हूँ इस लिए मैं पूरी ज़िम्मादारी से कहता हूँ कि यह सब कुछ जो हो रहा है, नहीं होना चाहिए। खान साहिब तो ऐसे ही परेशान हो गए......

Mr. Speaker : खान साहिब की तो बात ही क्या आप ने मुझे भी परेशान कर रखा है। (What to talk of Khan Sahib, you have caused worry to me also.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : आप को तो कतिअन हैरान नहीं होना चाहिए। अगर आप ही परेशान हो गए तो हमारा कुछ नहीं बनेगा, हमारी परेशानी तो काबले कबूल है।

Mr. Speaker : The hon. Member can bring the difficulties of the people of his constituency to the notice of the House. But he is not relevant in discussing the police posts here.

मौलवी अब्दुल गनी डार : जनाब जब अमेरीका discuss होता है और Russia भी discuss होता है तो आप इतमीनान से सुनते हैं मैं तो अपना इलाका ही discuss कर रहा हूँ।

राओ गजराज सिंह (गुड़गावां) : स्पीकर साहिब, नहर के बारे में जो कुछ आज इस हाऊस में कहा गया है वह मैं ने बड़े गौर से सुना है। उस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूँ कि पंजाब और पंजाब के साथ के कुछ इलाके ऐसे हैं जिन का culture ही agriculture है। मेरा मतलब यह है कि उन का तमामतर दारोमदार खेती के काम पर ही है। कुछ भाइयों को यह खुशफहमी हो जाती है कि हम तजारत करते हैं या मण्डियों के ज़रिए से रुपया कमाते हैं लेकिन वास्तव में उन की भी आर्थिक उन्नति खेत पर ही निर्भर होती है। इस इलाका में मण्डियों का काम भी खेती के काम पर ही depend करता है। खेती के मसले में नहर की बड़ी भारी importance है बड़ा भारी वजूद है। मुशतर्का पंजाब में हमारा बड़ा झगड़ा चलता रहा। दरियाओं का पानी महदूद है। दरिया तो दरिया ही रहेंगे समुद्र नहीं बन सकते। वे लोग अपनी मर्ज़ी से पानी देते थे। चुनांचि कुछ इलाके पानी से महरूम रहे। खास तौर पर Ambala Division prepartition days में बिल्कुल पानी से महरूम रहा। पिछले 3 सालों में भी हम अम्बाला डिवीज़न के भाई बार बार उठते रहे हैं और कहते रहे हैं कि हमारे साथ बेइनसाफी हुई है। मेरा मतलब यह नहीं है कि हमारे वज़ीर साहिबान हमारी तरफ तवज्जोह ही नहीं देते या वे हमारे लिए कुछ करना ही नहीं चाहते। लेकिन वह दौर ही मुश्किलों का दौर था। यही नहीं बल्कि जब भाखड़ा डैम कागज़ों पर बना था और कागज़ों पर यह लफ्ज़ लिखे गये थे कि ऐसी एक स्कीम बनेगी तो उस वक्त भी हमारे गुड़गावां और दूसरे पिछड़े हुए अलाकों के लोगों ने सदाए एहतजाज बुलन्द की थी। उस एहतजाज के जवाब में ज़बानी या तहरीरी तौर पर उस सरकार ने यह एलान किया था कि तुम्हारे लिए Gurgoan Project बनेगा। वह Project Okhle Head works पर बनेगा और वहां से पल्वल, नूह व फिरोजपुर झिरका और बल्लभगढ़ की तहसीलों को पानी मिलेगा जहां नहर नहीं थीं उस के लिए यह स्कीम बनाई गई थी। यह बात 1926 और 1928 की है। उस के बाद आज तक इस स्कीम को implement करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। वायदे बहुत सारे होते

रहे। लेकिन अगर काम होते हुए भी कहा जाए कि कुछ नहीं हो रहा तो वह गलत बात होती है। पिछले 28 वर्ष तक जुल्म होता रहा। इस साल जब कि 28 लाख रुपये की रकम इस कार्य के लिए रखी गई है अगर मैं गुड़गावां ज़िले का रहने वाला यह कहूं कि कुछ नहीं किया गया तो यह बात ungratefulness के बराबर होगी। जो स्कीम 28 वर्ष तक चालू रही और जिस के लिए एक पाई तक न रखी गई उस के लिये आज 28 लाख रुपये की रकम रखी गई है यह गवर्नमेंट की मेहरबानी का नतीजा है। बल्कि इस में क़िदवाई साहिब मरहूम का खास हाथ था। मैं आप के और इस हाऊस के सामने उन को homage pay करता हूं। हम उन के पास गए थे। मेरे मुअज़िज़ दोस्त चौधरी लहरी सिंह ने मुझे भी साथ बिठा लिया हालांकि मेरा हाथ टूटा हुआ था। इन्होंने कहा कि चलो इस काम के लिए उन के पास चलें। हमारे साथ और भी मैम्बर पार्लियामैन्ट थे। क़िदवाई साहिब को जब यह मालूम हुआ कि गुड़गावां ज़िला की यह हालत है तो एक लफ़ज़ में फैसला करते हुए क़िदवाई साहिब ने फरमाया कि कोई परवाह नहीं अगर पंजाब सरकार के पास रुपया नहीं है तो रुपया हम देंगे। आप जाओ इस काम को पाए तकमील तक पहुंचाओ। यह Central Government और क़िदवाई साहिब की मेहरबानी है कि आज हमारी सरकार ने इतनी हिम्मत से इस काम को हाथ में लिया है। मैं गवर्नमेंट को धन्यवाद देता हूँ। कहते हैं कि 100 वर्ष के बाद रूड़ी की भी सुनी जाती है आखिर में गुड़गावां ज़िला की भी सुनी गई। जो कुछ हमारी सरकार ने गुड़गावां ज़िला के लिए किया मैं मानता हूँ, कि वह इस अरसा से नहीं हो सका था।

स्पीकर साहिब, दर असल मैं आज बोलना नहीं चाहता था लेकिन कल कुछेक ऐसे शुबाहात ज़ाहिर किए गए कि मुझे बोलना ही पड़ा। मैं पिछले 10 सालों से चीफ़ इंजीनीयर्ज़ से बात कर रहा हूँ। खोसला साहिब से भी बात की और गवर्नमेंट आफ इंडिया के चीफ़ इंजीनियर से भी। मैं इस मामला में expert तो नहीं, इस के technical मामलों को ज़्यादा नहीं समझता लेकिन जो कुछ मुझे खोसला साहिब ने बताया वह यह था कि यह चीज़ यू. पी. के कतई इख्तियारात में नहीं। यह स्कीम यू. पी. गवर्नमेंट के रुकावट डालने से नहीं रुक सकती। बल्कि उन्होंने यह भी मुझे सलाह दी कि अगर 10 या 15 लाख रुपए के बिना पर यू. पी. गवर्नमेंट कोई रुकावट डाले तो यह हमारी गवर्नमेंट को छोड़ देना चाहिये। जब दो सौ करोड़ रुपया भाखड़ा पर खर्च किया जा रहा है तो यह 10 या 15 लाख क्या चीज़ है। इस गरीब ज़िले के लिए अगर 10 या 15 लाख रुपया और खर्च कर डाला तो क्या हुआ। मुझे उमीद है कि जनाब मिनिस्टर साहिब पूरी दलेरी के साथ इस situation को face करेंगे और इस की execution में कोई रुकावट नहीं आने देंगे।

यहां तक यू. पी. नहर का ताल्लुक है आखिर हिन्दुस्तान सारा एक है। हम सब की एक nationality है। इस लिए इस चीज़ में कोई तमीज़ नहीं होनी चाहिये। हमारे कमयूनिस्ट दोस्त और दूसरे भाई कुछ अपने vested interests की खातिर इस चीज़ की मुखालफ़ित कर रहे हैं। वह कहते हैं कि यह टोटे का सौदा क्यों अपने सिर पर उठा रहे हैं मैं कहता हूँ कि अगर इस गरीब इलाके को सहूलतें बाहम पहुँचाने की खातिर 10 या 15 लाख के टोटे का सौदा कर भी लिया तो क्या हो गया? जहां इतना रुपया दूसरे इलाकों को develop करने के लिए खर्च हो रहा है, वहां क्या गुड़गांव का कुछ भी हक नहीं है? आप

[राओ गजराज सिंह]

इस से घबराते क्यों है ? कहते हैं कि पानी बन्द हो जाएगा, यह हो जाए गा, वह हो जाएगा demonstrations करा देंगे, वगैरा वगैरा। (*interruption*) मैं उन्हें challenge करता हूँ कि आप बेशक अपने लोगों को तैयार कर लें जिन्हें नहरों का फायदा हुआ है कि आप हमारा सौदा ले लें, टोटे का सौदा हम ले लेते हैं। कहना आसान होता है लेकिन तकलीफ को वही जानता है जिसे हो रही हो। जिन्हें पीने के लिए पानी नहीं मिलता, उन के लिये अगर आज कुछ किया जा रहा है तो आप उस की मुखालफित करने पर तुले हुए है। जिन लोगों का गुज़ारा ही agriculture पर होता है, उन्हें क्यों न पानी मिले। 28 साल से तो हम लोग वावेला मचा रहे हैं गवर्नमेंट के आगे हाथ पसार रहे हैं। आखिर आप क्यों हरेक चीज़ में कदम—कदम पर रोड़े अटकाने की कोशिशें करते है ?...... [*interruption*]

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਤੁਸੀ ਖਾਹ-ਮ-ਖਾਹ ਕਿਉਂ ਲਾਲ ਪੀਲੇ ਹੁੰਦੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹੋ ? ਤੁਸੀ ਇਵੇਂ ਕਿਉਂ ਇਹ ਝਗੜਾ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ !

राओ गजराज सिंह : झगड़ा तो आप करते हैं। कम्यूनिस्ट भाइयों को पानी की बात से क्या, उन का काम तो आग लगाना है। आग तो पानी से बिल्कुल मुखतलिफ चीज़ है। चौधरी लहरी सिंह तो पानी के वज़ीर हैं और आप को पानी के महकमे के वज़ीर से क्या। आप तो आग के वज़ीर हैं... (*interruption*) Order, Order. मैं अर्ज़ कर रहा था कि गुड़गावां प्रोजैक्ट...

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਤੁਸੀਂ ਕੋਈ ਮਨਿਸਟਰ ਬਨਣਾ ਹੈ ?

राओ गजराज सिंह : मैं तो मिनिस्टरी वगैरा के लिए कोई candidate नहीं; अलबत्ता आप ......

अध्यक्ष महोदय : इन के साथ सौदे बाज़ी में पड़ने से क्या फायदा। (What is the use of making such bargains with them ?)

राओ गजराज सिंह : सौदे बाज़ी तो मैं इन से कोई नहीं कर रहा। बस इन की बातों का जवाब देने की कोशिश कर रहा था। आखिर सही सही चीज़ को सही क्यों न कहा जाए।

गुड़गांवां और रिवाड़ी तहसील का पहले इस गुड़गाँव प्रोजैक्ट में कोई नाम नहीं था। शुक्र है किदवाई साहिब मरहूम का जिन्होंने इस में पूरा interest लिया। अभी थोड़े ही दिन हुए हमारे Union Minister for Agriculture पंजाब राओ देशमुख रिवाड़ी तशरीफ ले आए थे। उन्होंने भी कहा था कि यह इलाका सेहरा नहीं है। अरब और दूसरे रेगिस्तान मुल्कों की तरह सेहरा नहीं है। अगर इस में कोशिश की जाए तो यह भी सर सब्ज़ इलाका बन सकता है। यह सेहरा ए-अरब जैसा नहीं। मैं कहूँगा कि आप इस मामले पर भी गौर फ़रमावें। कांग्रेस का असूल और हमारी constitution का fundamental principle ही है कि पसमान्दा इलाकों और backward लोगों को तरक्की के रास्ते पर आगे लाया जाए। उन की मदद की जाए ताकि वे अपने पावों पर खड़ा हो सकें। इसलिए जब इतना कुछ हो रहा है तो इस इलाके को develop करने के लिए कुछ किया जाने लगा है तो किसी को कोई grudge नहीं करना चाहिए।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी : बिल्कुल कोई grudge नहीं।

राओ गजराज सिंह : इस के इलावा स्पीकर साहिब, सिर्फ नहरों का मामला नहीं। बांध और tubewells से भी सिंचाई के लिए पानी पहुँचाना चाहिए। जहां नहरी पानी नहीं जा सकता वहां दूसरे तरीकों से भी इस इलाके की मदद की जानी चाहिए। मेरे दोस्त मौलवी अब्दुल ग़नी यह भूल गए कि यहां गुड़गावां में पहाड़ी इलाका भी उतना ही है जितना कि मैदानी। एक पादरी टाईप के Deputy Commissioner मिस्टर मैकन थे। उन्होंने लोगों को encourage किया। लोगों ने अपनी मदद से हज़ारों एकड़ ज़मीन reclaim की, बांध से तो नीचे के हिस्से में पैदावार भी बढ़ गई। नहर के S. D. O. और ओवरसीयरज़ शायद यहां की इस बात से वाकिफ नहीं। पिछले साल भी यह मुतालबा किया गया था कि इस महकमें को Deputy Comissioner के कण्ट्रोल में रखा जाए। इस के इलावा पांच छः सालों से 15 बांधों के लिए लोगों ने दरखास्तें दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी का काम हम खुद कर देंगे। आधी cost भी हम borne कर देंगे। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि मन्त्री महोदय ने कोई ध्यान नहीं दिया। मैं अर्ज़ करूंगा कि इस के लिए भी बजट में काफी रुपया provide किया जाये। पिछले साल और इस साल जो थोड़ा बहुत रुपया बजट में रखा गया है वह Grow More Food के बजट में से है। यह एक मुस्तकिल खर्च नहीं। इस के मुकाबला में बांधों का बनाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि इससे ज़मीन को काफी हद तक खतरे से बचाया जा सकेगा। इसलिए यह ज़रूरी है कि यह खर्च आप permanent तौर पर provide करें। यह तो ज़रूरी नहीं कि हर साल और मुस्तकिल तौर पर गवर्नमेंट आफ इण्डिया इस मकसद के लिए पंजाब गवर्नमेंट को ग्रांट देती रहे। एक साल भी उस की तरफ से subsidy न आई तो यह सारा काम बीच में ही रह जाएगा। इसलिये मैं समझता हूँ कि गवर्नमेंट जितना ज़ोर नहरों पर दे रही है उतना ही बांधों पर दिया जाना चाहिए। गुड़गावां एक ऐसा ज़िला है जहां पर ½ बल्कि ¼ हिस्से पर नहरों से आबपाशी होगी और बाकी के हिस्सों में बंधों और tube wells से। मैं बांधों के बारे में अपने मिनिस्टर साहिब को यकीन दिलाना चाहता हूँ कि अगर इस में आप ज़रा भी serious हो कर interest लें तो मेरे ज़िला के लोग voluntary labour देने को तैयार हैं, आप कुछ पैसा लगाएं और वह श्रमदान के लिए हर वक्त तैयार हैं। इस सिलसिला में उन्होंने लिख कर भी भेजा हुआ है। आगे भी हैं उन्होंने se'f help और voluntary तौर पर काम करने की मिसाल कायम कर दी है। उन्हों ने 42 मील लम्बी सड़क को तैयार किया है।

यू० पी० U. P. की नहर का ज़िक्र मेरे फाज़ल दोस्त ने किया। आप हमें अलहदा नहर दे तो हम उसकी जितनी भी terms हैं–जैसा कि दूसरे इलाकों में है, आबयाना वगैरा--वह अपनाने से इनकार नहीं करेंगे। मगर यू. पी की नहर के दाम हमें बहुत देने पड़ते हैं। नूह और पलवल के लोग जानते हैं कि उन्हें दुगना आबयाना देना पड़ता है। उन का rate पंजाब के rate से दुगना है। बल्कि अब उस से भी ज़्यादा बढ़ाने की कर रहे हैं।

सिंचाई मन्त्री : Three times है, दुगना नहीं।

राओ गजराज सिंह : मेरी अपनी information भी यही थी कि तीन गुना है। लेकिन चूंकि इन के इंजीनियर्ज़ से पूछा तो उन्हों ने बताया कि मुझे पिछले साल का पता है। तब तो दुगना था। इस लिए मैं ने दुगना कहा है। उन की इस के साथ यह भी शर्त है कि पहले

[राओ गजराज सिंह]

यू. पी. वाले इस पानी को avail करेंगे और बाद में जो बचेगा वह पंजाब वालों को मिलेगा। हमें यह बात बिल्कुल मन्ज़ूर नहीं। मैं ने आगे भी कहा था और आज फिर अर्ज़ करता हूं कि हम अपनी अलहदा नहर खुदवाएं। जिस स्कीम को हाथ में लिया है उसे जल्द-अज़-जल्द execute किया जाए। यू. पी. वाले कहते हैं कि नहर पर कण्ट्रोल उन का रहे; उन की तरफ से ही चालू हो और जो rates वह लगाएं वही enforce किए जाएं। मैं मन्त्री महोदय से कह देना चाहता हूँ कि हमें यह conditions बिल्कुल मन्ज़ूर नहीं।

श्रीमान् जी, आबपाशी के मुतअल्लिक मेरी अर्ज़ है कि सिर्फ इन चीज़ों से काम नहीं चलेगा। नहर के बिना यह जो झज्झर, भिवानी, तहसील रिवाड़ी और गुड़गावां का सारा इलाका है यहां बिजली से ही काम नहीं चलेगा। इस बात का मुझे बड़ा तलख़ तजरुबा है कि महकमा नहर के अफसरान बड़े आराम परस्त वाकया हुए हैं। पिछले साल जब rural electricity scheme मन्ज़ूर हुई थी तो उन्हों ने उस स्कीम में तीन कसबे भी डाल दिए थे। तो मैं पूछता हूँ कि क्या इस तरह से rural areas electrified हो सकते हैं? मैं वज़ीर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वह इस मामले में सख्ती से काम लें। जो scheme rural areas को electrify करने के लिए बनाई जाए उसे सिर्फ rural areas तक ही महदूद रखना चाहिए।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : On a point of order, Sir. क्या अब electricity की demand पर बहस हो रही है या irrigation की demand पर?

अध्यक्ष महोदय : Order, order.

राओ गजराज सिंह : आप को अपनी दुकानों के लिए बिजली की ज़रूरत है मुझे तो कूओं के लिए ज़रूरत है। आप बेताब होते जा रहे हैं सिर्फ इस लिए कि कहीं आप की दुकानों की बिजली न खोई जाए। स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करूंगा कि यह खेतों के काम के लिए............

(At this Maulvi Abdul Ghani Dar rose to say some thing.)

Mr. Speaker : Order, order.

राओ गजराज सिंह : स्पीकर साहिब, मैं सिंचाई मन्त्री जी से अर्ज़ करूंगा कि जो उन्हों ने बिजली के supply करने का commercial rate रखा हुआ है वह नहीं होना चाहिए क्योंकि इस के मुताबिक एक गांव को बिजली देने के लिए अगर एक या दो मील बिजली की लाईन लेजानी पड़ती है तो उस line पर जो तमाम expenses आते हैं वह उस connection से charge कर लिए जाते हैं। लेकिन गांवों के लोग बिजली के लेने के लिए इतना ज़्यादा खर्च अदा नहीं कर सकते। इसी लिए वह बेचारे बिजली के connections नहीं ले सकते।

स्पीकर साहिब, इस वक्त हो क्या रहा है? Capital Expenditure इन बिजली की lines पर चाहे Government of India का लगे चाहे पंजाब गवर्नमेंट का लगे यह उन लोगों से मुजराए कर लिया जाता है लेकिन यही चीज़ नहरों से पानी देने पर नहीं की जाती। नहरों की खुदाई पर या ज़मीन पर जो खर्च गवर्नमेंट करती है वह उन लोगों से नहीं लिया जाता है

जिन लोगों की ज़मीनों को पानी पहुंचाया जाता है । नहरों के case में तो यह Capital expenditure नहीं मांगा जाता, लेकिन बिजली के लिए लिया जाता है, यह फर्क क्यों ! नहरों की तरह इस सिलसिले में भी यह चाहिए कि जितनी बिजली वह consume करें उन से उस के हिसाब से पैसे वसूल कर लिए जाएं । इस तरह से वह इलाका सैराब हो सकता है जो कि men made desert है । वरना हम जानते हैं कि गांवों में बिजली की खपत नहीं होगी क्योंकि गांवों वालों से इस तरह connection देने के लिए पांच हज़ार या दस हज़ार तक मांगा जाता है । इस लिए मेरी गुज़ारिश है कि अगर मन्त्री महोदय को कायदा बदलने की ज़रूरत पड़े और उस से लोगों को सहूलत हो सकती हो तो यह कायदा को बदल दें । बिजली की सपलाइ भी उसी असूल पर होनी चाहिए जिस पर नहरों के पानी की की जाती है या नहरें ले जाई जाती हैं । मैं उन्हें कहता हूँ कि यह कायदा क्यों नहीं बदलते ।

सिंचाई मन्त्री : ज़रा आप इस point पर अच्छी तरह light throw करें कि यह capital expenditure से आप क्या मायने ले रहे हैं और बिजली का नहरों से क्या ताल्लुक है !

राओ गजराज सिंह : मेरा कहने का मतलब यह है कि जो आप नहरें बनाने पर capital लगाते हैं वह तो आप ज़मींदारों से वसूल नहीं करते जिन की ज़मींनों को उन नहरों से पानी दिया जाता है । मसलन आप एक नहर बानाने में 200 करोड़ रुपया लगाते हैं और वह नहर 10 हज़ार एकड़ ज़मीन को सैराब करती है तो आप की per एकड़ ज़मीन जितनी लागत आती है वह आप ज़िमींदारों से वसूल नहीं करते । आप उन से लेते हैं सिर्फ betterment levy या charges of water की शक्ल में tax वसूल करते हैं । लेकिन electricity की जो lines गांवों तक लेजाई जाती हैं और उन पर किया गया capital expenditure गांवों वालों से वसूल कर लेते हैं । आप को भी नहरों की तरह betterment charge की शक्ल में कुछ लेना चाहिए । नहरों को आप चाहे दो सौ मील तक क्यों न ले जाएं उन पर किया गया सारा Capital expenditure आप नहीं मांगते यह development का तरीका है लेकिन बिजली के सिलसिला में आप का तरीका commercial ढंग का है ।

फिर स्पीकर साहिब, हमारे सिंचाई मन्त्री जी कहते हैं कि पता नहीं कि वहाँ tube wells भी कामयाब होते हैं कि नहीं । मैं उन से अर्ज़ करता हूँ कि अगर आस पास के इलाके में तो tube well लग गए और उन के ज़रिए वहां आबपाशी होने लग गई और उस इलाके में न हुई तो लोग अपने घर छोड़ कर वहां चले जाएंगे और यह इलका बिल्कुल बंजर और वैरान हो जाएगा । वहां सिवाए गाये बकरी चराने के और कोई काम नहीं होगा । मैं वज़ीर साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह उस इलाके की तरफ तवजोह दें । वह पहले जहां तीन चार दफ़ा इस सिलसिले में देहली हो आए हैं वहां अब और भी कोशिश करें । क्या हुआ अगर किदवाई साहिब नहीं रहे । दूसरों को बार बार कहने पर भी उन का दिल नर्म हो सकता है और उस इलाके के लिए इमदाद मिल सकती है ।

श्री मूल चन्द जैन (संभालका) : स्पीकर साहिब, irrigation की तीनों demands पर मैं ने cut motions दे रखी हैं । Cut motions पर बहस करने से पेशतर मैं Irrigation Minister साहिब को और उन के महकमे के चीफ़ इन्जनीअरज़ को इस पर

[श्री मूल चन्द जैन]

बधाई देना चाहता हूँ कि पिछले साल में हमारे पंजाब में गल्ला की पैदावार में जो इज़ाफा हुआ है जहां उस में peasantry का हाथ है वहां छोटी स्कीमों का कामयाब बनाने में इस महकमें के अफसरान ने भी इन का हाथ बटाया है। मैं इन्हें एक और बात पर बधाई देता हूँ वह यह कि इन्होंने हमारे पंजाब में labour Co-operative Societies के काम को जारी किया है।

स्पीकर साहिब, मैं जानता हूँ कि हमारे पंजाब में करोड़ों रुपये के मिट्टी के काम और दूसरे काम हो रहे हैं जिन पर unskilled labourers ही काम कर सकते हैं। लेकिन पहले unskilled labour का जितना भी काम होता था वह ठेकेदारों की मारफत होता था और उन unskilled labourers की कमाई वह खाया करते थे लेकिन अब चौधरी लहरी सिंह साहिब ने हिम्मत की और उन्होंने ठेकेदारों को हटा कर यह काम Labour Co-operative Societies को दिया है। इस का नतीजा यह हुआ कि अब सैकड़ों Labour Co-operative Societies जारी हो गई हैं। आज मैं उन के नोटिस में एक बात गुज़ारना चाहता हूँ कि महकमे के चन्द अफसरान उन societies को सुतीली मां की निगाह से देखते हैं। इस की वजह तो मुझे ठीक पता नहीं है। वह शायद इस लिए उन से सुतीली मां वाला बर्ताव करते हैं क्योंकि जब यही काम ठेकेदार कराते थे तो शायद उन से इन की बातचीत हो जाती थी लेकिन..........

सिंचाई मन्त्री : वह उन से मिल जाते थे।

श्री मूल चन्द जैन : यही कारण है या और कोई कारण है यह तो मैं ठीक नहीं कह सकता लेकिन इतना मैं ज़रूर कह सकता हूँ कि वह Co-operative Societies के साथ सुतीली मां वाला वर्ताव करते हैं। यह मुझे पता है कि हमारे सिंचाई मन्त्री उन पर सख्त निगरानी कर रहे हैं लेकिन फिर भी कुछ कसर है। मैं तो कहूँगा कि जब हम पंजाब में या बाकी के हिन्दुस्तान में socialistic तरीका की हकूमत बनाना चाहते हैं तो बजाए इस बात के कि हमें Labour Co-operative Societies की प्रवरिश करनी चाहिए उन के साथ सुतीली मां जैसा सलूक नहीं होना चाहिए। हमें चाहिए कि हम उन्हें अच्छी तरह से सलाह मशवरा दें और जब उन्हें काम में मुश्किलें पेश हों तो उन की सहायता करें।

(*At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair.*)

मुझे किसी खास अफसर का नाम नहीं लेना है। मगर मैं इतना ज़रूर कहना चाहता हूँ कि एक S. D. O. के खिलाफ मेरे पास बार २ शिकायतें आई हैं। मालूम ऐसा होता है कि इस अफसर को Labour Co-operatives की तहरीक पसंद नहीं और उस की बार २ यही कोशिश रहती है कि किसी तरह यह फेल हो जाएं।

(**सिंचाई मन्त्री :** क्या यह S. D. O. Tubewells Division में है या Irrigation Division में) ग़ालबन यह S. D. O. Tubewells Division में है। खैर यह तो बात मैं ने by the way की है। शायद और अफ़सर भी हों जो ऐसी बातें करते हों। मेरा मतलब यह है कि जो निगरानी आज कल रखी जा रही है यह और भी बढ़ जानी चाहिए।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूँ यह है कि महकमे ने बड़ी तारीफ का काम किया है।

सूबे की तरक्की में इस का बड़ा हाथ है। मगर जो impression इस का जनता पर होना चाहिए, जिस तरह लोगों के दिल में महकमे के लिए प्यार होना चाहिए वह नहीं है । दरअसल यह महकमा पंजाब की बहुत भारी खिदमात कर रहा है । इस ने पंजाब को बनाया है मगर इन सारी बातों का जो impression जनता पर होना चाहिए वह नहीं है। वह ठीक है कि अंग्रेज़ी ज़माने में इस महकमे की बड़ी नुक्ताचीनी होती थी । मगर ऐसी नुक्ताचीनी आज के ज़माने में नहीं रहनी चाहिए। और यह नुक्ताचीनी सिर्फ जनता ही नहीं करती Civil Officers भी करते हैं। Deputy Commissioners और दूसरे बड़े २ अफसर भी कहते हैं कि जिस काम को वह 2 लाख रु० में कर सकते थे अगर यह इन के सुपुर्द होता। उसी काम को महकमा 6 लाख रु० में करता है। इन बातों की तरफ हमारी government को ध्यान देना चाहिए। इस महकमे के बारे में जो दो चार improvements मेरे दिमाग में आई हैं वह हाउस के सामने अर्ज़ करना चाहता हूँ।

एक बात तो मैं corruption के cases के मुतअल्लिक कहना चाहता हूँ। पहले तो ऐसे सारे cases में Department के बड़े अफसर ही investigation करते थे मगर अब यह तो हो गया है कि यह cases पुलिस में भी जाते हैं। मगर ठीक तरह से नहीं होते। मिसाल के तौर पर नरवाना ब्रांच के कुछ cases investigate हो रहे हैं। 5, 6 महीने से cases चल रहे हैं मगर अभी तक किसी अदालत में नहीं गए । यह तो आप जानते हैं कि इतनी delay cases में नहीं होनी चाहिए । गवाह टूट जाते हैं और कई किस्म की गड़बड़ हो जाती है। Justice में delay करना justice को deny करना है। महकमे को खास तौर पर हिदायत होनी चाहिये कि corruption के cases 2 महीने के अन्दर अन्दर खत्म हो जाने चाहिएं। इस बारे में मेरी एक अफसर से बात हुई। मैं नाम नहीं लेना चाहता। Staff को एक 2 witnesses को examine करना पड़ता है। तो इस तरह वह पड़ताल में ही 15 दिन लगाएंगे । उन्हें क्या ज़रूरत है कि वह ज़्यादा मेहनत करें । अगर आप उन से केस को 2, 4 दिन में खत्म करने के लिये कहेंगे तो वह 5 7 दिन में कर ही देंगे इस तरह delay न होगी । मैं समझता हूँ कि investigation जल्दी खत्म होनी चाहिये।

इस के अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। यह बड़ा controversial मामला है। महकमा ने इसे बार बार reject किया है। मामला यह है कि Revenue Realisation Agency, Executive Engineer और Superintending Engineer के department से अलग होनी चाहिये। इस बारे में मैं ने और कई दूसरे आदमियों ने लिखा कि ज़िलेदार और Deputy Collector, Executive Engineer के महकमे इकट्ठे नहीं होने चाहिएं। मैं ने इस मामले पर काफी गौर किया है और इसे कई लोगों के साथ discuss भी किया है। मैं ने इस बात का जिक्र इस लिए किया है कि चूंकि हम महकमे से corruption को हटाने के मसले पर बहस कर रहे हैं। और यह corruption इन दोनों को अलग 2 कर के एक बड़ी हद तक दूर की जा सकती है। S. D. O. का काम सफाई silt clear कराना, पटड़ी साफ कराना ही रह जाए। S. D. O. तो यह भी नहीं करते और ठेकेदारों से मिलकर, फर्ज़ी लिख लिखा कर रुपया हड़प कर जाते हैं। अगर ज़िलेदार और

[श्री मूल चन्द जैन]

Deputy Collector अलग हों तो वह S. D. O. वगैरा के पोल खोलते रहें कि कहां गोल माल हुआ है। इस तरह हर किस्म का गोल माल पकड़ा जा सकता है। मेरा point यह है कि आप महकमें की expert advice बेशक लेते रहें, जहां तसल्ली न हो, राए लें मगर महकमें की advice मान कर, इस तजवीज़ को इस लिए न ठुकराएं कि महकमा 20, 25 साल से काम चला रहा है और कहता है कि Reveune Realisation Division अलग नहीं होनी चाहिए बल्कि इस पर फिर गौर करें। इस से corruption को दूर करने में बड़ी मदद मिलेगी।

मैं ने ज़िक किया है कि महकमे में गड़बड़ होती है। खास कर 31 मार्च के आस पास। अब 31 मार्च आने वाला है। Chief Engineer साहिब बैठे हैं......

ਵਿਕਾਸ ਮੰਤਰੀ : ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨੋਟਿਸ ਨਹੀਂ ਲੈ ਸਕਦੇ।

श्री मूल चन्द जैन : I am sorry. मैं आप की मारफत, स्पीकर साहिब, अपनी सरकार से कहना चाहता हूं कि वह मौके पर छिपकर देखें या छापे मारें और पता लगाएं कि इन 10, 15 दिनों में, 5, 10 अप्रैल तक जो खर्च होता है, जिन रकमों की अदायगी होती है वह जायज़ होती है। मैं समझता हूं कि यह सारा रुपया ठेकेदारों की मारफत हड़प किया जाता है। इस तरफ ध्यान दिया जाए। अब मैं करनाल ज़िले की नहरों और drainage की तरफ आप का ध्यान दिलाता हूं। करनाल में drainage का भी एक problem है। Public Relations Committee में भी बार बार ज़िक किया जाता है। महकमें को भी लिखा। चुतन्ग नदी पर पुल बनाने के बारे में कहा। महकमे के पास estimate भी है। Executive Engineer ने बताया कि पब्लिक को 56. 25 percent खर्च contribute करना होगा। तब नदी, नालों को ठीक कर सकते हैं। अगर पुल बनाने का यही फैसला है कि लोग 56. 25 percent दें तो यह पुल नहीं बन सकते-लोग इतना खर्च नहीं दे सकते।

(**सिंचाई मन्त्री** : यह हमारा फैसला नहीं है बल्कि यह तो बजट में provide किया गया है) चाहे कुछ भी हो इस को बदलना चाहिये। ज़मींदारों से आबयाना लिया जाता है, betterment charges देते हैं तो हम कहां तक लोगों को मनवा सकते हैं। लोग गरीब हैं इस लिए रुपया नहीं दे सकते, हां labour दे सकते हैं। अगर कोई पुल बनाना हो तो लोग 50 हज़ार या एक लाख रुपया कहां से दें। चुतन्ग पर 15, 15 मील तक पुल नहीं है। अए साल 5, 6 आदमी मर जाते हैं। खेतियां तबाह हो जाती हैं। इस लिये इस मामले में खास तौर पर ध्यान दें।

हमारे ज़िले में flood control measures जो लिये हैं, बाबैल के पास या और जगह पर, इस के लिये हम सरकार के शुक्रगुज़ार हैं। Government of India ने जो flood Control Board बनाया है यह भी बड़ा काम कर रहा है। करनाल जमुना के पानी से affected है, floods आते हैं। मगर जो इस के लिये रुपया provide किया गया है, काफी नहीं है। कुन्जपुरा के पास झील पर पुल का सवाल है। झील प्राय में पानी ज़्यादा हो जाने से लोगों को परेशानी होती है। इस तरफ ध्यान दिया जाये।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। मैं ने एक सवाल पूछा था कि करनाल में कितने Division काम कर रहे हैं।

स्पीकर साहिब, मुझे यह सुन कर हैरानी हुई कि हमारे ज़िला के अन्दर 8 Division काम कर रहे हैं। हमारे वज़ीर साहिब तो Headquarters में रहते हैं इस लिए हरेक Division में दिलचस्पी नहीं ले सकते। तो क्या मैं वज़ीर साहिब से पूछ सकता हूं कि अगले पांच साला योजना में हमारे ज़िले के लिए क्या क्या स्कीमें रखी गई हैं। इस ज़िला की तरफ बहुत कम ध्यान दिया गया है। कई नाले और drains हैं। फिर यह 56.25% का भी सिआपा है। जहां हमारे वज़ीर साहिब ने tube wells का ज़िक्र किया है वहां drains का ज़िक्र नहीं किया। करनाल ज़िले का drainage का मामला एक burning question है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि करनाल ज़िले की drainage problem को अभी तक हल नहीं किया गया। जहां तक लोगों की ज़िन्दगी का सम्बन्ध है मैं यह गुज़ारिश करना चाहता हूं कि हम ने इन के standard को ऊंचा करना है इस लिए हमें drainage problem को solve करना चाहिए। करनाल ज़िले में इतने division न रखे जाएं बल्कि इतने हों जिस से लोगों को आसानी हो और drainage का मामला हल हो जाए।

एक और बात tube wells के लिए दी गई बिजली के बारे में है। Tube wells चलाने के लिए बिजली का rate ज़्यादा है। ज़मींदार इस रेट को बरदाश्त नहीं कर सकते। मैं वज़ीर साहिब से अर्ज़ करूंगा कि वह इस rate को revise करें और इतने रेट रखें जिस से ज़मींदार बिजली ले सकें। इस रेट के बारे में अफसरों की रिपोर्ट भी यह है। मुझे पता है कि इस रेट में कुछ कमी कर दी गई है। मेरी गुज़ारिश है कि इस रेट को जितना भी हो सके कम किया जाए।

मैं फिर इन मुश्किलात को जो मेरे ज़िले के लोगों को हैं और तजावीज़ को जो मैं ने इस बारे में की है वज़ीर साहिब के ध्यान में लाना चाहता हूँ और साथ ही वज़ीर साहिब का शुक्रिया अदा करता हूँ कि उन्होंने करनाल ज़िले की तरफ ध्यान दिया है। और रुपए का भी provision किया है।

5 p. m.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ (ਟਾਂਡਾ): ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, Irrigation Minister ਨੇ ਪਿਛੇ ਐਲਾਨ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਜੋ ਨਹਿਰ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਛਡਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਦਰਅਸਲ ਇਹ 1955 ਵਿਚ ਛਡਿਆ ਜਾਣਾ ਸੀ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਸਾਲ ਦਾ ਵੀ ਪਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਭਾਖੜਾ ਬਾਰੇ ਵੀ ਸਭ ਕੁਝ ਪਤਾ ਹੈ ਇਹ ਪਾਣੀ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਇਕ ਸਾਲ ਪਹਿਲੋਂ ਚਲਾਣ ਲਈ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਸਗੋਂ ਤੁਸੀਂ ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤ ਟੈਕਸ ਪਹਿਲੋਂ ਲਾਉਣ ਲਈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹਿਰ ਪਹਿਲੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ।

ਜਲੰਧਰ ਵਿਚ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦੇ ਵਿਰੁੱਧ ਮੁਜ਼ਾਹਰੇ ਹੋਏ। ਮੈਂ ਉਸ ਵਕਤ ਦਿੱਲੀ ਸੀ। ਮੈਨੂੰ ਜਲੰਧਰ ਦਾ ਇਕ ਮਿੱਤਰ ਦਿੱਲੀ ਵਿਚ ਮਿਲਿਆ। ਉਸ ਕਿਹਾ ਕਿ ਜਲੰਧਰ ਵਿਚ ਮੁਜ਼ਾਹਰੇ ਹੋ ਰਹੇ ਹਨ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ 'ਖੁਸ਼ਖਬਰੀ' ਟੈਕਸ ਲਾ ਦਿਤਾ ਹੈ (ਹਾਸਾ) ਉਸ ਵਿਚਾਰੇ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤੀ ਤਾਂ ਯਾਦ ਨਾ ਰਿਹਾ "ਖੁਸ਼ਖਬਰੀ" ਯਾਦ ਰਹਿ ਗਈ। ਇਹ

[ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ]

10–12 ਰੁਪਏ ਏਕੜ ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਲਈ ਹੀ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਚਾਲੂ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਅਤੇ ਐਲਾਨ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਅਸੀਂ ਪਾਣੀ ਆਪਣੇ ਵਕਤ ਤੋਂ ਇਕ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਦੇ ਰਹੇ ਹਾਂ।

ਫਿਰ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਬਿਸਤ ਦੁਆਬ ਨਹਿਰ ਕਢੀ ਗਈ ਇਸ ਦੀ ਜਦੋਂ opening ceremony ਕੀਤੀ ਗਈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਵੀ ਉੱਥੇ ਗਿਆ। ਤੇ ਕੀ ਵੇਖਿਆ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਚੜ੍ਹਦੀ ਤਰਫ ਪਾਣੀ ਖੜਾ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ–ਤਿੰਨ ਤਿੰਨ ਚਾਰ ਚਾਰ ਫੁਟ ਪਾਣੀ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਘਰਾਂ ਵਿਚ ਫਿਰ ਗਿਆ ਸੀ। ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਫਸਲ ਦੇ ਦਾਣੇ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਏ ਸਨ, ਸਿਵਾਇ ਕਮਾਦ ਦੇ। ਫਿਰ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮੋਘੇ ਨਾ ਬਣੇ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵੇਖਿਆ ਕਿ ਪਾਣੀ ਆਇਆ ਹੈ ਪਾਣੀ ਲਾ ਲਿਆ। ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੀ ਪਤਾ ਸੀ ਕਿ ਪਿਛੋਂ 'ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤੀ' ਟੈਕਸ ਲਗ ਜਾਣਾ ਹੈ।

ਫਿਰ ਨਹਿਰ ਐਨੀ ਪੱਕੀ ਬਣਾਈ ਗਈ ਹੈ ਕਿ 15 ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਟੁਟੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਨਹਿਰ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੋਂ ਕਟੀ ਗਈ ਤੇ ਉੱਥੇ ਪੁਲਿਸ ਖੜੀ ਕਰਕੇ ਮੁਰੰਮਤ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਤੁਸੀਂ ਆਦਮਪੁਰ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਵੇਖ ਲਵੋ।

ਮੈਂ ਤਾਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ (ਵਜ਼ੀਰ ਸਿੰਚਾਈ) ਨੂੰ ਬਿਲਕੁਲ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਨਹਿਰ ਲਈ ਕਿਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਨਹਿਰ ਪਹਾੜ ਪਾਸੋਂ ਜਦੋਂ ਨਿਕਲਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਪਾਣੀ ਤੇਜ਼ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਪਹਾੜ ਤੋਂ 10 ਮੀਲ ਤੇ 15 ਫੁਟ ਉੱਚੀ ਨਹਿਰ ਬਣਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਤੇ ਪਾਣੀ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਨਹਿਰ ਟੁਟ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਨਹਿਰ ਦੇ ਇੰਜੀਨੀਅਰ ਨੂੰ ਵੀ ਨਹੀਂ ਪਤਾ ਕਿ ਇਥੇ position ਕੀ ਹੈ। ਇਹ ਬਰਸਾਤੀ ਨਹਿਰ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਦੀ ਤੇਜ਼ੀ ਨੂੰ ਰੋਕਿਆ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦਾ।

ਅਜੇ ਵੀ ਹੁਣ ਆ ਰਹੀਆਂ ਬਰਸਾਤਾਂ ਵਿਚ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਜਦੋਂ ਨਹਿਰ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੋਂ ਟੁਟੀ ਤਾਂ ਕਈ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਪਿੰਡ ਡੁਬੇ ਰਹਿਣਗੇ ਤੇ ਜਦੋਂ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਆਇਆ ਤਾਂ ਨਹਿਰ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਵਲ ਤਾਂ ਕਿਸੇ ਧਿਆਨ ਨਾ ਦਿੱਤਾ। ਇਹ ਤਾਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਮੁਸ਼ਕਲਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ। ਬੱਸ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਨ। Local Rate ਹੈ, ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤੀ ਟੈਕਸ ਹੈ, ਆਬਿਆਨਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ।

ਫਿਰ ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਹ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਹਰਿਆਨਾ ਪ੍ਰਾਂਤ ਨਾਲ ਜਾਂ ਰੋਹਤਕ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਨਾਲ। ਇਥੇ ਮੈਂ ਇਹ ਦੱਸ ਦੇਵਾਂ ਕਿ ਉੱਥੇ water charges ਘੱਟ ਹਨ ਇਥੇ ਵੱਧ ਹਨ। (interruptions) ਉੱਥੇ ਰੇਟ 8 ਆਨੇ ਹੈ ਅਤੇ ਇਥੇ $4\frac{1}{2}$ ਰੁਪਏ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਥੇ ਨਹਿਰਾਂ ਹਨ ਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਪਿੰਡ ਡੋਬ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ ਪਰ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਆਦਮੀ ਮਰ ਰਹੇ ਹਨ ਪਰ ਟੈਕਸ ਲਗ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਠੀਕ ਹੈ। ਦਰਿਆ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਹੋਰ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਫਿਰ ਵੀ ਟੈਕਸ ਲਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ।

ਫਿਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ syphons ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ, ਇਹ ਵੀ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਚੋ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ syphons ਦੇ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਰੁਖ ਬਦਲੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ। ਤਿੰਨ ਚੋ ਤਾਂ ਇੰਨੇ ਜ਼ਬਰਦਸਤ ਹਨ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੁਖ ਬਦਲਣ ਲਈ ਜਿੰਨੀ ਵੇਰ ਵੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਬਰਬਾਦੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੁਖ ਬਦਲਣ ਨਾਲ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਵੀ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਿਹਾ। ਕਿਉਂਕਿ ਚੋ ਦਾ ਰਾਹ ਬਿਲਕੁਲ ਪਹਿਲਾਂ ਨਾਲੋਂ ਉਲਟ ਕਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਬਰਬਾਦੀ ਤਾਂ ਹੋਣੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੋਆਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ tame ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਲਾਭ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਬਰਬਾਦੀ ਤੋਂ ਬਚ ਸਕਣ।

ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਜਿਸ ਵਲ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਰਲਾ ਰਾਮ ਜੀ ਨੇ ਇਸ਼ਾਰਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ lift ਦੀ ਮੰਗ ਹੈ। ਜਿੰਨੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਭਾਖੜਾ ਵਿਚੋਂ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਨੂੰ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਉੱਥੇ ਪੰਜ ਦਸ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਲਿਫਟਾਂ ਰਾਹੀਂ, ਮਿਲ ਕੇ ਪਾਣੀ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਬਾਕੀਆਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ। ਬਾਕੀ ਥਾਂਵਾਂ ਤੇ ਵੀ ਲਿਫਟਾਂ ਲਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਜੋ ਉੱਥੇ ਵੀ ਪਾਣੀ ਮਿਲ ਸਕੇ। ਲਿਫਟਾਂ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਉੱਥੇ ਪਾਣੀ ਜਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ Tube-wells ਨਹੀਂ ਲਗ ਸਕਦੇ ਤੇ Tube-wells ਪੁਰ ਬਹੁਤ ਖਰਚ ਆਇਗਾ।

ਸ਼ਾਹ ਨਹਿਰ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਵਡੇ ਅਫਸਰ ਰਿਸ਼ਵਤ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ ਤੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਛੋਟੇ ਅਫਸਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਭਾਖੜੇ ਦੇ ਤਜਰਬੇ ਦੀ ਬਿਨਾ ਤੇ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਨੌਜਵਾਨ Overseer ਉੱਥੇ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਹ ਰਿਸ਼ਵਤ ਬਿਲਕੁਲ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਨੌਜਵਾਨ Overseers ਜਿਹੜੇ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੇ ਨੇੜੇ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਨੌਕਰੀ ਕਰਨੀ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋਈ ਹੋਈ ਹੈ। ਰਿਸ਼ਵਤ ਮੰਗਦੇ ਵਡੇ ਅਫਸਰ ਹਨ ਪਰ ਉਹ ਆਪਣੀ ਹੱਥੀਂ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਿਸ਼ਵਤ ਛੋਟਿਆਂ ਅਫਸਰਾਂ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤੇ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਉਹ ਹਿੱਸਾ ਰਸਦੀ ਆਪਸ ਵਿਚ ਵੰਡ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਜੇ ਛੋਟੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਰਿਸ਼ਵਤ ਲੈਣ ਤੋਂ ਇਨਕਾਰ ਕਰਨ ਤਾਂ ਵਡੇ ਅਫਸਰ ਉੱਪਰੋਂ ਦਬਾ ਪਾਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਨੌਕਰੀ ਕਰਨਾ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

सिंचाई मन्त्री : यह दरुस्त है कि अगर बड़े अफ़सर दियानतदार हों तो छोटे मुलाज़म भी रिश्वत लेने से झिझकते हैं।

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਸ਼ਾਹ ਨਹਿਰ ਤੋਂ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਅੱਗੇ ਜਿਹੜਾ ਰਕਬਾ ਇਸ ਤੋਂ ਸੈਰਾਬ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਉਹ 8,000 ਏਕੜ ਸੀ ਪਰ ਹੁਣ
2
25 ਹਜ਼ਾਰ ਏਕੜ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ। ਅਸਲ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਖੇਤ ਨੂੰ ਤਿੰਨ ਵਾਰੀ ਗਿਣਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰਕਬਾ ਵਧਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਪਟਵਾਰੀ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜੇ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰੀਪੋਰਟ ਨਾ ਕਰਨ ਤਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜਵਾਬ-ਤਲਬੀ

[ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ]
ਕਰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਬਪਾਸ਼ੀ ਵਿਖਾਕੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਆਬਿਆਨਾ ਵਧਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਭਾਰੀ ਬੋਝ ਦਾ ਕਾਰਨ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਇਕ ਵਿਘੇ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇ ਕੇ ਆਬਿਆਨਾ ਤਿੰਨਾਂ ਵਿਘਿਆਂ ਦਾ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਉਸ ਨੂੰ ਸ਼ੋਭਾ ਨਹੀਂ ਦੇਂਦਾ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਰੇਤਲੀ ਤੇ ਪਥਰੀਲੀ ਹੈ ਤੇ ਜੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਇਥੇ ਦਿਆਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੇ ਨਾਜ਼ਾਇਜ਼ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਆਬਿਆਨਾ ਵਸੂਲ ਕਰੇਗੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਬੱਚਤ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਲਗੀ।

ਰੋਪੜ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਨਹਿਰ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰਨ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਥੋੜ੍ਹੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਜਾਣਾ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਇੰਜੀਨੀਅਰਾਂ ਦਾ ਵਿਚਾਰ ਹੈ ਕਿ ਰੋਪੜ ਨੀਵਾਂ ਹੈ ਤੇ 100 ਫੁਟ ਦਾ ਫਰਕ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਬੰਨ੍ਹਾਂ ਦਾ level ਠੀਕ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਦੁਆਬੇ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚੋਂ ਜਿਥੇ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ 5 ਜਾਂ 10 ਏਕੜ ਤੋਂ ਵੱਧ ਨਹੀਂ ਉਥੋਂ ਨਹਿਰ ਗੁਜ਼ਰੇਗੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਏਗੀ। ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਬੰਜਰ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ ਤੇ ਜੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਇਸ ਦਾ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਵੀ ਦੇਣਾ ਪਏ ਤਾਂ ਥੋੜ੍ਹਾ ਹੀ ਦੇਣਾ ਪਏਗਾ ਤੇ ਦੂਜੇ ਲੋਕਾਂ ਵਲੋਂ ਕੋਈ ਖਾਸ ਰੁਕਾਵਟ ਪੇਸ਼ ਨਹੀਂ ਆਉਣ ਲਗੀ। ਬਰਬਾਦ ਪਈ ਜ਼ਮੀਨ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਖਰਚ ਐਂਨਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਲਗਾ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ! ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Ray Head ਤੋਂ ਜਿਹੜੀ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਨਹਿਰ ਕਢੀ ਗਈ ਹੈ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ। ਨਹਿਰ ਪੁਟੀ ਜਾ ਚੁਕੀ ਹੈ ਤੇ ਹਾਲੇ ਤਕ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਮਾਲੀਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਹ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨਗੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਨਹਿਰ ਕਢੀ ਜਾਏ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਾ ਦਿਤਾ ਜਾਏ ਤੇ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਮਾਲੀਆ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਮੈਂ ਸੁਣਿਆ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਸੋਚ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਅੱਜ ਕਲ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਿਚ constitution ਦੀ ਦਫਾ 31 ਦੀ ਤਰਮੀਮ ਦਾ resolution ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦੇਣ ਦੇ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਤੇ ਜੇ ਇਹ ਦਫਾ ਤਰਮੀਮ ਹੋ ਜਾਏ ਤਾਂ...........

सिंचाई मन्त्री: बिल्कुल नहीं। Don't talk of that. We are opposed to it that the poor zamindars should not get compensation for their land.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ: ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਫੇਰ ਐਨੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਲੈਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪਟਵਾਰੀ ਕੋਲੋਂ ਲਿਖਵਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਪਹਿਲੀ ਕਿਸਮ ਦੀ ਹੈ ਜਾਂ ਦੂਜੀ ਕਿਸਮ ਦੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਤੇ ਮਾਲੀਆ ਵੀ ਦੇਣਾ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਕੀ ਚੌਧਰੀ ਸਾਹਿਬ ਇਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ?

Mr. Deputy Speaker : The hon. Member should address the Chair.

ਸਰਦਾਰ ਚੰਨਣ ਸਿੰਘ ਧੂਤ : ਇਸਦੇ ਇਲਾਵਾ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜੇ technical side ਵਲ ਵੇਖੀਏ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ Engineers ਤੇ revenue ਦੀ duplication ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ duplication ਹੀ ਰਿਸ਼ਵਤ ਦੀ ਬੁਨਿਆਦ ਹੈ। ਜਦੋਂ breach ਜਾਂ cut ਦਾ ਸਵਾਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜ਼ਿਲੇਦਾਰ ਕੋਲੋਂ ਜ਼ਬਰਦਸਤੀ ਲਿਖਵਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ cut ਲਿਖੋ। ਜੇ ਇਹ duplication ਤੇ ਖਰਚ ਘਟ ਜਾਏ ਤਾਂ ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਫਾਇਦੇ ਦੀ ਚੀਜ਼ ਹੈ। ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਦੇਂਦੀ। ਸਾਡੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ Irrigation Department ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ duplication ਹੈ ਉਸਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇ।

ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਬਨਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਪਰ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਅੱਗੇ ਹੀ ਬਹੁਤ ਟੈਕਸ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ Budget Speech ਵਿਚ ਕੋਈ ਨਵਾਂ ਟੈਕਸ ਲਾਉਣ ਦੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਪਰ ਮੈਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Taxation Enquiry Committee ਦੀ ਰੀਪੋਰਟ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਕਾਫੀ ਟੈਕਸ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ।

Mr. Deputy Speaker : The hon. Members time is over.

श्री देवीलाल (सिरसा): डिप्टी स्पीकर साहिब, इस समय उस demand पर बहस हो रही है जिस का हमारे ज़िले से ज़्यादा ताल्लुक है । इस के सम्बन्ध में हमें अपने सिंचाई मन्त्री को मुबारकबाद देनी चाहिए। यह खुशी का मुकाम है कि Opposition की तरफ से constructive suggestions दी गईं और उन्होंने भी मन्त्री महोदय को मुबारकबाद दी है। यह मानी हुई बात है कि जहां तक नहरों का ताल्लुक है उस से हमारे पंजाब को बहुत भारी फायदा पहुँचा है और अगर हिसार ज़िले को देखा जाए और उस का मुकाबला चार पांच साल पहले के हालात से किया जाये तो डिप्टी स्पीकर साहिब आप को उस का नक्शा ही बिल्कुल बदला हुआ मिलेगा ।

स्पीकर साहिब, आज उस इलाके में जहां के लोगों के पीने के लिए पानी बीस बीस मील के फासले से लाना पड़ता था और जो नहर की शक्ल उस वक्त देखते थे जब मज़दूरी करने लाहौर या लायलपुर के ज़िलों में जाते थे, कोई गांव ऐसा नहीं जिस के दोनों तरफ नहर न हो । इस बात से कोई आदमी इनकार नहीं कर सकता कि नहरों के मामले में हमारे प्रान्त ने बहुत तरक्की की है। सिंचाई मन्त्री और Chief Engineer और दूसरे Engineers साहिबान ने जिस ढंग से पानी पहुँचाने की कोशिश की है वह काबिले तारीफ़ है । नहरों के इतिहास में कभी ऐसा मौका नहीं आया कि जिस साल नहरें खोदी गई हों उसी साल पानी भी दिया गया हो । यह एक नई मिसाल कायम की गई है । पिछले साल जिस वक्त पानी दिया गया, साथ साथ नहरें भी खोदी जा रही थीं। इस तरह लोगों को कहत से बचाने के लिये जल्द से जल्द कोशिश की गई । मई, जून के महीनों में वज़ीर साहिब अपने office से निकल कर जगह जगह लोगों की शिकायात को सुन कर रफ़ा करने की कोशिश करते रहे, इस के लिए मैं उन्हें मुबारकबाद देता हूँ । आजकल 'लेकिन' का लफ़्ज़ काफी प्रचलित हो गया है । मैं इस का इस्तेमाल न करता हुआ कुछ suggestions देना चाहता हूँ। यह बड़ी महत्वपूर्ण , हैं इस लिये इन की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। इन

[श्री देवी लाल]

की हमारे इलाके के लोगों के लिए बड़ी ऐहमीयत है ।

हमारे इलाके में इस साल पानी दिये जाने की वजह से और गए महीनों में जो बारिश हुई उस की वजह से फसल बहुत अच्छी हुई है । इस का अन्दाज़ा गिरते हुये भावों से लगाया जा सकता है । हमारे इलाके में जौहड़ों और तालाबों में से पानी पीने का रिवाज है क्योंकि वहां पर कूएं नहीं हैं । फसल इतनी ज़्यादा हुई है कि अगर इस वक्त जौहड़ों और तालाबों में पानी न डाला गया तो कटाई नहीं हो सकेगी । 8, 10 रोज़ में कटाई शुरु होने वाली है । एक हफ्ता के लिये पानी देने की अवश्य ज़रूरत है । वज़ीर साहिब को इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिये ।

एक नई और अजीब चीज़ जो हिसार के इलाके में देखने में आई है वह यह है कि जिस साल पानी आया है, उसी साल से आबियाना वसूल किया जा रहा है । मई के अखीर में पानी पहुँचा था, उस से पहले बारिशों के होने की वजह से कुछ फसल सावनी भी खड़ी थी । लोगों ने उसे काट कर चने बीज दिये । उन पर खरीफ़ और रबी दोनों का आबियाना लगा दिया गया है । अव्वल तो चूंकि पानी देने का पहला साल था, आबियाना मुआफ़ किया जाता सारा नहीं तो फसले खरीफ का ज़रूर मुआफ किया जाना चाहिए क्योंकि जवार बाजरे की फसल पानी आने से पहले ही खड़ी थी और उसे काट कर चना बोया जा सकता था । नहर के महकमे के rules इस तरह के हैं कि सिवाए गवर्नमेंट के कोई उन्हें तबदील नहीं कर सकता । इस लिए इस साल का आबियाना मुआफ किया जाना चाहिए ।

इस के इलावा मैं एक और ज़रूरी बात की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ । पिछले साल जब पानी दिया गया था तो सरकार की भी कुछ मजबूरियां थीं । पहले प्रोग्राम के मुताबिक 1955 में पानी दिया जाना था मगर महकमा की कोशिश और हिम्मत से एक साल पहले पानी देने का प्रबन्ध किया गया । क़ुदरती बात है कि पिछले साल distributaries और minors अच्छी तरह नहीं खोदे जा सके थे । कुछ नहरें अन्धेरियां चलने की वजह से रेतों से भर चुकी हैं । इस लिए दरखास्त है कि रेत को निकलवा कर हर distributary को पानी पहुंचाया जाए । पिछले साल कई लोगों को पानी नहीं मिल सका, खास कर tails को पानी नहीं पहुँचा ।

इस के इलावा, Sirsa Branch में rotation से पानी आता है, पिछले महीने की 13 तारीख को आया था, फिर अभी तक नहीं आया । ख्याल यह है कि 30 मार्च को पहुँचेगा । फसलों का काफी नुकसान हो रहा है, इस लिए इस बात की तरफ ध्यान दे कर Sirsa Branch में जल्द से जल्द पानी दिया जाना चाहिए ।

इस के साथ साथ पंचायत ऐक्ट के तहत शामिलात देह का इन्तकाल पंचायतों के नाम हो चुका है ताकि पंचायतों की आमदनी में इज़ाफा हो सके । जब तक पानी नहीं दिया जाएगा, यह मकसद कैसे पूरा होगा । शामिलात देह की ज़मीन को पानी देने का इन्तज़ाम ज़रूर किया जाना चाहिए ताकि उस से जो income हो गांव के लोगों की बेहतरी के लिए खर्च की जा सके ।

एक और बात है जिस की तरफ बहुत से मैम्बरान साहिबान ने गवर्नमेंट का ध्यान दिलाया है । मेरा इशारा Betterment fee की तरफ है । यह पहली दफा सुनने में आई है । लायलपुर के ज़िले में और जालन्धर डिविज़न में कभी नहीं लगी । मैं इस के मुतअल्लिक बार बार ज़्यादा कहना मुनासिब नहीं समझता । इतना ही कहूँगा कि वज़ीर साहिब को इस मामले की तरफ खास

ध्यान देना चाहिए। उन्हें नहीं भूलना चाहिये कि जिन ज़िलों में चने का भाव 11--12 रुपये मन था, आज 5 रुपये या 5--4--0 फी मन है। इस चीज़ की बाबत लोगों में काफी असंतोष पैदा हो चुका है। इस से Opposition को भी नुक्ताचीनी करने का बहाना मिल जाता है। उन्हों ने वैसे तो मुख़ालिफत की नियत से मुख़ालिफत करनी है। किसी constructive काम में उन्हों ने हमारा साथ नहीं दिया। फिर देहातों में जा कर सरकार पर बेजा नुक्ताचीनी की जाती है।

जहां तक नहरों की खुदाई का ताल्लुक है, अगर public में spirit पैदा की जाए तो, distributaries और minors जल्द से जल्द खोले जा सकते हैं। मुख़ालिफों ने तो जा कर इस किस्म के हालात पैदा करने हैं कि गवर्नमेंट ज़्यादा से ज़्यादा बदनाम हो।

जहां तक अनाज ज़्यादा पैदा करने का ताल्लुक है, हमारी पैदावार इतनी ज़्यादा बढ़ गई है कि भाव पांच रुपये मन तक आ चुका है। 1942 में तो हमारे सामने बैठे भाई Grow-More Food Campaign को चलाने के लिये बड़े ज़ोर से काम किया करते थे, जगह जगह नहरें साफ करते और जौहड़ खुदवाते फिरते थे। जब से अपनी सरकार बनी है, बिजली दे कर tubewells के लिये सहूलतें दे रही है मगर हमारे दोस्तों ने सिवाए मुख़ालिफत करने के कोई काम नहीं किया, न उन्हों ने लोगों की कोई सहायता की है न उन के उत्साह को बढ़ाया है ताकि वे अपने पावों पर खड़े हो सकें। मैं उन से अपील करता हूं कि जिस तरह आज उन्हों ने कुछ constructive suggestions दी हैं, इसी तरह आगे भी बजाये condemnation करने के अच्छे अच्छे सुझाव पेश किया करें और लोगों का उत्साह बढ़ाने में मदद दें। वे चाहते तो यह हैं कि अमरीका से मदद न ली जाये मगर कोशिश इस ढ़ंग से करते हैं कि हमारे देश को ज़्यादा से ज़्यादा अमरीका की मदद की ज़रूरत रहे। पिछले दिनों जब National Loan इकट्ठा किया जा रहा था तो उन्होंने इस की सख्त मुख़ालिफत की और कहा कि डंडे के ज़ोर से कर्ज़ा वसूल किया जा रहा है। कर्ज़ा इकट्ठा किया जाये तो मुख़ालिफत, अमरीका से रुपया लिया जाये तो भी मुख़ालिफत। फिर कहते हैं कि हमारा देश अमरीका का ग़ुलाम हो चुका है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा Opposition वाले भाइयों को यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिस तरह वे पिछले दिनों में करते रहे हैं Grow-More Food Campaign के सिलसिले में भी इस सरकार की सहायता करें। लोगों की spirit को ऊंचा करें। रुपया तो सरकार का खर्च होगा ही। उन को चाहिये कि वे लोगों की पार्टियां बना कर उन के साथ मिल कर काम करें और इस तरह State को पैदावार बढ़ाने में सरकार का हाथ बटाएं। अन्त में मैं अपनी सरकार को बधाई देता हूं कि स्टेट की हालत बेहतर बनाने में और लोगों को खुशहाल बनाने में महकमा नहर ने बहुत काम किया है। महकमा नहर के ज़रिये पंजाब स्टेट में बहुत development हुई है और हमें इस पर बड़ा फख्र हासिल है।

श्री चान्द राम अहलावत (झज्जर) : प्रधान जी, विभाजन के बाद अगर किसी महकमे ने तरक्की की है, और पंजाब जो कि एक घाटे का प्रान्त था......

ਸਰਦਾਰ ਉੱਤਮ ਸਿੰਘ : On a point of information, Sir. ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ cut motions ਦਿਤੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦਾ ਵਕਤ ਕਦੋਂ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ?

Mr. Deputy Speaker : अभी काफी वक्त पड़ा हुआ है । (There is sufficient time at our disposal.)

श्री चान्द राम अहलावत : जनाब मैं कह रहा था कि अगर किसी महकमे का हाथ है इस बात में कि पंजाब जो कि एक घाटे का राज्य था इस को surplus बना दे तो वह महकमा नहर का महकमा है । पंजाब में control के दिनों में और पीछे जो समय गुज़रा है इस में लोगों को खाध्यान्न के सम्बन्ध में काफी दुख उठाना पड़ा । लेकिन इस सूबे में इन दिनों वातावरण बदल गया है । जिस तरफ भी देखें और खास तौर पर अगर उन इलाकों की ओर देखा जाए जिन को हमेशा झूटे वादे दे कर टाल दिया जाता था तो हमारा सिर फखर से ऊंचा उठ जाता है । जिन इलाकों में पहले पीने का पानी भी प्राप्त नहीं होता था आज वे सरसब्ज़ नज़र आते हैं । मेरा इशारा उन इलाकों की तरफ है जहां से कि चौधरी छोटू राम मैम्बर बने और वज़ीर भी बने । उस इलाके को हमेशा पिछड़ा रखा गया और ignore किया गया । वहां के लोग खूब तगड़े थे, मज़बूत थे और ज़मीन भी बहुत ज़रखेज़ थी । Elections के दिनों में वादे किये जाते थे कि अगर हमारी हकूमत बन गई तो हम पानी अवश्य देंगे । लेकिन मुझे बड़ा अचम्भा रहा कि वे लोग जिन को हमारी नुमाइन्दगी करने का हक हासिल था हमेशा पानी देने में नाकाम रहे । Sir Chhotu Ram जैसे व्यक्ति भी उस पिछड़े हुये इलाके को पानी न दे सके । यह तो कांग्रेस गवर्नमेंट के वज़ीर चौधरी लहरी सिंह ही हैं जिन्हों ने वहां पर दरबार लगा लगा कर और अफसरों को साथ बिठा बिठा कर लोगों के कष्ट को दूर करने का प्रयत्न किया है और उन को पानी दिया है । पहले राज्य में अफसर बड़ी बड़ी तनखाहें लेते थे और दफतरों में बैठे रहते थे । न वे कभी स्वयं वहां जाने का कष्ट करते थे और न ही उन को लोगों की वास्तविक कठिनाइयों का ज्ञान ही होता था । वहां के लोग फौज में भरती होते थे । यद्यपि वे पिछड़े इलाकों के थे तथापि बहुत बहादुर थे, गोले बारूद से नहीं डरते थे । देश की रक्षा के लिए प्राणों पर खेल जाते थे । पिछली दुनियां की लड़ाई में उन लोगों ने जो काम कर के दिखाया उस से हिन्दुस्तान का नाम सारे संसार में ऊंचा हो गया । लेकिन इस के बावजूद उस इलाके को नज़र अन्दाज़ किया गया । आज मैं अपने सिंचाई मन्त्री को मुबारकबाद देता हूँ अपने झज्जर के इलाके की तरफ से कि उन्हों ने उन की काया पलट दी है । इस में कोई शक नहीं कि हमारी सब खाहिशात अभी तक पूरी नहीं हुई हैं क्योंकि अभी 1/3 हिस्सा इलाका में पानी नहीं पहुंचा है । इस लिए मैं उन से अर्ज़ करूंगा कि development scheme पर अमल करते हुए अगले बजट में बाकी इलाका के लिए अवश्य provision किया जाए । रिवाड़ी और झज्जर के इलाके को पानी की बहुत सख्त ज़रूरत है । मैं तो कहता हूं कि वहां पर lift वगैरा लगाने की भी ज़रूरत नहीं है । Lift के बगैर ही पानी पहुँचाया जा सकता है । अभी दो तीन रोज़ हुए हैं कि मैं खेता बास और गुड़यानी जैसे गांवों में गया था । उन के पास से रिवाड़ी का इलाका शुरू हो जाता है । वहां करीबन 55 गांव हैं । वे लोग इकट्ठे हो कर

आये थे कहने लगे कि अगर नहर को आगे कर दिया जाए तो हम खुद सब कुछ अपने सिर पर करने के लिए तैयार हैं बशर्तेकि सरकार वादा करे कि हमें पानी दिया जाएगा। मैं अपनी सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि उन्हें इसी पर सन्तुष्ट नहीं रहना चाहिए क्योंकि अभी बहुत सा इलाका ऐसा है जहां पानी देने की ज़रूरत है। जैसा कि मेरे मित्र राओ गजराज सिंह जी ने कहा है भिवानी, रिवाड़ी और लोहारू के इलाकों को पानी देने का काम बाकी है इस इलाका में कुओं के द्वारा सिंचाई का काम होता आया है। सब से ज़्यादा ध्यान देने वाली जो बात है वह यह है कि वहां के लोग जो बिजली मांगते हैं उन से service का खर्च पहले मांगा जाता है। उन गरीब लोगों के पास दो दो चार चार बिघे ज़मीन है और उस को भी वे बिचारे कुओं से सींचते रहे हैं। उन के पास पहले रुपये देने की गुंजाइश नहीं है। वे लोग भूखा मरते हैं और फौज में भरती हो जाते हैं और तरह तरह की तकलीफें उठाते हैं। मैं समझता हूँ कि सरकार को इस ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन लोगों को बिजली दे दी जाए और उन को इस योग्य बनाया जाए कि वे अपने पैरों पर खड़े हो जाएं। उन की ज़मीन ज़रखेज़ है। कमी केवल पानी की है। अगर यह सुव्यवस्था हो जाए तो हमारा प्रान्त और भी उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। उन को बिजली पहले दे दी जाए और पैसे बाद में ले लिए जाएं। जैसा कि नहर का पानी दिया जाता है और बाद में betterment fees की शक्ल में पैसे लिये जाते हैं। वहां का किसान इस बात के लिए तैयार है।

स्पीकर साहिब, एक बात और मैं आप के संमुख रखना चाहता हूँ। कहा जाता है कि इस महकमें में corruption है। मैं मानता हूँ कि इस डिपार्टमैंट में corruption है। हमारे मंत्री महोदय ने रिश्वत का उन्मूलन करने के लिए जो तरीका अपनाया है उस के लिए वे बधाई के पात्र हैं। हमारा इलाका हिन्दुस्तान का पहला इलाका है जिस में उन्होंने Labour Co-operative Societies स्थापित की हैं। उन्होंने यह societies इस लिए बनाई थीं कि मज़दूरों को रोज़गार मिले और ठेकेदार जो कि अफसरों के साथ मिल कर भ्रष्टाचार करते हैं उन को समाप्त किया जाए। भ्रष्टाचार (corruption) को समाप्त करने की ओर यह एक ठोस कदम था जो उन्होंने उठाया। लेकिन जो अफसर इस काम को करने वाले हैं और इस काम को अधिक समझते हैं वे सदियों की गुलामी में रह चुके हैं उन की ज़हनीयत को बदलना आसान नहीं था। उन की ज़हनीयत एक दम धमकी से नहीं बदली जा सकती। मैं समझता हूं कि हमारे वज़ीर साहिब को इस ओर ज़्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। मैं आप की विसातत से अपने प्रांत के अफसरों से भी प्रार्थना करना चाहता हूँ कि वे हमारे देश के कार्यवाहक हैं। देश हमारा भी है और उन का भी है हम सब ने मिल कर इस को बनाना है। और किसी गैर ने नहीं बनाना। Officers को अपने दिल में देश सेवा का भाव पैदा करना चाहिए उन के भीतर अपने देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करने की लगन उत्पन्न होनी चाहिए। उन्हें देखना चाहिए कि जो लोग मेहनत मज़दूरी कर के टैक्स देते हैं और गवर्नमैंट का खज़ाना भरते हैं वे भी पेट भर खाना खाएं। वे देखें कि जो कुछ वे गरीब अपनी गिरह से खर्च करते हैं और जितना वे काम करते हैं उतनी उजरत उन को मिलती है कि नहीं। मैं खुद मज़दूरों में जाता रहा हूँ. Labour Co-operative Society के काम के तजरुबे से मुझे यह मालूम होता है कि मज़दूरों को बहुत मुसीबत रही है। उस

[श्री चान्द राम अहलावत]

का कारण यह है कि कोई काम ऐसा नहीं हुआ जो कि Labour Co-operative Society को दिया गया हो और उस में किसी न किसी तरीके से कोई न कोई ठेकेदार दाखिल न कर दिया गया हो। इस की मुझे समझ नहीं आती कि जो काम भी Labour Co-operative Society को दिया जाता है उस में emergency के बहाने से या Scheduled time से पहले खत्म करने के बहाने से कोई न कोई ठेकेदार अवश्य ठोंस दिया जाता है। इस से भ्रष्टाचार भी बढ़ता है और मज़दूरों की कठिनाइयों में भी वृद्धि होती है।

मुझे समझ नहीं आती कि हरेक काम जो कि लेबर कोआपरेटिव सोसाइटिज़ को दिया जाना चाहिए, उस में emergencies के नाम पर या वक्त पर न खत्म होने के बहाने या किसी न किसी बहाने से उस में ठेकेदारों को दाखिल कर दिया जाता है। यही नहीं। खुद लेबर सोसाइटियों में भी ठेकेदारों को चोरी छिपे डाल दिया जाता है। इस तरह मेरी समझ में नहीं आता कि जब काम सारे का सारा ही ठेकेदारों के सुपुर्द करना होता है तो लेबर का क्यों इस में नाम लिया जाता है ? क्यों यह कहा जाता है कि काम लेबर सोसाईटिज़ के ज़रिए हो रहा है जब कि पैसा उसी ठेकेदार और अफसरों की जेबों में इकट्ठा हो रहा है ? इस लिए मैं समझता हूँ कि जो फैसला पिछली मीटिंग में किया गया था उस पर जल्दी से जल्दी अमल किया जाना चाहिए।

इस तरह मैं देखता हूं कि यह एक बड़ी भारी चाल चली जा रही है। जहां ठेकेदारों को independently काम दिया जाता है वहां साथ ही साथ उन्हें लेबर सोसाईटियों के बीच भी दाखिल किया जा रहा है। किसी न किसी बहाने से उन्हें directly भी इन सोसाईटियों के साथ attach किया जा रहा है। कहीं कहीं पर उन्हें भी इजाज़त मिलती जा रही है कि ठेकेदार भी अपनी सोसाईटियां बना सकते हैं--'बी' क्लास के नाम पर या 'ए' क्लास के नाम पर। मैं यह समझता हूं कि उन का दिमाग और गवर्नमेंट का दिमाग एक तरह से इस मामले पर साफ़ हो जाना चाहिये। वे चन्द मुट्ठी भर आदमी जो दूसरों की मेहनत पर जीते हैं, वह चन्द आदमी जो सरमाया का ढोंग रचा कर ग़रीबों--लाखों ग़रीबों को जिसमानी तौर पर काम पर लगाते हैं वे चन्द मुट्ठी भर आदमी जो जोकों की तरह मुल्क को बनाने वालों का खून चूस रहे हैं और उन के सूखे हुये शरीरों पर--रक्तहीन कंकालों पर--अपने महल खड़े कर रहे हैं और जब मज़दूर सारा सारा दिन कड़ी धूप में अपना खून पसीना एक कर रहा होता है, उस वक्त वे अपने महलों में आराम कर रहे होते हैं, उन्हें बहुत देर तक इन्हें exploit करने की इजाज़त नहीं दी जा सकती। वे लोग जो उन की ग़रीबी का नाजायज़ फायदा उठा कर उन्हें पेशगी दे कर, उन्हें लालच दे कर उन्हें गुमराह करते हैं। उन्हें यह जान लेना चाहिए कि अब बहुत देर तक उन की दाल नहीं गलने वाली। खास तौर पर उस वक्त जब कि देश स्वतन्त्र है और हरेक आदमी को अपनी तरक्की करने के, अपने अधिकार प्राप्त करने के खुले मौके हैं। खैर, स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि जब हमारी गवर्नमेंट ने लेबर Co-operatives को encourage करने का फैसला किया है तो क्यों न उन्हें मजमूई तौर पर काम दिया जाए ? मुझे पता है कि Accountant General और दूसरे check करने वाले कर्मचारी यह एतराज़ करते हैं कि साहिब, इन सोसाईटियों को देने से बड़ा भारी खर्च होगा। मैं समझता हूं कि उन का यह

धारणा बिल्कुल ग़लत है। बात दरअसल यह है कि यह वावेला सिर्फ vested interests की तरफ से मचाया जा रहा है। बात दरअसल उलटी है। स्पीकर साहिब, अगर आप इस सारी चीज़ को investigate करें इस की जांच कराएं तो आप को पता लगेगा, इस में भी vested interests की एक गहरी चाल काम कर रही है। मैं तो इस बात के लिए भी तैयार हूँ और गवर्नमेंट को यह suggestion देता हूँ कि आप इस चीज़ की जांच करने के लिए बेशक एक Enquiry Committee बिठा दें जो कि इस stage पर पता करे कि काम ठेकेदारों को देने पर ज़्यादा खर्चा पड़ता है या लेबर की organised societies को देने पर।

आज आप लेबर की हालत को देखें। क्या है लेबर की हालत? एक बेचारा ग़रीब मज़दूर दिन में आठ दस घण्टे काम करता है—लगातार बग़ैर किसी किस्म का आराम किए काम करता है। वह ठेकेदारों के लिए काम करता है। उसे केवल रुपया या बारह आने दिहाड़ी सारा दिन मेहनत मज़दूरी करके शाम को मिलता है। घर पर उस के भी बाल बच्चे हैं। फिर यह ज़रूरी नहीं कि वह रुपया या बारह आने प्रतिदिन उसे सारा साल मिलता रहे। इस चीज़ के लिये मौजूदा हालात में उस के लिए कोई guarantee नहीं। स्पीकर साहिब, आप ही बताएं कि उस ग़रीब आदमी के लिए अपने बाल-बच्चों और बीवी को खिलाने के लिए, उन के पहनाने के लिये कितना पैसा होगा जिसकी रोज़ाना मज़दूरी आजकल के ज़माना में केवल बारह, चौदह आने या एक रुपया हो? इस हालत में वह किस तरह अपने बाल-बच्चों को तालीम दे सकेगा? किस तरह से वह उन के लिए दूसरी ज़रूरियात ज़िन्दगी मुहैया कर सकेगा? इन हालात में मैं समझता हूँ कि जहां दूसरी जगहों पर कर्मचारियों की तनखाहें बढ़ रही हैं वहां मज़दूरों को जो सारा दिन खून पसीना एक करके मेहनत करते हैं उन्हें भी basic pay मिलनी चाहिए। उन्हें भी ज़िन्दगी की बुनयादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मुनासिब और पर्याप्त मज़दूरी देनी चाहिए। गवर्नमेंट का यह कर्तव्य है कि वे उन को भी सुविधा पहुँचाने का प्रबन्ध करे जो जेष्ठ और आषाढ़ के महीनों की तपती और कड़कती धूप और लू में काम करते हैं जब कि उन्हें पीने के लिए पानी भी नहीं मिलता। मज़दूरों की दयनीय हालत का अन्दाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जो मज़दूर नहरों की पटड़ियों पर काम करते हैं उन की क्या हालत है। नई सोसाईटियों के जो rates हैं उन के मुताबिक तो Sch-dule of Rates पर 80% premium मिलता है लेकिन जो नहरों पर ठेकेदारों के नीचे काम करते हैं उन्हें 100 मुरब्बा फीट के लिए केवल एक रुपया मिलता है। यह बहुत कम है इस लिए मैं वज़ीर साहिब से अर्ज़ करना चाहता हूँ कि चाहे कुछ भी हो मज़दूरों को basic wage दिया जाने का प्रबन्ध किया जाए।

मुझे मालूम हुआ है कि मज़दूरों के हितों पर छापा मारने के लिए और उन में और भी ज़्यादा बेरोज़गारी पैदा करने के लिए एक और चाल चली जा रही है। मालूम हुआ है कि दो-तीन लाख रुपये की एक मशीन मंगवाई जा रही है मिट्टी खुदवाने के लिए।

सिंचाई मन्त्री: क्या?

श्री चान्द राम अहलावत: आप सुनने की कृपा करें। हमने यह सुना है कि मिट्टी खोदने के लिए मशीन मंगवाई जा रही है। मैं समझता हूं कि बेशक मशीनें मंगवाई जाएं पर ऐसे कामों के

[श्री चान्द राम अहलावत]

लिए जहां पर यह step labour को affect न करे। जो मिट्टी मज़दूर खोदता है, उस की रोटी छीन कर अगर मशीन लगाई जाए तो यह कहां तक ठीक है, इस का अन्दाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है यह एक सोचने की बात है। इस लिए मैं जहां सिंचाई मंत्री जी को इस बात के लिए वधाई देता हूँ कि उन्हों ने सिंचाई में पिछड़े हुए इलाकों का खास ध्यान रखा है और उन इलाकों को सरसबज़ बनाने के लिए कोशिश की है और कर रहे हैं, वहां उन का ध्यान Labour Co-operative Socicties की तरफ दिलाता हूँ ताकि वे उन की हालत को बेहतर बना कर मज़दूरों के दिलोदिमाग़ में भरोसा पैदा करें।

मैं समझता हूँ कि वह जिस तरह पहले दमाग़ पर strain डालते हैं, लगन से काम करते और भरसक मेहनत करते आऐ हैं इसी तरह आगे के लिए भी करते रहेंगे। मैं जानता हूँ कि पंजाब ने आज तक जितनी तरक्की की है और जिस के नतीजे के तौर वह फालतू अनाज का सूबा बन पाया है उस में चौधरी साहिब का बहुत बड़ा हाथ है। इस लिए मैं भी उन्हें दूसरे मेम्बरों के साथ मुबारकबाद पेश करता हूँ।

ਸਰਦਾਰ ਉੱਤਮ ਸਿੰਘ (ਸ੍ਰੀ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ): ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ! ਇਹ ਡੀਮਾਂਡ ਨੰ: 7 Irrigation ਬਾਰੇ ਆਪ ਦੇ ਸਾਮ੍ਹਣੇ discuss ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਤੇ ਇਰੀਗੇਸ਼ਨ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਜਿਹੜਾ ਵੀ ਕੰਮ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੀਤਾ ਉਸ ਲਈ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਪਾਣੀ ਦੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਪਹੁੰਚਾਈਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਪਿਛਲੇ ਕਈ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਇਸ ਤੋਂ ਮਹਿਰੂਮ ਰਹੇ। ਕਿਉਂਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪੁਰਾਣੇ ਵਕਤਾਂ ਤੋਂ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਲ ਵੀ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਔਕੜਾਂ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਇਸ ਲਈ ਸਚ ਮੁਚ ਉਹ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦੇ ਮੁਸਤਹਿਕ ਹਨ।

ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਦਾ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮਾਂ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਸਿਰਫ ਥੋੜ੍ਹੀਆਂ ਜਿਹੀਆਂ suggestions ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਅੱਗੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ।

ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ Madhopur Head ਨੂੰ extend ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ, ਅਤੇ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਵੀ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਅਤੇ ਹੁਣ ਵੀ Upper Bari Doab Canal ਵਿਚੋਂ ਇਕ drain ਕੱਢਕੇ Madhopur-Beas-link ਨੂੰ ਮਿਲਾਇਆ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਤਜਵੀਜ਼ ਹੈ ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਥੇ ਉਸ ਤੇ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਉੱਥੇ ਜਿਹੜਾ Madhopur-Beas-link ਵਿਚੋਂ ਪਾਣੀ ਸੇਮ drain ਵਿਚ ਪਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜਿਹੜਾ ਪਾਣੀ ਦਾ ਵਾਧਾ ਹੋਣਾ ਹੈ ਉਹ ਜਿਹੜੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ affect ਕਰੇਗਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਗ਼ੌਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਮਲੂਮ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਜਦ ਸੇਮ drain ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਵਧੇਗਾ ਤਾਂ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਰੁਕਾਵਟ ਪਵੇਗੀ ਜਿਹੜੀਆਂ ਉਸ ਸੇਮ drain ਦੇ

ਆਰ ਪਾਰ ਹਨ। ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ productivity ਤੇ ਬਹੁਤ ਅਸਰ ਪਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ, ਇਸ ਮੁਸ਼ਕਲ ਵਲ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤੇ ਇਹ ਵੇਖਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਨੁਕਸਾਨ ਨਾ ਹੋਵੇ।

ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ distributaries ਹਨ ਉਹ ਬਹੁਤ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। 40 ਜਾਂ 50 ਸਾਲ ਤੋਂ ਚਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਵੀ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਅਤੇ ਨਵੇਂ ਰਜਵਾਹੇ ਖੋਦਨ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਫਿਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਸੇਮ ਦਾ ਡਰ ਨਹੀਂ, ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਬਪਾਸ਼ੀ ਦਾ ਜ਼ਰੀਆ ਨਹਿਰੀ ਪਾਣੀ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਉੱਥੇ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਇਕ ਫ਼ਸਲੀ ਦੀ ਜਗ੍ਹਾ ਪਾਣੀ ਦੀ supply ਦੋ ਫ਼ਸਲੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਹੁਣ ਤਾਂ ਉੱਥੇ water supply non perennial ਹੀ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ perennial ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਵੀ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿਥੇ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਨਹਿਰਾਂ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਇਕ ਫ਼ਸਲੀ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਦੋ ਫ਼ਸਲੀ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ।

ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਉਸ ਸਕੀਮ ਵਲ ਆਪਣੇ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤਰੀ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਬਣਾਈ ਸੀ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ ਤੇ ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਸੀ ਕਿਉਂ ਜੋ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਨਹਿਰ ਦਾ ਪਾਣੀ ਪਹਿਲੇ ਬਹੁਤ ਥੋੜ੍ਹਾ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ। ਡੇਢ ਸਾਲ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਸਕੀਮ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ suggestion ਦਿੱਤਾ ਸੀ। ਇਸ ਸਕੀਮ ਹੇਠਾਂ ਇਹ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਕਿ ਮਾਧੋਪੁਰ ਹੈਡ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਸੇਮ ਹੋ ਗਈ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਪਾਣੀ ਨੂੰ ਉਤਾਂਹ ਚੁਕ ਕੇ ਉਸ ਨੂੰ ਵੱਡੀ ਨਹਿਰ ਵਿਚ ਪਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤੇ ਫੇਰ ਉਹ ਪਾਣੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਸਿੰਚਾਈ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਸੇਮ ਦਾ ਪਾਣੀ ਪਹਿਲੇ Upper Bari Doab ਵਿਚ ਪਾਇਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਤੇ ਫੇਰ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ ਤੇ ਡੇਰਾ ਬਾਬਾ ਨਾਨਕ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਇਸ ਨਹਿਰ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਲਈ ਹਾਲਾਂ ਤਾਈਂ ਕੋਈ ਪ੍ਰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਨਾ ਹੀ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਇਸ ਸਕੀਮ ਦਾ ਕੋਈ ਜ਼ਿਕਰ ਹੈ। ਮੈਂ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮਾਨਯੋਗ ਸਿੰਚਾਈ ਮੰਤਰੀ ਇਸ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣਗੇ। ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਧਿਆਨ T. C. A ਦੀ ਸਕੀਮ ਵਲ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਜਿਸਦੇ ਹੇਠ ਡੇਢ ਸੌ ਦੇ ਕਰੀਬ tube wells ਲਗਾਏ ਜਾਣੇ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਜਿਥੇ ਪਹਿਲੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਸਾਲਾਨਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਿਹਾ। ਇਸ ਸਕੀਮ ਨਾਲ ਉਸ ਪਾਣੀ ਦੀ ਸਪਲਾਈ ਸਾਲਾਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਣੀ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਲਾਨਾ ਪਾਣੀ ਦੀ ਬੜੀ ਮੰਗ ਹੈ। ਇਹ ਪਾਣੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰਫੁਲਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਫੇਰ, ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਵਲ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਨਵੇਂ ਰਜਬਾਹ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਖੁਸ਼-ਹੈਸੀਅਤੀ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਖੂਹਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਉਪਜਾਊ

[ਸਰਦਾਰ ਉਤਮ ਸਿੰਘ]

ਬਣਾ ਲਿਆ ਹੋਇਆ ਸੀ। ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੇ ਖੁਸ਼-ਹੈਸੀਅਤੀ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਗਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਜਿਹੜੀਆਂ ਪਹਿਲੇ ਤੋਂ ਖੂਹਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਉਪਜਾਊ ਬਣ ਚੁਕੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ।

सिंचाई मन्त्री : इस बारे में क्या आप के नोटिस में कोई ऐसे cases हैं जहां ज़मीन पहले उपजाऊ हो चुकी हो और नहर के पानी मिलने पर वहां betterment fee भी लगा दी गई हो? अगर आप के नोटिस में कुछ ऐसे cases हैं तो आप उन पर light throw करें।

ਸਰਦਾਰ ਉੱਤਮ ਸਿੰਘ : ਮੇਰੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਕਈ cases ਹਨ ਜਿਥੇ ਜ਼ਮੀਨ ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਖੂਹਾਂ ਦੇ ਪਾਣੀ ਨਾਲ ਉਪਜਾਊ ਬਣਾਈ ਗਈ ਸੀ ਤੇ ਨਵੇਂ ਰਾਜਬਾਹਾਂ ਦੇ ਆਉਣ ਨਾਲ ਉੱਥੇ Betterment Tax ਵੀ ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਨਹੀਂ ਲਗਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਜੇ ਕਰ ਇਹ Tax ਹਟਾਇਆ ਨਾ ਗਿਆ ਤਾਂ ਇਸਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਬੁਰਾ ਅਸਰ ਪਵੇਗਾ। ਨਹਿਰ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਖੁਸ਼ ਹੈਸੀਅਤ ਟੈਕਸ ਲਗਾਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਹ ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਜਮਾਬੰਦੀ ਨੂੰ ਵੇਖ ਲਿਆ ਕਰਨ ਕਿ ਆਇਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀ ਹੈਸੀਅਤ ਵਿਚ ਨਵੀਂ ਨਹਿਰ ਲਗਣ ਨਾਲ ਕੋਈ ਫਰਕ ਪਿਆ ਵੀ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ।

ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਜਿਸ ਦੀ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਆਮ ਤਕਲੀਫ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ consolidation ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਉੱਥੇ ਪਹਿਲੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ outlets ਲਗੇ ਹੋਏ ਸੀ consolidation ਦੇ ਹੋ ਜਾਣ ਦੇ ਮਗਰੋਂ ਉਹ ਆਪਣੀ ਪੁਰਾਣੀ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਨਹੀਂ ਰਹੇ ਤੇ ਉਹ ਬਦਲ ਕੇ ਹੋਰ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਆਬਪਾਸ਼ੀ ਦਾ ਢੰਗ ਮੁਸ਼ਕਲ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਤੇ ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ outlets ਦੀ ਪੁਰਾਣੀ line ਟੁਟ ਗਈ ਹੈ। ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਉੱਥੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਵੀ ਘਾਟਾ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਚਾਹਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ outlets ਦੀ line ਨੂੰ ਪਹਿਲੇ ਕਰ ਲਿਆ ਕਰੇ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਪਿਛੋਂ ਉੱਥੇ consolidation ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ consolidation ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ outlets ਦੀਆਂ ਲਾਈਨਾਂ ਦਾ ਅਮਲ-ਦਰਾਮਦ ਹਾਲਾਂ ਤਾਂਈਂ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਮੈਨੂੰ ਆਸ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਨਹਿਰ ਵਿਭਾਗ ਦੇ ਮੰਤਰੀ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ instructions ਜਾਰੀ ਕਰ ਦੇਣਗੇ।

ਮੇਰੇ ਇਕ honourable ਸਾਥੀ ਨੇ Labour Co-operative Societies ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਨਹਿਰਾਂ ਤੇ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਕਾਫ਼ੀ ਵਿਸਥਾਰ ਨਾਲ ਦਸਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਤਨੀ ਗੱਲ ਦੁਹਰਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਮਹਿਕਮੇ ਨਹਿਰ ਨੂੰ ਇਹ instructions ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਕਿ ਉਹ Labour Co-operative Societies ਨੂੰ ਹਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਿਲ ਵਰਤਨ ਦੇਣ।

ਇਕ ਮੈਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ Grow-More Food ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਨਹਿਰ ਦੇ outlets ਦਿਤੇ ਸੀ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਦਾ ਬੜਾ ਵਾਧਾ ਹੋ ਗਿਆ ਸੀ। ਪਰ ਉਹ outlets ਹੁਣ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤੇ ਗਏ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਣ ਨਾਲ ਹੁਣ ਉੱਥੇ ਉਹ ਫਸਲਾਂ ਨਹੀਂ ਹੋ ਰਹੀਆਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਹੋਣ ਲਗ ਪਈਆਂ ਸਨ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਘਾਟਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਹ ਘਾਟਾ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਵੀ ਹੈ ਅਤੇ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਸਾਡੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਹੀ ਘਾਟਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਮੁੜ ਕੇ ਸ਼ੁਰੂ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी (आदमपुर) : स्पीकर साहिब, यह एक मुसल्लमा अमर है कि किसी मुल्क की उन्नति, prosperity या economy का दारोमदार irrigation पर है। इस मुल्क की तारीख़ बताती है कि जब तक यहां नहरें नहीं थीं, नहरों का सिलसिला यहां कायम नहीं हुआ था उस वक्त तक दुनिया का बारिश पर दारोमदार रहता था। उस वक्त बारिश का सिलसिला भी कुछ ऐसा अच्छा था कि चारों तरफ सरसबज़ा था जंगलात थे और उन का ज़िंदगी पर बड़ा अच्छा असर पड़ता था। उस ज़माना के लोग रुहानी और इखलाकी तौर पर काफ़ी तरक्की पर थे। अब भी अगर देश की economy और prosperity के लिए जो नहरों का काम जारी है अगर यह मुकम्मल हो गया तो मुल्क में इखलाकी और रुहानी तरक्की भी हो जाएगी। (तालियां) मैं ने इस सिलसिले में पूरे तौर पर तारीख़ का मुतालया किया है और यह देखा है कि यहां के बारे में एक मवरर्ख ने लिखा है कि यह एक ऐसा इलाका था कि यहां हर वक्त अच्छे अच्छे जानवर अच्छी अच्छी बोलियां बोलते थे इस में जंगल थे जो बड़े सरसबज़ थे। इस इलाके को देखने के लिए इरान से लोग आते थे। अब भी मुझे यकीन है कि चौधरी लहरी सिंह की हिम्मत के कारण यहां लोग बड़ी दूर दूर से आया करेंगे। लेकिन अभी यह मसला पूरी तरह से हल नहीं हो सका हालांकि Irrigation department ने बड़ी मेहनत की है। Chief Engineer ने जो circular note जारी किया है उस को मैं ने देखा है और उसे पढ़ा है। उस में उन्हों ने पूरे तौर से ज़ाहिर किया है कि इस महकमा की net income 1, 94, 30,400 रुपय है।

6. p.m. आज betterment charges, water rates और दूसरे petty sources से gross receipt 3 करोड़ 94 लाख रु० से ज़्यादा है तो Working expenses निकाल कर कुछ आमदन बच जाएगी और जितना कर्ज़ा लिया है, उसे repay करने में यह बचत काम आएगी। एक और अच्छी बात इस बारे में मुझे नज़र आई है। American system of Irrigation भी नहरों के सिर पर ही है। मगर वहां उन्हों ने कोई loan नहीं लिया। उन्हों ने यह सारा system commercial basis पर बनाया है। उन्हों ने waste land को redeem किया, उस को irrigate किया और उस का revenue interest के तौर पर दिया। एक Land Reclamation Fund बनाया, उस का interest और बन्जर ज़मीन को सैराब कर के जो revenue आया वह बतौर interest दे दिया जो waste land की sale price आई उस से loan repay कर दिया। इस

[प्रोफैसर मोता सिंह आनन्दपुरी]

के बाद भी जो थोड़ा बहुत खर्च रह गया था वह betterment charges लगा कर पूरा किया लेकिन इस के लगाने में भी एक खूबी थी। पहले उन्हों ने इस में 20 साल का instalment का system रायज किया मगर उस के बाद यह 40 साल कर दिया। इस तरह का आप भी कोई instalment system जारी करें। अगर 60 साल नहीं कर सकते, 50 साल नहीं कर सकते कम से कम 40 साल की instalment का system तो जारी करें। इस से betterment fees कम हो जाएंगी। भाव सस्ते हों गे......

(सिंचाई मन्त्री की ओर से विघ्न) अगर आप सुनते रहें तो मैं आप के हक की ही बात कर रहा हूँ। लोग betterment charges, water rates अदा कर सकेंगे। अगर आप 40 साल की instalment का system जारी कर देंगे तो लोगों को आराम होगा, खुशी होगी। आप को पता है कि लोगों ने आप की irrigation schemes में $7\frac{1}{2}$ लाख रुपए की contribution दी है। यह आप ही की figures में है। यह कोई मामूली बात नहीं है। इस लिए मैं कहता हूं कि आप लोगों की परेशानी दूर करें। जहां आप ने नहरें बनाई हैं और इस purpose के लिए लोगों की ज़मीनें ली हैं वहां लोगों को बड़ी परेशानी है। Construction के काम की वजह से उन की फसलें तबाह हो गई हैं। कहते तो थे कि compensation जल्दी अदा कर दी जायेगी मगर अब तक अदा नहीं की गई। कुछ रकमें तो खैर अदा कर दी गई हैं मगर बहुत सारी अभी अदा नहीं की गईं। लोगों को इस से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा है। गरीब लोग थे काशत पर ही गुज़ारा था। खड़ी फसलें या तो काट ली गईं या damage हो गईं। रही सही कसर बारिशों ने पूरी कर दी, floods आए और सब कुछ बहा ले गए।

उन लोगों को compensation की रकमें जल्दी दी जाएं। हुशियारपुर में बांध बनाने के लिये जो आप खर्च रखते हैं, वह आप की बड़ी मेहरबानी है। लेकिन schemes बनी हुई हैं मगर चालु नहीं की गईं। जब तक यह चालू नहीं होंगी लोगों में परेशानी रहेगी। हकूमत betterment के काम कर रही है, ठीक है, मगर लोगों का impression हकूमत के मुताल्लिक ठीक नहीं है। यह impression दूर करना है। गवर्नमेंट को अपने अच्छे कामों के लिए credit लेने का तरीका भी आना चाहिए। यह बात ठीक नहीं कि हकूमत अच्छे काम भी करे और फिर भी नेकनामी हासिल न कर सके। यह आप के interest की बात है। इस लिये आप अपनी schemes को expedite करें।

फिर आप के जितने engineers हैं सब को बताएं कि यह जितने works हैं यह commercial undertakings की तरह चलाए जाएं जैसे कि Railways वगैरा हैं। इन्हें आप commercial undertakings बनाएं मगर साथ ही इस बात का ख्याल रखें कि लोगों को exploit न किया जाए। लोगों से betterment fees लीजिए, water rates और दूसरे charges लीजिए मगर जब कर्ज़ा और उस का interest अदा हो जाए तो चूंकि maintenance के लिए थोड़ी रकम की ज़रूरत होगी लोगों पर charges भी कम कर दिये जाएं। अगर इस तरह से इस महकमे को चलाया गया तो आप मुबारकबाद के मुस्तहिक होंगे और अगर आप ने यह नहीं किया तो आप socialist pattern की society नहीं कायम कर सकेंगे

और जिस तरह मेरे Communist भाईयों ने socialistic pattern की बात को महज़ एक hoax लिखा है, मुझे भी ऐसा ही न कहना पड़े। इस लिए आप की तवज्जुह इस तरफ दिलाई है कि commercial basis पर कोई भी चीज़ क्यों न हो, लोगों की exploitation नहीं होनी चाहिए। जूं जूं खर्च कम होता चला जाए fees भी कम होती चली जाएंगी और आप सचमुच ही राम राज्य कायम कर पाएंगे।

एक बात मैं बड़े ज़ोर से कहता हूँ कि चौधरी साहिब ने bridges के बारे में बड़ा अच्छा काम किया है। पहले हुक्म था कि चार चार मील के फासले पर bridge बनाया जाए इस से पब्लिक को काफी दिक्कत थी फिर इसे घटा कर तीन तीन मील का फासला कर दिया, फिर दो मील, फिर एक मील और अब यह हुक्म है कि जहां कहीं भी रास्ता हो bridge बना दिया जाए। चौधरी साहिब के हौसले की दाद देता हूँ मगर साथ ही यह भी कहूंगा कि अमला काम नहीं कर रहा। होता यह है कि वह अफसर report करें, Executive Engineer report करें। इस से लोगों की परेशानी बढ़ती है। आधी फसल एक तरफ पड़ी है तो बाकी आधी दूसरी तरफ। पुल नहीं बनाते। स्कीम है, लिखा हुआ हुक्म भी है, मगर operative नहीं। इस लिए आप के रास्ते में red-tapism नहीं खड़ा होना चाहिए। इस से लोगों में बदएतमादी बढ़ती है। आज आप ने नहरों का काम करके कुछ ऐसी बात कर दी है कि लोगों की आंखें आप पर लगी हुई हैं। उन की उम्मीदें पूरी होनी चाहिएं।

यह बात कई बार अखबारों और बहस में आई है कि गवर्नमेंट के सब Departments में से अगर रिश्वतखोरी का record है तो इस महकमे का है। इस लिए मैं उन की तवज्जुह इस तरफ दिलाता हूँ। अगर आप capital expenditure को लेकर बाकी का मामला छोड़ दें तो हालात बेहतर हो जाएंगे। आप ने नहरों पर bridges बनाने का काम किया है यह अच्छा है। लेकिन अगर आप इस gloomy picture को दूर कर दें तो आप मुबारकबाद के मुस्तहिक होंगे।

श्री साधू राम (नारायण गढ़): डिप्टी स्पीकर साहिब, आज जिस बजट पर बहस हो रही है इस में मजमूई तौर पर तरक्की दिखाई गई है। पंजाब तरक्की कर रहा है, देश तरक्की कर रहा है इस के लिए हम अपनी गवर्नमेंट के शुक्रगुज़ार है। लेकिन मैं अपने ज़िले के बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूँ। मैं ने अपने ज़िले अम्बाले के बारे में फिनांस मिनिस्टर साहिब की भी तवज्जुह दिलाई थी। ज़िला अम्बाला का इलाका ऐसा है जिस की तरफ तवज्जुह नहीं दी गई। जब मैं ने अपने फिनांस मिनिस्टर साहिब का ध्यान अपने ज़िले की तरफ दिलाया तो उन्हों ने कुछ आंकड़े इकट्ठे करके यह बताया कि ज़िला अम्बाला की तरक्की के लिये हम 1 करोड़ 13 लाख का खर्च कर रहे हैं। [बहुत ऊंची आवाज़ में] मैं, डिप्टी स्पीकर साहिब, आप के द्वारा फिर गवर्नमेंट से ज़ोरदार शब्दों में कहता हूँ कि हमारी वह शिकायत आज भी खड़ी है। गवर्नमेंट ने जो आंकड़े दिये हैं मैं उन्हें दोहराने के लिए तैयार हूँ लेकिन, डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यह नहीं कहता कि सरकार ordinary course में ज़िला अम्बाला के लिए कुछ खर्च नहीं कर रही है। ठीक है खर्च हो रहा है पर मेरे district की outstanding problems हैं। इन पर खर्च नहीं किया जा रहा है।

आप आज देख रहे हैं कि बजट में irrigation की development के बारे में, कितना

[श्री साधू राम]

provision किया गया है और इस को discuss करने के लिए खास दिन रखे गये हैं । कुल 35 demands बजट में हैं । इन demands में से Irrigation की 3 demands को discuss करने के लिए दो दिन खास तौर पर रखे गये है। यह ही मेरे इस दावे को साबत करता है कि Irrigation का मसला most important मसला है। हमारी स्टेट का, हमारे देश की तरक्की का आधार इस पर है।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं जानता हूँ कि पंजाब दिन बदिन तरक्की कर रहा है । Cultivated land बढ़ रही है। लेकिन हमारे ज़िला में irrigation की स्कीमों से कोई फर्क नहीं पड़ा है । मैं आप के सामने एक चीज़ quote करना चाहता हूँ । मेरे मित्र श्री दरबारी लाल गुप्ता ने Upper House में एक सवाल पूछा तो उस के जवाब में उन्हें बताया गया कि 1959 तक पंजाब में कुल रकबा जो districtwise सैराब होगा वह क्या है । इस रकबे को अगर आप देखें तो पता लगेगा कि जहां बाकी के ज़िलों में 1959 तक 49, 50, 59, 60,% है और ज़िला अम्बाला का जो रकबा 1959 तक सैराब होगा वह 11% है । मुझे इस बात को देख कर बहुत दुख हुआ ।

सिंचाई मन्त्री : आप इतना ऊंचा न बोलें ज़रा आहिस्ता बोलें।

श्री साधू राम : मुझे शिकायत है कि जहां बाकी के ज़िलों की percentage इतनी ज़्यादा है वहां हमारे ज़िले की सब से कम क्यों है । हम भी सरकार को मुबारकबाद देने में किसी से पीछे नहीं रहते । हम भी सरकार को हर तरह से support करते है। फिर हमारे ज़िले की तरफ क्यों ध्यान नहीं दिया गया है ?

मैं यह भी महसूस करता हूं कि पंजाब मजमूई तौर पर तरक्की कर रहा है । और हमें खुशी है कि irrigated area बढ़े । Irrigated areas के बढ़ जाने से हमारे ज़िलों पर भी indirect असर पड़ता है पर हम तो अपने जिला में direct असर चाहते हैं ।

अब डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं tube wells को लेता हूँ । मैं ने आगे भी अर्ज़ किया था कि हमारे ज़िले में 2 बड़े दरिया हैं, 2 छोटे दरिया हैं, छोटी छोटी नदियां भी हैं, इन का अलहदा मसला है इन से irrigtion की जा सकती है अगर ponds की शक्ल में dam बना दिये जाएं तो irrigated रकबा बढ़ सकता है । इस ज़िला में tubewells के लिए भी गुंजाईश है । लेकिन यहां पर तो इस तरफ एक धेला भी खर्च नहीं किया गया। और इस बारे में Budget में कोई provision नहीं की गई ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप ज़रा आहिस्ता बोलें।

(The hon. Member may speak a little less loudly)

श्री साधू राम : मैं इस लिए ऊंचा बोल रहा हूँ ताकि मेरी आवाज़ मिनिस्टर साहिब के कानों तक पहुंच सके ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि जहां तक irrigation का सवाल है हमारे ज़िला में tubewells लगाए जाएं । मैं मानता हूं कि जगाधरी Tubewells scheme के नाम से एक स्कीम तैयार की गई है परन्तु उस से अम्बाला की बजाये दूसरे ज़िले सैराब होते हैं लेकिन नारायणगढ़ के अन्दर tubewells लगाने की कोई स्कीम तैयार नहीं की गई । इस ज़िले में दो नहरें पहले हैं और तीसरी अब निकाली गई है लेकिन इन नहरों के पानी से एक एकड़

ज़मीन का रकबा भी इस ज़िले में सैराब नहीं होता । मैं ने कई बार Xen. की खिदमत में हाज़र हो कर गुज़ारिश की, वज़ीर साहिब की खिदमत में हाज़िर हुआ और अर्ज़ किया कि हम भी एक हिस्सा हैं पंजाब के । हमारा भी इस पर कोई हक्क है । पिछले साल मैं वज़ीर साहिब को अपने ज़िला में ले गया । उन्हों ने इस इलाके को देखा और कई promises किए लेकिन आज तक वह पूरे नहीं किए गए, मैं ने इन्हें पूरे अदादो शुमार बताए । इन के यह इलफाज़ थे कि 'चिराग तले अन्धेरा' लेकिन आज तक वह अन्धेरा दूर नहीं किया गया । मुझे इस बात का दुख है ।

सिंचाई मन्त्री : Tubewells के लिए बिजली पहुँचा दी गई है ।

श्री साधू राम : डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यह कह रहा था कि पिछले दिनों में इन की खिदमत में हाज़िर हुआ और कहा कि Narwana ब्रांच में से lift irrigation से अम्बाले ज़िले को पानी दिया जा सकता है । घग्गर पर डैम बना कर पानी दिया जा सकता है । इन्हों ने कहा था कि घग्गर में horizontal tube wells लगा दिए जांएगे लेकिन........

Mr. Deputy Speaker : This is not a public platform, please do not speak so loud.

श्री साधू राम : फिर मोहनी ताल को improve करके कूहल निकाल कर आबपाशी के मतलब के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है । यह पता चला था कि 1949 में $1\frac{1}{2}$ लाख रुपया मन्ज़ूर किया गया था पर वह आज तक खर्च नहीं किया गया । पता नहीं वह कहां गायब हो गया । मैं ने इस के बारे में सवाल पूछा था तो मज़ाक में जवाब दे दिया गया कि इस ज़िला के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है । इस किस्म का treatment हो रहा है । यह अच्छा treatment नहीं जो हमारे ज़िले अम्बाले से किया जा रहा है ।

Mr. Deputy Speaker : This discussion is irrelevant. Please speak to the demands before the House.

खान अब्दुल ग़फ्फार खान : On a point of order, Sir. आप का चाहे जो भी रूलिंग हो बसरोचशम । उस की न अपील है न दलील और न ही वकील लेकिन मैं यह अर्ज़ कर देना चाहता हूँ कि जो मेम्बर बोल रहें हैं वह relevant हैं ।

Mr. Deputy Speaker : What is your point of order ?

Khan Abdul Ghaffar Khan : Sir, my point of order is that the hon. Member, Shri Sadhu Ram, was asbolutely within his rights to say..............

Mr. Deputy Speaker : Order, order. This is no point of order. Please resume your seat.

श्री साधू राम : तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि हमारे ज़िले को ignore किया गया है । दूसरे ज़िले में कहां chos हैं । उनके लिए बजट में provision रखा गया है । हमारे ज़िले में भी एक Ambala Chos Reclamation Committee 1948 में बनाई गई थी इस ने अपनी report भी 1951 में submit कर दी लेकिन इस कमेटी की सिफारिशों पर अभी तक अमल नहीं किया गया ।

स्पीकर साहिब, काफी डीटेल्ज़ से इस सारे ज़िले का नकशा बताया गया है कि किस तरह चोज़ ज़िले को बरबाद करते हैं और दिन ब दिन चोज़ से तबाह शुदा

[श्री साधू राम]

ज़मीन का रकबा बढ़ता जा रहा है । इस सिलसिले में मैं आप की विसातत से कुछ आंकड़े गवर्नमैंन्ट को बताना चाहता हूं । सारे ज़िले का चो - स्ट्रिक्कन रकबा जो नदियों के बैडज़ के नीचे है वह 26676 एकड़ है । सिर्फ तहसील नारायण गढ़ में 44,000 एकड़ ज़मीन का रकबा नदियों की ज़द में आ गया है और 1,43,000 एकड़ ज़मीन का रकबा ऐसा है जो दराड़ों और खालों के नीचे दिन ब दिन आता जा रहा है । कमेटी की रिपोर्ट में इस का ज़िक्र किया गया है । लेकिन आज तक इस को ठीक करने के लिए न तो कोई प्रोवीज़न बजट में किया गया है बल्कि सारे बजट में इस के मुतअल्लिक ज़िक्र तक नहीं आया कि इस बारे में गवर्नमैंन्ट कोई कारवाई करना चाहती है या नहीं । इस लिए मैं आप की विसातत से गवर्नमैंन्ट की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस तरह की बातें लोगों के दिलों में शकूक पैदा कर देती हैं ।

डिप्टी स्पीकर साहिब, आप हैरान होंगे कि जब हाऊस के बाहर किसी के मुतअल्लिक ज़िक्र आया तो वे कहने लगे कि वह भी अम्बाले की नुमाइंदगी करते हैं । और दूसरे साहिब भी कहने लगे कि वह भी अम्बाले की नुमाइंदगी करते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : क्या आप relevant हैं ।

(Is the hon. Member relsvant's)

श्री साधु राम : उपाध्याक्ष महोदय । लोगों के दिल में शक्क है कि अगर कोई इस ज़िले का मैंम्बर मन्त्री मण्डल में होता तब शाइद यह चीज़ न होती ।

सिंचाई मन्त्री : लाला जगत नारायण हैं या आप, महरबानी कर के लोगों से पूछ लीजिए ।

खान अब्दुल ग़फार खान : On a point of order, Sir. मैं आप की रूलिंग इस बात पर चाहता हूँ कि जब बजट पर बहस की जा रही हो तो किसी के प्राईवेट treatment का ज़िक्र किया जावे तो उस पर बहस करने की इजाज़त हो सकती है या नहीं ? (*Interruptions*)

आप मेहरबानी करके वज़ीर आबपाशी को कहें कि वह बीच में न बोलें । वह खाह मखाह रुकावट पैदा कर रहे हैं ।

Mr. Deputy Speaker : What is your point of order ?

खान अबदुल ग़फार खान : मेरा point of order यह है कि किसी महिकमा का treatment जो किसी के साथ हो और उस महिकमे का ज़िक्र हो रहा हो और उस पर बहस की जा रही हो तो क्या ऐसी बहस करने की इजाज़त दी जा सकती है या नहीं ?

उपाध्यक्ष महोदय : महकमे के treatment के मुतअल्लिक तो ज़िक्र हो सकता है लेकिन private treatment or un-official interference का ज़िक्र नहीं किया जा सकता । (Reference can be made about the treatment of the Department but private treatment or un-official interference can't be discussed.)

बख्शी प्रताप सिंह (सुजानपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिब, इस बात से किसी को

इनकार नहीं हो सकता कि पिछले दो तीन सालों से स्टेट के अन्दर नहरों का एक जाल बिछाया जा रहा है। यह भी हकीकत है कि यह जाल मैदानों के बीच में ही नहीं बल्कि कांगड़ा जैसे पहाड़ी इलाके में हमारी सरकार और हमारे इन्जीनियरों ने दशवारगुज़ार पहाड़ियों में भी नहरों का जाल बिछा दिया है। इस बजट में कांगड़ा ज़िला के लिए लग भग 24 लाख रुपया कूहलों के लिये रखा गया है। बेशतर कूहलों की स्कीमों का काम शुरू कर दिया गया है। इस लिये मैं आप की विसातत से अपने वज़ीर आबपाशी चौधरी लहरी सिंह को मुबारकबाद पेश करता हूँ। डिप्टी स्पीकर साहिब हमारी सरकार की तरफ से पिछले साल से वहां पर कूहलों का एक division कायम कर दिया गया है जिस का headquarter धर्मसाला में है। डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं आप की विसातत से चौधरी साहिब की खिदमत में गुज़ारिश करना चाहता हूँ कि जितना उस division से वहां के लोग मुस्तफीद होना चाहते थे वह अभी तक मुस्तफीद नहीं हो सके। अकसर मैं समझता हूं और जानता हूं कि यह पहाड़ी इलाका है, लेकिन फिर भी गवर्नमेंट की तरफ से जितना रुपया इलाका में लगना चाहिये वह सही और हकीकी मायनों में नहीं लगा। यह दुख की बात है कि इस वक्त जितनी कूहलों तामीर हुई हैं उन में अभी तक पानी की रवानी बहुत कम है। बहुत सी कूहलों में पानी आता नहीं। कूहलों के बारे में Finance Minister ने अपनी Budget Speech में ज़िक्र किया है कुछ कूहलों की मुरम्मत की गई हैं लेकिन वह अभी तक इस काम में पूरी तरह कामयाब नहीं हुए। बहुत सारी कूहलें बरबाद पड़ी हुई हैं। मैं आप की विसातत से चौधरी साहिब की खिदमत में गुज़ारिश करूंगा कि वह इस मसले की तरफ ज़्यादा तवज्जुह दें। यह उन की मेहरबानी है कि वह इस मसले को नज़र अंदाज़ नहीं कर रहे। लेकिन जब वह इस मद में महकमे के अफसरों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं तो उन्हें पब्लिक रुपये को सही और हकीकी मायनों में बचाने का ख्याल रखना चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं एक और बात आप के द्वारा चौधरी साहिब की खिदमत में रखना चाहता हूँ। वहां survey का काम हो रहा है। बैजनाथ कूहल का मसला हमारे सामने मौजूद है। लोगों को खाह मखाह परेशान किया जाता है। कई हालतों में एक survey हो जाती है फिर बदल कर दूसरी तरफ survey की जाती है। सरमायादार लोग कर्मचारियों से मिल जाते हैं और वह अपनी ज़मीनों को बचाने के लिए उस तरफ से उन को ऐसा करने पर मजबूर कर देते हैं। इस लिए मैं निहायत अदब के साथ आप के द्वारा चौधरी साहिब की खिदमत में गुज़ारिश करूंगा कि वहां के लोगों को तकलीफों का मुनासिब तदारक किया जाये।

6.30. P.M. डिप्टी स्पीकर साहिब, इस के अलावा वहां water lifting की स्कीम जारी की जा सकती है। पिछले साल इस मद पर इस एवान में बहस हुई थी।

(The Sabha then adjourned till 2 P. M. on Monday the 21st March, 1955.)

ਕ·ਰਵਾਈ ਜਿਸ ਵਿਚ

[illegible]

ਮਿਸਲ ਰਿਕਾਰਡ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਤੇ ਉਸ ਦਾ ਸੰਭਾਲ ਸਮਾਂ 'A' 'B' or 'C' proceedings in which the file was recorded and its retention period	
ਕੀ ਕੇਸ ਸਬੰਧੀ ਨੋਟ ਸ਼ਾਖਾ/ ਸੈਕਸ਼ਨ ਦੀ ਨੋਟ ਬੁੱਕ ਵਿਚ ਰੱਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ Whether note regarding case has been kept in the Branch/Sectional Note Book or not	
ਸਬੰਧਤ ਸਹਾਇਕ ਦੇ ਹਸਤਾਖਰ Initials of the concerned Assistant	
ਰਿਕਾਰਡਰ ਦੇ ਹਸਤਾਖਰ Initials of the Recorder	

ਪਿਛਲੇ ਹਵਾਲੇ Previous References	ਬਾਅਦ ਦੇ ਹਵਾਲੇ Later References

B-162000